5463

रामायणमञ्जरी का साहित्यिक अनुशीलन

प्रो. योगेश चन्द्र दुबे



मा निषाद प्रतिष्ठां त्वमगमः शाश्वतीः समाः।
यत्क्रौञ्चमिथुनादेकमवधीः काममोहितम् ॥

रामायणमञ्जरी
का
साहित्यिक अनुशीलन

प्रो॰ योगेश चन्द्र दुबे

निर्मल पब्लिकेशन्स्
दिल्ली-94

ISBN : 978-81-86400-335-4

प्रकाशक :

निर्मल पब्लिकेशन्स
ए-139, गली नं. 3
कबीर नगर, दिल्ली-110094
मोबाइल : 0-9350295129

© : लेखक

प्रथम संस्करण : 2015

मूल्य : 750 रुपए

शब्दांकन
अंकुर कम्प्यूटर्स
दिल्ली-110053

मुद्रक :
शिवानी आर्ट प्रेस, शाहदरा, दिल्ली-110032

समर्पण

'पितरौ वन्दे पार्वतीपरमेश्वरौ'

जिनके स्नेहसिक्त वात्सल्य ने अध्ययन के प्रति

सदा ममत्त्वपूर्ण प्रेरणाएँ दी हैं,

उन उदारचेता पूज्यपाद

पिताजी

पं. श्री वंशराज दुबे एवं

परम पूजनीया

माँ

श्रीमती सावित्री देवी

के

करकमलों में यह प्रथम पुष्प

सादर सविनय

समर्पित

जगद्गुरु रामभद्राचार्य विकलांग विश्वविद्यालय

चित्रकूट (उ.प्र.) पिन-210204

संस्थापक एवं महामहिम कुलाधिपति (आजीवन)
धर्मचक्रवर्ती महामहोपाध्याय श्रीतुलसीपीठाधीश्वर
पद्मविभूषण जगद्गुरु रामानंदाचार्य स्वामी
श्रीराम भद्राचार्य जी महाराज

फोन : 05198-224413, 224463
फैक्स : 05198-224293

प्राचतेस समारम्भा श्रीमत्क्षेमेन्द्र मध्यमा।
धन्या तुलसीदासान्ता रामायणपरम्परा॥

अभिनवद्रुहिणावतार आदिकवि प्राचतेस वाल्मीकि ने क्रौंचद्वन्द्ववियोगोत्थ शोक को श्लोक में परिणत कर परिपूर्णतम परात्पर परमेश्वर परब्रह्म सीताभिराम श्रीराम को जिस कोकिल कण्ठ से अपने सुमधुर कूजन के साथ पूजा पुरःसर गाया, उसकी वासन्ती स्वरलहरी ने म्रियमाण मानव-मनीषा-पटली पर एक ऐसा संगीत सरगम छेड़ा जिसे करोड़ों बरसों के अन्तराल में भी अनेक चक्रवात मिलकर भी प्रकृति के वैचारिक सुकोमल उपवन से तिरोधित्सु होते हुए भी तिरोधान नहीं कर पाये। तमसातट कोकिल में उस ऊर्जित कोकिल को आचार्य क्षेमेन्द्र ने अपने सारस्वत कश्मीरी केशर से तिलकायित किया, और मुझे अपने तिरत्यय प्रत्ययों के अनुसार यही निश्चय होता है कि उन्होंने प्राचेतस की प्रथम कविता को मातृभाव से देखते हुए रामायणमञ्जरी द्वारा उसके कुशेशय चरणों का अपने सारस्वत संस्करण से साभरण समर्चन ही किया।

क्षेमेन्द्र ने महर्षि प्राचतेस को अन्यंत नेदिष्ठ विभाग से समवलोकित करने का एक परिचय प्रस्तुत किया। इसीलिए पहली बार क्षेमेन्द्र ने अद्यतन धारणा से हटकर श्रीराम को भगवान कहकर नमन किया यथा–

जितं भगवता तेन हरिणा लोकधारिणा।
अजेन विश्वरूपेण निर्गुणेन गुणात्मना॥

यद्यपि सीतानिर्वासन के सन्दर्भ में क्षेमेन्द्र उन्मुक्त नहीं रह पाये क्योंकि अपने गुरु-परम्परा के आपातरमणीय पूर्वाग्रहग्रहों से वे ग्रसित हो चुके थे। क्षेमेन्द्र थे तो उन्हीं आनन्दवर्धनाचार्य के प्रशिष्य जिन्होंने आपातरमणीय विचारणा के ही आधार पर महर्षि वाल्मीकि की प्रथम कविता को सोपोद्भवा कहकर प्रथम काव्य परम्परा को

राष्ट्रपति-सम्मानित
प्रो. अभिराज राजेन्द्र मिश्र
पूर्वकुलपति

दूरभाष : 0177-6534607
मोबाईल : 094181-76968, 092185-34607
दिनाङ्क ....

नान्दीवाक्

काश्मीरक आचार्यों में लोकपरिचय, सामाजिक प्रतिष्ठा, प्रमेयविज्ञान एवं अनुभव-वैपुल्य की दृष्टि से आचार्य क्षेमेन्द्र अप्रतिम सिद्ध होते हैं। उनकी निष्ठा शैव, वैष्णव तथा सौगत—तीनों ही धर्मों में थी। महामाहेश्वर बोधवारिधि आचार्य अभिनवगुप्त के तो वह पट्टशिष्य ही थे (श्रुत्वाऽभिनवगुप्ताख्यात् साहित्यं बोधवारिधेः) दशावतारचरित महाकाव्य उनकी वैष्णवी निष्ठा का परिचायक है तो अवदानकल्पलता सौगत निष्ठा का!

मेरा यह प्राध्यापकीय सौभाग्य था कि अपने निर्देशन में मैं क्षेमेन्द्र की तीनों मञ्जरियों पर शोधकार्य करा सका। चिर. डॉ. योगेश दुबे ने रामायणमञ्जरी पर तथा डॉ. सत्यप्रकाश मिश्र ने भारतमञ्जरी पर कार्य किया। प्रयाग से शिमला स्थानान्तरित हो जाने के कारण यद्यपि बृहत्कथामञ्जरी पर शोध कराने की स्पृहा अधूरी रह गई थी। परन्तु हिमाचल प्रदेश विश्वविद्यालय में डॉ. उर्मिला वर्मा ने वह कार्य सम्पन्न कर मुझे आप्तकाय बना ही दिया।

क्षेमेन्द्र मुझे इतने प्रिय रहे कि अपने कुलदीपक आत्मज को भी मैंने 'क्षेमेन्द्र' ही बनाना श्रेयस्कर समझा। विष्णुसहस्रनाम में भगवान् विष्णु का एक नाम 'क्षेमकृत्' भी बताया गया है। इस प्रकार क्षेमकृत्, क्षेमेन्द्र, क्षेमङ्कर, क्षेमराज—सभी विष्णु के पर्याय सिद्ध होते हैं। मेरी आस्था घनीभूत का एक आत्मीय कारण यह भी था।

डॉ. योगेश दुबे मेरे वशंवद शिष्यों में अन्यतम हैं। मेरे प्रति उनकी आत्मीयता में मात्रा तथा गुणवत्ता—दोनों ही दृष्टियों से कोई निषेधात्मक परिवर्तन नहीं हुआ। संभवतः इसका एकमात्र कारण यही रहा कि परिवर्तन मुझमें भी कुछ नहीं हुआ। प्रायः एक परिवर्तन परिवर्तनान्तर का सम्प्रेरक या कारण बनता है। परन्तु हम दोनों ही 'कूटस्थ एवं नित्य' निकले—ठेठ जौनपुरिया होने के कारण!

मैं वारुणी दिशा की तलहटी में हूँ। योगेश भी समुज्ज्वल से ललछौंह होने लगे हैं। अब हम दोनों में किसी निषेधात्मक परिवर्तन की गुञ्जाइश नहीं।

अमंगल कौलीन से ही कल्मषित करने का कुत्सित प्रयास किया था। अस्तु, मेरे दीक्षाविधेय त्रिवेणी कवि अभिराज डॉ. राजेन्द्र मिश्र के निर्देशन में शोध कार्य निर्दिष्ट तथा मेरे द्वारा संस्थापित जगद्गुरु रामभद्राचार्य विकलांग विश्वविद्यालय के संस्कृत विभागाध्यक्ष तथा कला संकाय के अधिष्ठाता साम्प्रतिक प्रतिकुलपति प्रो. योगेश चन्द्र दुबे (अवधी) ने अत्यन्त मनोयोग, तल्लीनता एवं अध्ययन के साथ आचार्य क्षेमेन्द्र की रामायणमंजरी का साहित्यिक अनुशीलन करके उसी नाम से 1985 में इलाहाबाद विश्वविद्यालय में शोधप्रबन्ध प्रस्तुत किया और इन्हें इसी शोधप्रबन्ध पर डी.फिल. उपाधि समधिगत हुई। यह शोधप्रबन्ध प्रथम बार 1991 में पुस्तकायित हुआ। उसका अब द्वितीय संस्करण सारस्वती के दृष्टिपथ का पथिक बन रहा है। इससे सुधीजन श्री दुबे जी के अनुसन्धान पटवी का मूल्यांकन करेंगे और सारस्वतगण इनकी बहुआयामिनी सेमुषी को वर्धापित करेंगे। इसी अपेक्षा के साथ मैं इस पुस्तक के प्रति अनेक मंगलाशंसाये सानन्द समुपस्थित कर रहा हूँ।

इति मङ्गलमाशास्ते

पद्मविभूषण जगद्गुरु

स्वामी रामभद्राचार्य

प्रो. योगेश चन्द्र दुबे
प्रतिकुलपति

जगद्गुरु रामभद्राचार्य
विकलांग विश्वविद्यालय
चित्रकूट (उ.प्र.)-210204

Phone : 05198-224230 Fax : 05198-224293
E-mail : jrhuniversity@yahoo.com Website : www.jrhu.com

प्राक्कथन

जिस प्रकार एक नदी अपने उद्गम स्थल में अत्यन्त संकीर्ण होती है और बाद में चलकर अपना मार्ग प्रशस्त कर लेती है, ठीक उसी प्रकार छान्दस वाङ्मय से निःसृत होने वाली रामकाव्य की धारा पहली बार बाल्मीकि रामायण में आकर अपना सुव्यवस्थित एवं प्राञ्जल रूप धारण कर सकी है। वस्तुतः भारतीय किसी ऐसे आदर्श चरित्र को सुनने के लिए लालायित थे, जो उन्हें सन्मार्ग पर चलने की शिक्षा दे सकता, उनके जीवन में रस का संचार करता तथा उनके अँधेरे जीवन में प्रकाश की ज्योति विकीर्ण कर सकता। आदिकवि ने अपने महाकाव्य में भारतीयों की इस लालसा की पूर्ति बड़े सुन्दर एवं समुचित ढंग से की है।

वास्तव में यदि सूक्ष्म रूप से देखा जाय तो भारतीय हिन्दू जाति के धार्मिक, सांस्कृतिक एवं पारिवारिक जीवन पर भी जो प्रभाव राम के चरित्र का है, वह किसी दूसरे का नहीं। हिन्दू परिवारों में बालकों के जन्म के समय प्रायः ऐसे गीत गाये जाते हैं, मानो स्वयं राम ही उत्पन्न हुए हों। विवाह के समय भी ऐसे मांगलिक गान होते हैं, मानो राम एवं सीता का विवाह हो तथा मनुष्य-शरीर की अन्तिम यात्रा 'राम नाम सत्य है' की ध्वनि के साथ ही समाप्त होती है। इस प्रकार सम्पूर्ण भारतवर्ष राम नाम की मधुर ध्वनि के द्वारा प्राचीनकाल से आज तक निनादित ही है, साथ ही अब जो अनुसंधान हुए हैं, वे भारत से बाहर भी दूर-दूर देशों में पहुँचे हुए इस राम नाम के तेजस्विता की उद्घोषणा कर रहे हैं।

इस प्रकार जो राम नाम (रामकथा) भारत तथा उससे बाहर विदेशों में भी व्यापक रूप से प्रसृत हो तथा जिसने हिन्दू जाति के रंग-रंग में रमते हुए उसे राममय बना दिया हो, उसके प्रति भारतीय, हिन्दू जाति तथा आस्तिक परिवार से सम्बद्ध होने के कारण लेखक को आसक्ति भक्ति एवं श्रद्धा होना नितान्त स्वाभाविक है। यही कारण है कि इलाहाबाद विश्वविद्यालय की डी.फिल् उपाधि हेतु विषय चयन करते समय पूज्यपाद गुरुवर्य एवं निर्देशक अभिराज डॉ. राजेन्द्र मिश्रजी ने मेरी

डॉ. योगेश सम्प्रति स्वामी रामभद्राचार्य विकलाङ्ग विश्वविद्यालय, चित्रकूट के कार्यवाहक कुलपति हैं। मेरी हार्दिक शुभकामना है कि वह यथाशीघ्र किसी सम्मानित विश्वविद्यालय के यशस्वी कुलपति बनें।

डॉ. दुबे के शोधप्रबन्ध का हृद्य-निरवद्य द्वितीय संस्करण दिल्ली से प्रकाशित हो रहा है, यह जानकर हार्दिक उल्लास हो रहा है। ग्रन्थ का यह संस्करण प्रभूत संशोधन एवं परिवर्धन के साथ, नई साज-सज्जा में आ रहा है। निश्चय ही यह संस्कृत-जगत् में अभिनन्द्य होगा तथा आकर ग्रंथ की प्रतिष्ठा प्राप्त करेगा।

मेरा हार्दिक आशीः प्रो. योगेश दुबे को सतत् अभ्युदयशील बनाए, इसी कामना के साथ,

सस्नेह

शिमला
19.4.2015 ई.

अभिराज राजेन्द्र मिश्र
पूर्वकुलपति

दर्शनम्, पुनराख्यायिकम्, भरतानन्दः, भरतसमागमः एवं रामाभिषेकः शीर्षकों के अन्तर्गत इन घटनाओं का उल्लेख किया गया है। इन्हें किसी काण्ड के अन्तर्गत नहीं रखा गया है जैसा कि अन्य रामकथा ग्रन्थों में यह युद्धकाण्ड अथवा उत्तरकाण्ड में ही पाया जाता है। अन्त में उत्तरकाण्ड की समाप्ति के पश्चात् ग्रन्थकार ने 9 श्लोकों के अन्तर्गत राम एवं बाल्मीकि की वन्दना तथा स्ववंशादि के परिचय के साथ महाकाव्य की परिसमाप्ति किया है।

इसी 6400 श्लोकों में संगुम्फित रामायणमञ्जरी का साहित्यिक अनुशीलन प्रस्तुत ग्रंथ में यथासाध्य किया गया है। प्रारम्भ में स्वस्तिवाचिक, प्राक्कथन एवं विषयानुक्रमणिका आदि सामान्य परिचय के पश्चात् सम्पूर्ण ग्रन्थ को छः अध्यायों में विभक्त किया गया है, जिसका सविस्तार विवरण ग्रन्थ में प्रस्तुत है। इसमें भी विषय-प्रवेश सम्बन्धी प्रथम अध्याय में रामकथा की प्राचीनता एवं व्यापकता (उद्भव एवं विकास) पर एक विहंगम दृष्टि डाली गयी है। कवि-परिचय से संबंधित क्षेमेन्द्र का व्यक्तित्व एवं कर्तृत्व नामक द्वितीय अध्याय के अन्तर्गत रामायणमञ्जरी के कर्ता महाकवि क्षेमेन्द्र के सम्पूर्ण व्यक्तित्व एवं कर्तृत्व का सम्यक् परिचय प्रस्तुत किया गया है। रामायणमञ्जरीः प्रतिपाद्य समीक्षा नामक तृतीय अध्याय के अन्तर्गत रामायणमञ्जरी की कथावस्तु के विभिन्न पक्षों पर विचार किया गया है। पुनः रामायणमञ्जरी के पूर्ववर्ती रामकथा साहित्य अथवा मूल स्रोतों से उसका तुलनात्मक अध्ययन किया गया है। पात्र समीक्षा नामक चतुर्थ अध्याय में रामायणमञ्जरी के विभिन्न पुरुष एवं स्त्री पात्रों का समीक्षात्मक परिचय प्रस्तुत किया गया है। काव्यशास्त्रीय विवेचन नामक पञ्चम अध्याय के अन्तर्गत रामायणमञ्जरी में रस, छन्द, अलंकार एवं प्रकृति का वर्णन है। लोक-चित्रण नामक छठे एवं अन्तिम अध्याय के अन्तर्गत रामायणमञ्जरी में वर्णित विभिन्न सामाजिक, सांस्कृतिक, धार्मिक, आर्थिक, एवं राजनैतिक परिस्थितियों का चित्रण तथा अंत में उपसंहार है।

विश्वविद्यालयीय शिक्षा के प्रारंभ में ही प्रारब्धवशात् सरस्वती के वरदपुत्र, पूज्यपाद गुरुवर्य अभिराज डॉ. राजेन्द्र मिश्र जी का सान्निध्य प्राप्त हो गया। तब से निरन्तर उनके ज्ञानपुञ्ज से निःसृत रश्मियों से अपनी मेधा को परिष्कृत करता हुआ, उनके ही पवित्र ज्ञानदान से संस्कृत भाषा एवं साहित्य में थोड़ी-बहुत योग्यता अर्जित कर सका। अंततः उसी स्नेहिल छाया में पल्लवित एवं पुष्पित होता हुआ, महनीय गुरुकृपा से ही देवभाषा संस्कृत का शोधस्तरीय गहन अध्ययन भी कर सका। आज जबकि मेरा यह शोध प्रबन्ध दूसरी बार प्रकाशित हो रहा है, उन महामना के प्रति किन शब्दों में कृतज्ञता ज्ञापित करूँ, किन भावों में श्रद्धासुमन अर्पित करूँ? भावातिरेक में शब्दों एवं भावों की अभिव्यक्ति अवरुद्ध-सी प्रतीत होती है। तथापि

रामकथा विषयक रुचि को ध्यान में रखते हुए ही 'रामायणमञ्जरी' के साहित्यिक अनुशीलन का कार्य सौंपा।

सर्वविदित है कि प्राचीन काल से ही लोकनायक राम का जीवन जनसामान्य के लिये अत्यन्त आकर्षण की वस्तु रहा है। यही कारण है कि रामकथा साहित्य अनेक विधाओं में प्रादुर्भूत हुआ है। संस्कृत वाङ्मय में उपलब्ध राम साहित्य पुराण, संहिता, महाकाव्य, खण्डकाव्य, नाटक, चम्पू तथा स्तोत्र आदि विविध विधाओं में वर्णित हैं। इसमें भी प्रत्येक विधा के अन्तर्गत समय-समय पर कवियों ने विपुल रामकथा साहित्य की सर्जना करके अपनी लेखनी को अमर एवं पवित्र बनाया है।

संस्कृत रामकाव्य की इसी परम्परा के अन्तर्गत 11वीं शताब्दी में सरस्वती पुत्रों की जन्मस्थली काश्मीर देश में उत्पन्न क्षेमेन्द्र नामक एक सर्वतोन्मुखी प्रतिभा सम्पन्न कवि ने 'रामायणमञ्जरी' नामक रामकथा काव्य की रचना करके अपनी लेखनी को अमर एवं पवित्र बनाया। संस्कृत रामकथा ग्रंथों में रामायणमञ्जरी का महत्त्वपूर्ण स्थान है। महर्षि बाल्मीकि के पद-चिह्नों पर चलते हुए महाकवि क्षेमेन्द्र ने रामायणमञ्जरी के 6400 श्लोकों के अन्तर्गत आदि काव्य के 24000 श्लोकों का संक्षिप्त रूप प्रस्तुत करने का श्लाघनीय प्रयास किया है।

बाल्मीकि रामायण की ही भांति कवि ने रामायणमञ्जरी को भी बालकाण्ड, अयोध्याकाण्ड, अरण्यकाण्ड, किष्किन्धाकाण्ड, सुन्दरकाण्ड, युद्धकाण्ड एवं उत्तरकाण्ड प्रभृति सात काण्डों में प्रमुख रूप से विभक्त किया है। परन्तु कवि के इस कथानक विभाजन में किञ्चित् मौलिकता दृष्टिगोचर होती है, जो अन्य रामकथा ग्रन्थों में सुलभ नहीं है। यथा--ग्रन्थ के प्रारम्भ में बालकाण्ड का उल्लेख करके ग्रन्थकार ने कथानक का शुभारम्भ किया है, पुनः आगे 987 श्लोक संख्या तक पहुँचने पर अयोध्याकाण्ड की समाप्ति का उल्लेख है। इस प्रकार कवि ने बालकाण्ड और अयोध्याकाण्ड को संयुक्त रूप से प्रस्तुत करने का प्रयास किया है, जिसमें न तो कहीं बालकाण्ड की समाप्ति का उल्लेख है और न ही अयोध्याकाण्ड के प्रारम्भ का ही। इसी प्रकार जहाँ अन्य रामकथा ग्रन्थों में अरण्य से सम्बन्धित घटनाओं को अरण्यकाण्ड के नाम से सम्बोधित किया गया है, वहीं रामायणमञ्जरी में इससे संबंधित 1158 श्लोकों में वर्णित कथावस्तु को अरण्यपर्व से संबोधित किया गया है। तदन्तर 214 श्लोकों में किष्किन्धा पर्व तथा 573 श्लोकों में किष्किन्धाकाण्ड की कथावस्तु वर्णित है। पुनः सुन्दरकाण्ड 705 श्लोक, युद्धकाण्ड 1298 श्लोक तथा उत्तरकाण्ड 1263 श्लोकों में सम्पूर्ण कथावस्तु का वर्णन प्रस्तुत किया गया है। यहाँ ध्यातव्य है कि युद्धकाण्ड की समाप्ति के बाद तथा उत्तरकाण्ड के प्रारम्भ के पूर्व अन्तःपुर प्रलापः, रावणसत्क्रियाः, विभीषणाभिषेकः, वह्निप्रवेशः, महापुरुषस्तवः, लोकपाल

सौहार्दपूर्ण योगदान की इस कार्य में अहं भूमिका है। प्रस्तुत कृति में आचार्य क्षेमेन्द्र के अतिरिक्त भी अनेक विद्वानों के ग्रन्थों का यथेष्ट अनुशीलन एवं अनुसरण किया गया है। इन परोक्ष-अपरोक्ष मनीषियों के प्रति भी मैं ऋणी एवं कृतज्ञ हूँ।

यह अत्यन्त गौरवास्पद एवं सौभाग्य का विषय है कि मेरे इस रामकथा विषयक शोधग्रंथ का प्रथम संस्करण 1991 में प्रकाशित हुआ। इसकी जितनी भी प्रतियाँ प्रकाशित हुई वह विद्वानों, शोधछात्रों एवं पुस्तकालयों तक पहुँचकर अपनी सार्थकता सिद्ध कर दी। आज लग-भग 24-25 वर्षों बाद पुनः इसकी आवश्यकता एवं उपयोगिता को दृष्टिगत रखते हुए द्वितीय संस्करण विद्वत्समुदव्य के समक्ष प्रस्तुत करते हुए अत्यंत विनयावनत हूँ कि पूर्व संस्करण की भाँति इस द्वितीय संस्करण को भी स्नेह एवं आशीर्वचन प्राप्त हो।

रामकथा की व्यापकता, विपुलता एवं बहुरूपता को देखते हुए मेरा यह ग्रन्थ अत्यल्प एवं अत्यन्त न्यून प्रतीत होता है तथापि मेरी इस सारस्वत समर्चना से संस्कृत जगत् को यदि कुछ भी परितोष मिलता है तो इसे मैं अपने जीवन की सबसे बड़ी सफलता मानूंगा। अंत में 'त्वदीयं वस्तु गोविन्द! तुभ्यमेव समर्पये' के अनुसार जिन कृपालु राम की कृपाकटाक्ष से यह कार्य निर्विघ्न सम्पन्न हुआ, उनसे सम्बन्धित यह कृति उन्हीं को समर्पित।

रामनवमी 28 मार्च 2015 — **विद्वद्नतशंवद**

चित्रकूट — प्रो. योगेश चन्द्र दुबे

उनके आशीर्वाद एवं असीम स्नेह का स्मरण कर धन्य हूँ।

जिन महामहिम के पवित्र ज्ञानदान एवं पुत्रवत् वात्सल्य ने मेरे इस द्वितीय संस्करण के प्रकाशन कार्य के निर्बाध सम्पादन में उत्प्रेरक का कार्य किया तथा जिनके वचनामृत एवं सद्गुणों के परिपाक का यत्किंचित् आस्वाद करते हुए मैंने जीवन के विविध क्षेत्रों में थोड़ी-बहुत योग्यता अर्जित की, उन पूज्यपाद गुरुवर्य पद्मविभूषण जगद्गुरु स्वामी रामभद्राचार्य (जीवनपर्यन्त कुलाधिपति) ज.रा. विकलांग विश्वविद्यालय चित्रकूट के प्रति अत्यन्त विनम्रतापूर्वक साष्टांग नमन करते हुए इस जीवन को सफल मानता हूँ।

इस लोक में मातृऋण एवं पितृऋण से कोई भी मुक्त न हो सका तो मैं अधम इससे किस प्रकार से मुक्त होने के विषय में सोच सकता हूँ? क्योंकि जिस स्वर्गादपि गरीयसी ममतामयी मां श्रीमती सावित्री देवी तथा जिस महनीय पितृचरण पं. श्री वंशराज दुबे के स्नेहसिक्त वात्सल्य में जन्म से लेकर आद्यावधि मैं पालित-पोषित हुआ तथा जिन्होंने अपने सम्पूर्ण सुखों का परित्याग करके मेरी ही खुशी में अपना सारी खुशियों का स्वप्न संजोए हुए अध्ययन के प्रति सदा ममत्वपूर्ण प्रेरणाएँ दी हैं, 'मैं इनके प्रति आभारी तथा कृतज्ञ हूँ' ऐसा कहना उनके महिमामय सम्मान को अल्पीकृत करना होगा। किंवा, जिस पूजनीया मां तथा पूज्यपाद पिताजी ने अत्यन्त परेशानियों के बावजूद भी मेरे इस ज्ञानयज्ञ के निर्विघ्न सम्पादन हेतु अहर्निश मनसा, वाचा, कर्मणा तत्पर रहे तथा यथावसर संबल एवं साहस का ही संचार करते रहे, उनसे इस जन्म क्या! किसी भी जन्म में ऋणमुक्त नहीं हो सकता।

माता, पिता एवं आचार्य के अतिरिक्त संस्कृत जगत के कतिपय उन मूर्धन्य विद्वानों के प्रति हार्दिक आभार व्यक्त करना भला मैं कैसे भूल सकता हूँ जिनकी सतत् प्रेरणा एवं प्रोत्साहन से यह ग्रंथ प्रकाशित होकर सुधी समाज के समक्ष प्रस्तुत हो रहा है। इन लब्धप्रतिष्ठित विद्वानों में सर्व श्री प्रो. आद्या प्रसाद मिश्र, पूर्व कुलपति, इलाहाबाद विश्वविद्यालय, इलाहाबाद, प्रो. सुरेशचन्द्र श्रीवास्तव, पूर्व कुलपति, इलाहाबाद विश्वविद्यालय, इलाहाबाद, प्रो. सुरेशचन्द्र पाण्डेय संस्कृत विभागाध्यक्ष इलाहाबाद विश्वविद्यालय, इलाहाबाद, प्रो. अमरनाथ पाण्डेय, अध्यक्ष संस्कृत विभाग, काशी विद्यापीठ वाराणसी, स्व. प्रो. वाचस्पति उपाध्याय, पूर्व कुलपति लालबहादुर शास्त्री संस्कृत विश्वविद्यालय, नई दिल्ली, स्व. प्रो. राममूर्ति शर्मा, पूर्व कुलपति सम्पूर्णानन्द संस्कृत विश्वविद्यालय वाराणसी, प्रो. अरुणोदय नटवर लाल जानी, बड़ौदा विश्वविद्यालय, प्रो. हरिनारायण दीक्षित, कुमायूँ विश्वविद्यालय, नैनीताल, पूर्व प्रो. श्री नारायण मिश्र काशी हिन्दू विश्वविद्यालय, वाराणसी आदि हैं, जिनके

विषयानुक्रमणिका

1

रामकथा का उद्भव एवं विकास

वैदिक वाङ्मय में रामकथा[1]

आदि कवि के लेखनी की स्वतः स्फूर्त सर्जना के रूप में जो रामकथा आज तक जनमानस को आह्लादित कर रस-चर्वणा कराती आ रही है, इसका उल्लेख इससे पूर्व कहीं भी संक्षिप्त अथवा पूर्णरूपेण दृष्टिगोचर नहीं होता। हाँ, इस रामकथा के विभिन्न पात्रों का उल्लेख वैदिक संहिताओं एवं वेदाङ्गों में इतस्ततः देखने को अवश्य मिलता है। ध्यातव्य है कि यहाँ रामकथा के पात्रों से तात्पर्य रामायण की आधिकारिक कथा से सीधा सम्बन्ध रखने वाले पात्रों से है। विश्वामित्र, अगस्त्य, वशिष्ठ और भारद्वाज ऋग्वेद के ऋषि हैं तथा बालकाण्ड और उत्तरकाण्ड की विविध अन्तर्कथाओं के पात्रों के नाम वैदिक संहिताओं में सुलभ हैं। उनका इस स्थल पर उल्लेख नहीं किया जाएगा।

प्रायः सभी रामकथाओं में राम को इक्ष्वाकु वंश में उत्पन्न बताया गया है। रामायणमञ्जरी में भी कई स्थलों पर राम और दशरथ के लिए 'इक्ष्वाकु नन्दन' शब्द का प्रयोग हुआ है। इस 'इक्ष्वाकु' शब्द का उल्लेख ऋग्वेद में केवल एक स्थल पर देखने को मिलता है, लेकिन जिस सूक्त में यह इक्ष्वाकु शब्द प्रयुक्त हुआ है उससे केवल इतना ही सूचित होता है कि इक्ष्वाकु नाम का कोई एक राजा था–"जिसकी सेवा में धनवान और प्रतापवान इक्ष्वाकु की वृद्धि होती है"[2]–**यस्येक्ष्वाकुरूप व्रते रेवान मराय्येधते। (यस्य इक्ष्वाकुः उपव्रते रेवान् मरायी एधते।)** इसी प्रकार अर्थवेद के एक मन्त्र में ज्वर से छुटकारा पाने के लिए कुष्ठ पौधे से प्रार्थना करते समय भी 'इक्ष्वाकु' शब्द का प्रयोग मिलता है। इसके अन्तर्गत यह वाक्य उल्लिखित है–"तू जिसको इक्ष्वाकु पूर्व काल में जानता था[3]–**त्वा वेद पूर्व इक्ष्वाको यं।।**"

ऋग्वेद एवं अथर्ववेद के उपर्युक्त स्थलों से केवल इतना ही सूचित होता है कि इक्ष्वाकु एक प्राचीन वीर एवं राजा थे, किन्तु इन स्थलों से इक्ष्वाकु शब्द का रामकथा से कोई सम्बन्ध दिखाई नहीं पड़ता है।

स्थलों पर भी जनक का उल्लेख हुआ है। एक स्थल पर जनक गायत्री के विषय में वुडिल आश्वतराश्वि से कुछ कहते हैं। दूसरे स्थल में गार्ग्य बालाक और अजातशत्रु का वार्तालाप दिया गया है।

उपर्युक्त उद्धरणों से स्पष्ट है कि रामायण के अन्य पात्रों की अपेक्षा 'जनक वैदेह' का वैदिक साहित्य में कहीं अधिक उल्लेख मिलता है। यद्यपि अर्वाचीन रामकथा साहित्य में वैदिक जनक तथा रामायण के जनक अभिन्न माने जाने लगे हैं, किन्तु दोनों की अभिन्नता सिद्ध करने के लिए पुष्ट प्रमाणों का अभाव है।

निष्कर्षतः कहा जा सकता है कि यद्यपि वैदिक साहित्य में रामकथा के पात्रों के नाम सुलभ हैं, किन्तु रामकथा कहीं भी दृष्टिगोचर नहीं होती। इसलिए प्रायः विद्वानों का मत है कि वैदिक ऋषियों की रामकथा अज्ञात थी। यद्यपि किसी वस्तु की अनुपस्थिति उसके अनस्तित्व का प्रमाण नहीं हो सकती, किन्तु ऐसा अनुमान करना कदाचित् अनुचित नहीं होगा कि यदि वैदिक ऋषियों को राम और भरत के अतुलनीय उदार चरित्रों का परिचय होता तो वे अवश्य इनका उल्लेख कहीं-न-कहीं अवश्य करते।

बौद्ध एवं जैन वाङ्मय में रामकथा[15]

रामकथा का विकृत स्वरूप

चिरकाल से देश-विदेश में प्रचलित रामकथा की आधारशिला प्रत्यक्ष अथवा अप्रत्यक्ष रूप से महर्षि वाल्मीकिकृत रामकथा ही रही है। इसी को आधार मानकर विभिन्न कवियों तथा ग्रन्थकारों ने समय-समय पर देश, काल, धर्म एवं मौलिकता के आधार पर रामकथा को एक नवीन साँचे में ढालने का सतत् प्रयत्न किया है। परन्तु उनकी इस मौलिकता में वाल्मीकीय रामकथा की मर्यादा का हनन नहीं हुआ है। उन्होंने तो मात्र कथा को रोचक एवं सर्वजनग्राह्य बनाने के उद्देश्य से ही मौलिकता का समावेश अपने ग्रन्थों में किया है। परन्तु इस परम्परा से ठीक विपरीत बौद्ध एवं जैन वाङ्मय की रामकथा में बहुत परिवर्तन के साथ वाल्मीकीय रामकथा से अलग उसका एक विकृत स्वरूप ही दृष्टिगोचर होता है। यदि वाल्मीकीय रामकथा के परिप्रेक्ष्य में बौद्ध एवं जैन ग्रन्थों में वर्णित रामकथा का आलोचनात्मक अध्ययन किया जाय तो इसके अमर्यादित एवं विकृत स्वरूप का स्पष्ट परिज्ञान होता है। सम्प्रति बौद्ध एवं जैन ग्रन्थों के आलोक में उस युग की रामकथा के विकृत स्वरूप पर प्रकाश डालने का उद्योग किया जा रहा है।

सर्वप्रथम बौद्ध वाङ्मय के अन्तर्गत 'दशरथ जातक', 'अनामकंजातकम्' तथा 'दशरथ कथानम्' ग्रन्थों में क्रमशः रामकथा की विकृति का अवलोकन करते हैं—

से राम-सीता वनवास, सीताहरण, जटायु वृत्तान्त, बालि-सुग्रीव युद्ध, सेतु-बन्ध, सीता की अग्नि परीक्षा आदि प्रमुख घटनाओं का अवश्य ही उल्लेख मिलता है। दूसरी महत्वपूर्ण विकृति यह है कि राम को विमाता के कारण पिता द्वारा वनवास नहीं दिया जाता, अपितु वे अपने मामा के आक्रमण की तैयारियाँ सुनकर स्वेच्छा से राज्य छोड़कर वन चले जाते हैं। प्रायः किसी भी रामकथा में राम वनवास का ऐसा कारण उल्लिखित नहीं है। इस जातक में जिसे हम रामकथा के आधार पर बालि नाम से सम्बोधित करते हैं वह सुग्रीव (बड़े बन्दर) का भाई नहीं चाचा है। प्रायः सभी रामकथाओं में बालि और सुग्रीव सहोदर भ्राता के रूप में दिखाई पड़ते हैं। इसमें एक रोचक घटना यह भी है कि इन्द्र एक छोटे बन्दर का रूप धारण करके बोधिसत्त्व (राम) की सहायता करते हैं तथा नाग (रावण) को मारकर रानी को वापस ले आते हैं।

बौद्धों में प्रचलित रामकथा के तीसरे ग्रन्थ 'दशरथ कथानम्' में सीता या किसी भी राजकुमारी का उल्लेख नहीं मिलता। प्राचीन काल से आज तक प्रायः जितने भी रामकथा विषयक ग्रन्थ प्राप्त होते हैं। सबमें सीता का अवश्य ही उल्लेख है। पुनः सीता जो रामकथा की नायिका के रूप में प्रसिद्ध हैं तथा जिसके बिना रामकथा वास्तव में रामकथा नहीं मानी जा सकती, उसी सीता से विहीन इस ग्रन्थ में रामकथा की अन्य घटनाएँ भी सुलभ हैं। यह कमी इस ग्रन्थ की ही नहीं अपितु बौद्ध वाङ्मय और इस युग की रामकथा के विकृत स्वरूप का स्पष्ट प्रमाण है। इस ग्रन्थ में सीता के न रहने से उनसे सम्बन्धित सभी—सीता हरण, सीता स्वयंवर, जनक वृत्तान्त, राम-रावण तथा बालि युद्धादि घटनाओं का अभाव भी है।

इनके अतिरिक्त कालान्तर में जो भी बौद्ध ग्रन्थ उपलब्ध हुए, उनमें रामकथा का ही अभाव है।

बौद्ध वाङ्मय में रामकथा के विकृत स्वरूप के अध्ययनोपरान्त जैन-ग्रन्थों में वर्णित रामकथा पर विचार करना अत्यावश्यक जान पड़ता है। सर्वप्रथम विमलसूरि की रचना 'पउमचरियं' का अध्ययन करने के फलस्वरूप यह प्रतीत होता है कि विमलसूरि ने इस ग्रन्थ के कथानक में कोई आमूल परिवर्तन नहीं किया है अपितु वाल्मीकीय रामकथा और इसमें बहुत अधिक साम्यता है। परन्तु फिर भी इस ग्रन्थ की कुछ घटनाएं इतनी विचित्र एवं अमर्यादित हैं कि वे इस युग तथा जैन वाङ्मय में वर्णित रामकथा के विकृत स्वरूप का प्रमाण प्रस्तुत करती हैं। इस स्थल पर संक्षिप्ततः उनका विवेचन प्रस्तुत किया जा रहा है

रावण-बालि संघर्ष के वृत्तान्त में रावण बालि के पास दूत भेजकर उसकी बहन श्रीप्रभा को पत्नी स्वरूप माँगता है तथा बालि को आकर प्रणाम करने का आदेश देता है। बालि ऐसा न करके अपने भाई सुग्रीव को राज्य सौंपकर जैन दीक्षा ले लेता

वैदिक साहित्य में ऋग्वेद के एक स्थल से दशरथ का उल्लेख एक योद्धा राजा के रूप में मिलता है। "दशरथ के चालीस भूरे रङ्ग के घोड़े, एक हजार घोड़ों के दल का नेतृत्व कर रहे थे।"[4]—**चत्वारिंशद्दशरथस्य शोणाः सहस्त्रस्याग्रे श्रेणिं नयन्ति।** इस स्थल के अतिरिक्त दशरथ का नाम अन्यत्र कहीं भी उपलब्ध नहीं होता। ऋग्वेद में वर्णित इस दशरथ का इक्ष्वाकु से सम्बन्ध रखने वाले स्थलों से किसी सम्बन्ध का कोई परिचय नहीं मिलता।

वैदिक साहित्य में 'राम' नामक अनेक व्यक्तियों का परिचय प्राप्त होता है। ऋग्वेद में एक स्थल पर अन्य प्रतापी यजमानों के साथ राम का नाम प्रयुक्त होने के कारण ऐसा प्रतीत होता है कि वह कोई राजा था।[5]

'ऐतरेय ब्राह्मण'[6] में एक 'राम मार्गवेय' का उल्लेख मिलता है जो ब्राह्मण हैं। 'शतपथ ब्राह्मण'[7] में एक 'राम औपतस्विनि' का उल्लेख मिलता है जो आचार्य हैं। इसी प्रकार 'जैमिनीय उपनिषद् ब्राह्मण'[8] में एक 'राम क्रातुजेय' का भी उल्लेख प्राप्त होता है, तथा वे भी आचार्य हैं।

वैदिक साहित्य में 'सीता' शब्द का प्रयोग साधारणतः 'हल से बनी हुई रेखा के लिए' हुआ है। केवल 'कल्प सूत्रों, को छोड़कर सीता शब्द का अनेकशः उल्लेख प्राप्त होता है। वैदिक साहित्य में दो भिन्न-भिन्न सीताओं की सूचना प्राप्त होती है। इनमें से पहली सीता 'कृषि की अधिष्ठात्री देवी' हैं जिसका वर्णन ऋग्वेद से लेकर सम्पूर्ण वैदिक साहित्य में अनेक स्थलों पर मिलता है। दूसरी सीता का परिचय 'तैत्तिरीय ब्राह्मण' से प्राप्त होता है जहाँ सीता सावित्री तथा सूर्य की पुत्री से सम्बन्धित उपाख्यान मिलते हैं। प्रथम प्रकार की सीता में दैवीकरण की प्रवृत्ति केवल कृषि की अधिष्ठात्री देवी के अर्थ में ही प्रकट है। दूसरी सीता जो सूर्य की पुत्री हैं उनके साथ भी रामायण की ज्ञात कथा का कोई प्रसङ्ग नहीं आया है।

रामकथा के कुछ अन्य पात्रों के नाम भी वैदिक साहित्य में मिलते हैं। 'शत्पथ ब्राह्मण[9] और 'छान्दोग्य उपनिषद्'[10] में अश्वपति कैकय से सम्बन्धित एक प्रसङ्ग मिलता है। इन दोनों ग्रन्थों में अश्वपति से सम्बन्धित प्रसङ्ग एक समान है।

इसी प्रकार 'जनक' का सर्वप्रथम उल्लेख "कृष्णयुजर्वेद तैत्तिरीय ब्राह्मण"[11] में प्राप्त होता है। इसमें एक आख्यान मिलता है जिसके अनुसार जनक 'वैदेह देवताओं' से मिलते हैं। आगे चलकर 'शत्पथ ब्राह्मण[12] में जनक वैदेह का चार भिन्न प्रसङ्गों में उल्लेख हुआ है। 'वृहदारण्यकोपनिषद्'[13] में जनक और याज्ञवल्क्य के सम्बन्ध में एक और विस्तृत वृत्तान्त मिलता है जिसमें जनक याज्ञवल्क्य से पारलौकिक विषयों पर शिक्षा प्राप्त करते हैं। 'वृहदारण्यकोपनिषद्'[14] में दो अन्य

रावण सामन्त नामक दूत भेजकर सन्धि का प्रस्ताव करता है। रावण राम को अपने राज्य का एक अंश तथा 300 कन्याओं को इस शर्त पर देने को तैयार है कि वह सीता को त्याग दें और कुम्भकर्ण, इन्द्रजित तथा मेघवाहन को मुक्त कर दें।

अन्त में लक्ष्मण (नारायण) ही (प्रति नारायण) रावण का वध करते हैं न कि राम। कुम्भकर्ण, इन्द्रजित तथा मेघवाहन आदि जो युद्ध में कैदी थे उन्हें मुक्त कर दिया गया। वे विरक्त होकर तपस्या करने चले गए।

इस प्रकार पउमचरियं में उल्लिखित उपर्युक्त घटनाओं के आलोक में यह निश्चित रूप से कहा जा सकता है कि ये घटनाएँ पारम्परिक रामकथा के सर्वथा विरुद्ध, गर्हित, घृणित एवं विकृत हैं।

दूसरे जैन ग्रन्थ गुणभद्र कृत 'उत्तर पुराण' में भी रामकथा का विकृत स्वरूप ही दृष्टिगोचर होता है। इसमें राजा दशरथ वाराणसी के राजा थे जिनके चार पुत्र थे। राम सुबाला के गर्भ से तथा लक्ष्मण कैकेयी के गर्भ से उत्पन्न हुए। पुनः बाद में दशरथ अपनी राजधानी साकेतपुर स्थापित कर लेते हैं तो भरत और शत्रुघ्न किसी अन्य रानी के गर्भ से उत्पन्न हुए। दशरथ के पुत्रों की उत्पत्ति का यह प्रसङ्ग पारम्परिक रामकथा से किसी भी प्रकार से मेल नहीं खाता। उनके राजधानी परिवर्तन की यह घटना भी किसी रामकथा ग्रन्थ में सुलभ नहीं है।

राम-लक्ष्मण के विवाह के सन्दर्भ में जो प्रसङ्ग इस ग्रन्थ में उपलब्ध है वह भी इस युग की रामकथा के विकृत स्वरूप का ही परिचय प्रस्तुत करता है। एक यज्ञ की रक्षा के लिए जनक राम और लक्ष्मण को बुलाते हैं। यज्ञ समाप्त होने पर राम-सीता का विवाह होता है। इसके बाद राम 7 अन्य कुमारियों के साथ तथा लक्ष्मण पृथ्वी देवी आदि 16 राज कन्याओं के साथ विवाह करते हैं।

नारद से सीता के सौन्दर्य का वर्णन सुनकर ही रावण उन्हें हर लाने का सङ्कल्प करता है। किसी अन्य कारण से सीताहरण नहीं होता। इसके बाद दशरथ को सीता हरण का समाचार स्वप्न द्वारा मालूम होता है तथा वे इस समाचार को राम के पास भेजते हैं। इतने में सुग्रीव और हनुमान बालि के विरुद्ध सहायता मांगने के लिए पहुँचते हैं। लक्ष्मण चक्र से रावण का सिर काटते हैं। इसके बाद लक्ष्मण राम के साथ 42 वर्ष तक दिग्विजय यात्रा करते हैं और अर्द्ध-चक्रवर्ती बनकर अयोध्या वापस लौटते हैं। अनन्तर दोनों का सम्मिलित अभिषेक सम्पन्न होता है। लक्ष्मण की 16000 और राम की 8000 रानियाँ बताई जाती हैं।

उत्तर पुराण की उपर्युक्त घटनाएँ भी अन्य रामायण ग्रन्थों से सर्वथा भिन्न रूप में दृष्टिगोचर होती हैं, जिसमें पारम्परिक रामकथा की मर्यादा का अतिक्रमण एवं विकृत स्वरूप ही दर्शनीय है।

दशरथ जातक में सीता, राम तथा लक्खन तीनों राजा दशरथ की ज्येष्ठा महिषी की सन्तानें हैं। तीनों पिता की आज्ञा से वन चले जाते हैं तथा अवधि पूर्ण होने पर तीनों राजधानी वापस आते हैं। राम अपनी बहन सीता से विवाह करके धर्मपूर्वक राज्य करने लगे।

दशरथ जातक के उपर्युक्त प्रसङ्ग की सबसे बड़ी विकृति है कि राजा दशरथ की सन्तानें राम और सीता जो एक सहोदर भाई-बहन के रूप में थे बाद में पति-पत्नी हो गये। प्रायः लोक-व्यवहार में ऐसी घृणित परम्परा के उदाहरण तो दुर्लभ ही हैं, पुनः वाल्मीकि रामायण तथा अन्य रामकथा सम्बन्धी ग्रन्थ जो भारतीय संस्कृति के प्रतीक हैं तथा जिसमें राम और सीता के उज्ज्वल एवं पावन चरित्र के उन्नायक तत्त्वों की भूरि-भूरि प्रशंसा ही वर्णित है, उनमें रामकथा का यह विकृत घृणित एवं अमर्यादित स्वरूप कहीं भी दृष्टिगोचर नहीं होता है।

दशरथ जातक के इस प्रसङ्ग की जितनी भी आलोचना की जाय वह कम ही है, क्योंकि इसके अनुसार राम अपनी बहन सीता से विवाह करके धर्मपूर्वक राज्य करने लगे। ध्यातव्य है कि कोई भाई अपनी सहोदर बहन से विवाह करके सारे धर्मों का विनाश तो वहीं कर देता है पुनः उसका कौन सा धर्म शेष रह गया है जिसके सहारे वह धर्मपूर्वक जीवन-यापन करेगा।

दशरथ जातक की अन्य विकृतियों के अन्तर्गत-राजा दशरथ के वाराणसी में राज्य करने का उल्लेख, ज्येष्ठा रानी के तीन सन्तानें सीता, राम एवं लक्खन का वर्णन ज्येष्ठा रानी की मृत्योपरान्त अन्य रानी से विवाह तथा उससे भरत कुमार की उत्पत्ति एवं राम के 16000 वर्ष शासन करने के उपरान्त स्वर्ग जाने का उल्लेख आदि घटनाएँ तथ्यविहीन एवं विकृत कपोलकल्पना लगती हैं। जिसमें परम्परागत रामकथा की मर्यादा का अतिक्रमण एवं हनन ही सुलभ है।

दशरथ जातक का एक उल्लेखनीय प्रसङ्ग और भी है जिसमें भरत जब राम की तृणपादुका लाकर शासन करने लगते हैं, उस समय राज्य में अन्याय होने पर वे दोनों तृणपादुकाएँ आपस में आघात करने लगती थीं। पुनः उचित न्याय होने पर दोनों शान्त हो जाती थीं। प्रायः किसी भी रामकथा ग्रंथ में न तो राम की तृणनिर्मित पादुका का ही उल्लेख है और न ही उनकी पादुकाओं के विषय में इस तरह की कपोलकल्पित बचकानी एवं उपहासपूर्ण कथा ही सुलभ है।

रामकथा से सम्बन्धित बौद्धों के एक-दूसरे ग्रन्थ 'अनामकं जातकम्' में वाल्मीकीय रामकथा से अलग जो एक विकृत स्वरूप देखने को मिलता है वह संक्षिप्ततः इस प्रकार है—इस जातक की सबसे बड़ी विकृति यह है कि इसमें रामकथा से सम्बन्धित किसी भी पात्र के नाम का उल्लेख नहीं है। हाँ, अप्रत्यक्ष रूप

नारदीय पुराण–(10वीं श. ई.) के पूर्व खण्ड में एक संक्षिप्त रामचरित के बाद उत्तर खण्ड में बालकाण्ड से उत्तर काण्ड तक समस्त वाल्मीकि रामायण की संक्षिप्त रामकथा वर्णित है।

ब्रह्म पुराण–(10वीं श.) के 213वें अध्याय में वर्णित रामकथा हरिवंश के 41वें अध्याय से उद्धृत है। 176वें अध्याय के अन्तर्गत रावण की तपस्या के वर्णन के बाद एक खंडित रामकथा भी पाई जाती है। ब्रह्म पुराण की शेष रामकथा सम्बन्धी सामग्री गौतमी माहात्म्य (अध्याय 70-175) के अन्तर्गत मिलती है।

गरुण पुराण–(लगभग 10वीं श. ई.) के रामकथा की विशेषता यह है कि इसमें स्वयं शूर्पणखा को विरूप कर देते हैं तथा अयोध्या लौटने के बाद पितृकर्म के लिए गयाशिर जाते हैं।

स्कन्द पुराण–इसका रचनाकाल अज्ञात है, किन्तु इसकी कथा 8वीं शताब्दी के बाद की ही मानी जाती है। इसकी रामकथा माहेश्वर खण्ड तथा प्रभास खण्ड प्रभृति सात खण्डों में विभक्त है जिसमें 278 अध्याय हैं।

पद्म पुराण–के खण्डों का अलग-अलग रचना काल माना जाता है। पाताल खण्ड (12वीं श.) के 28 अध्यायों में बहुत सी रामकथा सम्बन्धी सामग्री मिलती है। उत्तर खण्ड (15वीं श.) में रामचरित का पूरा वर्णन किया गया है। सृष्टि खण्ड में विस्तृत रामचरित न प्राप्त होकर केवल उससे सम्बन्धित कुछ प्रसङ्गों का ही वर्णन मिलता है।

ब्रह्मवैवर्त पुराण–ब्रह्मवैवर्त पुराण की रचना सम्भवतः 7वीं श. के पूर्व हुई थी, किन्तु उसका वर्तमान रूप 16वीं श. का है। इसके प्रकृति खण्ड एवं कृष्ण जन्म खण्ड में संक्षिप्त रामचरित सुलभ है।

4. उपपुराण–विष्णुधर्मोत्तर पुराण–(5वीं श.) में रामकथा से सम्बन्धित कुछ प्रसङ्गों का ही वर्णन है।

नृसिंह पुराण–(400-500 ई.) के 6 अध्यायों में रामायण के 6 काण्डों की कथा किञ्चित परिवर्तन सहित संक्षिप्त रूप में मिलती है।

बह्नि पुराण–में बालकाण्ड से लेकर युद्ध काण्ड तक सम्पूर्ण रामायण की कथा वर्णित है।

शिव महापुराण की रुद्र संहिता–(14वीं श.) के सृष्टि खण्ड एवं युद्ध खण्ड में संक्षिप्त रामकथा मिलती है। गणपति कृष्ण जी प्रेस के शिव पुराण संस्करण के धर्म संहिता तथा ज्ञान संहिता के अन्तर्गत भी संक्षिप्त रामकथा उद्धृत है।

है। पुनः सुग्रीव रावण को प्रणाम कर बहन श्रीप्रभा का रावण के साथ विवाह कर देता है। रावण-बालि संघर्ष का यह वृत्तान्त सर्वथा मौलिक एवं विकृत है।

इसी प्रकार खर-दूषण से रावण की बहन चन्द्रनखा (शूर्पनखा) के विवाह का उल्लेख तथा चन्द्रनखा की पुत्री अनङ्गकुसुमा एवं पुत्र शम्बूक का उल्लेख भी हास्यास्पद, तारतम्य विहीन तथा विकृत घटनाएँ हैं।

हनुमच्चरित्र के अन्तर्गत हनुमान द्वारा चन्द्रनखा की पुत्री अनङ्गकुसुमा को पत्नी के रूप में स्वीकार करना तथा हनुमान के अन्य विवाहों का उल्लेख भी पाया जाता है। यही नहीं हनुमान लङ्कासुन्दरी को परास्त कर रात भर उसके साथ काम-क्रीड़ा भी करते हैं। प्रायः सभी रामकथाओं में हनुमान का चरित्र जितेन्द्रिय, ब्रह्मचारी एवं कामदोष रहित के रूप में ही वर्णित है, परन्तु पउमचरियं की उपर्युक्त घटना ठीक इसके विपरीत अपने विकृत स्वरूप को ही प्रकट करती है।

राजा जनक की विदेह नामक महारानी से एक पुत्री सीता तथा एक पुत्र भामण्डल की उत्पत्ति का भी उल्लेख इस ग्रन्थ में मिलता है। यह भामण्डल रावण के विरुद्ध युद्ध में राम की तरफ से युद्ध भी करता है। सर्वत्र रामकथाओं में सीता की उत्पत्ति अयोनिजा ही मानी गयी है साथ ही राजा जनक के किसी पुत्र का उल्लेख भी नहीं पाया जाता है।

पउमचरियं के अन्तर्गत कई अवसरों पर लक्ष्मण को कन्याएँ भेंट की जाती हैं लक्ष्मण सबको स्वीकार करते हुए कहते हैं कि लौटते समय इन्हें ले जाऊँगा। इस प्रकार वज्रकर्ण 8 कन्याएँ तथा सिंहोदर आदि राजा 300 कन्याएँ लक्ष्मण को प्रदान करते हैं। इसके अतिरिक्त लक्ष्मण, वनमाला, रतिमाला तथा जितपद्मा को भी स्वीकार करते हैं। इसी प्रकार सुग्रीव ने भी राम को अपनी 13 कन्याएँ समर्पित की थीं। रावण वध के पश्चात् राम-लक्ष्मण रावण के महल में ठहरते हैं तथा उन कन्याओं को बुलाने के लिए दूत भेजते हैं, जिनके साथ उनकी मंगनी हो चुकी थी। लङ्का में ही उनके साथ विवाह सम्पन्न हो जाता है। इसके बाद राम और लक्ष्मण के 6 वर्ष तक लङ्का में रहने का उल्लेख प्राप्त होता है। लक्ष्मण की 16000 पत्नियाँ जिसमें विशल्या आदि 8 पटरानियाँ हैं तथा राम की 8000 पत्नियाँ जिसमें सीता, प्रभावती, रतिनिभा तथा श्रीदामा आदि प्रधान हैं का उल्लेख मिलता है।

सीताहरण का कारण भी विमलसूरि ने कुछ भिन्न प्रकार से बताया है, किन्तु उसमें चन्द्रनखा के नाक, कान काटने का उल्लेख नहीं प्राप्त होता है।

सुग्रीव की विपत्ति के सन्दर्भ में जो कथा वर्णित है उसमें साहस-गति ने सुग्रीव का रूप धाराण करके उसकी पत्नी और राज्य को छीन लिया था। राम साहस-गति को मारकर उसका राज्य वापस लौटा देते हैं।

अध्यात्म रामायण[18]—रामकथा से सम्बन्धित ग्रन्थों में इसका महत्त्वपूर्ण स्थान है। इस ग्रन्थ के कर्ता एवं काल के विषय में अभी तक विद्वानों में अनिश्चितता बनी हुई है। यद्यपि कुछ आधुनिक समालोचकों ने इसकी प्राचीनता पर संदेह व्यक्त करते हुए इसे अधुनातन कृति सिद्ध करने का प्रयास किया है, किन्तु उनके तर्कों में पुष्ट प्रमाणों का अभाव है। इसके ठीक विपरीत अधिकांश विद्वज्जनों ने इस ग्रंथ की भाषा-शैली एवं कथानक व्यवस्था के आधार पर इसे रामायण एवं महाभारत के समकालीन मानते हुए इसकी प्राचीनता के लिए पुष्ट प्रमाण प्रस्तुत किया है जो अत्यन्त समीचीन एवं तर्कसंगत प्रतीत होता है। अतः अध्यात्म रामायण की प्राचीनता पर संदेह नहीं किया जा सकता है। इसमें वाल्मीकि रामायण की कथा अत्यन्त संक्षेप में है जो पूर्णरूपेण अवतारवादी दृष्टिकोण से प्रस्तुत की गई है। इसका मुख्य उद्देश्य वेदान्त दर्शन के आधार पर रामभक्ति का प्रतिपादन है। इस रचना की मुख्य विशेषता है, स्थान-स्थान पर राम की स्तुतियाँ जिसमें अवतारवाद आदि पारमार्थिक तत्त्वों का निरूपण किया गया है। इस ग्रंथ के प्रायः सभी पात्रों को राम के परब्रह्मत्व का ज्ञान रहता है।

आनन्द रामायण[19]—इस ग्रन्थ के भी कर्ता एवं काल के खोज की आवश्यकता है। इसमें अनेक विचित्र कथाओं का वर्णन है। 12252 श्लोकों के इस ग्रंथ में सार काण्ड, यात्रा काण्ड, योग काण्ड, विलास काण्ड, जन्मकाण्ड, विवाह काण्ड, राज्य काण्ड, मनोहर काण्ड, एवं पूर्ण काण्ड प्रभृति 9 काण्डों में रामकथा वर्णित है। इसमें शिव-पार्वती-संवाद का वर्णन है जिसके अन्तर्गत द्वितीय काण्ड के तृतीय सर्ग में रामदास विष्णुदास का उपसंवाद मिलता है।

अद्‌भुत रामायण[20]—इस ग्रंथ की भूमिका में समस्त वृत्तान्त वाल्मीकि भरद्वाजसंवाद के रूप में प्रस्तुत किया गया है इसकी कथावस्तु तीन भागों में विभाजित की जा सकती है। प्रथम भाग में रामावतार का कारण बताया गया है। द्वितीय भाग में परशुराम के तेजोभंग से लेकर रावण वध के बाद अयोध्या में प्रत्यागमन तक की समस्त रामकथा का संक्षिप्त वर्णन किया गया है। इसके तृतीय एवं अन्तिम भाग में देवी का रूप धारण कर सीता द्वारा पुष्कर निवासी सहस्रस्कंध रावण का वध वर्णित है।

तत्त्वसंग्रह रामायण[21]—इसकी रचना संभवतः राम ब्रह्मानन्द द्वारा 17वीं श. में हुई थी। इस ग्रंथ में रामकथा के अतिरिक्त रामायण के प्रमुख पात्रों के विषय में प्रचलित कथाओं का संग्रह हुआ है तथा रामकथा के तत्त्व (राम के परब्रह्मत्व) पर प्रकाश डाला गया है। इसकी भूमिका में राम को विष्णु के अतिरिक्त शिव, ब्रह्मा,

इस प्रकार बौद्ध एवं जैन वाङ्मय में वर्णित रामकथा सम्बन्धी उपर्युक्त घटनाएँ तत्कालीन रामकथा के विकृत स्वरूप को ही स्पष्ट करती हैं।

संस्कृत धार्मिक साहित्य में रामकथा

(क) पौराणिक साहित्य

पौराणिक साहित्य में रामकथा[16] का स्थान अत्यधिक विस्तृत नहीं है। हरिवंश तथा प्राचीनतम महापुराणों में तो रामकथा का संकेत मात्र ही मिलता है, किन्तु बाद के महापुराणों तथा उपपुराणों में रामकथा विषयक सामग्री में उत्तरोत्तर वृद्धि हुई।

हरिवंश पुराण–(400 ई.) इसमें एक संक्षिप्त रामचरित उपलब्ध है, जिसमें रामावतार के उल्लेख के बाद वनवास से लेकर रावण-वध तक, रामकथा की मुख्य घटनाओं का वर्णन प्राप्त होता है। अनन्तर रामराज्य की प्रसंशा की गई है।

प्रधान महापुराण–डॉ. हाजरा के अनुसार–मार्कण्डेय, ब्रह्माण्ड, विष्णु, वायु, मत्स्य, भागवत तथा कूर्म पुराण कालक्रमानुसार प्राचीनतम महापुराण हैं। इनमें भी मार्कण्डेय, ब्रह्माण्ड तथा मत्स्य पुराण में रामचरित का वर्णन नहीं पाया जाता।

विष्णु पुराण–(चौथी श. ई.) में रामकथा का अत्यंत संक्षिप्त रूप मिलता है।

वायु पुराण–(5वीं श. ई.) में उपलब्ध रामकथा विष्णु पुराण से ही साम्य रखती है।

भागवत पुराण–(छठवीं अथवा 7वीं श. ई.) में सीता सर्वप्रथम पौराणिक साहित्य में लक्ष्मी का अवतार मानी गयी हैं।

कूर्म पुराण–(7वीं श. ई.) में उपलब्ध रामकथा दो विभागों (पूर्व एवं उत्तर) में वर्णित है।

गौण महापुराण–उपर्युक्त प्रधान महापुराणों के अतिरिक्त कुछ गौण महा पुराण भी हैं जिनमें रामकथा सम्बन्धी कुछ सामग्री उपलब्ध होती है।

वाराह पुराण–(800 ई.) में पूर्णरूपेण रामकथा नहीं प्राप्त होती अपितु एक-दो स्थलों पर इसका संकेत मात्र मिलता है।

अग्नि पुराण–(800 ई.) की रामकथा वाल्मीकीय रामकथा के सात काण्डों का संक्षेप है।

लिङ्ग पुराण–(10वीं श. के पूर्व) इक्ष्वाकु वंश वर्णन के अन्तर्गत अत्यन्त संक्षिप्त रामचरित मिलता है।

वामन पुराण–इस अर्वाचीन पुराण (37, 8-12) में वेदवती तीर्थ के प्रसङ्ग में रावण द्वारा अपमानित वेदवती की सीता के रूप में उत्पत्ति का उल्लेख है।

भुशुण्डि रामायण में निम्नलिखित वाल्मीकीय कथाओं का अभाव है—अहल्योद्धार, अनसूया का सीता को उपदेश, वानर-स्वयंप्रभा-संवाद, समुद्रलंघन विषयक वानर-ऋक्ष-मन्त्रणा, त्रिजटा का स्वप्न, रावण की अपने मन्त्रियों से युद्ध विषयक मन्त्रणा, सरमा द्वारा सीता को आश्वासन, राम का सुवेल पर्वत पर निवास और वहाँ से लंका का अवलोकन (उल्लेख मात्र), राम-बालि-युद्ध, कुम्भकर्ण-विभीषण-संवाद, हनुमान द्वारा भरत को राम के आगमन की सूचना देना तथा शंबूक वध आदि।

गौण रामायण[25]—उपर्युक्त रामायण ग्रन्थों के अतिरिक्त कुछ गौण रामायणों की भी सूचना प्राप्त होती है। इनमें मन्त्र रामायण (वेंकटेश प्रेस), वेदान्त रामायण (लहरी प्रेस बनारस), गायत्री रामायण, विद्यारण्य कृत रामायण रहस्य आदि।

श्रीराम दास गौड़ ने अपने हिन्दुत्व नामक ग्रन्थ में उन्नीस रामायणों का संक्षिप्त परिचय दिया है, जो निम्नलिखित हैं—महारामायण, संवृत्त रामायण, लोमश रामायण, अगस्त्य रामायण, मन्जुल रामायण, सौपद्य रामायण, रामायण महामाला, सौहार्द्र रामायण, रामायण मणिरत्न, सौर्य्य-रामायण, चान्द्र-रामायण, मैन्द रामायण, स्वायंभुव रामायण, सुब्रह्म रामायण, सुवर्चस रामायण, देव-रामायण, श्रवण-रामायण, दुरंत रामायण, रामायण-चम्पू आदि।

संस्कृत महाकाव्यों में रामकथा

आश्चर्यमिदमाख्यानं मुनिना सम्प्रकीर्तितम्।
परं कवीनामाधारं समाप्तं च यथाक्रमम्।।

वाल्मीकि रामायण परवर्ती कवियों के लिए श्रेष्ठ आधारशिला है।[26] इसी का अनुकरण करते हुए कालान्तर में कवियों ने इस रामकथा की साहित्य के विभिन्न अंगों में उचित स्थान देकर अक्षुण्ण कर दिया। संस्कृत काव्य के प्रायः श्रव्य एवं दृश्य दोनों भेदों में रामकथा से सम्बन्धित अनेक ग्रंथों की सर्जना हुई जिनका क्रमशः उल्लेख आगे किया जाएगा। सर्वप्रथम रामकथा से सम्बन्धित संस्कृत महाकाव्यों[27] का संक्षिप्त विवरण प्रस्तुत किया जा रहा है।

रघुवंश[28]—(400 ई. के लगभग) कविकुल गुरु कालिदास विरचित रघुवंश महाकाव्य के 10वें से 15वें सर्ग के अन्तर्गत सम्पूर्ण रामचरित का संक्षिप्त वर्णन प्रस्तुत किया गया है। वैसे तो 9वें सर्ग के अन्त में दशरथ राज्य वर्णन के अन्तर्गत मुनि-पुत्र वध से ही रामकथा की पूर्व पीठिका तैयार हो जाती है, किन्तु कथानक का प्रारम्भ 10वें सर्ग से ही होता है। रघुवंश में वर्णित रामचरित की संक्षिप्त कथा-वस्तु अधोलिखित है—9वें सर्ग में मुनिकुमार वध एवं दशरथ को शाप प्राप्ति, सर्ग 10 में पुत्रेष्टि यज्ञ एवं रामादि पुत्रों की उत्पत्ति, सर्ग 11 में सीता स्वयंवर एवं रामादि का

श्रीमद्देवीभागवतपुराण–(11वीं-12वीं श.) के नवरात्र महात्म्य के अन्तर्गत भी एक संक्षिप्त रामचरित मिलता है। इसके नवें स्कंध में वेदवती तथा छायासीता की भी कथा मिलती है।

महाभागवत पुराण–(10वीं-11वीं श.) में एक रामोपाख्यान मिलता है जिसकी कथावस्तु वाल्मीकीय रामायण से बहुत भिन्न है।

बृहद्धर्म पुराण–(13वीं श.) के पूर्व खण्ड में जो रामचरित सुलभ है वह देवी महाभागवत पुराण की रामकथा से बहुत अधिक साम्यता रखती है।

सौर पुराण–(लगभग 950-1050 ई.) के अध्याय 30 में रामकथा से सम्बन्धित कुछ प्रसङ्ग वर्णित हैं।

कालिका पुराण–(10वीं-11वीं श.) के अध्याय 38 एवं 62 में भी रामकथा के कुछ प्रसङ्ग वर्णित हैं।

आदि पुराण–के 16वें अध्याय में कृष्णजन्म के पश्चात् नन्द के एक स्वप्न का विवरण है, जिसमें एक संक्षिप्त रामचरित प्राप्त होता है जो वाल्मीकीय रामकथा के अनुरूप है।

कल्कि पुराण–की संक्षिप्त रामकथा (अंश 3, 3, 26-58) तथा (3, 17, 40) में रामकथा के कुछ प्रसङ्गों का वर्णन पाया जाता है।

(ख) साम्प्रदायिक रामायण ग्रन्थों में रामकथा

योगवाशिष्ठ रामायण[17]–यह वास्तव में साम्प्रदायिक रामायण नहीं है लेकिन अन्य साम्प्रदायिक रामायणों के साथ इसका उल्लेख सुविधाजनक है। एम. विन्टरनित्स तथा एस. एन. दास गुप्त ने इसका रचनाकाल 8वीं शताब्दी माना है, किन्तु डॉ. वी. राघवन ने इसे (1100-1250 ई.) स्वीकार किया है। इसमें रामकथा अत्यन्त गौण है। इसका मुख्य प्रतिपाद्य विषय वशिष्ठ-रामचन्द्र-संवाद है, जिसमें वशिष्ठ राम को मोक्ष प्राप्ति पर एक विस्तृत उपदेश देते हैं। वाल्मीकि ने अरिष्टनेमि को यह संवाद सुनाया था तथा योग वाशिष्ठ में अगस्त्य सुतीक्ष्ण की शिक्षा के लिए वाल्मीकि-अरिष्टनेमि-संवाद दुहराते हैं। इस ग्रन्थ में प्रारम्भ में रामावतार के चार कारण बताए जाते हैं। अनन्तर राम के जीवन्मुक्त होने, विद्याभ्यास करने तथा तीर्थयात्रा का वर्णन है। पुनः राम के 16 वर्ष की अवस्था में विरक्त हो जाने की कथा वर्णित है। विश्वामित्र के कहने पर वशिष्ठ ने एक विस्तृत उपदेश दिया जिसके फलस्वरूप राम निर्लिप्त होकर अपने कर्तव्य पालन के लिए तत्पर हुए। अन्तिम प्रकरण में कागभुशुण्डि के जन्म तथा उसके सुमेरू पर्वत पर निवास की कथा वर्णित है। आगे चलकर समस्त रामकथा का सिंहावलोकन है।

दशावतारचरित[35]–(1066 ई.) महाकवि क्षेमेन्द्र विरचित दशावतारचरित के कुल 1759 श्लोकों में विष्णु के दश अवतारों का वर्णन है। ग्रंथ के 'रामावतार' वर्णन के 294 छन्दों में कवि ने रामकथा का एक नवीन रूप प्रस्तुत किया है। इसकी मुख्य विशेषता है कि इसमें सम्पूर्ण कथावस्तु रावण के माध्यम से कही जाती है। इसके प्रारम्भिक 69 छन्दों में रावण की तपस्या, वर प्राप्ति तथा अत्याचार आदि का उल्लेख, पुनः 70-104 छन्द तक पद्मजा सीता को रावण का पुत्री रूप में ग्रहण करना।

105-130 छन्द तक शूर्पणखा अपने विरूपीकरण तथा खरदूषण के वध का वृत्तान्त सुनाती है एवं मारीच रावण को विष्णु अवतार राम की कथा सुनाता है। 152-194 में सीताहरण तथा सुकेतु द्वारा मारीच वध एवं लङ्का दहन आदि की घटनाएँ रावण को सुनाई जाती हैं। 213वें छन्द तथा सुकेतु तथा विभीषण दोनों रावण से सीता को लौटाने के लिए अनुरोध करते हैं। विभीषण राम की शरण लेता है। रावण किसी गुप्तचर से विभीषणाभिषेक, सेतु बन्ध तथा राम के त्रिकूटागमन की कथा सुनता है। 214-223 तक प्रतीहारपति से नागपाश द्वारा राम-लक्ष्मण के बन्धन तथा कुम्भकर्ण के जागरण का वृत्तान्त सुनता है। अन्त में कुम्भकर्ण वध से लेकर राम के स्वर्गारोहण तक की संक्षिप्त कथा का उल्लेख है।

उदारराघव[36]–(14वीं श.) शिङ्गभूपाल (1330 ई.) के समकालीन होने से उदारराघव के रचयिता साकल्यमल्ल का रचनाकाल 14वीं श. का पूर्वार्द्ध विद्वानों ने माना है। उदारराघव का सम्पूर्ण विस्तार 18 सर्गों का बताया जाता है। परन्तु अभी तक केवल 9 सर्ग ही सुरक्षित एवं प्रकाशित हैं जिसमें राम जन्म से शूर्पणखा विरूपीकरण तक की कथा वर्णित है।

उत्तरकालीन महाकाव्य

15वीं शताब्दी के बाद रामकथा से सम्बन्धित अनेक काव्यों की सर्जना हुई, जो अधिकांश अप्रकाशित ही हैं तथापि शोध के फलस्वरूप जो कुछ भी सूचनाएँ उनके संबंध में प्राप्त हुईं उसका उल्लेख इस स्थल पर किया जा रहा है।[37]

15वीं शताब्दी के वामनभट्ट बाण ने 'रघुनाथचरित' की रचना की, जिसके 30 सर्गों में रामचरित का उल्लेख है। 1608 ई. में काशी निवासी अद्वैत नामक कवि ने 'रामलिङ्गामृत' की रचना की। इसमें 18 सर्ग हैं तथा कथानक में अनेक विचित्रताएँ उपलब्ध हैं। 'राघवोल्लास' नामक एक महाकाव्य की रचना भी सम्भवतः अद्वैत कवि ने ही की थी जिसके 12 सर्गों में प्रारम्भ के तीन सर्ग अप्राप्य हैं। 17वीं शती के कवि चक्र कृत 'जानकी परिणय' में वाल्मीकीय रामकथा के अनुसार दशरथ यज्ञ से लेकर परशुराम तेजोभङ्ग तक की घटनाओं का 9 सर्गों में वर्णन किया गया

हरिहर, त्रिमूर्ति तथा परब्रह्म का अवतार माना गया है। इसमें रामदास्य भक्ति के अतिरिक्त अद्वैत रामोपासना का उल्लेख है।

कालनिर्णय रामायण[22]–रामायणों का एक ऐसा वर्ग मिलता है जिसमें रामकथा की प्रधान घटनाओं की तिथियाँ दी गयी हैं। इस प्रकार की सबसे प्राचीन रामकथा स्कन्दपुराण (ब्राह्म खण्ड) के अतिरिक्त धर्मारण्य खण्ड के तीसवें अध्याय तथा पद्मपुराण (पाताल खण्ड) के छत्तीसवें अध्याय में सुरक्षित है। पद्मपुराण में रामचरित के वक्ता लोमश ऋषि माने जाते हैं।

इस प्रकार के अन्य रामायणों में अग्निवेशकृत रामायण भी उल्लेखनीय हैं–अग्निवेश रामायण, समयादर्श रामायण, समय निरूपण रामायण, रामायण सार, रामायण रहस्य या राम हृदयम् तथा राम जातकम् आदि।

लोमश तथा अग्निवेशकृत रचनाओं के अतिरिक्त इस प्रकार के कुछ अन्य काल निर्णय रामायणों का भी उल्लेख मिलता है–शब्द रामायण, व्यासकृत रामायण तात्पर्य दीपिका, रामावतार कालनिर्णय सूचिका तथा निवास राघव कृत रामायण संग्रह आदि।

भुशुण्डि रामायण[23]–एक लम्बे समय तक रामकथा प्रेमियों के लिए जिज्ञासा का विषय बना हुआ भुशुण्डि रामायण डॉ. भगवती प्रसाद सिंह के सौजन्य से प्रकाश में आ चुका है। इस रामायण में भी वाल्मीकीय रामकथा का अत्यन्त संक्षेप प्रस्तुत किया गया है, किन्तु इसमें अनेक मौलिकताएं भी हैं जिनका उल्लेख इस प्रकार है–

बालक राम का सरयू तटस्थ गोप प्रदेश में निवास और रावण[24] द्वारा उनकी हत्या का प्रयास (पू. खंड, पृ. 63-184)। राम गीता की योजना (पूर्व खंड)। दशरथ को तीर्थ यात्रा का विस्तृत एवं सर्वथा मौलिक वर्णन (पू. खंड, पृ. 475-966)। योनिजा सीता एवं उनके स्वयंवर की कथा (द. खंड, पत्र 110–111)। पुष्पवाटिका प्रसंग (द. खंड, चतुर्थ अध्याय, पत्र 6-9)। अगले अवतार में राम द्वारा दण्डकारण्य के मुनिकुमारों के साथ विहार करने का वचन देना (द. खंड, पत्र-227-232)। मंदाकिनी प्रादुर्भाव की कथा (द. खंड, पत्र 208-211)। सरयू उत्पत्ति की कथा (पश्चिम खंड, पत्र 52-64)। पादुका राज्य व्यवस्था वर्णन (द. खंड, अध्याय 47-58)। सीता से अभिन्न राम की आह्लादकारिणी शक्ति सहजा के चरित्र का वर्णन (पू. खंड, अ. 81-85 तथा प. खंड 53, 64, 66)। अशोक वाटिका में राम द्वारा रास लीला का आयोजन (द. खंड, 311)। मुनि परिवारों की सेवा के लिए सीता का पुनः आगमन। सीता त्याग की मौलिकता। मेघनाथ को शेष से नागमणि की प्राप्ति (द. सं., अ. 114, पत्र-2, 4)। ऋषोज ऋषि का उद्धार (उ. खंड, अ. 48-49)

वेङ्कटदेशिक रचित हंस सन्देश अथवा हंसदूत (13वीं), नैयायिक रुद्र हंस सन्देश अथवा हंसदूत (13वीं), नैयायिक रुद्र वाचस्पति कृत 'भ्रमरदूत', कपिदूत (अज्ञात) वेङ्कटाचार्य कृत 'कोकिल सन्देश' (17वीं श.), कृष्णचन्द्र तर्कालङ्कार कृत 'चन्द्रदूत' आदि उल्लेखनीय हैं। इसी प्रकार गीतागोविन्द के अनुकरण पर जयदेव कृत 'रामगीतागोविन्द', हरिशंकर एवं प्रभाकर कृत 'गीतराघव' श्री हय्याचार्य कृत 'जानकी गीता' एवं विश्वनाथ सिंह कृत 'संगीत रघुनन्दन' आदि खण्डकाव्यों का उल्लेख प्राप्त होता है।

उपर्युक्त कृतियों के अतिरिक्त साहित्यदर्पणकार आचार्य विश्वनाथ कृत 'राघव विलास, सोमेश्वर कृत 'रामशतक', मुद्गल भट्ट कृत 'रामार्याशतक' एवं कृष्णेन्द्र कृत 'आर्या रामायण' आदि रामकथा सम्बन्धी कृतियों का विवरण प्राप्त होता है।[44]

आधुनिक समालोचकों ने कुछ अधुनातन रामकाव्यों की सूची तैयार की है।[45] इसमें अभिराम कामाक्षी कृत 'अभिनव रामाभ्युदय' (1425 ई.), सुलुबनरसिंह कृत 'रामाभ्युदय' (1460 ई.), वरदेशिक कृत 'रघुवर विजय' (1680 ई.), रामपाणिवाद कृत 'राघवीय काव्य' (1725 ई.) रामवर्मा कृत 'रामचरित' (1800 ई.), भद्रादि रामशास्त्री कृत 'श्रीरामविजय' (1800 ई.), अन्नदाचरण कृत 'रामाभ्युदय' (1930 ई.), वटुकनाथ शर्मा कृत 'सीता स्वयंवर' (1930 ई.), नागराज कृत 'सीता स्वयंवर' (1940 ई.), रामसनेहीदासकृत 'जानकीचरितामृतम्' (1950 ई.), डॉ. रेवा प्रसाद द्विवेदी कृत 'सीताचरितम्' (1968 ई.) तथा डॉ. राजेन्द्र मिश्र कृत 'जानकी-जीवनम्'[46] (1982 ई.) महाकाव्य विशेष उल्लेखनीय हैं।

संस्कृत नाटकों में रामकथा[47]

प्राचीनकाल से ही रामकथा सम्बन्धी नाटकों के अभिनय का प्रचलन था जो कालान्तर में भी जीवित रही। संस्कृत कवियों ने श्रव्य काव्यों की भांति दृष्ट काव्यों में भी विपुल रामकथा सम्बन्धी नाटकों की सर्जना की है, जिसका संक्षिप्त उल्लेख अधोलिखित है।

प्रतिमानाटकम्[48]—भास रचित प्रतिमानाटक के सात अङ्कों में राम वनवास से रावण वध तक वाल्मीकी रामकथा का संक्षेप में परिचय प्रस्तुत किया गया है। इसमें मुख्य रूप से राम का राज्याभिषेक रुकना, दशरथ की प्रतिमा देखकर भरत को दशरथ की मृत्यु का ज्ञान होना, अयोध्या में बिना आए ही भरत का राम के पास जाना तथा सीताहरण का सर्वथा एक नवीन रूप आदि घटनाएँ मौलिक हैं।

अभिषेकनाटकम्[49]—भास द्वारा ही रचित इस नाटक के 6 अंङ्कों में बालि वध से लेकर रामाभिषेक तक अर्थात् वाल्मीकि रामायण के किष्किन्धा, सुन्दर एवं

विवाह, सर्ग 12 में राम वनवास, सीता हरण, युद्ध एवं रावण वध, सर्ग 13 में पुष्पक विमान से अयोध्या प्रत्यागमन तथा मार्ग के रमणीय स्थलों का विशद एवं मनोहरी वर्णन, सर्ग 14 में राम का राज्याभिषेक तथा सीता परित्याग 15वें सर्ग में लव-कुश जन्म एवं राम का स्वर्गारोहण।

भट्टिकाव्य[29]–(550 ई. के लगभग) भट्टिस्वामी रचित भट्टिकाव्य को रावण वध भी कहते हैं। भट्टिकाव्य के 20 सर्गों में विश्वामित्र के साथ राम-लक्ष्मण के वनगमन को घटना से प्रारम्भ कर वाल्मीकि रामायण के प्रथम 6 काण्डों की कथावस्तु का किञ्चित् परिवर्तन सहित निरूपण किया गया है। इस महाकाव्य का मुख्य उद्देश्य रामकथा के मनोरम वर्णन के साथ-साथ व्याकरण के गूढ़ विषयों का सोदाहरण एवं सुस्पष्ट निवारण प्रस्तुत करना है। यह काव्य 4 भागों में विभक्त है। **प्रकीर्ण काण्ड**–इसमें एक से पाँच सर्ग हैं जिसमें रामजन्म से सीताहरण तक की कथा है। **अधिकार काण्ड**–इसके 6 से 9 सर्ग में बालि वध, सुग्रीव राज्याभिषेक, अशोक वन-दाह तथा हनुमान निग्रह का वर्णन है। **प्रसन्न काण्ड**–10वें से 13वें सर्ग में सीताभिज्ञान दर्शन, विभीषण आगमन, तथा सेतुबंध का वर्णन है। **तिङन्त काण्ड**–14 से 22 सर्ग में युद्ध, रावण वध, विभीषणाभिषेक और रामाभिषेक का वर्णन है। व्याकरण ज्ञान के लिए यह महाकाव्य दीपक के तुल्य है, अन्यथा मनुष्य शब्दशास्त्र में अंधवत् रहता है।[30]

जानकीहरण[31]–(650-750 ई. के लगभग) कवि कुमारदास विरचित जानकी हरण महाकाव्य में कुछ विद्वानों ने 25 सर्गों का उल्लेख किया है, परन्तु पण्डित ब्रजमोहन व्यास की हिन्दी टीका में 20 सर्ग ही प्राप्त होते हैं।[32] वाल्मीकीय रामकथा पर आश्रित जानकीहरण में 20 सर्ग हैं। इसकी मुख्य विशेषताओं में दशरथ की जलक्रीड़ा तथा राक्षसों का केलि वर्णन है। शेष कथा में वाल्मीकि रामायण की कथा का किञ्चित् परिवर्तित रूप दर्शनीय है।

रामचरित[33]–(लगभग 9वीं शताब्दी) अभिनन्द कृत रामचरित के 36 सर्गों में वाल्मीकि रामायण के किष्किन्धाकाण्ड से युद्धकाण्ड तक की कथा निबद्ध है। इस महाकाव्य का युद्धकाण्ड अधूरा था जिसे भीम नामक किसी कवि ने चार-चार सर्गों का दो परिशिष्ट जोड़कर पूर्ण किया है।

रामायणमञ्जरी[34]–(1037 ई.) महाकवि क्षेमेन्द्र ने इस ग्रन्थ के 6400 श्लोकों में वाल्मीकि रामायण का अति संक्षिप्त रूप प्रस्तुत करने का श्लाघनीय प्रयास किया है। इस ग्रन्थ का समस्त विवरण शोध प्रबन्ध के अगले अध्यायों में प्रस्तुत किया जाएगा।

है कि कहीं राम किसी दूसरी स्त्री को पाने के लिए तो धनुर्भङ्ग नहीं कर रहे हैं। बालि वध के हेतु में भी नवीन कल्पना की गयी है। कबन्ध, गुह पर आक्रमण कर देता है। लक्ष्मण कबंध को मारकर गुह की रक्षा करते हैं, किन्तु ऐसा करने में वे उस वृक्ष को गिरा देते हैं, जिस पर दुन्दुभि का कंकाल लटक रहा था बालि इस बात से उत्तेजित होकर राम से युद्ध करता है तथा उसका वध हो जाता है। सातवें अङ्क में राम विमान से कई तीर्थों की यात्रा करते हुए अयोध्या पहुँचते हैं।

बालरामायण[55]–लगभग 10वीं शताब्दी में राजशेखर द्वारा रचित बाल रामायण दस अंङ्कों का महानाटक है। प्रत्येक अङ्क एक नाटिका के बराबर है। इसमें भी कवि ने बहुत से मौलिकता का समावेश किया है। सीता स्वयंवर में रावण स्वयं उपस्थित होता है, पर शिव धनुष चढ़ाने का साहस न कर केवल सीता के भावी पति को आपत्तियों का डर दिखाकर चला जाता है। राम के विरुद्ध परशुराम को भड़काने पर उसे लेने के देने पड़ जाते हैं तथा परशुराम से युद्ध होते-होते बचता है। रावण को सीता की मूर्ति भेंट की जाती है। रावण उसे वास्तविक समझ धोखा खा जाता है। पुनः खिन्न होकर पुरुरवा की भाँति अपनी प्रिया (सीता) के लिए प्रकृति से याचना करता है। इसी समय नाक, कान से हीन शूर्पणखा को देख निराश प्रेमी रावण के हृदय में पुरुषोचित आदेश का संचार होता है। लंका की ओर बढ़ती चली आ रही राम की सेना के सम्मुख सीता का कटा मस्तक फेंककर रावण असफल छल भी करता है। अन्त में राम उसका वध करके आकाश मार्ग से वापस लौटते हैं। बाल रामायण की एक प्रमुख विशेषता है कि इसमें रावण को एक प्रेमी के रूप में चित्रित किया गया है तथा उसके प्रति सहानुभूति भी प्रदर्शित की गई है।

महानाटक[56] **या हनुमन्नाटक**–संस्कृत नाटक साहित्य में महानाटक या हनुमन्नाटक का महत्वपूर्ण स्थान है। इस नाटक के दो रूप हैं–पश्चिम भारतीय पाठ जो दामोदर मिश्र द्वारा संकलित है जिसे हनुमन्नाटक कहते हैं तथा पूर्वी भारत या बंगाली पाठ जिसे मधुसूदन मिश्र ने महानाटक के सन्दर्भों में संग्रहित किया है। हनुमन्नाटक में 14 अंक तथा 548 गद्य हैं एवं महानाटक के 9 अंकों में 720 पद्य हैं। दोनों प्रतियाँ हनुमान जी को मूल नाटककार मानती हैं। मधुसूदन मिश्र के महानाटक के 9 अङ्कों में विश्वामित्र के साथ राम गमन से लेकर रावण वध, सीता की अग्नि परीक्षा, राम का अयोध्या आगमन, राज्याभिषेक तथा पुनः प्रजावर्ग के साथ स्वर्ग गमन वर्णित है। दामोदर मिश्र रचित हनुमन्नाटक के 14 अङ्कों में सीता स्वयंवर से लेकर रावण वध या राम विजय तक की कथा वर्णित है। महानाटक या हनुमन्नाटक की रचना संभवतः दसवीं शताब्दी में हुई थी।

है। मोहन स्वामी कृत 'रामरहस्य' (1750 ई.) में सूर्यवंश वर्णन से लेकर राम के स्वर्गारोहण तक की कथावस्तु में कोई मौलिकता नहीं दिखाई पड़ती। 1800 ई. के लगभग रघुनाथ उपाध्याय से 'रामविजय' महाकाव्य की रचना की जो 1932 में वाराणसी से प्रकाशित हुआ। त्रिवेन्द्रम संस्कृत सीरीज से प्रकाशित 'रघुवीरचरित' का रचयिता अज्ञात है। इसके 17 सर्गों में रामचन्द्र से लेकर स्वर्गारोहण तक की कथा वर्णित है।

इनके अतिरिक्त रामकथा-सम्बन्धी कुछ स्फुट काव्यों की भी सर्जना हुई है। इस प्रकार के काव्य भिन्न-भिन्न कोटियों में विभाजित हैं, यथा–श्लेष काव्य, द्विसन्धान काव्य एवं विलोम काव्य आदि। श्लेष[38] काव्यों में 12वीं शताब्दी के प्रारम्भ में सन्ध्याकरनन्दी विरचित 'रामचरित' उल्लेखनीय है। इसके 220 आर्या छन्दों में समस्त रामकथा की प्रमुख घटनाओं का वर्णन श्लेषात्मक शब्दों द्वारा किया गया है। इसके साथ-ही-साथ बङ्गाल के शासक रामपाल का चरित्र भी वर्णित है।

रामायण एवं महाभारत की कथा को एक ही साथ एक काव्य में प्रतिपादित करने की परम्परा को देखकर दण्डी आदि ने इस प्रकार के काव्यों को द्विसन्धान काव्य कहा। द्विसन्धान[39] काव्यों में भी रामकथा सम्बन्धी विशेष सामग्री प्राप्त होती है। इसमें धनञ्जय विरचित 'राघवपाण्डवीय' (12वीं श. का पूर्वार्द्ध), कविराज माधव भट्टकृत 'राघवपाण्डवीय' (12वीं श. का उत्तराधी), हरदत्त सूरिकृत 'राघवनैषधीय' तथा चिदम्बर कृत 'राघवपाण्डयादवीय' (16वीं श.) एवं गंगाधर महाडकर कृत 'संकटनाशन स्रोत' (18वीं श.) विशेष रूप से उल्लेखनीय हैं।

इसी प्रकार विलोम[40] काव्यों में चिदम्बर सुमति कृत 'राघवयादव-पाण्डवीय' लगभग (16वीं श.), वेंकटाध्वरिन कृत 'यादवराववीय' (17वीं श. का पूर्वार्द्ध) एवं सूर्यदेव कृत 'रामकृष्ण' विलोम काव्य में भी रामकथा का वर्णन पाया जाता है।

चित्र[41] काव्यों में भी रामकथा सम्बन्धी सामग्री प्राप्त होती है। इनमें कृष्णमोहन कृत 'रामलीलामृत' तथा वेङ्कटेश कृत 'चित्रबन्ध रामायण' विशेष रूप से उल्लेखनीय है। पं. बलदेव[42] उपाध्याय ने हरिकृष्ण भट्ट रचित एक 'सीता स्वयंवर' काव्य का उल्लेख किया है। यह 127 पद्यों का एक लघुकाव्य है जो भक्तिरस से पूरित तथा वर्णन की सुषमा से मण्डित है। केरल के एक कवि वासुदेव के 'संक्षेप रामायण' का भी उल्लेख प्राप्त होता है।

ऋङ्गारिक[43] खण्ड काव्य में भी रामकथा सम्बन्धी कुछ सामग्री उपलब्ध होती है। इन खण्डकाव्यों में कुछ मेघदूत के अनुकरण पर तथा कुछ गीतगोविन्द के अनुकरण पर लिखे गये हैं। मेघदूत के अनुकरण पर लिखे गये खण्ड काव्यों में

चम्पूसाहित्य में रामकथा

रामायण को आधार बनाकर चम्पू साहित्य में अनेक ग्रंथों की सर्जना हुई[61] इस स्रोत को अपनाने वाले प्रकाशित एवं अप्रकाशित 36 चम्पू काव्यों का अब तक उल्लेख प्राप्त हुआ है। अध्ययन के सुविधा की दृष्टि से इन चम्पू काव्यों को तीन भागों में वर्गीकृत किया जा सकता है–प्रथम प्रकार के वे चम्पू काव्य हैं जिनमें सम्पूर्ण रामकथा संक्षिप्त रूप में वर्णित है–इसके अन्तर्गत सबसे प्राचीन एवं प्रचलित चम्पू 11वीं शती के मध्यधारा नरेश भोजराज की लेखनी से प्रसूत रामायण चम्पू[62] हैं। रामायण चम्पू का आधार महर्षि वाल्मीकि का रामायण है ग्रंथ किष्किन्धाकाण्ड तक ही रचा गया था और पिछले काल के कवियों ने युद्धकाण्ड की पूर्ति कर चम्पू को सम्पूर्ण किया।

भोजकृत चम्पू रामायण के अतिरिक्त विश्वेश्वरकृत अमोघराघव, बल्ली सहाय कवि विरचित **काकुत्स्थ विजय,** महाराज विश्वनाथ सिंह कृत **रामचन्द्र चम्पू** रामानुज देशिक कृत **रामायण चम्पू,** सुन्दर वल्ली कृत **रामायण चम्पू,** श्री निवास कृत **रामकथा सुधोदय,** रामचन्द्र दीक्षित कृत **रामचन्द्र चम्पू,** कृष्णायंगर कृत **रामचर्यामृत,** शाम्ब शास्त्री कृत **अभिनव चम्पू रामायण,** लक्ष्मण दान्ते कृत अभिनव रामायण, असूरि अनन्ताचार्य कृत राघव चम्पू, अवंचिराम शास्त्री कृत **रामाभ्युदय चम्पू,** वन्दला मुडि रामास्वामी कृत **राम चम्पू** आदि सम्पूर्ण रामायण के संक्षिप्त रूप में वर्णित चम्पू काव्य हैं।

द्वितीय प्रकार के अन्तर्गत वे चम्पू काव्य हैं जिसमें किसी काण्ड विशेष की कथा को आधार बनाया गया है। इन चम्पू काव्यों में **राजचूड़ामणि दीक्षित, एकाभ्रनाथ, शास्त्रिनू, लक्ष्मण सूरि** आदि ने **युद्धकाण्ड** की कथा का अनुकरण करके चम्पू काव्य लिखे।

राघवाचार्य, भगवतन्त, यतिराज, शंकराचार्य, वेंकट कृष्ण ब्रह्मपंडित, राघवभट्‌ट, हरिहरानन्द, वेंकटाध्वरि आदि ने उत्तरकाण्ड के आधार पर 'उत्तर रामायण' या **'उत्तर चम्पू रामायण'** की सर्जना की।

इसके अतिरिक्त **'सीताविजयचम्पू** (घण्टावतार) कृत, तथा गुण्डूरामास्वामी कृत **सीताचम्पू'** भी उत्तरकाण्ड की कथा पर आधारित चम्पू काव्य हैं।

तीसरे प्रकार के वे चम्पू काव्य हैं जिनमें राम के अतिरिक्त रामायण के अन्य प्रमुख पात्रों का चरित प्रस्तुत किया गया है, यथा–हनुमान को आधार बनाकर नृसिंह कवि ने **हनुमदापादान, आंजनेय विजय चम्पू** तथा **चूणामणिचम्पू** एवं रघुनाथ भट्‌ट ने **मारुति विजय चम्पू** की रचना की। इसके अतिरिक्त वेंकटाध्वरि कृत **उत्तरराम**

युद्धकाण्ड की कथा वर्णित है। भास कृत उपर्युक्त दोनों नाटकों में बालकाण्ड को छोड़कर रामायण के शेष काण्डों की कथाएँ आ गई हैं।

उत्तररामचरितम्[50]—यह भवभूति का अन्तिम और सर्वोत्कृष्ट नाटक है। इसकी कथा वाल्मीकि रामायण के उत्तरकाण्ड पर आधारित है। इसके सात अङ्कों में कवि ने उल्लेखनीय परिवर्तन किया है। प्रथम अङ्क में चित्रवीथी का दृश्य एवं दुर्मुख की सूचना पर लोकोपवाद के कारण सीता का परित्याग करना। द्वितीय अंङ्क में सीता का गङ्गा के प्रवाह में लवकुश को जन्म देना, दूध छोड़ने के बाद बच्चों को वाल्मीकि के संरक्षण में रखना और स्वयं पाताल में निवास करना। तृतीय अङ्क में छाया दृश्य एंव वासन्ती, तमसा, मुरला आदि की कल्पना। चतुर्थ अङ्क में वाल्मीकि के आश्रम में जनक का आगमन, कौशल्या-जनक-संवाद, लव दर्शन, घोड़े को पकड़ने के लिए लव का प्रस्थान। पञ्चम अङ्क में चन्द्रकेतु-लव-संवाद, जृम्भक अस्त्र का प्रयोग तथा राम की निन्दा। षष्ठ अङ्क में चन्द्रकेतु लव का दिव्यास्त्रों से युद्ध, राम का आगमन, युद्ध की समाप्ति, राम का लव-कुश से स्नेह प्रदर्शन। सप्तम् अङ्क में गर्भ नाटक की कल्पना आदि।

महावीरचरितम्[51]—यह भवभूति की दूसरी रचना है। इसके सात अङ्कों में राम विवाह से राज्याभिषेक तक की वाल्मीकीय कथा वर्णित है।

उदात्त राघव[52]—लगभग 9वीं शताब्दी में अनंगहर्ष मायुराज ने उदात्त राघव की रचना की। इसके 6 अंकों में राम का निर्वासन से लेकर रावण वध के बाद उनके अयोध्या में प्रत्यागमन तक की कथा वर्णित है। राम को उदात्त रूप में चित्रित करने के लिए मायुराज ने रामायणीय घटनाओं में अनेक परिवर्तन किया है। कथानक की विशेषताओं में सीताहरण का एक नवीन रूप प्रमुख है। इसके अतिरिक्त कई राक्षस राम के पक्ष वाले पात्रों का रूप धारण कर लेते हैं।

कुन्दमाला[53]—लगभग (1000 ई.) में दिङ्नाग ने कुन्दमाला नाटक की रचना की थी। कुन्दमाला में राम द्वारा सीता परित्याग से लेकर राम-सीता सम्मिलन तक की घटना वर्णित है। तृतीय अङ्क के अन्तर्गत वाल्मीकि आश्रम के पास गौतमी तट पर घूमते हुए राम-लक्ष्मण, जल में बहती हुई कुन्दमाला देखते हैं जिसकी बनावट सीता के कौशल का स्मरण दिलाती है। संभवतः इसी इतिवृत्त के आधार पर नाटक का नाम कुन्दमाला पड़ा।

अनर्घराघव[54]—लगभग (900 ई.) में मुरारि ने अनर्घराघव की सर्जना की। इसके सात अंङ्कों में ताटका वध से लेकर राम के राज्याभिषेक तक की कथा वर्णित है। कवि ने रामायण की कथा में रोचक परिवर्तन किया है। जब परशुराम से लड़ने के लिए उद्यत राम के धनुष्टंकार को सीता सुनती हैं तो उनको भय उत्पन्न हो जाता

एक दूसरा विभाग लम्बकों में है जिनकी संख्या 18 है। यह ग्रन्थ अपने वर्तमान रूप में अनेक छोटी-बड़ी कहानियों का संग्रह है। सोमदेव ने यथार्थ ही इसे कथा रूपी नदियों का सागर कहा है। इस ग्रन्थ में दो स्थलों पर रामकथा[64] वर्णित है। चौदहवीं लम्बक की तरङ्ग 107 के अन्तर्गत वनवास से लेकर रावण वध के बाद राम की अयोध्या यात्रा तक की अत्यन्त संक्षिप्त कथा मिलती है। इसमें वाल्मीकीय कथा से कोई भिन्नता नहीं है, किन्तु दूसरे स्थल पर प्रयुक्त रामकथा का एक नवीन रूप दृष्टिगोचर होता है। अलंकारवती लम्बक में कांचनप्रभा नामक विद्याधरी विरह व्याकुल नरवाहन को सांत्वना देने के उद्देश्य से रामकथा का वर्णन करती है। प्रारम्भ में विष्णु के अंशावतार, राम निर्वासन, सीताहरण तथा रावण का अत्यन्त संक्षिप्त वर्णन है। अनन्तर रजक वृत्तान्त से मिलती-जुलती सीता त्याग की कथा दी गयी है। इसके शेष वृत्तान्त की निम्नलिखित विशेषताएँ हैं—वाल्मीकि के आश्रम में सीता की परीक्षा, पृथ्वी देवी का प्रकट होकर सीता को टिटिभसर के उस पार पहुँचाना लव जन्म के बाद कुश के अलौकिक जन्म की कथा। लव और कुश का राम की सेना से युद्ध तथा राम सीता सम्मिलन।

आधुनिक भारतीय भाषाओं में रामकथा

आदि कवि की रामकथा का अनुकरण केवल संस्कृत कवियों ने ही अपने काव्यों, नाटकों तथा अन्य पौराणिक एवं धार्मिक ग्रंथों में नहीं किया, अपितु यह रामकथा भारतीय जनों के रोम-रोम में निवास करने के कारण भारत की विभिन्न भाषाओं में समान रूप से व्यापक एवं लोकप्रिय हुई। इसी के फलस्वरूप यह भारत की विभिन्न प्रान्तीय एवं आञ्चलिक भाषाओं में प्रचलित होकर एक महत्वपूर्ण रामकथा साहित्य के रूप में अवतरित हुई। इस स्थल पर आधुनिक भारतीय भाषाओं में प्रचलित रामकथा का संक्षिप्त रूप प्रस्तुत किया जा रहा है। विषय विस्तार के कारण उनका समग्र विवेचन न प्रस्तुत करके केवल संकेत मात्र ही प्रस्तुत किया जाएगा।

तमिल रामकथा साहित्य

कंब रामायण[65]—12वीं शताब्दी में कंब रचित रामायण द्राविण भाषाओं का सबसे प्राचीन एवं महत्वपूर्ण ग्रंथ माना जाता है। इसमें कवि ने अनेक मौलिकताओं के साथ वाल्मीकि रामायण के प्रथम 6 काण्डों की कथावस्तु का वर्णन किया है। ध्यातव्य है कि कंब रामायण का उत्तर काण्ड उनके द्वारा रचित नहीं है, अपितु बाद में इसकी रचना ओट्टकूत्तन द्वारा की गई थी।[66]

आश्चर्यचूणामणि[57]—लगभग दशम शती के मध्यकाल में शक्तिभद्र रचित आश्चर्यचूणामणि के 7 अङ्कों में शूर्पणखा प्रसंग से लेकर लंका विजय और सीता के अग्नि परीक्षा तक की कथा वर्णित है। इसके अन्तर्गत सीताहरण की घटना सर्वथा मौलिक है। इसकी प्रमुख विशेषता है राम तथा सीता को मुनियों से प्राप्त एक अँगूठी तथा चूणामणि। जिनकी सहायता से छद्मवेशी राक्षस, राम अथवा सीता के स्पर्श से अपना वास्तविक रूप धारण कर लेते हैं। इसी से इसका नाम आश्चर्यचूणामणि पड़ा।

प्रसन्न राघव[58]—लगभग 12वीं शती जयदेव द्वारा रचित इस नाटक के 7 अङ्कों में सीता स्वयंवर से लेकर रावण वध के बाद राम अयोध्या आगमन तथा राज्याभिषेक की रामायणी कथा वर्णित है। कवि ने मूल कथा में बहुत परिवर्तन किया है—सीता स्वयंवर में रावण तथा बाणासुर की उपस्थिति, इसी अवसर पर रावण द्वारा सीता हरण करने का संकल्प, धनुर्भङ्ग के पूर्व राम और सीता का चंडिकायतन में मिलना, विद्याधर रत्नशेखर का विरह व्याकुल राम को लंका की घटनाएँ इन्द्रजाल द्वारा दिखलाना आदि।

उल्लाघ राघव[59]—13वीं श. ई. के पूर्वार्द्ध में सोमेश्वर रचित उल्लाघ राघव के 8 अंकों में वाल्मीकि रामायण की कथा बालकाण्ड से लेकर युद्ध काण्ड तक वर्णित है। एक अपवाद को छोड़कर वाल्मीकीय कथानक में कहीं भी परिवर्तन नहीं किया गया है।

इसके अतिरिक्त रामकथा सम्बन्धी कुछ गौण[60] नाटकों की भी सूची मिलती है। जिसके अन्तर्गत जैन कवि हस्तिमल्ल कृत 'मैथिलि कल्याण' (1290 ई.), हस्तिमल्ल कृत 'अंजनापवनजय' (1290 ई.), सुभट्ट कृत 'दूतांगद (13वीं श.), भास्कर भट्ट कृत 'उन्मत राघव' (14वीं श.), विरुपाक्षदेव कृत 'उन्मत्त राघव' (15वीं श.), व्यास देव मिश्र कृत 'रामाभ्युदय' (15वीं श.), महादेव कृत 'अद्भुत दर्पण' (17वीं श.) रामभद्र कृत 'जानकी परिणय' (17वीं श.) आदि प्रमुख हैं।

काव्यशास्त्र विषयक ग्रंथों के उद्धरणों से भी अनेक प्राचीन रामकथा सम्बन्धी नाटकों का उल्लेख प्राप्त होता है। इसके अन्तर्गत 10वीं श. में लिखे गए राघवानन्द, माया पुष्पक, स्वप्न दशानन नाटकों का उल्लेख मिलता है। इसके कर्ता अज्ञात हैं। पुनः 10वीं. श. में क्षीरस्वामी कृत 'अभिनव राघव' तथा 12वीं श. में रामचन्द्र कृत 'रघु-विलास' एवं 'राघवाभ्युदय' आदि नाटकों की भी सूचना मिलती है।

डॉ. राघवन ने भी कुछ अन्य अप्राप्य रामकथा सम्बन्धी नाटकों की भी सूचना दी है। इसमें 8वीं श. के यशोवर्मन कृत 'रामाभ्युदय' के अतिरिक्त 9वीं श. में लिखे गये 'रामानन्द', 'छलित राम' तथा 'कृत्या रावण' के कर्ता अज्ञात हैं।

ने 'रावणोद्भवम्' तथा पतियिक्कल ने 'रामानुकरणम्' नामक रामकथा सम्बन्धी ग्रन्थों की रचना की।

18वीं श. में विद्वान कोपितुंयतपुरान ने 'रावणविजय' नामक एक विशाल रचना की। इसमें कवि ने रावण को एक सरल तथा मिलनसार व्यक्ति के रूप में चित्रित किया है। 18वीं श. में ही शंकुण्णि कैयम्मल ने 'रामकर्णामृतम्' तथा कल्लूर नंपतिरि ने 'वालि विजयम्' की रचना की। 1882 ई. के लगभग चात्तकुट्टी मन्नाटीयार ने 'जानकी परिणय' तथा उत्तररामचरितम्' को एवं राजवर्मा ने 'आश्चर्यचूणामणि' को मलयालम भाषा में अनूदित किया। 18वीं श. में ही पौराणिक कथाओं को आधार मानकर वी. कृष्णन तंपी ने 'ताटका वध' नामक संगीत नाटक लिखा।

सन् 1902 के बाद लगभग 20 वर्षों में मलायलम काव्य क्षेत्र में बड़ी प्रगति हुई। 'रामचन्द्र विलासम्' इस समय का सर्वप्रथम राम काव्य कहा जाता है।

कुमार नाशन ने उत्तर रामायण की कथा को अवलम्ब मानकर 'चिन्ताविष्टयाय सीता' (चिन्ताकुल सीता) लिखा। इसके अतिरिक्त कुट्टिपुरत्तु नायर ने प्रतिमानाटकम् का अनुवाद किया, नीलकंठतीर्थपादर ने 'श्रीरामगीता भाषा' तथा वी. नारायणक्कुरूप ने 'अध्यात्मरामायण' पर सुन्दर भाष्य लिखा। अधुनातनकाल में कुञ्जिरामनायर ने 'श्रीरामचरितम्' नामक ग्रंथ की सर्जना की।

उपर्युक्त रामकथा सम्बन्धी ग्रन्थों के अतिरिक्त मलयालम साहित्य में 'रावण विजय' चम्पू नामक एक ग्रन्थ का उल्लेख प्राप्त होता है जिसके रचयिता का नाम अज्ञात है। एक अन्य पुस्तक उष्णवारियर कृत 'रामपञ्चशति' की युक्तियुक्तता के विषय में भी विद्वानों में मतभेद है।

कन्नड़ रामकथा साहित्य[70]

कन्नड़ साहित्य में विपुल रामकथा सुलभ है। इसमें रामकथा सम्बन्धी महाकाव्य खण्डकाव्य एवं नाटकों की रचना हुई। कन्नड़ का प्रारम्भिक लक्षण ग्रन्थ कविराज मार्ग से स्पष्ट होता है। लगभग क्रि. श. नवीं श. के पूर्व (सन् 850 ई.) में 'रामायण' की रचना की गयी थी। उसमें कई रामायण से सम्बन्धित उद्धरण दिए गए हैं।

नृपतुंग के कविराज मार्ग के अनुसार प्रथम रामकथा सम्बन्धी काव्य पोन्न के 'भुवनैक्य रामाभ्युदय' के नाम से विख्यात है जो आज तक उपलब्ध नहीं है। इसका रचनाकाल क्रि. श. 950 माना गया है।

जिन भक्त कवि नागचंद्र द्वारा 'पम्प रामायण' की रचना लगभग क्रि. श. (1100-1200) के बीच हुई थी। महाकवि पम्प के पदचिन्हों पर चलकर नागचंद्र

चरित चम्पू में रावण के जन्म, वंश एवं दिग्विजय का उल्लेख तथा रामवर्मा कृत कार्तवीर्य प्रबन्ध चम्पू में रावण और कार्तवीर्य अर्जुन का वर्णन है।

कथा साहित्य में रामकथा

कथा-साहित्य की सबसे प्राचीन कृति गुणाढ्य विरचित वृहत्कथा है। इस वृहत्कथा के कालान्तर में जो दो रूपान्तर–कथासरित्सागर तथा वसुदेवहिण्डि हुए उसमें रामकथा सुलभ है। गुणाढ्य की इस रचना का संक्षेप आचार्य क्षेमेन्द्र तथा बुधस्वामी ने भी किया, किन्तु बुधस्वामी के 'वृहत्कथाश्लोकसंग्रह' में तो रामकथा का उल्लेख ही नहीं मिलता। आचार्य क्षेमेन्द्र की 'वृहत्कथामञ्जरी' में अति संक्षिप्त रामकथा अवश्य मिलती है।

वसुदेवहिण्डि–5वीं शताब्दी में वृहत्कथा का एक प्राकृत संस्करण जैन परम्परा में संघदास गणि ने वसुदेवहिण्डि के नाम से तैयार की। 'हिण्डि' शब्द का अर्थ है परिभ्रमण या पर्यटन। संघदास गणि ने जो वसुदेवहिण्डि लिखी उसमें उन्होंने यद्यपि वृहत्कथा को ही आधार बनाया, किन्तु ग्रन्थ के ठाट और उद्देश्य में काफी परिवर्तन किये। जहाँ वृहत्कथा लौकिक काम कथा थी वहाँ संघदास ने वसुदेवहिण्डि को धर्म कथा का रूप दिया। वसुदेवहिण्डि में 29 लम्बक एवं लगभग 11000 श्लोक प्रामण की सामग्री है। यह महाराष्ट्री प्राकृत की गद्य शैली में लिखित है।[63] वसुदेवहिण्डि में वर्णित रामकथा[64] का प्रारम्भ रावण की अत्यन्त संक्षिप्त कथा से होता है। इसके बाद दशरथ की संतति–कौशल्या पुत्र राम, सुमित्रा पुत्र लक्ष्मण एवं कैकेयी पुत्र भरत तथा शत्रुघ्न का उल्लेख है। इसके अनन्तर सीता जन्म की नवीन कथा, जिसमें प्रारम्भ में रावण तथा मन्दोदरी की पुत्री सीता का उल्लेख तथा बाद में परित्यक्ता सीता का जनक का दत्तक पुत्री बनना। सीता स्वयंवर में किसी धनुष की चर्चा नहीं है। अपितु बहुत से राजाओं में से सीता राम का वरण करती है। राम के 12 वर्ष के निर्वासन में मन्थरा तथा कैकेयी के दो वरों का उल्लेख। भरत, दशरथ मरण के बाद अयोध्या पहुँचकर राम के पास जाते हैं उसी अवसर पर कैकेयी पश्चात्ताप करते हुए राम से राज्य स्वीकार करने के लिए निवेदन करती है। सुग्रीव का निमन्त्रण स्वीकार कर भरत की सेना युद्ध में भाग लेती है। शेष कथा वाल्मीकि रामायण से मिलती है, केवल लक्ष्मण रावण का वध करते हैं।

कथासरित्सागर–कथासरित्सागर कहानी साहित्य का शिरोमणि ग्रन्थ है। इसे काश्मीर में पं. सोमदेव ने त्रिगर्त या कुल्लू कांगणा के राजा की पुत्री काश्मीर के राजा अनन्त की रानी सूर्यमती के मनोविनोद के लिए 1063 और 1081 के बीच में लिखा। ग्रन्थ में 21388 पद्य हैं तथा लेखक ने उसे 124 तरङ्गों में बाँटा है। इसका

रामायण का समय अज्ञात है, 1937 ई. में सोसले अय्य शास्त्री कृत 'श्रीरामाभिषेक' का समय अज्ञात है, पं. के आर. नरसिंहय्या ने रघुवंश का अनुवाद करके 'रघुपति चरित' लिखा जिसका समय अज्ञात है, 19वीं श. में उत्तररामचरितम् के आधार पर घोड़ों-नरसिंह महबागिल ने 'उत्तररामचरित' नाटक की सर्जना की, 1936 ई. में श्री कण्ठ्य शास्त्री ने 'बालि' नामक खण्डकाव्य की रचना की, 1148 ई. में मुद्द तिम्मपय्या ने 'नवनीत रामायण' लिखा, डॉ. वी. गुण्डप्पा कृत 'श्रीराम परीक्षा' (खण्डकाव्य), पी. टी. नरसिंहाचार्य कृत 'अहल्या' (गीति नाटिका), तथा तिम्मणाचार्य कृत (खण्डकाव्य), पी. टी. नरसिंहाचार्य कृत 'अहल्या' (गीति नाटिका), तथा तिम्मणाचार्य कृत 'श्रीहनुमद् विलास' (वचनगीतिका), का समय अज्ञात है, तुलसीदास कृत रामचरितमानस का कवितानुवाद 'रामचरितमानस' नामक किसी कवि द्वारा किया गया है, 1936-1948 के मध्य के. वी. पुट्टप्पा ने 'श्रीरामायणदर्शनम्' लिखा।

उड़िया रामकथा साहित्य[71]

उड़िया साहित्य के प्राचीनतम रामकथाकार के रूप में सारलादास (15वीं श.) ही जाने जाते हैं। दुर्भाग्यवश उनका रामायण उपलब्ध नहीं है। उनकी रचनाओं में केवल महाभारत तथा चण्डी पुराण प्रकाशित है। सारलादास ने अपने महाभारत में बहुत से स्थलों पर रामकथा विषयक सामग्री का समावेश किया है तथा आदि, वन एवं उद्योग पर्वों में समस्त रामायण का संक्षिप्त रूप भी प्रस्तुत किया है।

16वीं शती के प्रारम्भ में उत्कल वाल्मीकि बलरामदास द्वारा उड़िया साहित्य के सबसे प्रसिद्ध रामायण की रचना की गयी, जो जगमोहन रामायण, दाण्डि रामायण तथा बलरामदास रामायण के नामों से प्रचलित है। यद्यपि इसका आधार वाल्मीकि रामायण ही है, किन्तु रामकथा के विकास की दृष्टि से इसमें महत्वपूर्ण परिवर्तन किए गए हैं। उन्होंने एक 'ब्रह्माण्ड भूगोल' की रचना की है जिसमें समस्त रामकथा को शरीर में अवतरित किया गया है। 'कन्तकोइलि' भी बलरामदास की एक छोटी सी रचना है जिसमें हरण के समय सीता के करुण-क्रन्दन की अभिव्यक्ति की गई है। 16वीं श. के उत्तरार्द्ध में अर्जुनदास ने 'राम-विभा' नामक 12 सर्गों के एक गीतिकाव्य की रचना की।

1700 ई. के लगभग सिद्धेश्वर दास ने 'विलंकरामायण' की रचना की इसका प्रधान वर्ण्य-विषय है सीता द्वारा पूर्व खण्ड में सहस्रकन्ध-रावण वध तथा इसके अतिरिक्त 17वीं श. के केवल तीन रामकथा विषयक ग्रन्थों का उल्लेख मिलता है—धनंजयभंज का सर्गबद्ध 'रघुनाथ विलास' शंकरदास कृत 'बारमासी कोइलि' तथा हलधरदास कृत 'अध्यात्म रामायण' का उड़िया अनुवाद।

तेलुगु रामकथा साहित्य[67]

रंगनाथ रामायण[68]**—विदेशी पंडितों के द्वारा** (Italion of the east) कही जाने वाली तेलुगु भाषा, भाषा-परिवार की समृद्ध एवं साहित्य सम्पन्न भाषा है। 13वीं श. के प्रारम्भ में तेलुगु भाषा में एक रामायण की सर्जना हुई जो 'रंगनाथ रामायण' के नाम से प्रसिद्ध है। लोकप्रिय 'द्विपद छन्द' में रचित होने के कारण इस रामायण का तेलुगु जनसाधारण में काफी प्रचार हुआ। इसके 6 काण्डों में वाल्मीकि रामायण के प्रथम छः काण्डों की कथावस्तु वर्णित है फिर भी इसमें बहुत-सी मौलिकताओं का समावेश है।

इसके अतिरिक्त 13वीं श. में तिक्कनयाग्वी कृत उत्तर काण्ड सम्बन्धी 'निर्वचनोत्तर रामायण' तथा कंकटि पापराजु कृत 'उत्तर रामायण चम्पू' की सर्जना संभवतः रंगनाथ रामायण के उत्तरकाण्ड की कथावस्तु के अभाव को पूर्ण करने हेतु हुई। 14वीं श. में भास्कर कृत 'भास्कर रामायण' 15वीं श. में पिंगलि सूरनाकृत 'राघवपाण्डवीयमु' (द्विसन्धाय काव्य) 16वीं शता. में कुम्हारिन कवयित्री मोल्लाकृत 'रामायण', 17वीं श. में कट्ठ वरदराजु कृत 'द्विपद रामायण' एवं 18वीं श. में चम्पू शैली में लिखित 'गोपीनाथ रामायण' विशेष रूप से उल्लेखनीय हैं।

मलयालम रामकथा साहित्य[69]

मलयालम साहित्य के प्राचीनतम सुरक्षित ग्रन्थ 'रामचरित' की रचना 14वीं श. में राम नामक कवि द्वारा हुई। इस रचना का वास्तविक नाम 'इराम-चरित' है। इसकी कथावस्तु वाल्मीकि रामायण के केवल युद्ध काण्ड से सम्बन्ध रखती है। इसी काल में अय्यिपिप्लै आशन कृत 'राम कथप्पाटु' में भी राम-रावण युद्ध की कथा वर्णित है।

15वीं श. में पूनम नंपूतिरि कृत 'रामायण चम्पू' केरली के कलेवर में साहित्य का शृङ्गार है। इसमें रावण का जन्म, रामावतार, ताड़का निधन, अहल्या मोक्ष से लेकर स्वर्गारोहण तक की सम्पूर्ण वाल्मीकीय रामकथा वर्णित है। 15वीं श. में ही निरणम कवियों में प्रमुख रामप्पणिक्कर कृत 'रामायण' तथा केरल राज वर्मा 'केरल वर्मा रामायण' का भी महत्वपूर्ण स्थान है।

1650 ई. में महाकवि तुन्चन्तु रामानुजन एषुत्तुच्छन ने कई काव्यों की सर्जना की, जसमें 'अध्यात्म रामायण' और 'रामायणम्' प्रमुख हैं।

17वीं श. के उत्तरार्द्ध में 'कृष्णानाट्टम्' केरल में बहुत लोकप्रिय था, परन्तु कालान्तर में 'रामनाट्टम' की लोकप्रियता हो गयी। कहते हैं कि कथकलि का स्वर्ण युग 'धर्म राजा' का काल माना जाता है। धर्म राजा के आश्रितों में राघवप्पिषारटी

14वीं श. में हरिहर विप्र कृत लव-कुश युद्ध की रचना हुई जिसमें सीता त्याग से उनके पाताल प्रवेश तक की कथा वर्णित है। 16वीं श. में दुर्गावर कृत 'गीति रामायण', अनंत कंदली कृत 'जीवस्तुति रामायण', महीरावण वध, पातालखण्ड रामायण, 'सीतार पाताल प्रवेश' (नाटक), शंकरदेव कृत 'उत्तरकाण्ड', राम विजय (नाटक), माधवदेव का बालकाण्ड तथा अनंत ठाकुर आता का 'श्रीरामकीर्तन' आदि उल्लेखनीय कृतियाँ हैं।

इसी प्रकार 17वीं तथा 19वीं श. के अन्तर्गत धनंजय कृत 'गणक चरित' गंगाराम दास कृत सीता वनवास, भवदेव विप्र का श्रीरामचंद्र अश्वमेध, श्रीचंद भारती कृत महीरावण वध, रघुनाथ महंत कृत 'कथा रामायण' एवं 'अद्भुत रामायण' आदि ग्रंथों की रचना हुई।

बंगला रामकथा साहित्य[74]

15वीं श. के अन्त में पयार छंद में कृत्तिवास ओझा ने 'कृत्तिवास रामायण' अथवा 'श्रीराम पांचाली' की रचना गौडेश्वर की प्रेरणा से की थी। कृतिवास रामायण बंगला साहित्य की नींव का पत्थर है। यह रामायण इतनी लोकप्रिय हुई कि प्रत्येक सम्प्रदाय ने इसमें बहुत कुछ परिवर्तन करके अपनी साम्प्रदायिक छाप जमाने की चेष्टा की है। यही कारण है कि आज इसका जो रूप मिलता है, वह पर्याप्त प्रक्षिप्तांशों से युक्त है। कृत्तिवास रामायण की सभी लोगों ने भूरि-भूरि प्रशंसा की है इसमें राम वनगमन से लेकर सीता के भूमि में प्रवष्टि हो जाने तक का वृत्त दिया हुआ है। यद्यपि कृत्तिवास रामायण वाल्मीकि रामायण पर आधारित है, परन्तु उसमें बहुत सी सामग्री ऐसी है जो लोक क्षेत्र से ली गयी है।

कृतिवास रामायण के बाद भी बंगला में 20-21 अनुवाद मिलते हैं। ये सभी स्वतन्त्र अनुवाद हैं। इसके अन्तर्गत षष्ठीवर सेन कृत 'रामायण' (अपूर्ण), गंगादास ने पिता षष्ठीवर सेन के रामायण को पूर्ण किया। द्विज दुर्गादास कृत 'रामायण' 1655 ई. में, जगतरामकृत 'रामायण' 1680 ई. में तथा राम प्रसाद ने पिता जगतराम की रामायण का अंतिम काण्ड लिखा। 18वीं शती के अंतिम चरण में शिवचरण कृत 'शारदा मङ्गल' रामायण, 1742 ई. में अद्भुताचार्य कृत 'आश्चर्य रामायण', कवि चन्द्र चक्रवर्ती कृत 'अङ्गद का दौत्य' फकीर राम कवि भूषण कृत 'अङ्गद का दौत्य', रघुनन्दन गोस्वामी कृत 'राम रसायन' 18वीं श. के अन्तिम चरण में राममोहन कृत 'रामायण' तथा 1850 ई. में राम गोविन्द दास कृत 'रामायण' उल्लेखनीय हैं।

इन पूर्ण रामायणों के अतिरिक्त ऐसे कितने ग्रन्थ प्राप्त होते हैं जो रामायण की किसी खण्ड कथा पर लिखे गए हैं। कुछ ऐसे भी ग्रन्थ हैं जिनमें प्रसङ्गात्

ने पम्प रामायण की रचना की। इसकी सम्पूर्ण कथावस्तु प्रधानतया विमलसूरि के पउमचरियं से ली गई है।

जैन कवि कुमुदेन्दु मुनि ने लगभग 1275 ई. में 'कुमुदेन्दु रामायण' की रचना की। देशी छन्द षट्पदी में लिखे गए इस रामायण की कथावस्तु नागचंद्र के अनुकरण पर ही विमलसूरि के पउमचरियं से उद्धृत है। सम्पूर्ण काव्य प्राप्त नहीं है।

16वीं श. में कुमार वाल्मीकि ने 'तोरवे रामायण' की रचना की। कुमार वाल्मीकि तोरवे नामक गाँव के निवासी तथा वहाँ के ग्राम देवता नरसिंह के अनन्य भक्त थे। ऐसा लगता है कि उनकी स्मृति में इस रामायण की रचना की थी। इसीलिए इसक़ा नाम तोरवे रामायण पड़ा। तोरवे रामायण 6 काण्डों एवं 500 भामिनी षट्पदी छन्दों में लिखा गया है। इसके कुछ प्रसङ्ग इतने मौलिक हैं कि वे अन्य किसी रामकथा सम्बन्धी ग्रंथ में सुलभ ही नहीं हैं।

तोरवे रामायण के बाद कन्नड़ भाषा में रामकथा विषयक अत्यन्त समृद्ध साहित्य की सृष्टि हुई, किन्तु रामकथा के विकास की दृष्टि से इसमें कोई महत्वपूर्ण साम्रग्री नहीं मिलती है। उनका संक्षिप्त उल्लेख निम्नलिखित है।

1605 ई. में कवि सिम्मरस कृत 'मारकण्डेय रामायण' (षट्पदी छंद एवं 1900 पद्य) 1650 ई. में निजगुणाचार्य कृत 'अद्वैत रामायण' क्रि. श. 1750 ई. में चन्द्रशेखर तथा पद्मनाभ कृत 'रामचन्द्र चरित' (सांगत्य छन्द), 1748 ई. में तिम्ममात्य कृत 'रामाभ्युदय', 'कुसुमांजरी' तथा 'आनन्द रामायण' का अनुवाद (षट्पदी छंद), 1792 ई. में देवचन्द्र कृत 'रामकथावतार' चम्पूकाव्य), 1770 ई. में वेकातात्य कृत 'रामायण' (वार्धिक षट्पदी छंद) 1700 ई. में रचित शंकररामायण, (भामिनी षट्पदी छंद) के कर्ता का नाम भी अज्ञात है, 1600 ई. में रचित 'मूलक रामायण' (भामिनी षट्पदी छंद) के कर्ता का नाम भी अज्ञात है, 1750 ई. में हरिदास कृत 'मूल बाल रामायण' (भामिनी षट्पदी छंद), 1850 ई. में चन्द्रसागर वर्मा कृत 'जिन रामायण' (भामिनी षट्पदी छंद) अलसिंगाचार द्वारा 'श्रीमद्रामायण' (अनूदित) का समय अज्ञात है 1913 ई. में रामकृष्ण सब द्वारा 'श्रीराम चरित्र' (अनूदित) 1938 ई. में पं. के. आर. नरसिंहय्या कृत 'संग्रह रामायण' (भामिनी षट्पदी छंद), 1600 ई. नारायण द्वारा, उत्तर रामकथा (भामिनी षट्पदी छंद), 1040 ई. में कवयित्री हलवनकट्टे गिरियमना कृत 'सीता कल्याण', 1750 ई. में सुब्रमण्य कृत 'हनुमद् रामायण' (कंद छंद), क्रि. श. 1650 ई. में तिरुमल वैद्य कृत 'उत्तररामायण' (भामिनी षट्पदी छंद), लगभग 19वीं श. में वी. नगर पुट्टण कृत 'पंचवटी रामायण', पुट्टण अथवा नन्दलिके लक्ष्मीनारायण कृत रामाभिषेक, राम पट्टाभिषेक तथा अद्भुत

तुलसीदास के पूर्व का हिन्दी राम साहित्य अधिक विस्तृत नहीं है। गोस्वामी जो के पूर्व हिन्दी साहित्य के आदि काल की कृतियों से मंगलाचरण अथवा स्तुति के रूप में कहीं-कहीं रामकथा के कुछ प्रसंग दृष्टिगत होते हैं। 'पृथ्वीराजरासो' में 'दशावतार वर्णन' वस्तुतः मंगलाचरण के रूप में है। इसके अन्तर्गत रामावतार से संबद्ध लगभग 38 छन्दों में तथा कुछ संस्करणों के लगभग 100 छन्दों में रामकथा के कुछ प्रमुख प्रसंग वर्णित हैं।[76] महाकवि सूरदास रचित 'सूरसागर' के प्रथम खण्ड के प्रथम, द्वितीय एवं दशम् स्कंध के कई पदों से राम एवं उनके अवतार का उल्लेख प्राप्त होता है।[77] नवम स्कंध द्वितीय खण्ड में तो सम्पूर्ण रामकथा लगभग 157 पदों में वर्णित है।[78] रामचरितमानस की भाँति ये सात काण्डों में विभाजित हैं।

गोस्वामी तुलसीदास के पूर्व हिन्दी की रामकथा परम्परा का विकास यदि स्वामी रामानन्द (1535 ई.) से स्वीकार किया जाय तो कोई अनौचित्य नहीं होगा। रामानन्द के हिन्दी में रचित कुछ पद सुप्रसिद्ध हैं। इन पदों के विषय में प्रामाणिक रूप से कुछ कहना ठीक नहीं है, केवल परम्परागत प्रसिद्धि के कारण ही उन्हें उनके द्वारा रचित मानना उचित है। इसके अतिरिक्त उनके द्वारा रचित 'रामरक्षास्तोस्त्र' की भी सूचना मिलती है।[79] तुलसीदास के पूर्व रामभक्त कवियों में विष्णुदास का नाम उल्लेख है। इन्हें वाल्मीकि रामायण के हिन्दी रूपान्तरकर्ता के रूप में जाना जाता है। ईश्वरदास (16वीं श. का पूर्वार्द्ध) के 'भरतमिलाप' में अयोध्याकाण्ड की कथावस्तु का दोहा चौपाइयों में वर्णन किया गया है। इनके 'रामजन्म' तथा 'अंगदपैज' भी सुरक्षित हैं।

तुलसीदास के समकालीन कवियों में अग्रदास तथा नाभादास प्रमुख हैं। अग्रदास के मुख्य ग्रंथों में ध्यानमञ्जरी, अष्टयाम, रामभजनमञ्जरी, उपासना बावनी और पदावली प्रमुख हैं नाभादास ने भी रामचरित से सम्बन्धित 'अष्टयाम' की रचना की। इसके अतिरिक्त केशवदास कृत रामचन्द्रिका, सीढ़ी मेहरबान का आदि रामायण तथा लालदास कृत अवधविलास प्रमुख रूप से उल्लेखनीय हैं।

हिन्दी रामकाव्य परम्परा में कुछ जैन कृतियों का भी उल्लेख मिलता है, जिनमें से मुनि लावण्य प्रणीत रावण-मन्दोदरी-संवाद, ब्रह्मजिनदास रचित रामचरित या रामरास और हनुमन्त रास तथा ब्रह्मरामल्ल, सुन्दरदास प्रणीत हनुवन्तगामी कथा तथा हनुमानचरित प्रमुख हैं। जैनी राम साहित्य के समय सुन्दर कृत सीताराम चौपाई भी विशेष उल्लेखनीय है।[80] जैनेतर रचनाओं में लक्ष्मायण (16वीं श.) का तथा नरहरिदास कृत अवतारचरित का रामावतार विषयक अंश रामचरितमानस तथा रामचन्द्रिका पर निर्भर है।

उड़िया राम साहित्य में 18वीं श. समृद्धि का युग था। इनमें से तीन रचनाओं का वर्ण्य-विषय सहस्र-स्कन्ध रावण-वध है—सिद्धेश्वर कृत 'विलंका रामायण', वारनिधिदास कृत 'विलंका खण्ड' तथा बलरामदास का 'विलंका रामायण'। 'विचित्र रामायण' नामक दो रचनाएँ प्राप्त होती हैं—एक विश्वनाथ खुटिया की तथा दूसरी भुइआँ माधवदास की। इसी शताब्दी में उपेन्द्रभंज ने 'रामलीलामृत' तथा 'वैदेही विलास' की रचना की। इसके अतिरिक्त निम्नलिखित काव्य ग्रंथों का उल्लेख प्राप्त होता है—रामदास का 'रामरसामृत', गोपीनाथ कवि भूषण कृत 'रामचन्द्र विहार', कान्हुदास का 'राम रसमृत सिन्धु', त्रिपुरारिदास का 'रामकृष्ण-केलिकल्लोल', ब्रजबन्धु सामन्तराय का रामलीलामृत, ईश्वरदास कृत 'रामलीला', लक्ष्मीधरदास कृत 'अगदपणि' तथा मागुणि पट्टनायक का 'रामचन्द्र विहार'। इसी शताब्दी में तेलेंगा गोपाल, नरहरि कविचन्द्र, सूर्यमणि च्याऊ, पट्टनायक तथा सारलादास ने अध्यात्मरामायण का अनुवाद किया है। हरिहर कवि के पुत्र वनमालीदास ने चम्पूरामायण को अनूदित कर उसका नाम सुचित्र रामायण रखा। 18वीं श. में नाट्य साहित्य का भी प्रवर्तन हुआ था—वैश्य सदाशिव, पीताम्बर राजेन्द्र, अनंग, नरेन्द्र, विक्रम नरेन्द्र तथा कल्पतरुदास सभी लोग एक रामलीला नामक रचना के लेखक माने जाते हैं।

19वीं तथा 20वीं श. में भी रामकथा विषयक रचनाओं की सृष्टि होती रही। 19वीं श. में रामकृष्ण चरण पट्टनायक कृत 'रामायण', भुवनेश्वर कविचन्द्र का 'सीतेश विलास', केशव पट्टनायक का नृत्यरामायण' तथा केशव त्रिपाठी का 'पूर्ण रामायण' उल्लेखनीय है। 'हलिआ रामायण' हल चलाते समय के गीतों का संकलन है।

काश्मीरी रामकथा साहित्य[72]

18वीं शताब्दी में दिवाकर प्रकाश भट्ट द्वारा रचित काश्मीरी रामायण अथवा 'रामावतारचरित' में दशरथ यज्ञ से लेकर सीता के भूमि प्रवेश तथा राम के स्वर्गारोहण तक, वाल्मीकीय रामकथा वर्णित है। परन्तु कवि ने इसमें बहुत अधिक परिवर्तन एवं परिवर्द्धन भी किया है। समस्त काव्य शिव-पार्वती-संवाद के रूप में प्रस्तुत किया है।

असमीया रामकथा साहित्य[73]

असमीया राम साहित्य की प्रमुख प्रचलित रचना 'माधवकंदली रामायण' है। इस रामायण में अयोध्या काण्ड से युद्ध काण्ड तक की ही कथा माधवकन्दली कृत मानी जाती है। शेष उत्तरकाण्ड एवं बालकाण्ड की रचना क्रमशः शंकरदेव तथा उनके शिष्य माधवदेव ने की है। माधवकन्दली रामायण के कुछ वृत्तान्त छोड़कर समग्र ग्रंथ की कथावस्तु वाल्मीकि रामायण से साम्यता रखती है।

रामकथा पायी जाती है।[82]

मधुरा भक्ति प्रमुख तुलसीदासोत्तर रामकाव्य के मध्ययुग[83] में (सं. 1700-2000 के अन्तर्गत) गुणी सुखरामदास टण्डन कृत, रामविलास (1932 ई.) बनादास कृत उभयप्रबोधक रामायण (1892 ई.), महात्मा शूर किशोर कृत श्री मिथिला विलास (1895 ई.), राम प्रियाशरण कृत सीतायन ग्रंथ (1897 ई.) रामचरन कवि कृत जानकी समर विजय (1933 ई.) आदि ग्रंथ प्राप्त होते हैं।

इनके अतिरिक्त हिन्दी रामकथा साहित्य में कुछ गीत तथा पद रचनाकार कवि और उनकी कृतियाँ मिलती हैं। इसके अन्तर्गत बालअली जी कृत स्नेह प्रकाश; ध्यान मंजरी (सं. 1723-1749), बालानन्द के स्फुटपद (सं. 1712) रूपलाल कृत रूपसखी (19वीं श. वि.), सूर किशोर के स्फुटपद (सं. 1760) रामसखा कृत पदावली, नृत्य, राघव मिलन, दोहावली (18वीं श.), कृपानिवास कृत लगनपचीसी, अनन्य चिन्तामणि, रामरसामृतसिन्धु, रस पद्धति भावना, पच्चीसी; पदावली (19वीं वि.), रामचरनदास कृत पंचशतक, रसमालिका, अष्टयाम पूजाविधि, सन पदावली, झूलन, कौशलेन्द्र रहस्य, रामनवरत्नसार-संग्रह (1760 सं.), जीवराम कृत युगल प्रिया पदावली (19वीं श. वि.), जनकराज किशोरीशरण रसिक अली कृत सिद्धान्त मुक्तावली 19वीं श. वि.), स्वामी युगलनन्द शरण जी कृत प्रेमभाव प्रभा दोहावली, युगल विनोद विलास (20वीं श.) सीताराम शरण कृत सीताराम शोभावली, प्रेम पदावली, श्रीराम शत वन्दना श्रीराम रसभंग विलास, राम झाँकी विलास (20वीं. श.) रामशरण कृत सोहर, पदावली (सं. 1864), हनुमान शरण मधुर अली कृत-लीला, पदावली (20वीं श.) बैजनाथ कुरमी कृत रामसिया संयोग पदावली (1990 वि.), श्री शीलमणि कृत विवेक गुच्छा, सियावर मुद्रिका (सं. 1877), जानकीवर प्रीतिलता महात्म्य (सं. 1879), ज्ञान अलि सहचरजी कृत सियावर केलि पदावली, सियालाल शरण कृत वृहद् उपासना रहस्य, प्रेम लता पदावली (सं. 1928), रामनारायण दास कृत भजन रत्नावली (20वीं श. वि.), युगल मंजरी जी कृत भावनामृत (20वीं. श.) रामबल्लभ शरण कृत युगल विहार पदावली (सं. 1928), रामनारायण दास कृत भजन रत्नावली (20वीं श. वि.), युगल मंजरी जी कृत भावनामृत (20वीं. श.) रामबल्लभ शरण कृत युगल विहार पदावली (सं. 1916), सीताराम शरण भगवान प्रसाद कृत नाभादास के भक्तमाल की टीका, भक्तिसुधाविन्दुस्वादतिलका, रामायण रमविन्दु, मानस अष्टयाम, प्रेम-गंग-तरंग, स्फुटपद, सीताराम शरण शुभ लीला कृत युगलोत्कण्ठ प्रकाशिका (20वीं श. वि.) रामजी के स्फुटपद तथा रामबल्लभ शरण प्रेमानिधि कृत वृहत्कोशल खण्ड और शिव संहिता की टीका आदि है।

हिन्दी राम काव्य के आधुनिक युग[84] (सं. 1977 से 2020 तक) में भी अनेक

रामचरित्र का समावेश किया गया है। ये ग्रन्थ 14वीं से 16वीं शती के बीच में रखे गये हैं। इनमें गुणरज खां कृत श्री धर्म इतिहास, रामजीवन रुद्र कृत कौशल्य चौशिका, गुणचन्द्र के पुत्र द्वारा रचित सीतार वनवास, लोकनायक सेन कृत लव कुशेर युद्ध, भवानीनाथ कृत परिजात हरण, द्विज तुलसीदास कृत रायबर, भवानीचन्द्र कृत रामेर स्वार्गरोहण भवानीदास कृत लक्ष्मण-दिग्विजय, द्विज दयाराम रामायण, काशीराम कृत रामायणी कथा, जगत वल्लभ कृत जगवल्लभ रामायण, राजा पृथ्वी चन्द्र कृत भुशुण्डि रामायण, फकीर राम कृत लङ्का काण्ड, बीकन शुक्ल दास कृत अरण्य काण्ड तथा काशीनाथ कृत कालनेमीर रायबर प्रमुख हैं।

बङ्गला साहित्य के आधुनिक काल में भी काव्यों तथा नाटकों के विविध क्षेत्रों में रामकथा सम्बन्धी कृतियों का उल्लेख प्राप्त होता है। जिनमें से कुछ का संक्षिप्त परिचय इस प्रकार है—1881-82 ई. में गिरीश चन्द्र घोष ने रामायण विषयक—सीतार वनवास, रामेर वनवास, सीतार विवाह, सीताहरण तथा लक्ष्मण वर्जन आदि नाटकों का सृजन किया। 1800 से 1850 ई. के अन्तर्गत ही रघुनन्दन स्वामी ने रामायण के अनुकरण के आधार पर 'राम रसायन' नामक स्वतन्त्र रचना की। 1859 ई. के लगभग मधुसूदन दन्त ने 'मेघनाथ वध' नामक एक वृहद् काव्य लिखा। इसी के साथ 1962 ई. में मधुसूदन का 'वीराङ्गना' काव्य भी प्रकाश में आया, जिसमें रामकथा के विभिन्न स्त्री पात्रों के विषय में उल्लेख है। 1918 ई. में प्रसिद्ध उपन्यासकार बंकिमचन्द्र चटर्जी ने 'सीताराम' नामक एक उपन्यास की रचना की जिसमें रामकथा प्राप्त होती है।

हिन्दी रामकथा साहित्य

हिन्दी रामकथा साहित्य में तुलसीदास का एकाधिपत्य है। उनकी समस्त कृतियाँ उनके इष्टदेव राम से ही सम्बन्धित हैं, परन्तु इन सबमें 'रामचरितमानस' ही सर्वाधिक लोकप्रिय प्रमाणित हुआ। आचार्य रामचन्द्र शुक्ल ने—दोहावली, कवित्त रामायण, गीतावली, रामचरितमानस, रामाज्ञा प्रश्न, विनयपत्रिका, रामलला नहछू, पार्वती मंगल, जानकी मंगल, बरवै रामायण, वैराग्य संदीपनी, और कृष्ण गीतावली जैसे 10-12 ग्रंथों का उल्लेख किया है।[75] 'शिवसिंह सरोज' में रामसतसई; संकट मोचन, हनुमद् बाहुक रामश्लाका, छन्दावली, छप्पय रामायण, कड़खा रामायण, रोला रामायण, झूलना रामायण तथा कुंडलियाँ रामायण प्रभृति दस अन्य ग्रंथों का नाम भी गिनाया गया है। परन्तु इन सभी रचनाओं में रामचरितमानस ही सर्वाधिक महत्वपूर्ण एवं लोकप्रिय है। हिन्दी रामकथा साहित्य के विकास में रामचरित मानस तथा तुलसीदास के अन्य ग्रंथों का अपूर्व योगदान है।

का काव्य) भी महत्वपूर्ण कृतियाँ हैं।[85]

उपर्युक्त हिन्दी राम साहित्य के अतिरिक्त साहित्य सम्मेलन प्रयाग में कुछ पाण्डुलिपियाँ सुरक्षित हैं जो रामकथा से सम्बन्धित हैं। इनका नाम 'रामचरित' तथा 'राम रत्नावली' है। इनके कर्ता का नाम अज्ञात है।[86]

मराठी रामकथा साहित्य[87]

मराठी में रामकाव्य के पुरस्कर्ता संत एकनाथ हैं। इनके 'भावार्थ रामायण' की रचना 16वीं श. के अन्त में हुई। इसमें राम का चरित्र पौराणिक शैली में अंकित किया गया है। 'भावार्थरामायण' की आधिकारिक कथा वाल्मीकिरामायण से ही अत्यधिक मिलती है। किन्तु इसकी अनेक प्रासंगिक कथाएँ आनन्द रामायण से ली गयी हैं। भावार्थ रामायण में केवल लोकभाषा का ही प्रयोग नहीं है, अपितु लोक छन्द ओवी का भी प्रयोग है।

एकनाथ जी के पश्चात् उनके नाती ने 'संक्षिप्त रामायण' की रचना की। संवत् 1662 में श्रीकृष्णदास ने भी 'रामायण' की रचना की जो 78 अध्याय तथा 800 ओवियों में पूर्ण हुआ। स्वामी रामदास की 'लघुरामायण' का भी विशेष महत्व है। इनकी सुन्दरकाण्ड और युद्धकाण्ड भी लोकप्रिय कृतियाँ हैं। इन्हीं की शिष्या वेणाबाई ने भी 'रामचरित लिखा'। गिरधर स्वामी ने 6 रामायणों की रचना की। 18वीं श. में माधव स्वामी ने भी तीन राम काव्यों की रचना की। इनकी 'निरोष्ठ्य रामायण' में ओष्ठ से उच्चरित शब्दों का प्रयोग नहीं किया गया है। इसका 'रामकरुणायत' चित्रकाव्य है। सबसे प्रसिद्ध काव्य मोरोपन्त कृत 'रामकाव्य' है। इन्होंने 100 रामायणों की रचना की जिसमें से 74 प्रकाशित हैं। इसके अतिरिक्त श्रीधर स्वामी का 'रामविजय' तथा अमृतराव ओक कृत शतमुख रामायण (19वीं श.) उल्लेखनीय हैं।

गुजराती रामकथा साहित्य

गुजराती साहित्य में रामकथा की अपेक्षा कृष्णकथा को अधिक महत्वपूर्ण स्थान मिला है। तथापि गुजराती साहित्यकारों की सूची से पता चलता है कि सन् 1370 ई. से सन् 1852 ई. तक 372 कवियों में से पचास कवियों ने रामकथा विषयक साहित्य की गर्जना की।[88] रामकथा से सम्बन्धित गुजराती ग्रंथों की सूची निम्नलिखित हैं।[89]

(1) आशाएत कृत **रामलीलानापदो** (14वीं श.), (2) भालण कृत **राम विवाह बालचरित,** (3) मन्त्री कर्मणकृत **सीताहरण** (15वीं श.) (4) भीमकृत **रामलीला नापदो** (15वीं श.), (5) मांडल वधाशे कृत रामायण (अपूर्ण) (15वीं श.), (6) लावण्यसमय कृत **रावण मन्दोदरी** (16वीं श.), (7) उद्धवकृत **सीता हनुमान संवाद** (16वीं श.), (8) नाकर का लवकुशाख्यान (16वीं श.), (9) प्रेमानन्द कृत **'रणयज्ञ'**

गोस्वामी तुलसीदास के बाद हिन्दी साहित्य में रामकथा सम्बन्धी विपुल ग्रंथों की सर्जना हुई। तुलसीदासोत्तर रामकाव्य के मध्य युग[81] (1650-2018 संवत्) में केशवदास कृत रामचन्द्रिका (सं. 1612-1674), सरजू राम पंडितकृत जैमिनि पुराण (सं. 1805 में वर्तमान), श्री मधुसूदन कृत रामाश्वमेध (सं. 1839) पद्माकार कृत रामनरायन (सं. 1810-1890), गणेशकृत वाल्मीकि रामायण, श्लोकार्थ प्रकाश (1850-1910) नवलसिंह कायस्थ कृत आल्हा रामायण, सीता स्वयंवर, रूपका रामायण, रामायण सुमिरिनी, राम रहस्य कलेवा (सं. 1873-1925), राजा रुद्र प्रताप सिंह कृत सुसिद्धान्तोत्तम् रामखण्ड (19वीं श. उत्तरार्द्ध), रघुराजसिंह कृत रामस्वयम्वर (सं. 1880-1936), बन्दीदीन दीक्षित, कृत विजय राघो खण्ड (20 वी. श. पूर्वार्द्ध), रघुनाथदास रामसनेही कृत विश्राम सागर (सं. 1911 में वर्तमान); रामनाथ ज्योतिषी कृत रामचन्द्रोदय (सं. 1996 वि.) बिहारी लाल शर्मा कृत कौशलेन्द्र कौतुक (सं. 1993) आदि उल्लेखनीय हैं।

इनके अतिरिक्त कुछ अभिनेय नाटकों की भी रचना हुई। इसमें प्राणचन्द्र चौहान (सं. 1667), हृदयराम (सं. 1680), तथा राम (1730) का हनुमन्नाटक और विश्वनाथ सिंह (1878-1797) कृत आनन्द रघुनन्दन नाटक उल्लेखनीय हैं। विश्वनाथ सिंह की राम साहित्य पर और भी कृतियां उपलब्ध हैं–अष्टयाम आह्निक, गीता रघुनन्दन, शतिका, रामायण, गीता रघुनन्दन प्रामाणिक, विनयपत्रिका की टीका, रामचन्द्र की सवारी, आनन्द रामायण, गीतावली पूर्वार्द्ध, संगीत रघुनन्दन आदि।

अभिनेय नाटकों के अतिरिक्त वर्णनात्मक काव्यों (सं. 1942-1950) की एक सूची प्राप्त होती है। इसके अन्तर्गत नाभादास तथा खुमान कृत अष्टयाम, जनकराज किशोरी शरण कृत जानकी शरणमणि, ललकदास कृत सत्योपाख्यान, रघुराजसिंह कृत रामाष्टयाम तथा सरदार कृत रामलीला प्रकाश आदि उल्लेखनीय हैं।

संवत् 1697-2018 के अन्तर्गत रामकथा के अंगभूत चरित पर लिखे कुछ काव्यों का उल्लेख मिलता है। इसमें भगवतराम खींची (सं. 1870) तथा गणेश (1850-1910) कृत हनुमत पचीसी, खुमान (सं. 1830-1880) कृत हनुमान नखशिख, हनुमान पंचक तथा हनुमान पचीसी, हरितालिका प्रसाद द्विवेदी कृत विरुदावली (हनुमान स्तुति), लक्ष्मीनारायण सिंह ईश कृत लंकादहन, स्वामी ब्रह्माश्रम कृत हनुमान हृदय (सं. 2018), राममल्ल पाण्डे कृत हनुमच्चरित एवं हनुमन्नाटक 1996 वि.), सरदार कृत हनुमत भूषण तथा संवत् 1706 में सेनापति के 'कवित्त रत्नाकर' से राम चरित सम्बन्धी कवित्त प्राप्य हैं।

खड़ी बोली के आरम्भिक गद्य साहित्य के अन्तर्गत रामप्रसाद निर्जनी कृत भाषा योगवाशिष्ठ, दौलतराम कृत पद्मपुराण तथा सदल मिश्र कृत रामचरित में भी

रामकथा की व्यापकता एवं विदेशों में रामकथा

आर्यावर्त का प्रतिनिधि पुरुष यदि भारतीय इतिहास में किसी को कहा जा सकता है तो वह राम हैं, उनके जीवन में आर्य आदर्शों का जो विकास हुआ, वह इस देश के द्वारा ऐसा स्वीकृत हुआ कि हमारी जीवन-धारा का एक विशिष्ट अंग बन गया। आज समग्र भारत राममय जान पड़ता है। हिमालय की कन्दराओं में राम नाम गूँज रहा है। विषय-पर्वत श्रेणी राम नाम के जय-घोष से निनादित है। गोदावरी और कावेरी की उत्तुङ्ग-तरंगों में अवगाहन करने वाले स्नातक राम-राम का जाप करते हुए राम के पुनीत नाम में रमे रहते हैं। कन्याकुमारी रामेश्वरम् के मन्दिर इसी पावन नाम का स्मरण कराते हैं। पंजाब, सिन्ध, राजस्थान, अङ्ग-बङ्ग और कलिङ्ग में से कौन-सा ऐसा प्रान्त है, जो इस पवित्र राम नाम की दीक्षा से वंचित कहा जा सके? तक्षशिला राम के ही वंशज का बसाया हुआ है। लाहौर को 'लवपुर' और कसूर को 'कुशपुर' कहा जाता है। समग्र देश राम-जीवन से सम्बद्ध तीर्थस्थानों से व्याप्त है। हमारे पर्व-नवरात्र, दीपावली, दशहरा आदि आज भी देश भर में मनाये जाते हैं। कवियों ने राम-गाथा गायन में अपने पुरुषार्थ की इतिश्री समझी है। संतों ने राम के निर्गुण रूप की उपासना की है तो वैष्णव कवियों ने उनके सगुण को अपनाया है। राम, सम्प्रदाय भावना से भी ऊँचे उठ गये। बौद्ध सम्प्रदाय में 'दशरथ जातक' लिखा गया तो जैन साहित्य में पउमचरियम्, जैसे ग्रन्थ लिखे गये। आज का भारतीय कवि भी राम को अपनी वाणी का विषय बनाता है और उस पर कविता लिखता है। शिक्षित वर्ग ही नहीं, अनपढ़-अशिक्षित, कोल-भील-गौड़ आदि सभी के हृदयों में राम नाम बसा हुआ है और अब जो अनुसंधान हुए हैं, वे भारत के बाहर भी दूर-दूर देशों में पहुँचे हुए इस राम नाम की तेजस्विता की उद्घोषणा कर रहे हैं।

भारत के भगवान राम ने केवल अपने देश की ही नहीं; विश्व के सभी भागों को प्रेरित और प्रभावित किया। इसीलिए रामकथा निस्सन्देह विश्व की सबसे अधिक सशक्त और प्रभावोत्पादक कथा बन गयी है, जिसकी शक्ति और प्रभाव का अनुमान इसकी अद्वितीय लोकप्रियता और विश्वव्यापी प्रचार से लगाया जा सकता है।

रामकथा हजार, दो हजार वर्ष ही नहीं शायद उससे भी पहले सुदूर देशों में गयी, और उन्हें ले जाने वाले थे, भारत के संस्कृतनिष्ठ व्यापारी, राज परिवारों के लोग तथा वे विदेशी यात्री और विद्वान जो ज्ञान-प्राप्ति की अभिलाषा में समय-समय पर भारत की यात्रा पर आते थे। इस प्रकार जो रामकथा विदेशों में गयी, वह वहाँ के साहित्य, संस्कृति, धर्म, दर्शन एवं कला में पूर्णरूपेण समाहित होकर उनका प्राणतत्त्व बन गयी। यही कारण है कि 'मैक्सिको' में आज भी राम-सीतोत्सव मनाया जाता है।

ग्रन्थों की सर्जना हुई है। इनका विवरण निम्नलिखित है–रामचरित उपाध्याय कृत रामचरित चिन्तामणि (सं. 1970), श्री शिवरत्न शुक्ल कृत श्रीराम तिलकोत्सव तथा श्रीरामावतार, राधेश्याम कथावाचक का राधेश्याम रामायण, श्याम नारायण पाण्डे कृत जय हनुमान (तुमुल), गयाप्रसाद द्विवेदी कृत नन्दिग्राम काव्य (1936 ई.), मैथिली शरण गुप्त कृत साकेत, पंचवटी, प्रदक्षिणा (सं. 1943-2021), सूर्यकान्त त्रिपाठी निराला कृत राम की शक्ति पूजा, पंचवटी जयशंकर प्रसाद कृत चित्रकूट, अयोध्या सिंह उपाध्याय हरिऔध कृत प्रिय-प्रवास, बैदेही बनवास, सुमित्रा नन्दन पन्त कृत लक्ष्मण और अशोक वन, डॉ. बलदेव प्रसाद मिश्र कृत कौशलकिशोर, साकेत संत, रामराज्य, चन्द्रप्रकाश वर्मा कृत सीता, शेषमणि शर्मा 'मणि रायपुरी' कृत कैकेयी, केदार नाथ मिश्र 'प्रभात' कृत कैकेयी, रघुवीर शरण मित्र भूमिजा, श्रीमती माया देवी शर्मा कृत शबरी, आचार्य तुलसी कृत अग्नि परीक्षा, शिव शंकर त्रिपाठी कृत अभिशप्ता साम्राज्ञी तथा धरणिजा-परिचय तथा डॉ. रामकुमार वर्मा कृत उत्तरायण आदि।

इसके अतिरिक्त रामचरित उपाध्याय का विभीषण एवं गुलाब कवि की कैकेयी पर कविताएँ माधुरी पत्रिका में तथा गुलाब खण्डेलवाल की ही अहल्या खण्डकाव्य प्रसाद पत्रिका में प्रकाशित हैं। श्री उमाकान्त मालवीय ने 'अभिशप्त अमर ज्योति' तथा देवराज दिनेश ने 'विभीषण' नाम से मुक्तक काव्य लिखा। मुक्तक काव्यों में एस. आर. अरविन्द 'राम का अन्तर्द्वन्द्व' विशेष उल्लेखनीय है।

हिन्दी नाटकों और एकांकी में भी रामकथा साहित्य उपलब्ध है। इसमें सेठ गोविन्ददास कृत कर्त्तव्य, कृषि यज्ञ (एकांकी), तथा शबरी (नाटक), सद्गुरु शरण अवस्थी कृत बालि वध तथा मँझली रानी (एकाकी), मिश्रबन्धु कृत रामचरित्र (नाटक), लक्ष्मी नारायण मिश्र कृत अशोक वन (एकांकी) एवं चित्रकूट (नाटक), सीताराम चतुर्वेदी कृत शबरी (नाटक), सर्वदानन्द वर्मा कृत भूमिजा (नाटक), डॉ. रामकुमार वर्मा कृत राजरानी (नाटक), चन्द्र प्रकाश वर्मा कृत त्रेता (नाटक), लक्ष्मीनारायण लाल कृत रावण (एकांकी) उल्लेखनीय हैं।

हिन्दी रामकथा साहित्य के अन्तर्गत प्रेमचन्द कृत रामचर्चा, आचार्य चतुरसेन शास्त्री कृत 'वयं रक्षामः' श्री अक्षय कुमार जैन कृत युगपुरुष राम (कहानों) श्री रघुनाथ सिंह कृत रामायण कथा एवं सिस्टर निवेदिता कृत रामायण कथाचक्र उल्लेखनीय हैं।

रामकथा पर मनोविश्लेषणात्मक चित्रण से अनुप्रेरित हिन्दी साहित्य के अन्तर्गत रामवृक्ष बेनीपुरी कृत सीता की मां (नाटक), जयशंकर त्रिपाठी कृत आञ्जनेय (खण्ड काव्य) तथा श्री नरेश मेहता कृत 'संशय की एक रात' (4 सर्गों

'रामायण काकविन'[90] है जो दसवीं शताब्दी का माना जाता है। नवीं शती में रामायण इंडोनेशिया के भव्य शिवालय 'चंडी लोरोजोड. राड' में उत्कीर्ण की गयी। यह रामायण काकविन से कुछ भिन्न है जिससे सिद्ध होता है कि नवीं शती तक इंडोनेशिया में रामायण की अनेक शाखाएँ थीं। सन् 1979 के 'पानातरान' मन्दिर में रामायण बाह्य भित्तियों पर उत्कीर्ण है। इसकी कला स्थानीय वायाङ् शैली की है। इंडोनेशिया में 14वीं शती में रामायण के कुछ दृश्य अति लोकप्रिय हो चुके थे।

'जावा' में एक प्राचीन उत्तरकाण्ड मिलता है जिसमें वाल्मीकीय उत्तरकाण्ड की कथा का गद्य में वर्णन किया गया है इसके अतिरिक्त एक 'चरित रामायण' भी पाया जाता है जिसके 101 श्लोकों के रामायण के 6 काण्डों की कथा के साथ-साथ व्याकरण के उदाहरण भी दिये गये हैं 'हिमांशुभूषण सरकार' जावा की प्राचीन भाषा की तीन रचनाओं का उल्लेख करते हैं–सुमन सांतक काकविन (11वीं श.), हरिश्रय काकविन (13वीं श.), अर्जुन विजय (14वीं श.) जावा का आधुनिक 'सेरत राम' भी रामायण काकविन की भांति वाल्मीकीय कथा से बहुत कुछ मिलता है। मध्य जावा के 'परमबनन' (परब्रह्म) नामक स्थान पर नवीं श. ई. का एक शिव मन्दिर है। इस मन्दिर के चारों ओर की ऊँची दीवारों पर रामायण की समस्त घटनाओं पर चित्र-लिपि में चित्रण किया गया है। पूर्व जावा के पनतरन नामक स्थान के 14वीं श. पूर्वार्द्ध के एक शिव मन्दिर में भी रामकथा पाषाण चित्र-लिपि में अंकित है।

रामायण काकविन की प्राचीन परम्परा को छोड़कर इंडोनेशिया में रामकथा का एक अर्वाचीन रूप भी प्रचलित है, जो अधिक लोकप्रिय है तथा जिसके आधार पर आधुनिक समय तक 'जावा' और 'सुमात्रा' में रामकथा सम्बन्धी नाटकों का अभिनय होता है। जावा का नाटक साहित्य प्रायः 'सेरत काण्ड' तथा 'राम केलिंग' पर आधारित है। जावा और सुमात्रा द्वीपों में रामकथा का प्रचार विशेष रूप में दिखलाई पड़ता है। सुमात्रा तो हिन्दू द्वीप है और वह पूर्णतः रामकथा से आप्लावित है, किन्तु मुस्लिम बहुल जावा के 'जोगजोकर्ता' में राम सम्बन्धी नृत्य-नाटक विश्वभर में प्रसिद्ध हैं।

मलेशिया में सन् (1400-1500) के बीच 'हिकायत सेरी राम' की रचना हुई। तब से यह रामायण की छाया लीलाओं का आधार बन गया। इसके अतिरिक्त मलेशिया में रामायण के विभिन्न स्थायी रूपान्तर भी पाये जाते हैं, जिनमें–'हिकायत महाराज रावण' 'श्रीराम' तथा रामकथा का पातानी पाठ उल्लेखनीय है। इससे ज्ञात होता है कि रामायण वहाँ की लोक-परम्परा में अभिन्न रूप से रमकर लोकप्रिय हो चुकी थी। मलेशिया में आज भी सूत्रधार जो 'दालाङ्' कहलाता है, एक वर्ष में 2-3

(17वीं श.), (10) हरिदास कृत 'सीता विरह' (17वीं श.), (11) शिवदासकृत 'परशुराम आख्यान' (17वीं श.) आदि।

18वीं श. में डमोई की एक विधवा ब्राह्मणी **'दिवालोबाई'** ने रामजन्म तथा 'राम विवाह' की रचना की। बड़ेनगर की एक नागर महिला **कृष्णबाई** (18वीं श. ने **'सीता विवाह'** तथा उमरेण की 'पुरीबाई' 18वीं ने 'सीतामंगल' की रचना की। लोकवार्ता के सर्वश्रेष्ठ रचयिता कवि शाकल ने 'रावण मन्दोदरी संवाद' की रचना की। 19वीं श. का गिरिधरदास कृत 'रामायण' गुजरात में सबसे श्रेष्ठ माना जाता है। भालड़ के पुत्रों उद्धव और विष्णुदास ने 16वीं श. में समस्त रामायण की रचना की लेकिन वह अधिक प्रचलित नहीं हो सका।

इसके अतिरिक्त **वजियो** ने 5 कड़ियों में सीता स्वयंवर का वर्णन करते हुए **'सीताबेल'** तथा **'सीता सन्देश'** लिखा, जिसमें हनुमान के द्वारा सीता जी श्रीराम का करुण सन्देश देती हैं। मांडल के बाद दूसरे बंधारों कवि **'काशी सुत शेधजी'** ने हनुमान चरित्र की रचना की तथा नर्मदा कवि ने **'रामायणनोसार'** की रचना की। सूरत के **हरिराम** ने भी 'सीता स्वयंवर' लिखा।)

उर्द एवं फारसी रामकथा साहित्य

उर्दू साहित्य में रामकथा सम्बन्धी सामग्री अत्यन्त अल्प है। 19वीं श. के पूर्व में तो उर्दू साहित्य में रामकथा विषयक कोई भी ग्रंथ उपलब्ध नहीं होता। हाँ इस काल के उत्तरार्द्ध के निम्नलिखित चार रामायण उल्लेखनीय हैं–1864 ई. में सबसे लोकप्रिय रामायण **मुंशी जगन्नाथ** खुश्तर कृत **'रामायण खुश्तर'** है। इसके अतिरिक्त मुंशी शंकरदयाल कर्हत का 'रामायण अंजुम' **बाँकेबिहारी लाल बहार** कृत 'रामायण बहार' तथा सूरजनारायण मेन्ह का 'रामायण मेन्ह' आदि विशेष रूप से रामचरित मानस तथा वाल्मीकि रामायण पर आधारित हैं, फिर भी इन्हें स्वतन्त्र काव्यग्रंथ मानना ही उचित होगा।

उर्दू की अपेक्षा फारसी रामकथा साहित्य अधिक प्राचीन है। अकबर के आदेशानुसार **अलबदायूनी** ने (1854-59 ई. में) **वाल्मीकिरामायण** का पद्यानुवाद किया। जहाँगीर के राज्यकाल में तुलसीदास के समकालीन गिरधरदास ने भी **वाल्मीकिरामायण** का संक्षिप्त अनुवाद प्रस्तुत किया तथा **मुल्ला मसीह** ने **रामायण फैजी, गोविन्द पुत्र गोपालकृत 'तर्जुमारामायण'** (17वीं श. उत्तरार्द्ध) **चन्द्रभान बेदिलकृत वाल्मीकिरामायण का पद्यानुवाद** (औरंगजेब का राज्यकाल) लाला अमर सिंह का गद्यात्मक रामायण 'अमर प्रकाश' (1750 ई.) तथा लाला अमानत राय कृत 'वाल्मीकि रामायण का पद्यानुवाद (1754 ई.) आदि विशेष उल्लेखनीय ग्रंथ हैं।

'पालक पालम' के नाम से भी विख्यात है। सन् 1553 ई. के पहले 'एच. देदिये' ने लाओस में तीन और रामकथा विषयक रचनाओं का पता लगाया था—तुआलाफी; द्वन्द्वभि, लंकानोय तथा पोम्मचका। इनकी अकाल मृत्यु के कारण इन रचनाओं का प्रकाशन नहीं हो पाया है, किन्तु एक अन्य विद्वान ने पोम्पचका की एक हस्तलिपि प्राप्त की है तथा इसके कथानक का सार सन् 1857 ई. में प्रकाशित किया। इस विपुल रामकथा साहित्य के अतिरिक्त अभिनय, कला एवं राजकीय सम्मान में भी लाओस में रामकथा पूर्णरूपेण व्याप्त है।

इस प्रकार चाहे बौद्ध देश थाईलैण्ड हो, चाहे मलय देश और जावा द्वीप का मुसलमान हो और चाहे सुमात्रा द्वीप का हिन्दू हो सभी के लिए राम समान रूप से महान और श्रेष्ठ हैं।

काम मोहित क्रौञ्च दम्पति के वध पर शोकाहत और विह्वल वाल्मीकि की गिरा से श्लोक निर्झर निकलकर आदिकाव्य रामायण में परिणत हो गया और वह एशिया के उत्तरतम हिमाच्छादित साइबेरिया से लेकर इण्डोनेशिया की शस्य-श्यामला भूमि तक मानव की अन्तर्गीति बन, उसकी अन्तरात्मा को आनन्दलहरी से आप्लावित करता है। इस रामध्वनि और रामलीला को एक बार फिर से झंकृत करने के लिए सितम्बर 1971 ई. में इण्डोनेशिया के शिक्षा मन्त्रालय के संस्कृति विभाग ने प्रथम अन्तर्राष्ट्रीय रामायण महोत्सव एवं संगोष्ठी का आयोजन किया। इसी परम्परा में रामायण सम्मेलन की यह विश्वयात्रा प्रथम अन्तर्राष्ट्रीय रामायण सम्मेलन के रूप में 1984 में भारत की अयोध्या से शुरू हुई। पुनः द्वितीय अन्तर्राष्ट्रीय रामायण सम्मेलन थाईलैण्ड की अयोध्या में सन् 1986 ई. में हुआ। इसी क्रम में तृतीय अन्तर्राष्ट्रीय रामायण सम्मेलन 'टोरंटो' में 10-15 जुलाई, 1987 को सम्पन्न हुआ। सम्मेलन के अध्यक्ष श्री लल्लन प्रसाद व्यास ने बताया कि चतुर्थ अन्तर्राष्ट्रीय रामायण सम्मेलन भारत में होगा जिसके अनुसार यह सम्मेलन सन् 1988 में दिल्ली में सम्पन्न हुआ। पुनः पंचम अन्तर्राष्ट्रीय रामायण सम्मेलन 1989 ई. में नेपाल में तथा 1990 में छठा विश्व रामायण सम्मेलन मारीशस में सम्पन्न हुआ। 7वें विश्व रामायण सम्मेलन का आयोजन दक्षिण अमेरिका स्थित सूरी नाम में इसी वर्ष होने वाला है।

आचार्य क्षेमेन्द्र एवं तत्त्वप्रणीत रामायणमञ्जरी का रामकथा वाङ्मय में स्थान

रामायण और महाभारत आर्षग्रन्थ हैं, तथा समस्त आर्यावर्त में ये दोनों ग्रन्थ जनमानस में वन्दनीय एवं समादृत है। यही कारण है, इन ग्रंथों को आधार मानकर समय-समय पर कवियों ने काव्यों की सर्जना की तथा आज भी कवियों की लेखनी

'पेरू' का सूर्यमन्दिर सूर्यवंश के राम की स्मृति को जागृत कर देता है। 'इटली' का 'रोम' नगर अपने मूल रूप में राम का ही अभिव्यञ्जक है 'मिश्र' के राजाओं के नाम भी राम शब्द से संयुक्त हैं। एशिया के पश्चिम में भी कुछ स्थानों के नाम 'राम' शब्द से प्रारम्भ होते हैं, जैसे--रामसर, राम मल्लाह। 'यूनान' की कला और वीरता पर राम की मुद्रा अंकित है। 'रूस का साईबेरिया' और 'चीन के उत्तर का मंगोलिया' रामकथाओं में निस्सृत लोकगाथाओं को अपने क्रोड में संजोए हुए हैं। 'जापान' के राजा का सूर्यवंश और उत्तर में लक्ष्मी का मन्दिर तथा 'ईरान' के राजा का अपने को 'आर्य मिहिर' (सूर्य) कहना, 'आर्यों' के पौराणिक इतिवृत्त को स्मरण करा रहे हैं। फिजी मारिशस, गुयाना, ट्रिनिडाड, सूरीनाम आदि देशों में जहाँ भारत के प्रवासी बड़ी संख्या में विद्यमान हैं वहाँ तो राम का लगभग वही स्वरूप सुरक्षित है, जो भारत में है।

सन् 251 में ही रामायण का चीनी भाषा में 'काङ्सङ्हनी' ने अनुवाद किया। यह भारत से बाहर की भाषा में प्रथम रूपान्तर होने के कारण महत्वपूर्ण है। सन् 472 में चीनी भाषा में एक दूसरा अनुवाद हुआ जो 'केकय' ने लुप्त संस्कृति कृति 'दशरथ निदान' से किया था 16वीं शती में चीनी-उपन्यास परम्परा में 'वानर' नाम से सुविख्यात उपन्यास लिखा गया, जिसमें हनुमान जी द्वारा सीता जी की खोज का स्पष्ट प्रमाण मिलता है।

रामकथा का प्रचार उत्तर के दूरतम प्रदेश 'साइबेरिया' तक हुआ। यहाँ रामायण तिब्बत होती हुई पहुँची। 'तुनह्वाङ' की गुफाओं से क्रमशः 7वीं, 29वीं शती की दो तिब्बती पाण्डुलिपियाँ मिली हैं, जिनमें रामायण की दो शाखाएँ हैं 15वीं शती में 'शाङ् शुङ्पा छोवाङ ड्राक्याइपाल' ने तिब्बती भाषा में छन्दोबद्ध रामायण लिखी। काव्यादर्श और सुभाषित रत्ननिधि की तिब्बती टीकाओं में भी रामायण उपलब्ध है।

तिब्बती की ही भाँति खोतान की रामकथा जो नवीं शताब्दी ई. की मानी जाती है, तिब्बती रामायण से बहुत कुछ मिलती-जुलती है।

छठी शताब्दी में सिंहली नरेश एवं कवि 'कुमारदास' ने 'जानकी हरण' काव्य की रचना की। यह लंका में रचित प्राचीनतम संस्कृत ग्रन्थ है। 12वीं शती में एक अज्ञातनामा लेखक ने स्थानीय सिंहली भाषा में इसका अनुवाद भी किया। वर्तमान शती में रामायण का सिंहली अनुवाद 'सी. डान. डी.' सिल्वा ने रामायण का रूपान्तर करके श्रीलंका में रामकथा को सुव्याप्त कर दिया। रामायण के आदर्श श्रीलंका की धरोहर बन गये हैं।

दक्षिण पूर्वी एशिया में रामायण को प्रसारित करने में 'इण्डोनेशिया' का विशेष योगदान रहा है। इण्डोनेशिया की प्राचीनतम राम सम्बन्धी साहित्यिक रचना

प्रस्तुत शोधकार्य का औचित्य एवं अपेक्षा

पूर्वोक्त विवरण से 'रामायणमञ्जरी' की महिमा एवं गरिमा तो सुस्पष्ट ही हो जाती है, किन्तु खेद है कि रामकथा सम्बन्धी इस महत्वपूर्ण काव्य का अभी तक कोई साहित्यिक अथवा आलोचनात्मक विवरण प्रस्तुत नहीं किया जा सका था; जिससे इस ग्रंथ में वर्णित रामकथा सम्बन्धी तथ्यों तथा इसके साहित्यिक अङ्गों एवं उपाङ्गों का स्पष्ट विवरण लोगों के समक्ष प्रस्तुत किया जा सके। शोधकर्त्ता ने इन्हीं बातों को ध्यान में रखते हुए, आर्यावर्त का निवासी होने के कारण, एक आस्थावान हिन्दू परिवार का सदस्य होने के कारण, तथा राम भक्ति की प्रबल भावना से ओत-प्रोत होने के भी कारण, 'रामायणमञ्जरी' से सम्बद्ध अनुसन्धान कार्य के सम्पादन में ही अपना सौभाग्य अनुभव किया।

संदर्भ

1. वैदिक वाङ्मय में रामकथा हेतु विशेष द्रष्टव्य–रामकथा-बुल्के, पृ. सं. (1-24)
2. ऋग्वेद 10 ।60 ।4
3. अथर्ववेद वे. 19 ।39 ।9
4. ऋग्वेद 1 ।126 ।9,
5. वही, 10 ।93 ।14
6. ऐतरेय ब्राह्मण 7 ।27 ।24
7. शतुपथ ब्राह्मण 4 ।6 ।1 ।7
8. जैमिनीय उपनिषद् ब्राह्मण 3 ।7 ।3 ।2 व 4 ।9 ।1 ।1
9. शतुपथ ब्राह्मण 10 ।6 ।1 ।2
10. छान्दोग्य उपनिषद् 5 ।11 ।4
11. कृष्णयजुर्वेद तैत्तिरीय ब्राह्मण 3 ।10 ।9
12. शतुपथ ब्राह्मण 11 ।3 ।1 ।2-4, वही 11 ।6 ।1 ।2 ।1-10, वही 11 ।4 ।3 ।20, वही 11 ।6 ।3 ।1
13. वृहदारण्यकोपनिषद् 4 ।11 से 4 ।4 ।7,
14. वही 5 ।14 ।8 व 2 ।11
15. 'बौद्ध एवं जैन वाङ्मय में रामकथा' के विस्तार हेतु–रामकथा-बुल्के, पृ. सं. (56-101)
16. पौराणिक साहित्य में रामकथा के विस्तार हेतु तत्सम्बन्धी पुराण एवं रामकथा–बुल्के (147-165)
17. योगवाशिष्ठ रामायण–संपादक, वासुदेव शर्मा,
18. अध्या. रा.–गीता प्रेस, गोरखपुर
19. आन. रा.–पं. रामतेज पाण्डेय
20. अद्भुत रामायण–टीका. पं. ज्वाला प्रसाद मिश्र
21. रामकथा–बुल्के, (170-171)

सौ बार अभिनय करता है। यह मनोरंजन मात्र नहीं अपितु इसका धार्मिक महत्व भी है।

'बर्मा' (ब्रह्म देश) में भी रामायण का प्रचार शताब्दियों से रहा है। बर्मा नरेश क्यान्जित्था (सन् 1084-1112) का रामायण से विशेष अनुराग था। उन्होंने अपने को राम का वंशज कहा है। बर्मा में रामायण का आधुनिक अभिनय 21 रात चलता था किन्तु आजकल वह केवल 12 रात पर ही होता है।

सातवीं शती में कम्बोडिया (कम्बुज देश) में सर्वत्र रामायण के उद्धरण पाये जाते हैं, जिनसे पता चलता है कि रामकथा कम्बुज जीवन का अभिन्न प्रतीक बन चुकी थी। विशाल स्मारकों में रक्षित रामायण के शिल्प कम्बुज की ऐतिहासिक घटनाओं के महत्व को समप्रमाण सिद्ध करते हैं। 'बायोन' मन्दिर की बाह्य भित्तियों पर महाराज 'जयवर्मन सप्तम्' की चरम सीमा पर दनदनाती विजय उत्कीर्ण की गयी है। यह रामायण पर आधारित है यह दिखाने के लिए कि कम्बुज के महाराज जयवर्मन राम के अवतार हैं रावण रूपी चाम जाति को पराजित करने के लिए अवतीर्ण हुए थे। सप्तम् जयवर्मन के उपरान्त रामायण कम्बुज जीवन का अभिन्न अंग बन गयी। अभिनय होने लगे, भित्तिचित्रों के रूप में आलेखन होने लगी, कथावाचकों ने गाँव-गाँव घूमकर उसका प्रचार-प्रसार किया और राजभवनों के अभिनय इसके सत्यम्-शिवम् से झंकृत हो उठे। यह कम्बुज देश के मानस की भव्यतम् लीला बन गयी। यहाँ पर यह उल्लेखनीय एवं महत्वपूर्ण तथ्य है कि आंकोर के विशाल वैष्णव मन्दिर में उत्कीर्ण रामायण, जावा के रामायण काकविन के अधिक समीप है।

थाइलैण्ड (श्यामदेश) में रामायण का रूपान्तर 'रामकियेन' के नाम से प्रख्यात है। इसके अतिरिक्त समय-समय पर यहाँ अनेक रामायण लिखी भी जा चुकी हैं, किन्तु सबसे अधिक प्रमाणिक और लोकप्रिय रामायण सन् 1806 में नरेश 'राम प्रथम' ने लिखी थी। इसी नरेश की वंश परम्परा आज भी थाईलैण्ड में चली आ रही है और आज के नरेश भी अपने नाम के साथ 'राम' लगाते हैं। थाइलैण्ड में अयोध्या नाम की नगरी भी है। अयोध्या ही नहीं 'लोबपुरी' (लवपुरी) भी है। बैङ्काक के एक प्रसिद्ध मन्दिर की दीवारों पर रामकियेन की घटनाएँ चित्रित हैं। यहाँ के राष्ट्रीय संग्रहालय में राम की अनेक मूर्त्तियाँ देखी जा सकती हैं। भवन के बाहर भी राम की मूर्ति है।

श्यामदेश के उत्तर पूर्वीय प्रान्तों में 'लाओ' भाषा बोली जाती है। 16वीं शताब्दी में 'राम जातक' की लाओ भाषा में रचना की गयी। राम जातक का एक अन्य रूप

51. रामकथा–बुल्के, पृ. (200)
52. टीकाकार–प्रो. चुन्नी लाल शुक्ल
53. टीकाकार–आचार्य रामचन्द्र मिश्र
54. संपादक–डॉ. गंगा सागर राय
55. रामकथा–बुल्के, पृ. (202, 203, 204)
56. व्याख्याकार–पं. रमाकान्त झा
57. टीकाकार–आचार्य शेषराज शर्मा 'रेग्मी'
58. रामकथा–बुल्के, पृ. (207)
59. रामकथा–बुल्के, पृ. सं. (207, 208, 209)
60. चम्पू काव्य का आलोचनात्मक एवं ऐतिहासिक अध्ययन–डॉ. छविनाथ त्रिपाठी, पृ. सं. (260, 261, 262)
61. 'चम्पू रामायण'–डॉ. करुणा श्रीवास्तव
62. 'कथासरित्सागर' की भूमिका–स्व. पं. केदारनाथ शर्मा
63. रामकथा–बुल्के, पृ. (214, 215)
64. रामकथा–बुल्के, पृ. (215, 216)
65. 'कंब रामायण'–महाकवि कंब कृत मूल तमिल से अनूदित–अनुवादक, श्री न. वी. राज गोपालन,
66. कंब रामायण–वी. एम. गोपाल कृष्णचारियर, पृ. 9
67. तेलुगु साहित्य–तेलुगु में रामकथा–ए. सी. कामाक्षिराव, पृ. सं. (55-72)
68. 'रंगनाथ रामायण' का हिन्दी अनुवाद–अनुवादक ए. सी. कामाक्षिराव
69. मलयालम रामकथा साहित्य हेतु वि. द्र.–मलयालम साहित्य का इतिहास डॉ. के. भास्करन नायर
70. विशेष द्रष्टव्य–कन्नड़ साहित्य में रामकथा के लिए–
    (अ) कन्नड़ साहित्य में रामकथा परम्परा–डॉ. हिरण्यमण्य-मैथिलीशरण गुप्त अभिनन्दन ग्रन्थ, पृ. 751
    (ब) कन्नड़ साहित्य सौरभ–डॉ. हिरण्यमण्य, पृ. 23
71. उड़िया में राम साहित्य–देवी प्रसन्न पट्टनायक–मैथिलीशरण गुप्त अभिनन्दन ग्रन्थ, पृ. 770-777
72. रामकथा–बुल्के, पृ. सं. 229, 230
73. असमीया में राम साहित्य–श्री विष्णुकान्त शास्त्री–मैथिलीशरण गुप्त अभिनन्दन ग्रन्थ–पृ. सं. 831-839
74. बङ्गला साहित्य का संक्षिप्त इतिहास–डॉ. सत्येन्द्र, पृ. सं. 91-92
75. हिन्दी साहित्य का इतिहास–आचार्य रामचन्द्र शुक्ल
76. हिन्दी साहित्य का इतिहास–डॉ. नगेन्द्र, पृ. 202
77. पृथ्वीराजरासो में रामकथा–मैथिलीशरण गुप्त अभिनन्दन ग्रंथ–विपिन बिहारी त्रिवेदी, पृ. 677

इन पर आधारित ग्रंथों की रचना किए बिना नहीं मानती। इसमें भी रामकथा की व्यापकता, लोकप्रियता एवं समृद्धता के विषय में कहना ही क्या। इससे तो प्रायः कोई भी देशी अथवा विदेशी साहित्य अछूता नहीं रहा, फिर आदि भाषा संस्कृत में आदिकाव्य की रचना होने के कारण, संस्कृत वाङ्मय रामकथा की सामग्री से भरा पड़ा है। महर्षि वाल्मीकि के परवर्ती संस्कृत कवियों ने इस रामकथा से सम्बन्धित अनेक काव्यों की रचना करने में ही अपने कवित्व की इतिश्री समझी। इसी शृंखला के अन्तर्गत ईसा की 11वीं शताब्दी में क्षेमेन्द्र नामक सर्वतोमुखी, प्रतिभावान कवि ने भी 'रामायणमञ्जरी' नामक महाकाव्य की रचना करके अपनी लेखनी को पवित्र और अमर कर दिया। संस्कृत साहित्य एवं रामकथा साहित्य में उनकी इस प्रसिद्ध कृति 'रामायणमञ्जरी' को गौरवपूर्ण स्थान प्राप्त है। महाकवि क्षेमेन्द्र 'रामायणमञ्जरी' और 'भारतमञ्जरी' के रचयिता थे जिससे यह पता चलता है कि कवि क्षेमेन्द्र रामायण और महाभारत से अधिक प्रभावित थे। किन्तु इसमें भी रामकथा से उनका कुछ अधिक लगाव ही दिखाई पड़ता है। इसका प्रत्यक्ष उदाहरण 'वृहत्कथामञ्जरी' एवं 'भारतमञ्जरी' में वर्णित रामचरित तथा 'दशावतारत्वरित' का रामावतार प्रसंग है। इतने पर भी जब कवि की लेखनी की–रामकथा विषयक पिपासा नहीं शान्त हुई तो उसने महाकाव्य 'रामायणमञ्जरी' की ही सर्जना कर डाली। रामायणमञ्जरी वाल्मीकि कृत रामायण का सरस और काव्यमय संक्षेप है। रामकथा वाङ्मय के इस अत्यन्त महत्वपूर्ण ग्रन्थ की रचना के पूर्व भी कई संस्कृत कवियों ने रामकथा पर अनेक उपजीवी ग्रंथों की रचना की है, किन्तु महर्षि के पद-चिह्नों पर चलते हुए तथा उन्हीं की भाँति आद्योपान्त कथानक एवं घटनाओं का चित्रण करने वाले आचार्य क्षेमेन्द्र प्रथम महाकवि हैं। ग्रन्थ के प्रारम्भ में ही आचार्य क्षेमेन्द्र महर्षि की वन्दना करते हुए कहते हैं[91]–

ज्येष्ठो जयति वाल्मीकिः सर्गबन्धे प्रजापतिः।
यः सर्वहृदयालीनं काव्यं रामायणं व्यधात्।।
नुमः सर्वोपजीव्यं तं कवीनां चक्रवर्तिनम्।
यस्येन्दुधवलैः श्लोकैर्भूषिता भुवनत्रयी।।

इसी प्रकार ग्रन्थ के अवसान पर भी वर्णों में ओंकार की भाँति तथा कवियों में प्रथम मुनि वाल्मीकि की पुनः एक बार वन्दना करते हुए आचार्य क्षेमेन्द्र कहते हैं[92]–

स वः पुनातु वाल्मीकेः सूक्तामृतमहोदधिः।
ओंकार इव वर्णानां कवीनां प्रथमो मुनिः।।

22. रामकथा–बुल्के (172)
23. भुशुण्डिरामायण–संपादक डॉ. भगवती प्रसाद सिंह,
24. रामकथा–बुल्के, (173, 174)
25. वही (173, 181, 182, 183)
26. वाल्मी. रामा. (1।4।27)
27. संस्कृत महाकाव्यों के रचनाकाल एवं साहित्यिक समालोचना के लिए द्रष्टव्य–
    (अ) हिस्ट्री ऑफ संस्कृत लिटरेचर–प्रो. ए. वी. कीथ
    (ब) संस्कृत काव्यशास्त्र का इतिहास–डॉ. सुशील कुमार डे
    (स) संस्कृत साहित्य का इतिहास–पं. बलदेव उपाध्याय एवं डॉ. कपिल देव द्विवेदी
28. रघुवंश–व्याख्या. डॉ. श्रीकृष्णमणि त्रिपाठी
29. भट्टिकाव्य–संपा. पं. शिवदत्त
30. हिस्ट्री ऑफ संस्कृत लिटरेचर, प्रो. ए. वी. कीथ, पृ. सं. 116
31. जानकीहरण–पं. ब्रजमोहन व्यास
32. रामकथा बुल्के, पृ. सं. (188, 189)
33. रामायणमञ्जरी–सम्पा. पं. शिवदत्त शास्त्री एवं काशीनाथ पाण्डुरङ्ग परब
34. दशावतारचरित–सम्पा. पं. दुर्गाप्रसाद एवं काशीनाथ पाण्डुरङ्ग परब
35. उदारराघवम्–सम्पा. डॉ. सुधाकर मालवीय
36. रामकथा–बुल्के (190-196)
37. संस्कृत साहित्य का इतिहास–पं. बलदेव उपाध्याय, पृ. 307, 308, 309
38. वही पृ. 308,
39. वही पृ. 309,
40. रामकथा–बुल्के, पृ. 211
41. संस्कृत साहित्य का इतिहास–पं. बलदेव उपाध्याय, पृ. 302, 314
42. रामकथा–बुल्के, पृ. 211, 212, 213
43. रामकथा-बुल्के, पृ. (213)
44. संस्कृत साहित्य का समीक्षात्मक इतिहास–डॉ. कपिलदेव द्विवेदी, पृ. 255 से 263 तक
45. जानकीजीवनम्-वैजयन्ती प्रकाशन, इलाहाबाद
46. रामकथा सम्बन्धी संस्कृत नाटकों के रचनाकाल एवं साहित्यिक समालोचना के लिए–
    (अ) हिस्ट्री ऑफ संस्कृत लिटरेचर–प्रो. ए. वी. कीथ
    (ब) संस्कृत काव्यशास्त्र का इतिहास–डॉ. एस. के. डे.
    (स) संस्कृत साहित्य का इतिहास–पं. बलदेव उपाध्याय एवं डॉ. कपिलदेव द्विवेदी
47. व्याख्याकार–डॉ. जगदीश चन्द्र मिश्र
48. टीकाकार–डॉ. रामचन्द्र मिश्र
49. टीकाकार–डॉ. रमाशंकर मिश्र
50. टीकाकार–आचार्य रामचन्द्र मिश्र

78. सूरसागर प्रथम खण्ड–सम्पादक नन्ददुलारे वाजपेयी
79. हिन्दी साहित्य का इतिहास–डॉ. नगेन्द्र, पृ. 203
80. विशेष द्रष्टव्य–राजस्थानी भाषा में रामकथा सम्बन्धी ग्रंथ–अगरचन्द नाहटा–मैथिलीशरण गुप्त अभिनन्दन ग्रंथ, पृ. 840-843
81. तुलसीदासोत्तर हिन्दी रामसाहित्य–डॉ. रामलखन पाण्डे–अभिनव भारती प्रकाशन, इलाहाबाद
82. तुलसीदासोत्तर हिन्दी राम साहित्य–डॉ. रामलखन पाण्डे
83. रामभक्ति साहित्य में मधुर उपासना–डॉ. भुवनेश्वर प्रसाद मिश्र
84. तुलसीदासोत्तर हिन्दी राम साहित्य–डॉ. रामलखन पाण्डे
85. तुलसीदासोत्तर हिन्दी राम साहित्य–डॉ. रामलखन पाण्डे
86. पाण्डुलिपियां–हिन्दी साहित्य सम्मेलन प्रयाग, पृ. सं. 414-416
87. तुलसीदासी रामचरितमानस और एकनाथी भावार्थ रामायण–डॉ. विनय मोहन शर्मा, पृ. 4
88. रामकथा–बुल्के पृ. 258
89. गुजराती में रामसाहित्य के लिए–'गुजराती साहित्य का इतिहास' श्री जयन्त कृष्ण' हरिकृष्ण दबे–हिन्दी समिति ग्रन्थमाला 68
90. विशेष द्रष्टव्य–'रामायण काकविन का सर्वप्रथम संस्कृत एवं हिन्दी रूपान्तर' द्वारा–डॉ. राजेन्द्र मिश्र (प्रकाशनाधीन)
91. रामायणमञ्जरी, बालकाण्ड, श्लोक सं. 2, 3
92. रामायणमञ्जरी, उपसंहार, श्लोक सं. 2

2

क्षेमेन्द्र का व्यक्तित्व एवं कर्तृत्व

आचार्य क्षेमेन्द्र की जन्मभूमि

सरस्वती की लीला-विलास भूमि काश्मीर में संस्कृत साहित्य की श्री-वृद्धि करने वाले अनेक विद्वद्रत्न हुए हैं। शास्त्रीय विचार-विमर्श से लेकर सरस तथा सुमधुर साहित्य तथा प्रत्येक प्रकार की रचनाओं के लिए संस्कृत भाषा और वाङ्मय का इतिहास इस प्रदेश का ऋणी है। नाट्यशास्त्र पर 'अभिनव भारती' नाम की प्रख्यात टीका तथा 'प्रत्यभिज्ञाविमर्श' आदि प्रसिद्ध ग्रंथों के रचयिता श्रीमद्भिनवगुप्तपादाचार्य, 'काव्यप्रकाशकार' आचार्य मम्मट, संस्कृत में उपलब्ध एक मात्र प्राचीन ऐतिहासिक ग्रंथ 'राजतरंगिणी' के लेखक कल्हण, 'वृहत्कथा' जिसे धनञ्जय ने रामायण और महाभारत के समान विख्यात बताया है,[1] के लेखक गुणाढ्य और 'विक्रमाङ्कदेवचरितः जैसे ध्वनिप्रधान काव्य और 'चौरपञ्चाशिका' जैसे सरस तथा माधुरी मण्डित गीतिकाव्य के रचयिता विल्हण तथा संस्कृत के विशालतम् महाकाव्य 'हरविजय' के लेखक रत्नाकार आदि कमजोर में ही उत्पन्न हुए थे। प्राचीन काल में यह देश-विभाजन विद्या और अध्ययन का केन्द्र माना जाता था। वहाँ शास्त्रीय परीक्षा भी होती थी तथा कवियों की कृतियों का निर्णय भी हुआ करता था। वहाँ शास्त्रीय परीक्षा भी होती थी तथा कवियों की कृतियों का निर्णय भी हुआ करता था। प्रसिद्धि है कि श्री हर्ष को भी अपने काव्य की उत्कृष्टता के प्रमाण के लिए काश्मीर जाना पड़ा था। शैवागस तथा प्रत्यभिज्ञा-दर्शन की जन्मभूमि भी काश्मीर ही है।

ईसा की ग्यारहवीं शताब्दी में इसी विद्वत्प्रसू शारण देश में क्षेमेन्द्र नामक सर्वतोमुखी प्रतिभावान रत्न का अभ्युदय हुआ जिसने संस्कृत साहित्य के विविध क्षेत्रों को अपनी लेखनी से समृद्ध कर सम्पूर्ण वाङ्मय को अक्षुण्ण बना दिया।

जहाँ तक इस विद्वद्रत्न के जन्म स्थान का सम्बन्ध है, उन्होंने इस सम्बन्ध में कोई सूचना नहीं दी है कि किस गाँव तथा प्रमण्डल में इनका जन्म हुआ। किन्तु

भारत के शीर्षस्थानीय, सुन्दरता के लिए प्रसिद्ध काश्मीर को ही इन्होंने अपने जन्म से अलंकृत किया, यह बात निर्विवाद सत्य है। 'प्रो. सिलवालेवी'[2] तथा 'डॉ. पी. एल. वैद्य'[3] आदि विद्वानों ने भी इसे स्वीकार किया है। लेवी के कथन से ऐसा प्रतीत होता है क्रि क्षेमेन्द्र का जन्म कश्मीर में हुआ और उन्होंने अपना सम्पूर्ण जीवन वहाँ बिताया। किन्तु 'पण्डित काल[4] के अनुसार वे अपने जन्मस्थान कश्मीर में सदा ही बंधे न रहे अपितु दूर-दूर तक देशाटन भी किया।

काश्मीर उनका जन्मस्थान माना जाय इसमें क्षेमेन्द्र की उक्ति भी साधिका सिद्ध होती है। क्योंकि कवि क्षेमेन्द्र ने अपने ग्रंथों में बड़े ही सम्मानपूर्वक अपनी जन्मभूमि काश्मीर का उल्लेख किया है।[5] पुनः राजा कलश तथा अनन्त के शासन काल में अपने को बताकर कवि ने अपनी जन्मभूमि के लिए पुष्ट प्रमाण प्रस्तुत किया है।[6]

इस प्रकार अपना परिचय देने के सन्दर्भ में क्षेमेन्द्र ने काश्मीर का उल्लेख बड़े यत्न, गौरव और अनुराग के साथ स्पष्ट रूप से किया है। इस संदर्भ में 'नर्ममाला'[7] का यह श्लोक द्रष्टव्य है—

अस्ति स्वस्तिमतामतामग्रयं मण्डितं बुधमण्डलैः।
खण्डिताखण्डलावासदर्प काश्मीरमण्डलम्।।

'वृहत्कथामञ्जरी'[8] के कतिपय अन्य श्लोकों से यह ध्वनित होता है—

वितेस्तेत्यस्ति तटिनी मोक्षश्रीहारवल्लरी।
रिङ्गतरङ्गभ्रूभङ्गैस्तर्जयन्तीव कल्मषम्।।
तयास्ति लोललहरीक्षात्यमानजोव्रजम्।
काश्मीरमण्डलनाम मण्डलंसर्वसम्पदाम्।।
यस्मिन्नरीकपोलेषु कान्तिकल्लोलितोर्मिषु।
बिम्बागतः शशीधत्ते सुधागर्भमुखं पुनः।।
तीक्ष्णं तपति नोष्णांषुः करैः कुसुमकोमलैः।
त्वष्ट्रेवयत्र लावण्य नवनीतेन निर्मितः।।
सूक्ततार्पितारणत्तार-हार-नूपुर-मेखला।
नृत्यतीव कवीन्द्राणां यत्र वक्त्रे सरस्वती।।

उपर्युक्त प्रमाणों के आलोक में यह निश्चित रूप से कहा जा सकता है कि आचार्य क्षेमेन्द्र का जन्म काश्मीर में ही हुआ था। जहाँ तक काश्मीर में त्रिफर गाँव के नजदीक त्रिपुरशैल, जो ढाल-झील से लगभग तीन मील की दूरी पर है, की बात है, वह उनका जन्म स्थान न होकर अवसान स्थान रहा होगा, ऐसा 'पण्डित काल'

ने स्पष्ट लिखा है।[9] वास्तव में उन्होंने अपने ग्रंथों में जो सिद्धान्त प्रतिपादित किया है, लगभग उन्हें व्यवहार में भी लाने का प्रयास किया।[10] चारुचर्या नामक शतक में उन्होंने स्पष्ट लिखा है कि ब्रह्मचर्य, गार्हस्थ्य आदि आश्रमों में क्रमशः प्रवेश करना चाहिए।[11] रामायणमञ्जरी'[12] में भी उनकी इस भावना का परिचय मिलता है। अपनी इन्हीं भावनाओं के अनुसार क्षेमेन्द्र सम्भवतः जीवन के अन्त में त्रिपुरशैल जैसे शान्तिमय एवं पवित्र पवर्त पर वानप्रस्थ बिताते हुए इहलीला समाप्त की हो; वह युक्तियुक्त प्रतीत होता है।[12]

काल निर्णय

संस्कृत वाङ्मय की समृद्धि हेतु जीवनोपरान्त प्रयत्न करने वाले कवियों में आचार्य क्षेमेन्द्र का सर्वोत्कृष्ट स्थान है। परम्परया अन्य कवियों की भाँति आचार्य क्षेमेन्द्र भी अपने जीवनवृत्त से सम्बन्धित तथ्यों को अपने ग्रंथों में उद्घोषित करना नहीं भूलते हैं। यद्यपि उन्होंने कहीं भी सुव्यवस्थित रूप से अपने जीवन परिचय का उल्लेख नहीं किया है जिससे उनके कालक्रम आदि का परिज्ञान हो सके परन्तु फिर भी उनके ग्रंथों में यत्र-तत्र बिखरे हुए सन्दर्भों से हम इस विषय में कुछ संकेत प्राप्त कर सकते हैं। प्रायः प्रत्येक ग्रंथ के अन्तिम उपसंहार के श्लोकों में हमें कुछ-न-कुछ सूचना उनके विषय में मिल जाती है। सम्प्रति उन्हीं बिखरे हुए तथ्यों के आलोक में क्षेमेन्द्र के कालनिर्णय का प्रयास किया जाता है।

आचार्य क्षेमेन्द्र अपनी कृतियों के अन्त में अपने विरद और ग्रन्थ की समाप्ति के समय के साथ-ही-साथ अपने आश्रयदाता का भी बड़े सम्मानपूर्वक उल्लेख करते हैं। महाकवि ने औचित्यविचारचर्चा,[13] कविकण्ठाभरण[14] और सुवृत्ततिलक[15] में राजा अनन्त का उल्लेख किया है। दशावतारचरित[16] में उन्होंने राजा कलश के नाम का भी संकीर्तन किया है। इससे यह सुस्पष्ट हो जाता है कि उन्होंने राजा कलश और अनन्त के शासनावधि में ही अपने ग्रन्थों की सर्जना की।

पूर्वोक्त तथ्यों की जानकारी के अनन्तर यह प्रश्न उठता है कि महाराज अनन्त और कलश शारद देश में किस समय सिंहासनारूढ़ थे तथा उनके बीच क्या सम्बन्ध था? इसकी जानकारी के लिए प्रसिद्ध संस्कृत ऐतिहासिक ग्रन्थ 'राजतरङ्गिणी' का अनुशीलन आवश्यक हो जाता है। राजतरिङ्गणी में अनन्त को राजा कलश का पिता बताया गया है।[17] अनन्त के पिता संग्रामराज ने अपने ज्येष्ठ पुत्र हरिराज[18] को लौकिक सम्वत् अथवा सप्तर्षि सम्वत् चार (4) में राज्याभिषिक्त किया। किन्तु वह अधिक दिनों तक सिंहासनारूढ़ नहीं रह सका। दुर्भाग्य से राज्याभिषेक के 22वें दिन के अनन्तर ही उसका प्राणान्त हो गया।[19] तदनन्तर अनन्त को राज्यभार सौंप दिया

गया।[20] चूंकि राजा हरिराज लौकिक सम्वत् चार के आषाढ़ मास के प्रथम दिन को ही राज्याभिषिक्त हुआ था अतएव 22 दिन को छोड़कर शेष सम्वत् चार से ही राजा अनन्त का कार्यकाल प्रारम्भ हो जाता है। राजरङ्गिणी से यह भी ज्ञात होता है कि राजा अनन्त लौकिक सम्वत् 39 तक राज्य किये थे।[21] यद्यपि इस समय राजा अनन्त बहुत स्वस्थ थे, अर्थात् राज्य संचालन के लिए उपयुक्त एवं समर्थ थे किन्तु भार्या द्वारा संप्रेरित होने पर इन्होंने अपने पुत्र कलश का राज्याभिषेक कर दिया।[22] राज्याभिषेक के समय कलश अत्यधिक अल्पवय थे, जैसा कि राजतरङ्गिणी में वर्णित है कि पिता के समीप ही भोजन करने वाले कलश, नाम मात्र के राजा हो गये थे।[23] राज्य के सम्पूर्ण कार्यभार तो अनन्त ही संभालते थे। हाँ इतना अवश्य था कि वे पुरोहित के सदृश पिता अनन्त के सहायक थे। अन्त में महाराज अनन्त के लौकिक सम्वत् 55 में स्वर्गवासी होने का उल्लेख भी राजतरङ्गिणी में वर्णित है।[24]

आचार्य क्षेमेन्द्र ने अपनी अधिकांश कृतियों में लौकिक सम्वत् का उल्लेख किया है। यद्यपि ऐसा करने में उन्होंने शताब्दियों का निश्चित उल्लेख नहीं किया है, परन्तु यह कभी कल्हण कृत राजतरङ्गिणी की सहायता से दूर की जा सकती है और उनका समय स्थिर किया जा सकता है। लौकिक सम्वत् जो कि सम्प्रति काश्मीर में प्रवर्तमान है कलियुग के 25वें वर्ष में प्रारम्भ हुआ।[25] प्रायः ऐसा देखा जाता है कि जब लौकिक वर्ष का प्रयोग होता है तब शताब्दियों का उल्लेख नहीं किया जाता है। यथा–कल्हण (चतुर्थ समाषाढ़प्रारम्भाहे) और अभिनव गुप्त (इति नवतितमेऽस्मिन वत्सरे) लौकिक सम्वत् के चलने वाले वर्ष मात्र का ही उल्लेख करते हैं। राजतरङ्गिणी के अध्ययन से यह निर्मित होता है कि लौकिक सम्वत् का प्रारम्भ 3075 ई. में हुआ।[26] अतः इस कालक्रम के आधार पर कल्हण द्वारा वर्णित राजाओं के लौकिक सम्वत् को ईस्वी सन् में देखा जा सकता है। इस प्रकार राजा अनन्त का राज्यारोहण (4104-3075) = 1029 ई. में हुआ तथा इन्होंने (4139-3075) = 1064 ई. तक शासन किया। महाराजा अनन्त के बाद उनके पुत्र एवं उत्तराधिकारी कलश 1064 ई. में सिंहासनारूढ़ हुए। अनन्त के जीवनकाल तक नाममात्र के राजा कहलाने वाले कलश ने अपने पिता की मृत्यु (4155-3075) = 1080 ई. के बाद से 1088 ई. तक राज्य किया। चूंकि राजा कलश का शासनकाल 1064 ई. से ही प्रारम्भ हो गया था। अतएव महाकवि क्षेमेन्द्र ने दशावतारचरित का रचनाकाल जो महाराजा कलश के समय का बताया है, वह उसके रचनाकाल के समय (4141-3075) = 1066 ई. को देखते हुए ठीक ही है।

महाकवि क्षेमेन्द्र ने वृहत्कथामञ्जरी,[27] समयमातृका[28] तथा दशवतारचरित[29]

के अन्त में लौकिक सम्वत् में ही इन कृतियों के रचनाकाल का उल्लेख किया है। अतः ऊपर की गई काल गणना के अनुसार इन कृतियों का भी रचनाकाल ई. सन् में रखने में कोई कठिनाई नहीं होगी।

अतएव वृहत्कथामञ्जरी का रचनाकाल (4112 – 3075) = 1037 ई. में हुई। समयमातृका की रचना (4125 – 3075) = 1050 ई. में तथा दशावतारचरित की रचना (4141 – 3075) = 1066 में हुई।

इसी प्रकार सोमेन्द्र ने अवदानकल्पलता की भूमिका में यह स्पष्ट उल्लेख किया है कि इस ग्रन्थ की समाप्ति लौकिक सम्वत् 27 में हुई।[30] ई. सन् में इसका उल्लेख (4127 – 3075) = 1052 ई. के रूप में किया जा सकता।

महाकवि क्षेमेन्द्र के उपलब्ध ग्रन्थों में सबसे प्राचीन वृहत्कथामञ्जरी 1037 ई. तथा नवीनतम दशावतारचरित 1066 ई. है। इससे यह विदित होता है कि अनन्त के शासनकाल से लेकर कलश के शासन के प्रारम्भिक वर्षों तक क्षेमेन्द्र अपनी रचनाओं के प्रणयन में व्यस्त थे।

इस प्रकार एक कवि के रूप में क्षेमेन्द्र का परिचय हमें सर्वप्रथम 1037 ई. में होता है। इससे पूर्व एक रचयिता के रूप में इसका कोई परिचय नहीं प्राप्त होता है। ऐसा प्रतीत होता है कि आचार्य क्षेमेन्द्र को कवि की श्रेणी में आने के पूर्व कठोर साहित्य साधना करनी पड़ी होगी, क्योंकि उन्होंने स्वतः कविकण्ठाभरण में स्वीकार किया है कि कवि बनने के लिए दिव्य प्रयत्न तथा पौरुष की आवश्यकता पड़ती है। इससे यह ध्वनित होता है कि कवि को प्रथम सर्जना के पूर्व कई वर्षों साहित्य साधना में भगीरथ प्रयत्न करना पड़ा होगा।

वृहत्कथामञ्जरी में इसका उल्लेख प्राप्त होता है कि आचार्य क्षेमेन्द्र ईश्वरप्रत्यभिज्ञाविमर्शिनी के टीकाकार अभिनवगुप्तपदाचार्य से साहित्यशास्त्र का अध्ययन किए थे।[31] यहाँ यह प्रश्न उठता है कि अभिनव गुप्त की इस टीका का रचना काल क्या है?

अभिनव गुप्त ने विद्याविवृत्ति के अन्त भाग में एक श्लोक लिखा है जिसमें वे इस टीका की रचना की समाप्ति का समय लिखा है।[32] इसमें लौकिक सम्वत् 4090 का उल्लेख है जिसे (4090 – 3075) = 1015 ई. में समीकृत किया जा सकता है। चूंकि अभिनवगुप्त का कर्तृत्वकाल 880 ई. से 1020 ई. के बीच पड़ता है। अतः क्षेमेन्द्र ने 1020 के आस-पास अभिनवगुप्त ने अध्ययन किया होगा। इसके बहुत बाद में चलकर वृहत्कथामञ्जरी लिखना प्रारम्भ किया होगा। अभिनवगुप्त के जीवन के अन्तिम भाग में क्षेमेन्द्र ने उनके चरणों में बैठकर अध्ययन किया

होगा।[33] अतः 1037 ई. के बहुत पहले क्षेमेन्द्र की जन्म-तिथि निश्चित की जानी चाहिए। श्री मधुसूदन कौल "Deshopadesh and Narmmala of Kshemendra" की भूमिका में लिखते हैं–अभिनवगुप्त से साहित्यशास्त्र का अध्ययन करने के लिए और उसकी गुत्थियों को समझने के लिए एवं साहित्यशास्त्र की एक सामान्य जानकारी के लिए क्षेमेन्द्र को कम-से-कम 25 वर्ष का होना तर्कसंगत लगता है।[34] इन तथ्यों के आधार पर निष्कर्षतः यह कहा जा सकता है कि क्षेमेन्द्र का जन्म लगभग 990 ई. के आसपास हुआ होगा। ऐसी स्थिति में उनका साहित्यिक जीवन जैसा कि वी.पी. महाजन मानते हैं 1010-1015 ई. तक होना चाहिए।[35] डॉ. सूर्यकान्त बृहत्कथामञ्जरी की रचना के समय ग्रन्थाकार की उम्र लगभग 25 वर्ष तथा उनकी जन्म-तिथि 1010 ई. के आस-पास स्वीकार करते हैं।[36] दशावतारचरित 1066 ई. के बाद उनके विषय में कोई जानकारी नहीं मिलती है, क्योंकि दशावतारचरित को ही उनकी अन्तिम रचना मानी जाती है। 1066 ई. के बाद उनकी कोई कृति उपलब्ध नहीं होती है। इससे यह प्रतीत होता है कि 1066 ई. के बाद 1070 ई. तक महाकवि क्षेमेन्द्र का स्वर्गवास हो गया। इस प्रकार उपर्युक्त तथ्यों के प्रकाश में निस्सन्देह रूप से यह कहा जा सकता है कि आचार्य क्षेमेन्द ने 11वीं शताब्दी के प्रथम तीन चरणों में इस धराधाम को अलंकृत कर अपने भगीरथ प्रयत्नों के द्वारा संस्कृत वाङ्मय को समृद्ध एवं अक्षुण्ण बनाया।

क्षेमेन्द्र का वंश वृक्ष

महाकवि क्षेमेन्द्र के ग्रन्थों की एक लम्बी शृङ्खला है, जिसके अवलोकन से सहज ही उनकी वंश परम्परा का ज्ञान हो सकता है। किन्तु खेद है कि महाकवि ने अपने किसी भी ग्रन्थ में समग्र रूप से एक ही स्थल पर कोई ऐसा आत्मवृत्त नहीं लिखा है जिससे जिज्ञासुओं की पिपासा एक बार में ही शान्त हो जाए। हाँ! कवि ने केवल कुछ ग्रन्थों के चरम भागों में स्ववंशादि का अल्प परिचय अवश्य कराया है। यद्यपि इस संक्षिप्त आत्मवृत्त से भी कवि के सम्बन्ध में पूरी-पूरी जानकारी कर पाना सुकर नहीं है, तथापि इसको आधार बनाकर तथा अन्य सोमेन्द्र कृत अवदानकल्पलता की भूमिका एवं कल्हण कृत राजतरङ्गिणी प्रभृति समसामयिक कृतियों के माध्यम से कवि के वैयक्तिक जीवन एवं वंशावली के सम्बन्ध में कुछ निश्चित कर लेना दुष्कर भी नहीं है।

आचार्य क्षेमेन्द्र दशावतारचरित का उपसंहार करते हुए लिखते हैं–"समुद्र से भी गम्भीर सिन्धु नामक एक व्यक्ति हुए उन्होंने प्रकाशेन्द्र को पुत्र के रूप में प्राप्त किया। उन प्रकाशेन्द्र से क्षेमेन्द्र नामक पुत्र उत्पन्न हुआ।[37] बृहत्कथामञ्जरी में अपने

पिता का परिचय एक समुद्र एंव दानी के रूप में देते हुए वे कहते हैं कि उन्हीं से क्षेमेन्द्र नामक तनय उत्पन्न हुआ।"[38] **भारतमञ्जरी** में प्रकाशेन्द्र की दानवीरता का उल्लेख बड़े जोरदार शब्दों में करते हुए कहते हैं कि–"विप्रगण उन्हें कहते थे कि आप इन्द्र ही हैं किन्तु अन्तर इतना है कि आपमें प्रकाश अधिक है।"[39]

रामायणमञ्जरी में अपने पितामह तथा पिता की प्रशंसा करते हुए वे लिखते हैं कि–"सिन्धु (राजा, पक्षा. समुद्र) से दूसरे चन्द्र के समान प्रकाशेन्द्र का जन्म हुआ और उन प्रकाशेन्द्र से क्षेमेन्द्र नामक पुत्र उत्पन्न हुआ।"[40]

क्षेमेन्द्र द्वारा उपर्युक्त ग्रन्थों में वर्णित वंशादि परिचय से यह सुस्पष्ट हो जाता है कि क्षेमेन्द्र प्रकाशेन्द्र के पुत्र और सिन्धु के पौत्र थे।

कविकण्ठाभरण में उल्लिखित एक अन्य तथ्य पर ध्यान देने से पता चलता है कि क्षेमेन्द्र का कोई एक भाई भी था। जिसका नाम चक्रपाल वर्णित है।[41] **बौद्धावदानकल्पलता** की भूमिका में क्षेमेन्द्र के पुत्र सोमेन्द्र का उल्लेख प्राप्त होता है। जिसने पिता क्षेमेन्द्र द्वारा विरचित बौद्धावदानकल्पता की भूमिका लिखी है।[42]

अब जैसा कि अवदानकल्पता की भूमिका से ही स्पष्ट हो जाता है कि उसे क्षेमेन्द्र के पुत्र सोमेन्द्र ने लिखी है। अतः क्षेमेन्द्र के वंश वृक्ष से सम्बन्धित किसी तथ्य पर विप्रतिपति होना तर्कसंगत नहीं प्रतीत होता है। क्योंकि पुत्र द्वारा लिखी गयी अपने पिता के सम्बन्ध में किसी भी बात की विशेषकर वंश वृक्ष से सम्बद्ध प्रमाणिकता स्वयं सिद्ध है।

सोमेन्द्र ने लिखा है कि नरेन्द्र राजा जयापीड के मंत्री थे। नरेन्द्र के वंश में भोगीन्द्र से सिन्धु नामक पुत्र का जन्म हुआ जो सिन्धु अमृत उत्पन्न करने वाले सिन्धु के समान वाणी रूपी सुधा के उत्पत्ति स्थल थे।[43] उनके पुत्र प्रकाशेन्द्र सूर्य के सदृश तेजस्वी थे। प्रकाशेन्द्र अपनी दानवीरता के लिए विख्यात थे। उनके पुत्र का नाम क्षेमेन्द्र था। क्षेमेन्द्र की कीर्तिचन्द्रका विद्वत्मण्डली में चन्द्रमा की भाँति छिटक रही थी।[44]

क्षेमेन्द्र की वंशावली से सम्बन्धित उपर्युक्त नरेन्द्र, भोगीन्द्र, सिन्धु और प्रकाशेन्द्र आदि नामों की जानकारी के अनन्तर यह कौतूहल उत्पन्न होता है कि वास्तव में ये कौन थे, तथा किस समय ये व्यक्ति इस भूतल पर विराजमान थे? सोमेन्द्र की भूमिका से तो यही स्पष्ट होता है कि नरेन्द्र राजा जयापीड के मंत्री थे। क्षेमेन्द्र भी अपने पिता प्रकाशेन्द्र को एक सम्भ्रान्त महापुरुष के रूप में चित्रित करते हैं, जिससे ऐसा प्रतीत होता है कि प्रकाशेन्द्र भी किसी राजा के आश्रित रहे हों, साथ ही किसी उच्च पद पर प्रतिष्ठित रहे हों, जिससे कि उन्हें प्रभूत द्रव्य एकत्रित करने

का सुयोग प्राप्त हुआ। पुनः यदि नरेन्द्र आदि किसी प्रतिष्ठित पद पर रहे होंगे तो काश्मीर के इतिहास में उनका नाम कालक्रमानुसार अवश्य ही उल्लिखित होना चाहिए।

सम्प्रति इस तथ्य की जानकारी हेतु कल्हण कृत राजतरिङ्गणी का आश्रय लेना आवश्यक प्रतीत होता है, क्योंकि काश्मीर के इतिहास की स्पष्ट एवं विस्तृत जानकारी की तो यह अक्षय निधि ही है। क्षेमेन्द्र के प्राचीन वंशज नरेन्द्र जयापीड के मन्त्री थे। राजतरङ्गिणी के अनुशीलन से पता चलता है कि जयापीड नामक दो व्यक्ति हुए। जिसमें प्रथम जयापीड काश्मीर के राजा (850 ई.) थे। दूसरे जयापीड राजा जयसिंह (1128-48 ई.) के आश्रित थे। प्रथम जयापीड संग्रामपीड के बाद काश्मीर के राजा हुए।[45] इस राजा जयापीड के देवशर्मा आदि अनेक मन्त्री थे।[46] परन्तु नरेन्द्र का उल्लेख राजतरङ्गिनी में नहीं हुआ। जबकि सोमेन्द्र उन्हें राजा जयापीड का मन्त्री कहता है। सम्भव है कि मन्त्रिपरिषद् के लब्धप्रतिष्ठित मन्त्रियों में नरेन्द्र का स्थान निम्न रहा हो। परन्तु बहुधा ऐसा देखा जाता है कि मन्त्रिपरिषद् के अन्य मन्त्रियों को कभी-कभी कोई एक मन्त्री अपनी कूटनीति, विद्वत्ता अथवा किसी विशेष गुण से अभिभूत कर उच्च पद पर न रहते हुए भी अपनी श्रेष्ठता का वर्चस्व स्थापित कर लेता है। ऐसी स्थिति में अन्य मन्त्रियों का व्यक्तित्व दब जाता है। परन्तु इतिहास लेखक को तो महत्वपूर्ण मन्त्री को छोड़कर अन्य मन्त्रियों के विषय में उतनी जानकारी नहीं हो पाती। पुनः जहाँ तक दूसरे जयापीड का प्रश्न है, वे तो (1128-48) के मध्य विद्यमान थे। इस काल में क्षेमेन्द्र का वंशज नरेन्द्र को मानना तर्कसंगत नहीं प्रतीत होता है। क्योंकि उन्हें इससे कम-से-कम दो शताब्दी पूर्व होना चाहिए था।

भोगीन्द्र से सम्बन्धित कोई भी तथ्य राजतरङ्गिणी में सुलभ नहीं है। हाँ भोगसेन[47] नामक एक व्यक्ति का अवश्य ही उल्लेख प्राप्त होता है, जो राजा के प्रति सेवा के कारण राजा उच्चल[48] के विश्वासपात्र बन गये। राजतरङ्गिणी में जैसा कि वर्णित है कि यह भोगसेन एक उच्च अधिकारी भी था। महाराज उच्चल (1101-11) तक शासन कर रहे थे। अतः क्षेमेन्द्र के वंशज भोगीन्द्र की तुलना भोगसेन से करना अत्युचित नहीं जान पड़ता क्योंकि भोगीन्द्र को इससे बहुत पहले होना चाहिए था।

सोमेन्द्र, भोगीन्द्र के पुत्र सिन्धु का उल्लेख करते हैं। राजतरङ्गिणी में जिस सिन्धु[49] का उल्लेख प्राप्त होता है वह रानी दिड्डा (958-1003) का खजांची था। सिन्धु और भूय दोनों सहोदर भाई थे। ये दोनों कुयूय के पुत्र थे। भूय नगराधिपति थे। सिन्धु अपने भाई भूय के प्रति विद्वेष रखता था। राजतरङ्गिणी में सिन्धु के बहुत

ही निम्न एवं घृणास्पद चरित्र का वर्णन प्राप्त होता है जबकि क्षेमेन्द्र ने अपने ग्रन्थों में जिस सिन्धु का उल्लेख किया है वे भक्त दानी और अत्यन्त समृद्ध हैं। राजतरङ्गिणी सिन्धु के पुत्र मातंग का उल्लेख करती है जो राजा संग्रामराज का मन्त्री था, जबकि क्षेमेन्द्र के वंशज सिन्धु का पुत्र प्रकाशेन्द्र था। राजतरङ्गिणी के सिन्धु का पिता कुयूय था जबकि क्षेमेन्द्र के वंशज सिन्धु भोगीन्द्र के पुत्र थे। कुयूय के साथ भोगीन्द्र के समीकरण को तर्कसंगत ठहराना अत्युचित नहीं जान पड़ता। राजतरङ्गिणी में सिन्धु के पुत्र, पौत्र आदि का वर्णन नहीं है और न ही प्रकाशेन्द्र का उल्लेख प्राप्त होता है। इसमें केवल क्षेमेन्द्र का उल्लेख 'नृपावली' के रचयिता के रूप में आया है। अतएव क्षेमेन्द्र के पूर्वज सिन्धु राजतरङ्गिणी में वर्णित सिन्धु से बिल्कुल पृथक् है।

उपर्युक्त विवरण से स्पष्ट हो जाता है कि क्षेमेन्द्र के पूर्वजों का नाम प्रामाणिक इतिहास ग्रन्थ राजतरङ्गिणी में नहीं प्राप्त होता है। इससे यह भी सिद्ध हो जाता है कि क्षेमेन्द्र के पूर्वज नरेन्द्र आदि किसी राजा के न तो आश्रित ही थे और न ही किसी उच्च पद पर आसीन थे। यदि ऐसा होता तो उनका उल्लेख राजतरङ्गिनी में अवश्य होता, चूंकि क्षेमेन्द्र उच्चकोटि के कवि थे अतएव उन्होंने अपने पूर्वजों का नाम श्रद्धापूर्वक संकीर्तन किया। परन्तु यह समझना कि वे तत्कालीन राजा के कृपापात्र या वरिष्ठ अधिकारी रहे हों, अत्युचित् नहीं प्रतीत होता। जहां तक प्रकाशेन्द्र की अत्यधिक समृद्धि का प्रश्न है, निरन्तर प्रयत्न तथा उद्योग से धनसंग्रह करना किसी भी अभ्युदयशील एवं पुरुषार्थी के लिए कोई आश्चर्य की बात नहीं है।

अंततः क्षेमेन्द्र तथा सोमेन्द्र के अनुसार कथित वंश परम्परा निम्नलिखित ढंग से प्रस्तुत की जा सकती है–

नरेन्द्र (जयापीड़ के शासनकाल में)
|
भोगेन्द्र
|
सिन्धु
|
प्रकाशेन्द्र
|
क्षेमेन्द्र — चक्रपाल
|
सोमेन्द्र

प्रारम्भिक जीवन एवं शिक्षा

सूर्य के सदृश तेजस्वी, इन्द्र तुल्य प्रकाशेन्द्र के ऊपर भगवती लक्ष्मी की महती अनुकम्पा थी। वह विपुल धन-धान्य एवं वैभव सम्पन्न थे, परन्तु उनकी प्रवृत्ति धन-संग्रह की नहीं थी, अपितु मुक्त हस्त से दान करने में ही वे प्रभूत धन की सार्थकता मानते थे। क्षेमेन्द्र ने वृहत्कथामञ्जरी,[50] रामायणमञ्जरी,[51] भारतमञ्जरी,[52] औचित्यविचारचर्चा[53] तथा दशावतारचरित[54] आदि ग्रन्थों में अपने पिता के दानवीरता की भूरि-भूरि प्रशंसा की है। कवि के सुपुत्र सोमेन्द्र ने भी अपने पितामह की अल्प महत्व वाली अन्य विशेषताओं को छोड़कर संक्षेप में उनकी दानपुष्पता का ही स्तवन किया है।[55] जिससे स्पष्ट होता है कि यही उनके जीवन का प्रधान लक्ष्य था। याचकों के मनोरथ को पूर्ण करने में कल्प-वृक्ष-कल्प थे। सूर्यग्रहण लगने पर उन्होंने विप्रों की तीन लाख मुद्राओं से युक्त तीन कृष्ण मृग चर्म दान में दिया था, फिर भी कम दान करने के कारण उनका मस्तक लज्जा से अवनत हो गया था। उन्होंने देवताओं, ब्राह्मणों को चार करोड़ दान में दिया था। ऐसे धन सम्पन्न किन्तु उच्चकोटि के दानवीर प्रकाशेन्द्र के पुत्र रूप में महाकवि क्षेमेन्द्र उत्पन्न हुए। क्षेमेन्द्र की वांशिक सम्पन्नता के बारे में डॉ. आर्येन्द्र शर्मा लिखते हैं[56]–"He was born with a silver spoon in his mouth."

इतने समृद्ध पिता के पुत्र क्षेमेन्द्र को किसी बात का अभाव रहा होगा, इसकी तो कल्पना ही नहीं की जा सकती। अतएव इनका प्रारम्भिक जीवन एक राजकुमार की तरह विलासी रहा होगा। सम्पन्नता और वैभव की गोद में पलने का प्रभाव निश्चिततः क्षेमेन्द्र की मनोवृत्ति और विलासिता पर पड़ा था। युवावस्था में धन के सम्पर्क से उन्होंने जिन ऐहिक भोग-विलासों का सुख प्राप्त किया होगा उनका परिचय हमें 'देशोपदेश', 'नर्ममाला' तथा अन्य प्रारम्भिक ग्रन्थों के अध्ययन से प्राप्त होता है। इन कृतियों में वे अश्लीलता के स्तर तक पहुंच गये हैं और प्रत्येक वर्णन कवि की अपरिष्कृत रुचि का परिचायक है 'कलाविलास' और 'समय मातृका' आदि में यह प्रवृत्ति इतनी उच्छृङ्खल तो नहीं है, परन्तु फिर भी वेश्याओं आदि का वर्णन उन्होंने इतनी स्वतन्त्रता और स्वाभाविकता से किया है जिससे यह समझने में सन्देह नहीं रहता कि वे उनसे निकटतः परिचित थे। इस दिशा में वे बाण को भी पीछे छोड़ देते हैं।

प्रौढ़ता के आगमन के साथ-साथ क्षेमेन्द्र की प्रतिभा का निखार और मनोवृत्ति का उन्नयन होता हुआ दिखाई देता है। 'अवदानकल्पता', कविकण्ठाभरण', औचित्य विचारचर्चा तथा 'दशावतारचरित' आदि उनके प्रौढ़ कृतित्व और ज्ञान का परिचय

देते हैं। उनकी प्रवृत्ति में होने वाले इस आकस्मिक परिवर्तन के कारण के विषय में लोगों ने नाना प्रकार की कल्पनाएँ एवं संभावनाएँ व्यक्त की हैं। कोई उनकी पत्नी और पिता की मृत्यु से उत्पन्न होने वाली विरक्ति को इस परिवर्तन का श्रेय देता है, तो कोई भोग-विलास की अति के पश्चात् उनकी ओर से स्वभावतः हो जाने वाली अरुचि को इसका कारण मानता है। जहाँ तक अनुमान है कि अवस्था और अनुभव के विकास के साथ ही ज्ञान की वृद्धि और उसी के फलस्वरूप मनुष्य के चरित्र में आने वाली दृढ़ता और गुरुता को इसका मूल समझना चाहिए।

धनी और सम्पन्न पिता के पुत्र होने के कारण क्षेमेन्द्र की सभी सुविधाएं प्राप्त थीं और जीवन के विविध पक्षों को उन्होंने पर्याप्त अनुभव भी प्राप्त किया था। फिर भी धन से उत्पन्न होने वाले मद का उनमें अभाव था। विद्या और ज्ञान जहाँ कहीं से भी प्राप्त हो सके, प्राप्त करना चाहिए, यह उनका सिद्धान्त था।

आचार्य क्षेमेन्द्र ने अपने जीवन के हर पहलू पर कुछ-न-कुछ अवश्य ही प्रकाश डाला था। उनकी शिक्षा-दीक्षा के सम्बन्ध में अन्तरंग प्रमाणों से विदित होता है कि उन्होंने उच्चकोटि की शिक्षा प्राप्त की थी। पुनः अच्छी शिक्षा प्राप्त करने के लिए उन्हें बहुत ही अनुकूल परिस्थितियां भी रही होंगी, इसमें कोई सन्देह नहीं। 'कविकण्ठाभरण'[57] में कवि ने शिक्षा नामक जो द्वितीय सन्धि का प्रणयन किया है, बहुत सम्भव है उन्होंने कवि होने के पूर्व की अवस्था में इसका अध्ययन किया हो और भली-भाँति अपने कवि जीवन में उसे ढालने का प्रयास किया हो।

जैसा कि इस अध्याय के पूर्व में हम देख चुके हैं कि महाकवि क्षेमेन्द्र ने ज्ञानम्बुधि, आचार्य शिरोमणि, विद्याविवृत्तिकार **अभिनवगुप्त** से उन्होंने साहित्य शास्त्र का अध्ययन किया था।[58] **सोमपाद** नामक वैष्णवाचार्य से उन्होंने अध्यात्मविद्या का अध्ययन किया था।[59] औचित्यविचारचर्चा[60] में आशीर्वचनोचित्य के उदाहरण में उन्होंने अपने उपाध्याय गङ्गक का एक श्लोक उद्धृत किया है जिससे लगता है कि उन्होंने गङ्कक से भी अध्ययन किया था। इस प्रकार इन आचार्यों की शृंखला से स्पष्ट हो जाता है कि आचार्य क्षेमेन्द्र किसी भी विषय का अध्ययन केवल उसके विशेषज्ञ से ही करना पसन्द करते थे। यही कारण है कि उन्होंने साहित्यशास्त्र का अध्ययन अभिनवगुप्त से किया और वैष्णव दर्शन का अनुशीलन सोमपाद से किया। सोमेन्द्र विरचित बौद्धावदानकल्पलता की भूमिका में आचार्य **गोपदन्त, आचार्य वीरभद्र तथा आचार्य सूर्यश्री** का उल्लेख मिलता है। क्षेमेन्द्र को अवदानकल्पलता की रचना से पूर्व इन आचार्यों से अध्ययन और अनुशीलन करने का सुअवसर प्राप्त हुआ था। आचार्य गोपदत्त[61] से उन्होंने जातकों के विस्तृत वर्णन का अध्ययन किया था। वीरभद्र[62] ने जिन शास्त्रों के शासनों में इन्हें पारंगत बनाया। सूर्यश्री[63] लिपिन्यास

का अध्ययन कराने के लिए क्षेमेन्द्र द्वारा प्रार्थित थे। द्विजेन्द्र 'रामयश' और देवघर[64] इनकी समस्त कृतियों के प्रेरक थे। इनको क्षेमेन्द्र का आचार्य तो नहीं कहा जा सकता लेकिन उपाध्याय कल्प के रूप में ये लोग क्षेमेन्द्र को परामर्श देते रहते थे।

क्षेमेन्द्र का ज्ञान बहुमुखी था। साहित्य, दर्शन, नाटक, आख्यायिका, इतिहास पुराण, शिल्पकला आदि के वे विशेषज्ञ थे। इतने अधिक विषयों का ज्ञान प्राप्त करने के लिए इनके आचार्यों की लम्बी सूची रही होगी। औचित्यविचारचर्चा में क्षेमेन्द्र ने अपने को 'सर्वमनीषीशिष्यः' कहा है। 'कविकण्ठाभरण' में उन्होंने 'व्युत्पत्यैसर्वशिष्यता' को अङ्गीकार किया है। इनकी रचनाओं के विषय-वैभिन्न्य से यह प्रकट हो जाता है कि वे बहुशास्त्रभिज्ञ थे।

अपने आचार्य अभिनवगुप्त की भांति क्षेमेन्द्र भी अध्यापन में बहुश्रुत थे। वैसे तो दोनों के क्षेत्र भिन्न-भिन्न हैं, परन्तु अभिनवगुप्त की प्रतिभा की छाप अगर किसी पर पड़ी तो वह क्षेमेन्द्र पर। अभिनवगुप्त की ही भाँति क्षेमेन्द्र के शिष्यों की संख्या अत्यधिक रही होगी। क्षेमेन्द ने 'कविकण्ठाभरण' में अपने दो शिष्यों का उल्लेख किया है—भट्टोदय सिंह[65] और राजपुत्रलक्ष्मणादित्य[66]। उदयसिंह ने ललिताभिधान नामक महाकाव्य का प्रणयन किया था।

इस तरह प्राप्त सामग्री के आधार पर क्षेमेन्द्र के विद्यावंश की पीढ़ियों का क्रम निम्नलिखित बनता है।

अभिनवगुप्त—सोमपाद—गङ्गक—गोपदत्त—वीरभद्र—सूर्यश्री—देवधर—द्विजेन्द्र—रामयश

क्षेमेन्द्र

भट्टोदय सिंह — राजपुत्र लक्ष्मणादित्य

क्षेमेन्द्र का कर्तृत्व

क्षेमेन्द्र की प्रतिभा बहुमुखी थी। साहित्य तथा शास्त्र के विभिन्न अङ्गों पर उनका विशिष्ट अधिकार था। संस्कृत वाङ्मय को उन्होंने अपनी लेखनी से प्रचुर रूपेण समृद्ध किया, किन्तु दुर्भाग्यवश 1871 ई. तक क्षेमेन्द्र अपने व्यापक रूप में ज्ञात नहीं थे। सन् 1971 ई. में 'डॉ. वर्नेल' को क्षेमेन्द्र की वृहत्कथामञ्जरी की एक पाण्डुलिपि मिली। उसी वर्ष 'बुलर' को भी गुजरात में उपर्युक्त ग्रंथ की ही पाण्डुलिपि मिली। तब से लगभग 1885 ई. तक उनकी अनेक कृतियों का पता चला तथा 1903 तक 13 पुस्तकें निर्णयसागर प्रेस बम्बई से प्रकाशित भी हो गयीं। इस प्रकार बढ़ते समय में विद्वानों के प्रयास से क्षेमेन्द्र की इतनी कृतियाँ मिलीं कि उनमें से

लगभग 18 पुस्तकें प्रकाशित भी हो चुकी हैं। 'व्यासाष्टक' को लेकर इनकी प्रकाशित रचनाओं की संख्या 19 है। डॉ. मनोहर लाल गौड़,[67] डॉ. चन्द्रहंस पाठक,[68] डॉ. सूर्यकान्त[69] तथा पं. बलदेव उपाध्याय[70] प्रभृति विद्वानों ने व्यासाष्टक को स्वतंत्र कृति के रूप में स्वीकार किया है। परन्तु डॉ. आर्येन्द्र शर्मा इसको भारतमञ्जरी का ही अंश मानते हैं। वस्तुतः यह पृथक् रचना नहीं है। अतएव उनके प्रकाशित ग्रंथों की संख्या 19 न मानकर 18 मानना ही उपयुक्त होगा।

महाकवि क्षेमेन्द्र ने इतनी अधिक रचनाएँ प्रस्तुत की हैं तथा उनकी कोटियां इतनी विविध हैं कि उनके विषय में कोई भी समीक्षात्मक अथवा मूल्यांकनात्मक अध्ययन करने के लिए हमें उनका वर्गीकरण करना पड़ता है। अतः अध्ययन की सुविधा के लिए उनके समस्त उपलब्ध ग्रंथों को काव्यात्मक, उपदेशात्मक तथा शास्त्रीय तीन भागों में विभाजित किया जा सकता है–

प्रकाशित रचनाएँ

काव्यात्मक ग्रन्थ–(1) वृहत्कथामञ्जरी, (2) भारतमञ्जरी, (3) रामायणमञ्जरी, (4) दशावतारचरित, (5) बौद्धावदानकल्पलता।

उपदेशात्मक ग्रन्थ–(6) कलाविलास, (7) समयमातृका, (8) चरुचयशितक, (9) सेव्यसेवकोपदेश, (10) दर्पदलन, (11) देशोपदेश, (12) नर्ममाला, (13) चतुर्वर्ग संग्रह, (14) नीति कल्पतरु, (15) लोकप्रकाश कोश।

शास्त्रीय ग्रन्थ–(16) औचित्यविचारचर्चा, (17) कविकण्ठाभरण, (18) सुवृत्ततिलक।

आचार्य क्षेमेन्द्र ने अपने काव्यशास्त्रीय ग्रंथों में इन प्रकाशित रचनाओं के अतिरिक्त अपनी अन्य रचनाओं का भी उल्लेख किया है, जो मात्र श्रुतिगोचर ही हैं। ये अप्रकाशित रचनाएँ इस प्रकार हैं–

अप्रकाशित रचनाएँ

(अ) कविकण्ठाभरण में उल्लिखित रचनाएँ–(1) शशिवंश महाकाव्य, (2) पद्य कादम्बरी, (3) चित्र भारत नाटक, (4) लावण्यवती अथवा लावण्यमञ्जरी, (5) कनक जानकी, (6) मुक्तावली, (7) अमृततरङ्ग महाकाव्य।

(ब) औचित्यविचारचर्चा में उल्लिखित रचनाएँ–(8) विनयवल्ली, (9) मुनिमतमीमांसा, (10) नीतिलता, (11) अवसरसार, (12) ललितरत्नमाला, (13) वात्सायनसूत्रधार।[71]

औचित्यविचारचर्चा में एक ऐसा श्लोक है, जिससे क्षेमेन्द्र के कतिपय अन्य ग्रंथों के नाम का संकेत मिलता है। वह श्लोक निम्नलिखित है[72]–

कृत्वापि काव्यालंकारां क्षेमेन्द्रः कविकर्णिकाम्।
तत्कलङ्क विवेकं च विधाय विबुधेप्रियम्।।

इस श्लोक से यह प्रतीत होता है कि **कविकर्णिका, कविकलङ्क** तथा 'कवि विवेक' नाम के भी इनके ग्रंथ रहे होंगे। इन सबकी रचना के बाद ही क्षेमेन्द्र ने औचित्यविचारचर्चा लिखी होगी। इनमें कविकर्णिका की चर्चा आधुनिक आलोचकों[73] तथा इतिहासकारों ने भी की है।[74] किन्तु जिस आधार पर कविकर्णिका को मान्यता मिलती है उसी आधार पर कविकलङ्क तथा कविविवेक को भी माना जाना चाहिए। किन्तु ये केवल नाम में ही सुरक्षित है। जब तक इनके संबंध में कोई सूचना नहीं मिलती है तब तक अधिक कुछ कहना सम्भावना से परे है।

(स) प्रसिद्ध छंदग्रंथ सुवृत्ततिलक के तृतीय विन्यास की 22वीं कारिका में स्त्रग्धरा छन्द के संबंध में क्षेमेन्द्र ने अपने ग्रंथ 'पवनपञ्चाशिका' से उद्धरण दिया है।[75]

(द) कल्हण ने अपनी राजतरङ्गिणी में क्षेमेन्द्र द्वारा असावधानीपूर्वक लिखी हुई 'नृपावली' अथवा 'राजावली' नाम की पुस्तक का उल्लेख किया है[76]–

केनाऽप्यनवधानेन कविकर्मणि सत्यपि।
वंशोऽपि नास्ति निर्दोषः क्षेमेन्द्रस्ये नृपावली।।

इस प्रकार कविकर्णिका, पवनपञ्चाशिका तथा नृपावली सहित क्षेमेन्द्र की अप्रकाशित रचनाओं की संख्या कुल 16 हो गयी।

इसके अतिरिक्त पं. शिवदत्त ने 'हस्तिप्रकाश' नामक ग्रंथ को भी क्षेमेन्द्र की ही कृति माना है।[77] डॉ. बूहलर ने अपनी काश्मीर रिपोर्ट में 'स्पन्दनिर्णय' तथा 'स्पन्दनसंदोह' नाम के दो ग्रंथों को भी क्षेमेन्द्र की रचना माना था, किन्तु बाद में स्वयं उनका मत भी भिन्न हो गया और उन्होंने इन्हें क्षेमराज की रचना माना।[78] हनुमत प्रसाद शास्त्री के काश्मीरेतिहास में क्षेमेन्द्र लिखित ग्रंथों की सूची दी गयी है जिसके अन्तर्गत 'विनयवती' तथा 'क्षेमेन्द्रप्रकाश' नामक दो ग्रंथों की सूचना मिलती है।[79]

इस प्रकार पूर्वोक्त 18 प्रकाशित एवं 15 अप्रकाशित ग्रंथों के साथ क्षेमेन्द्र की कुल 34 कृतियों का परिचय अभी तक साहित्य जगत को प्राप्त हुआ है। पुनः यदि व्यासाष्टक को स्वतन्त्र कृति माना जाय तथा कविकलङ्क, कवि विवेक, विनयवती, क्षेमेन्द्र प्रकाश तथा हस्ति प्रकाश आदि की प्रमाणिकता स्पष्ट हो जाय तो क्षेमेन्द्र की कृतियों की कुल संख्या लगभग 40 हो जाती है जो उनकी साहित्य भावना का संकेत प्रस्तुत करती है।

सम्प्रति आचार्य क्षेमेन्द्र की प्रकाशित रचनाओं का वर्ण्य-विषय संक्षिप्ततः प्रस्तुत करने का उद्योग किया जा रहा है–

वृहत्कथामञ्जरी–इसका रचनाकाल (1037 ई.) माना गया है। मूल वृहत्कथा अप्राप्य है तथा गुणाढ्य की महान् कृति का आधिकाधिक रूपान्तर होने के कारण वृहत्कथामञ्जरी का संस्कृत साहित्य में अपना विशिष्ट स्थान है। इस ग्रंथ का सबसे अधिक महत्व यह है कि क्षेमेन्द्र के कथनानुसार उसको लिखते समय उनके पास मूल वृहत्कथा की प्रतिलिपि थी। इस ग्रंथ का प्रकाशन काव्यमाला सीरीज के 83वें लम्बक की रचना की गयी है। इसमें श्लोकों की संख्या 1639 है। 'कथापीठ' में गुणाढ्य का वर्णन है। दूसरे और तीसरे लम्बकों में उदयन और पद्मावती की कथा है। चौथे में नरवाहनदत का जन्म और आगे के तीन लम्बकों में भी इन्हीं लोगों की कथाएं हैं। आठवें से लेकर अठारहवें लम्बक तक अन्य विविध कथाएँ हैं। पाँचवें लंबक तक क्षेमेन्द्र ने पूर्णरूपेण गुणाढ्य का अनुसरण किया है और इसके बाद यत्किञ्चित स्वतंत्र हो गये। इस प्रकार क्षेमेन्द्र ने वृहत्कथा के प्राचीन कथानक को अलंकृत शैली में संक्षिप्त रूप से प्रस्तुत करने का प्रयास ग्रंथ में किया है जिसमें उन्हें पूर्णरूपेण सफलता प्राप्त हुई है। काव्य सौन्दर्य की दृष्टि से इसका विशेष महत्व है।

भारतमञ्जरी–भारत के महत्तम महाकाव्य 'महाभारत' का श्लोकों में किया हुआ संक्षिप्त रूपान्तर है जिसने आचार्य क्षेमेन्द्र को साहित्य जगत् में अत्यधिक प्रतिष्ठा प्रदान की। क्षेमेन्द्र ने 'व्यास दास' की उपाधि इसी के कारण प्राप्त की। एक सच्चे रूपान्तरकार की भांति आचार्य ने महाभारत की अल्प अथवा वृहत परिमाण वाली घटनाओं का संक्षिप्त रूप प्रस्तुत करने में अपनी कुशलता का परिचय दिया है। इस ग्रंथ का प्रकाशन का. मा. सी. के 28वें गुच्छक में हुआ है। इसमें कुल श्लोकों की संख्या 10692 है। शान्ति पर्व के 342वें से लेकर 353वें अध्याय का संक्षेप इसमें न होने के कारण यह प्रतीत होता है कि क्षेमेन्द्र के समय में उपर्युक्त भाग मूल ग्रंथ में नहीं था और वह बाद का प्रक्षेप है। इस ग्रंथ में कुल 19 पर्व हैं।

रामायणमञ्जरी–ऐसा प्रतीत होता है कि क्षेमेन्द्र रामायण और महाभारत आदि से बहुत प्रभावित थे क्योंकि उन्होंने स्वयं लिखा है कि इन ग्रंथों के अध्ययन से ही उन्हें 'कवीन्द्रत्व' की प्राप्ति हुई है। रामायणमञ्जरी वाल्मीकिकृत रामायण का सरस और काव्यमय संक्षेप है। इस ग्रंथ का सर्वाधिक महत्व इस दृष्टि से है कि इससे क्षेमेन्द्र के समय में उपलब्ध रामायण के पाठ का पर्याप्त अनुमान हो जाता है। इस ग्रंथ के 6400 श्लोकों को ग्रंथाकार ने वाल्मीकि रामायण की ही भांति बालकाण्ड,

अयोध्याकाण्ड, अरण्य पर्व, किष्किन्धाकाण्ड, सुन्दरकाण्ड, युद्धकाण्ड एवं उत्तरकाण्ड प्रभृति सात काण्डों में विभक्त किया है, परन्तु इस विभाजन में उन्होंने अपनी मौलिकता का परिचय दिया है जो महाभारत के कथानक विभाजन से कुछ साम्यता रखती है। यथा-ग्रंथकार का बालकाण्ड एवं अयोध्याकाण्ड की संयुक्त रूप देना साथ ही किष्किन्धाकाण्ड को किष्किन्धा पर्व और किष्किन्धाकाण्ड में विभाजित करना एवं युद्धकाण्ड के पश्चात् तथा उत्तरकाण्ड के पूर्व रामाभिषेक नामक एक अलग से अंश जोड़ना आदि। वस्तुतः कवि ने मौलिकता की ओर विशेष ध्यान दिया है और परकीय ग्रंथ का संक्षेप करते समय उसमें मौलिकता का सन्निवेश करके सचमुच एक गुरुतर कार्य किया है। कल्पनाओं की नवीनता हमें उत्प्रेक्षाओं, रूपकों एवं उपमाओं के प्रयोग में उपलब्ध होती है ग्रंथ के 6400 श्लोकों में किष्किन्धाकाण्ड एवं उत्तरकाण्ड के अंत में तथा रामाभिषेक, के (62) श्लोकों को छोड़कर प्रायः सर्वत्र श्लोक छन्द का ही प्रयोग हुआ है। एक सम्पूर्ण दृश्य का चित्र केवल एक छोटे से अनुष्टुप में कर देने में क्षेमेन्द्र को विशेष सफलता मिली है। भाषा को सामान्य तथा प्राञ्जल कहा जा सकता है जो रस से स्निग्ध और मधुर पदावली से समन्वित है। अलंकारों के प्रति यद्यपि विशेष मोह का प्रदर्शन नहीं किया गया है फिर भी यत्र-तत्र अनुप्रासों तथा अर्थालंकारों की स्वाभाविक छटा दर्शनीय है। बहुत से विद्वानों ने रामायणमञ्जरी की यद्यपि आलोचना की है, क्योंकि इसमें कठिन और अस्पष्ट वर्णनों की भरमार है, परन्तु ऐसा होते हुए भी काव्यात्मक दृष्टि से क्षेमेन्द्र स्थल-स्थल पर बहुत सफल हुए हैं। क्षेमेन्द्र की अत्यन्त सरस और मधुर रचनाओं में से यह एक है, इस तथ्य को अस्वीकार नहीं किया जा सकता है। इसका प्रकाशन का. मा. सी. के 83वें गुच्छक में हुआ है।

दशावतारचरित—इस ग्रंथ में विष्णु के प्रख्यात दश अवतारों का वर्णन है। प्रथम नव अवतारों के वर्णन के लिए क्षेमेन्द्र पुराणों के ऋणी हैं। महाकाव्य का विभाजन अवतारों के आधार पर किया गया है। इसमें कुल 1759 श्लोक हैं। इसकी रचना 1066 ई. में हुई थी। महाकवि क्षेमेन्द्र की यह अन्तिम कृति है। इसके बाद क्षेमेन्द्र की कोई कृति नहीं मिलती है। इस ग्रंथ की सबसे बड़ी विशेषता यह है कि इसमें बुद्ध को भी विष्णु का अवतार स्वीकार किया गया है। इसकी शैली सबल और प्रभावोत्पादिका है। इस ग्रंथ से यह ज्ञात होता है कि क्षेमेन्द्र अपने जीवन के चरण समय में वैष्णव धर्म के अनुयायी हो गये थे।

बौद्धावदानकल्पलता—यह ग्रंथ जातक कथाओं का संग्रह है। इसका प्रकाशन कलकत्ता से 1888-1918 ई. के बीच दो भागों में हुआ है। इसमें 108 पल्लव कथाएँ

हैं जिसमें 107 पल्लव कथाओं का प्रणयन क्षेमेन्द्र ने किया था और 108वें पल्लव कथा का प्रणयन उनके पुत्र सोमेन्द्र ने किया। अवदानकल्पलता की भूमिका में सोमेन्द्र ने यह प्रकट किया है कि बौद्ध आचार्य नक्क[80] एवं गोपदत्त[81] की प्रार्थना पर प्रस्तुत पुस्तक की रचना की गयी। क्षेमेन्द्र ने तीन अवदान कथाओं को लिपिबद्ध किया, परन्तु अवदानों की दीर्घता को देखकर इन्होंने इसकी रचना करना बन्द कर दिया। पुनः स्वप्न में भगवान जिन द्वारा प्रेरित किये जाने पर क्षेमेन्द्र ने इसको पुनः लिखना प्रारम्भ किया।[82] इसकी रचना 1052 ई. में हुई थी। तेरहवीं शती में इसका अनुवाद तिब्बती भाषा में किया गया था जो श्री शरत्चन्द्र दास को प्राप्त हुआ है। भारत में इसके प्रथम चालीस अध्याय उपलब्ध नहीं हैं। 'बिब्लिओथेका इण्डिका' में इसका प्रकाशन श्रीदास ने किया है। यह कृति कवि की धार्मिक उदारता की परिचायिका कही जा सकती है।

कला विलास—हास्यव्यंग्य शैली पर आधारित, महाकवि क्षेमेन्द्र के उपदेशक प्रधान ग्रंथों में कलाविलास का श्रेष्ठ स्थान है। इस कृति में 10 सर्ग हैं। 'दम्भाख्यानम्' नामक प्रथम सर्ग में सम्पूर्ण कलाओं की धुरी धूर्तराज मूलदेव का परिचय दिया गया है। इस कृति का प्रधान पात्र मूलदेव है। सार्थवाह हिरण्यगुप्त अपने पुत्र चन्द्रगुप्त को छल विद्या में निष्णात् करने के लिये धूर्तराज मूलदेव के संरक्षण में छोड़ जाता है। मूलदेव उसे अपने व्यवसाय में शिक्षित करने के लिये चन्द्रगुप्त को विविध कलाओं का रहस्य समझाता है। यहाँ दम्भ के तीन भेदों—कदम्भ कूर्मजदम्भ और मार्जारदम्भ का उल्लेख किया गया है।[83] मूलदेव अपने शिष्य से दम्भ के चक्रर्तित्त्व प्राप्ति का वर्णन करते हुए कहता है कि—पृथ्वी पर चारों ओर दम्भ का ही साम्राज्य है। साधु-संन्यासी, वैद्य, भृत्य, क्षत्रिय, दण्डी, योगी, स्वर्णकार, नट एवं विट सभी दम्भ के रूप हैं। ग्रंथ के द्वितीय सर्ग में लोभ का, तृतीय सर्ग में काम का बड़ा सुन्दर चित्रण किया गया है। इसी प्रकार चतुर्थ सर्ग में वेश्या का, पञ्चम सर्ग में कायस्थ का एवं षष्ठ सर्ग में मद का तथा सप्तम सर्ग में गायकों का बड़ा सुन्दर चित्रण किया गया है।[84] अन्तिम दो सर्गों में युवकों को कुमार्ग से बचने के लिए विभिन्न उपदेश दिए गये हैं। डॉ. कीथ के[85] अनुसार "इस कृति के चित्रों में कई दृष्टियों से आधुनिकता विद्यमान है। इन्होंने अपने संस्कृत साहित्य के इतिहास में कला विलास के कुछ सुन्दर श्लोकों का उल्लेख भी किया है।[86]

समयमातृका—यह भी क्षेमेन्द्र की उत्कृष्ट रचना है। प्रो. कीथ ने इसे "Mother by Convention" कहा है। हास्य व्यंग्य शैली पर आधारित क्षेमेन्द्र की यह प्रौढ़ कृति 1050 ई. में लिखी गई। इसका विभाजन समयों में किया गया है।

इसमें आठ समय (परिच्छेद) है जिसमें श्लोकों की कुल संख्या 635 है। इस कृति में कवि ने वेश्याओं के जाल का सुन्दर तथा सजीव वर्णन किया है। कंक नाम का नापित, कलावती का परिचय एक वृद्धा वेश्या से कराता है जिसका चेहरा उल्लू के समान, कण्ठ कौवे के समान और आँखें बिल्ली के समान हैं। इसमें अस्सी प्रकार के प्रेमियों का वर्णन है। धनविहीन प्रेमियों को टालने के 23 उपाय भी बतलाये गये हैं। इस पुस्तक में काश्मीर के कुछ स्थानों का अत्यन्त सजीव चित्रण किया गया है जिसकी सहायता से उन स्थानों को हम आज भी पहचान सकते हैं। समयमातृका का प्रकाशन का. मा. सी. के 10वें गुच्छक में हुआ है।

चारुचर्याष्टक—इस ग्रंथ में अर्थान्तरन्यास और दृष्टान्त के माध्यम से नीति के आधार पर उपदेश करने वाले 100 अनुष्टुप छन्दों से युक्त रचना है। इस लघुकाव्य ग्रंथ में कवि ने आचरण के विषय में उपदेश किया है। दो तीन अनुष्टुप को छोड़कर लगभग समस्त श्लोकों में कवि न करने योग्य कार्य का निषेध करता है। एक सद्गृहस्थ को किस तरह से पवित्र एवं धर्मानुकूल आचरण करना चाहिए इसका सम्यक् वर्णन इस लघुकथा ग्रंथ में उपलब्ध होता है। कवि कहता है कि मनुष्य को स्त्री के अधीन नहीं होना चाहिए, क्योंकि जायाजित दशरथ को पुत्रशोक में प्राण छोड़ना पड़ा।[87] कवि का उद्देश्य भय दिखाकर लोगों को कुमार्ग से हटाकर सन्मार्ग पर लाना है। इसमें प्रयुक्त अधिकारिक पौराणिक कथा तथा दृष्टान्त कवि की बहुज्ञता को प्रकट करते हैं। इसके आधार पर यह निश्चित रूप से कहा जा सकता है कि कवि का इतिहास-पुराण सम्बन्धी ज्ञान अत्यन्त विस्तृत था। प्रो. कीथ के अनुसार 15वीं शताब्दी के ग्रंथ 'नीतिमञ्जरी' और जल्हण के 'मुग्धोपदेश' पर इसका प्रभाव स्पष्टतः प्रतीत होता है। इसका प्रकाशन का. मा. सी. के दूसरे गुच्छक में हुआ है।

सेव्यसेवकोपदेश—जैसा कि इसके नाम से ही सुस्पष्ट है कि स्वामी और सेवकों के कर्तव्यों का व्याख्यान करनेवाली एक छोटी सी पुस्तक है जिसमें 61 छन्द हैं। इस पुस्तक के द्वारा कवि का एकमात्र उद्देश्य स्वामी और सेवक के पारस्परिक सम्बन्ध सुधार की दिशा में प्रयत्न है। इसमें सेवावृत्ति की लघुता का वर्णन करते हुए इन्होंने सेवकों को यह उपदेश दिया है कि वे मदान्ध राजाओं की सेवा का परित्याग करके ईश्वर की सेवा करें। ईश्वर की सेवा ही मनुष्य को भवधारा से मुक्त करने में समर्थ है।[88]

दर्पदलन—इस ग्रंथ में सात अध्याय हैं जिन्हें 'विचार' की संज्ञा आचार्य क्षेमेन्द्र ने दी है। प्रथम विचार में कवि ने गर्व या दर्प के सात कारण बतलाए हैं—आभिजात्य,

धन, ज्ञान, सौन्दर्य, वीरता, दान और तप।[89] पुनः इन सातों का पृथक्-पृथक् वर्णन किया गया है। प्रत्येक अध्याय में इन कारणों के प्राकट्य हेतु कवि ने सूक्तियों की भरमार की है जो अब संस्कृत कहावतों का रूप धारण कर चुकी हैं। क्षेमेन्द्र की अन्य उपदेशात्मक कृतियों की अपेक्षा लेवर में यह बड़ी रचना है। इसमें कुल 595 श्लोक हैं। श्री मधूसूदन कील के अनुसार दर्पदलन संस्कृत साहित्य की श्रेष्ठ रचना है।[90] इसका प्रकाशन का. मा. सी. के छठे गुच्छक में हुआ है।

देशोपदेश—इस लघुकथा ग्रंथ में 298 श्लोक हैं। इसमें आठ 'उपदेश'-संज्ञक अध्याय हैं। प्रथम उपदेश में दुष्ट व्यक्ति का वर्णन है। दूसरे में कंजूस का उपहासात्मक वर्णन है। तीसरे और चौथे में वेश्याओं तथा पाँचवें में विटों के कार्यकलापों की विवेचना और आलोचना है। छठवें उपदेश में काश्मीर विश्वविद्यालय में अध्ययन के लिए आये हुए गौड़ देशीय विद्यार्थी पर व्यङ्ग्य किया गया है। सातवें में वृद्ध के विवाह की हंसी उड़ाई गयी है और आठवें में कवि, चिकित्सक और वैयाकरण आदि पर चोट की गयी है। यह क्षेमेन्द्र की प्रारम्भिक कृतियों में से है और इसमें कहीं-कहीं अश्लीलता के दर्शन होते हैं, जो सातवें उपदेश में अपनी पराकाष्ठा को प्राप्त होती है। डॉ. मनोहर लाल गौड़ के अनुसार इस कृति में क्षेमेन्द्र ने भद्दे-भद्दे व्यङ्ग्य का प्रयोग किया है।[91] श्री मधुसूदन कौल द्वारा सम्पादित होकर इसका प्रकाशन काश्मीर के अनुसन्धान विभाग द्वारा किया गया है।

नर्ममाला—सम्पूर्ण कृति को तीन भागों में विभाजित कर 'परिहास' की संज्ञा दी गयी है। इसमें प्राधान्येन कायस्थों की तीव्र एवं व्यङ्ग्यात्मक आलोचना की गयी है। कायस्थ को जिसकी एकमात्र आकांक्षा राज्याधिकारी बनना बताई गई है। अत्यन्त दुष्ट व्यक्ति के रूप में चित्रित किया गया है तथा अन्त में उसे कारागार में बन्दी दिखाया गया है। अपनी बहिन की सहायता से छूट जाने पर भी उसे नाना प्रकार के दुःख भोगने पड़ते हैं और अन्त में उसकी अत्यन्त दुःखद मृत्यु होती है। प्रथम परिहास में कायस्थों के अतिरिक्त चाक्रिक परिपालक, लेखकोपाध्याय, गजदिविर, मार्गपति, प्रामदिविर, पारिवारिक आदि की भी तीव्र आलोचना की गई है। ग्रंथ के द्वितीय परिहास में क्षेमेन्द्र ने जीवनदिविर त्रमणिका, दारकोपाध्याय, मठदेशिक, सभर्तृका, वैद्य, गणक, तूणरक्षक, गुरु अधिकरण भट्ट आदि का रोचक परिहास प्रस्तुत किया गया है। तृतीय परिहास में गुम्भट, वेश्या, चक्षुवैद्य, शल्हर्त्ता, वृद्धाणिक आदि उपहास के पात्र बनाए गये हैं। इस लघुकाय ग्रंथ के प्रथम परिहास में 148 श्लोक, द्वितीय में 145 श्लोक, तथा तृतीय में 113 श्लोक हैं। इस प्रकार इस ग्रंथ में कुल 406 श्लोक हैं। ग्रंथ की रचना अनुष्टुप छन्दों में की गई है। इसका प्रकाशन

भी मधुसूदन कौल के सम्पादकत्व में काश्मीर के अनुसन्धान विभाग ने किया है।

चतुवर्ग संग्रह—इस लघुकाय ग्रंथ में पुरुषार्थ चतुष्टय की मुक्त कण्ठ से प्रशंसा की गयी है। ग्रंथ के चार परिच्छेदों में क्रमशः धर्म, अर्थ, काम और मोक्ष का बड़ा ही सुन्दर वर्णन किया गया है। काव्यात्मक दृष्टि से तृतीय एवं चतुर्थ परिच्छेद में 272 श्लोक, द्वितीय परिच्छेद में 25 श्लोक, तृतीय परिच्छेद में 25 एवं चतुर्थ परिच्छेद में 29 श्लोक हैं। इस तरह इसमें कुल श्लोकों की संख्या 106 है। वैराग्य की प्रशंसा करते हुए कवि कहता है—हर जगह भय है चाहे भोग हो या सुख व चाहे मन हो या जय, केवल वैराग्य ही भय से मुक्त है।[92] इसका प्रकाशन का. मा. सी. के 5वें गुच्छक में हुआ है।

नीति कल्पतरु—यह कृति स्वतन्त्र रचना नहीं मानी जाती है। वस्तुतः यह एक टीका है, जो व्यासरचित किसी नीतिशास्त्रीय ग्रंथ की व्याख्या करने के उद्देश्य से की गई है। इसका प्रथम प्रकाशन डॉ. वी. पी. महाजन ने 1956 ई. में पूना से किया था।

लोक-प्रकाश कोश—यह कृति सेठना देवचन्द्र सभाई जैन पुस्तकोद्धार सिरीज बम्बई के 65वें गुच्छक में 1926 ई. में प्रकाशित हुई है। इसकी केवल दो प्रतिलिपियाँ प्राप्त हुई हैं।—एक वेबर की दूसरी बूहलर को। दोनों ही अत्यन्त जीर्ण-शीर्ण दशा में है। वेबर इसे क्षेमेन्द्र की रचना नहीं मानते परन्तु बूहलर का निश्चित मत है कि क्षेमेन्द्र व्यासदास ही इसके रचयिता है। अपने मत की पुष्टि में उन्होंने अनेक प्रमाण दिए हैं, जिनमें से मुख्य यह है कि प्रस्तुत कोश में काश्मीर के अनेक पदाधिकारियों, परगणों, भूगोल, व्यापार तथा वहाँ के प्रशासन आदि का जो विस्तृत वर्णन किया गया है वह किसी अन्य कोशकारों के द्वारा नहीं किया जा सकता है। डॉ. सूर्यकान्त भी इसे क्षेमेन्द्र की कृति मानते हैं। मधुसूदन कौल इस विषय में वेबर से सहमत हैं।

काव्यशास्त्रीय ग्रंथ

औचित्यविचार चर्चा—क्षेमेन्द्र के आचार्यत्व की प्रतिभा का प्रतिपादन करने वाला सर्वोत्कृष्ट ग्रंथ है। इसमें हमें कवि की नई सूझ-बूझ और गवेषणात्मक प्रवृत्ति के दर्शन होते हैं। कवि ने प्रचलित रूढ़ियों से ऊपर उठकर स्वतन्त्र विचार पद्धति से प्राप्त निष्कर्षों को अपना आधार बनाया है। इस कृति में क्षेमेन्द्र ने अपने औचित्य सिद्धान्त का प्रतिपादन किया है। ग्रंथ का परिच्छेद में विभाजन नहीं किया है, अपितु इसमें औचित्य के प्रतिपादनार्थ कवि ने 38 कारिकाएँ लिखी हैं साथ ही प्रत्येक कारिका की वृत्ति का प्रणयन भी स्वयं क्षेमेन्द्र ने किया है। क्षेमेन्द्र की दृष्टि में काव्य

की सरसता और उत्कृष्टता का आधार उसमें विद्यमान 'औचित्य' है। औचित्य ही वह तत्त्व है जिससे युक्त होने पर भी कोई भी वृत्ति विद्वानों से आदर और रहित होने पर उपेक्षा प्राप्त करती है। इसलिए औचित्य, ही काव्य की आत्मा है। रस को औचित्य रूपी साध्य के लिए साधन माना गया है। अतः औचित्य ही रस सिद्ध काव्य का प्राण है।[93] क्षेमेन्द्र के अनुसार औचित्य के योग ही अलङ्कार काव्य को अलंकृत करने में समर्थ हो सकता है। अन्यथा औचित्य के अभाव में अलङ्कारों की अलङ्कार संज्ञा ही नहीं बन सकती है। ठीक यही तथ्य आचार्य ने गुणों के सम्बन्ध में उद्घाटित किया है।[94] क्षेमेन्द्र ने काव्य में औचित्य के 27 स्थान निश्चित किए हैं जिनका विवेचन एक-एक कारिका और उसकी विवृत्ति में किया गया है। वे स्थान इस प्रकार हैं—पद, वाक्य, प्रबन्धार्थ, गुण, अलङ्कार, रस, क्रिया, कारक, लिङ्ग, वचन, विशेषण, उपसर्ग, निपात, काल, देश, कुल, व्रत, तत्त्व, सत्त्व, अभिप्राय, स्वभाव, सार-संग्रह, प्रतिभा, अवस्था, विचार, नाम और आशिषि आदि।[95] इस प्रकार काव्य शास्त्र के विषय में उन्होंने 'औचित्य' का अपना विशिष्ट और महत्वपूर्ण सिद्धान्त प्रस्तुत कर संस्कृत साहित्यशास्त्र में अमर हो गए। इसी 'औचित्य' सिद्धान्त के आधार पर ही 'औचित्य' सम्प्रदाय का भी गठन हुआ। यद्यपि विद्वानों का यह मत भी ठीक ही है कि औचित्यतत्त्व की कल्पना तो बहुत प्राचीन है और 'ध्वन्यालोक' के रचयिता आनन्दवर्धन[96] को इसका श्रेय दिया जाना चाहिए, परन्तु क्षेमेन्द्र का महत्व यह है कि उन्होंने अनेक सबल तर्कों और प्रमाणों के आधार पर यह सिद्ध किया है, कि औचित्य ही काव्य की आत्मा है और उसे रस, अलङ्कार तथा ध्वनि से भी उच्च स्थान पर प्रतिष्ठित किया। आचार्य क्षेमेन्द्र की इस अमर कृति का प्रकाशन भी हरिदास संस्कृत सीरिज और का. मा. सी. दोनों में हुआ है।

कविकण्ठाभरण—क्षेमेन्द्र की महत्वपूर्ण रचनाओं में कविकण्ठाभरण का प्रमुख स्थान है। जैसा कि इस ग्रंथ के नाम से ही सूचित होता है कि यह कवियों के कण्ठ का आभूषण है। यह पांच सन्धियों में विभक्त है। इन पांचों सन्धियों में उन बातों का उपदेश किया गया है जिसका आश्रय लेकर कोई साधारण किन्तु कवि बनने को इच्छा वाला व्यक्ति श्रेष्ठ कवि बन सकता है। कवित्व प्राप्ति नामक प्रथम सन्धि में 24 कारिकाएं हैं। अकवि को कवि बनने के लिए दो बातों को आवश्यक बतलाया गया है—दिव्य प्रयत्न और पौरुष। पौरुष के आधार पर शिक्षार्थियों को तीन भागों में विभक्त किया गया है—अल्प प्रयत्न साध्य, कृच्छ साध्य और असाध्य। शिक्षा कथन नामक द्वितीय सन्धि में प्राप्त वाणी कवि को 23 कारिकाओं में 100 व्यावहारिक उपदेश दिये गये हैं। चमत्कार कथन नामक तृतीय सन्धि की तीन

कारिकाओं में काव्य में चमत्कार लाने का उपदेश दिया गया है। क्षेमेन्द्र के अनुसार चमत्कार के अभाव में न तो कवि का कवित्व माना जा सकता है और न ही काव्य का काव्यत्व। यहाँ चमत्कार को काव्य का अनिवार्य तत्त्व बताया गया है[97] लावण्यहीन ललना यौवन के समान चमत्कृति विहीन काव्य भी व्यर्थ है।[98] कवि ने 10 प्रकार के चमत्कारों का वर्णन किया है।[99] दो कारिकाओं वाले चतुर्थ सन्धि में गुण-दोष पर विचार किया गया है। शब्द वैमल्य, अर्थवैमल्य, रसवैमल्य ये तीन काव्य के गुण एवं शब्द कालुष्य, अर्थकालुष्य, रसकालुष्य ये तीन दोष गिनाए गये हैं। परिचय-प्राप्ति नामक पंचम सन्धि में लोकाचार परिज्ञान को अति आवश्यक बताया गया है। लोकाचार परिज्ञान यद्यपि अनन्त है तथापि बहुविज्ञ महाकवि ने कुछ का नामतः उल्लेख किया है।[100] इसमें तीन कारिकाएँ हैं। यहीं पर ग्रंथ की परिसमाप्ति होती है। सम्पूर्ण ग्रंथ में 63 उदाहरण श्लोक उद्धृत किए गए हैं जिनमें अधिकांश कवि के अन्य ग्रंथों से ही लिए गये हैं। इसका प्रकाशन हरिदास संस्कृत सीरीज तथा का. मा. सी. दोनों में हुआ है।

सुवृत्ततिलक—वह छन्दशास्त्र का ग्रंथ है जो तीन विन्यासों में विभक्त है। 'वृत्तावचय' नामक प्रथम विन्यास में 38 कारिकाएँ हैं जिसमें 26 छन्दों के लक्षण एंव उदाहरण दिए गए हैं। समीक्षात्मक दृष्टि से इस विन्यास का उतना महत्त्व नहीं है जितना बाद के दोनों का है। **'गुणदोषवर्णनम्'** नामक द्वितीय विन्यास में छन्दों के अन्तर्गत वर्णनीय विषय-वस्तु उनके गुण-दोष तथा रस आदि का विवेचन है। इसमें कुल 46 कारिकाएँ एवं 75 उदाहरण श्लोक हैं। **'वृत्तविनियोग'** नामक तृतीय विन्यास में छन्दों के समुचित प्रयोग पर विचार किया गया है। किस प्रसंग में कौन सा छन्द प्रयुक्त हो तथा किस कवि का कौन-सा छन्द प्रयोग अधिक उत्तम रहा है, इसका भी उल्लेख किया गया है। अभिनन्द का अनुष्टुप पाणिनी का उपजाति वृत्ति, भारवि का दंशस्थ, वृत्त रत्नाकर का वसन्ततिलकावृत्त, कालिदास का मन्दकान्ता, राजशेखर का शार्दूलविक्रीड़ित वृत्त इनके अन्य वृत्त प्रयोगों की अपेक्षा किसी भी छन्दशास्त्र में उपलब्ध नहीं होता है। इस विषय में क्षेमेन्द्र का विवेचन मौलिक है।

क्षेमेन्द्र का व्यक्तित्व

यह एक आधारभूत तथ्य है कि जिस प्रकार की भावना चित्त में उदित होती है वहाँ एक आकार बनाकर बाह्य जगत में दिखाई पड़ती है। बाह्य जगत और कुछ नहीं केवल अन्तर्मन से उद्‌भूत होने वाले विद्वानों की शृंखला मात्र है। ठीक यही बात कवि और उसकी कृति पर भी लागू होती है। कवि के व्यक्तित्व की छाप उसकी कृति पर पड़ना स्वाभाविक है। क्योंकि कृति कवि का कार्य है और कवि उसका

कारणभूत तत्त्व। कवि का जो जीवन दर्शन होता है, जो सिद्धान्त होता है, जो मान्यता होती है उसी से वह अपनी कृति का ताना-बुना बुनता है। जगत् के कटु किन्तु यथार्थ अनुभवों को वह अवसर पाकर अपनी कृति में यथास्थान प्रतिष्ठित करता है। यद्यपि कि अद्यतन कवियों को छोड़कर पूर्व के कवियों का झुकाव आदर्श की ओर होता था, परन्तु यथार्थ को वे भी पूर्णतया नकार नहीं पाते थे। अतएव आदर्शवादी कविता में कवि के व्यक्तित्व को ढूँढ़ पाना दुस्साध्य भले हो परन्तु असाध्य नहीं।

महाकवि क्षेमेन्द्र भी इस तथ्य के अपवाद नहीं हैं। उनकी कृतियों के अध्ययन के आधार पर उनके व्यक्तित्व की रूपरेखा तैयार की जा सकती है। उनकी कृतियों की एक लम्बी सूची है। संस्कृत वाङ्मय को समृद्ध बनाने वाले कवियों में क्षेमेन्द्र का नाम प्रथम श्रेणी में रखा जा सकता है। उनको बहुसंख्यक और बहुविषयक कृतियों से उनकी भिन्न-भिन्न मनोवृत्तियों का ज्ञान होता है। कालक्रम के अनुसार की गयी रचनाएँ युवावस्था से लेकर मृत्युपर्यन्त उनके बदलते विचारों एवं मान्यताओं का ज्ञान कराती है। अवस्था का प्रभाव व्यक्ति के विचारों पर बहुत अधिक पड़ता है। एक ही तथ्य के संबंध में व्यक्ति के दृष्टिकोण युवावस्था में कुछ और होते हैं और जरावस्था में कुछ और। युवावस्था में व्यक्ति के विचारों में उच्छृङ्खलता होती है और वृद्धावस्था में विचार संयत होते हैं। एक अंग्रेजी भाषा के लेखक का कहना है कि युवक प्राचीन कहावतों, लोकोक्तियों को व्यर्थ की चीज समझता है, उसमें उसे कुछ भी आनन्द नहीं मिलता है, उलटे वे नीरस लगती हैं। किन्तु वही व्यक्ति जब बुड्ढा हो जाता है, उसे संसार का अनुभव हो जाता है, तब वही चीजें उसे सार्थक लगने लगती हैं और उन्हें पढ़कर वह आनन्दानुभूति करती है। जैसाकि इतिहास बताता चला आ रहा है कि जो सभ्यता, जो राष्ट्र जो योद्धा आज अपनी उन्नति के शिखर पर हैं। वे ही कल अवनित के गर्त में गिर जाएंगे। किन्तु इतिहास प्रसिद्ध योद्धा नैपोलियन क्या इस बात से सीख ले सका? परन्तु जब उसे करारी हार का मुँह देखना पड़ा, तब उसे ज्ञान हुआ कि हाँ बात सच है। यही कारण है कि धनी पिता के घर में पैदा हुए तथा बिना किसी अभाव के, सुख-सुविधा में राजकुमार की तरह पले हुए महाकवि क्षेमेन्द्र प्रारम्भ में बाज की तरह अल्हड़ थे तथा बाद में निरीह साधु के रूप में भगवान विष्णु के दशों अवतार का स्तवन करते हुए त्रिपुर शैल पर निवास करने लगे।

देशोपदेश, नर्ममाला, कला विलास और समयमातृका आदि कवि की प्रारम्भिक कृतियां हैं, क्योंकि इन कृतियों को भाषा-शैली और वर्ण-विषय कुछ इस तरह के हैं, जो कवि के प्रारम्भिक कर्तृत्व का बोध कराते हैं। इन कृतियों का साधारण अध्ययन

यह बताता है कि कवि ललित यौवन में पदार्पण कर चुका है तथा तज्जन्य कमजोरियों का अपवाद नहीं है। कवि की उपदेशात्मक हास्य व्यङ्ग्य शैली इस बात का प्रमाण है कि कवि उपहासप्रिय है। देशोपदेश में खल शब्द का निर्वाचन करते हुए उन्होंने दुर्जनों की मीठी टकी ली है।[101] परन्तु किसी वर्ग के प्रति ईर्ष्यावश क्षेमेन्द्र ने उपहास नहीं किया है। क्योंकि यदि ईर्ष्या ही उनके मन में होती तो दो-चार वर्गों का ही उपहास करते, जबकि उन्होंने समाज के लगभग सभी वर्गों पर कुछ-न-कुछ हास्य व्यङ्ग का प्रयोग किया है। क्षेमेन्द्र का हृदय बहुत विशाल था। पतित समाज के उत्थान के लिए वे प्रयत्नशील थे। उनके चित्त में समाज सुधार की भावना बड़ी प्रबल थी। क्षेमेन्द्र के उपदेशात्मक काव्यों को देखने से ऐसा प्रतीत होता है कि उनका समाज-सुधारक व्यक्तित्व उनके कवि-व्यक्तित्व पर हावी हो गया था। यही कारण है कि इन उपदेश प्रधान रचनाओं में इन्होंने काव्य वैशिष्ट्य को उत्पन्न करने का उतना प्रयास नहीं किया जितना कि भ्रष्ट समाज को सत्पथ पर ले जाने के लिए सुन्दर हास्योक्तियों के सम्यक् चयन में किया है। इनकी तुलना कबीरदास से की जा सकती है जिन्होंने समाज के प्रत्येक वर्ग का भण्डाफोड़ किया है। परन्तु क्षेमेन्द्र कबीर की तरह धर्मों का विरोध नहीं करते हैं। इनका तो एक मात्र लक्ष्य था समाज की कुरीतियों का उन्मूलन। इसी उद्देश्य की पूर्ति के लिए उन्होंने उपदेश प्रधान रचनाएँ कीं। इन कृतियों में उन्होंने समाज के प्रत्येक वर्ग का (यथा—वेश्या, विट, नट, गायक, वैद्य, स्वर्णकार, लुहार आदि का) आनन्दप्रद चित्रण वस्तुत करके उपहास किया है वे श्रीमानों को सचेत करते हुए कहते हैं कि वेश्याएँ धनिकों को आकृष्ट कर अपने प्रेम पास में आबद्ध करने के लिए विविध एवं कपट व्यापारों का अवलम्बन करती हैं।[102] इस प्रकार सुधारक के रूप में उनका व्यक्तित्व अत्यन्त श्लाघनीय है।

समीक्षक के रूप में क्षेमेन्द्र का व्यक्तित्व प्रौढ़ एंव गम्भीर प्रतीत होता है। वे ध्वनि, रस, अलंकार आदि अन्य काव्य मार्गों के प्रवर्तक आनन्दवर्धन, अभिनवगुप्त एवं दण्डी के समक्ष ठहरते हैं।[103] अन्य कवियों की कृतियों का समुचित आदर, विवेचन, समीक्षण एवं अन्य आचार्यों के मतों को स्वीकार करते हुए अपने मत के महत्व को प्रकट करना आदि गुणों की क्षेमेन्द्र ने प्रशंसा की है।[104] इस आदर्श का उन्होंने अपनी कृतियों में सर्वथा निर्वाह भी किया है। कवि ने बड़े सम्मान के साथ ग्रंथ सहित ग्रंथाकारों का नामोल्लेख किया है। उनकी रचनाओं से उन्होंने उदाहरण प्रस्तुत किया है। उन उदाहरणों के गुण-दोषों पर भी सम्यक् विचार किया है। क्षेमेन्द्र की उदारता, सदाशयता तो तब अपनी उत्कृष्टता की सीमा पर पहुंच जाती है जब

वे अपनी रचनाओं में से दिए गए उदाहरणों की भी सम्यक् आलोचना करते हैं। उनका गुण-दोष स्पष्ट करते हैं। इस प्रकार जहाँ एक ओर वे सिद्धान्ती आचार्य हैं, समीक्षक हैं, वहीं दूसरी ओर निरंकुश कवि भी हैं।

महाकवि क्षेमेन्द्र में स्वाभिमान[105] कूट-कूटकर भरा था, तभी तो उन्होंने अपनी कृतियों में स्थल-स्थल पर स्वाभिमान के नष्ट हो जाने को निस्सार एवं नीरस माना है। उनके अनुसार अपमानपूर्ण जीवन बिताने से तो अच्छा है मर जाना।[106] मौलिमणिभूत मान से रहित होने पर व्यक्ति के जीवन से क्या लाभ?

महाकवि क्षेमेन्द्र धार्मिक भावना से ओतप्रोत थे। इसके प्रबल प्रमाण उनके द्वारा रचित रामायणमञ्जरी और दशावतारचरित जैसे महाकाव्य हैं। इससे उनकी हिन्दुत्व एवं विष्णु[107] भक्ति भावना का भी प्रमाण प्राप्त होता है। रामायणमञ्जरी में बालकाण्ड, सुन्दरकाण्ड एवं उत्तरकाण्ड के प्रारम्भिक श्लोकों में वे भगवान विष्णु की वंदना करते हैं।[108] पुनः दशावतारचरित में तो विष्णु के दश अवतारों का ही सविस्तार वर्णन करते है।

वे परम आस्तिक हिन्दू थे। नास्तिकों से घोर द्वेष भी रखते थे। वे कहते हैं–लोकायतों के मत में आकर नास्तिक नहीं होना चाहिए। भगवान नृसिंह ने खम्भ से प्रकट होकर विष्णुकशिपु का वध किया था।[109] ब्रह्म-मुहूर्त्त में वे शय्या परित्याग को उचित मानते थे।[110] शास्त्रोक्त विधि से श्रद्धापूर्वक पितरों को पिण्डादिक देने में विश्वास करते थे।[111] जप, होम, पूजा, चरण प्रक्षालन एवं पवित्रता आदि को उन्होंने अनिवार्य माना है।[112] वे पर-स्त्रीगमन को निषिद्ध मानते हैं। तथा स्त्री पर विश्वास करना। वे बड़ी भारी भूल मानते हैं।[113] उनके अनुसार धर्ममर्यादा का परित्याग क्लेश दशा में भी नहीं करना चाहिए[114] तथा सत्य पर अडिग रहना चाहिए।[115]

क्षेमेन्द्र यात्रा प्रवृत्ति के प्रबल विरोधी हैं। उनके अनुसार यात्रा एक ऐसी कुल्हाड़ी है जो व्यक्ति के मान पर ही आवाज करती है।[116] नीच व्यक्ति ही अर्थनाश होने पर यात्रा और वञ्चना द्वारा जीवित रह सकता है।[117] इस यात्रा वृत्ति को कभी नहीं अपनाना चाहिए, क्योंकि श्री विष्णु भी बलि से यात्रा करने के कारण लघुत्व को प्राप्त हो गये थे।[118] शत्रु के प्रति कठोरतम कदम उठाने में वे तनिक भी संकोच नहीं करते थे। यही कारण है कि शत्रु के प्रति सतत् सजग रहने का वे उपदेश देते हैं। उनके अनुसार शरीर से क्षीण हो जाने पर भी शत्रु की उपेक्षा नहीं करनी चाहिए।[119]

महाकवि क्षेमेन्द्र भाग्यवादी थे। वे कहते हैं कि भाग्य का सहारा लेकर जो व्यक्ति उद्योग में प्रवृत्त नहीं होता उसके द्वारा मानो कूप से निकाला हुआ जल सैकड़ों

छिद्र वाले घड़े में रखा जाता है। भाग्य[120] की गति विचित्र होती है। भाग्य प्रतिकूल होने पर मनुष्य द्वारा किए गए सभी कार्य व्यर्थ हो जाते हैं। अपने अभ्युदय के लिए मनुष्य की बुद्धि सदैव कुछ-न-कुछ प्रयत्न करती रहती है, परन्तु ज्योंही फल की झलक दिखाई पड़ती है, त्योंही विधि खेल ही में जल से भरे हुए घड़े को पत्थर पर तोड़ देता है। फलस्वरूप जल गिर पड़ता है।[121] यहीं नहीं, प्रतिकूल भाग्य व्यक्ति को मानसिक एवं शारीरिक आघात पहुंचाते हुए पतन की ओर अग्रसर करता है। क्षेमेन्द्र कहते हैं–विरुद्ध भाग्य बुद्धि में मोह उत्पन्न करता है, दुर्व्यसनों में से प्रवृत्त करता है, सम्मान पर प्रहार करता है, कीर्ति को नष्ट करता है, उत्कृष्ट कुल को भी कलंकित करता है।

बुद्धिमान व्यक्ति के द्वारा अपने कार्य की पूर्ति के लिए जो भी प्रयास किया जाता है, विरुद्ध भाग्य उस प्रयास को शीघ्र ही नष्ट कर देता है।[122]

क्षेमेन्द्र धन सञ्चय के पक्षपाती नहीं थे। उनके अनुसार धन दुःख प्रदान करने वाला होता है।[123] यह धन का अधम बाण बुद्धिमानों को नहीं वेध पाती।[124] भृत्य, बन्धु एवं सुहृदजनों को दान न देकर जो धन एकत्र किया जाता है, उसका परिणाम सुखद नहीं होता है।[125] क्षेमेन्द्र दानवीर थे। उनके अनुसार धन का सर्वोत्तम उपयोग दान करना है। यथा गुप्त धन नष्ट हो जाता है, प्रकट धन नष्ट हो जाता है। बिखरा हुआ धन नष्ट हो जाता है, एकत्र किया हुआ धन भी नष्ट हो जाता है। यह धन अपने तथा दूसरों के द्वारा नष्ट कर दिया जाता है, किन्तु दीन एवं आर्तजनों को दान किया गया धन कभी नष्ट नहीं होता है।[126]

क्षेमेन्द्र पौरुष में विश्वास रखते थे। यह पौरुष व्यक्ति को अच्छे से अच्छा एवं सुखद परिणाम दिलाने वाला होता है। वे कहते हैं–देश और काल के लिए उपयुक्त तथा पौरुष का विरोध न करने वाले व्यक्ति को फल की प्राप्ति वैसे ही निश्चित होती है, जैसे बाण को लक्ष्य की।[127]

संदर्भ

1. 'रामायणादि च विभाव्य वृहत्कथां च'। –दशरूपक 1/68
2. "Born in Kashmir, Kshemendra appears to have lived all his life in the land of his birth". –सी. एस. एल. डब्लू. के पृ. 46 पर उद्धृत
3. वही, पृ. 46
4. सी. एस. एल. डब्लू. के पृ. 46 पर उद्धृत
5. (अ) काश्मीरेषु पृथुप्रतापसवितु क्रीत्यं शुतारापतेः। –कवि. कं. भ., उपसंहार, 5

   (ब) काश्मीरेषु वभूव सिन्धुरधिकः सिन्धेच्चनिघ्नाशयः।

   .... क्षेमेन्द्रनाघ्नूभवत्।। –दशावतारचरित, उपसंहार 2

(स) काश्मीरेष्यभवत .... व्यधात्। —रामा. मं., उपसंहार 3

(द) काश्मीरको .... नानाप्रवणयोग्यताम्।—वृ. क. मं., उपसंहार 31, 36

6. (अ) एकाधिकेऽब्दे विहितश्चत्वारिशेषकार्तिके।
राज्ये कलशभूभर्तुः काश्मीरेष्वच्युतस्तवः।।—दशावतारचरित, उपसंहार 5

(ब) क्षेमेन्द्रेण प्रणयविपदां हर्तुराश्चर्यकर्तु—
र्भूभूद्धर्तुर्भुवनजयिनोऽनन्तराजस्य राज्ये।।—सुवृत्ततिलक, 3।40

7. क्षे. ल. का. सं., तद्‌गत नर्ममाला, पृ. 307
8. सो. एस. एल. डब्ल्यू. के, पृ. 47 पर उद्धृत
9. सी. एस. एल. डब्ल्यू. के, पृ. 49
10. आचार्य क्षेमेन्द्र—मनोहर लाल गौड़, पृ. 10-11
11. चारुचर्या, पृ. 22, श्लोक 92
12. द्रष्टव्य—शोध प्रबन्ध, अध्याय 6
13. सी. एस. एल. डब्ल्यू. के पृ. 49
14. यस्यासिः परिवारकृत त्रिभुवन्प्रख्यातशीलेश्रुतेः,
सर्वस्यावनतेन येन नितरां प्राप्ता विशेषोन्नतिः।
आशाः शीतलतां नयत्यविरतं यस्य प्रतापानल—
रतस्य श्रीमदनन्तराजनृपतेः काले किलायं कृतः।।—औचित्य वि. चर्चा., उपसंहार 5
15. कश्मीरेषु पृथुतापसवितुः कीर्त्यंशुतारापतेः,
प्रौढ़ेरातिवनानलस्य धनदस्येन्द्रस्य भूमण्डले।
विश्वाकारवतः पुनः कलियुगे विष्णेरिवोत्साहिनों,
राज्ये श्रीमदनन्तराजनृपतेः काव्योदयोऽयं कृतः।।—कविकण्ठाभरण, उपसंहार 1
16. क्षेमेन्द्रेण प्रर्णायविपदां हर्तुराश्चर्यकर्तु—
र्भूभृद्‌भर्तुर्भुवनजयिनोऽनन्तराजस्य राज्ये।।—सुवृत्ततिलक, 3।40
17. एकाधिकेऽव्दे विहितश्चत्वारिशेषकार्तिके।
राज्ये कलशभूभर्तुः कश्मीरेष्वच्युतस्तवः।।—दशावतारचरित, उपसंहार 5
18. हरिराजानन्तदेवावास्तां तस्याऽऽत्मजो ततः।
कलशोऽनन्तनयः क्रमाद्‌भूपो तदात्मजो।।—राजतरङ्गिणी, 8।344
19. स चतुर्थसमामाषाढ़प्रारम्भाहे महीपतिः।
हरिराजाभिधं पुत्रमभिषिच्याऽस्तमाययो।।—वही, 7।127
20. द्वाविंशति महान्युर्वी स रक्षयित्वा क्षमापतिः।
क्षयं यया शुचियशाः शुचिशुक्लाष्टमीदिने।—राजतरङ्गिणी 7।131
21. मिलितेस्तावदेकाङ्क्भ्रात्रा धात्रेयकेण च।
सागराख्येन तत्पुत्रो बालोऽनन्तो नृपः कृतः।।—वही, 7।235
22. पत्न्या संप्रेरितश्चत्तनयस्नेहमूढ़या।
पुत्राय कलशायभूद्राज्यं दातु समुद्यतः।।—वही, 7।231
23. एकान्नचत्वारिंशस्य वर्षस्ये तनयः सिते।
षष्ठेऽब्दि बाहुलस्या भूदभिषिक्तो मही भुजा।।—वही, 7।233

21. पित्रोरेवान्तिके कुर्वन्नहाराद्यापि संततम्।
ततो बभूव कलशो नाममात्रमहीपतिः।।–वही, 7।245
22. वत्सरे पञ्पञ्चाशे ज्येष्ठे मासि विनिर्गतः।
आसाद्य विजयक्षेत्रे स स्वर्गसुखमन्वबभूव।।–वही, 7।361
23. काश्मीर रिपोर्ट–बूलर, पृ. सं. 45-48
24. (क) राजतरङ्गिणी, 1।51-158
(ख) क्षेमेन्द्र स्टडीज–डॉ. सूर्यकान्त, पृ. सं. 11
(ग) 'नीतिकल्पतरु'–भूमिका, डॉ. बी. पी. महाजन, पृ. सं. 1
25. कदाचिदेव विप्रेप्य स द्वादश्यामुपोश्वितः।
प्रार्थितो गमयशता सरसः स्वच्छचेतसा।।–वृहत्कथामञ्जरी-उपसंहार, 1।39
26. संवत्सरे पञ्चाविंशे षष्ठिशुक्लाद्रिवासरे।
श्रीमता भूतिरक्षायं रचितो यं स्मितोत्सवा।।–समयमातृका-उपसंहार, 2
27. एकाधिकेऽब्दे विहितश्चत्वारिशे सकार्तिके।
राज्ये कलशभूभर्तुः कश्मीरेष्वच्युतस्तवः।।–दशावतारचरित-उपसंहार 5
28. संवत्सरे सप्तविंशे वैशाखस्य सितोदये।
कृतयं कल्पलतिका जिनजन्ममहोत्सवे।।
–सोमेन्द्र विरचित अवदानकल्पलता की भूमिका 13
29. श्रुत्वाभिनवगुप्ता ख्यात्साहित्यं बोधचारिधेः।
आचार्यशेखरवर्णेविद्याविवृतिकारिणः।।–वृहत्कथामञ्जरी-उपसंहार 36
30. इति नवतितमेऽस्मिन् वत्सरान्त्ये युगान्ते तिथिंशशिजलधिरधेमार्गशीर्षावसाः।
जगति विहितबोधामीश्वरप्रत्यभिज्ञा व्यवृणतपरिपूर्णा प्रेरितः शम्भुपादः।।
–ईश्वरप्रत्याभिज्ञाविमर्शिनी टीका, पृ. 406
31. Kshemendra probably contacted Abhinavgupta towards the end of his life."– History of poetics—P.V. Kane
32. आमुख–'देशोपदेश एवं नर्ममाला'–श्री मधुसूदन कौल
33. नीति कल्पतरु–वी.पी. महाजन
34. क्षेमेन्द्र स्टडीज–डॉ. सूर्यकान्त
35. दशावतारचरित–उपसंहार 2
36. वृहत्कथामञ्जरी–उपंसहार, 31, 36
37. भारतमञ्जरी–उपसंहार, 2
38. कश्मीरेष्वभवत्सिन्धुजन्मा चन्द्र इवापरः।
प्रकाशेन्द्रः स्थिरा यस्य पृथ्वयस्ये कीर्तिकौमुदी।।
× × ×
कथासारसुधासारं क्षेमेन्द्रस्तत्सुतो व्यधात्।।–रामायणमञ्जरी–उपसंहार 3, 4, 5
39. यथा, चेतद्भ्रातुश्चक्रपालस्य।–कविकण्ठाभरण, द्वितीय संधि, उदा. सं. 7
40. अस्मत्पित्रावदानानां कृते सप्तोतरे शते।
सोमेन्द्रेण ममाप्येकं कृतं मङ्गलपूरणम्।।–बौद्धवदानकल्पलता, भूमिका 14

41. अवदानकल्पलता, भूमिका 1, 2
42. अवदानकल्पलता, भूमिका 3, 4
43. शान्तेऽथ संग्रामपीडे कनीयान् वाप्पियात्मजः।
राजाप श्रीमाञ्ज्यापीडः प्राप रायं ततः क्रमात्।।—राजतरङ्गिणी 4।402
44. गतशेषं प्रभुत्यक्तं सैन्यं संवाह्यान्स्थितः।
मित्रशर्मात्मजी देवशर्माऽमात्यस्तमाययो।।—वही, 4।469
45. भोगसेना निरनुमः क्षीणवासा भवन् कृतः।
तेनाऽप्रतिसेवाप्रीतेन राजस्थानाधिकारमाक्।।—वही, 8।81
46. उपायापकृतेः प्राप्य राज्यं दस्युभिः।
एवं शनैरवष्टम्भं भेजे भूपतिरुच्चलः।।—वही, 8।39
47. अभूतां युगवाहस्य कुयूनाम्नः सुतो पुरा।
यो सिन्धुभूयया तञ्जायमानः सिन्धुलोलतिकः किल्।—राजतरङ्गिणी 6।264
48. यस्य मेरीरिवोदार कल्याणपूर्णसंपदः।
अगणयेवादभूद गेहे यस्य भोज्यं द्विजन्मानम्।।
सूर्यग्रहे लिभिर्लक्षेर्दत्वा कृष्णाजिनत्रयम्।
अल्पप्रदोऽस्मीत्यभवत् सलज्जानतकन्धरः।।
स्वयंम्भूनिलये श्रीमान यः प्रतिष्ठाप देवताः।
दत्त्वा कोटिचतुर्भागं देवद्विजमठादिषु।।
पूजयित्वा स्वयं शम्भु प्रसरद्वाष्पनिर्भरः।
गाढं दोर्भ्यां समालिग्य यस्तयेव व्यपतत्।। —वृहत्कथामञ्जरी, उपसंहार 32-35
49. रामायणमञ्जरी—उपसंहार 4
50. भरतमञ्जरी—उपसंहार 2
51. औचित्यविचारचर्चा—उपसंहार 5
52. दशावतारचरित—उपसंहार 2
53. अवदानकल्पलता की भूमिका 3
54. क्षे. ल. का. सं. की भूमिका, पृ. 2
55. कविकण्ठाभरण 22/2/2
56. श्रुत्वाभिनवगुताख्यात् साहिर्त्यबोधवारिधेः।
आचार्यशेखरमणेर्विद्याविवतिकारिणः।। —वृहत्कथामञ्जरी, उपसंहार 37
57. श्रीमद्भागवताचार्यसोमपादाब्जरेणुभिः।
धन्यतां यः परं यातः नारायणपरायणाः।। —वृहत्कथामञ्जरी, उपसंहार 36
58. यथा अस्मदुपाध्यायगङ्गकस्य—
स कोऽपि प्रेमार्दः प्रणयपरिपाकप्रचालितो,
विलासोऽक्षणं देयात् सुखमनुपर्म वो मृगदृशम्।
यदाकृतं दृष्ट्वा पिद्धति मुखं तृणविवरे,

निरस्तव्यापारा भुवनजयिनः पञ्चविशिखाः।।–औचित्यविचारचर्चा–उदाहरण सं. 105

59. आचार्यगोपदत्तैवदानक्रमोज्झितः
उच्चित्योच्चित्य विहिता गद्यपद्यविशङ्कता।।
एकमार्गानुसारिण्यः परं गाम्भीर्यकर्कशा।
विस्तीर्णवर्णसाः सन्ति निजजातकमालिका।।–अवदानकल्पलता-भूमिका 7, 8

60. अथाभेत्य स्वयं तस्य गृहं प्रज्ञाप्रकाशवान।
आचार्यो वीरभद्राख्यः प्रख्यात् सुकृतोज्ज्वलः।।–वही, 2

61. यस्य हस्तगतं सर्वशास्त्रमायाति शुद्धताम्।
आचार्यः सोऽत्र सूर्यश्रीलिपिन्यासार्थमर्थितः।।–वही

62. (अ) स श्री देवधरायख्स्य द्विजराज्यपदस्थितेः।
सर्वज्ञस्यज्ञिया चक्रे कथामेतां विनोदिनीम्।।
–क्षे. ल. का. सं., तद्‌गत वृहत्कथामञ्जरी, पृ. 42

(ब) "Kshmendras mentionss one Deodhar ..... It is probable that he was his teacher". Dr. Suryakant, K.S., Page 15

63. अचेतनचेतनाध्यारोपपरिचयो यथा मच्छिश्यमहाश्री भट्टोदयसिंहस्य ललिताभिधाने महाकाव्ये इह विकसदशोकास्तोकपुण्योपकारैरयमतिशयरक्तः सक्तसुस्निग्ध भावः। त्रिभुवन जयसज्जः प्राज्यसाम्राज्यभाजः प्रथयति पृथुमैत्रीं पुष्पचापस्य चैत्रः।
–क्षे. ल. का. सं., तद्‌गत, कविकण्ठाभरण, पृ. 82

64. विवेकपरिचयो यथा मच्छिष्य–**राजपुत्रलक्ष्मणादित्य–**
आशापाशविमुक्तियुक्तममलं संतोषमान्यं मनः
सेवायासविवर्जितं विहरणं मायाविहीनं वचः।
चण्डीशार्चनमात्मशुद्धिजननी गंगेव सत्संगतिः
सो यं संतरणे परः परिकरः संसारवारांनिधेः।।
–क्षे. ल. का. सं. तद्‌गत, कविकण्ठाभरण, पृ. 83

65. औचित्यविचारचर्चा–डॉ. मनोहरलाल गौड़, पृ. 8
66. औचित्य सम्प्रदाय का हिन्दी काव्यशास्त्र पर प्रभाव–डॉ. चंद्रहंस पाठक, पृ. 122
67. 'क्षेमेन्द्र स्टडीज'–डॉ. सूर्यकान्त
68. संस्कृत साहित्य का इतिहास–पं. बलदेव उपाध्याय, पृ. 223
69. क्षे. ल. का. सं., पृ. 72-80
70. क्षे. ल. का. सं., पृ. 15, 24, 25, 36, 40, 61
71. वही, पृ. 11
72. के. एस., पृ. 20
73. हनुमत प्रसाद शास्त्री कृत काश्मीरेतिहास, पृ. 225
74. क्षे. ल. का. सं., पृ. 114
75. राजतरङ्गिणी 1।13
76. के. एस., पृ. 26
77. के. एस., पृ. 26

78. हनुमत प्रसाद शास्त्री कृत काश्मीरेतिहास, पृ. 229
79. सोगतः ख्यात सुकृतो नक्क नाम समभ्यधात्।–अ. क. ल., भूमिका-6
80. आचार्यगोपदत रेवदान क्रमोज्झितः।–वही, 7
81. ततः स्वप्ने भगवता जिनेन प्रेरितः स्वयम्।
सोऽहीत् पुनरयोगवदानार्थ संग्रहे।।–वही, भूमिका 11
82. वकदम्भो दम्भपतिदम्भनरेन्द्रश्च कूर्मजी दम्भः।
मार्जारदम्भ एवं प्राप्तो दम्भेषु चक्रवर्तित्वम्।।–कला विलास 1/49
83. तमसि वरावश्वोरो हाहाकारेण याति संत्रस्तः।
गायनचोरः प्रकटं हाहाकृत्वेव हरति सर्वस्वम्।।–कलाविलास, 7/4
84. "There is certain respects a curious modernity in Kshemendra's pictures"–
History of sanskrit literature–Prof. Keith, Page 238
85. History of Sanskrit literature–Prof. Keith, Page 239, 240
86. चारुचर्याष्टक 26
87. सेव्यसेवकोपदेश 52
88. कुलं वित्तं श्रुतं शौर्य दानं तपस्तथा।
प्राधान्येन मनुष्याणां सप्तेते मदहेतवः ।।–दर्पलन 1।4
89. आमुख–देशोपदेश व नर्ममाला–श्री मधुसूदन कौल, पृ. 24
90. औचित्यविचारचर्चा–डॉ. मनोहर लाल गौड़, पृ. 7
91. चतुर्वर्ग संग्रह 4।7
92. औचित्यम् रसपिद्धस्य स्थिरं काव्यस्य जीवितम्।–औ. वि. चर्चा 5
93. उचितस्थानविन्यासादलंकृतिरलंकृतिः।
औचित्यपादच्युता नित्यं भवन्त्येव गुणा गुणाः।।–औ. वि. चर्चा 6
94. पदे वाक्ये प्रबन्धार्थे गुणेलङ्करणे रसे।
क्रियाया कारके लिङ्ववेचने च विशेषणे।।
उपसर्गे निपाते च काले देशे कुल ब्रते।
तत्त्वे सत्वेऽप्यमिप्राये स्वभावे सार संग्रहे।।
प्रतिमायामवस्थायां विचारे नाम्नयथाशिषि।
काव्यस्याङ्गेषु प्राहुरौचित्यम् व्याति जीवितम्।।–औ. वि. चर्चा 8-10
95. अनौचित्यादृते नान्यद्रसमङ्गस्य कारणम्।
प्रतिद्धिचित्यबन्धस्तु रसम्योपनिषत्सरा।।–ध्वन्या. कारिका, 14 पृ. 190
96. न हि चमत्कारविरहितस्य कवेः काव्यस्य वा काव्यतम्।–कवि कं. भ. 3।1
97. –वही, 3।2
98. तत्र दशविधं चमत्कारः–अविचारितरमणीयः, विचार्यमाणरमणीय, समस्तसूक्तव्यापार-सूक्तैकदेश दृश्यः शब्दगतः, शब्दार्थगतः, अलंकारगतः, रसगतः, प्रख्यातवृत्ति गतश्च।
–वही, 3।2 की वृत्ति
99. कवि क. भ. 5।1 की वृत्ति।

100. सचिन्नमपि मायावी रचयत्येव लीलया।

101. लधुश्च महतां मध्ये तस्मात् खल इति स्मृतः।।–देशोपदेश 1।6

102. श्रीमान मूढोधनीनिः स्व शुचिश्चोरो लघुर्गुरुः।
भवितव्यतमेवायं वेश्यया क्रियते जनः।।–देशोपदेश 3।15

103. औचित्यविचारचर्चा–डॉ. मनोहर लाल गौड़, पृ. 12

104. सहवासः कविवरेर्महाकाव्यार्थ्यवर्णम्
आर्यत्त्वं सुजनेमैत्री सौमनस्यम् सुवेषता।।–कवि. कं भ. 2।4

105. अवज्ञां प्रीतिवाघयेऽपि न सहन्तेऽभिमानिनः।।–रामा. मं., सुं. कां. 355

106. विपद्विमानेन कुजीवेतेन किम्।–दशा. च. 3।4

107. दशा. च., 7।248

108. जितं भगवता तेन हरिणा लोकधारिणा।
अजेन विघ्वरूपेन निर्गुणेन गुणात्मना।।–रामा. मं, बा. कां. 1

109. चारुचर्या 45

110. चारुचर्या 2

111. चारुचर्या 5

112. चारुचर्या 8

113. चारुचर्या 10

114. चारुचर्या 13

115. चारुचर्या 13

116. चारुचर्या 15

117. सा दुर्दशेवातिशयेन याञ्चा न कस्य मानक्षतिमातनोति।–दशा. च., 5।190

118. जीवत्यर्थक्षये नीचो याञ्चापचयवञ्चने।–वही, 5।166

119. चारुचर्या 31

120. (अ) रिपोर्गतस्यापि शरीरशेषतां न नाम युक्तं क्षणमप्युपेक्षणम्।।–दशा. च. 3।11
(ब) हीनोऽपि नावमन्तव्यो बलिभिः शत्रुरित्यसौ।–रामा. मं. यु. कां 379

121. देवं प्रमाणमाश्रित्य नोद्योगे यः प्रवर्तते।
त्रेन कार्य शतच्छिद्रे घटे जलमिवोद्धृतम्।–रामा. मं. सुं. कां. 343

122. दशा. च. 8।31

123. दशा. 7।241

124. धनाशौचशरीराणि निघृष्यन्ते यथा यथा।
तथा तथा भृशं तेभ्यो दुःखमेव प्रजायते।।–रामा. मं, अ. प. 266

125. धनैरधमसंधार्यैर्विदार्यन्ते न धीधनाः।। वही, 281

126. दशा. च. 5।183

127. गुप्तं विनष्टं प्रकटं विनष्टं कीर्णं विनष्टं मिलितं विनष्टं।
स्वयं विनष्टं परतो विनष्टं दीनार्तदत्तं द्रविणं न नष्टं।।–वही, 5।182

128. देशकालोपन्नस्य पौरुषस्याविरोधिनः।
अविसंवादिनी नित्यं बाणस्येव पलोद्गतिः।।–रामा. मं., सु. कां 344

3

रामायणमञ्जरी : प्रतिपाद्य समीक्षा

रामायणमञ्जारी की कथानक व्यवस्था

रामायणमञ्जरी का अवलोकन करने पर ऐसा प्रतीत होता है कि ग्रंथकार ने अन्य रामायण ग्रंथों की अपेक्षा रामायणमञ्जरी की कथानक व्यवस्था में बहुत ही रोचक एवं मौलिक परिवर्तन किया है। यद्यपि कि कवि ने ग्रंथ के 6400 श्लोकों को मुख्य रूप से बालकाण्ड, अयोध्याकाण्ड, अरण्य पर्व, किष्किन्धाकाण्ड, सुन्दरकाण्ड, युद्धकाण्ड एवं उत्तरकाण्ड प्रभृति सात काण्डों में विभाजित किया है, किन्तु काण्ड व्यवस्था के इस बाह्य रूप के अन्तर्गत कवि द्वारा किये गये कुछ परिवर्तन ध्यातव्य हैं। यथा–ग्रंथाकार ने ग्रंथ का शुभारम्भ–'काश्मीरिकमहाकविश्रीक्षेमेन्द्रेविरिचता रामायणमञ्जरी बालकाण्डम्'–

ऐसा लिखते हुए मंगलाचरण के प्रस्तुत प्रथम श्लोक से किया है–

जितं भगवता तेन हरिणालोकधारिणा।
अजेन विश्वरूपेण निर्गुणेन गुणात्मना।।

किन्तु ग्रंथ के अग्रिम अवलोकन से पता चलता है कि कवि ने इस बालकाण्ड की समाप्ति का कहीं उल्लेख नहीं किया है, अपितु 'दशरथविपत्तिः' के संदर्भ में 987 श्लोक संख्या तक पहुँचने पर 'इति क्षेमेन्द्र विरचिते रामायणकथासारे समाप्तोऽमयोध्याकाण्डः' ऐसा लिखा प्राप्त होता है।

इस स्थल पर ध्यातव्य है कि ग्रंथकार जहाँ एक ओर बालकाण्ड के प्रारम्भ का उल्लेख कर उसकी समाप्ति का उल्लेख नहीं करते वहीं दूसरी ओर अयोध्याकाण्ड की समाप्ति का उल्लेख करने से पूर्व किसी भी स्थल पर उसके प्रारम्भ का उल्लेख नहीं करते हैं। अपितु इन दोनों काण्डों को संयुक्त रूप में देकर कवि ने बालकाण्ड एवं अयोध्यकाण्ड के विभाजन को संदिग्ध बना दिया है। यहां यह प्रश्न उठता है कि रामायणमञ्जरी में बालकाण्ड एवं अयोध्याकाण्ड को इस व्यवस्था के अन्तर्गत कथानक के विभाजन को किस सीमा तक बाँधा जाय? इस समस्या के समाधान हेतु

अन्य रामायण ग्रंथों पर ध्यान देना आवश्यक है। अतः यदि वाल्मीकि रामायण को ही ध्यान में रखते हुए रामायणमञ्जरी की इस काण्ड व्यवस्था पर विचार करें तो सीता विवाह के पश्चात् 'अयोध्या प्रत्यागमनम्' तक ही बालकाण्ड की समाप्ति, तदनन्तर अयोध्याकाण्ड का प्रारम्भ कर अरण्यपर्व के 'अत्रिदर्शनम्' तक इसकी समाप्ति होनी चाहिए। परन्तु रामायणमञ्जरी में कवि ने ऐसा न करके तथा बालकाण्ड एवं अयोध्याकाण्ड को संयुक्त रूप में प्रस्तुत करके अपनी एक मौलिक व्यवस्था का ही परिचय दिया है।

यहाँ पुनः एक प्रश्न उठता है कि बालकाण्ड एवं अयोध्याकाण्ड को संयुक्त रूप से प्रस्तुत करने के पीछे कवि का क्या गन्तव्य है? इसके समाधान हेतु सम्पूर्ण रामायण मञ्जरी की काण्ड व्यवस्था का अवलोकन करना पड़ता है, जिससे विदित होता है कि ग्रंथकार संभवतः घटनास्थल के आधार पर काण्डों का विभाजन करना चाहते थे। उदाहरणार्थ–अरण्य में घटने वाली समस्त घटना को अरण्यपर्व तथा किष्किन्धा पर्वत पर घटने वाली घटनाओं को किष्किन्धा पर्व एवं किष्किन्धा पुरी में घटने वाली घटना को किष्किन्धाकाण्ड के अन्तर्गत और युद्ध सम्बन्धी घटना को युद्धकाण्ड के अन्तर्गत रखा है। कवि ने इसी दृष्टिकोण के आधार पर अयोध्या में घटने वाली समस्त घटना रामजन्म से लेकर उनके वनगमन तथा दशरथ-मरण तक (बालकण्ड तथा अयोध्याकाण्ड) को संयुक्त रूप से प्रस्तुत किया है। पाठकों के अध्ययन की सुविधा के दृष्टिकोण से बालकाण्ड के प्रारम्भ एवं अयोध्याकाण्ड की समाप्ति का उल्लेख करके कवि अपने गन्तव्य को दर्शा देता है कि अयोध्या में घटने वाली समस्त घटनाएँ अमुक स्थान से प्रारम्भ होकर अमुक स्थान पर समाप्त हो जाती हैं।

इसके बाद दशरथ संस्कार से प्रारम्भ कर वसंतवर्णनम् तक 1158 श्लोकों में संग्रथित अरण्य पर्व का वर्णन है। इस पर्व के अन्तर्गत भी कथानक व्यवस्था सम्बन्धी कवि की एक मौलिकता दर्शनीय है। वाल्मीकि रामायण के अयोध्याकाण्ड में वर्णित वे घटनाएँ जो क्षेमेन्द्र की व्यवस्था के अनुसार अयोध्या में न घटित होकर अरण्य में घटित होती हैं, उसको उन्होंने अरण्य पर्व के अन्तर्गत रखा है। फिर भी उस प्रसंग को अलग रखने के लिए भारत से संबंधित होने के भी कारण कवि क्षेमेन्द्र ने अरण्य पर्व के ही अन्तर्गत 328 श्लोकों वाले 'भरत पर्व' की कल्पना की है। इसी स्थल पर एक विचारणीय तथ्य और है कि अन्य रामायण ग्रंथों से जिस काण्ड को प्रायः अरण्य काण्ड से संबोधित किया गया है उसी को ग्रंथाकार ने रामायणमञ्जरी में 'अरण्य पर्व' के नाम से संबोधित किया है। कवि का यह कृत्य उसकी एक मौलिकता से ही परिचय कराता है।

इसी प्रकार 'सुग्रीवसख्यम्' से लेकर सुग्रीवाभिषेक तक के 214 श्लोकों का वृत्तान्त किष्किकिन्धा पर्वत पर घटित होने के कारण 'किष्किन्धापर्व' तथा प्रावृड्वर्णनम् से सारलङ्घनम् के बीच की अधिकांश किष्किन्धापुरी से संबंधित होने के कारण 573 श्लोकों वाले किष्किन्धाकाण्ड से अभिहित की गयी है। ग्रंथाकार की यह व्यवस्था संभवतः कथानक को सरल, सुबोध एवं सुविधाजनक बनाने का ही एक प्रयास है।

इसके बाद सुन्दरकाण्ड के 705 श्लोक, युद्धकाण्ड के 1298 श्लोक तथा उत्तर काण्ड के 1263 श्लोक वर्णित हैं। यहाँ ध्यातव्य है कवि ने युद्धकाण्ड की समाप्ति तथा उत्तरकाण्ड के प्रारम्भ से पूर्व कुछ प्रसंगों का अलग से उल्लेख किया है। जिसके अन्तर्गत अन्तःपुरप्रलापः, रावणसत्क्रिया, विभीषणाभिषेकः, बह्निप्रवेशः, महापुरुषस्तवः, लोकपाल दर्शनम्, पुनराख्यायिकम्, भरतसमागमः, तथा रामाभिषेकः आदि घटनाएँ समाहित हैं। रामायणमञ्जरी की कथानक व्यवस्था का यह परिवर्तन अन्यत्र सुलभ नहीं है।

अन्त में उत्तराकाण्ड की समाप्ति के पश्चात् कवि 8 श्लोकों के अन्तर्गत राज एवं वाल्मीकि की वन्दना तथा स्वयंशाद्रि परिचय के साथ–

गुणागुणतया भान्ति येषु स्वस्तेषु विस्मया।
निर्गुणेषु गुणानेव ये वदन्ति जयन्ति ते।।

प्रस्तुत श्लोक से ग्रंथ की परिसमाप्ति करता है–इति क्षेमेन्द्र विरचिता रामायणमञ्जरी समाप्त।

रामायणमञ्जरी की कथानक व्यवस्था के उपर्युक्त सन्दर्भ में एक उत्कण्ठा जागृत होनी स्वाभाविक है। वह यह है कि आचार्य क्षेमेन्द्र को परम्परा के विरुद्ध इस नूतन विभाजन की प्रेरणा कहाँ से मिली? ऐसा प्रतीत होता है कि रामायणमञ्जरी का रचनाकार इस प्रसंग में निश्चय ही महाभारत से प्रभावित हुआ है। महाभारत का एक विभाजन तो आदि, सभा, उद्योग तथा वनपर्वादि 18 पर्वों के रूप में व्यवस्थित एवं सर्वजनवेद्य है। परन्तु उसका एक उपविभाजन भी है जो कि घटनाक्रम के अनुसार व्यवस्थित होकर उसी नाम से प्रख्यात है।

इस विशिष्ट विभाजन के अनुसार ही महाभारत 18 पर्व की बजाय कुल 100 पर्वों में विभक्त है। इन पर्वों की संज्ञाएं ही उस पर्व की कथा को स्पष्ट कर देती हैं। उदाहरणार्थ–अंशावतार पर्व में विभिन्न देव-दानवों का पाण्डव-कौरव वीरों के रूप में अवतरण। हिडिम्ब पर्व में हिडिम्ब वध। आदि-आदि।

वस्तुतः यह विभाजन लोकमानस से अधिक समीप है, क्योंकि सामान्य पाठक की पर्व नाम से ही पर्व कथा का बोध हो जाने के कारण स्वाध्याय रुचि की दृष्टि से बड़ी सुविधा हो जाती है।

आचार्य क्षेमेन्द्र ने भी तकनीकी तौर पर पारम्परिक काण्ड के विभाजन को उतना महत्त्व नहीं दिया जितना कि पाठकाभिमत विभाजन पर। इसी उद्देश्य की पूर्ति के लिए उन्होंने घटनास्थल के अनुसार काण्ड की सीमा रेखा निश्चित की।

रामायणमञ्जरी की कथानक व्यवस्था के विवेचन के उपरान्त इसकी काण्ड संख्या एवं श्लोक संख्या का संक्षिप्त परिचय प्रस्तुत किया जा रहा, जो अधोलिखित है–

काण्ड	श्लोक
बालकाण्ड-अयोध्याकाण्ड–	987
अरण्यपर्व	1158
किष्किन्धापर्व	114
किष्किन्धाकाण्ड	573
सुन्दरकाण्ड	705
युद्धकाण्ड	1298
राज्याभिषेक	193
उत्तरकाण्ड	1263
कवि वंशादि परिचय	9
6400 ग्रंथ की कुल श्लोक संख्या	

रामायणमञ्जरी की आधिकारिक कथा

फल का स्वामी होना ही अधिकार है, और उस फल का स्वामी ही अधिकारी है। फल की सिद्धि तक अभिव्याप्त या उस अधिकारी के द्वारा निष्पन्न वृत्त या कथा आधिकारिक कहलाती है।[1] इस प्रकार प्रधानभूत कथा को ही अधिकारिक कथा कहते हैं। रामायणमञ्जरी में आधिकारिक कथा–राम सीता की कथा है, क्योंकि पूरे ग्रंथ का कथानक राम एवं सीता को ही केन्द्र बिन्दु मानकर प्रवाहित होता है। अंत में फल के रूप में रावण वध तथा राज को विजय एवं राम सीता का पुनर्मिलन होता है। यहाँ फल का स्वामित्व राज को ही प्राप्त होता है जिससे वे अधिकारी हुए। पुनः इनसे संबंधित कथावृत्त जिसका कि रामायणमञ्जरी में आद्योपान्त निर्वहण हुआ है–आधिकारिक कथा है।

पताका कथा

मुख्य कथा के साथ गौण रूप से दूर तक चलने वाले प्रासङ्गिक वृत्त को पताका कहते हैं।[2] रामायणमञ्जरी की मुख्य कथा–राम कथा है। इस मुख्य कथा के अङ्ग के रूप में सुग्रीव एवं विभीषण की कथा उसका दूर तक अनुवर्तन करती है जिससे

कि मुख्य कथा में प्रवाहमयता सदैव विद्यमान रहती है इन दोनों पताका कथाओं के फल की भी सिद्धि होती है, यथा—बालि वध के उपरान्त सुग्रीव का अभिषेक तथा रावण आदि राक्षसों के वध के पश्चात् विभीषण का अभिषेक। ये दोनों कथाएँ जिस स्थल से प्रारम्भ होती हैं, वहाँ से लेकर आधिकारिक कथा के अधिकारी के फल की सिद्धि तक उसका अनुवर्तन करती हैं।

प्रकरी कथा

एक प्रदेश में रहने वाले अर्थात् थोड़ी दूर तक चलने वाले प्रासङ्गिक वृत्त को प्रकरी कहते हैं।[3] पताका कथा की तरह प्रकरी कथाएँ मुख्य कथा का दूर तक अनुवर्तन नहीं करती हैं अपितु मुख्य कथा के साथ बहुत-थोड़ी दूर तक चलकर वहीं समाप्त हो जाती हैं। प्रकरी कथा मुख्य कथा के प्रवाह तथा उसकी अभिवृद्धि में किसी-न-किसी रूप में सहायक होती हैं। रामायणमञ्जरी में वर्णित विभिन्न प्रकरी कथाएँ जो मुख्य कथा रामकथा की अभिवृद्धि में सहायक हैं उनका उल्लेख अधोलिखित है।

ऋष्यभृङ्गोपाख्यानम्—बालकाण्ड के प्रारम्भ में ऋृष्यश्रृंग का वृत्तान्त वर्णित है। जिसमें सुमन्त्र के द्वारा राजा दशरथ के पुत्र प्राप्ति के लिए अश्वमेध एवं पुत्रेष्टि यज्ञ के सम्पादनार्थ ऋृष्यश्रृंग को बुलाने की सलाह दी गयी है। यहाँ ऋृष्यश्रृंग की कथा मुख्य कथा की पूर्वपीठिका के रूप में वर्णित है, क्योंकि आधिकारिक कथा के नायक तथा राजा दशरथ के पुत्र राम की उत्पत्ति के लिए उनका यज्ञ कराना तथा उस यज्ञ के विधिवत् सम्पादनार्थ ऋष्यश्रृंग के बुलाने के उपक्रम में इस कथा का महत्त्वपूर्ण स्थान है। इस कथा के द्वारा ही आधिकारिक कथा की अभिवृद्धि होती है यहीं से मुख्य कथा के प्रवाहित होने की रूपरेखा तैयार होती है। यदि इसके निषेधात्मक पक्ष का आश्रय लेकर थोड़ी देर के लिए इस कथा को बाहर निकाल दे तो फिर राजा दशरथ के यज्ञ का विधिवत् सम्पादन कैसे होगा, यज्ञ का सम्पादन न होने पर रामादि पुत्रों की उत्पत्ति कैसे होगी तथा रामादि पुत्रों की उत्पत्ति हो यदि न हो तो फिर काव्य की आधिकारिक कथा का सृजन ही नहीं हो पाएगा। अतः उपर्युक्त तथ्यों को ध्यान में रखते हुए ऋष्यश्रृंगोपाख्यान को निर्विवाद रूप से प्रकरी कथा कहा जा सकता है।

गङ्गावतरणम्—इस कथा का भी वर्णन बालकाण्ड के अन्तर्गत ही हुआ है। गंगा के किनारे पहुँचने पर राम, गुरु विश्वामित्र से गङ्गा जी के विषय में पूछते हैं। विश्वामित्र सहर्ष सम्पूर्ण वृत्तान्त को राम से कहते हैं। इसके अन्तर्गत विश्वामित्र इक्ष्वाकु वंश के नरेशों अर्थात् राम के पूर्वजों—राजा सगर, असमञ्ज, अंशुमान, दिलीप तथा भगीरथ आदि का विधिवत उल्लेख करते हुए यह बताते हैं कि राजा भगीरथ

किस प्रकार तत्पश्चर्या के बल पर गंगाजी को पृथ्वी पर लाकर अपने 60 हजार पूर्वजों का तर्पण करते हैं। इस कथा को प्रत्यक्षतः देखने से ऐसा प्रतीत नहीं होता कि यह प्रकरी कथा है, क्योंकि इसमें कोई स्थल ऐसा नहीं है जिससे स्पष्टतः लक्षित होता हो कि यह मुख्य कथा में अभिवृद्धि करती है। परन्तु सूक्ष्मावलोकन पर इसके द्वारा आधिकारिक कथा के नायक राम के पूर्वजों का उल्लेख प्राप्त होता है जिसका कि मुख्य कथा के प्रवाह में काफी महत्व है। पुनः जिसके ऊपर सम्पूर्ण कथा ही अवलंबित है उसके कुल एवं पूर्वजों का वर्णन होना भी तो अत्यावश्यक है यह कथा यद्यपि कि ग्रंथ के एक भाग में आती है और कुछ दूर तक चलने के बाद पुनः समाप्त हो जाती है, परन्तु मुख्य कथा के नायक राम से संबंधित कुछ महत्वपूर्ण सूचनाओं को देकर मुख्य कथा में अभिवृद्धि करती है। अतएव इस कथा को भी प्रकरी कथा कहा जा सकता है।

अहल्याशापमुक्तिः—सम्पूर्ण रामायणमञ्जरी में अहल्या का प्रसंग दो बार प्रयुक्त हुआ है—प्रथमतः बालकाण्ड में तदुपरान्त उत्तरकाण्ड में। बालकाण्ड में संक्षिप्त रूपेण अहल्या को शाप से मुक्त होने का प्रसंग है, परन्तु उत्तरकाण्ड की कथा में इसके विस्तार के साथ इन्द्र के शाप मुक्त होने की कथा भी वर्णित है। बालकाण्ड के अन्तर्गत प्रयुक्त अहल्या कथा में गौतम ऋषि अहल्या को शाप देते हुए कहते हैं, "इस आश्रय विहीन निर्जन वन में शीघ्र ही तुम भस्म होकर अदृश्य हो जाओ तथा राम के दर्शन की अवधि तक प्रतीक्षा करो।"[4] यहाँ गौतम ऋषि के इस शाप वाक्य से ही अहल्या शाप मुक्ति की कथा का प्रकीरत्व सूचित होता है। तात्पर्य है कि जब राम इस स्थल पर आकर तुम्हें शाप मुक्ति करेंगे इस अवधि की प्रतीक्षा करो। यह वाक्य के आने की सूचना देते हुए मुख्य कथा की अभिवृद्धि करता है। यह कथा भी यधपि मुख्य कथा का दूर तक अनुवर्तन नहीं करती परन्तु उपर्युक्त वाक्य से ही उसमें प्रवाह लाकर समाप्त हो जाती है। इस प्रकार अहिल्या शाप मुक्ति भी एक प्रकरी कथा है।

यज्ञदत्तवधवर्णनम्—अयोध्या काण्ड के अन्त में पुत्र वियोग एवं शोक से पीड़ित राजा दशरथ पहले किए हुए दुष्कृत्य (यज्ञदत्त वध) का वर्णन करते हुए कौशल्या से कहते हैं, "कौशल्ये! मनुष्य अपने द्वारा ही किए हुए शुभ या अशुभ कर्मों के फल का भोग करता है। मेरे द्वारा किए हुए यज्ञदत्त वध रूप दुष्कृत्य के फल की परिपक्वता ही आज मेरे इस दुःख का कारण है। क्योंकि पुत्र शोक से पीड़ित अंधे मुनि ने शाप देते हुए कहा था कि हे राजन्! तुम अवश्य ही इस पाप के फल का भोग करोगे।[5] यहां मुनि के इस शाप वाक्य से मुख्य कथा के अन्तर्गत आने वाली

घटनाओं—कैकेयी द्वारा घर मांगना, राम वन गमन एवं दशरथ मरण तथा भरत पर्व की सूचना दिलाती है। इस प्रकार हम देखते हैं कि यज्ञदत वध का वृत्तान्त अप्रत्यक्ष रूप से मुख्य कथा के प्रवाह में सहायक है जिसके कारण ही इस कथा को प्रकरी कथा कहा जा सकता है।

जटायुसत्क्रिया—सीता हरण के पश्चात् राम जंगल में विलाप करते तथा भटकते हुए—जब खून से लथ-पथ मरणासन्न गृद्धराज जटायु को देखते हैं तो उन्हें भ्रम होता है कि संभवतः इसी ने सीता का वध किया हो। अतः उसे मारने के लिए तुरन्त धनुष पर बाण चढ़ा दिए। इतने में ही जटायु ने कहा, "हे राम मैं पापकर्मी निशाचर नहीं हूं अपितु आपके पिता राजा दशरथ का मित्र, वरुण पुत्र जटायु हूँ। दशानन ने मुझे घायल कर, आपकी प्रिया सीता का अपहरण कर लिया।"[6] ऐसा सुनकर राम बहुत दुखी हुए। लक्ष्मण के पूछने पर सीताहरण का वृत्तान्त कहते हुए जटायु ने कहा, "आप निश्चय ही राक्षसों का वध करके सीता को प्राप्त कर लेंगे।"[7] जटायु का वृत्तान्त अरण्य पर्व के अन्तर्गत आया है। यद्यपि ही यह कथा आधिकारिक कथा के साथ थोड़ी दूर चलकर ही समाप्त हो जाती है परन्तु अधिकारिक कथा में पूर्ण रूपेण अभिवृद्धि करती है। सीता हरण के पश्चात् राम को सर्वप्रथम इसी स्थल पर सूचना मिलती है कि रावण ने सीता का अपहरण किया है। साथ ही जटायु ने यह भी कह दिया कि सीता को प्राप्त करने के लिए राक्षसों से युद्ध करके उनका वध करना होगा। इस प्रकार देखते हैं कि जटायु की कथा एक ही साथ सीता हरण से लेकर रावण वध तक का संकेत करती है। इस कथा के द्वारा मुख्य कथा के प्रवाह को एक नया आयाम मिलता है। इन तथ्यों के आलोक में जटायु वृत्तान्त को निस्सन्देह रूप से प्रकरी कथा कहा जा सकता है।

कबन्धहननम्—कबन्ध राक्षस का वध करने के उपरान्त जब राम उसे चिता में जलाकर शाप मुक्त करते हैं तो वह कबन्ध जो शापवश राक्षस हो गया था, एक दिव्य पुरुष के रूप में विमान पर बैठकर अवतरित हुआ। वह दिव्य पुरुष राम से बोला, "आप मतंग आश्रम के पास स्थित ऋष्यमूक पर्वत पर जाकर भाई बालि द्वारा त्रासित सुग्रीव से मित्रता करें। उसकी मित्रता से सीता जी को प्राप्त करने में आपको सहायता मिलेगी। कबन्ध वध की कथा पूर्णरूपेण प्रकरी कथा है। यह ग्रंथ में अरण्य पर्व के एक प्रदेश में आकर वहीं समाप्त हो जाती है। पताका कथाओं की तरह मुख्य कथा का दूर तक अनुवर्तन नहीं करती अपितु उसे अग्रसारित कर वहीं समाप्त हो जाती है। क्योंकि कबन्ध के कथानुसार ही राम ऋष्यमूक पर्वत पर जाकर सुग्रीव से मित्रता करते हैं तथा बालि वध के उपरान्त उसका राज्याभिषेक होता है। सुग्रीव सभी

वानरों एवं राक्षसों की सहायता से सीता की खोज करवाता है। इसी वानरों एवं रीक्षों की सेना के द्वारा राम, रावण आदि राक्षसों का वध करके विजय प्राप्त करते हैं। राम सीता का मिलन एवं विभीषण का अभिषेक होता है। इस प्रकार देखते हैं कि कबन्ध की कथा मुख्य कथा की इस प्रकार अभिवृद्धि करती है कि वह अधिकारी के फल की सिद्धि तक प्रवाहित होती रहती है।

शबरीदर्शनम्—रामायणमञ्जरी में अरण्य पर्व के अन्तर्गत आयी हुई शबरी कथा पूर्णरूपेण प्रकरी कथा नहीं प्रतीत होती, क्योंकि सम्पूर्ण कथा में एक भी स्थल ऐसा नहीं है जिससे यह सूचित होता है कि यह कथा आधिकारिक कथा की अभिवृद्धि में सहायक है। रामायणमञ्जरी में केवल यही उल्लेख प्राप्त होता है कि राम मतंग ऋषि के आश्रम में शबरी से मिलते हैं। शबरी अर्घ्य, पात्र, आसन से उनका सत्कार कर अपने को धन्य मानती है, तथा अपने स्वर्गीय गुरु मतंग की कथा राम से कहती है। राम उसकी भक्ति भावना से प्रसन्न हो आशीर्वाद देकर स्वर्गलोक भेज देते हैं। यद्यपि शोध ग्रंथ की इस शबरी कथा से प्रत्यक्ष रूपेण उसके प्रकरीत्व की कोई सूचना नहीं मिलती, परन्तु आधिकारिक कथा के नायक राम के मनोरंजन की दृष्टि से इस शबरी कथा का बहुत अधिक महत्व है जिस आधार पर इसे प्रकरी कथा कहा जा सकता है।

संपात्तिदर्शनम्—किष्किन्धाकाण्ड के अन्तर्गत वर्णित संपाति की कथा भी प्रकरी कथा है। तापसी स्वयंप्रभा के गुफा मन्दिर में मार्ग भूल जाने से वानर अधिक चिन्तित हो गये। क्योंकि सुग्रीव के द्वारा सीता की खोज के लिए जो एक मास की अवधि निश्चित की गयी थी वह पूर्ण हो गयी। इसी चिन्ता में अंगद, जाम्बवान आदि प्रमुख वानर अपने की अधम कहते हुए जटायु की प्रशंसा करने लगे जो कि राम कार्य में अपने प्राणों को त्याग दिया। पास ही पर्वत पर स्थित संपाति, भाई के निधन को सुनकर बहुत दुःखी हुआ। तुरन्त ही वह भाई का सम्पूर्ण वृत्तान्त पूछते हुए अपने विषय में वानरों को अवगत कराता है। संपाति राम कार्य में सहायक होकर अपने पुत्र सुपार्श्व द्वारा कथित सीताहरण की बात वानरों से कहता है तथा रावण की लंका पहुंचने के विषय में सभी उपायों को बताता है। प्रारम्भ में ही वह कहता है—[8]

स्थितस्य मे विन्ध्यतटे साग्रं वर्ष शत ययौ।
सीता हृता मया दृष्ट्वा रावणेन विहायसा ।।416।।

यहां संपत्ति का पूर्वोक्त कथन एवं उसके द्वारा पुत्र सुपार्श्व से सुनी हुई सीताहरण की घटना से वानरों को अवगत कराना ही मुख्य कथा की अभिवृद्धि है। क्योंकि संपाति द्वारा बतायी हुई युक्ति से ही वानर समुद्र लङ्घन कर लंका में जाकर सीता की खोज करते हैं। अतः

संपाति का यह वृतान्त जो ग्रंथ के एक प्रदेश में आकर आधिकारिक कथा में अभिवृद्धि के साथ वहीं समाप्त हो जाती है, प्रकरी कथा है। पुनः इसके प्रकरीत्व की सबल पुष्टि अंत में कहे गये अंगद के इस वाक्य से तो पूर्णरूपेण हो जाती है–[9]

उपलब्धैव वैदेही सुहृदस्त्वत्पिुगिरा।
अधुना नास्ति नः किंचिदगम्यं व्यवसायिनान् ।।44।।

मैनाकदर्शनम्–किष्किन्धाकाण्ड में वर्णित मैनाक पर्वत की कथा भी आधिकारिक कथा के प्रवाह में अप्रत्यक्ष रूप से सहायक है। इन्द्र के बज्र प्रहार से हनुमान के पिता वायु के द्वारा बचाये गए मैनाक पर्वत ने प्रत्युपकार हेतु हनुमान को अपनी चोटी पर थोड़ी देर विश्राम करने के लिए कहता है। मैनाक हनुमान से निवेदन करता है कि यहाँ मेरी चोटी पर विश्राम कर मधुर फलाहार के साथ मेरा आतिथ्य स्वीकार करें जिससे मैं कृतार्थ हो जाऊँ। पुनः नवान शक्ति के द्वारा लङ्का के लिए प्रस्थान करें। इस स्थल पर राज कार्य में संलग्न हनुमान का मैनाक द्वारा अपनी चोटी पर विश्राम एवं मधुर फलाहार से आतिथ्य सत्कार करना ही मुख्य कथा की अभिवृद्धि में सहायक होना लक्षित होता है। तथा यहीं से इसका कथा के प्रकरीत्व की भी सूचना प्राप्त होती है।

सुरसादर्शनम्–किष्किन्धाकाण्ड में देवताओं द्वारा हनुमान की परीक्षा लेने के लिए नियुक्त नाग माता सुरसा की कथा भी अप्रत्यक्ष रूप से प्रकरी कथा मानी जा सकती है। हनुमान के द्वारा पहले अत्यन्त विशालकाय रूप धारण करना पुनः लघुरूप धारण कर सुरसा के मुख में प्रविष्ट हो बाहर निकलकर अपनी बल बुद्धि की निपुणता सिद्ध कर देने से सुरसा अत्यन्त प्रसन्न होती है। उसे यह विश्वास हो जाता है कि हनुमान राम कार्य को विधिवत संचालित कर लेंगे। यहाँ सुरसा की प्रसन्नता से ही इस कथा के प्रकरीत्व की सूचना प्राप्त होती है।

रामायणमञ्जरी के मूल स्रोत

महाकवि क्षेमेन्द्र ने अपने ग्रंथ रामायणमञ्जरी में वाल्मीकि रामायण के 24000 श्लोकों में वर्णित राम कथा को 6400 श्लोकों में प्रस्तुत करने का श्लाघनीय प्रयास किया है। यद्यपि कि कवि ने मुख्य रूप से वाल्मीकीय कथा को ही आधार माना है, किन्तु ऐसा प्रतीत होता है कि आचार्य क्षेमेन्द्र ने कुछ अन्य साम्प्रदायिक, रामायणों, पौराणिक ग्रंथों एवं पूर्ववर्ती कवियों के काव्य तथा नाटकों में वर्णित रामकथा का निस्संदेह सहारा लेकर ही अपने काव्य को पल्लवित एवं पुष्पित किया होगा। इस तथ्य की जानकारी हेतु पूर्ववर्ती रामकथा साहित्य से रामायणमञ्जरी का तुलनात्मक अध्ययन अत्यावश्यक जान पड़ता है। रामायणमञ्जरी के मूल स्रोतों का संक्षिप्त

परिचय अधोलिखित है।

1. पौराणिक ग्रन्थ—हरिवंश पुराण, विष्णु, पुराण, वायु पुराण, भागवत पुराण, कूर्म पुराण, वाराह पुराण, अग्नि पुराण, लिङ्ग पुराण, नारदीय पुराण, ब्रह्म पुराण, गरुण पुराण, विष्णुधर्मोत्तर पुराण, नृसिंह पुराण, सौर पुराण, कालिका पुराण, महाभागवत पुराण, स्कंद पुराण आदि।

2. रामायण ग्रन्थ—वाल्मीकि रामायण एवं अध्यात्म रामायण।

3. महाभारत—(रामोपाख्यान)

4. संस्कृत काव्य—रघुवंश, सेतुबंध, भट्टिकाव्य, जानकीहरण, रामचरित।

5. संस्कृत नाटक—प्रतिमानाटकम्, अभिषेकनाटकम्, महावीरचरितम्, उत्तरराम चरितम्, बालरामायण, अनर्घराघव, कुन्दमाला, आश्चर्यचूड़ामणि, महानाटक।

उपर्युक्त राम कथा से संबंधित सभी ग्रंथ आचार्य क्षेमेन्द्र के पूर्ववर्ती एवं रामायण मञ्जरी के मूलस्रोत के रूप में हैं। आगे इन्हीं ग्रंथों में वर्णित राम कथा के आलोक में रामायणमञ्जरी में वर्णित सभी छोटी-बड़ी अंतर्कथाओं का तुलनात्मक वर्णन, विषय-विस्तार के कारण नहीं प्रस्तुत किया जाएगा, अपितु इसकी प्रमुख घटना एवं कथाओं का ही तुलनात्मक अध्ययन किया जाएगा जिनका कि ग्रंथ की आधिकारिक कथा से सीधा संबंध है।

मूल स्रोतों से तुलनात्मक अध्ययन

बालकाण्ड तथा अयोध्याकाण्ड

अवतारवाद

रामायणमञ्जरी में बालकाण्ड के अन्तर्गत 'रामादि पुत्रोत्पत्ति' के वर्णन में अवतारवाद का निरूपण किया गया है। इस संदर्भ में दशरथ के दो यज्ञों का उल्लेख प्राप्त होता है। सुमन्त्र के परामर्श के अनुसार दशरथ अंगराज लोमपाद के यहाँ जाकर ऋष्यश्रृङ्ग की अयोध्या ले आते हैं तथा पुत्र प्राप्ति के उद्देश्य से पहले उनके द्वारा अश्वमेध यज्ञ करवाते हैं, तदनन्तर ऋष्यश्रृङ्ग पुत्रेष्टि यज्ञ भी करते हैं। इसी अवसर पर देवता लोग ब्रह्मा के साथ विष्णु के पास जाकर निवेदन करते हैं—देव! ब्रह्मा के वरदान के कारण अवध्य रावण हम सभी को पीड़ित करता है। अतः उसके वध का कोई उपाय ढूंढ़िये। मनुष्य को छोड़कर वह सभी प्राणियों से अवध्य है। इसलिए आज आप अपने को चारों अंशों में विभाजित करके, दशरथ के पुत्र में पृथ्वी पर अवतीर्ण होकर, तीनों लोकों का कण्टक दूर करें। देवताओं के ऐसा कहने पर तथा राजा दशरथ का यज्ञ परिपूर्ण होने पर यज्ञाग्नि में से कृष्ण पिङ्गल वर्ण का विशालकाय पुरुष दोनों हाथों में खीर से भरे स्वर्ण पात्र, राजा दशरथ को पुत्र-प्राप्ति के लिए देकर तिरोहित

हो गया। राजा दशरथ हर्षपूर्वक उस खीर की रानियों में बांट दिए। पायस का आधा भाग कौशल्या को, चौथा भाग कैकेयी को तथा शेष को दो भागों में विभक्त कर सुमित्रा को दिया। पायस के इस वितरण से तीनों रानियाँ गर्भवती हो गयीं। प्रसवकाल आने पर कौशल्या ने राम, कैकेयी ने भरत तथा सुमित्रा ने लक्ष्मण और शत्रुघ्न नामक पुत्र को उत्पन्न किया।[10]

रामायणमञ्जरी में वर्णित अवतारवाद की यह घटना किञ्चित विस्तार रहित वाल्मीकि रामायण में भी उपलब्ध है। रामायणमञ्जरी एवं वाल्मीकि रामायण में वर्णित अवतारवाद की घटनाओं का अवलोकन करने पर पता चलता है कि दोनों ग्रंथों में राजा दशरथ के अश्वमेध यज्ञ एवं पुत्रेष्टि यज्ञ प्रभृत्ति दो यज्ञों का उल्लेख है। इसके अतिरिक्त दोनों ग्रंथों में वर्णित अवतारवाद की घटनाओं में बहुत साम्यता है, परन्तु इस संदर्भ में किञ्चित् वैषम्य भी ध्यातव्य है। उदाहरणार्थ–वाल्मीकि रामायण के 15वें सर्ग में जिस समय समस्त देवता एवं ब्रह्मा रावण वध के विषय में विचार कर रहे थे उसी समय गरुण पर आरूढ़ विष्णु भगवान वहाँ स्वयं उपस्थित होकर रावण वध के लिए देवताओं को आश्वासन देते हैं[11], जबकि रामायणमञ्जरी में देवता स्वयं विष्णु के पास जाकर रावण वध के लिए निवेदन करते हैं।

वालमीकि रामायण में राम, लक्ष्मण, भरत एवं शत्रुघ्न की जन्म-तिथि एवं समय का वर्णन मिलता[12] है, जबकि रामायणमञ्जरी में इसका उल्लेख नहीं है। वाल्मीकि रामायण में दशरथ द्वारा पुत्रों के जात संस्कार तथा वशिष्ठ द्वारा उनके नामकरण का भी उल्लेख है।[13] रामायणमञ्जरी में जात-संस्कार का तो नहीं किन्तु नामकरण का अवश्य ही उल्लेख है।

अवतारवाद के प्रथम रूप के अनुसार विष्णु ने चार अंशों में अवतार लिया था। वाल्मीकि रामायण में राम के विष्णुत्व, भरत को विष्णु के साक्षात् चतुर्थांश तथा लक्ष्मण एवं शत्रुघ्न को साक्षात् विष्णु के आधे भाग से सम्पन्न होने की सूचना प्राप्त होती हैं।[14] इसके साथ ही सीता के लक्ष्मीत्व का भी उल्लेख है। इन तथ्यों की वाल्मीकि रामायण में अनेकशः पुष्टि की गयी है। रामायणमञ्जरी में अंशावतार की यह रूपरेखा अस्पष्ट रूप में अवश्य वर्णित है। बालकांड, सुन्दरकांड एवं उत्तरकांड के प्रथम श्लोकों में ही कवि द्वारा विष्णु की वन्दना से राम का विष्णुत्व सूचित होता[15] है। बालकाण्ड के प्रारम्भ में मुनियों द्वारा पूछने पर तथा नारद के उत्तर में ही अद्वितीय शक्ति राम की जो प्रकाशित है उससे भी राम के विष्णुत्व की सूचना मिलती है।[16] राम द्वारा वैष्णव धनुर्भङ्ग से अपमानित परशुराम की उक्ति से भी राम के विष्णुत्व की सत्यता प्रकाश में आती है।[17] 'महापुरुषस्तवः' के अन्तर्गत राम के विष्णुत्व एवं सीता के लक्ष्मीत्व का स्पष्ट प्रतिपादन किया गया[18] है। रामायणमञ्जरी में भरत,

लक्ष्मण एवं शत्रुघ्न के अंशावतार का स्पष्ट उल्लेख तो नहीं मिलता किन्तु बालकाड में देवताओं द्वारा विष्णु से ऐसा कहने पर कि आप अपने को चारों योगों में विभाजित कर पृथ्वी पर अवतरित हो तीनों लोकों का कण्टक दूर करें।[19] इससे सूचित होता है कि लक्ष्मण, भरत एवं शत्रुघ्न विष्णु के ही अंशावतार हैं।

वाल्मीकि रामायण में ब्रह्मा के आदेश से देवताओं द्वारा वानर यूथपतियों के उत्पत्ति की घटना जो वर्णित है, इस प्रकार का उल्लेख यद्यपि रामायणमञ्जरी में अप्राप्य है, किन्तु उत्तरकाण्ड के अंतर्गत स्वर्गारोहण के प्रसंग में राम के स्वर्गारोहण के बाद सुग्रीवादि प्रमुख वानर देवताओं के जिन अंशों से उत्पन्न हुए थे उन मूर्तियों में समाहित हो, अपने-अपने स्थान को चले गये।[20] इस वर्णन से स्पष्टतः परिलक्षित होता है कि ये सभी देवताओं के अंशों से ही उत्पन्न हुए थे, जैसा कि वाल्मीकि रामायण में उल्लिखित है।

वाल्मीकि रामायण[21] और रामायणमञ्जरी[22] में एक ओर राम-लक्ष्मण तथा दूसरी ओर भरत-शत्रुघ्न की विशेष आत्मीयता का भी उल्लेख किया गया है।

रामायणमञ्जरी एवं वाल्मीकि रामायण में वर्णित अवतारवाद का प्रसंग किंचित परिवर्तन सहित अध्यात्म रामायण में भी सुलभ है। रामायणमञ्जरी में दशरथ के दो यज्ञों अश्वमेध एवं पुत्रेष्टि का उल्लेख मिलता है किन्तु अध्यात्म रामायण में केवल पुत्रेष्टि यज्ञ का ही वर्णन मिलता है।[23] रामायणमञ्जरी में सुमन्त्र के परामर्श के अनुसार दशरथ, ऋष्यशृंग को यज्ञ के सम्पादनार्थ अयोध्या बुलाते हैं, साथ ही सुमन्त्र ऋष्यशृंग का सम्पूर्ण वृत्तान्त दशरथ से कहते हैं। परन्तु अध्यात्म रामायण में दशरथ वशिष्ठ के परामर्श के अनुसार ऋष्यशृंग को बुलाते हैं तथा ऋष्यशृंग का वृत्तान्त भी यहाँ अप्राप्य है।

अध्यात्म रामायण में रावण आदि राक्षसों के भार से व्यथित पृथ्वी गौ रूप धारण कर देवता और मुनि के साथ ब्रह्मा के पास जाकर अपना दुःख कहती है। अनन्तर ब्रह्मा पृथ्वी, देवता एवं मुनियों के साथ विष्णु के पास जाते हैं।[24] रामायणमञ्जरी में पृथ्वी के गौ रूप धारण करने तथा देवताओं के पास जाने का कोई उल्लेख नहीं मिलता है। वाल्मीकि रामायण की ही भाँति अध्यात्म रामायण में वर्णित देवताओं के अंशों से वानरों की उत्पत्ति[25] की घटना भी रामायणमञ्जरी में अप्राप्य है।

अध्यात्म रामायण में स्पष्ट रूप से वर्णित है कि राम–विष्णु शेष जी–लक्ष्मण तथा शंख और चक्र–भरत एवं शत्रुघ्न के रूप में अवतरित हुए। दशरथ ब्रह्मा के पुत्र कश्यप और कौशल्या अदिति के अवतार हैं।[26] अध्यात्म रामायण के अंशावतार की यह घटना रामायणमञ्जरी में सुलभ नहीं है। अध्यात्म रामायण के उपर्युक्त स्थल के अतिरिक्त अरण्यकाण्ड एवं उत्तरकाण्ड में भी भरत और शत्रुघ्न को शंख और चक्र

का अवतार माना जाता है।[27]

अध्यात्म रामायण में नारद राम को स्मरण दिलाते हैं कि वह विष्णु, शिव, ब्रह्मा तथा सूर्य से अभिन्न है तथा तदनुसार लक्ष्मी, पार्वती, प्रभा तथा सरस्वती सीता में अवतरित है।[28] अध्यात्म रामायण में लक्ष्मी के अतिरिक्त सीता को मूल प्रकृति, योगमाया तथा परम शक्ति भी माना गया है।[29] रामायणमञ्जरी में राम, लक्ष्मण, भरत एवं शत्रुघ्न के अंशावतारों का इतना विशद् एवं स्पष्ट संकेत नहीं मिलता है। सीता को लक्ष्मीत्व के संकेत के साथ वैदेही, मैथिलि, जनकपुत्री, वेदवती तथा अयोनिजा के रूप में ही रामायणमञ्जरी में देखा जा सकता है। कौशल्या तथा दशरथ के अवतार का भी उल्लेख नहीं है।

अध्यात्म रामायण के अनुसार जन्म के समय राम–शंख, चक्र, गदा आदि धारण किए हुए दिव्य रूप में माता कौशल्या के सामने प्रकट हुए। पुनः कौशल्या के निवेदन से वे बालभाव को प्राप्त हुए।[30] इसी स्थल पर राम का नटखट स्वरूप, मक्खन की चोरी, वर्तनों को फोड़ना आदि बालक्रीड़ाओं का विस्तृत वर्णन है,[31] जो आध्यात्म रामायण की सबसे बड़ी विशेषता है। रामायणमञ्जरी में राम के जन्म के समय न तो उनके विष्णु रूप में प्रकट होने का वर्णन है, और न तो उनकी बालक्रीड़ाओं का ही।

आध्यात्म रामायण में भी जात धर्म संस्कार के उल्लेख के साथ वशिष्ठ द्वारा भाइयों के नामकरण का भी उल्लेख है।[32] वशिष्ठ द्वारा नामकरण के अतिरिक्त जात संस्कार का उल्लेख रामायणमञ्जरी में नहीं मिलता है।

वाल्मीकि रामायण और रामायणमञ्जरी में राम-लक्ष्मण तथा भरत-शत्रुघ्न की विशेष आत्मीयता का जो उल्लेख है वह अध्यात्म रामायण में भी उपलब्ध है। कौशल्या और कैकेयी के दिए हुए पायसांशों के अनुसार राम-लक्ष्मण के तथा भरत-शत्रुघ्न के जोड़ीदार होकर रहने लगे।[33]

महाभारत के रामोपाख्यान में अवतारवाद का उल्लेख तो किया गया है, किन्तु उसमें कहीं भी दशरथ के किसी यज्ञादि का संकेत नहीं मिलता। अवतारवाद से संबंधित केवल एक ही तथ्य प्रकाश में आता है। जिसमें ब्रह्मा देवताओं से कहते हैं कि विष्णु मेरे आदेश के अनुसार अवतार लेकर रावण को हत्या करेंगे।[34]

प्राचीन महापुराणों में अर्थात् (हरिवंश,[35] विष्णु, वायु तथा भागवत) में जो संक्षिप्त रामकथा मिलती है, उनमें कहीं भी दशरथ के किसी यज्ञ का निर्देश नहीं किया गया है। हाँ इन पुराणों (हरिवंश, विष्णु, वायु) में विष्णु के चार रूपों में प्रकट होने का उल्लेख मिलता है। इन प्राचीन महापुराणों में विष्णु राम के अवतार माने

गये हैं, साथ ही सीता और लक्ष्मी की अभिन्नता की ओर निर्देश किया गया है।[36]

स्कन्द पुराण के दो स्थलों पर दशरथ की तपस्या का उल्लेख मिलता है। 'नागरखण्ड'[37] के अनुसार दशरथ के शनैश्वर से युद्ध करने के बाद इन्द्र उनसे कहते हैं–'अपुत्रस्य गतिर्नास्ति।' इसके अनन्तर दशरथ कार्तिकेयपुर में 100 वर्ष तपस्या करते हैं, फलस्वरूप जनार्दन प्रकट होते हैं तथा चार रूप धारण कर दशरथ के पुत्र रूप में पैदा होने का वचन देते हैं। इसके बाद दशरथ के चार पुत्र और एक पुत्री पैदा होती है। 'प्रभासखण्ड'[38] के अनुसार दशरथ पुत्र प्राप्ति के लिए तप करते हैं। 'माहेश्वर खण्ड'[39] में ब्रह्मविद्या का सीता के रूप में अवतरित होने का भी उल्लेख है।

वाराहपुराण में दशरथ द्वारा वशिष्ट के परामर्श के अनुसार रामद्वादशीव्रत के पालन का उल्लेख मिलता है जिसके फलस्वरूप विष्णु उनकी संतान के रूप में प्रकट होते हैं।[40]

ब्रह्म पुराण में दशरथ श्रवणकुमार वध के प्रायश्चित हेतु वशिष्ठ से अश्वमेध यज्ञ के विषय में परामर्श करते हैं। अश्वमेध यज्ञ का आयोजन हुआ। यज्ञ के समय आकाशवाणी हुई कि दशरथ अपने ज्येष्ठ पुत्र के प्रसाद से पापमुक्त हो जाएंगे।[41] इसी यज्ञ के फलस्वरूप पुत्र प्राप्ति होती है। ब्रह्मपुराण में सीता और लक्ष्मी की अभिन्नता की ओर भी निर्देश किया गया है।[42]

अंशावतार के एक अन्य रूप के अनुसार नारायण चतुर्व्यूह के रूप में अर्थात् (वासुदेव, संकर्षण, प्रद्युम्न तथा अनिरुद्ध) अवतरित होते हैं। विष्णुधर्मोत्तर पुराण[43] तथा **नारद पुराण**[44] के अनुसार राम, लक्ष्मण, भरत तथा शत्रुघ्न क्रमशः उपर्युक्त चतुर्व्यूह से अभिन्न हैं।

नृसिंहपुराण[45] में केवल राम तथा लक्ष्मण का उल्लेख है जो विष्णु तथा शेष के अवतार हैं। लिंग पुराण[46] में भरत तथा शत्रुघ्न के अवतारत्व के विषय में उल्लेख है जो विष्णु के ही अंग स्वरूप थे।

उपर्युक्त पौराणिक सन्दर्भों से स्पष्ट है कि पुत्र प्राप्ति हेतु दशरथ ने किसी जप, तप तथा यज्ञ का अनुष्ठान अवश्य ही किया, परन्तु रामायणमञ्जरी में केवल अश्वमेध एवं पुत्रेष्टि यज्ञ के अतिरिक्त किसी अनुष्ठान का वर्णन नहीं मिलता है। अंशावतार के सन्दर्भ में पुराणों में राम, लक्ष्मण, भरत एवं शत्रुघ्न को किसी-न-किसी रूप में विष्णु का ही अंश स्वीकार किया गया है। रामायणमञ्जरी से भी यही तथ्य सूचित होता है किन्तु पुराणों की तरह इसमें कोई विस्तृत व्याख्या नहीं है।

संस्कृत महाकाव्यों (रघुवंश[47], भट्टिकाव्य एवं जानकी हरण) में भी दशरथ के पुत्रेष्टि यज्ञ का तो उल्लेख मिलता है लेकिन रामायणमञ्जरी की तरह अश्वमेध यज्ञ

का उल्लेख नहीं मिलता।

रघुवंश के अनुसार दशरथ की रानियाँ गर्भकाल में अलौकिक स्वप्न देखती हैं, जिससे दशरथ प्रसन्न होते हैं कि मैं जगद्गुरु का पिता बन रहा हूँ।[48] दशरथ की रानियों का यह अलौकिक स्वप्न तथा जन्म के समय जो अत्यंत काव्यमय वर्णन रघुवंश में प्राप्त होता है वे सभी रामायणमञ्जरी में सुलभ नहीं है। शेष अवतारवाद की घटनाएँ यथावत हैं केवल रघुवंश में रामादि के जन्मतिथि का वर्णन है लेकिन रामायणमञ्जरी में नहीं।

रामायणमञ्जरी से भट्टिकाव्य में अवतार से संबंधित सबसे बड़ा अन्तर यह है कि इसमें दशरथ यज्ञ का तो वर्णन है लेकिन रामायणमञ्जरी की तरह किसी दिव्य पुरुष द्वारा दिए गए पायस का इसमें उल्लेख नहीं है। दशरथ की रानियाँ यज्ञ के पश्चात् पायस के स्थान पर हुतोच्छिष्ट ग्रहण करती हैं।

राम-सीता-विवाह

रामायणमञ्जरी में वर्णित सीता विवाहः (राम-सीता-विवाह) के अन्तर्गत मुख्यतः तीन प्रसंग—धनुर्भङ्ग, सीता स्वयंवर एवं विवाहोत्सव विशेष रूप से उल्लेखनीय हैं। सम्प्रति इन्हीं प्रसंगों का क्रमशः मूल स्रोतों से तुलनात्मक अध्ययन प्रस्तुत किया जा रहा है।

धनुर्भङ्ग—रामायणमञ्जरी के अनुसार विश्वामित्र, जनक-यज्ञ के अवसर पर राम-लक्ष्मण के साथ मिथिला पहुंचते हैं तथा जनक से शिव-धनुष दिखाने को कहते हैं। इस पर जनक कहते हैं कि शिव ने मेरे पिता देवरात को यह धनुष दिया था। पुनः अयोनिजा सीता के जन्म की कथा सुनाते हुए जनक ने कहा कि मैंने प्रण किया है कि जो इस शिव धनुष की प्रत्यञ्चा को चढ़ा देगा उसी को पत्नी स्वरूप सीता प्रदान की जाएगी। बहुत से राजाओं ने प्रत्यञ्चा चढ़ाने का प्रयत्न किया परन्तु असफल होने पर उन्होंने मिथिला को घेर लिया। एक वर्ष तक उनके घेरा डालने से पूरी सैन्य शक्ति क्षीण हो गयी। अंत में देवताओं से वर प्राप्त कर चतुरंगिणी सेना द्वारा मैंने उन्हें पराजित किया। विफल मनोरथ वाले सभी राजा वापस लौट गये। इसके बाद जनक ने उसे धनुष को ले आने का आदेश दिया। विश्वामित्र के आदेश से राम शिव धनुर्भङ्ग करते हैं। दशरथ को अयोध्या से बुलाया जाता है। राम के अतिरिक्त लक्ष्मण, भरत एवं शत्रुघ्न का भी क्रमशः उर्मिला, मांडवी तथा श्रुतकीर्ति से विवाह सम्पन्न होता है।[49]

राम विवाह के इस वर्णन में धनुर्भङ्ग को एक महत्वपूर्ण स्थान मिला है। रामायणमञ्जरी के प्रायः सभी मूलस्रोतों में धनुर्भङ्ग का वर्णन पाया जाता है, किन्तु महाभारत के रामोपाख्यान में न तो धनुर्भङ्ग का उल्लेख है और न ही राम को छोड़कर

अन्य भाइयों के विवाह का ही उल्लेख है।[50]

वाल्मीकिरामायण[51] और रामायणमञ्जरी में वर्णित राम विवाह के प्रसंग में कोई भिन्नता नहीं दृष्टिगोचर होती हैं। केवल वाल्मीकीय कथा का संक्षिप्त रूप ही कवि क्षेमेन्द्र ने वर्णित किया है।

रामायणमञ्जरी के प्रायः सभी मूल स्रोत वाल्मीकिरामायण के ही अनुकरण पर धनुर्भङ्ग का उल्लेख किए हैं, किन्तु कुछ रामकथा संबंधी ग्रंथ में इससे थोड़ी इतर व्यवस्था वर्णित है।

'महावीरचरित'[52] के अनुसार विश्वामित्र के आश्रम में ही राम, लक्ष्मण सीता और उर्मिला को देखकर आकर्षित हो जाते हैं। उसी आश्रम में रावण का एक दूत सीता को मांगता है तथा राम द्वारा धनुर्भङ्ग भी किया जाता है।

'अनर्घराघव'[53] में भी रावण दूत शौष्कल मिथिला में आकर रावण की ओर से सीता को मांगता है तथा रावण को धनुष परीक्षा के अयोग्य बताता है। इसके बाद राम धनुर्भङ्ग करते हैं। चारों भाइयों के विवाह का निश्चय हो जाने पर शौष्कल रावण के पास लौट आता है।

रघुवंश सहित रामायणमञ्जरी के उपर्युक्त मूल स्रोतों में धनुर्भङ्ग के अवसर पर अन्य राजाओं की उपस्थिति का उल्लेख नहीं किया गया है तथा चारों भाइयों के विवाह का निर्देश मिलता है।

रामायणमञ्जरी में धनुष संबंधी जो तथ्य हैं उसके अनुसार जनक कहते हैं– निमि के श्रेष्ठ पुत्र देवरात को जो मेरे पितामह थे, पहले शंकर ने अपना धनुष दिया था।[54] वाल्मीकि रामायण के परशुराम तेजोभङ्ग के प्रसंग में यह कहा गया है कि शिव ने स्वयं ही देवरात को यह धनुष दिया था।[55] परन्तु वाल्मीकीय बालकाण्ड के अनुसार देवताओं ने देवरात को शिव धनुष दिया था।[56] इसी के साथ अयोध्या में सीता अनूसूया से कहती है कि मेरे पिता से प्रसन्न होकर वरुण ने उन्हें एक धनुष प्रदान किया।[57] पुनः रामायण मञ्जरी के परशुराम तेजोभङ्ग के अनुसार क्रुद्ध शंकर ने स्वयं अपना धनुष जनक को दिया था।[58]

उपर्युक्त शिव धनुष से संबंधित प्रसंगों में प्रथम दो रामायणमञ्जरी एवं वाल्मीकि रामायण के प्रसंग जिसमें स्वयं शंकर ने देवरात को धनुष दिया था, एक समान हैं। तीसरे वाल्मीकीय प्रसंग के अनुसार देवरात को शिव से धनुष न मिलकर अपितु देवताओं से मिला है। चौथे प्रसंग में तो बिल्कुल भिन्नता है। जिसके अनुसार वरण ने जनक को एक धनुष दिया था। जिसका राम ने भंजन किया था। वाल्मीकि रामायण के तीसरे एवं चौथे प्रसंग का एक उभयनिष्ठ प्रसंग रामायणमञ्जरी में

मिलता है जिसके अनुसार शंकर ने देवरात को धनुष न देकर, अपितु जनक को दिया था।

धनुष संबंधी उपर्युक्त तथ्यों के अतिरिक्त भट्टिकाव्य, बालरामायण[59] एवं अध्यात्म रामायण[60] आदि में एक और तथ्य दर्शनीय है, जिसके अनुसार शिव ने उस धनुष से त्रिपुर को नष्ट किया था। अध्यात्म रामायण में जनक कहते हैं कि पूर्वकाल में त्रिपुरासुर के वध के अनन्तर महादेव जी ने यह धनुष मेरे पितामह के यहाँ धरोहर में रखी थी। वाल्मीकि रामायण में भी इस तथ्य का समर्थन किया गया है। परशुराम राम से कहते हैं—नरश्रेष्ठ! इनमें से एक को देवताओं ने त्रिपुरासुर से युद्ध करने के लिए भगवान शंकर को दिया था, जिससे त्रिपुरा का नाश हुआ।[61] वही धनुष था जिसे तुमने तोड़ डाला रामायणमञ्जरी में जिस धनुष का उल्लेख किया गया है उसकी यह विशेषता दृष्टिगोचर नहीं होती कि उससे शिव ने त्रिपुरासुर का वध किया था। केवल एक स्थान पर इसका संकेत अवश्य ही मिलता है। जिसके अनुसार विश्वामित्र त्रिपुर के शत्रु शंकर का धनुष दिखाने के लिए जनक से कहते हैं[62]—

विश्वामित्रस्तमवद्दिव्यं तत्त्रिपुरद्विषः।
धनुर्धैर्यनिधिर्धीरो राघवो द्रष्टुमर्हति।।

सीता स्वयंवर—प्रायः सभी राम कथाओं में सीता स्वयंवर का वर्णन पाया जाता है। कुछ राम कथाओं में तो सीता स्वयंवर में उपस्थित भूमण्डल के समस्त राजाओं के मध्य-मध्य शिव धनुर्भङ्ग करके सीता से विवाह करते हैं, परन्तु कुछ में सीता स्वयंवर में जनक द्वारा आहूत समस्त राजा शिव धनुर्भङ्ग में असमर्थ होने पर मिथिला को घेर लेते हैं। अंत में देवताओं की सहायता से जनक उन्हें परास्त कर वापस भेज देते हैं। तथा कुछ समय बाद राम मिथिला आकर धनुर्भङ्ग एवं सीता से विवाह करते हैं। रामायण-मञ्जरी में भी ऐसा ही वर्णन सुलभ है। जनक, धनुष एवं सीता वरन के विषय में विश्वामित्र से कहते हैं कि इस धनुष को तोड़कर सीता विवाह के लिए उत्सुक न जाने कितने राजा विडम्बित हुए, लेकिन धनुष नहीं टूटा। शिव धनुष तोड़ने में असमर्थ राजाओं ने मिथिला को घेर लिया। अंत में देवताओं की सहायता से मैंने उन्हें परास्त किया।[63] रामायणमञ्जरी के इस संदर्भ में सीता स्वयंवर की ही सूचना दी जाती है तथा बाद में उस शिव धनुष को तोड़कर सीता से विवाह करने का उल्लेख है।

वाल्मीकि रामायण में भी सीता स्वयंवर का उल्लेख किया गया है जो रामायणमञ्जरी के बहुत निकट है। सीता स्वयंवर के अवसर पर बहुत से राजा शिव धनुष चढ़ाने में असमर्थ ही रहे और बाद में उन्होंने मिथिला को घेर लिया। अंत में

देवताओं की सहायता से जनक ने उन्हें परास्त किया। इस घटना के बहुत काल बाद राम ने धनुष तोड़कर सीता से विवाह किया।[64]

रामायणमञ्जरी एवं वाल्मीकि रामायण के उपर्युक्त संदर्भों से स्पष्ट है कि सीतास्वयंवर राम द्वारा धनुर्भङ्ग के पूर्व ही सम्पन्न हुआ था। कालान्तर में राम ने धनुर्भङ्ग करके सीता से विवाह किया। अतः सीता स्वयंवर में राम उपस्थित नहीं थे। किन्तु रामायणमञ्जरी के कुछ अन्य मूल स्रोतों से पता चलता है कि राम अन्य राजाओं की उपस्थिति में अर्थात् सीता स्वयंवर के अवसर पर धनुष चढ़ाते हैं। इस प्रकार की रचनाओं में **नृसिंह पुराण**[65], **भावगत पुराण**[66] तथा **अध्यात्मरामायण**[67] विशेष उल्लेखनीय हैं।

सीता स्वयंवर से संबंधित एक तथ्य रामायणमञ्जरी के कुछ मूल स्रोतों में और प्राप्त होता है जिसका धनुर्भङ्ग के प्रसंग में उल्लेख किया जा चुका है। **महावीरचरित**[68] **तथा अनर्घराघव**[69] में रावण का एक दूत सीता को माँगने आता है।

इसके अतिरिक्त कुछ रचनाओं के अनुसार सीता स्वयंवर के समय राम तथा रावण दोनों उपस्थित थे। इसके अन्तर्गत बाल रामायण प्रमुख रूप से उल्लेखनीय है। इसके अनुसार रावण ने धनुष परीक्षा अस्वीकार कर दिया।

मूल स्रोतों में वर्णित सीता स्वयंवर से संबंधित उपर्युक्त सभी घटनाएँ रामायणमञ्जरी में अप्राप्य हैं। इसमें केवल वाल्मीकि रामायण के अनुसार ही वर्णन प्राप्त होता है जिससे पता चलता है कि सीता स्वयंवर के बहुत बाद राम मिथिला पहुँचकर धनुर्भङ्ग करते हैं जहाँ न तो रावण न उसके दूत तथा न ही अन्य कोई राजा तथा देवता ही उपस्थित थे। यहाँ मात्र जनक द्वारा पहले सम्पन्न किए हुए सीता स्वयंवर की सूचना दी जाती है।

विवाहोत्सव—रामायणमञ्जरी में राम-सीता विवाह के अतिरिक्त राम के अन्य तीन भाइयों के विवाह का भी वर्णन है। इसके अनुसार राम का सीता से, लक्ष्मण का उर्मिला से तथा भरत एवं शत्रुघ्न का क्रमशः मांडवी एवं श्रुतकीर्ति के साथ विवाह सम्पन्न हुआ।[70]

रामायणमञ्जरी में वर्णित रामादि चारों भाइयों के विवाह का उल्लेख प्रायः इसके मूल स्रोतों तथा अन्य रामकथाओं में भी पाया जाता है। वाल्मीकि रामायण[71] और अध्यात्म रामायण[72] में रामादि चारों भाइयों के विवाह उपर्युक्त व्यवस्था के अनुसार ही सम्पन्न हुए हैं।

रामादि भाइयों के विवाह की यही व्यवस्था प्रायः सर्वत्र राम कथाओं में उपलब्ध है, किन्तु इस सामान्य नियम के अपवाद का अभाव भी तो नहीं है। भट्टिकाव्य,[73] महाभारत (रामोपाख्यान)[74] एवं दामोदर मिश्र द्वारा सम्पादित महानाटक में केवल राम

तथा सीता के विवाह का ही उल्लेख मिलता है। इसके विपरीत वह्नि पुराण में केवल राम तथा लक्ष्मण के ही विवाह का उल्लेख है।[75]

परशुराम तेजोभङ्ग—विवाहोपरान्त रामादि के अयोध्या जाते समय, दाशरथि राम के पराक्रम तथा उनके द्वारा शिव धनुर्भङ्ग को सुनकर क्षत्रिय विरोधी परशुराम राम से द्वन्द्व युद्ध की इच्छा से मार्ग में आ पहुँचे। साथ में विष्णु का धनुष लिए हुए परशुराम से कहते हैं कि इसे चढ़ाकर आप अपने को योग्य प्रतिद्वन्द्वी सिद्ध करें। इसी सन्दर्भ में विष्णु धनुष के विषय में परशुराम से कहते हैं—विश्वकर्मा ने पहले दो धनुषों का निर्माण किया था, एक शिव के लिए तथा एक विष्णु के लिए। किसी दिन शिव और विष्णु में युद्ध होने वाला था। विष्णु के हुंकार मात्र से शिव का यह धनुष ढीला पड़ गया जिससे शिव पराजित हो गये। क्रुद्ध होकर शिव ने वह धनुष जनक को दे दिया तथा विष्णु ने अपना धनुष भार्गव कुल में दे दिया। परशुराम के ऐसा कहने के बाद राम ने विष्णु चाप का भंजन कर दिया जिससे परशुराम का संचित पुण्यलोक नष्ट हो गया तथा उन्हें राम के विष्णुत्व का ज्ञान हो गया। अंत में लज्जित परशुराम महेन्द्र पर्वत की ओर चल दिए।[76]

वाल्मीकि रामायण[77] में भी बालकाण्ड के अंत में परशुराम के तेजोभङ्ग का वर्णन उपर्युक्त प्रकार से पाया जाता है। दोनों ग्रंथों में इस प्रसंग के अन्तर्गत कोई भिन्नता दृष्टिगोचर नहीं होती।

परशुराम तेजोभङ्ग के इस प्रसंग में यह प्रश्न उठना स्वाभाविक है कि वास्तव में राम और परशुराम के संघर्ष का कारण क्या है? उपर्युक्त दोनों ग्रंथों के अनुसार तो राम परशुराम के संघर्ष का कारण यह है कि परशुराम एक सुयोग्य प्रतिद्वन्द्वी से युद्ध करना चाहते हैं। **नृसिंह पुराण** से एक अन्य कारण का संकेत मिलता है जिसके अनुसार परशुराम राम को चुनौती देते हैं—या तो राम नाम छोड़ दो अथवा मेरे साथ युद्ध करो।[78] इसी प्रकार **अध्यात्म रामायण** में भी परशुराम कहते हैं—यदि तू वास्तव में क्षत्रिय है तो मेरे साथ द्वन्द्व युद्ध कर। एक पुराने जीर्ण-शीर्ण धनुष को तोड़कर तू व्यर्थ ही प्रशंसा कर रहा है।[79] यहां राम का क्षत्रियत्त्व तथा शिव का धनुष तोड़ना ही संघर्ष का कारण है। किन्तु राम नाटकों में एक और कारण मिलता है जिसमें परशुराम को शिव का शिष्य माना गया है और वे अपने गुरु के प्रति किए गए अनादार का प्रतिकार करने आते हैं। इसका प्रथम उल्लेख **महावीरचरित में** मिलता है, जिसमें रावण मंत्री माल्यवान के उकसाने पर परशुराम हरचाप भंजक राम का दमन करने के लिए मिथिला में आ पहुंचते हैं।[80] **अनर्घराघव**[81] तथा **बाल रामायण**[82] में परशुराम को शिव के शिष्य तथा शैव संन्यासी के रूप में चित्रित किया गया है।

अध्यात्म रामायण[83] में तेजोभङ्ग के पश्चात् परशुराम राम (विष्णु) को पहचान

जाते हैं। अनन्तर उनके विष्णुत्व की एक विस्तृत स्तुति के बाद वे महेन्द्र पर्वत पर चले जाते हैं। **वाल्मीकि रामायण**[84] में भी राम द्वारा तेज भङ्ग किए जाने पर दैन्यावनत परशुराम को उनके परंतप रूप का ज्ञान होता है। परशुराम उनकी महिमा का गान करते हुए महेन्द्र पर्वत पर चले जाते हैं। अध्यात्म एवं वाल्मीकि रामायण में वर्णित उपर्युक्त तथ्य रामायणमञ्जरी में भी दर्शनीय है। विनष्ट तेज वाले परशुराम कहते हैं[85]–

धनुषोऽयं निजं नाथं जाने त्वां विष्णुमच्युतम्।
नीता मधुमुखा येन दैत्याः क्रोधोपहारताम्।।
इच्छामात्रेण जगतां प्रलयोदयकारिणा।
न मे त्वया जितस्यापि लज्जाधूसरमाननम्।।

इस प्रकार तेजभंग के पश्चात् परशुराम द्वारा राम की स्तुति भी रामायणमञ्जरी में प्राप्त होती है।

रामायणमञ्जरी[86], **वाल्मीकि रामायण**[87] **एवं अध्यात्म रामायण**[88] में परशुराम के जाने के बाद राम द्वारा उनके पूजन एवं प्रदक्षिणा का भी संकेत मिलता है।

रामायणमञ्जरी एवं वाल्मीकिरामायण के अनुसार परशुराम राम से, विवाहोपरान्त अयोध्या लौटते समय मार्ग में मिलते हैं, किन्तु **महावीरचरित, बालरामायण** एवं **अनर्घराघव** प्रभृति राम नाटकों में परशुराम के मिथिला में ही आगमन का वर्णन किया गया है। इनके अनुसार मिथिला में ही परशुराम और राम का एक विस्तृत वाग्युद्ध होता है। **महावीरचरित** में तो परशुराम का क्रोध बहुत उग्र रूप धारण कर लेता है और वह राम का वध करने की बार-बार धमकी देते हैं।[89]

बालरामायण[90] के अनुसार दशरथ तथा इसके अनन्तर परशुराम भी, राम-सीता विवाह के पश्चात् ही मिथिला पहुँचते हैं। विश्वामित्र का आदेश पाकर लक्ष्मण ही नारायणीय धनुष पर प्रत्यञ्चा चढ़ाते हैं जिस पर जनक, लक्ष्मण और उर्मिला के विवाह का प्रस्ताव करते हैं। इसके बाद विश्वामित्र के सुझाव से अन्य भाइयों के विवाह भी निश्चित हो जाते हैं।

परशुराम के तेजोभंग से संबंधित एक विचारणीय प्रश्न यह भी है कि क्या राम और परशुराम के बीच कोई युद्ध हुआ था? इसके उत्तर में यह देखने को मिलता है कि रामायणमञ्जरी प्रभृति प्रायः सभी रामकथा साहित्य में कहीं भी राम-परशुराम के किसी युद्ध का वर्णन नहीं मिलता है। राम द्वारा वैष्णव धनुष चढ़ाने पर ही परशुराम का तेज नष्ट हो जाता है तथा वे महेन्द्र पर्वत पर चले जाते हैं, जिससे युद्ध की कोई परिस्थिति ही नहीं उत्पन्न होती। कुछ रामकथाओं में राम-परशुराम के

विस्तृत वाग्युद्ध एवं परशुराम द्वारा राम के वध की धमकी का भी उल्लेख प्राप्त होता है, किन्तु युद्ध का वर्णन कहीं भी दृष्टिगोचर नहीं होता। केवल **महावीरचरित**[91] तथा **अनर्घराघव**[92] से इतना संकेत अवश्य मिलता है कि राम तथा परशुराम युद्ध करने के उद्देश्य से रंगमंच से चले जाते हैं।

महाभारत के **रामोपाख्यान** में परशुराम के तेजोभंग का कहीं उल्लेख भी नहीं किया गया है।

रामायणमञ्जरी में राम के अतिरिक्त परशुराम के विष्णुत्व का संकेत भी नहीं मिलता है। इसके प्रमुख मूल स्रोत **वाल्मीकि रामायण** में भी इसका उल्लेख नहीं किया गया है। किन्तु **अध्यात्म रामायण** एवं **नृसिंहपुराण** में परशुराम को विष्णु के अंशावतार के रूप में चित्रित किया गया है।

नृसिंहपुराण जो एक प्राचीनतम रचना है, उसके अनुसार राम के धनुष चढ़ाने पर परशुराम का वैष्णव तेज उनके शरीर से निकलकर राम के मुख में प्रवष्टि हो गया–**परशुरामस्य देहान्निष्क्रम्य वैष्णवं पश्यता सर्वभूतानां तेजो राममुखेऽविशत्।**[93]

अध्यात्म रामायण[94] में बालकाण्ड के अन्त में परशुराम के विष्णु के अंशावतार की स्पष्ट एवं विशद चर्चा की गयी है। तेजोभंग से मलिन मुख वाले परशुराम राम को पहचान कर निवेदन करते हैं–आप साक्षात् संसार की उत्पत्ति, स्थिति और प्रलय के कारण, पुराण, पुरुष, भगवान विष्णु हैं। मैंने बाल्यावस्था में तप के द्वारा भगवान विष्णु को प्रसन्न किया। प्रसन्न होकर विष्णु ने कहा–हे ब्रह्मन! तपस्या छोड़कर खड़े हो जाओ। तुम्हारा महान तप सफल हो गया। तुम मेरे चिदंश से युक्त हो–**'मच्चिदंशेन युक्तस्त्वं।'** जिसके लिए यह तपस्या करने का तुमने कष्ट उठाया, उस पितृघाती हैहयश्रेष्ठ कार्तवीर्य का वध कर इक्कीस बार क्षत्रियों को मारकर, सम्पूर्ण पृथ्वी कश्यपजी को देकर शान्ति लाभ करो। मैं अविनाशी परमात्मा त्रेता युग में दशरथ के यहाँ राम नाम से जन्म लूंगा। उस समय मेरी परम शक्ति सीता के साथ तुम मुझे देखोगे। तब उसी समय तुम्हें दिया हुआ अपना तेज पुनः मैं फिर ग्रहण करूँगा।–**मत्तेजः पुनरादास्ये त्वयि दत्तं मया पुरा।** हे राम! आप वही विष्णु हैं। ब्रह्मा की प्रार्थना से आपने जन्म लिया है। आपका जो तेज मुझमें स्थित था वह आज आपने फिर ले लिया–**मयि स्थितं तु त्वत्तेजस्त्वयैव पुनराहृतम्।**[95]

राम निर्वासन–राम निर्वासन अयोध्याकाण्ड की सर्वप्रमुख घटना है। यह एक ऐसी घटना है जिससे अयोध्याकाण्ड की प्रायः सभी घटनाएँ प्रत्यक्ष अथवा परोक्ष रूप में अवश्य संबंधित हैं। यदि राम निर्वासन तथा उसके हेतुओं पर विचार करें तो कैकेयी की वरप्राप्ति, मंथरा की कूटनीति तथा यज्ञदत्त वध आदि घटनाएँ स्वतः

मस्तिष्क में घूमने लगती हैं। सम्प्रति उपर्युक्त घटनाओं के वर्णन से पूर्व राम निर्वासन से संबंधित रामायणमञ्जरी के मूल स्रोतों में उल्लिखित कुछ अन्य घटनाओं तथा हेतुओं का वर्णन किया जा रहा है जो रामायणमञ्जरी में सुलभ नहीं है।

रामायणमञ्जरी प्रभृति प्रायः सभी रामकथाओं में यह वर्णित है कि निर्वासन के समय भरत और शत्रुघ्न ननिहाल में थे। क्योंकि विवाहोपरान्त मिथिला से अयोध्या आने पर भरत के मामा युधाजित भरत तथा शत्रुघन को ननिहाल लिवाकर चले गये थे।[96] परन्तु प्रतिमानाटक[97] के अनुसार केवल भरत ही ननिहाल गये थे। उनके साथ शत्रुघ्न नहीं थे।

सम्प्रति रामायणमञ्जरी तथा उसके मूल स्रोतों में राम निर्वासन के कारणों का विवेचन प्रस्तुत किया जा रहा है। **वाल्मीकि रामायण** में कैकेयी की वरप्राप्ति के अतिरिक्त कई अन्य प्ररोक्ष कारणों का भी उल्लेख किया गया है। यथा–दशरथ द्वारा प्राणियों का वध[98], अंधमुनिपुत्रवध[99], पूर्व जन्म में कौशल्या द्वारा गायों के स्तनों को काटना[100] तथा स्त्रियों को पुत्रहीन करना[101]। एक अन्य स्थल पर सीता वन जाने के लिए अनुरोध करते हुए राम से कहती हैं–ब्राह्मणों ने मेरा वनवास अनिवार्य बताया है।[102]

अध्यात्म रामायण में भी एक अलग ही कारण दिखाई पड़ता है। इसके अनुसार नारद राम को उनके विष्णु की याद के साथ-साथ पृथ्वी पर उनके कार्य का स्मरण करते हुए राज्य अस्वीकार करने को कहते हैं।[103] **अध्यात्म रामायण** में भी सीता राम से कहती हैं कि बाल्यावस्था में एक ज्योतिषशास्त्र विशारद महात्मा ने मुझे देखकर कहा था कि तू अपने पति के साथ वन में रहेगी।[104] इसी स्थल पर सीता एक बात और कहती हैं कि आपने बहुत से ब्राह्मणों के मुख से बहुत सी रामायणें सुनी होंगी। बताइये! इनमें से किसी में भी क्या सीता के बिना राम वन को गये हैं।[105]

वाल्मीकि रामायण एवं अध्यात्म रामायण में वर्णित राम निर्वासन के परोक्ष कारणों का उल्लेख रामायणमञ्जरी में नहीं किया गया है। सम्प्रति रामायणमञ्जरी में वर्णित कारणों का मूल स्रोतों के परिप्रेक्ष्य में विवेचन किया जा रहा है।

कैकेयी वरप्राप्ति–रामायणमञ्जरी में अयोध्याकाण्ड के अन्तर्गत मन्थरा कैकेयी से दो वरों की प्राप्ति का वर्णन करते हुए कहती है–पूर्वकाल में देवासुर संग्राम में इन्द्र के सहायतार्थ युद्ध में गये हुए राजा दशरथ की युद्धस्थल पर तुमने सहायता की थी। उसी समय प्रसन्न होकर राजा दशरथ ने दो वर माँगने को कहा, परन्तु तुमने अपनी इच्छा से उस समय वर नहीं माँगा। सम्प्रति उन्हीं वरों में से एक के द्वारा भरत को अयोध्या का राज्य तथा दूसरे से राम को चौदह वर्ष का वनवास माँग लो। इसी

के अनुसार कैकेयी राजा दशरथ से वर प्राप्त करके राम का निर्वासन माँग लेती है।[106]

रामायणमञ्जरी में वर्णित कैकेयी के वरों की संख्या तथा उनको प्राप्त करने के ढंग के विषय में मूल स्रोतों में पर्याप्त भिन्नता दृष्टिगोचर होती है।

रामायणमञ्जरी की ही भांति वाल्मीकि रामायण में भी देवासुर संग्राम में दशरथ की प्राणरक्षा करने के कारण ही कैकेयी दो वरों को प्राप्त करती है तथा बाद में इन्हीं दोनों वरों के बल पर भरत के लिए राज्य तथा राम के लिए 14 वर्ष का वनवास माँगती है।[107]

अध्यात्म रामायण में भी किञ्चित परिवर्तन सहित कैकेयी की वरप्राप्ति का वर्णन मिलता है। मंथरा कैकेयी से कहती है–देवासुर युद्ध में दशरथ के रथ की धुरी टूट गयी थी, उस समय तुमने अपनी अंगुली रथ की धुरी में डालकर दशरथ की प्राण रक्षा की थी। दशरथ ने प्रसन्न होकर तुम्हें दो वर माँगने को कहा।[108]

अध्यात्म रामायण में वर्णित कैकेयी के वर प्राप्ति की उपर्युक्त घटना ब्रह्म पुराण में भी पायी जाती है।[109]

यद्यपि उपर्युक्त वर्णनों में वर प्राप्ति के ढंग में वैषम्य अवश्य है लेकिन दो वरों की प्राप्ति का उल्लेख ही सबमें साम्य है। परन्तु इसके ठीक विपरीत महाभारत के रामोपाख्यान[110] में कैकेयी के केवल एक ही वरप्राप्ति का उल्लेख है तथा इसी एक वर के बल पर वह भरत के लिए राज्य तथा राम का निर्वासन दोनों माँग लेती है।

इससे भी भिन्न ब्रह्म पुराण में कैकेयी के तीन वरों की प्राप्ति का उल्लेख है। इसके अनुसार देवासुर युद्ध में कैकेयी ने अपने हाथ से दशरथ का टूटा हुआ अक्ष संभाला था। दशरथ केवल वापसी में देखते हैं कि कैकेयी क्या कर रही है। इस पर प्रसन्न होकर दशरथ ने कैकेयी को तीन वर प्रदान किये।[111]

कैकेयी का दोष निवारण–प्रायः सभी रामकथाओं में कैकेयी की निन्दा की गयी है। रामायणमञ्जरी भी इसका अपवाद नहीं है। राजा दशरथ ने कैकेयी को भुजङ्गी, शापपापशङ्किनी तथा किल्विषकारिणी आदि शब्दों के द्वारा कैकेयी की निन्दा की है।[112] भरत ने तो कैकेयी की बहुशः निन्दा करते हुए उससे उत्पन्न अपने को अधम[113] भी माना है जिसके कारण राम, लक्ष्मण एवं सीता आदि का वनगमन तथा पिता दशरथ की मृत्यु हो गयी।[114] इसके अतिरिक्त भी परोक्ष रूप में कैकेयी की सभी ने निन्दा की है। परन्तु उल्लेखनीय है कि रामायणमञ्जरी में कैकेयी के मात्र इस निन्दित एवं गर्हित स्वरूप का ही चित्रण नहीं किया गया है, अपितु उसके दोषों

के निवारण हेतु कवि क्षेमेन्द्र ने दो-एक स्थलों पर कुछ सूचनाएँ भी दी हैं। यथा–मंथरा जब कैकेयी को वरप्राप्ति के विषय में बताती है, उसी समय क्षेमेन्द्र ने एक श्लोक में कैकेयी को 'शाप दोषमोहिता' कहकर उसके सारे दोषों का निवारण कर दिया है। पूर्वकाल में बाल्यावस्था में कैकेयी ने किसी ब्राह्मण की निन्दा की थी, जिसके शाप के कारण ही उसकी मति 'शापदोषमोहित' हो गयी[115], तथा मंथरा की बतायी हुई युक्ति उसे प्रिय लगने लगी। इस प्रसंग के द्वारा ही कैकेयी को राम निर्वासन तथा दशरथ मरण का कारण नहीं मानना चाहिए, क्योंकि कैकेयी का इसमें कोई सहज दोष नहीं था, अपितु उसने ब्राह्मण शाप के वशीभूत होकर ऐसा किया।

एक दूसरे स्थल पर भी कैकेयी के दोष निवारण हेतु संकेत मिलता है। लक्ष्मण जब क्रोधान्ध होकर, दशरथ की निन्दा करते हुए कहते हैं, कि आज मैं अपने बाण से इस कल्प का अन्त कर दूंगा, तो राम उन्हें समझाते हुए कहते हैं कि इस पर तुम्हें क्रोध नहीं करना चाहिए। इसमें किसी का दोष नहीं है। मेरे प्रवास के कारण को केवल देव ही जानता है।[116]–

दैवमेव विजानीहि प्रवासे मम कारणम्।।
न हि पौरुषमत्रास्ति किं वृथा कोपसंभ्रमैः।।

राम के इस वाक्य से यह सूचित होता है कि कैकेयी तथा दशरथ आदि कोई भी मेरे प्रवास के कारण नहीं है। अर्थात् इन्हें दोषी ठहराना उचित नहीं है। इसका कारण केवल दैव जानता है। इस वाक्य से राम प्रवास के द्वारा देवताओं के होने वाले समस्त कार्यों के सिद्धि की ओर लक्ष्य किया गया है। अतः कैकेयी को दोषी ठहराना समीचीन प्रतीत नहीं होता है।

इसी प्रकार अरण्यपर्व के अन्तर्गत भरत जब कैकेयी की निन्दा करते हुए भरद्वाज मुनि से उनका परिचय देते हैं तो भरद्वाज ने भी कैकेयी का दोष निवारण करते हुए कहा[117]–

कारणं दैवभेवात्र न कैकेयीत्यभाषत्।

रामायणमञ्जरी के मूल स्रोतों में भी कैकेयी का जहाँ निन्दित स्वरूप चित्रित है वहीं उसके दोष निवारण हेतु अनेक युक्तियां भी दी गयी हैं। **वाल्मीकि रामायण** में भी कैकेयी की दुष्टता और कुटिलता का चित्रण किया गया है। चित्रकूट यात्रा के समय राम आशंका करते हैं कि कैकेयी कहीं भरत को राज्य दिलाने के लिए दशरथ के प्राण न ले ले तथा कौशल्या और सुमित्रा को विष न खिला दे।[118] सीता भी कैकेयी को कलहशीला कहकर उनकी निन्दा करती हैं। इसी प्रकार अन्य पात्रों ने भी स्थल-स्थल पर कैकेयी की निन्दा की है।[119] परन्तु इसके विपरीत कैकेयी के

दोष निवारण का भी वाल्मीकि रामायण में प्रयत्न किया गया है। भरद्वाज राम से कहते हैं कि कैकेयी को दोष नहीं देना चाहिए, क्योंकि राम का निर्वासन सभी के लिए हितकारी सिद्ध होगा।[120]

इसी प्रकार चित्रकूट में भरत कैकेयी की भर्त्सना करते हैं तो राम स्वयं कैकेयी का पक्ष लेते हुए भरत को स्मरण दिलाते हैं कि दशरथ ने विवाह के अवसर पर ही कैकेयी के पुत्र को राज्य देने की प्रतिज्ञा की थी। अतः कैकेयी को दोष नहीं देना चाहिए।[121]

अध्यात्म रामायण में कैकेयी को दोषी ठहराने का कोई औचित्य ही नहीं है, क्योंकि प्रारंभ में ही नारद राम के पास आकर उनके अवतार का वर्णन करते हुए भूलोक में उनके द्वारा किए जाने वाले देवताओं के सम्पूर्ण कार्यों को बता देते हैं।[122] अतः देवकार्य के लिए राम का निर्वासन तो पूर्व निर्धारित था, फिर कैकेयी को दोषी ठहराना समीचीन नहीं लगता। इसके अतिरिक्त राज्य अभिषेक के समय देवता सरस्वती को मंथरा तथा कैकेयी की बुद्धि में प्रवेश करके अभिषेक कार्य में विघ्न डालने का प्रयत्न करते हैं।[123] अतः इस आधार पर भी कैकेयी को दोषी नहीं ठहराया जा सकता। अध्यात्म रामायण में अनेक स्थानों पर विभिन्न पात्रों द्वारा राम के विष्णु अवतार एवं उनके द्वारा किये जाने वाले देवकार्य को उद्घाटित किया गया है, जिससे यह पूर्णरूपेण स्पष्ट हो जाता है कि इसमें कैकेयी का कोई दोष नहीं है अपितु ऐसा होना तो पूर्वनिर्धारित एवं सहज था।

जानकीहरण में कैकेयी की इसलिए प्रशंसा की गयी है कि उनके दोष के कारण राक्षसों का नाश हुआ था।[124] **प्रतिमानाटक** में कैकेयी के दोष निवारण हेतु एक अलग ही मार्ग अपनाया गया है। इसके अनुसार ऋषि शाप के फलस्वरूप पुत्रवियोग के कारण दशरथ की मृत्यु अनिवार्य जानकर कैकेयी ने उस शाप की रक्षा करने के लिए तथा राम को किसी और विकट विपत्ति से बचाने के लिए वशिष्ठ, वामदेव आदि से परामर्श करने के पश्चात् राम को वन भिजवाया था। इस पर भरत पूछते हैं कि आपने 14 वर्ष का वनवास क्यों दिलवाया तो कैकेयी उत्तर देती हैं कि भूल से 14 दिन के स्थान पर 14 वर्ष मुंह से निकल गया।[125]

भवभूति के **महावीरचरित एवं** मुरारि कृत **अनर्घराघव** में कैकेयी के किसी दोष का प्रश्न ही नहीं उठता। स्वयंवर के समय शूर्पणखा मंथरा के वेष में मिथिला पहुंचकर दशरथ को कैकेयी का एक जाली पत्र देती है जिसमें वर के बल पर राम का निर्वासन माँगा गया था। फलस्वरूप राम भरत को अपनी पादुकाएँ देकर मिथिला से ही वन के लिए प्रस्थान कर देते हैं।

बालरामायण में महावीरचरित के वृत्तान्त का निश्चित विकसित रूप सुलभ है। दशरथ कैकेयी के साथ इन्द्र से मिलने गये थे। इन दोनों की अनुपस्थिति का सुअवसर पाकर मायामय शूर्पणखा तथा एक परिचारिका क्रमानुसार दशरथ, कैकेयी तथा मंथरा का रूप धारण कर लेते हैं और राम निर्वासन का सफल प्रयत्न करते हैं।[126]

मंथरा की कूटनीति—प्रायः सभी रामकथाओं में ऐसी प्रसिद्धि है कि मंथरा द्वारा भड़काये जाने पर ही कैकेयी ने पूर्व प्राप्त वर के बल पर राम का निर्वासन माँगा। इस स्थल पर कैकेयी द्वारा राम निर्वासन का कारण तो समझ में आता है किन्तु प्रश्न उठता है कि आखिर में मंथरा को क्या पड़ी थी कि वह कैकेयी को भड़काकर राम को वन भिजवाती, अथवा राम से उसकी क्या दुश्मनी थी जो उनके विरुद्ध ऐसा घृणित कार्य करती? प्रायः रामकथाओं में मंथरा द्वारा कैकेयी के भड़काये जाने का कोई विशेष कारण नहीं मिलता, किन्तु महाकवि क्षेमेन्द्र ने रामायणमञ्जरी में इसके कारण स्पष्ट उल्लेख किया है। रामायणमञ्जरी के अनुसार रामाभिषेक का समाचार सुनते ही मंथरा वज्राहत सी पीड़ित हो उठी, क्योंकि बचपन में राम द्वारा उसके ऊपर किए गये पाद प्रहार का उसे स्मरण हो जाता है।[127]—

शैशवे किल रामेण पुरा प्रणयकोपतः।
चरणेनाहता तत्र चिरं कोपमुवाह सा।।

इसी कारण से वह कुटिलाचारिणी मंथरा विष से भरी नागिन के समान अत्यंत कुपित हो, कैकेयी के मन्दिर में पहुँचकर उसे राम के विरुद्ध भड़काती है।[128]

केवल अग्निपुराण को छोड़कर रामायणमञ्जरी के अन्य मूल स्रोतों में मंथरा द्वारा कैकेयी के भड़काये जाने का कोई कारण नहीं प्राप्त होता है। ऐसा प्रतीत होता है कि कवि क्षेमेन्द्र ने मंथरा द्वारा कैकेयी को भड़काए जाने का उपर्युक्त कारण अग्नि पुराण से ही लिया हो, क्योंकि अग्नि पुराण में भी राम द्वारा मंथरा का उत्पीड़न ही वनवास का मुख्य कारण बताया गया है[129]—

पादौ गृहीत्वा रामेण कर्षिता राऽपराधतः।
तेन वैरेण सा रामं वनवासं च कांक्षति।।

राम की चित्रकूट यात्रा—अयोध्या से वनवास के लिए प्रस्थान करते समय लक्ष्मण एवं सीता सहित राम ने एक रात तमसा के तट पर बितायी। अनन्तर गोमती तथा सरयू नदी को पार करते हुए गंगा तट पर पहुँचकर इंगुदी वृक्ष के नीचे भी एक रात्रि विश्राम किए। इसी स्थल से सुमन्त्र को अयोध्या वापस भेजकर, निषाद राज गुह की पूजा आदि से सेवित, लक्ष्मण तथा राम ने अपनी जटा में न्यग्रोध का दूध लगाकर उसे बाँध लिया। गुह के द्वारा नाव से गंगा पार करके न्यग्रोध के नीचे भी

एक रात बितायी। पुनः दूसरी रात गंगा तथा यमुना के संगम पर बिताकर तथा भरद्वाज मुनि द्वारा पूजित एवं उन्हीं के द्वारा निर्दिष्ट चित्रकूट नामक पुण्य तपोवन में पहुँचे।[130]

राम की चित्रकूट यात्रा के इस प्रसंग में विशेष उल्लेखनीय तथ्य निषादराज गुह का वर्णन है। विभिन्न रामकथाओं में इसका उल्लेख भिन्न-भिन्न प्रकार से किया गया है। महाभारत के **रामोपाख्यान** में तो गुह का वर्णन ही नहीं प्राप्त होता। वाल्मीकिरामायण के अनुसार राम अपने सखा निषादराज (गुह) के यहाँ पहुँचकर एक रात बिताते हैं। गुह, लक्ष्मण तथा सुमन्त्र के साथ रात में सोते हुए राम एवं सीता की रक्षा करता है तथा अगले दिन नौका मंगाकर राम, सीता तथा लक्ष्मण को गंगा के पार पहुँचाता है।[131] इसके अतिरिक्त वाल्मीकिरामायण में गुह से संबंधित कुछ ऐसे भी तथ्य हैं जो रामायणमञ्जरी में नहीं मिलते हैं। यथा–राम एवं गुह की मित्रता का उल्लेख–**तव राजा गुहो नाम रामस्यात्मसमः सखा**। इस स्थल से ऐसा प्रतीत होता है कि राम एवं गुह की पूर्व मित्रता थी। पुनः वाल्मीकि रामायण के अनुसार गुउ अपने मन्त्री से एक सुन्दर नाव मंगाकर राम को गंगा पार कराता है। जबकि रामायणमञ्जरी में वह स्वयं नाव लेकर आता है।

अध्यात्मरामायण के अनुसार जब राम श्रृङ्गवेरपुर पहुँचते हैं तो वहाँ गंगा तट पर शिंशपा वृक्ष के नीचे विश्राम करते हैं। इसी स्थल पर निषादराज से भेंट होती है। प्रातः निषादराज स्वयं नौका ले आते हैं जिस पर पहले सीताजी फिर लक्ष्मण तथा बाद में रघुनाथ स्वयं गुह का हाथ पकड़कर चढ़ते हैं। गंगा को पार कर भरद्वाज मुनि के यहाँ पहुँचते हैं। वहाँ एक रात्रि निवास करने के बाद मुनि कुमारों की बनायी हुई डोंगी से यमुनापार कर चित्रकूट पर्वत की ओर चल पड़े। इसके बाद वाल्मीकि के आश्रम पहुँचते हैं। वाल्मीकि ने अपना सम्पूर्ण जीवनवृत्त राम को सुनाया तथा शिष्यों द्वारा रामादि के निवास हेतु एक सुविशाल शाला बनवायी।[132]

अध्यात्मरामायण में वर्णित उपर्युक्त गुहा वृत्तान्त में कोई विशेष परिवर्तन नहीं किया गया है। किन्तु राम, लक्ष्मण एवं सीता के नाव पर चढ़ने की घटना, मुनि कुमारों द्वारा निर्मित डोंगी, वाल्मीकि का वृत्तान्त तथा उनके शिष्यों द्वारा निर्मित शाला आदि का वर्णन सर्वथा मौलिक एवं रामायणमञ्जरी में अप्राप्य है।

इसके अतिरिक्त अध्यात्म रामायण की गुहा से सम्बन्धित दो-एक घटनाएं और भी हैं जो रामायणमञ्जरी में सुलभ नहीं हैं। बालकाण्ड के अन्तर्गत जब विश्वामित्र के साथ राम मिथिला जा रहे हैं, उस समय गंगा पार करने हेतु नाव पर चढ़ते हुए राम को नाविक रोक देता है। वह तर्क देता है कि आपके चरणों में मनुष्य बना देने वाला कोई चूर्ण है। अतः नौका पर चढ़ने से पूर्व मैं आपके पैर धोऊंगा।

पुनः चरण धोने के बाद केवट उन्हें पार उतारता है।[133] केवट और राम संबंधी संभवतः यह सबसे प्राचीन वृत्तान्त है, क्योंकि परवर्ती रामकथाओं में इसका वर्णन अनेकशः पाया जाता है। रामायणमञ्जरी में गुह का वर्णन पूर्वोक्त प्रकार से केवल राम की चित्रकूट यात्रा के सन्दर्भ में ही मिलता है।

अध्यात्म रामायण में रावण वध के बाद रामाभिषेक के अवसर पर गुह की उपस्थिति का भी वर्णन है। राम गुह को विदा करते हुए कहते हैं–मित्र! अब तुम अपने परम रमणीय शृङ्गवेरपुर को जाओ। वहाँ मेरा चिन्तन करते हुए अपने शुभ कर्मों से प्राप्त हुए भोगों का उपभोग करो। इसमें संदेह नहीं कि अंत में तुम मेरा ही सारुप्य प्राप्त करोगे। ऐसा कहते हुए राम ने उसे दिव्य आभूषण, बहुत सा राज्य तथा तत्त्वज्ञान का उपदेश दिया। फिर रघुनाथ से अलिङ्गित हो गुह अपने घर को गया।[134] रामाभिषेक के अवसर पर गुह की उपस्थिति सर्वथा मौलिक तथा वाल्मीकि रामायण और रामायणमञ्जरी में अप्राप्य है।

अरण्य पर्व

रामायणमञ्जरी में अरण्य पर्व के अंतर्गत भरत का ननिहाल से आगमन, दशरथ संस्कार, भरत की चित्रकूट यात्रा, राम का चित्रकूट में निवास, काकाक्षिशातनम्, भरत राम-सम्मेलन एवं संवाद, पादुका सहित भरत का अयोध्या प्रत्यागमन एवं व्रतग्रहण, राम का चित्रकूट परित्याग, दण्डकारण्य में प्रवेश, अत्रि, सुतीक्षण तथा अगस्त्यादि ऋषियों का दर्शन, विराधादि राक्षसों का वध शूर्पणखा विरूपण, खर-दूषण वध, सीता हरण तथा सीता खोज आदि उल्लेखनीय घटनाएँ हैं।

रामायणमञ्जरी में अरण्य पर्व का प्रारम्भ, भरत एवं शत्रुघ्न को ननिहाल से अयोध्या वापस लाने के लिए दूतों के संप्रेषण से होता है। यहाँ से लेकर भरत व्रत ग्रहणम् तक के वृत्तान्त को क्षेमेन्द्र ने 'भरत पर्व' से संबोधित किया है। चूंकि इसके अन्तर्गत वर्णित लगभग सम्पूर्ण वृत्तान्त भरत से संबंधित है। अतः कवि द्वारा इस सम्पूर्ण वर्णन को 'भरत पर्व' से संबोधित करना समीचीन लगता है। इसी स्थल पर ध्यातव्य है कि वाल्मीकि एवं अध्यात्म रामायण में रामायणमञ्जरी का सम्पूर्ण भरतपर्व तथा अत्रिदर्शनम् तक का वृत्तान्त अयोध्याकाण्ड में ही वर्णित है, जबकि रामायणमञ्जरी में इसका उल्लेख अरण्य पर्व के अन्तर्गत किया गया है।

रामायणमञ्जरी के अरण्य पर्व में दशरथ संस्कार, राम का चित्रकूट परित्याग सीताहरण तथा सीता की खोज आदि सर्वप्रमुख घटनाएँ हैं। सम्प्रति इन्हीं घटनाओं का रामायणमञ्जरी के मूल स्रोतों के परिप्रेक्ष्य में तुलनात्मक अध्ययन किया जाएगा।

दशरथ संस्कार–रामायणमञ्जरी में दशरथ संस्कार का उल्लेख दो स्थलों पर

हुआ है। सर्वप्रथम, भरत जल आदि अर्पण के द्वारा शास्त्रोचित विधि से दशरथ का देह-संस्कार सम्पन्न करते हैं।[135] पुनः भरत द्वारा पिता की मृत्यु का समाचार सुनकर राम गंगा तट पर जलाञ्जलि देने के बाद इंगुदी तथा बेर की पिण्डी कुश पर रखकर ध्यानस्थ हो जलाञ्जलि प्रदान करते हैं।[136]

वाल्मीकिरामायण में भरत द्वारा पहले दशरथ का दाह-संस्कार किया जाता है। पुनः दशाह बीत जाने पर एकादशाह अनुष्ठान तथा 12वाँ दिन आने पर अल्प श्राद्ध कर्म तथा धनादि का दान करते हैं। 13वें दिन अस्थिसंचय का जो शेष कार्य था उसे पूर्णतया संपादित कर भरत ने पिता का विधिवत् श्राद्ध संस्कार किया।[137]

रामायणमञ्जरी में भरत द्वारा किए गए श्राद्ध संस्कार का इतना विशद विवेचन नहीं है। परन्तु चूंकि शास्त्रोचित विधि से संपादित होने का उल्लेख मिलता है, अतः ऐसा प्रतीत होता है कि वाल्मीकिरामायण में वर्णित विधि के अनुसार ही भरत ने दशरथ का विधिवत् संस्कार सम्पन्न किया होगा। रामायणमञ्जरी की ही भांति वाल्मीकि रामायण में भी रामायण राम द्वारा दशरथ के श्राद्ध संस्कार, पिण्डदान एवं जलाञ्जलि देने का वर्णन प्राप्त होता है।[138]

वाल्मीकि रामायण एवं रामायणमञ्जरी की भाँति **अध्यात्म रामायण** में भी भरत द्वारा विधिवत् दशरथ संस्कार[139] तथा राम द्वारा पिण्डदान[140] आदि करने का उल्लेख किया गया है।

स्कंद पुराण के प्रभास क्षेत्रमाहात्म्य में दशरथ राम को स्वप्न में दिखाई देते हैं और ब्राह्मणों से परामर्श कर उनके द्वारा पिण्डदान की धर्मक्रिया सम्पन्न करवाते हैं।[141]

गरुण पुराण के अनुसार राम अयोध्या में आने के बाद पितृ कर्म के लिए गयाशिर जाते हैं।[142]

प्रतिमानाटक में दशरथ का श्राद्ध, योग्य रीति से संपादित करने के लिए राम की चिन्ता का उल्लेख है।[143]

राम का चित्रकूट परित्याग—भरत जब पादुका लेकर अयोध्या लौट जाते हैं तो राम भी लक्ष्मण एवं सीता सहित चित्रकूट छोड़कर आगे दण्डकारण्य की ओर चले जाते हैं। रामायणमञ्जरी में राम के चित्रकूट छोड़ने का कारण भी दिया गया है। राम लक्ष्मण से कहते हैं—जिस प्रकार संचरणशील मुनिगण पवित्रता की खोज में एक वन से दूसरे वन को चले जाते हैं उसी प्रकार बहुत समय से इस वन में रहने के बाद अब दूसरे वन में चलना चाहिए, क्योंकि भारत की सेना के द्वारा यहाँ के स्थल एवं मिट्टी को धूसरित कर दिया गया है। घोड़ों के मूत्रादि से जंगल के ये तृण विलन्न

हो चुके हैं।[144]

इदं च भरतानीकं मदस्यन्वाजिभिः।
मृदितं तच्छकृन्मूत्ररिक्लिन्नतुणं वनम्।।

रामायणमञ्जरी में राम के चित्रकूट से प्रस्थान करने का केवल यही एक कारण बताया गया है, जबकि **वाल्मीकि रामायण** में इसके दो कारणों का उल्लेख है। राम कहते हैं—एक तो चित्रकूट को देखकर भरत आदि का स्मरण हो आता है तथा दूसरे, भरत की सेना जो इस स्थान को मैला कर दिया है।[145]

महाभारत के रामोपाख्यान में जिस कारण का उल्लेख किया गया है, वह रामायणमञ्जरी एवं वाल्मीकि रामायण से बिल्कुल पृथक् है। राम इसलिए चित्रकूट छोड़ देते हैं कि जनता उनके पास न आ सके—**पुनराशंक्य पौरजानपदागमम्।**[146]

रामोपाख्यान से ही मिलता जुलता कारण **अध्यात्म रामायण** में भी वर्णित है। राम को सीता और लक्ष्मण के साथ चित्रकूट पर विराजमान जानकर आस-पास के नगर निवासी उनके दर्शनों की इच्छा से सदैव आया करते थे। राम ने उस भीड़-भाड़ को देखकर तथा दण्डकारण्य में अपने जाने के कार्य को भी विचार कर उस पर्वत को छोड़ दिया।[147]

सीताहरण—सीताहरण अरण्यपर्व की सर्वप्रमुख घटना है। रामायणमञ्जरी की आधिकारिक कथा से सीधा संबंध होने के कारण भी इसका बहुत अधिक महत्त्व है। सर्वप्रथम रामायणमञ्जरी के मूल स्रोतों में इसके मूल कारण का पता लगाना आवश्यक है।

रामायणमञ्जरी[148] में शूर्पणखा के विरूपण को सीताहरण का मूल कारण माना गया है। विरूपित शूर्पणखा खर-दूषण सेना की पराजय देखकर लङ्का के लिए प्रस्थान करती है। वहाँ पहुँचकर रावण को सम्पूर्ण वृत्तान्त सुनाती है। अनन्तर वह राम की वीरता तथा सीता के सौन्दर्य का वर्णन करते हुए कहती है कि सीता आपके योग्य है। उनको आपके पास ले आने के प्रयत्न में मुझे अपमानित किया गया—

त्वदर्थं हर्तुमिच्छामि यावत्तां चारुलोचना।
रामानुजादयं तावन्मया प्राप्तः पराभवम्।।

ऐसा सुनते ही रावण सीताहरण के विषय में विचार करते हुए क्रोधपूर्वक मारीच के पास चल दिया।

रामायणमञ्जरी में वर्णित सीताहरण का उपर्युक्त कारण वाल्मीकि रामायण[149] में भी प्राप्त होता है। यही कारण प्रायः रामकथाओं में अधिक व्यापक भी है।

महावीरचरित[150] के अनुसार विश्वामित्र के आश्रम में ही राम-लक्ष्मण, सीता

तथा उर्मिला को देखकर आकर्षित हो जाते हैं। इसी अवसर पर रावण एक दूत भेजकर सीता को माँगता है तथा यहीं राम द्वारा धनुर्भङ्ग भी किया जाता है।

अनर्घराघव[151] में भी रावण दूत शोष्कल मिथिला में आकर रावण की ओर से सीता को माँगता है तथा रावण को धनुष परीक्षा के अयोग्य बताता है। राम द्वारा धनुर्भङ्ग तथा चारों भाइयों के विवाह का निश्चय हो जाने पर शौष्कल रावण के पास वापस लौट जाता है।

बालरामायण में रावण का विरह प्रधान वर्ण्य-विषय है। इसके अनुसार रावण स्वयं सीता स्वयंवर में उपस्थित होता है साथ ही धनुष परीक्षा को अस्वीकार करता है।

बालरामायण में रावण का विरह प्रधान वर्ण्य-विषय है। इसके अनुसार रावण स्वयं सीता स्वयंवर में उपस्थित होता है साथ ही धनुष परीक्षा को अस्वीकार करता है।

बालरामायण की तरह **महानाटक**[152] में भी सीता स्वयंवर के अवसर पर रावण दूत पहुँचता है तथा वहीं राम धनुर्भङ्ग करते हैं।

उपर्युक्त नाटकों को घटनाओं से पता चलता है कि रावण सीता स्वयंवर के समय में ही सीता को पत्नी स्वरूप चाहता है। इसके लिए वह या तो दूत को भेजता है अथवा स्वयं ही पहुँचता है। इन राम कथाओं में शूर्पणखा विरूपण की कथा भी मिलती है लेकिन ऐसे अनेक वृत्तान्त हैं जहाँ स्वयंवर का ही उल्लेख किया गया है।

अध्यात्म रामायण[153] के अनुसार विरूपित रावण के पास पहुँचकर कहती है– हे अनघ! उसे (सीता को) तुम्हारी पत्नी बनाने के लिए मैंने प्रयत्न किया, जिससे राम के भाई लक्ष्मण ने मेरी नाक काट डाली–

आनेतुमहमुद्युक्ता तां भार्यार्थं तवानघ।
लक्ष्मणो नाम तद्भ्राता विच्छेद मम नासिका।।

पुनः रावण को उकसाते हुए कहती है–यदि उसकी स्त्री तुम्हारी भार्या हो जाय तो तुम्हारा जीवन सफल हो जाय।

वाल्मीकि एवं अध्यात्म रामायण में शूर्पणखा द्वारा रावण को उकसाने वाले शब्द प्रयुक्त किए गए हैं, किन्तु रामायणमञ्जरी में इस प्रकार का कोई वर्णन नहीं है।

रामायणमञ्जरी में शूर्पणखा द्वारा सम्पूर्ण वृत्तान्त बताने पर काममोहित एवं क्रोधोन्मत्त रावण सीताहरण के लिए प्रस्थान करता है, किन्तु अध्यात्म रामायण में ठीक इसके विपरीत रावण का दूसरा ही भाव देखने को मिलता है। वह राम के वैष्णव रूप का ध्यान करते हुए कहता है–यदि मैं परमात्मा द्वार मारा गया तब तो मैं बैकुण्ठ का राज्य भोगूँगा नहीं तो चिरकाल तक राक्षसों का राज्य भोगूंगा ही। इसलिए मैं राम के पास अवश्य चलूंगा। मैं विरोध बुद्धि से ही भगवान के पास जाऊँगा क्योंकि भक्ति

के द्वारा भगवान शीघ्र प्रसन्न हो सकते।[154]–

विरोधबुद्धयैव हरि प्रयामि।
द्रुतं न भक्त्या भगवान प्रसीदेत्।।

अध्यात्म रामायण के इस वृत्तान्त से यह स्पष्ट होता है कि रावण, शूपर्णखा के अपमानित होने के कारण अथवा काममोहित एवं क्रोधोन्मत्त होने के कारण सीताहरण के लिए नहीं प्रेरित होता अपितु वह अपनी जीवन्मुक्ति के लिए सीताहरण करके राम से विरोध करना चाहता है। इसीलिए तो शूर्पणखा द्वारा उकसाने पर वह क्रोधित नहीं होता।

अध्यात्म रामायण[155] में सीताहरण के एक परोक्ष कारण का भी संकेत मिलता है जो रामकथाओं में बहुत व्यापक है। यह परोक्ष कारण सीता के प्रति लक्ष्मण का शाप है। सीता जब लक्ष्मण को धिक्कारते हुए बहुत सी अप्रिय बातें कहती हैं, कि मैं तुम्हारा अपराधी मन्तव्य समझ रही हूँ जिसके कारण तुम भाई को विपत्ति में पड़ने पर भी मुझे छोड़कर नहीं जा रहे हो। इस पर लक्ष्मण कहते हैं–हे चण्डि! तुम्हें धिक्कार है। तुम मुझे ऐसी बातें कह रही हो। इससे तुम नष्ट हो जाओगी–**मामेवं भाषते चण्डिधिक् त्वां नाशमुपैष्यसि।**

वाल्मीकि रामायण में भी लक्ष्मण के इस प्रकार के शाप का संकेत मिलता है। आज विनष्ट होने वाली तुम्हें धिक्कार है, क्योंकि तुम मुझ पर ही शंका कर रही हो[156]–**धिक्त्वामद्य विनश्यन्तीं यन्मामेव विशंकसे।**

भट्टिकाव्य में लक्ष्मण के शाप का रूप इस प्रकार है–**शत्रुहस्तं त्वं यास्यसि।**[157]

उपर्युक्त लक्ष्मण शाप का वर्णन रामायणमञ्जरी में नहीं मिलता है। सीता के द्वारा लक्ष्मण के प्रति कही गयी अग्रिम बातों का वर्णन अवश्य मिलता है, परन्तु लक्ष्मण नम्रतापूर्वक उसे सहन करके राम के पास चले जाते हैं।

सीताहरण के सन्दर्भ में स्वर्णमृग का प्रसंग भी विशेष उल्लेखनीय है। रामायणमञ्जरी के अनुसार काममोहित एवं क्रोधोन्मत्त रावण मारीच के पास जाकर निवेदन करता है कि वह कनकमृग का रूप धारण कर सीताहरण में सहायक बने। मारीच इस प्रस्ताव को राम के पराक्रम का स्मरण कर अस्वीकार करता है। इस सन्दर्भ में वह दो आपबीती घटनाओं का भी वर्णन करता है। अंत में मारीच के बहुत समझाने पर भी रावण उसके सत्परामर्श को ठुकराकर धमकी देता है कि यदि तुम स्वीकार नहीं करते तो मैं तुम्हारा वध कर दूंगा। इस प्रकार जब मारीच को यह जानकारी हो जाती है कि मैं किसी प्रकार से बच नहीं सकता तो उसने शत्रु राम के हाथों ही मरना उचित समझा। इसके बाद रावण सहित मारीच उस जन्मस्थान में पहुँचकर कनक मृग के रूप में सीता का ध्यान अपनी ओर आकृष्ट करता है। सीता उसे देखकर

प्राप्त करने हेतु राम-लक्ष्मण से अनुरोध करती है। इस पर राम, लक्ष्मण को सीता के रक्षार्थ नियुक्त करके उसके पीछे दूर तक चले जाते हैं। अंत में राम बाण से आहत वह कनक मृग राम की आवाज में लक्ष्मण की पुकार लगाता है। राम को संकट में समझकर सीता लक्ष्मण को भाई की सहायतार्थ जाने के लिए अनुरोध करती हैं। लक्ष्मण पहले तो स्वीकार नहीं करते हैं, किन्तु सीता के कटु शब्द सुनने के बाद वनदेवताओं के संरक्षण में सीता को छोड़कर चले जाते हैं। इसी बीच रावण परिव्राजक रूप में पहुँचकर सीता से आतिथ्य सत्कार ग्रहण करने के पश्चात् उनको अपने रथ में बलात् बैठाकर लङ्का की ओर चल देता है।[158]

सीताहरण का यह रूप रामकथाओं में अधिक प्रचलित है। वाल्मीकि रामायण में भी सीताहरण का यही स्वरूप दृष्टिगोचर होता है।[159] अन्तर केवल इतना ही है कि वाल्मीकि रामायण की तरह रामायणमञ्जरी में लक्ष्मण शाप का उल्लेख नहीं है। इसके अतिरिक्त उपर्युक्त दोनों ग्रंथों में सबसे बड़ा वैषम्य यह है कि वाल्मीकि रामायण में राम, लक्ष्मण और जटायु के संरक्षण में सीता को छोड़कर जाते हैं।[160] जबकि रामायणमञ्जरी में केवल लक्ष्मण को ही सीता के राक्षार्थ नियुक्त करते हैं।

दामोदर कृत **महानाटक** के अनुसार राम तथा लक्ष्मण दोनों कनकमृग का शिकार करने के लिए जाते हैं तथा आश्रम में अकेली सीता का रावण द्वारा अपहरण होता है।[161]

प्रतिमानाटक में सीताहरण का सर्वथा एक नवीन रूप पाया जाता है। दशरथ के वार्षिक श्राद्ध के एक दिन पूर्व राम और सीता सोच रहे थे कि श्राद्ध कैसे योग्य रीति से मनाया जाय? इस पर रावण परिव्राजक का रूप धारण करके आता है और अपना परिचय देकर भिन्न-भिन्न शास्त्रों का उल्लेख करता है जिनका उसने अध्ययन किया था। इनमें से एक है–'प्रादेतसं श्राद्धकल्प'। राम श्राद्ध के विषय में जिज्ञासा व्यक्त करते हैं। तब रावण कहता है कि हिमालय में रहने वाले काञ्चपार्श्वमृग से पितृ विशेष रूप से प्रसन्न हो जाते हैं। उसी क्षण मारीच इस प्रकार का मृग बनकर दिखाई देता है। लक्ष्मण उस समय आश्रम से कुलपति का स्वागत करने गये थे। अतः सीता को रावण के पास छोड़कर राम मृग के पीछे चले जाते हैं। तब रावण अपना रूप धारण कर सीता को लंका ले जाता है।[162]

नृसिंह पुराण के अनुसार रावण संन्यासी के रूप में आकर सीता से कहता है–भरत आ गये हैं और उन्होंने आपको ले जाने के लिए मुझे भेजा है। राम भी मृग को फंसाकर अयोध्या जा रहे हैं। यह सुनकर सीता विमान पर चढ़ जाती है। परन्तु रावण ने यहाँ सीता का स्पर्श नहीं किया है।[163]

मधुसूदन द्वारा सम्पादित **महानाटक** में राम की सहायता करने जाने के पूर्व

लक्ष्मण सीता की रक्षा के लिए कुटी के चारों ओर धनुष रेखा खींचते हैं और शपथ खाकर कहते हैं कि जो कोई इसके भीतर घुसेगा उसका सिर फट जाएगा। बाद में छद्मवेशी रावण सीता को तुलसी देना चाहता है, किन्तु सीता रेखा का उल्लंघन करना अस्वीकार करती हैं। इस पर रावण रेखा को पार कर सीता को ले जाता है।[164]

आश्चर्यचूड़ामणि नाटक में राम और लक्ष्मण के चले जाने के बाद रावण और उसका सारथि क्रमशः राम और लक्ष्मण का रूप धारण कर सीता के पास पहुँचते हैं। रथ को दिखलाकर (सारथि) राम (रावण) से कहता है–भरत का राज्य संकट में है। उनकी सहायता करने के लिए तपस्वियों ने यह रथ भेजा है। अनन्तर तीनों रथ पर चढ़कर चले जाते हैं। उधर शूर्पणखा सीता के वेश में राम के साथ बातचीत कर रही है तथा मारीच राम के वेष में लक्ष्मण के साथ।[165]

रामायणमञ्जरी में सीताहरण का जो चित्र खींचा गया है, वह किञ्चित वीभत्स कहा जा सकता है। क्रोधान्ध रावण हाथ के द्वारा सीता के केश एवं कदली सदृश जंघाओं को खींचकर बलात् अपने रथ पर बैठा लेता है–**'ऊर्वो केशेषु चाकृष्य करेण कदलीमिव।'** पुनः जटायु वध के बाद भी रावण कुटिल भुजाओं से सीता के केशपाश को निर्दयतापूर्वक खींचता हुआ वेगपूर्वक काल की भाँति चला।[166]

सीताहरण का यह वीभत्स वर्णन वाल्मीकि रामायण में भी प्राप्त होता है। रावण एक हाथ से सीता के बाल और दूसरे हाथ से उनकी जंघाओं को पकड़कर अपने रथ पर बैठा लेता है।[167]

उपर्युक्त सीताहरण सम्बन्धी वीभत्स चित्रण के परिमार्जन हेतु कुछ अन्य राम कथा साहित्य में दो अलग-अलग मार्ग अपनाए गये हैं। इसमें सीताहरण के वृत्तान्तों का एक ऐसा समूह मिलता है जिसमें रावण सीता का हरण करते हुए भी उनका स्पर्श नहीं करता है। दूसरा मार्ग यह है कि रावण वास्तविक सीता का हरण न करके सीता की एक छाया मात्र लंका ले जाता है।

सीताहरण के संदर्भ में प्रथम **मार्ग** की पुष्टि हेतु रामायणमञ्जरी के मूल स्रोतों में **नृसिंह पुराण**[168] का वह वर्णन उल्लेखनीय है जिसमें एक युक्ति का सहारा लेकर रावण, सीता को स्वयं रथ पर बैठने के लिए बाध्य कर देता है। इस वर्णन के अंतर्गत रावण सीता का स्पर्श नहीं करता। ठीक ऐसी ही युक्ति का सहारा रावण आश्चर्य[169] चूड़ामणि के अंतर्गत भी लेता है जिसमें सीता को रावण के स्पर्श से बचाया गया है। **अध्यात्मरामायण**[170] में तो सर्वथा मौलिक वर्णन पाया जाता है जिसमें रावण पृथ्वी की नखों से खोदकर बिना स्पर्श किये ही भू-भाग के साथ-साथ ले जाता है–

ततो विदार्थ धरणीं नखैरुद्धृत्य बाहुभिः।
तोलयित्वा रथे क्षिप्त्वा ययौ क्षिप्र विहायसा।।

सीताहरण के दूसरे मार्ग के अनुसार केवल माया सीता का ही हरण होता है। इस प्रकार के हरण का सर्वप्रथम वृतान्त **कूर्पुराण**[171] के पतिव्रतोपाख्यान में मिलता है। निर्जन वन में टहलती हुई सीता रावण को आते देखकर उसका अभिप्राय समझ जाती है तथा घर की अग्नि में प्रविष्ट कर वह्नयष्टक का जप करने लगी–**बह्निभाव सथ्यम्.......वह्नयष्टकं जप्त्वा**। इस प्रकार आवसथ्य को प्रकट होकर अग्नि में एक मायामयी सीता का निर्माण कर वास्तविक सीता को छिपा दिया। इसी मायामयी सीता को रावण अपहृत कर लंका ले जाता है। रावण वध के अनन्तर राम उस माया सीता के चरित्र पर शंका व्यक्त करते हैं। फलस्वरूप वह माया सीता अग्नि में प्रविष्ट हो जाती हैं। अनन्तर अग्नि वास्तविक सीता को प्रकट करके माया सीता का रहस्य राम को बताती है तथा राम पुनः निष्कलंक सीता को ग्रहण करते हैं–

गृहाण चैता विमलां जानकीं वचनात्मन्।
पश्य नारायणं देवं स्वात्मानं प्रभवाव्ययम्।।

बाल रामायण में सीता और उनकी धात्रेयिका सिन्दरिका की मूर्त्तियाँ बनाकर तथा उनके मुंह में सारिकाएँ स्थापित करके माल्यवान विरही रावण का मन बहलाने का प्रयत्न करता है।[172] इसी नाटक में सेतुबन्ध के समय राम को निरुत्साहित करने के लिए सीता का एक मायामय सिर समुद्र तट पर फेंका जाता है।[173]

सीता के मायामय स्वरूप का किञ्चित चित्रण वाल्मीकि रामायण में भी मिलता है। युद्धकाण्ड के अंतर्गत विद्युज्जिह्म द्वारा राम को मायामय सिर दिखलाया जाता है तथा बाद में इन्द्रजित वानर सेना के सामने एक मायामयी सीता का सिर काटता है।[174]

अध्यात्म रामायण में एक मायामयी सीता का विकसित रूप पाया जाता है। इसमें माया सीता को ही रावण हरण करता है। रावण और मारीच का षड्यन्त्र जानकर राम ने एकान्त में सीता से कहा–रावण तुम्हारे पास भिक्षु का रूप धारण करके आयेगा। इसलिए तुम अपनी छाया को कुटी में छोड़कर अग्नि में प्रवेश कर जाओ और मेरी आज्ञा से वहाँ अदृश्य रूप से एक वर्ष रहो। तदनन्तर रावण के मारे जाने पर तुम मुझे पूर्ववत पा लोगी। सीता ने वैसा ही किया।[175] रावण वध के पश्चात् मायामयी सीता अग्नि में प्रवेश करती हैं तथा अग्नि राम को वास्तविक सीता प्रदान करते हैं।[176]

महाभागवत पुराण में भी माया सीता का उल्लेख पाया जाता है। इसके अनुसार सीता अपनी छाया छोड़कर अंतर्धान हो जाती है।[177]

रामायणमञ्जरी के मूल स्रोतों में माया सीता का उल्लेख किसी-न-किसी रूप में अवश्य है, परन्तु रामायणमञ्जरी में केवल एक स्थल को छोड़कर अन्यत्र इसकी

सूचना कहीं भी नहीं मिलती। युद्धकाण्डः[178] के प्रसंग में इन्द्रजित एक माया सीता का वध, राम एवं उनकी सेना के सामने करता है।

सीता की खोज

कनक मृग वध के बाद आश्रम की ओर लौटते हुए राम की रास्ते में लक्ष्मण से भेंट होती है। सीता को अकेली छोड़ देने के कारण राम लक्ष्मण की भर्त्सना करते हैं। आश्रम के पास पहुंचकर राम आश्रम को सीता रहित देखकर अत्यन्त दुःखी हो जाते हैं। पुनः सीता की खोज में उन्मत्त राम जंगल-जंगल भटकते हुए पशु-पक्षियों से सीता के विषय में पूछते हैं। इस खोज में दक्षिण की ओर प्रस्थान करते हुए राम क्रमशः जटायु, कबन्ध तथा शबरी से मिलते हुए पम्पासरोवर के तट पर पहुँचते हैं। बीच-बीच में राम का विलाप तथा लक्ष्मण की सान्त्वना का विस्तार वर्णन है।[179]

रामायणमञ्जरी में वर्णित सीता खोज के उपर्युक्त संदर्भ में जटायु, कबन्ध तथा शबरी का वर्णन विशेष रूप से उल्लेखनीय है। सम्प्रति रामायणमञ्जरी तथा उसके मूल स्रोतों में वर्णित इन्हीं घटनाओं का क्रमशः विवेचन किया जा रहा है।

जटायु—कनक मृग के वध के बाद राम-लक्ष्मण जब वापस लौटते हैं तो सीता से रहित कुटी को देखकर अत्यन्त दुःखी हो जाते हैं। पुनः सीता की खोज में निकले हुए राम को यह शङ्का होती है कि सीता को कोई राक्षस मारकर खा गया होगा। इसी बीच एक स्थल पर खून से लथपथ गृध्रराज जटायु दिखाई पड़ता है। जटायु को देखकर राम क्रोधित हो उठे तथा धनुष खींचते हुए लक्ष्मण से कहते हैं—लक्ष्मण। गृध्र रूप धारण किया हुआ निश्चय ही यह कोई घोर राक्षस है, जिसने उस मृगाक्षी (सीता) का भक्षण किया है। इस प्रकार धनुष पर बाण चढ़ाये हुए राम ज्यों ही प्रहार करने के लिए उद्यत होते हैं कि जटायु कह उठता है—हे राम! में पापकर्मा निशाचर नहीं, अपितु तुम्हारे पिता का मित्र, वरुण पुत्र, गृध्रराज जटायु हूँ—

राम राम न नामहं पापकर्मा निशाचरः।
पुत्रोऽहं ते पितुर्मित्रं जटायुर्वरुणात्मजः।।

ऐसा कहते हुए जटायु, राम को सीताहरण का सम्पूर्ण वृत्तान्त सुनाकर अपना प्राण त्याग दिया। राम इस मार्मिक वृतान्त से बहुत दुःखी हुए। शोक विह्वल राम ने गंगाजल की अञ्जलि प्रदान करते हुए मृत जटायु का अन्तिम संस्कार किया।[180]

जटायु का उपर्युक्त प्रसंग वाल्मीकि रामायण में भी बहुत अधिक साम्यता के साथ वर्णित है।[181]

रामोपाख्यान[182] के अनुसार राम और लक्ष्मण कनक मृग वध के बाद वापस आते हुए, जटायु से भेंट करते हैं, जिससे पता चलता है कि रावण सीता का अपहरण

करके दक्षिण दिशा की ओर गया।

भट्टिकाव्य[183] के अनुसार भी सीताहरण के पश्चात् ही जटायु का वर्णन मिलता है जिससे सीता के विषय में जानकारी प्राप्त होती है।

बालरामायण[184] के अनुसार मरणासन्न जटायु ने रत्नशिखंड द्वारा सीताहरण का समाचार अपने सखा दशरथ के पास भेज दिया जिसे सुनकर दशरथ ने आत्महत्या का विचार कर लिया।

रामायणमञ्जरी[185] में जटायु के प्राण त्याग देने के बाद राम उसके कार्यों की प्रशंसा करते हुए, उसका अन्तिम संस्कार करके धन्य कर दिया–**धन्याय प्रददौ तस्मै।**

वाल्मीकि रामायण[186] में राम मृत जटायु के प्रति शुभकामना प्रकट करते हैं–

मया त्वं समनुजातो गच्छलोकाननुत्तमान।

अध्यात्म रामायण[187] के अनुसार राम लक्ष्मण से लकड़ी मँगवाकर जटायु का दाह संस्कार सम्पन्न करते हैं। इसके बाद राम कहते हैं कि जटायो! तुम मेरे परमपद को जाओ और आज सबके देखते-देखते तुम मेरा सारूप्य प्राप्त करो। वह तुरन्त ही सुन्दर दिव्य रूप धारण कर सूर्य सदृश एक विमान पर आरूढ़ हो गया।

रामायणमञ्जरी के अनुसार वरुणपुत्र जटायु दशरथ का मित्र था। इस बात की पुष्टि रामोपाख्यान[188] तथा वाल्मीकि रामायण[189] के कई स्थलों से होती है कि जटायु दशरथ का मित्र था।

कबन्ध–जटायु से मिलने के बाद राम-लक्ष्मण एक घने जंगल में प्रवेश करते हैं। वहाँ, अत्यन्त लम्बी भुजाओं वाला, पर्वताकार एक कबन्ध राक्षस दिखाई पड़ता है जो धृष्टतापूर्वक उनका परिचय पूछते हुए अपनी भुजाएँ बढ़ाये चला आ रहा था। विस्मित एवं दुःखी राम ने उसकी बढ़ती भुजाओं को काट दिया। भुजाएँ कट जाने के बाद निस्सहाय कबन्ध भूमि पर गिर पड़ा। अनन्तर उसने अपने विषय में स्थूलशिरा ऋषि के शाप तथा इन्द्र के वज्रप्रहार का उल्लेख किया, जिसके द्वारा वह कबन्धत्व को प्राप्त हुआ था। पुनः राम से कबन्ध कहता है–आपके द्वारा भुजाएँ काट देने के बाद मैं पुनः पूर्व शरीर प्राप्त कर लूँगा। अनन्तर राम और लक्ष्मण ने उसका दाह-संस्कार किया चिता में से एक दिव्य पुरुष उत्पन्न हुआ जो आकाश में एक विमान पर स्थित होकर राम से कहता है–मतंगाश्रम और पम्पासरोवर से होते हुए ऋष्यमूक पर्वतवासी सुग्रीव से मिलकर आप सीता को प्राप्त कर लेंगे।[190]

वाल्मीकि रामायण[191] में कबन्ध की कथा रामायणमज्जरी की अपेक्षा अधिक विस्तार के साथ वर्णित है, किन्तु कथा में कोई परिवर्तन नहीं किया गया है।

रामोपाख्यान[192] के अनुसार भुजाएँ कट जाने के बाद कबन्ध भूमि पर गिर पड़ा। उसके शरीर से तत्काल एक दिव्य पुरुष उत्पन्न हुआ जो आकाश में स्थित होकर अपना परिचय दिया कि मैं विश्वासु नामक गंधर्व हूँ जो ब्रह्मा के शाप से राक्षस बन गया था। पुनः वह राम से बताया कि रावण ने सीता का हरण कर लिया है। इसके बाद राम को सुग्रीव के पास जाने का भी परामर्श देता है।

अध्यात्म रामायण[193] के अनुसार कबन्ध रूप यौवन दर्पित गन्धर्व राजा था जिसने ब्रह्मा से अवध्यता का वर प्राप्त कर लिया था। पुनः कबन्ध अष्टावक्र मुनि के शाप तथा इन्द्र के वज्रप्रहार का उल्लेख करता है जिसके द्वारा वह कबन्धत्व को प्राप्त हो गया था। राम द्वारा उसकी भुजा काटने तथा दाह-संस्कार करने के बाद चिता से एक दिव्य पुरुष प्रकट हुआ जो राम की स्तुति करने लगा। राम उसकी भक्ति से संतुष्ट होकर उसे परमधाम भेज दिए। जाते समय कबन्ध ने राम को शबरी के यहाँ जाने का परामर्श दिया।

शबरी–कबन्ध के निर्देशानुसार राम और लक्ष्मण मतङ्ग ऋषि के मनोहारी आश्रम में पहुँचते हैं। जहाँ, अत्यन्त रूप यौवन एवं लावण्य युक्त तपस्विनी शबरी को देखकर राम मुदित हो जाते हैं। अनन्तर शबरी ने भक्तिपूर्वक राम की पूजा, अर्घ्य एवं आतिथ्य किया तथा अपने गुरु मतङ्ग का विधिवत् परिचय दिया। शबरी की भक्ति से प्रसन्न होकर राम उसे परमधाम भेज देते हैं।[194]

वाल्मीकि रामायण के शबरी प्रसंग में उसके वृद्ध तपस्विनी का चित्र वर्णित है[195] जबकि रामायणमञ्जरी में चित्रित शबरी, रूप लावण्ययुक्त तपस्विनी है जिसके शरीर से यौवन एवं तपस्या की स्निग्धता छिटकती है।[196] शेष वृत्तान्त यथावत है।

रामोपाख्यान में शबरी कथा का उल्लेख नहीं किया गया है। भट्टिकाव्य[197] के अनुसार राम शबरी की साधना के विषय में पूछते हैं। शबरी उनका आतिथ्य-सत्कार करके क्षत्रिय के रूप में राम की वन्दना करती है तथा यह आश्वासन देकर अन्तर्धान हो जाती है कि सुग्रीव की सहायता से मैथिली को शीघ्र ही प्राप्त कर लेंगे।

अध्यात्म रामायण[198] में राम और लक्ष्मण कबन्ध के निर्देशानुसार शबरी के आश्रम में पहुँचते हैं। शबरी राम-लक्ष्मण का आतिथ्य-सत्कार करके अपने गुरु मतङ्ग का परिचय देती है। पुनः अपनी हीनता एवं हेयता का उल्लेख करते हुए राम भक्ति के लिए अपने को अनुपयुक्त बताती है। इस पर राम उसे नवधा भक्ति का उपदेश एवं महत्व सुनाते हैं। सीता के विषय में पूछने पर शबरी राम को सुग्रीव के पास जाने का परामर्श देती है तथा सीता को लङ्का में स्थित बताती है। अंत में शबरी अग्नि में प्रवेश करके, राम के प्रसाद से मोक्ष प्राप्त कर लेती है।

रामायणमञ्जरी में वर्णित शबरी प्रसङ्ग की प्रमुख विशेषता है कि वह राम को न तो सुग्रीव के पास जाने का परामर्श देती है और न ही सीता के विषय में कोई सूचना देती है जबकि इसके मूल स्रोतों में वाल्मीकि रामायण को छोड़कर प्रायः सभी जगह इस तथ्य का किञ्चित संकेत अवश्य मिलता है।

किष्किन्धा पर्व

रामायणमञ्जरी के अन्तर्गत अरण्यपर्व के बाद 214 श्लोकों का किष्किन्धा पर्व नाम का एक छोटा सा पर्व है। इस छोटे से पर्व में सुग्रीवसख्यम्, बालिवैरोपाख्यानम्, सुग्रीवबालियुद्धम्, बालिवधः, ताराप्रलापः तथा सुग्रीवाभिषेकः आदि शीर्षकों के अन्तर्गत किष्किन्धापर्व की सम्पूर्ण कथावस्तु वर्णित है। सम्प्रति तुलनात्मक अध्ययन के सुविधा की दृष्टि से इस पर्व की कथावस्तु को राम-सुग्रीव मित्रता, बालि सुग्रीव शत्रुता, राम की शक्ति परीक्षा तथा बालिवध आदि शीर्षकों में विभाजित किया जाता है।

राम-सुग्रीव मित्रता—कबन्ध के कथानानुसार राम-लक्ष्मण शबरी के आश्रम से होते हुए ऋष्यमूक पर्वत की ओर चले। पर्वत शिखर पर मंत्रियों सहित बैठे हुए सुग्रीव राम-लक्ष्मण को देखकर शंका व्यक्त करते हैं कि निश्चय ही इन दोनों वीरों को बालि ने मेरे वध के लिए नियुक्त किया है। अनन्तर सुग्रीव के आदेशानुसार हनुमान ब्राह्मण वेश में उनके पास पहुँचकर परिचय पूछते हैं, साथ ही सुग्रीव तथा राम अपना परिचय देते हुए परस्पर सख्य भाव का निवेदन भी करते हैं। हनुमान का मन्तव्य जानकर लक्ष्मण राम के आदेश से उन्हें सीताहरण का सम्पूर्ण वृतान्त सुनाते हैं। पुनः पर्वत शिखर पर ले जाकर हनुमान ने राम और सुग्रीव की परस्पर मित्रता करायी। हनुमान तुरन्त अग्नि ले आते हैं तथा पावक साक्षी के समक्ष राम और सुग्रीव मित्रता के लिए वचनबद्ध होते हैं।[199]

वाल्मीकि रामायण[200] और रामाणमञ्जरी के उपर्युक्त प्रसंग में पूर्णरूपेण साम्य है किन्तु अध्यात्म रामायण में कुछ भिन्नता अवश्य पाई जाती है। अध्यात्म रामायण[201] में प्रथमतः राम से भेंट के अवसर पर हनुमान उनके परंतप रूप की चर्चा करते हुए आराधना करते हैं। पुनः हनुमान राम और लक्ष्मण को कंधे पर बैठाकर सुग्रीव के पास गिरिशिखर पर ले जाते हैं।

बालि-सुग्रीव शत्रुता—राम के सख्यभाव को प्राप्त कर सुग्रीव धन्य हो गया। वह राम को धैर्य बँधाते हुए सीता के पता लगाने का आश्वासन देता है। राम भी मित्र के भाव को समझकर उसके भी कार्य को संपादित करने के लिए आश्वासन देते हैं। राम का आश्वासन पाकर खुशी विह्वल सुग्रीव बालि से अपनी शत्रुता का

कारण बताते हुए कहता है—हे राम! अद्भुत पराक्रमी किष्किन्धा नरेश बालि मेरा सगा भाई है। एक रात्रि युद्धार्थी दुन्दुभि दानव किष्किन्धा आकर जोर से गर्जना करने लगा। बालि उसे मारने के लिए घर से अकेले निकल पड़ा। भ्रातृ स्नेह के कारण मैं भी पीछे चल दिया। वह राक्षस एक बड़ी गुफा के अन्दर घुस गया। एक वर्ष बाद गुफा से रक्त की धार बह निकली, किन्तु बालि बाहर नहीं आया। भाई के निधन का अनुमान करके गुफा द्वार को एक शिला से ढक दिया। किष्किन्धा लौटेने पर मन्त्रियों ने मुझे राजा बना दिया। कुछ समय बाद बालि वापस आकर राज्य और मेरी स्त्री का अपहरण कर मुझे राज्य से बाहर निकाल दिया। तब से मैं इसी पर्वत पर निवास कर रहा हूँ। इसके बाद सुग्रीव बालि के उस स्थान पर न आने का कारण बताते हुए कहता है—दुन्दुभि को मारने के बाद बालि ने उसके अस्थि कलेवर को पैर के अंगूठे से एक योजन दूर यहाँ फेंक दिया। दुन्दिभि के मुँह से निकले हुए रक्त से मतङ्ग ऋषि का आश्रम दूषित हो गया। अतः मतङ्ग ने शाप देते हुए कहा कि यदि वह यहाँ आएगा तो उसे अपने प्राणों से हाथ धोना पड़ेगा।[202]

रामायणमञ्जरी के अपर्युक्त प्रसंग में विचारणीय तथ्य बालि-सुग्रीव की शत्रुता का कारण है। वाल्मीकि रामायण में बालि-सुग्रीव की शत्रुता का जो कारण वर्णित है वह रामायणमञ्जरी के बहुत निकट होते हुए भी कुछ अंशों से पृथक् है। यथा—रामायणमञ्जरी में दुन्दुभि ने ही बालि को युद्ध के लिए ललकारा था तथा बालि ने उसका ही वध करके उसके अस्थि कलेवर को मतङ्गाश्रम के पास फेंका था। किन्तु वाल्मीकि रामायण में मय के ज्येष्ठ पुत्र मायावी ने बालि का युद्ध के लिए ललकारा था जिसका उसने वध किया।[203] पुनः सुग्रीव मतङ्ग शाप को उल्लेख करते हुए कहता है कि किसी समय दुन्दुभि नामक एक दानव का वध करके बालि ने उसके अस्थि कलेवर को एक योजना दूर मतंगाश्रम के पास फेंक दिया था जिसके कारण उसे शाप भाजन बनना पड़ा।[204]

इस प्रकार **वाल्मीकि रामायण** के अनुसार बालि ने मायावी तथा दुन्दुभि दो दानवों का वध किया था। वाल्मीकि रामायण के उत्तरकाण्ड में मायावी तथा दुन्दुभि दोनों को मय-हेमा की सन्तान कहा गया है।[205] अतः ये दोनों सगे भाई थे जिसका कि बालि ने वध किया था। वाल्मीकि रामायण में वर्णित यह प्रसंग कुछ समीचीन नहीं प्रतीत होता कि बालि ने एक बार मायावी का वध किया जिसके कारण सुग्रीव से शत्रुता हुई थी तथा दूसरी बार उसने दुन्दुभि का वध किया जिसके कारण उसे मतङ्ग का शाप भाजन बनना पड़ा। इस घटना का औचित्य तभी जान पड़ता है जबकि दोनों स्थलों पर दुन्दुभि का ही प्रसंग हो जैसा कि रामायणमञ्जरी में वर्णित है, क्योंकि बालि को युद्ध के लिए जिस दानव ने ललकारा होगा, उसी का वध करके पैर के

अंगूठे से उसके कलेवर को एक योजन दूर मतङ्गाश्रम के पास फेंका होगा।

अध्यात्म रामायण में सुग्रीव बालि से अपनी शत्रुता का कारण बताते हुए मय दानव के पुत्र मायावी का उल्लेख करता है जिसका कि बालि ने वध किया था।[206] पुनः मतङ्ग शाप के संदर्भ में बालि द्वारा दुन्दुभि के वध का उल्लेख करता है जिसके कारण बालि के शाप भाजन बनना पड़ा।[207]

रामायणमञ्जरी तथा उसके मूल स्रोतों में प्रायः तारा ही बालि की पत्नी बताई गयी है तथा बालि ने भाई सुग्रीव की जिस पत्नी का अपहरण किया था वह तारा नहीं अपितु दूसरी स्त्री अर्थात् रूमा थी जैसे कि रामायणमञ्जरी में वर्णित है।[208] किन्तु महानाटक में इससे सम्बन्धित जो प्रसंग पाया जाता है, उसके अनुसार तारा ही सुग्रीव की पत्नी थी जिसे बालि ने सुग्रीव से छीन लिया था।[209]

राम की शक्ति परीक्षा–'बालिवैरोपाख्यानम्' के अन्तर्गत सुग्रीव बालि के पराक्रम का वर्णन करते हुए राम को दुन्दुभि का पर्वताकार अस्थि समूह दिखलाता है जिसे बालि ने पैर के अंगूठ से एक योजन दूर फेंक दिया था। इसके बाद सात ताल वृक्षों की ओर संकेत करता है जिसे बालि ने एक ही बाण से वेंध दिया था। पुनः राम से कहता है कि पिता इन्द्र के द्वारा उसे एक स्वर्णमाला भी प्राप्त है जिसके प्रभाव से वह युद्ध में तुरन्त श्रमरहित हो जाता है। हे राम! ऐसे पराक्रमी बालि को अपने बाणों से आप कैसे जीतने में समर्थ होंगे। सुग्रीव के ऐसे वचन सुनकर राम ने दुन्दुभि के उस शुष्क अस्थि समूह को पैर के अंगूठे से दश योजन दूर फेंक दिया। राम के इस आश्चर्ययुक्त कार्य को देखने के बाद भी सुग्रीव बालि के पराक्रम की चिन्ता करते हुए पुनः कहता है कि राम मेरे इस वाक्य से खेद न करना। मैं अतिशय प्रेमवश कहता हूँ कि बालि ने तो इसे गीला रहने पर फेंका था और आपने सूख जाने पर। मित्र सुग्रीव के इन अविश्वास युक्त वचनों को सुनकर राम ने एक ही वाण से सात ताल वृक्षों को वेंध कर गिरा दिया। अंत में सुग्रीव को विश्वास हो जाता है कि राम बालि का वध करने में समर्थ हैं।[210]

वाल्मीकि[211] एवं अध्यात्म रामायण[212] में राम के उपर्युक्त दोनों कार्यों दुन्दुभि के अस्थिसमूह को दश योजन दूर फेंकना तथा सप्त ताल वृक्षों के भेदन का उल्लेख मिलता है। किन्तु रामोपाख्यान में राम के इन दोनों कृत्यों का उल्लेख नहीं किया गया है।

नृसिंहपुराण[213] तथा भट्टिकाव्य[214] में राम द्वारा सप्त ताल वृक्षों के भेदन का ही उल्लेख है। इन ग्रंथों में दुन्दुभि के अस्थिसमूह के विक्षेपण का वर्णन नहीं मिलता है।

दुन्दुभि के अस्थिकंकाल विक्षेपण में एक नवीन तथ्य महावीरचरित[215] तथा अनर्घराघव[216] में उद्घटित होता है। इसके अनुसार राम ने दुन्दुभि के अस्थिकंकाल का विक्षेप नहीं किया अपितु लक्ष्मण ने ही उसके अस्थि समूह को दूर तक फेंक दिया था।

ताल वृक्षों के विषय में भी एक रोचक विवरण नृसिंहपुराण[217] में मिलता है। इसके अनुसार तालवृक्षों के विषय में एक भविष्यवाणी का उल्लेख है—पुराणज्ञों ने कहा था कि जो इन सात ताल वृक्षों का भेदन करेगा, वही बालि वध करने में समर्थ होगा।

महानाटक[218] के एक स्थल के अनुसार वे सप्त ताल वृक्ष एक सर्प की पीठ पर चक्राकार स्थित थे।

बालि वध—राम की शक्ति परीक्षा लेकर सुग्रीव अत्यन्त लज्जित हुआ। किन्तु राम मित्र के इस भाव को समझकर, उसे क्षमा करते हुए बालि से युद्ध के लिए तुरन्त किष्किन्धापुरी भेजते हैं। राम के आदेश से सुग्रीव किष्किन्धा पहुँचकर बालि से युद्ध के लिए गर्जना करता है। क्रोधित बालि सुग्रीव से आ भिड़ा। दोनों में घमासान युद्ध होता है। बालि के घोर प्रहार से सुग्रीव घायल होकर मूर्च्छित हो गया। पुनः किष्किन्धा से लौटकर राम को सुग्रीव सम्पूर्ण वृत्तान्त सुनाता है। मित्र के इस कष्ट से लज्जित राम उससे कहते हैं कि तुम दोनों के समान आभूषण, वर्ण आकार आदि के कारण मैं पहचानने में असमर्थ रहा। इसी कारण, तुम्हारे वध के भय से मैंने प्रहार नहीं किया। इसके बाद राम सुग्रीव की पहचान के लिए उज्ज्वल केशर पुष्पों की एक माला सुग्रीव के गले में डालकर पुनः बालि से युद्ध करने के लिए किष्किन्धा भेजते हैं। किष्किन्धा पहुँचने पर दोनों में घमासान युद्ध होता है। इसी बीच राम के एक घोर बाण के संधान से बालि भूमितल पर गिर पड़ा।[219]

इस प्रकार रामायणमञ्जरी में वर्णित बालि वध के प्रसंग में सुग्रीव और बालि के दो द्वन्द्व युद्धों का उल्लेख मिलता है। वाल्मीकि रामायण[220] तथा अध्यात्म रामायण[221] में भी बालि और सुग्रीव के दो द्वन्द्व युद्धों का वर्णन है। किन्तु रामोपाख्यान एवं नृसिंह पुराण की रामकथा में केवल एक द्वन्द्व युद्ध का उल्लेख किया गया है।

इसी प्रकार रामकथा विषयक नाटकों में भी किञ्चित् परिवर्तन सहित इस द्वन्द्व युद्ध का उल्लेख मिलता है। इन नाटकों में सुग्रीव तथा बालि के द्वन्द्व युद्ध का वर्णन न होकर अपितु राम के साथ बालि के द्वन्द्व युद्ध का उल्लेख किया गया है। महावीरचरित[222] में माल्यवान के उभाड़ने पर बालि राम और लक्ष्मण का मार्ग रोक लेता है। पुनः राम द्वारा द्वन्द्व युद्ध में मारा जाता है। अनर्घराघव[223] में लक्ष्मण दुन्दुभि

के अस्थिकंकाल को दूर तक फेंक देते हैं। इस पर बालि आकर युद्ध के लिए ललकारता है तथा राम द्वारा द्वन्द्व युद्ध में मारा जाता है। महानाटक[224] तथा जानकीहरण[225] में भी बालि का वध द्वन्द्व युद्ध में ही मारा गया है।

अध्यात्म रामायण[226] में बालि की मुक्ति प्राप्ति का वर्णन है। बालि राम के नारायण रूप को जानकर उसकी स्तुति करता हुआ परम पद को प्राप्त करता है। रामायणमञ्जरी में बालि के परम पद प्राप्ति अथवा मुक्ति का किञ्चित संकेत अवश्य मिलता है। राम ने बालि के ऊपर घोर संधान करके उसके लिए स्वर्गारोहण की सीढ़ी तैयार कर दी–

स संधायशरं घोरं कालदंष्ट्रोत्कटाननम्।
स्वर्गारोहण सोपानं विससर्जाशु वालिने।।

किष्किन्धा काण्ड

रामायणमञ्जरी में किष्किन्धा पर्व के पश्चात् किष्किन्धाकाण्ड की कथा 573 श्लोकों में वर्णित है। इस काण्ड की प्रमुख घटना सीता की खोज हेतु वानरों का प्रेषण है। शेष कथानक का संक्षेप इस प्रकार है। काण्ड के प्रारम्भ में प्रावृड् वर्णन, अनन्तर शरद् वर्णन के प्रारम्भ में सुग्रीव ने हनुमान के अनुरोध से नील सेना को बुलाने का आदेश दिया। विरही राम सुग्रीव के निष्क्रियता की भर्त्सना करते हुए लक्ष्मण को किष्किन्धा भेजते हैं। किष्किन्धा पहुँचकर लक्ष्मण अकृतज्ञ सुग्रीव को धमकी देते हैं। सुग्रीव दीनतापूर्वक लक्ष्मण से क्षमा-याचना कर राम के पास आते हैं। राम ने प्रेमपूर्वक सुग्रीव का स्वागत किया तथा सुग्रीव अपने साथ आयी वानरी सेना को दिखाकर उनके प्रेषण हेतु राम से आज्ञा माँगी। सुग्रीव से हनुमान की योग्यता जानकर राम अभिज्ञानस्वरूप उन्हें अपनी अँगूठी देते हैं। तदनन्तर हनुमान अपने साथियों सहित सीता की खोज में निकल पड़े। पुनः स्वयंप्रभा, संपाति, मैनाक, सुरसा एवं सिंहिका के वर्णन से इस काण्ड की कथा समाप्त होती है।[227]

रामायणमञ्जरी के मूल स्रोतों में किष्किन्धा काण्ड की उपर्युक्त कथावस्तु में संक्षेप अथवा विस्तार की दृष्टिकोण से भले ही कुछ परिवर्तन किया गया हो किन्तु घटनाओं में कोई विशेष अन्तर नहीं पाया जाता है। इस संदर्भ में राम द्वारा हनुमान को दी गयी अंगूठी से सम्बन्धित कुछ तथ्य अवश्य उल्लेखनीय हैं। रामायणमञ्जरी के अनुसार राम अपनी नामाङ्कित अंगूठी अभिज्ञान स्वरूप हनुमान को देते हैं–**स तस्यै निजनामाङ्क प्रत्याय मृगीदृशः।**[228] **बाल्मीकि रामायण** में भी राम अभिज्ञान स्वरूप अपनी नामाङ्कित अँगूठी हनुमान को प्रदान करते हैं। किन्तु इस अंगूठी का एक विशेषण **'कोपशोभितं'** दिया गया है जो अन्यत्र नहीं प्राप्त होता है–**स्वानामां-**

कोपशोभितं अंगुलीयन्।[229] रामोपाख्यान में राम की अंगूठी का कोई उल्लेख ही नहीं है। अध्यात्म रामायण में भी राम, हनुमान को अपनी नामाक्षर गुदी हुई अंगूठी देते हैं।[230]

रामायणमञ्जरी के उपर्युक्त मूल स्रोतों से किञ्चित् भिन्न तथ्य अभिनन्द कृत **रामचरित** में पाया जाता है। इसके अनुसार राम अपनी मुद्रिका के अतिरिक्त सीता का नूपुर तथा स्तनोत्तरीय भी प्रदान करते हैं साथ ही हनुमान को अपनी वंशावली के विषय में बताते हैं।[231]

रामायणमञ्जरी में वानरों के प्रेषण के समय सुग्रीव समस्त दिशाओं का विस्ताऱपूर्वक वर्णन करते हुए सभी वानरों को भिन्न-भिन्न दिशाओं में भेजते हैं। राम सुग्रीव से उनके इस दिशा ज्ञान का कारण पूछते हैं। सुग्रीव राम को बताते हैं कि दुन्दुभि वध के बाद वापस लौटकर बालि ने जब मुझे राज्याभिषिक्त देखा तो उस समय मेरे वध के लिए उसने मेरा पीछा किया। उसके भय से मैं सम्पूर्ण पृथ्वी पर दौड़ता रहा तथा वह मेरा पीछा करता रहा। इसी भ्रमण से मुझे सम्पूर्ण दिशाओं का ज्ञान हो गया।[232]

रामायणमञ्जरी में वर्णित उपर्युक्त प्रसंग वाल्मीकि रामायण[233] को छोड़कर मूल स्रोतों में अन्यत्र कहीं भी उपलब्ध नहीं है।

स्वयंप्रभा–रामायणमञ्जरी के मूल स्रोतों में स्वयं के अन्य नामों का उल्लेख मिलता है। **रामोपाख्यान** में प्रभावती, नृसिंहपुराण में प्रभा, अग्निपुराण में सुप्रभा आदि नामों का वर्णन है।

स्वयंप्रभा से मिलने के बाद वानर उस गुफा के अन्दर इधर-उधर भटकते रहे किन्तु बाहर न निकल सके। इस बीच सीता खोज हेतु सुग्रीव द्वारा निश्चित उनका एक मास बीत गया। इससे सभी वानर चिन्तित हो गए। अंत में वे पुनः स्वयंप्रभा के पास जाकर निवेदन किए। स्वयंप्रभा आँखें बन्द करने की युक्ति बताकर उन सबकी गुफा से बाहर निकाल दी।[234]

रामायणमञ्जरी के उपर्युक्त प्रसंग में एक विचारणीय तथ्य यह है कि स्वयंप्रभा वानरों को आँखें बन्द करने के लिए क्यों कहती है। स्वयंप्रभा के द्वारा कही गयी इस रहस्यमयी युक्ति वास्तव में क्या है। रामायण मञ्जरी में इस समस्या के समाधान का कोई विकल्प नहीं मिलता है। वाल्मीकि रामायण, अध्यात्म रामायण तथा अन्य मूल स्रोतों के इस प्रसंग में किसी कारण का उल्लेख नहीं किया गया है। किन्तु भट्टिकाव्य से जो कारण ध्वनित होता है, उसके अनुसार स्वयंप्रभा वानरों को भुलाने के लिए उनकी आँखें बन्द करने को कहती है; क्योंकि वह दानवी है तथा राक्षसों

से मैत्री रखती है।[235]

सुन्दरकाण्ड

रामायणमञ्जरी में सुन्दरकाण्ड के लगभग 705 श्लोकों में हनुमान लंका में प्रवेश तथा सीता की खोज, रावण के अंतःपुर में हनुमान का प्रवेश, रावण का अशोकवन में आगमन एवं सीता दर्शन, रावण-सीता-संवाद, त्रिजटा स्वप्न, हनुमान-सीता संवाद, अशोक वन विध्वंस, रावण के दरबार में उपस्थिति, लंकादहन एवं राम के पास आगमन आदि प्रमुख घटनाएँ वर्णित हैं। सुन्दरकाण्ड के उपर्युक्त प्रसंगों में विचारणीय तथ्य निम्नलिखित हैं।

हनुमान का लङ्का में प्रवेश—रामायणमञ्जरी के अनुसार हनुमान लंका में प्रवेश करते समय संक्षिप्त आकार धारण कर लेते हैं।[236]

स संक्षिप्य वपुः क्षिप्रं महोत्सवमिवाधनः।
निपपाताशु लङ्कायां चोत्तरद्वारशेखरे।।

वाल्मीकि रामायण[237] के अनुसार हनुमान ने विडाल आकार के छोटे बन्दर का रूप धारण कर लङ्का में प्रवेश किया था। अध्यात्म रामायण[238] के अनुसार भी हनुमान संक्षिप्त रूप धारण करके ही लङ्का में प्रवेश करते हैं।

हनुमान के संक्षिप्त आकार धारण करने से सम्बन्धित एक अन्य तथ्य रामायणमञ्जरी के मूल स्रोतों में मिलता है। इसके अनुसार वाल्मीकि रामायण[239] में एक प्रसङ्ग मिलता है। हुनमान अशोक वन में जब सीता के सामने उपस्थित होते हैं तो चटक पक्षी जैसा रूप धारण कर लेते हैं। महानाटक[240] के अनुसार हनुमान ब्राह्मण के रूप में अशोक वन में प्रवेश करते हैं।

रामायणमञ्जरी के कई मूल स्रोतों में लङ्का देवी या लङ्किनी का उल्लेख प्राप्त होता है जो हनुमान को लङ्का में प्रवेश करने से रोकती है। परन्तु रामायणमञ्जरी में यह प्रसंग नहीं पाया जाता है। वाल्मीकि रामायण के अनुसार लङ्किनी पहले तो हनुमान को लङ्का में प्रवेश से रोकती है, परन्तु बाद में हनुमान द्वारा पराजित होने पर उसे ब्रह्मा द्वारा दिया हुआ वरदान स्मरण हो जाता है। पुनः वह ब्रह्मा प्रदत्त वर का उल्लेख करती हुई हनुमान से कहती है—हे कपिश्रेष्ठ मुझे अब राक्षसों का विनाश निश्चित दिखाई पड़ रहा है। अतः आप इस रावणपालित पुरी में प्रवेश कीजिए और यहाँ जो-जो कार्य पूर्ण करना चाहते हों उसे पूर्ण कर लीजिए।[241]

इसी प्रकार अध्यात्म रामायण[242] में भी लङ्किनी हनुमान को लङ्का में प्रवेश करने से रोकती है, तब हनुमान ने एक घूँसे का प्रहार किया जिससे वह रुधिर वमन करते हुए जमीन पर गिर पड़ी। होश में आने के बाद उसने ब्रह्मा द्वारा पूर्वकाल में बतायी

हुई रामावतार की घटना का वर्णन किया। अंत में वह हनुमान से कहती है–हनुमन्! तुमने लङ्का जीत लिया। बाद में सीता के मिलने का स्थान भी बताती है तथा राम के पावन स्मृति का वर्णन करती है।

रावण-सीता-संवाद–रामायणमञ्जरी में इस प्रसंग के अन्तर्गत रावण अत्यधिक मदपान से बेसुध तथा कामवासना से पीड़ित होकर अशोक वन में सीता के पास पहुँचता है। वहाँ अनेक प्रलोभनों के द्वारा रावण सीता को अपनी पत्नी बनाने का असफल प्रयत्न करता है। सीता उसे विभिन्न तर्कों द्वारा उलाहना एवं फटकार देती है।[243]

रामायणमञ्जरी के इस प्रसंग में सर्वप्रथम विचारणीय तथ्य है–रावण के अशोक वन में आगमन का कारण? रामायणमञ्जरी के अनुसार रावण अधिक मदपान तथा कामवासना से पीड़ित होकर ही अशोक वन में पहुँचता है।[244] रावण के अशोक वन में आगमन का यही कारण वाल्मीकि रामायण[245] में भी मिलता है। परन्तु इन सबसे पूर्णतया भिन्न एक दूसरा कारण ही अध्यात्म रामायण[246] में मिलता है। इसके अनुसार रावण उत्सुकतापूर्वक राम की प्रतीक्षा करता था, क्योंकि उसे विष्णु के हाथ से मुक्ति की तीव्र अभिलाषा थी। उसी दिन रावण ने स्वप्न में देखा कि राम का संदेशे लेकर कोई कामरूपी वानर, वृक्ष की शाखा पर बैठकर सीता को देख रहा है। रावण ने सोचा कि यह स्वप्न संभवतः सच हो। अतः उसने निश्चय किया कि मैं अब अशोक वन जाकर सीता को वाग्वाणों से बेंधकर दुःख पहुँचा दूं जिससे वानर यह सब देखकर राम को सुनावे तथा मुझे शीघ्र ही मुक्ति मिल जाय।

रामायणमञ्जरी के अनुसार रावण-सीता-संवाद के अंत में रावण की पत्नी पुण्यमालिनी का प्रसंग आता है जो रावण को सीता की तरफ से विरत होने तथा अपनी प्रियतमा में आसक्त होने के लिए कहती है।[247] वाल्मीकिरामायण में पुण्यमालिनी के स्थान पर राक्षसियों की स्वामिनी धान्यमालिनी रावण को सीता से विरत होकर अपने साथ कामक्रीड़ा करने के लिए अनुरोध करती है।[248] अध्यात्मरामायण के इस संदर्भ में मंदोदरी का नामोल्लेख होता है। मंदोदरी पति रावण से कहती है–पति देव! इस दीना, दुखिया, क्षीणा एवं कातर मानवी को छोड़ दीजिए। आपको तो बहुत सी देव, गन्धर्व, यक्षादि की कन्याएं अपने आप ही वरण करना चाहती है।[249] इस प्रकार रामायणमञ्जरी एवं वाल्मीकि रामायण में जहाँ पुण्यमालिनी एवं धान्यमालिनी सीता को हेय दृष्टि से देखते हुए रावण को सीता से विरत करने तथा अपने प्रति कामक्रीड़ा करने के लिए प्रेरित करती हैं वहीं पर आध्यात्म रामायण में मंदोदरी सीता के प्रति सहानुभूति दिखाती हुई रावण को उससे विरत करती है, साथ ही वह अपने

प्रति कामक्रीड़ा करने को नहीं कहती, अपितु वह रावण को यह बताती है कि आपको चाहने वाली बहुत सी देव, गन्धर्व एवं यक्ष महिलाएँ हैं।

रामायमणमञ्जरी तथा उसके मूल स्रोतों में सीता-रावण-संवाद के अवसर पर सीता प्रायः तिनके को ओट देकर ही रावण से बात करती है।[250] इसके अतिरिक्त भी रावण प्रायः सीता को दो मास की ही अवधि देता है जिसके बीच यह विचार करके रावण को पति रूप में स्वीकार कर ले।

सीता-हनुमान संवाद—रावण के अंतःपुर लौट जाने के बाद सभी राक्षसियाँ सीता को अनेक प्रकार से त्रास देने लगी। निःसहाय सीता राम के वियोग दुःख में रोती-बिलखती उस कष्ट को सहन करती रहीं। इसी बीच त्रिजटा नाम की वृद्धा राक्षसी, अन्य सभी राक्षसियों को सम्बोधित करती हुई अपने स्वप्न का वृत्तान्त सुनाती है। इसके अनुसार वह रावण को सद्यः विनाश, राम की विजय तथा विभीषण के राज्याभिषेक की सूचना देती है। अंत में वह सीता को त्रास देने से राक्षसियों को मना करती है। तदनन्तर वृक्ष की शाखा की ओट में बैठे हुए हनुमान राम के पराक्रम एवं वंशावली का वर्णन करते हुए उनके द्वारा प्रदत्त अँगूठी गिरा देते हैं। सीता इसे देखकर विस्मित हो जाती है तथा इस सन्दर्भ में नाना प्रकार के ऊहापोहात्मक तर्क करने लगती है। इसी बीच हनुमान वृक्ष की शाखा से उतरकर अपना सम्पूर्ण परिचय देते हुए सीता को आश्वासन देते हैं कि मैं राम दूत हनुमान हूँ। पुनः सीता से अभिज्ञान स्वरूप कुछ देने का अनुरोध करते हैं। इस सन्दर्भ में सीता हनुमान को काक पक्षी का वृत्तान्त राम को स्मरण दिलाने हेतु सुनाती हैं तथा वेणी खोलकर एक सुन्दर मणि हनुमान को प्रदान करती हैं।[251]

सीता-हनुमान-संवाद के उपर्युक्त प्रसंग में प्रथम विचारणीय तथ्य त्रिजटा चरित है। रामायणमञ्जरी के अनुसार वृद्ध त्रिजटा राक्षसी सीता की सहायिका रूप में उसे दो स्थलों पर सान्त्वना देती है। सर्वप्रथम सुन्दरकाण्ड[252] के उपर्युक्त प्रसंग में तथा द्वितीय युद्धकाण्ड[253] के अन्तर्गत इन्द्रजित के साथ रात्रि युद्ध में मूर्च्छित राम और लक्ष्मण को देखकर विलाप करती हुई सीता को आश्वासन देती है कि तुम्हारा पति जीवित है।

वाल्मीकि रामायण में भी त्रिजटा से सम्बन्धित उपर्युक्त दोनों प्रसंग वर्णित हैं। किन्तु वाल्मीकि रामायण और रामायणमञ्जरी के सुन्दरकाण्ड के त्रिजटा प्रसंग में अन्तर केवल इतना है कि वाल्मीकि रामायण में त्रिजटा राक्षसियों को डाँटते हुए सीता से क्षमा माँगने के लिए कहती है तथा बाद में सीता ने उन राक्षसियों को अभयदान भी दिया।[254] रामायणमञ्जरी में ऐसा वर्णन नहीं मिलता।

रामायणमञ्जरी[255] में त्रिजटा को वृद्धा राक्षसी तथा सीता के प्रति स्नेहवत्सला

(तत्सतोव्रतवत्सला) कहा गया है। वाल्मीकि रामायण[256] में भी त्रिजटा के उपर्युक्त दोनों स्वरूपों का चित्रण है।

रामायणमञ्ञरी में त्रिजटा को 'धर्मज्ञा प्रियवादिनि'[257] कहा गया है जो रामोपाख्यान[258] के 'धर्मज्ञा प्रियवादिनि' से साम्य रखता है।

त्रिजटा के ही सन्दर्भ में रामायणमञ्ञरी में वर्णित सीता के अन्य हितैषी राक्षस-राक्षसियों का उल्लेख करना अत्यावश्यक है। रामायणमञ्ञरी में त्रिजटा के अतिरिक्त सुन्दरकाण्ड में विन्ध्य नामक वृद्ध राक्षस का उल्लेख मिलता है। इसके विषय में सीता हनुमान से कहती हैं—जनस्थान से आए हुए विन्ध्य नामक वृद्ध राक्षस ने राम तथा सुग्रीव की मित्रता के विषय में बताया था।[259]

त्रिजटा तथा विन्ध्य के अतिरिक्त रामायणमञ्ञरी के युद्धकाण्ड में सीता की हितैषिणी सरमा का परिचय मिलता है। सीता को विचलित करने के लिए विद्युज्जिह्व द्वारा राम का मायाशीर्ष दिखाया जाता है जिसे देखकर सीता विलाप करने लगती हैं। इसी समय सरमा नाम की राक्षसी सीता को रावण के इस छल-कपट के विषय में बताती है। वह कहती है कि तुम्हारे पति का विनाश नहीं हुआ है तथा राम की सेना राक्षसों के विनाश हेतु आ गयी है।[260]

इस प्रकार रामायणमञ्ञरी में सीता के हितैषी रूप में त्रिजटा, सरमा एवं विन्ध्य नामक राक्षसियों एवं राक्षस का उल्लेख मिलता है।

वाल्मीकीय सुन्दरकाण्ड[261] में विन्ध्य राक्षस के साथ-साथ विभीषण की पत्नी एवं पुत्री का भी वर्णन मिलता है जो सीता की हितैषिणी हैं। सीता हनुमान से कहती हैं कि कला नामक विभीषण की ज्येष्ठा पुत्री ने माता के आदेशानुसार आकर स्वयं बतायी कि रावण विभीषणादि के सत्परामर्शों को ठुकरा दिया। पुनः सीता कहती हैं कि विन्ध्य राक्षस ने बताया कि मैंने रावण को बहुत समझाया, लेकिन वह दुष्ट अपनी कुटिलता नहीं छोड़ा। राम के हाथ से अब राक्षसों के विनाश का समय आ गया है। वाल्मीकीय युद्धकाण्ड[262] में भी सरमा नामक राक्षसी सीता की हितैषिणी के रूप में चित्रित है।

रामोपाख्यान में त्रिजटा स्वप्न के अतिरिक्त एक अन्य स्थल पर भी त्रिजटा का उल्लेख है। इसके अनुसार रावण वध के बाद लङ्का से जाते समय राम ने त्रिजटा को अर्थ और सम्मान प्रदान किया था—**त्रिजटां चार्थमानाभ्यां योजयामास राक्षसीम।**[253]

रामायणमञ्ञरी के विन्ध्य वर्णन की तरह रामोपाख्यान में नाम परिवर्तन के साथ अविन्ध्य वर्णन पाया जाता है। सीता हनुमान से कहती हैं कि त्रिजटा ने मुझे अविन्ध्य का यह सन्देश दिया—राम तथा लक्ष्मण सकुशल हैं और वे वानर सेना लेकर तुम्हें छुड़ाने आ रहे हैं। रावण से मत डरना, क्योंकि नलकूबर के शाप के कारण वह

तुम्हारा कुछ भी नहीं बिगाड़ सकता है।[264]

रघुवंश[265] तथा **सेतुबंध**[266] में सरमा का कोई अलग से वर्णन नहीं प्राप्त होता है, अपितु यहाँ त्रिजटा ही सरमा का स्थान ले लेती है।

वाल्मीकीय युद्धकाण्ड[267] के अनुसार सरमा सीता की गुप्तचर बनकर उन्हें रावण सभा का सम्पूर्ण समाचार दिया था। **बाल रामायण**[268] में इसी से सम्बन्धित एक तथ्य त्रिजटा के विषय में मिलता है, कि त्रिजटा ने सुमुख तथा दुर्मुख की सहायता से नरांतक वध, कुम्भकर्ण जागरण, तथा इन्द्रजित के निकुभिला प्रवेश का समाचार सीता को पहुँचा दिया था। रामायणमञ्जरी में त्रिजटा और सरमा का सीता के हितैषिणी के रूप में उल्लेख अवश्य मिलता है, किन्तु वाल्मीकीय युद्धकाण्ड एवं बालरामायण की तरह इतने विश्वस्त गुप्तचर के रूप में उल्लेख नहीं मिलता है।

बालरामायण[269] में एक और प्रसंग मिलता है जिसके अनुसार त्रिजटा ने सीता के साथ पुष्पक पर चढ़कर अयोध्या यात्रा की थी। **रामायणमञ्जरी**[270] में इस प्रकार का कोई वर्णन नहीं है, केवल युद्ध काण्ड के अन्तर्गत सीता के साथ पुष्पक पर चढ़कर कुछ राक्षसियाँ युद्धभूमि तक गयी थी जहाँ सीता की उपस्थिति का भी संकेत मिलता है।

सीता-हनुमान संवाद के अंतर्गत त्रिजटा चरित के अतिरिक्त जो दूसरा विचारणीय तत्त्व है, वह यह कि हनुमान के आगमन से पूर्व राक्षसियों से पीड़ित की जाती हुई सीता, दुःख से अत्यंत उद्विग्न होकर प्राण त्यागने के लिए उत्कण्ठित हो जाती है–**दुःसहं चात्मनी दुःखं प्राणत्यागोत्सुकाभवत्**।[271]

रामायणमञ्जरी में सीता के इस प्राण त्याग के प्रयास का वर्णन मूल स्रोतों में भी किसी-न-किसी रूप में वर्णित है। वाल्मीकीय सुन्दरकाण्ड में हनुमान के आगमन के ठीक पूर्व सीता आत्महत्या करने का विचार करती हैं। विष अथवा किसी तीक्ष्ण शस्त्र के अभाव में वह अपनी वेणी से फांसी लगाने के विचार से अशोक वृक्ष के पास जाती है। इनकी एक शाखा पकड़कर वह राम-लक्ष्मण तथा अपने कुल के विषय में सोचने लगती हैं, उसी समय उनके शरीर में शुभ लक्षण प्रकट होने लगते हैं।[272]

अध्यात्मरामायण[273] के अनुसार सीता ने जब अपनी वेणी से फांसी लगाने का निश्चय करके, आत्महत्या करने के लिए उद्यत हुई उसी समय हनुमान राम का गुणगान करने लगे। **आश्चर्यचूड़ामणि** में भी सीता द्वारा जल में प्रवेश करके आत्महत्या के प्रयास का उल्लेख प्राप्त होता है।[274]

हनुमान-सीता-संवाद के अन्तर्गत तीसरा विचारणीय तत्त्व सीता द्वारा हनुमान को दिए गए अभिज्ञानों का वर्णन है। रामायणमञ्जरी के इस प्रसंग में सीता द्वारा दिए गए तीन अभिज्ञानों का वर्णन है।[275]–मणि, काकवृत्तान्त तथा मैनसिल तिलक

का स्मरण।

सीता हनुमान से चित्रकूट की उस घटना का वर्णन करती हैं, जब राम सीता को अपनी गोद में बिठाकर मैनसिल से तिलकमञ्जरी बनायी थी। इसी समय काक जयन्त द्वारा मेरे स्तन में आघात करने के कारण राम से नरकुल के बाण से लीलापूर्वक उसे काना बना दिया। अंत में सीता अपनी वेणी खोलकर एक अत्यंत प्रकाश युक्त मणि हनुमान को प्रदान करती हैं। इस प्रकार रामायणमञ्जरी में तीन अभिज्ञानों का वर्णन है।

महाभारत के रामोपाख्यान में केवल दो अभिज्ञानों का ही वर्णन उपलब्ध है–चूड़ामणि तथा काकवृत्तान्त।[276]

वाल्मीकि रामायण में रामायणमञ्जरी की ही भांति तीन अभिज्ञानों का वर्णन है। सुन्दरकाण्ड के 38वें सर्ग में काक वर्णन के बाद सीताजी हनुमान को चूड़ामणि देती हैं। इसके बाद हनुमान जब चलने को तैयार होते हैं तो सीता पुनः एक तीसरे अभिज्ञान का स्मरण करती हुई कहती हैं–मेरी ओर से यह भी कहना कि प्राणनाथ! पहले की उस बात को भी याद कीजिए, जबकि मेरे कपोल में लगे हुए तिलक के मिट जाने पर आपने-अपने हाथ से मैनसिल का तिलक लगाया था।[277]

अध्यात्म रामायण में चूड़ामणि तथा काक वृत्तान्त के अभिज्ञान ही वर्णित हैं।[278]

युद्ध काण्ड

रामायणमञ्जरी में 1298 श्लोकों के अंतर्गत सम्पूर्ण युद्धकाण्ड की कथावस्तु वर्णित है। युद्धकाण्ड के प्रारम्भ में माता के आदेशानुसार विभीषण द्वारा रावण को संमंत्रणा देना, रावण द्वारा विभीषण पर पाद प्रहार विभीषण की शरणागति, सेतुबंध, वानर सेना का अभियान, रात्रियुद्ध में इन्द्रजित् की विजय, हनुमान आदि वानरी सेना के द्वारा रावण का मानमर्दन, राम के मायाशीर्ष का वृतान्त, कुम्भकर्ण वध, इन्द्रजित वध, लक्ष्मण शक्ति एवं रावण-वध आदि इस काण्ड की प्रमुख घटनाएँ हैं। सम्प्रति इन्हीं घटनाओं के आलोक में युद्धकाण्ड की कथावस्तु का संक्षिप्त विश्लेषण किया जा रहा है।

विभीषण की शरणागति–युद्धकाण्ड के प्रारम्भ में विभीषण की वृद्धा मां रावण द्वारा सीताहरण की निन्दा करते हुए विभीषण से कहती है कि रावण यदि सीता को नहीं लौटा देता तो शीघ्र ही उसके राज्य, शक्ति एवं वैभव का विनाश हो जाएगा। अतः तुम शीघ्र ही जाकर भाई को विनाश से बचाओ तथा सीता को वापस लौटाने का अनुरोध करो। माता के आदेशानुसार विभीषण रावण के दरबार में पहुँचकर अनेक

मंत्रणाओं द्वारा समझाते हुए सीता को वापस लौटाने के लिए निवेदन करता है। किन्तु रावण उसके सत्परामर्शों को ठुकरा देता है। यही नहीं, रावण भाई विभीषण के ऊपर पादप्रहार करके राज्य से बाहर निकाल देता है। विभीषण अपने चार मन्त्रियों सहित राम की शरण में आ जाता है। राम भी शरणागत विभीषण को स्वीकार करके समुद्र जल से अभिषेक कर देते हैं।[280]

काण्ड के प्रारम्भ में वर्णित **विभीषणमातृवाक्यम्** का उपर्युक्त प्रसंग रामायणमञ्जरी के अतिरिक्त भट्टिकाव्य को छोड़कर अन्य किसी मूल स्रोतों में दृष्टिगोचर नहीं होता। **भट्टिकाव्य** के अनुसार भी विभीषण की माँ उससे अनुरोध करती है कि वह जाकर रावण को समझावे।[281]

रामायणमञ्जरी तथा **वाल्मीकि रामायण** में वर्णित उपर्युक्त प्रसंग तथा उसके अन्तर्गत रावण सभा की घटनाओं में पूर्ण साम्य है। किन्तु **अध्यात्म रामायण** में इन दोनों से भिन्न, रावण सभा में कुम्भकर्ण की उपस्थिति भी दिखलायी गयी है। कुम्भकर्ण रावण से राम के परमतत्त्व का वर्णन करते हुए सीता को वापस लौटाने को कहता है, साथ ही वह रावण के इस कार्य की कटु निन्दा भी करता है।[282]

विभीषण की शरणागति के विषय में रामायणमञ्जरी तथा उसके सभी मूल स्रोत यही स्वीकार करते हैं कि रावण ने ही उसे निर्वासित किया था शरणागति का समय भी प्रायः रामायणमञ्जरी के ही अनुसार है। किन्तु **महावीरचरित** में शरणागति का समय जो वर्णित है उसके अनुसार विभीषण खर-दूषण वध के बाद ही लङ्का छोड़कर अपने मित्र सुग्रीव के यहाँ रहने लगा था और उसने राम-सुग्रीव मिलन के पूर्व ही राम के पास आत्मसमर्पण का पत्र भेजा था।[283]

रामायणमञ्जरी एवं **वाल्मीकि रामायण** के अनुसार विभीषण को निष्कासित करते समय रावण ने पादप्रहार भी किया था। पादप्रहार की यह घटना रामायणमञ्जरी के कई मूल स्रोतों में वर्णित है, किन्तु **अध्यात्म रामायण** में इसका उल्लेख नहीं है। इसके अनुसार रावण विभीषण को केवल फटकारता है तथा विभीषण राम की शरण में चला जाता है।[284]

रामायणमञ्जरी तथा उसके मूल स्रोतों में राम स्वर्गारोहण के समय विभीषण के राज्य के चिरस्थायित्व का आशीर्वाद देते हैं, किन्तु **अध्यात्म रामायण** में राम ने इसका वर्णन शरणागति के समय भी किया है। समुद्र जल से विभीषण को लङ्का के राज्य पर अभिषिक्त करते हुए राम कहते हैं कि जब तक सूर्य, चन्द्र और पृथ्वी की स्थिति है तथा जब तक लोक में मेरी कथा रहेगी तब तक तुम इस लङ्का का राज्य करोगे।[285]

सेतुबंध—विभीषण अभिषेक के बाद सम्पूर्ण हरिवाहिनी समुद्र तट पर पहुँचकर

उसको पार करने के विषय में विचार करने लगी। अनन्तर विभीषण के मतानुसार राम-लक्ष्मण सहित सम्पूर्ण सेना तीन रात्रि तक प्रायोपवेशन में संलग्न रहे किन्तु परिणाम कुछ नहीं निकला। अंत में क्रुद्ध होकर राम ने समुद्र को अपने बाणों से क्षुब्ध कर दिया। इस पर समुद्र प्रकट होकर राम से क्षमा-याचना करते हुए विनीत भाव से अपना परिचय देता है। पुनः उसने विश्वकर्मा के पुत्र नल द्वारा सेतु निर्माण का सुझाव दिया। राम के आदेश से तुरन्त ही नल के साथ सम्पूर्ण सेना ने मिलकर कुछ ही दिनों में 100 योजन विस्तृत सेतु का निर्माण कर दिया। राम सहित सम्पूर्ण सेना समुद्र पार कर गयी। समुद्र पुनः निवेदन करता है कि राम! विजय के लिए युद्धारम्भ करने वाले आपको यह तापस वेश उचित नहीं है। ऐसा कहते हुए समुद्र ने राम-लक्ष्मण के जटा-वल्कल आदि का परित्याग करवाकर उनको दिव्य कवच एवं आभूषणों से सुसज्जित किया।[286]

सम्प्रति रामायणमञ्जरी में वर्णित सेतुबंध की घटनाओं पर विचार किया जा रहा है।

अभिषेक नाटक के अनुसार राम जब बाण चलाने के लिए उद्यत होते हैं, उसी समय वरुण दिखाई पड़ते हैं और उनकी आज्ञा से समुद्र का जल दो भागों में विभक्त हो जाता है जिससे राम की सेना समुद्र जल से पार हो जाती है।[287]

भट्टिकाव्य के अनुसार राम द्वारा बाण संधान करने के कारण करोड़ों मछलियाँ मर जाती हैं तथा समुद्र के विनय करने पर राम उन्हें पुनर्जीवित करते हैं।[288]

रामोपाख्यान के अनुसार राम समुद्र में बाण नहीं चलाते हैं सागर राम को स्वप्न में दिखाई देता है तथा नल द्वारा फेंके हुए पदार्थ न डूबने देने की प्रतिज्ञा करता है।[289] **स्कन्द पुराण** में सेतु माहात्म्य के अन्तर्गत भी ठीक इसी प्रकार का वर्णन मिलता है।[290] **महानाटक** में राम के बाण चलाने का उल्लेख ही नहीं मिलता है।[291]

सेतुबंध[292] तथा बालरामायण[293] में सेतु निर्माण की बाधाओं का भी उल्लेख है। इनके अनुसार मछलियाँ सेतु को नष्ट कर देती हैं।

बालरामायण में सेतु निर्माण के समय कुछ और घटनाओं का उल्लेख मिलता है। इसके अनुसार रावण सेतु निर्माण के समय विमान पर चढ़कर राम के शिविर के पास पहुँचता है तथा राम के देखते ही एक 'यंत्रजानकी' का वध करके तथा उसका मायाशीर्ष समुद्र तट पर फेंककर लौट जाता है। इसके पश्चात् रावण का पुत्र सिंहनाद आकर राम को ललकारता है तथा राम द्वारा युद्ध में मारा जाता है। बाद में प्रभञ्जनी नामक एक राक्षसी सोये हुए राम और लक्ष्मण को मार डालने के लिए आती है, किन्तु अङ्गद उसका वध कर देते हैं।[294]

रामायणमञ्जरी एवं **वाल्मीकि रामायण** के अतिरिक्त कुछ पुराणों एवं **अध्यात्म**

रामायण में सेतुबंध के अवसर पर शिवलिङ्ग (महादेव) की स्थापना का वर्णन मिलता है। **अध्यात्म रामायण** में पहले तो सेतुबंध के अवसर पर इसका उल्लेख मिलता है। राम ने सेतुबन्ध के आरम्भ होने पर रामेश्वर महादेव की स्थापना कर उनका पूजन करते हुए इसके महत्त्व का प्रतिपादन किया है।[295] राम पुनः लङ्का विजय के बाद जब सीता के साथ अयोध्या वापस लौटने लगते हैं, उस समय सीता से उस स्थल का परिचय कराते हुए कहते हैं कि मैंने यहाँ रामेश्वर महादेव की स्थापना की है।[296]

इसी प्रकार **स्कंद पुराण**[297] में भी सेतुबंध के अवसर पर तथा युद्ध समाप्ति के बाद भी शिव प्रतिष्ठा का उल्लेख मिलता है। किन्तु **नारदीय पुराण** (उत्तरार्द्ध, अ.), **नृसिंह पुराण** (अ., 52), **कूर्मपुराण** (अ. 21) तथा **सौरपुराण** (अ. 30) में युद्ध के बाद ही शिव प्रतिष्ठा का वर्णन मिलता है।

रामायणमञ्जरी के कुछ मूल स्रोतों में राक्षसियों के संभोग का वर्णन सेतुबंध के बाद तथा युद्ध के पूर्व भी प्राप्त होता है, जबकि रामायणमञ्जरी में इसका उल्लेख नहीं मिलता। इसमें सर्वप्रथम सेतुबंध के 'कामिनीकेलि' नामक दसवें सर्ग में तथा जानकी हरण के 16वें सर्ग में राक्षसियों के केलि का विस्तृत वर्णन मिलता है। इसी प्रकार रामचरित के 18वें सर्ग (दशाननपानकेलिवर्णनम्) में रावण के सम्भोग का विस्तृत वर्णन किया गया है।

रामायणमञ्जरी में उपर्युक्त शिव प्रतिष्ठा तथा राक्षसियों के केलि वर्णन का प्रसंग सेतुबंध के अवसर पर नहीं मिलता जैसा कि उसके मूल स्रोतों में वह किसी-न-किसी रूप में ही वर्णित है।

राम का मायाशीर्ष—शुक-सारण दूतों के द्वारा राम की शक्ति एवं सेना का समाचार सुनकर रावण अत्यन्त क्रोधित हो गया। इसके बाद वह विद्युज्जिह्व को साथ लेकर सीता के पास पहुँचा। वहाँ पहुँचकर रावण सीता से कहता है—हे सीते! जिस तपस्वी से तुम प्रेम करती हो, वह अपनी सम्पूर्ण वानरी सेना सहित युद्ध में मारा गया। अतः तुम उस तपस्वी की चिन्ता छोड़कर मुझमें अनुरक्त हो जाओ। ऐसा कहते हुए रावण ने विद्युज्जिह्व को राम का मायाशीर्ष दिखाने के लिए संकेत किया। इसे देखकर सीता अत्यन्त दुःख कातर हो रुदन करने लगी। तब सरमा नामक राक्षसी ने सीता को आश्वासन देते हुए कहा कि तुम्हारे पति जीवित हैं। यह तो विद्युज्जिह्व द्वारा निर्मित राम का माया शीर्ष है।[298]

महाभारत के **रामोपाख्यान** और **अध्यात्म रामायण** में राम के मायाशीर्ष का वृत्तान्त नहीं वर्णित है। **वाल्मीकि रामायण**[299] में किञ्चित् परिवर्तन सहित विस्तारपूर्वक इसका उल्लेख किया गया है।

रघुवंश[300] तथा **सेतुबंध**[301] में सरमा के स्थान पर त्रिजटा ही सीता को

आश्वासन देती है। महानाटक[302] में एक आकाशवाणी सीता को आश्वासन देती है कि यह राम का वास्तविक सिर नहीं है। **अभिषेकनाटक**[303] में सीता को राम-लक्ष्मण दोनों के मायामय शीर्ष दिखलाए जाते हैं।

महानाटक[304] में रावण की एक अन्य युक्ति का उल्लेख है। राम का मायामय शीर्ष दिखलाने के बाद रावण राम का रूप धारण कर लेता है तथा रावण दस मायामय शीर्ष हाथ में लिए सीता के पास आता है, किन्तु सरमा सीता को सावधान करती है।

रावण वध—रामायणमञ्जरी में युद्धकाण्ड के अन्तिम 100 श्लोकों के अन्तर्गत राम-रावण का घोर-संग्राम, लक्ष्मण शक्ति तथा रावण वध का वर्णन है।[305]

रामायणमञ्जरी में वर्णित रावण वध के उपर्युक्त प्रसंग में लक्ष्मण शक्ति एक उल्लेखनीय घटना है। प्रायः सभी रामकथा ग्रंथों में यह किसी-न-किसी प्रकार अवश्य ही वर्णित है। किन्तु **रामोपाख्यान** में लक्ष्मण शक्ति का वर्णन नहीं है। **वाल्मीकि रामायण** तथा रामायणमञ्जरी के अन्तर्गत युद्धकाण्ड के अंत में रावण वध के प्रसंग में लक्ष्मण शक्ति का उल्लेख किया गया है। किन्तु **अध्यात्म रामायण** में युद्धकाण्ड के प्रारंभ में ही लक्ष्मण मूर्च्छा का प्रसंग वर्णित है।[306]

महानाटक[307] में हनुमान पहले रावण की शक्ति रोक लेते हैं, किन्तु रावण का अनुरोध मानकर ब्रह्मा नारद को भेज देते हैं कि वह किसी-न-किसी तरह से हनुमान को रणभूमि से हटा दें। नारद ऐसा ही करते हैं तथा रावण लक्ष्मण को आहत करने में समर्थ हो जाता है।

रामायणमञ्जरी एवं **वाल्मीकि रामायण** के अन्तर्गत राम-रावण के घोर संग्राम एवं रावण वध की घटनाओं में पूर्ण साम्य है। इनसे पृथक् कुछ रामकथा वृत्तान्तों में बहुधा रावण के मर्मस्थान अथवा रावण की मृत्यु को किसी गुप्त युक्ति का उल्लेख है। **अध्यात्म रामायण**[308] के अनुसार रावण के नाभि प्रदेश में अमृत रखा हुआ है, विभीषण से यह जानकर राम ने आग्नेयास्त्र से उस अमृत को सुखाया था।

महानाटक[309] के अनुसार राम ने विश्व कल्याण को दृष्टि में रखकर रावण के वक्षस्थल पर बाण नहीं चलाया। राम जानते थे कि रावण के हृदय में सीता का निवास था। सीता के हृदय में राम तथा राम में समस्त भुवनावली विद्यमान थी।

रावण वध के सन्दर्भ में **महाभारत** के अनुसार रावण के अन्तिम युद्ध के समय राम तथा लक्ष्मण का रूप धारण करने वाले बहुत से मायामय योद्धाओं को उत्पन्न किया था।[310]

महाभारत के ही अनुसार राम का ब्रह्मास्त्र रावण को इस प्रकार जला देता है कि उसकी राख भी शेष नहीं रही।[311]

रामायणमञ्जरी के अन्तर्गत रावण वध के बाद युद्ध काण्ड की समाप्ति हो जाती है। युद्ध काण्ड की समाप्ति के बाद तथा उत्तरकाण्ड के प्रारम्भ के पूर्व–अन्तःपुरप्रलापः, रावणसत्क्रिया, विभीषणाभिषेकः, बहिप्रवेशः, महापुरुषस्तवः, लोकपालदर्शनम्, पुनराख्यायिकम्, भरतानन्दः, भरतसमागमः तथा रामाभिषेकः आदि घटनाओं को आचार्य क्षेमेन्द्र ने अलग से प्रस्तुत किया है।[312] इसे किसी काण्ड के अन्तर्गत नहीं रखा है। जबकि **वाल्मीकि रामायण** तथा **अध्यात्म रामायण** आदि में इन घटनाओं को युद्धकाण्ड के अन्तर्गत ही वर्णित किया गया है। कथानक व्यवस्था सम्बन्धी इस परिवर्तन में कवि की मौलिकता ही दृष्टिगोचर होती है।

रामायणमञ्जरी की उपर्युक्त घटनाओं का उसके मूल स्रोतों में कोई विशेष परिवर्तन नहीं दिखाई पड़ता है। रावणसत्क्रिया के सन्दर्भ में उल्लेखनीय तथ्य यह है कि रामायणमञ्जरी, **वाल्मीकि रामायण** तथा अध्यात्म रामायण आदि में राम के आग्रह पर **विभीषण** भाई रावण का अन्तिम संस्कार सम्पन्न करते हैं।

सीता की अग्निपरीक्षा से भी सम्बन्धित एक ध्यान देने योग्य तथ्य है कि जहाँ प्रायः सभी रामकथा ग्रंथों में यह प्रसंग अवश्य ही सुलभ है, वहीं **महाभारत** में सीता की अग्नि परीक्षा का अभाव है। **रामोपाख्यान** के अनुसार विभीषण तथा अविंध्य सीता को राम के पास ले आते हैं और राम सीता की शपथ तथा वायु, अग्नि, वरुण और ब्रह्मा के साक्ष्य से सन्तुष्ट होकर सीता को ग्रहण कर लेते हैं।[313]

महाभारत के अतिरिक्त हरिवंश, विष्णु, वायु, भागवत तथा नृसिंह आदि प्राचीन पुराणों में भी अग्नि परीक्षा का निर्देश नहीं मिलता।

उत्तरकाण्ड

रामायणमञ्जरी में 1263 श्लोकों के अन्तर्गत सम्पूर्ण उत्तरकाण्ड की कथावस्तु वर्णित है। काण्ड के प्रारम्भ में राम के दरबार में आए हुए विभिन्न ऋषियों-मुनियों का आतिथ्य। अगस्त्य द्वारा राम की राक्षसों को उत्पत्ति के विषय में विस्तारपूर्वक बताना। सर्वप्रथम विश्रवा तथा देवयानी के पुत्र वैश्रवण का चतुर्थ लोकपाल बनना तथा पुष्पक प्राप्त कर लङ्का में निवास करना। प्रहेति तथा हेति वंश में उत्पन्न राक्षसों का निवास तथा विष्णु द्वारा पराजित होने पर उनका पाताल प्रवेश।

विश्रवा-पुष्पोत्कटा से रावण, कुम्भकर्ण, विभीषण तथा शूर्पणखा का जन्म। रावणादि तीनों भाइयों को वरप्राप्ति। वैश्रवण का लङ्का त्याग तथा कैलाश पर निवास। राक्षसों का लङ्का में प्रवेश। रावण, कुम्भकर्ण तथा विभीषण पर क्रमशः मंदोदरी, वज्र-ज्वाला तथा सरमा से विवाह। इन्द्रजित्जन्म।

कुबेर को पराजित कर रावण का पुष्पक को प्राप्त करना। रावण को नन्दिशाप

रावण का कैलाश को उठाना। देववती का रावण को शाप देना। रावण द्वारा अनेक राजाओं की पराजय तथा अनरण्य वध। कार्तवीर्य अर्जुन द्वारा रावण का ग्रहण एवं मोक्ष, बालि द्वारा रावण की पराजय एवं बालि-रावण मित्रता। यमकिंकरों का वध, वरुण की पराजय, निवातकवचों से मैत्री, मान्धाता युद्ध, सोमलोकगमन।

रावण द्वारा अनेक कन्याओं का अपहरण। शूर्पणखा को खर-दूषण के साथ दण्डकारण्य भेजना। कुंभीनसी द्वारा मधु की रक्षा, नलकूवरशाप। मेघनाथ द्वारा इन्द्र का बन्धन। अहल्या वृतान्त। देवताओं से मेघनाथ की वरप्राप्ति।

हनुमान की जन्मकथा और चरित्र। ऋषि, नृप, कपि, ऋक्ष, प्रयाण। राम-सीता का अशोक वन में प्रवेश। जनापवाद। सीता त्याग।

नृप, निमि, उर्वशी, ययाति, श्वान, गृध्र तथा उलूक कथा। श्वेतोपाख्यान, सौदास्योपाख्यान।

च्यवन ऋषि के आग्रह से राम का शत्रुघ्न को लवण वध हेतु भेजना। लवण वध एवं शत्रुघ्न का मथुरा में प्रवेश। शम्बूक वध की कथा। दण्डशाप। राजसूय यज्ञ का भरत द्वारा विरोध, वृत्तोपाख्यान। अश्वमेध माहात्म्य, इड़ा वृतान्त। राम का अश्वमेध यज्ञ, कुश-लव द्वारा रामायण का गान। सीता का वसुधा प्रवेश। कालवाक्य के अनुसार लक्ष्मण मृत्यु।

राम द्वारा भरत के पुत्रों (तक्ष-पुष्कल) को तक्षशिला तथा पुष्कलावती, लक्ष्मण के पुत्रों (अगद-चन्द्रकेतु) को अंगदीप तथा चन्द्रावती, कुश को कुशावती तथा लव को श्रावस्ती का राज्य प्रदान किया जाना तथा शत्रुघ्न द्वारा अपने पुत्रों (सुबाहु-शत्रुघाती) को मथुरा और विदिशा का राज्य प्रदान करना।

राम ने हनुमान और विभीषण को अमरत्व प्रदान कर भाइयों, वानरों तथा नगरवासियों सहित स्वर्ग के लिए प्रस्थान कर दिया।

उपर्युक्त घटनाओं के आलोक में यह कहा जा सकता है कि **वाल्मीकि रामायण** एवं **अध्यात्म रामायण** की तरह रामायणमञ्जरी का उत्तरकाण्ड भी विभिन्न अन्तर्कथाओं का संग्रह है। अतः इस स्थल पर इन अन्तर्कथाओं का विवेचन नहीं प्रस्तुत किया जाएगा अपितु रामायणमञ्जरी की आधिकारिक कथा से सीधा संबंध रखने वाली घटनाओं का वर्णन ही यहाँ विवेच्य विषय है। यथा–सीता त्याग एवं राम का अश्वमेध, इस काण्ड की प्रमुख घटनाएँ हैं।

सीता त्याग–रामायणमञ्जरी के उत्तरकाण्ड में राम अपने मित्रों द्वारा सीता के विषय में लोकापवाद सुनते हैं। इस लोकापवाद से दुःखी राम लक्ष्मण को आदेश देते हैं कि वे सीता को दूर निर्जन वन में छोड़ दें। राम के इस आदेश पालन में लक्ष्मण

को भी असह्य पीड़ा की अनुभूति होती है। तथापि सुमन्त्र के साथ रथ पर सीता को बैठाकर लक्ष्मण उन्हें वाल्मीकि आश्रम के पास निर्धन वन में छोड़ जाते हैं। अनन्तर सीता का करुण विलाप सुनकर वाल्मीकि मुनि उन्हें अपने आश्रम ले आते हैं, जहाँ गर्भवती सीता ने कुछ समय बाद लव और कुश यमज पुत्रों को जन्म दिया।[314]

रामायणमञ्जरी में वर्णित सीता त्याग की यह घटना, उसके मूल स्रोतों में किसी-न-किसी रूप में अवश्य वर्णित है, किन्तु महाभारत के **रामोपाख्यान** तथा पुराणों में जहाँ रामकथा मिलती है, सीता त्याग का संकेत मात्र भी नहीं किया गया है। उदाहरणार्थ–हरिवंश (1, अध्याय 41), वायु पुराण (अध्याय 88), विष्णु पुराण (4, 4) तथा नृसिंह पुराण (अध्याय 47-52) आदि।

सम्प्रति सीता त्याग के कारणों पर विचार किया जा रहा है। यद्यपि राम कथा संबंधी ग्रंथों में सीता त्याग के भिन्न-भिन्न कारणों का उल्लेख किया गया है। किन्तु रामायणमञ्जरी के मूल स्रोतों में सीता त्याग के कारण रूप में लोकापवाद का ही वर्णन मिलता है। जैसा रामायणमञ्जरी में वर्णित है कि 'भद्र' नामक मित्र से सीता विषयक जनापवाद सुनकर राम ने उनका परित्याग किया था।

रामायणमञ्जरी एवं **वाल्मीकि रामायण**[315] में सीता त्याग संबंधी घटना में कोई अन्तर नहीं दिखाई पड़ता है। रघुवंश में भी सीता त्याग का उपर्युक्त कारण दिखाई पड़ता है। अन्तर केवल इतना है कि जहाँ रामायणमञ्जरी एवं **वाल्मीकि रामायण** में भद्र राम का मित्र बताया गया है। वहीं रघुवंश में वह एक गुप्तचर के रूप में चित्रित है।[316] इसी प्रकार **उत्तररामचरित** तथा **कुन्दमाला** में भी उपर्युक्त कारण का ही उल्लेख मिलता है। **उत्तररामचरित**[317] में उस गुप्तचर का नाम दुर्मुख कहा गया है। **अध्यात्म रामायण**[318] में इसका नाम विजय माना गया है।

अध्यात्म रामायण[319] में भी यद्यपि लोकापवाद के कारण ही सीता का त्याग होता है, किन्तु इसके अनुसार सीता त्याग वास्तविक नहीं कहा जा सकता है। इसमें देवताओं ने सीता के पास आकर कहा–यदि तुम पहले बैकुण्ठ चली जाओ तो रघुनाथ भी वहाँ आकर हमें सनाथ करेंगे। सीता से देवताओं की प्रार्थना सुनकर राम ने कहा–मैं यह सब जानता हूँ। मैं लोकापवाद के बहाने तुम्हें त्याग दूँगा। वाल्मीकि के आश्रम में तुम्हारे दो पुत्र होंगे। बाद में तुम मेरे पास आकर लोगों को विश्वास दिलाने के लिए शपथ करोगी और पृथ्वी में प्रवेश करके बैकुण्ठ चली जाओगी।

रामाश्वमेध–रामायणमञ्जरी के अन्तर्गत उत्तरकाण्ड के अन्त में राम के अश्वमेध यज्ञ का विस्तृत वर्णन मिलता है। राम ने पहले राजसूय यज्ञ उत्पन्न करना चाहा, किन्तु भरत ने इससे भावी विनाश की सूचना देते हुए इसका विरोध किया। इसके बाद लक्ष्मण ने अश्वमेध यज्ञ का माहात्म्य बताते हुए इन्द्र के ब्रह्महत्या दोष

निवारण तथा इड़ा का वृत्तान्त सुनाया। पुनः नैमिष तट पर यज्ञ भूमि की तैयारी, सीता की हेममयी मूर्ति के निर्माण द्वारा अश्वमेध यज्ञ का प्रारम्भ। इसी अवसर पर कुश और लव का रामायण गान तथा राम का लव-कुश एवं सीता से परिचय और सीता का वसुधा प्रवेश भी वर्णित है।[319]

वाल्मीकि रामायण और रामायणमञ्जरी की उपर्युक्त घटना में कोई वैषम्य नहीं है। **अध्यात्म रामायण** में राम के अश्वमेध का वर्णन तो है लेकिन भरत द्वारा राजसूय यज्ञ का विरोध एवं लक्ष्मण द्वारा अश्वमेध यज्ञ के माहात्म्य के वर्णन में वृत्रोपाख्यान एवं इड़ा वृत्तान्त नहीं वर्णित है। रघुवंश सहित उपर्युक्त सभी ग्रथों में अश्वमेध यज्ञ के अवसर पर सीता की स्वर्णिम मूर्ति का उल्लेख किया गया है।[320]

रामाश्वमेध के विषय में अग्नि पुराण के अन्तर्गत एक रोचक वर्णन मिलता है। इसके अनुसार राम ने अश्वमेध यज्ञ के द्वारा अपनी ही आराधना की–**वासुदेवं स्वमात्मा-नमश्वमेधैरथजयत्**।[321]

रामायणमञ्जरी के प्रायः सभी मूल स्रोतों में राम के ब्रह्महत्या दोष का निर्देश नहीं मिलता, किन्तु रकन्दपुर में राम की ब्रह्महत्या का उल्लेख किया गया है।[322]

रामायणमञ्जरी में वर्णित रामाश्वमेध में कुश-लव से संबंधित कुछ घटनाओं पर विचार करना अत्यावश्यक है जितना कि रामायणमञ्जरी में वर्णन नहीं है।

महाभारत, हरिवंश पुराण एवं नृसिंह पुराण में कुश-लव से संबंधित किसी घटना का उल्लेख नहीं मिलता।

रामायणमञ्जारी के मूल स्रोतों के अन्तर्गत **उत्तररामचरित** में कुश-लव के जन्म का किञ्चित् परिवर्तित रूप मिलता है। लक्ष्मण के चले जाने के बाद परित्यक्ता सीता वन में प्रसव पीड़ा का अनुभव करने लगीं। उस पीड़ा से निराश होकर वह आत्महत्या के विचार से गंगा में कूद पड़ीं। जल ही में उन्होंने दो पुत्रों को जन्म दिया। अनन्तर पृथ्वी तथा गङ्गा देवियाँ सीता को पुत्रों के साथ रसातल ले गयीं। बड़े हो जाने पर गङ्गा ने दोनों पुत्रों को शिक्षार्जन के लिए वाल्मीकि के हाथों सौंप दिया। इस वर्णन के अनुसार कुश तथा लव अपने माता-पिता के विषय में कुछ नहीं जानते हैं। अंतिम अंक में वाल्मीकि की आज्ञा से सीता प्रकट होकर राम के साथ अयोध्या लौटती हैं।[323]

कुछ रामकथाओं में कुश-लव के राम की सेना तथा राम से भी युद्ध करने का वर्णन मिलता है इस युद्ध के भिन्न-भिन्न कारण प्रचलित हैं, किन्तु सर्वाधिक प्रचलित कारण यह है कि क्या-लव ने राम के अश्वमेध के घोड़े को बाँध लिया था। **उत्तररामचरित** में यज्ञाश्व के कारण सीता के पुत्रों के युद्ध का उल्लेख किया गया है। इसके अनुसार लव पहले यज्ञाश्व की रक्षा करने वाली राम सेना से तथा बाद

में लक्ष्मण के पुत्र चन्द्रकेतु से युद्ध करता है। राम पहुँचकर लव-चन्द्रकेतु का युद्ध बन्द करते हैं और लव तथा कुश से मिलकर उनका परिचय प्राप्त करते हैं। अन्त में वह सीता को पुनः ग्रहण करते हैं।[324]

रघुवंश में कुश द्वारा अयोध्या के जीर्णोद्धार एवं उनके राज्य वैभव का विस्तृत वर्णन भी मिलता[325] है साथ ही कुश और कुमुद्वती के विवाह का भी उल्लेख है।[326]

रामकथा विषयक क्षेमेन्द्र की मौलिकताओं का विवेचन

संस्कृत वाङ्मय में क्षेमेन्द्र विरचित रामायणमञ्जरी का महत्त्वपूर्ण योगदान एवं स्थान हैं। यद्यपि रामायणमञ्जरी वाल्मीकि रामायण का अति संक्षिप्त रूप है जिसमें कवि क्षेमेन्द्र ने वाल्मीकि कथा का ही अक्षरशः अनुकरण किया है। तथापि ग्रंथ के आद्योपान्त अनुशीलन से पता चलता है कि इसमें कवि ने यत्र-तत्र किञ्चित् सूक्ष्म परिवर्तन भी किया है जो वाल्मीकि रामायण से सर्वथा पृथक् एवं नवीन है तथा जिससे कवि की मौलिकता का परिचय प्राप्त होता है। रामायणमञ्जरी में वर्णित क्षेमेन्द्र की मौलिकताओं का विवेचन अधोलिखित है।

सर्वप्रथम ग्रंथ की कथानक व्यवस्था में ही कवि की मौलिकता का दर्शन होता है।[327] ग्रंथकार ने बालकाण्ड के प्रारम्भ तथा अयोध्याकाण्ड की समाप्ति का केवल उल्लेख करके इन दोनों काण्डों को एक ही में जोड़ दिया है। जहाँ अन्य रामायण ग्रंथों में अरण्यकाण्ड का उल्लेख मिलता है वहीं रामायणमञ्जरी में अरण्यपर्व के नाम से संबोधित किया गया है। पुनः इसके अंतर्गत भी भरत से संबंधित घटनाओं को भरतपर्व से संबोधित किया गया है। अनन्तर किष्किन्धाकाण्ड को भी किष्किन्धा पर्व तथा किष्किन्धाकाण्ड में विभाजित किया गया है। इसके अतिरिक्त युद्धकाण्ड और उत्तरकाण्ड के बीच में रावणसत्क्रिया, विभीषणाभिषेक, सीता की अग्नि परीक्षा, राम का अयोध्या आगमन एवं अभिषेक आदि कुछ घटनाओं को अलग से वर्णित किया गया है जिसे किसी काण्ड के अन्तर्गत नहीं रखा गया है।

रामायणमञ्जरी के शबरी प्रसंग में क्षेमेन्द्र की एक मौलिकता दर्शनीय है। वाल्मीकि रामायण प्रभृति प्रायः सभी रामकथा साहित्य में शबरी एक वृद्धा तपस्विनी के रूप में चित्रित है, किन्तु रामायणमञ्जरी में चित्रित शबरी रूप लावण्ययुक्त तपस्विनी है–

स श्री सुतोपदिष्टेन वर्त्मना शनकैर्व्रजन्।
ददर्श सिद्धशबरीं मूर्तामिव तपःश्रियम्।।
स्फाटिकेनाक्षसूत्रेण विभूषितकुचस्थलाम्।
मुखेन्दुश्रुतलावण्यबिन्दुमालाङ्कितामिव ।।

ललाटफलकालीनपुण्यभस्मात्रिपुण्ड्रकाम् ।
शुभ्रां धवलसंपुक्तचन्द्रामिव विभावरीम् ।।
तां वल्कलवर्ती दिव्यप्रभापटलपल्लवाम् ।
कल्पवल्लीमिवालोक्य क्लमं तत्याज राघवम् ।।[328]

इस प्रकार रामायणमञ्जरी के रूप लावण्ययुक्त तपस्विनी शबरी का चित्रण अन्यन्न कहीं नहीं मिलता है।

युद्धकाण्ड के अन्तर्गत सेतुबंध के प्रसंग में समुद्र और दशरथ की मित्रता का उल्लेख भी कवि एक अन्य मौलिकता से ही परिचय कराता है। इस संदर्भ में समुद्र राम से कहता है–

ततो जलनिधिः प्रीत्या काकुत्स्थमवदत्पुनः ।
राजा दशरथो नाम ममाभूद्दयितः सुहृत् ।।
पुरा देवासुरे युद्धे स चाहं च समागतौ ।
एकीभावमिवापन्नो सुरसाहाय्यकर्मणि ।।
स निर्जितामररिपुर्वरं लेभे सुरेश्वरात् ।
कुलचूडामणेर्यस्य त्वज्जन्म प्रथमं फलम् ।।
अयोध्यायां गृहे तस्य मासमध्युषितः सुखम् ।
सौहार्दप्रीतिसर्वसवैरुपचारैरकृत्रिमैः ।।
सोऽहं तव पिमुर्मित्रं तत्स्नेहे निष्प्रतिक्रियः ।
मन्ये कृतघ्नमात्मानं स्पृष्टं पापशतैरपि ।।[329]

इस प्रकार रामायणमञ्जरी के उपर्युक्त दोनों वर्णन अन्य किसी रामकथा में नहीं मिलते। किन्तु इसके अतिरिक्त दो प्रसंग ऐसे हैं जो वाल्मीकि रामायण में नहीं मिलते हैं। यथा रामायणमञ्जरी में कवि ने मंथरा द्वारा कैकेयी के भड़काये जाने के कारण का उल्लेख किया है। इसके अनुसार राम के राज्याभिषेक का समाचार पाते ही मंथरा बज्राहम सी पीड़ित हो उठी, क्योंकि बचपन में राम के द्वारा उसके ऊपर पादप्रहार का उसे स्मरण हो जाता है–

शैशवे किल रामेण पुरा प्रणयकोपत्क ।
चरणेनाहता तत्र चिरं कोपमुवाह सा ।।[330]

इसी कारण से वह कुटिलाचरिणी मंथरा विष से भरी नागिंन के समान अत्यंत कुपित हो कैकेयी के मंदिर में पहुँचकर उसे राम के विरुद्ध भड़काती है। इसके अतिरिक्त केवल अग्निपुराण में राम द्वारा मंथरा का उत्पीड़न ही कैकेयी के भड़काने तथा राम के वनवास का कारण बताया गया है।[331]

इसी प्रकार युद्धकाण्ड के प्रारम्भ में **विभीषणमातृवाक्यम्** का प्रसंग वर्णित है, जिसके अनुसार विभीषण की वृद्धा मां विभीषण से अनुरोध करती है कि वह जाकर रावण को समझाये कि सीता को वापस कर दे, वरना रावण सहित लंका का शीघ्र ही विनाश हो जाएगा।[332] **भट्टिकाव्य** के अतिरिक्त अन्य किसी रामकथा ग्रंथ में यह प्रसंग नहीं वर्णित है। इसके अनुसार भी विभीषण की माँ उससे अनुरोध करती है कि वह जाकर भाई रावण को समझावे।[333]

यद्यपि उपर्युक्त दोनों प्रसंग अन्य स्थलों पर वर्णित होने के कारण सर्वथा मौलिक नहीं कहे जा सकते। किन्तु जिस रामायणमञ्जरी की सम्पूर्ण **वाल्मीकि रामायण** पर आधारित हो उसमें वर्णित उक्त दोनों प्रसंग **वाल्मीकि रामायण** में सुलभ न होने के कारण उन्हें क्षेमेन्द्र की मौलिकता के रूप में माना जा सकता है।

उपर्युक्त मौलिकताओं के अतिरिक्त रामायणमञ्जरी में कवि द्वारा किए गए कुछ नामों में परिवर्तन भी दृष्टिगोचर होते हैं जो क्षेमेन्द्र की मौलिकता का ही स्पष्ट परिचय प्रस्तुत करते हैं। यथा–अयोध्याकाण्ड के अंतर्गत पुत्र के रूप में 'यज्ञदत्त' का उल्लेख,[334] अरण्यपर्व में पंचाप्सर वर्णन के प्रसंग में 'दमकर्णि' ऋषि का उल्लेख[335], रावण की माँ के रूप में पुष्पोत्काटा का उल्लेख तथा उत्तरकाण्ड के अंतगर्त 'देववती'[336] नामोल्लेख आदि। प्रायः रामकथाओं में अंधमुनि पुत्र अथवा कुमार का उल्लेख मिलता है, किन्तु रामायणमञ्जरी में उसका नाम 'यज्ञदत्त' ही वर्णित है। पंचाप्सर के प्रसंग में प्रायः माण्डकर्णि का उल्लेख मिलता है किन्तु रामायणमञ्जरी में 'दमकर्णि' ही वर्णित है। रावण की माँ का नाम सर्वत्र केकसी ही उल्लिखित है, किन्तु रामायणमञ्जरी में पुष्पोत्कटा वर्णित है। इसी प्रकार जहाँ सभी रामकथाओं में उत्तरकाण्ड के अन्तर्गत 'वेदवत्ती' प्रसंग मिलता है वहीं रामायणमञ्जरी में नाम परिवर्तन के साथ 'देववती' प्रसंग वर्णित है।

संदर्भ

1. अधिकारः फलस्वाम्यमधिकारी च तत्प्रभुः।
   तन्निर्वृत्तमभिव्यापि वृत्तं स्यादाधिकारिकम्।। दशरूपक–1/12
2. सानुबन्धं पताकाख्यं प्रकरी च प्रदेशभाक्। दशरूपक–1/13
3. दशरूपक 1/13–913
4. चिरमस्त्रिन्निरालम्बा कानने भस्मशायिनी।
   अदृश्या प्राप्स्यसि शुचं रामसंदर्शनावधि।।–रामा. मं., वा. कां. श्लो. 307
5. रामा. मं. अयो. कां. श्लोक–913
6. रामा. मं., अ. प., श्लोक–1050, 51
7. रामा. मं., अ. प., श्लोक–1091-1098

8. रामा. मं., कि. कि. कां., श्लोक–416
9. रामा. मं., कि. कि. कां., श्लोक–440
10. रामा. मं., बा. कां., श्लोक (46-80)
11. वाल्मी. रा. 1/15 (16, 17)
12. वाल्मी. रा. 1/18 (8, 11)
13. वाल्मी. रा. 1/18 (20, 22)
14. वाल्मी. रा. 1/18 (11, 14)
15. रामा. म., बा. कां., सुन्दर कां., उ. का. (1)
16. रामा. म., बा. कां. (6-10)
17. रामा. मं. बा.का. (622-623)
18. रामा. म., महापुरषस्तवः (111-120)
19. रामा. म., बा. कां. (69)
20. रामा. म., उ. कां. (1260)
21. वाल्मी. रा. 1/18 (28, 29, 32)
22. रामा. म., बा. कां. (78)
23. अध्या. रा. 1/3 (45)
24. अध्या. रा. 1/2 (6, 7)
25. वही (29, 30)
26. अध्या. रा. 1/4 (14, 18)
27. अध्या. रा. 2/2 (26) एवं 7/9 (57)
28. अध्या. रा. 2/1 (13)
29. अध्या. रा. 1/7 (27), 1/3(5), 1/3(3)
30. अध्या. रा. 1/3 (14-19, 35)
31. अध्या. रा. 1/3 (46, 59)
32. वही, (37-41)
33. वही, (42)
34. रामोपाख्यान (3-260)
    तदर्थमवतीर्णोऽसौ सन्नियोगाच्चतुर्भुजः।
    विष्णुः प्रहरतां श्रेष्ठः स कर्मैतत्करिष्यामि।।
35. हरिवंश पु. (1, 41, 122)–'कृत्वात्मानं महाबाहुश्चतुर्धा प्रभुरीश्वरः।'
36. हरिवंश पु. (1 अ. 41), भागवत (9 अ. 9)
37. स्कन्द पु. नागरखण्ड (अ. 96-98)
38. स्कन्द पु. प्रभासखण्ड (अ. 117)
39. स्कन्द-माहेश्वरखण्ड (अ. 8, 95)
40. थाराह पु. (अ. 45)

41. ब्रह्म पु. (अ. 123)
42. ब्रह्म पु. (अ. 213, 129)
43. विष्णुधर्मोतर पु. (अ. 212)
44. नारद पु. (उ. खं., 75)
45. नृसिंह पु. (अ. 47)
46. लिंग पु. (2, 5, 147-148)
47. रघुवंश (10, 4)
    ऋष्यशृंङ्गादयस्तस्य सन्तः सन्तानकांक्षिजः।
    आरंभिरे जितात्माः पुत्रीयांमिष्टिमृत्विशः।।
48. रघुवंश (10, 60-64)
49. रामा. मां, बा. कां (503-567)
50. महाभारत-रामोपाख्यान (3, 261)
51. वाल्मी. रा., वा. कां (सर्ग 66-77)
52. महावीरचरित-अंक 1
53. अनर्वरावण-अंक 3
54. रामा. मं, वा. कां. (484)
55. वाल्मी. रा., 1।75 (21)
56. वाल्मी. रा., 1।66 (8, 12, 13)
57. वाल्मी. रा., 2।118 (39)
58. रामा. मं, बा. कां (602)
59. बालरामायण (4, 45)
60. अध्या. रा. 1।6 (69)
61. वाल्मी. रा. 1।75 (12)
62. रामा. मं, बा. कां (482)
63. रामा. मं, बा. कां (491-495)
64. वाल्मी. रा., 1।66 (15-26)
65. नृसिंह पु. (अ. 47)
66. भागवत पु. (9, 10)
67. अध्या. रा. 1।6 (24)
68. महावीरचरित (अंक 1)
69. अनर्घराघव (अंक 3)
70. रामा. मं, बा. कां (551)
71. वाल्मी. रा., 1।73 (25-32)
72. अध्या. रा., 1।6 (50-56)
73. भट्टिकाव्य (2, 43)
74. रामोपाख्यान (3, 261)

75. वह्नि पुराण (पृ. 183)
76. रामा. मं, बा. कां. (568-626)
77. वाल्मी. रा., वा. कां, सर्ग 75
78. नृसिंह पु., अ. 47 (146)
79. अध्या. रा., 1।7(12)
80. महावीरचरित, अंक 2 (12-17)
81. अनर्घराघव (4, 32)
82. बाल रामायण, अंक, 4
83. अध्या. रा., 1।7 (26-50)
84. वाल्मी. रा., 1।76 (17-22)
85. रामा. मं, बा. कां (622-624)
86. रामा. मं, बा. कां (625)
87. वाल्मी. रा. 1।76 (24)
88. आध्या. रा., 1।7 (50)
89. महावीरचरित (2, 32 एवं 3, 16)
90. बालरामायण, अंक 4(75)
91. महावीरचरित (3, 48)
92. अनर्घराघव (4, 56)
93. नृसिंह पु., अध्या. 47 (148, 149)
94. अध्या. रा., 1।7 (20-30)
95. रामा. मं., बा. कां. (635)
96. प्रतिमानाटक–अंक 3(5)
97. वाल्मी. रा. 2।39(4)
98. वाल्मी. रा. 2।63(11)
99. वाल्मी. रा. 2।53(17)
100. वाल्मी. रा. 2।29(19)
101. वाल्मी. रा. 2।29(8)
102. अध्या. रा. 2।1(1-41)
103. अध्या. रा. 2।4(75, 76)
104. अध्या. रा. 2।4(77, 78)
105. रामा. मं., अयो. कां. (696-699, 724, 725)
106. अध्या. रा. 2।9(15-17)
107. अध्या. रा. 2।2(66-70)
108. ब्रह्म. पु.–अध्याय–123
109. रामोपाख्यान (3, 261, 21)

110. ब्रह्म पु., अध्याय-123
111. रामा. मं. अयो. कां. (733, 754-757)
112. रामा. मं. अ. प. (34-38, 46)
113. रामा. मं., अ. प. (202)
114. रामा. मं., अयो. कां. (703)
कैकेय्या ब्राह्मणः पूर्व मूर्खो बाल्ये विडम्बिताः।
तच्छापादभवत्तस्या मतिः कीर्तिपराङ्मुखी।।
115. रामा. मं, अयो. कां (854)
116. रामा. मं. अ. प. (112)
117. वाल्मी. रा., 2।53 (1, 7)
118. वाल्मी. रा., 2।53 (4, 6, 32)
119. वाल्मी. रा. 2।62 (31)
120. वाल्मी. रा. 2।107 (3)
121. अध्या. रा., 2।1 (1-41)
122. अध्या. रा., 2।2(44, 45)
123. जानकीहरण (1, 42)
124. प्रतिमानाटक–अंक 6
125. बालरामायण–अंक-6
126. रामा., मं, अयो. कां. (667)
127. रामा. मं, अयो. कां (666-672)
128. अग्नि पु., अध्या-5(8)
129. रामा. मं., अयो. कां. (898-912)
130. वाल्मी. रा., सर्ग (50-56)।
131. अध्या. रा.–2।5(60-73) एवं 2।7।
132. अध्या. रा., 1।6(1-5)
133. अध्या. रा., 6।16(18-21)
134. रामा. मं., अ. प. (79, 80, 81)
135. रामा. मं., अ. प. (213, 14)
बदरेंगुदिपिण्याकं तत्र दर्भेषु राघवः।
निक्षिप्योवाच निःश्चस्य ध्याञ्जलभृताञ्जलिः।।
136. वाल्मी. रा., 2।77 (1-4, 22)
137. वाल्मी. रा. 2।103 (29)
138. अध्या. रा. 2।7(110-112)
139. अध्या. रा. 2।9 (18)
140. स्कंद पु. (अध्याय-111)
141. गरुण पु. (अध्याय-143)

142. प्रतिमानाटक, (अंक 5)
143. रामा. मं., अ. प. (325-327)
144. वाल्मी. रा., 2 ।117 (203)
145. रामोपाख्यान (3, 261, 29)
146. अध्या. रा., 2 ।9 (77, 78)
147. रामा. मं, अ. प. (615-653)
148. वाल्मी. रा., अ. कां (सर्ग–33, 34, 35)
149. महावीरचरित (अंक 1)
150. अनर्घराघव (अंक 3)
151. महानाटक (1, 21-22)
152. अध्या. रा. 3 ।5 (46-54)
153. अध्या. रा. 3 ।5 (58-61)
154. अध्या. रा. 3 ।7 (31-36)
155. वाल्मी. रा. 3 ।45 (32)
156. भट्टिकाव्य (5, 60)
157. रामा. मं, अ. प. (655-863)
158. वाल्मी. रा., अ. कां, (सर्ग 42-52)
159. वाल्मी. रा., 3 ।43 (51)
160. महानाटक (3, 27)
161. प्रतिमानाटक (अंक 5)
162. नृसिंह पुराण (अध्याय 49)
163. महानाटक (3, 69-72)
164. आश्चर्यचूड़ामणि (अंक 1)
165. रामा. मं., अ. प. (850-853, 900-902)
166. वाल्मी. रा. 3 ।48 (16, 17)
167. नृसिंह पुराण–अध्याय–49
168. आश्चर्यचूड़ामणि (अंक 1)
169. अध्या. रा., 3 ।7 (51)
170. कूमपुराण, उत्तरविभाग (अध्याय 34)
171. बालरामायण (अंक 5)
172. बालरामायण (अंक 7)
173. वाल्मी. रा. 6 ।31 (42-45), 6 ।31 (4, 5, 6)
174. अध्या. रा., 3 ।7 (2, 3, 4)
175. अध्या. रा., 6 ।13 (19, 20)
176. महाभागवत पु., अध्याय–11 (108)
177. रामा. मं., यु. कां. (1056-1059)

178. रामा. मं., अ. प. (945-58)
179. रामा. मं., अ. प. (1045-1066)
180. वाल्मी. रा. आ. कां. (सर्ग 68, 69)
181. रामोपाख्यान (3, 263)
182. भट्टिकाव्य-सर्ग 5
183. बालरामायण (6, 56)
184. रामा. मं., अ. प. (1064-1066)
185. वाल्मी. रा., 3 ।38 (30)
186. अध्या. रा., 3 ।8 (37-41)
187. रामोपाख्यान 3 ।263 (1)
188. वाल्मी. रा.–3 ।14 (3-4), 3 ।68(27), 4 ।56 (23), 4 ।57(9)
189. रामा. मं, अ. प. (1067-1099)
190. वाल्मी. रा. अ. कां. (सर्ग 69-73)
191. रामोपाख्यान–3 ।263 (25-43)
192. अध्या. रा. (10-56), 3 ।10 (1, 3)
193. रामा. मं, अ., प. (1101-1118)
194. वाल्मी. रा. 3 ।74 (10)
     शशंस शबरी वृद्धा रामाय प्रत्यवस्थिता ।
195. रामा. मं, अ. प. (1102-1108)
196. भट्टिकाव्य-सर्ग 6 (59-71)
197. अध्या. रा. 3 ।10 (5-44)
198. रामा. मं, कि. कि. प. (1-25)
199. वाल्मी. रा. कि. कि. कां (सर्ग 2-4)
200. अध्या. रा. 4 ।1 (11-16), (27-28)
201. रामा. मं, कि. कि. प. (27-91)
202. वाल्मी. रा., 4 ।9 (4, 5)
203. वाल्मी. रा., 4 ।11
204. वाल्मी. रा., 7 ।92 (12, 13)
205. अध्या. रा., 4 ।1 (47)
206. अध्या. रा. 4 ।1 (41-67),
207. रामा. मं. कि. कि. कां (125)
208. महानाटक (5, 51)
209. रामा. मं. कि. कि. प. (84-91)
210. वाल्मी. रा., 4 ।11 (84-85), 4 ।12 (3)
211. अध्या. रा., 4 ।1 (61-67), 4 ।1 (73-75)
212. नृसिंह पु. (अध्याय-50)

213. भट्टिकाव्य, सर्ग 6 (16)
214. महावीरचरित (7, 16)
215. अनर्घराघव (अंक 5)
216. नृसिंह पु. (50, 22)
217. महानाटक (5, 44)
218. रामा. मं, कि. कि. कां. (92-163)
219. वाल्मी. रा., 4 ।12 (13-20), 4 ।16 (15-25)
220. अध्या. रा., 4 ।2 (5-8), 4 ।2 (42, 43)
221. महावीरचरित, अंक (5)
222. अनर्घराघव, अंक-5
223. महानाटक, अंक-5
224. जानकीहरण, अंक-6
225. अध्या. रा. 4 ।3 (64-71)
226. रामा. मं, कि. कि. कां. (1-564)
227. रामा. मं, कि. कि. कां. (245)
228. वाल्मी. रा., 4 ।44 (12)
229. अध्या. रा. 4 ।6 (28, 29)
230. रामचरित, सर्ग-8
231. रामा. मं, कि. कि. कां. (247-294)
232. वाल्मी. रा., 4 ।45-48
233. रामा. मं, कि. कि. कां. (329-331)
234. भट्टिकाव्य (7, 71)
235. रामा मं, सु. कां. (5)
236. वाल्मी. रा., 5 ।2 (49)
237. अध्या रा., 5 ।1 (43)
238. वाल्मी. रा., 5 ।3 (20)
239. महानाटक, अंक-6
240. वाल्मी. रा., 5 ।3 (20-51)
241. अध्या. रा., 5 ।1 (43-58)
242. रामा. मं, सु. कां (122-266)
243. रामा. मं, सु. कां (187-191)
244. वाल्मी. रा., 5 ।18 (5)
245. अध्या. रा., 5 ।2 (15-19)
246. रामा. मं, सु. कां (263, 234)
247. वाल्मी. रा., 5 ।22 (39, 40)
248. अध्या. रा., 5 ।2 (38, 39)

249. रामा. मं, सु. कां (227), वाल्मी. री. 7/21 (3), अध्या. रा. 5/2 (31)
250. रामा. मं, सु. कां (267-381)
251. वही (241-297)
252. रामा. मं, सु. कां (491-511)
253. वाल्मी. रा., 5 ।27 (4-54)
254. रामा. मं, सु. कां (281), यु. कां (508)
255. वाल्मी. रा., 5 ।27 (4), 6 ।48 (28)
256. रामा. मं, यु. कां (508)
257. रामोपाख्यान–3 ।264 (4)
258. रामा. मं., सु. कां (340)
259. रामा. मं, यु. कां (354-360)
260. वाल्मी. रा., 5 ।37 (11, 12, 13)
261. वाल्मी. रा., 6 ।33
262. रामोपाख्यान–3 ।275 (39)
263. रामोपाख्यान–3 ।268 (58)
264. रघुवंश (12, 74)
265. सेतुबंध (सर्ग 11)
266. वाल्मी. रा., 7 ।33, 34
267. बालरामायण (अंक 8)
268. वही (अंक 10)
269. रामा. मं, यु. कां. 492
270. वाल्मी. रा., 5 ।28 (17, 18, 19) एवं सर्ग (29)
271. अध्या. रा., 5 ।3 (1, 2, 3)
272. आश्चर्यचूड़ामणि (अंक 5)
273. रामा. मं., सु. कां. (370, 71, 72, 73, 74)
274. महाभारत (3, 266, 66-67)
275. वाल्मी. रा., 5 ।40 (5)
276. अध्या. रा., 5 ।3 (52-60)
277. रामा. मं., यु. कां. (1-204)
278. भट्टिकाव्य–सर्ग 12 (1)
279. अध्या. रा. 6 ।2 (13-18)
280. महावीरचरित (5, 30)
281. अध्या. रा. 6 ।2(27-45)
282. अध्या. रा., 6 ।3 (43-44)
283. रामा., मं, यु. कां (205-279)

284. अभिषेकनाटक (अंक 4)
285. भट्टिकाव्य (सर्ग 15)
286. रामोपाख्यान--3 ।267 (32)
287. स्कंद पु. (अध्या. 2)
288. महानाटक (अंक 7)
289. सेतुबंध (7, 8)
290. बालरामायण (8, 52)
291. बालरामायण (7, 71-85)
292. अध्या. रा., 6 ।4 (1-4)
293. अध्या. रा., 6 ।14 (6)
294. स्कंद पु., ब्राह्मखण्ड, सेतु माहात्म्य (अध्याय 7 और 44-47)
295. रामा. मं., यु. कां. (337-365)
296. वाल्मी. रा. 6 ।31-64
297. रघुवंश (12, 74)
298. सेतुबंध (सर्ग 11)
299. महानाटक (अंक 10)
300. अभिषेक नाटक (अंक 5)
301. महानाटक (अंक 10)
302. रामा मं, यु. कां (1160-1298)
304. अध्या. रा., 6 ।6
305. महानाटक (अंक 13)
306. अध्या. रा., 6 ।11 (53)
307. महानाटक (14, 26)
308. महाभारत (3, 274, 8)
309. महाभारत (3, 274, 31)
310. रामा. मं., स्फुट खण्ड (1-193)
311. रामोपाख्यान (अध्या. रा. 75)
312. रामा. मं., उ. कां. (750-8011, 961, 962, 963)
313. वाल्मी. रा. (7 ।42-52)
314. रघुवंश (14 ।31, 32)
315. उत्तररामचरित (अंक 1)
316. अध्या. रा., 7 ।4 (47, 48)
317. अध्या. रा., 7 ।4 (32, 44)
318. रामा. मं., उ. कां. (1098-1216)
319. रामा. मं., उ. का. (1169), वाल्मी. री. 7191 (24), अध्या. रा. 716 (34), रघुवंश (14, 87)।

320. अग्निपुराण (10, 33)
321. स्कन्दपुराण–सेतु माहात्म्य (अध्याय 24, 44)
322. उत्तररामचिरत अंक (अंक 5, 6)
323. उत्तररामचरित (अंक 6)
324. रघवंश–सर्ग 16
325. रघुवंश–सर्ग (85, 86, 87)
326. कथानक व्यवस्था सम्बन्धी मौलिकता के लिए सविस्तार द्रष्टव्य–शोध प्रबन्ध, अध्याय 3, पृ. सं. (78-81)
327. रामा. मं., अ. प. (1102-1105)
328. रामा. मं., यु. कां. (244-248)
329. रामा. मं., आयो. कां. (667)
330. अग्निपुराण, अध्याय 5 (8)
331. रामा. मं., यु. कां. 1-18
332. भट्टिकाव्य, सर्ग 12 (1)
333. रामा. मं., अयो. का. (935-974)
334. रामा. मं., अ. प. (434-441)
335. रामा. मं., उ. कां. (125)
336. रामा. मं., उ. कां. (306-32)

4

पात्र समीक्षा

रामायणमञ्जरी का नायक

मुनिश्रेष्ठ नारदजी से रामकथा के श्रवण, क्रौंच पक्षी के करुण शोक तथा ब्रह्मा की प्रेरणा से महर्षि वाल्मीकि ने जिस लोकप्रिय, सर्वजन हिताय, सर्वजन सुखाय, स्वतः स्फूर्त काव्य की सर्जना की, वह न केवल आदि काव्य के रूप में ही प्रतिष्ठित हुआ अपितु परवर्ती साहित्य जगत के शास्त्रीय पक्ष के लिए भी मील का पत्थर बन गया। महर्षि के इसी काव्य के आधार पर साहित्य में सर्वप्रथम महाकाव्य के लक्षणों का परिज्ञान हुआ। किंवा, वाल्मीकि द्वारा चित्रित रामचरित का विश्लेषण करके ही साहित्य जगत में नायक तथा उसके सात्त्विक गुणों की कल्पना का भी प्रथम प्रबोध हुआ। इस प्रकार वाल्मीकि रामायण जहाँ एक तरफ महाकाव्य की कल्पना का उद्भव स्थान है, वहीं दूसरी तरफ नायक के गुणों का स्वरूप जानने की कुञ्जी भी है। भरत मुनि ने संभवतः इसी आधार पर नाट्यशास्त्र में श्रेष्ठ नायक के आठ सात्त्विक गुणों का भी विश्लेषण किया है। अब चूंकि रामायणमञ्जरी एक उपजीवी काव्य है जिसके नायक (राम) आदिकाव्य के ही नायक हैं। अतः उनमें भी श्रेष्ठ नायक के सभी गुणों का पूर्ण सामञ्जस्य है, जिसका विवरण प्रस्तुत किया जा रहा है।

नायक के लक्षण—साहित्यदर्पणकार आचार्य विश्वनाथ के अनुसार त्यागी (दान-शील, दाता) कृती (वीर, कृतकार्य अथवा विद्वान्, पुण्यात्मा), कुलीन (सत्कुलोत्पन्न), लक्ष्मीवान् अथवा शोभा सम्पन्न, रूप यौवन और उत्साह से युक्त, दक्ष (क्षिप्रकारी) जिसमें प्रजाएँ अनुरक्त हों (Popular), तेजस्वी, चतुर और शीलवान् (इन गुणों से युक्त) नेता या नायक होता है।[1]

नायक के सात्विक गुण—आचार्य धनञ्जय ने नायक के सात्विक गुणों का वर्णन करते हुए कहा है कि—शोभा, विलास, मधुरता, गम्भीरता, स्थिरता, तेजस्विता, लालित्य और उदारता—ये आठ पुरुषों (नायकों) के गुण हैं।[2]

रामायणमञ्जरी के नायक राम में उपर्युक्त लक्षणों एवं सात्विक गुणों का पूर्ण सामञ्जस्य है। इसका सोदाहरण स्पष्टीकरण उनके चरित्र-चित्रण में दर्शनीय है।

राम का चरित्र-चित्रण

राम के उज्ज्वल चरित्र की आभा से रामायणमञ्जरी का स्थल-स्थल चमत्कृत दिखाई पड़ता है। उनके चरित्र में निहित सद्गुणों की ही छटा सर्वत्र दर्शनीय है। राम सद्गुणों के समुद्र हैं। मातृ-भक्ति, पितृ-भक्ति, गुरु-भक्ति, भ्रातृ-भक्ति, सखा-स्नेह एक-पत्नीव्रत, प्रजारञ्जकता, शरणागत वत्सलता, धर्मपरायणता, मर्यादा-संरक्षण, साधु-संरक्षण दुष्ट-दलन, प्रतिज्ञापालन, सत्य-सौहार्द, दया, क्षमा, मृदुता, धीरता, वीरता, गम्भीरता पराक्रम, विनय, शान्ति आदि अनेकानेक सद्गुणों का समावेश राम के चरित्र में विद्यमान है। संसार में एक साथ इतने महान गुण एक व्यक्ति में कहीं नहीं पाये जाते। केवल राम ही एक मात्र ऐसे आश्रय स्थान हैं जिनके चरित्र में उपर्युक्त सभी गुणों का मंजुल समन्वय देखा जा सकता है। सम्प्रति रामायणमञ्जरी के विभिन्न उद्धरणों से उपर्युक्त गुणों के आलोक में राम का चरित्रांकन किया जा रहा है।

मातृ भक्ति--राम की मातृ भक्ति विलक्षण है। जन्मदात्री माँ कौशल्या को तो उन्होंने स्वर्ग से भी बढ़कर स्थान दिया है, साथ-ही-साथ अन्य माताओं (कैकेयी एवं सुमित्रा) के प्रति भी उनका वही भाव एवं स्नेह देखने को मिलता है। पुत्र अपनी माँ से एक पल भी दूर नहीं रहना चाहता, किन्तु किन्हीं परिस्थितियोंवश यदि उसे अलग होना पड़ा तो तज्जन्य वियोग-दुःख अत्यंत असह्य होता है। ठीक ऐसी ही स्थिति वन गमन के समय राम के समक्ष उपस्थित हो जाती है। राम माँ कौशल्या के पास पहुँचकर उनके चरणों में गिरकर विलाप करने लगते हैं।[3] यद्यपि राम को वनवास का अधिक कष्ट नहीं है परन्तु इस स्थल पर माँ के चरणों में गिरकर राम का विलाप करना केवल स्नेहासिक माता कौशल्या से विक्षोह का ही परिणाम है। राम का वनगमन तथा कौशल्या से विक्षोह तो निश्चित ही है तथापि माँ के वियोग दुःख को विस्मृत कराने तथा उनकी सेवा-सुश्रूषा हेतु सीता को यहीं (अयोध्या में) रहने के लिए कहते हैं।[4] राम की मातृ-भक्ति का तो यह अनुपम उदाहरण है। इस स्थल पर स्पष्ट रूप से देखा जा सकता है कि राम अपनी माँ के सुख-दुःख एवं सेवा-सुश्रूष के विषय में कितने अधिक चिन्तित हैं, अंत में माता कौशल्या को संतोष देते हुए राम कहते हैं--वात्सल्य स्नेह में विह्वल हे माता व्यर्थ में दुःखी मत हो। वनवास की अवधि समाप्त होने पर मैं पुनः तुम्हारा दर्शन करूँगा।[5]

लक्ष्मण तथा शत्रुघ्न से अधिक राम को प्यार करने वाली सुमित्रा के प्रति राम की असीम भक्ति होना स्वाभाविक है। जिसने अपने पुत्र लक्ष्मण को राम एवं सीता के रक्षार्थ वन जाने में जरा भी संकोच नहीं किया, अपितु स्वयं तथा पुत्र को धन्य

माना उस ममतामयी माँ के प्रति राम की भक्ति एवं स्नेह के विषय में कहना ही क्या।

माता कौशल्या तथा सुमित्रा के प्रति राम की भक्ति होना स्वाभाविक ही है किन्तु सर्वजननिन्द्य माता कैकेयी जिसके कारण उन्हें वनवास दुःख, पिता की मृत्यु तथा जन्मदात्री कौशल्या से विक्षोह प्राप्त हुआ उसके प्रति भी राम के मन में असीम स्नेह एवं भक्ति ही देखने को मिलती है। माँ कैकेयी के मुँह से अपने वनवास को सुनकर तथा तज्जन्य पिता की दुरवस्था को देखते हुए भी राम के मन में कैकेयी के प्रति किसी प्रकार का विकार नहीं उत्पन्न होता, अपितु हर्ष गद्गद वाणी में ही वे उनका उत्तर देते हैं।[6] किंवा, कैकेयी के इस कुकृत्य की प्रायः सभी ने निन्दा की। यहाँ तक कि स्वयं उसके पुत्र भरत ने भी कई अपमानित शब्दों द्वारा उसको धिक्कारा है।[7] किन्तु राम ने किसी भी स्थल पर न तो उन्हें दोषी ठहराया और न ही उनकी निन्दा की, अपितु सभी स्थलों पर उनकी प्रशंसा करते हुए दोषमार्जन का ही प्रयास किया है। यह कैकेयी के प्रति उनकी भक्ति एवं स्नेह का ही परिचय है।

पितृ-भक्ति—महाराज दशरथ के प्राणप्रिय राम की पितृ-भक्ति भी अनूठी है। पिता की स्पष्ट आज्ञा की बात ही क्या, उनका संकेत मात्र पाकर राम ने प्रसन्नता पूर्वक 14 वर्ष की अवधि के लिए अयोध्या का परित्याग कर वनवास स्वीकार किया। दशरथ ने वनवास के लिए स्पष्ट शब्दों में आज्ञा नहीं दी थी, अपितु माता कैकेयी के द्वारा ही पिता की मौन सम्मति का पता लग गया था, उसी को राम ने सहर्ष अङ्गीकृत किया। भारी-से-भारी विपत्ति को सम्पत्ति मानकर शिरोधार्य कर लिया। कैकेयी के द्वारा पिता दुःख का कारण तथा अपने वनवास को जानकर राम हर्ष पूर्वक कहते हैं कि पिता के शासन को निःसंकोच शिरोधार्य करके मैं वन जाने के लिए तैयार हूँ, किन्तु एक बात मेरे हृदय को विदीर्ण कर रही है कि पिताजी मेरे वियोग कष्ट के कारण कुछ बोल नहीं रहे हैं।[8] यह राम की अनुपम पितृ-भक्ति का ही उदाहरण है कि कैकेयी के द्वारा ही पिता की आज्ञा का संकेत पाकर वनगम के लिए तैयार हो जाते हैं, साथ ही दशरथ के कष्ट का संकेत भी इस स्थल पर राम की पितृ-भक्ति ही प्रस्तुत करता है।

इसी प्रकार राम के भावी वियोग दुःख से दुःखी माता कौशल्या जब वात्सल्यासिक्त होकर राम को पिता की आज्ञा का उल्लङ्घन कर वन न जाने के लिए कहती हैं तो राम धर्म एवं कर्तव्य का आश्रय लेकर उनको समझाते हुए कहते हैं—महान कुल में उत्पन्न मेरे लिए पिता की आज्ञा कठिन-से-कठिन परिस्थितियों में भी शिरोधार्य है। हे माँ! आपको इसके लिए कष्ट का अनुभव नहीं करना चाहिए। वनवास की अवधि पूर्ण करके मैं पुनः तुम्हारे दर्शन करूँगा।[9] इस स्थल पर कौशल्या वात्सल्यासिक्त

होकर राम को पिता की आज्ञा का उल्लङ्घन करने के लिए भी कह देती हैं, परन्तु धर्मधुरीण, पितृ-भक्त राम पिता की आज्ञा को सर्वोपरि सिद्ध करते हुए उन्हें सान्त्वना देते हैं। यह उनकी अनुपम पितृ-भक्ति ही है वरना, माता की आज्ञा को ही सर्वोपरि मानकर राम यदि वन को न जाते तो भी किसी मर्यादा का विशेष अतिक्रमण न होता। क्योंकि शास्त्रों में माँ का स्थान पिता से भी श्रेष्ठ कहा गया है। परन्तु राम ऐसा न करके अपनी अनुपम पितृ-भक्ति का परिचय देते हुए (माता, पिता) दोनों के प्रति धर्म, कर्तव्य एवं आज्ञा पालन का सुन्दर एवं समन्वित रूप प्रस्तुत करते हैं।

इसी प्रकार क्रोधावेश में लक्ष्मण जब पिता के लिए अपमानजनक शब्दों का प्रयोग करते हुए कहते हैं कि स्त्री के वशीभूत पिताजी ने बिना विचारे ही भरत को यदि राज्य प्रदान कर दिया है तो आज मेरा धनुष सम्पूर्ण कल्प का अंत कर देगा। ऐसी परिस्थिति में राम ने लक्ष्मण को धर्म कर्तव्य एवं श्रेष्ठ की आज्ञा पालन का महत्त्व समझाते हुए उनके मन को शीतल किया।[10] यह राम की पितृ-भक्ति ही है कि लक्ष्मण के मन में निर्दोष पिता के प्रति उत्पन्न कालुष्य को पल भर में ही भस्म करके उन्हें शीतल बना दिया।

अरण्य पर्व के अन्तर्गत भरत जब राम से अयोध्या वापस चलकर राज्य स्वीकार करने के लिए निवेदन करते हैं तो उस समय राम उन्हें विस्तृत उपदेश देते हुए कहते हैं कि जिस प्रकार पिता की आज्ञा से मैं वन में निवास कर रहा हूँ उसी प्रकार तुम भी उनकी आज्ञा का पालन करते हुए अयोध्या का राज्य संचालन कर उनके सत्य की रक्षा करो। राम द्वारा भरत को दिए गए विस्तृत उपदेश के उक्त प्रसंग में सर्वदा उनकी पितृ-भक्ति ही दिखाई पड़ती है।[11]

राम की पितृ-भक्ति की पराकाष्ठा उस समय दर्शनीय है जब उन्हें भरत से यह समाचार मिलता है कि पिताजी ने उनके वियोग शोक में प्राण त्याग दिए। यह सुनते ही वज्राहत राम पृथ्वी पर उसी प्रकार गिर पड़े जैसे जड़ कटा हुआ वृक्ष कषैले जल में गिर जाय। थोड़ी देर के लिए वे संज्ञा शून्य हो गये। पुनः कुछ चेतना प्राप्त होने पर विलाप करते हुए कहते हैं—हे पिताजी आप हमें छोड़कर कहाँ चले गये। मेरे कारण आपने शरीर त्याग दिया, मैं, आपको जलाञ्जलि भी न दे सका। हे लक्ष्मण! तुम्हारे पिताजी, हे वैदेही! तुम्हारे श्वसुर जी स्वर्ग सिधार गए, इत्यादि कथनों के द्वारा राम बार-बार विलाप करते रहे।[12]

गुरु-भक्ति—गुरु के प्रति कैसी आदर बुद्धि, कितना, उनकी सेवा में कैसी प्रसन्नता और उसके साथ बोल-चाल में कैसी विनम्रता होनी चाहिए इन सब आदर्शों का मंजुल समन्वय राम की गुरु भक्ति में दर्शनीय है। मुनि विश्वामित्र राम के शिक्षा

गुरु हैं। राम ने उनसे विविध विद्याओं की शिक्षा ग्रहण की है। इसीलिए विश्वामित्र के प्रति राम की असीम गुरु भक्ति देखने को मिलती है। ताटका वध के लिए गुरु से आदेश मांगते हुए राम कहते हैं–हे भगवन्! मैं पिता के द्वारा आदेश पालन हेतु नियुक्त किया गया हूँ, इसलिए आपके द्वारा आदेश किया हुआ कार्य मेरे द्वारा भली प्रकार से पूर्ण होना चाहिए।[13] प्रस्तुत प्रसङ्ग से ही राम की गुरु के प्रति आदर बुद्धि, विश्वास, विनम्रता एवं आज्ञा पालन स्वयमेव स्पष्ट हो जाता है।

विश्वामित्र के साथ वन में रहते हुए राम की गुरु भक्ति स्थल-स्थल पर दर्शनीय है। गुरु के आदेशों का सम्यक् निर्वाह करते हुए राम उनके विश्राम करने पर विश्राम करते, शयन करने पर शयन करते तथा चलने पर अनुगमन करते थे।[14] निष्ठापूर्वक गुरुभक्ति में संलग्न राम विश्वामित्र के साथ मिथिला पहुँचते हैं। वहाँ जनक यज्ञ में भी गुरु विश्वामित्र से आज्ञा प्राप्त करके ही धनुर्भङ्ग करते हैं।[15]

शिक्षा गुरु विश्वामित्र के प्रति राम की भक्ति तो अनुपम ही है साथ-ही-साथ कुलगुरु वशिष्ठ के प्रति भी उनका आदर-भाव, उनकी विनम्रता आज्ञाकारिता एवं असीम भक्ति रामायणमञ्जरी के विभिन्न संदर्भों से सूचित होती है। अरण्य पर्व के अन्तर्गत भरत के साथ आये हुए गुरु वशिष्ठ के प्रति आदर भाव राम के वचनों में दर्शनीय है।[16] रामा-भिषेक[17] तथा उत्तरकाण्ड के अनेक स्थलों में राम को गुरु वशिष्ठ के प्रति भक्ति दर्शनीय है।[18] इन स्थलों में राम की आज्ञाकारिता स्पष्ट दिखाई पड़ती है। गुरु वशिष्ठ से सभी कार्यों में परामर्श लेना राम का धर्म एवं कर्तव्य था।

भ्रातृ-स्नेह–राम का भ्रातृस्नेह भी अतुलनीय था। बचपन से ही राम अपने भाइयों से बहुत प्रेम करते थे। सदा उनकी रक्षा करते और उन्हें प्रसन्न रखने की चेष्टा करते थे। यद्यपि राम का सभी भाइयों के साथ समान भाव से पूर्ण प्रेम था, उनके मन में कोई भेद नहीं था, तथापि लक्ष्मण के प्रति उनका कुछ विशेष अनुराग ही दिखाई पड़ता है।[19] यही कारण है कि लक्ष्मण भी जन्म से लेकर स्वर्गारोहण तक एक पल के लिए भी राम से अलग नहीं रहना चाहते। राम के सुख में सुखी तथा दुःख में परम दुःखी अनुभव करना लक्ष्मण का जैसा धर्म, कर्तव्य एवं परम लक्ष्य था। राम के अतिरिक्त उनके मन में किसी आश्रय, सुख या शान्ति का कोई स्थान नहीं था। इसलिए राम को वे प्राणों से भी अधिक प्रिय थे। युद्ध काण्ड के अन्तर्गत इन्द्रजित के साथ रात्र युद्ध में आहत एवं रक्त से सने हुए, संज्ञा शून्य लक्ष्मण को देखकर राम हृदयविदारक करुण विलाप करते हैं, उसमें भाई लक्ष्मण के प्रति उनका अप्रतिम स्नेह दर्शनीय है1[20]–

विलोक्य लक्ष्मणं दीनं शयानं रूधिरौक्षितम्।
वाष्पव्याप्तमुखो रामः क्षमस्वरमभाषत।।

हा सुखभ्रष्टसौमित्रे मदर्थे त्यक्तजीवित।
भूमिमालिङ्‌य सुप्तोऽसि कथं मम पराङ्मुख।।
सर्वत्र सुहृदः सन्ति सन्तिसंबन्धवान्धवाः।
अभिन्नजन्मदेहस्य दुर्लभ स सहोदरः।।
मन्त्री बन्धुः सुतः शिष्यः सुहृद्योधः पथानुगः।
लक्ष्मणेन समो भ्रता भाग्यहीनैर्न लभ्यते।।
भग्नाभिमानसर्वस्वः कथं जीसिहेतुमुत्सहे।
छिन्नोऽयं यस्य सौमित्रिर्दक्षिणो दक्षिणो भुजः।।
भ्रातः सीतावियोगेऽसि परुषं मया।
समन्युरुव मां कस्मान्न कस्यान्नाभिभाषसे।।
क्वासौ मदाज्ञाप्रणयी मयि सेवारसस्तव।
सुखसुप्तो यदद्यापि निर्भयो न विवध्यसे।।

लक्ष्मण के प्रति राम के उक्त विलाप में अनुपम भ्रातृ-स्नेह की परकाष्ठा का परिचय मिलता है। इन्द्रजित वध के बाद आहत लक्ष्मण को गोद में लेकर उनका शरीर चूमते हुए अश्रुपूरित नेत्रों से युक्त राम के करुण विलाप में भी भ्रातृ-स्नेह देखा जा सकता है।[21] लक्ष्मण शक्ति के समय तो राम भाई को देखकर रोते हुए मूर्च्छित हो जाते हैं।[22] जिस प्राणप्रिय भाई लक्ष्मण के लिए राम ने इतना विलाप किया तथा जो यावत् जीवन अहर्निश एक पल के लिए भी राम से अलग न रहा, उसी का कालवाक्य की प्रतिज्ञा में बँध जाने के कारण आपको परित्याग करना पड़ा।[23] राम के लिए लक्ष्मण का यह वियोग दुःख इतना असह्य हो गया कि उन्हें दशों दिशाएँ शून्य सी प्रतीत होने लगीं–

रामोऽपि तद्विरहितः शून्य मेने दिशो दश।[24]

यह मनोवैज्ञानिक सत्य जिस व्यक्ति के मन में किसी दूसरे के प्रति जितनी श्रद्धा एवं भक्ति होती है उतनी ही दूसरे के मन में भी उनके प्रति होती है। भरत के मन में राम के प्रति अपार श्रद्धा एवं भक्ति का स्पष्ट एवं विशद परिचय भरत पर्व में मिलता है।[25] राम वनवास का कारण अपने को जानकर भरत बार-बार विलाप करते हुए भूमि पर मूर्च्छित हो गिर पड़ते हैं। राम के प्रति अपार श्रद्धालु, विनयी, सत्यव्रती, भरत को यद्यपि सभी की शङ्का का पात्र बनना पड़ा, किन्तु उनके उज्ज्वल चरित्र में निहित राम भक्ति कि दिव्य ज्योति से रामायणमञ्जरी का एक-एक स्थल प्रकाशित है। राम का अन्तः इस तथ्य को भली-भांति जानता है। इसलिए तो निर्दोष एवं प्रिय भरत की उन्होंने भूरि-भूरि प्रशंसा की है। भरत की सेना को आते देखकर

शङ्का करते हुए लक्ष्मण क्रोधावेश में आ जाते हैं। लक्ष्मण के इस क्रोध और शङ्का का निवारण करते हुए राम कहते हैं–"हे लक्ष्मण! उच्चकुलोत्पन्न, बुद्धिजनसेवी व्यक्तियों के मन में विकार नहीं उत्पन्न होते। भरत मुझमें नित्य भक्ति, विशद आशय वाला धीर तथा सद्वृत्ति युक्त है। अतः उसके विषय में इस प्रकार शङ्का व्यर्थ ही है। फिर यदि तुम्हें राज्य की इच्छा है तो निस्संदेह भरत मेरी आज्ञा से तुम्हें सौंप देगा।"[26] राम की इस उक्ति में भरत के प्रति उनके स्नेह भाव का प्रत्यक्ष दर्शन होता है।

पुनः जब भरत राम के पास पहुँचते हैं तो चीर जटा धारण किए हुए भाई राम को देखकर विलाप करते हुए मूर्च्छित होकर भूमि पर गिर पड़ते हैं। मूर्च्छा से गिरे भरत को भुजाओं के सहारे उठाकर राम उन्हें गोद में ले लेते हैं तथा प्रेम पूर्वक उनके सिर को सहलाते हुए राम के विलापाश्रु की धारा दुर्दिन जल धारा की भाँति प्रवाहित होने लगी[27] राम के अद्भुत एवं प्रगाढ़ भ्रातृ स्नेह का परिचय इस स्थल से प्राप्त होता है।

अंत में भरतादि विविध प्रकार से निवेदन करने पर भी राम जब अयोध्या लौटना स्वीकार नहीं किये तो वज्राहत भरत–भाई राम के पैरों में गिरकर विलाप करते हुए बार-बार निवेदन किए। भरत की यह दशा देखकर राम उन्हें अङ्क में लेकर वात्सल्यसाश्रु से अभिषेक करते हुए कहते हैं–हे भरत तुम्हारे इस अगाध स्नेह को देखते हुए भी मेरा मन इस महान कुल धर्म के सत्य को त्यागने में असमर्थ है।[28]

इसी प्रकार 'रामाभिषेक' के अन्तर्गत राम के भ्रातृ-स्नेह का परिचय एक और स्थल पर मिलता है। लङ्का विजय के बाद अयोध्या लौटते समय राम हनुमान के द्वारा अपने आगमन की पूर्व सूचना भरत के पास भेजते हैं।[29] पुनः अयोध्या में पहुँचने पर दीर्घ प्रवास के बाद सम्मिलन की उत्सुकता में राम पुष्पक पर से ही भाई भरत को अपनी बाँहों में खींचकर बार-बार आलिंगन करने लगे।[30] उक्त दोनों स्थलों में भी राम के असीम एवं अनुपम भ्रातृ-स्नेह का दर्शन होता है।

इसके बाद राम का अभिषेक हुआ। राज्य करते समय भी राम प्रत्येक कार्य में अपने भाइयों का परामर्श लिया करते थे। जिस किसी प्रकार से उनको सुख पहुँचाने एवं प्रसन्न रखने की चेष्टा करते थे।

लक्ष्मण और भरत के प्रति तो राम का असीम स्नेह विदित ही है, शत्रुघ्न के प्रति भी उनके अनुपम भ्रातृ-स्नेह का दर्शन होता है। एक समय जब लवणासुर के अत्याचारों से घबराये हुए ऋषियों ने उसके वध हेतु राम से प्रार्थना की तो इस कार्य के लिए सूक्ष्मदर्शी भ्रातृ-स्नेह राम ने लक्ष्मण और भरत को आदेश न देकर शत्रुघ्न को नियुक्त किया।[31]

उक्त स्थल से राम के भ्रातृ-स्नेह में सूक्ष्मदर्शिता का भी परिचय मिलता है। सूक्ष्मदर्शी राम इस बात को जानते हैं कि शत्रुघ्न कहीं ऐसा न सोच बैठें कि भाई भरत तथा लक्ष्मण राम के आदेशों का पालन करते हुए उनकी भक्ति में संलग्न रहे किन्तु इस निमित्त मुझे ही कोई अवसर नहीं प्राप्त हुआ। इसीलिए राम ने उन्हें लवणासुर के वध हेतु नियुक्त किया। यही नहीं राम ने उन्हें मथुरा के राज्य पर अभिषित भी कर दिया—काले मथुरामेव जगाम भ्रातृराज्ञया।[32] यद्यपि भाई राम से अलग रहकर मथुरा का राज्य स्वीकार करना शत्रुघ्न को अच्छा न लगा किन्तु बड़े भाई की आज्ञा शिरोधार्य करना उनका परम कर्तव्य था।

पत्नी प्रेम—सीता के प्रति राम का आदर्श प्रेम उनके महान एक पत्नीव्रत का साक्षात् उदाहरण है। यदि सम्पूर्ण रामकथाओं का स्थूल रूप से अनुशीलन किया जाय तो पता चलता है कि सीता के ही कारण राम ने रावण से युद्ध कर उसका वध किया। प्रत्येक राम कथा की शेष घटनाएँ भी इसी हेतु के इर्द-गिर्द घूमती हैं। इस तथ्य के द्वारा सीता के प्रति राम को अनुपम प्रेम का ही संकेत प्राप्त होता है। ठीक यही बात रामयाणमञ्जरी के विभिन्न स्थलों में भी दर्शनीय है। रामायामञ्जरी में राम का पत्नी प्रेम दो रूपों में देखा जा सकता है। प्रथम तो सम्भोगशृंगार के वर्णन में विवाह के अवसर पर[33], विवाहोपरान्त अयोध्या आगमन पर[34], चित्रकूट में त्रिपतगातीर[35] काकाक्षिशातनम्[36] के प्रसंग में तथा लङ्का विजय के पश्चात् अयोध्या में निवास करते समय[37] सीता के प्रति राम के पत्नी स्नेह का अनुपम दर्शन होता है।

इसमें भी अरण्य पर्व के अन्तर्गत त्रिपथगातीर पर बैठे हुए राम का मैनसिल के पार्श्व भाग पर अंगुली रगड़कर सीता के ललाट पर तिलक तथा उनको अङ्क में लेकर अपलक नेत्रों से मुख रस का पान करना आदि राम के पत्नी-प्रेम का ही उदाहरण है।[38]

इसके बाद काक द्वारा प्रिय सीता के स्तन पर चोंच मार देने से राम को सीता के कष्ट एवं काक की धृष्टता से तीव्र क्रोध उत्पन्न हो गया। फलस्वरूप राम के एक ईषिका बाण ने उसकी एक आँख वेध दी तथा त्रिलोकी में कहीं शरण भी न मिली उक्त प्रसंग से राम का अद्भुत पत्नी-प्रेम ही लक्षित होता है।

उपर्युक्त प्रकार से संभोग शृङ्गार के अन्य स्थलों पर भी राम का पत्नी प्रेम देखा जा सकता है।

यह सत्य ही है कि नायक-नायिका के प्रेम की पराकाष्ठा का निदर्शन विप्रलम्भ शृङ्गार के अन्तर्गत ही होता है। वियोग में ही दोनों के सम्मिलन की उत्सुकता एवं प्रतीक्षा में किए गए वाचिक, कायिक एवं मानसिक व्यापारों से प्रेम

भाव स्पष्टरूपेण प्रदर्शित होता है। संयोग में तो दोनों के सम्मिलन एवं आत्मसात से प्रेम के वियोग पक्ष का वह भाव समाप्त हो जाता है। अतः वास्तविक रूप से प्रेम का दर्शन विप्रलम्भ शृंगार में ही संभव है। रामायणमञ्जरी में भी राम के पत्नी-प्रेम का उत्कृष्ट दर्शन सीताहरण के बाद उनकी विरह दशा में ही मिलता है। प्रिय विहीन राम, सीता के विषय में पशु-पक्षियों से पूछते तथा विलाप करते हुए घने जंगल में खोयी हुई हथिनी के वियोग में कृश हाथी की भाँति भटकते रहे।[39] इसके बाद **'पम्पासरोदर्शनम्'**[40] तथा **'बसन्तवर्णनम्'**[41] के प्रसंग में सीता-विरह से तप्त राम का कारुण विलाप कठोर हृदय को विदीर्ण कर देने वाला है।

किष्किन्धापर्व के अन्तर्गत–आकाश पथ से गिराए हुए सीता के वस्त्राभूषण सुग्रीव से प्राप्त होने पर भी राम उसे हृदय से लगाकर पुनः विलाप करते हैं। बहुत देर तक संज्ञायशून्य एवं वाष्पपूरित नेत्रों से युक्त वे निश्चेष्ट पड़े रहे।[42] किष्किन्धा पर्वत पर निवास करते हुए राम की वर्षा ऋतु[43] का आगमन तो और भी व्यथित कर देता है। वर्षा के बादल चारों तरफ छाए हैं, मार्ग जलाप्लावित एवं दुर्गम हो गये हैं। इस सम्पूर्ण दृश्य को देखकर विरह व्यथित राम कहते हैं कि–प्रिय वियोग में यह दुर्दिन जब मुझसे नहीं सहा जा रहा है तो अन्य जीवों की क्या गति होगी[44] पुनः वर्षा ऋतु के बीत जाने पर शरद ऋतु का आगमन भी राम को वियोग दुःख में पीड़ित करने लगा[45]–

अथ गौरीपतिगलश्यामले जलदामगमे।
वृत्ते बभूव रामस्य शरद्विरहशोकदा।।

उपर्युक्त स्थलों में प्रिय पत्नी (सीता) के बिछुड़ जाने से राम की विरहावस्था का चित्र उसके स्निग्ध एवं अनुपम पत्नी-प्रेम की पराकष्ठा का स्वरूप प्रस्तुत करता है।

सुन्दरकाण्ड के अन्तर्गत हनुमान सीता से राम का समाचार बताते हुए कहते हैं[46]–हे सीते! तुम्हारे स्मरण और ध्यान में लगे, तुम्हारे कथाओं का पुनः-पुनः कथन करने वाले, विरह के व्रत में स्थित राम वन में कुशलपूर्वक हैं। कमलदलों के समान नेत्रों वाले, सिंह के समान स्कंध वाले, विशाल भुजाओं से युक्त तुम्हारे लिए पूर्णिमा की रात्रि से रहित चन्द्रमा के समान दुर्बलता को प्राप्त हो गये हैं। हनुमान द्वारा चित्रित राम की इस विरहावस्था में उनका पत्नी-प्रेम ही लक्षित होता है।

उत्तरकाण्ड के अन्तर्गत जानकी के पातिव्रत धर्म के गौरव को और भी उज्ज्वल करने के लिए प्रजारञ्ज के व्याज से राम उन्हें वन भेज देते हैं। तदन्तर अश्वमेध यज्ञ का अयोजन करते हैं जिसमें प्रिया सीता की स्वर्णप्रतिमा[47] बनाकर राम अपने

अद्वितीय पत्नी-प्रेम एवं एक पत्नीव्रत का बड़ा ही पवित्र स्निग्ध पूर्ण आदर्श उपस्थित करते हैं।

तत्र हेममयी सीता कुशलैः शिल्पिभिः कृताः।
शुशुभे राघवप्रीत्या वनात्स्वयमिवागता।।

इसी प्रकार सीता के वसुधा प्रवेश के समय राम के मानव सुलभ रोदन एवं क्रोध में भी पत्नी सीता के प्रति प्रेम की पराकाष्ठा का ही दर्शन होता है[48]–

स कोपादवद्देवी मही सीतां प्रयच्छतु।
श्व श्रूर्ममैषा न रुषा जीवितं हन्तुमर्हति।।
ममापि विवरं भूमिर्ददातु दयितार्थिनः।
पत्नीं वा भूमिरहिंतं करोमि जगदन्यथा।।

सखा स्नेह–यों तो राम सभी के परम सुहृद तथा स्वाभाविक मित्र हैं, परन्तु लीला में वे मित्रों के साथ कैसा आचार-व्यवहार करते हैं–रामायणमञ्जरी के विभिन्न संदर्भों में दर्शनीय हैं। मनुष्यों को तो अपना मित्र बनाते हैं, किन्तु राम ने राक्षस और वानर-भालुओं तक को अपना सखा बनाकर धन्य कर दिया। हनुमान की प्रेरणा से दुःख में डूबे हुए सुग्रीव को राम अपना परम मित्र बनाते हैं। जिस समय सुग्रीव सौगन्ध खाकर मित्रता निभाने के लिए राम का हाथ पकड़कर विश्वास दिलाते हैं, तो राम भी अग्नि को साक्षी बनाकर अपनी मित्रता का विश्वास दिलाते हैं।[49]

राम अच्छे सुहृद के लक्ष्मण का उल्लेख करते हुए सुग्रीव को बालि वध के लिए आश्वासन देते हैं।[50] यही नहीं! सुग्रीव के सुख के लिए बड़े से बड़ा उलाहना सहकर भी राम उसके शत्रु भाई का वध करके तथा अपने हाथों उसे राज्याभिषिक्त कर सख्य-भाव का आदर्श प्रस्तुत करते हैं।

राम के सख्य-भाव में ऊँच-नीच का कोई भाव नहीं है। यही कारण है कि निषादराज गुह से भी सखाभाव से मिलने में वे तनिक भी संकोच नहीं करते–**प्रीत्या गुहं समामंत्र्य सुहृदं धुतिसागरः**।[51] उनके इसी पवित्र सुहृद्भाव के कारण ही तो भरतादि ने भी गुह से उसी भाव में मिलने में तनिक भी संकोच न किया।

लङ्का विजय के उपरान्त अयोध्या लौटने पर राम अपने वानर-भालू मित्रों को दिव्य वस्त्राभूषण आदि प्रदान कर उन्हें उनकी पुरी भेजते हैं।[52] राम की मित्रता का मापदण्ड अद्भुत एवं अनुपम है। सुग्रीव आदि प्रमुख वानरों के विरोध करने पर भी परम शत्रु राक्षसराज रावण के सहोदर भ्राता विभीषण को अपना मित्र बनाने में राम तनिक भी संकोच नहीं करते[53] और तत्काल समुद्र जल से विभीषण का अभिषेक भी कर दिया।[54]

उपर्युक्त वानर-भालू एंव राक्षस मित्रों के अतिरिक्त भी राम के अयोध्या निवासी नौ मित्रों का उल्लेख उत्तरकाण्ड में मिलता है, जिनसे घिरे हुए वे हास-परिहास तथा कथा आदि में आन्नद लेते थे। ये मित्र राम को प्राणों से भी अधिक प्रिय थे।[55]

अथ कथान्तरं रामो गत्वान्तःपुरमन्दिरम्।
नानाकथाभिश्चित्राभिश्चिरं तस्थौ सुहृद्वृतः।।
विजयो मधुमान्भद्रः कश्यपः पिङ्गलः कुरुः।
सुराजको वज्रदन्तो मागधश्च मनीषिणः।।
नवैते नन्दसुहृदा रामस्य हृदयप्रिया।
परिहासकथाशीलैस्तैः स गोस्ठीरतोऽभवत।।

प्रजावत्सलता–राम को उनकी प्रजा बहुत ही प्रिय थी। उसके सुख एवं रञ्जन के लिए वे सदा तत्पर रहते थे। प्रजा भी राम को बहुत चाहती थी। अपने सुन्दर बर्ताव एवं वत्सलतापूर्ण क्रियाओं के द्वारा वे प्रजा के प्रेम भाजन बन गये थे। इस बात का स्पष्ट दर्शन तब होता है जब राम के राज्याभिषेक के लिए उत्सुक अयोध्यावासी उस प्रभात की प्रतीक्षा कर रहे हैं जब यह महोत्सव होना है। अंत में प्रजा की प्रतीक्षा की घड़ियाँ समाप्त हुईं तथा प्रभात आ ही गया। प्रजा में हर्ष का सगार उमड़ पड़ा। चारों तरफ आनन्द छा गया।[56]

अचानक दृश्य बदल जाता है। राम, लक्ष्मण और सीता को साथ लेकर मुनिवेश में वन को पधार रहे हैं। प्रजा इस दृश्य को देख न सकी।[57] उनके वियोग दुःख को सहन करने में अपने को असमर्थ पाकर प्रजा भी उनके साथ हो ली–**रामः प्रतस्थै पौराणां शृण्वान्नाक्रन्दनिःस्वनम।**[58] पुनः प्रजा को अपनी प्रिय वाणी से किसी तरह समझा-बुझाकर राम उन्हें वापस भेजते हैं–**पौरान्प्रणयिनः सांन्त्वैर्विनिवर्त्य प्रियंवदः।**[59]

राम द्वारा सान्त्वना देकर वापस भेजने पर भी प्रजा का वियोग दुःख और बढ़ ही जाता है। यही कारण है कि भरत जब राम को वापस लाने के लिए वन जाने लगे तो राम के वियोग दुःख में विह्वल प्रजा भी दर्शनौत्सुक्य के कारण उनके साथ चल दी।[60]

लङ्का विजय के बाद राम जब अयोध्या लौटे तो प्रजा के हर्ष का पार न रहा। भरत से सूचना पाने पर समस्त अयोध्या राम स्वागतोत्सव में अलंकृत हो गयी– **उक्त्वेति सर्वाः प्रकृतीर्नियोज्य पुरोत्सवालंकृतिसत्क्रियासु।**[61] सच पूछिये तो प्रजा के सुख और संतोष के लिए ही राम ने राज्य पद स्वीकार किया। वास्तव में यही आदर्श है, जो प्रजा-सुख के लिए राजा बनता है। अवधवासियों के भाग्य का कहना ही क्या

जिनके प्रेम-परवश स्वयं विष्णु के अवतार राम राजा बने–**गुणद्विरेफो विरराज राजसद्रमस्तापहरः प्रजानाम्।**[62]

राम की प्रजावत्सलता का एक ऐसा भी उदाहरण मिलता है जिसकी तुलना जगत में कहीं नहीं है। जिस प्राणप्रिय सीता के लिए राम ने वन-वन भ्रमण किया, विलाप करते हुए नाना प्रकार के क्लेशों को सहन किया तथा जिसके लिए रावण से घोर युद्ध किया, उसी सीता को निर्दोष समझते हुए भी केवल प्रजारञ्जन के लिए हृदय को अत्यंत कठोर बनाकर वन में भेज दिया।[63]–

उन्मत्तेव जगत्यस्मिन्नपवादपिशाचिका।
अपि प्राणाधिका सीता त्यज्यते तृणवन्मया।।

इस प्रकार के जनापवाद रूपी वज्रपात को सहन करते हुए राम ने सुमन्त्र और लक्ष्मण को आदेश दिया कि सीता को गंगा के पार विजय वन में वाल्मीकि आश्रम के पास छोड़ दो।[64]

राम प्रजा के हित चिन्तन में सदैव रत थे। वे इस बात के लिए तत्पर रहते थे कि मेरी प्रजा में किसको, कहाँ, अन्याय एवं दुःख सहन करना पड़ रहा है। यदि कहीं किसी को किसी तरह का कष्ट दिखाई पड़ता तो राम उसके निदान का तुरन्त प्रयास करते थे। राम की इस प्रजावत्सलता का उदाहरण उस समय दिखाई पड़ता है जब ब्राह्मण अपने मृत पुत्र को लेकर राजा राम के सामने उपस्थित होता है। विलाप करते हुए ब्राह्मण ने राम से कहा–आपके राज्य में कहीं पाप आवश्य हो रहा है जिसके कारण नारद मुनि से परामर्श लेकर स्वयं पुष्पक विमान पर आरूढ़ हो इसका पता लगाने के लिए निकल पड़े कि मेरे राज्य करते कौन पाप कर रहा है। अंत में तपस्या करते हुए शूद्र शम्बूक को देखकर राम ने तुरन्त उसका वध करके ब्राह्मण पुत्र को जीवित किया।[65]

राम केवल मानव प्रजा के ही हितचिन्तक नहीं थे, अपितु उनसे पशु-पक्षियों के कष्ट भी नहीं सहन किए जा सकते थे। यही कारण है कि कुत्ते ने जब राम से अपना कष्ट सुनाते हुए कहा कि संन्यासी के द्वारा दण्ड प्रहार से मेरा सिर फोड़ दिया गया तो उन्हें पुनः बहुत कष्ट हुआ। इसके बाद स्वयं इस घटना के कारण का पता लगाकर कुत्ते को उचित न्याय दिलाते हैं।[66] यह है राम की प्रजावत्सलता। राम के हृदय में उनकी प्रजा के लिए अगाध प्रेम था। इसीलिए राम के स्वर्गारोहण के समय प्रजा भी उनके पीछे-पीछे चल दी।[67]

भक्तवत्सलता–क्षेमेन्द्र की दृष्टि में राम एक महामानव ही नहीं अपितु साक्षत् भगवद्‌वतार हैं। भक्तवत्सलता तो भगवान का विख्यात बाना ही है। ऐसा कोई काम

नहीं जो भगवान अपने भक्त या सेवक के लिए नहीं कर सकते। वस्तुतः भगवान के अवतार का प्रधान हेतु भक्तों पर अनुग्रह ही होता है–**परित्राणाय साधूनाम्।** राम अपने भक्तों का बहुत अधिक ध्यान रखते थे। अहल्या, पति गौतम के शाप से शिलावत हो गयी थी। राम की पुकार के लिए भी उसमें शक्ति नहीं थी, परन्तु भक्तवत्सल राम स्वयं उस स्थल पर पहुँचकर उसे दर्शन देते हैं जिससे उसका उद्धार हो जाता है।[68]

इसी प्रकार भक्तवत्सल राम ने दण्डकारण्य में पहुँचकर अनेक ऋषियों को अपने दिव्य दर्शन से धन्य किया। भक्तवत्सल राम के लिए ऋषि, महर्षि, जड़, चेतन तथा ऊँच, नीच का कोई भेद भाव नहीं है। उनके लिए तो केवल उनका भक्त ही सबसे अधिक प्रिय है। वे भक्त के हित का सदैव ध्यान रखते हैं तथा उसकी चिन्ता में सदैव तत्पर रहते हैं। इसीलिए अधम शबरी के भी आश्रम में पहुँचकर राम ने उसे दर्शन दिये जिससे वह दिव्य धाम को प्राप्त हो गयी।[69]

भक्त प्रवर हनुमान का तो वे अपने को ऋणी मानते हैं। उतरकाण्ड के अंतर्गत राम हनुमान द्वारा किए गए उपकार, उनके एवं चरित की भूरि-भूरि प्रशंसा की है जिससे भक्त हनुमान के प्रति उनका अद्भुत स्नेह लक्षित होता है।[70]

शरणागतवत्सलता–राम की शरणागतवत्सलता भी अनुपम है। वैसे तो रामायणमञ्जरी के विभिन्न स्थलों से उनको शरणागतवत्सलता के कई उदाहरण मिलते हैं, किन्तु विभीषण की शरणागति का प्रसंग राम की शरणागतवत्सलता का स्पष्ट, अद्वितीय एवं उत्कृष्ट उदाहरण प्रस्तुत करता है।

सुग्रीवादि प्रमुख वानरों द्वारा शरणागत विभीषण के चरित पर संदेह प्रकट करने के बाद भी राम विभीषण की भूरि-भूरि प्रशंसा करते हुए अपना लेते हैं। इस प्रसंग के अन्तर्गत राम विभीषण के प्रति जो वचन कहते हैं, उसमें उनकी शरणागतवत्सलता के मानदण्ड का स्पष्ट परिचय मिलता है।[71]

सदोषः सगुणो वा न मे त्याज्यो विभीषणः।
अनुरक्तो विरक्तो वा मामुद्दिश्यायमागतः।
वन्ध्यं मनोरथं तस्य न कर्तुमहमुत्सहे।
परित्यजति निर्लज्जः प्राप्तं यः शरणार्थिनम्।
मानं धर्मं श्रियं कीर्तिं सर्वत्र स परित्यतति।।

शरणागतवत्सल राम के उक्त वचनों को सुनकर सुग्रीव आदि वानर शीघ्र ही विभीषण को राम के पास ले आए। विभीषण आते ही राम के चरणों में गिर पड़ा। राम अपनी भुजाओं से उठाकर उसे गले लगाते हुए कहते हैं–रावण के द्वारा अपमानित तुम मेरी शरण में आ गए हो। अतः अब से तुम मेरे परम सुहृद हो।

इन बातों के साथ ही, लक्ष्मण द्वारा लाए गये समुद्र जल से राम ने विभीषण का लङ्काधीश के रूप में अभिषेक भी कर दिया।[72]

इत्युक्त्वा लक्ष्मणानीतैः तूर्ण रत्नाकराम्बुभिः।
सोऽभिषिच्यैव विदधे लङ्काधीशं विभीषणम्।।

शरणागत के प्रति राम के अगाध प्रेम का यह अनुपम निदर्शन है। प्रथम मिलन में ही उन्होंने अपना सम्पूर्ण न्योछावर कर दिया, यहाँ तक कि लङ्काधीश के रूप में विभीषण का तुरन्त अभिषेक भी कर दिया।

पराक्रम—सम्पूर्ण रामायणमञ्जरी के अन्तर्गत राम के पराक्रम, वीरता एवं शस्त्रकौशल के अनेक प्रसंग उपलब्ध हैं। विश्वामित्र की रक्षा करते समय उन्होंने बात की बात में ताड़का[73] और सुबाहु[74] को मारकर मारीच को दिव्यास्त्र के द्वारा सौ योजन दूर समुद्र में फेंक दिया।[75]

जनकपुर में जिस धनुष को बड़े-बड़े वीर और महाबली राजा अत्यंत परिश्रम करके भी हिला न सके, उसी को राम अनायास ही उठाकर तोड़ दिए।[76] विष्णु के धनुष पर बाण चढ़ाकर परशुराम का भी तेज नष्ट कर दिए।[77] पञ्चवटी में चौदह हजार राक्षसों को जरा सी देर में मार गिराए[78]—**चतुर्दश सहस्त्राणि राक्षसां भीमकर्मणाम्।** बाली जैसे महायोद्धा को एक ही बाण से मार डाला।[79] धनुष पर बाण चढ़ाने मात्र से ही समुद्र में खलबली मच गयी और वह सशरीर भयभीत होकर शरण में आ गया।[80] लङ्का में जाकर भयंकर युद्ध में राक्षसों सहित कुम्भमर्ण तथा रावण का वध करके तीनों लोकों में विजय का डंका बजा दिया।[81]

क्षमाशीलता—महान पराक्रमी होते हुए भी राम इतने क्षमाशील थे कि वे अपने प्रति किए हुए किसी के अपराध को अपराध नहीं मानते थे। चित्रकूट में आश्रम के पास राम के साथ बैठी हुई सीता के स्तन में काक ने चोंच मारकर घायल कर दिया। इससे क्रोधित होकर राम ने एक ईषिका बाण द्वारा उसकी एक आँख वेध दी। घायल आँख से व्याकुल काक को तीनों लोक में कहीं भी शरण नहीं मिली। अंत में वह पुनः वापस राम के पास आया। राम ने उसके अपराध को क्षमा कर दिया।[82] उन्होंने जहाँ कहीं भी क्रोध और युद्ध की लीला की है, वह अपने आश्रितों और साधु पुरुषों के प्रति किए हुए अपराधों के लिए दण्ड देने और इसी बहाने दुष्टों को निर्दोष बनाने के लिए ही की है। समुद्र के ऊपर उनका क्रोध इस बात का स्पष्ट प्रमाण है। क्रोध करने के बाद समुद्र की धृष्टता को क्षमा भी कर देते हैं। इसके अतिरिक्त भी मन्थरा जैसी दासी के अपराध का उन्होंने कहीं उल्लेख नहीं किया।

कृतज्ञता—वास्तव में देखा जाय तो राम सब कुछ करने में समर्थ थे। उनके

पास अपार शक्ति, तेज, पराक्रम एवं शौर्य का आश्रय भण्डार था। वे स्वयं सबको उपकृत्य कर सकते थे, उनका कोई क्या उपकार करता। तथापि अपने आश्रित जनों के प्रेम की वृद्धि के लिए, उनकी साधारण सेवा को भी बड़े से बड़ा रूप देकर उन्होंने अपनी कृतज्ञता प्रकट की है।

सीता को खोजते-खोजते राम जब रावण द्वारा युद्ध में आहत, खून से लथ-पथ जटायु को देखते हैं तो उन्हें शङ्का होती है कि संभवतः इसी ने सीता का भक्षण किया है। परन्तु मरणासन्न जटायु द्वारा सम्पूर्ण वृत्तान्त ज्ञात होने पर शोकविह्वल राम जटायु को गोद में लेकर विलाप करने लगे।[83] पुनः रावण का परिचय देते हुए तथा उसके द्वारा सीताहरण की बात कहने में ही पक्षिराज के प्राण पखेरू उड़ गये। इसके बाद राम स्वयं अपने ही हाथों उसका दाह-संस्कार सम्पन्न करके तथा गङ्गाजी में जलाञ्जलि प्रदान कर जटायु को धन्य कर दिया।[84]

इसी तरह रामायणमञ्जरी में और भी बहुत से प्रसङ्ग हैं जिनसे राम की कृतज्ञता स्पष्टरूपेण सूचित होती है। वानरों, राजाओं, ऋषियों और देवताओं से बात करते समय उन्होंने जगह-जगह पर कहा है कि आप लोगों की सहायता और अनुग्रह से ही मैंने रावण पर विजय प्राप्त की।

हनुमान के प्रति तो वे सदैव कृतज्ञ ही रहे हैं। उनके द्वारा किए गए उपकार का बदला चुकाने में अपने को असमर्थ बताकर राम ने अपनी महान कृतज्ञता का जो भव्य निदर्शन कराया है, वह अप्रतिम है।[84]

दयालुता—यदि राम को दया का सागर कहें तो भी उनकी अपरिमित दया का तिरस्कार ही होता है। वे वस्तुतः दयामय ही हैं। उनकी दया के भी कई रूप हैं, कहीं वह प्रेम के रूप में दर्शन देती है तो कहीं दण्ड के रूप में। परन्तु दोनों ही परिस्थितियों में वह श्लाघ्य है। राम की प्रसन्नता तो दिव्य ही है। वह तो जीव को अप्राप्य भी प्राप्त कराता है, परन्तु उनका क्रोध या दण्ड भी मुक्ति दिलाने वाला है। उनकी दया के दूसरे स्वरूप दण्ड क्रोध के रूप का वर्णन भी रामायणमञ्जरी में अत्यंत हृदयग्राही एवं दर्शनीय है। राक्षसों को राम ने मारा यह सत्य है। स्थूल रूप से यदि देखा जाय तो राम ने **'विनाशाय च दुष्कृताम्'** के अनुसार एवं शत्रुतावश ही ऐसा किया। परन्तु यदि सूक्ष्म रूप से देखा जाय तो उन्होंने राक्षसों को मारा नहीं अपितु तारा है। राम के हाथों से जितने भी राक्षस मरे सबको दुर्लभ गति प्राप्त हुई। ताटका, सुबाहु, मारीच, विराध, कबन्ध, खर-दूषण, त्रिशिरा, कुम्भकर्ण एवं रावण प्रभृति सभी राक्षसों तथा वानरराज बालि एवं शूद्र शम्बूक आदि को राम ने मारकर तार दिया। यह राम की दयालुता ही है कि अधम से राक्षसादि को निज हाथों के वध से परम पद दिलाया।

प्रेम से तो राम ने अनेकों को अपनाया। सारे वानर-भालुओं को जो गौरव प्रदान

किया वह बड़े-बड़े ऋषियों-महर्षियों को भी दुर्लभ है। गौतम की पत्नी अहल्या में इतनी शक्ति ही नहीं थी कि बेचारी आर्त होकर राम को पुकार सकती, किन्तु वहाँ पहुँचकर उन्होंने उसका भी उद्धार किया। दण्डक वन में पहुँचकर राक्षसों के वध द्वारा सभी मुनियों को अभय प्रदान किया।[85] गीधराज जटायु पर जो दया हुई वह तो सर्वथा अनूठी है। दीन सुग्रीव को बाली के महान अत्याचार से बचाया। अङ्गद को दीन जानकर अपनाया तथा युवराज पद दिलाया।

इस प्रकार राम दया के अगाध सागर थे। उन्होंने अपने को दया का पात्र बनाने में ऊँच-नीच, उत्तम-अधम आदि का कोई विचार न करके सबके ऊपर समभाव से दया की।

स्थितप्रज्ञता—अज्ञ मावन तनिक भी सुख से फूले नहीं समाता और थोड़े ही दुःख से उद्विग्न भी हो जाता है। इतना ही नहीं कभी-कभी सुख-दुःख दोनों के उत्कट आघात उसके लिए प्राणघातक भी बन जाते हैं। किन्तु तत्त्वदर्शी पुरुष सुख-दुःख में हर्ष शोक को नहीं प्राप्त होते। ऐसी परिस्थितियों में भी चित्त की साम्यावस्था भङ्ग नहीं होने पाती। राम के जीवन में यह पूर्णरूपेण देखने को मिलता है। उनके मुखारविन्द की शोभा राज्याभिषेक के सुखद समाचार से न तो हर्षातिरेक में खिल उठती है और न ही प्रदीर्घ एवं कष्टप्रद वनवास के दुःख समाचार से म्लान भाव को ही प्राप्त हो जाती है। अपितु कैकेयी से वनवास का समाचार सुनकर हँसते हुए वन जाने को उद्यत होते हैं।[86]

इसी प्रकार रामायाणमञ्जरी में अनेक स्थल हैं जिससे राम की स्थितप्रज्ञता का स्पष्ट ज्ञान होता है। जिस प्राणप्रिय सीता को इतने दुःसह कष्ट सहकर तथा घोर संग्राम के बाद प्राप्त किए उसी को पुनर्ग्रहण के पूर्व अग्नि परीक्षा आदि के बाद ही स्वीकार किए। यही नहीं, विभीषण द्वारा सीता को पालकी में बिठाकर लाते समय भी पालकी से नीचे उतरकर पास तक आने का आदेश दिया। यह राम की स्थितप्रज्ञता ही तो है।[87] वरना इतने कष्ट के बाद तो सुख सम्मिलन ही साधारण मानव की दृष्टि में अत्यंत श्लाघ्य है। परन्तु राम ने ऐसा न करके अपने धैर्य को मर्यादित रखते हुए अभूतपूर्व स्थितप्रज्ञता का दृष्टान्त प्रस्तुत किया। प्रायः साधारण मानव अपने किसी प्रिय से ऐसी परिस्थिति में मिलने पर आत्मविभोर हो मुहुरालिङ्गन से ही तुष्ट होता है।

राम की स्थितप्रज्ञता का परिचय परशुराम के तेज भंग के समय भी मिलता है। क्रोधान्ध परशुराम को आते देखकर दशरथ जैसे धीर, वीर सम्राट तथा वशिष्ठ प्रभृति ज्ञानी महर्षि भी भयार्त हो गये। इससे भी अधिक दुःखी एवं भयभीत वे सभी तब होते हैं जब परशुराम राम को वैष्णव चाप भङ्ग करने तथा युद्ध के लिए आमंत्रित

करते हैं। परन्तु स्थितप्रज्ञता राम बहुत ही धीर एवं गम्भीर मुद्रा में वैष्णव चाप को उठाकर भङ्ग कर दिए जिससे परशुराम का तेज भी नष्ट हो गया।[88]

इसके अतिरिक्त रामायणमञ्जरी के अनेक स्थलों में राम के वचनों से उनकी स्थितप्रज्ञता का परिचय मिलता है।

धर्मपरायणता–राम मूर्तिमान धर्म ही हैं। वे मनसा, वाचा, कर्मणा धर्माचरण में ही प्रवृत्त थे। इसीलिए तो राम मानव तन धारण करके अपने उपदेशों तथा प्रत्यक्ष आचरण द्वारा धर्माचरण की सीख देते हैं। अरण्य पर्व के अन्तर्गत जब जाबालि ऋषि धर्म की ओट लेकर राम का नास्तिकता का उपदेश करने लगे तो राम ने इसके महाभयंकर परिणामों को दिखाकर जाबालि की कठोर शब्दों में भर्त्सना करते हुए उनकी आँखें खोलीं। पुनः धर्म का महत्व बतलाते हुए कहा कि धर्म सत्य से अभिन्न है तथा सत्य श्रेयस्कर और कुछ भी नहीं है। इसके बाद वशिष्ठ मुनि राम को समझाते हुए कहते हैं, कि हे राम! जाबालि मुनि प्रजा के हित के लिए ऐसा सब कुछ कह रहे थे। वे सनातन धर्म को नहीं जानते हैं–**नहि जानाति धर्मस्य गतिमेष सनातनीम।**[89]

राम धर्म धुरीण थे। वे सदैव धर्म के विरुद्ध कुछ भी आचरण नहीं करते थे। प्रातः से लेकर निद्रा तक उनके अनुसार आचरण करना ही धर्माचरण है। इस धर्माचरण का जीवनव्यापी सक्रिय, प्रत्यक्ष आचरण हमें राम के जीवन में देखने को मिलता है। प्रातःकाल से निद्रा तक और बाल्यकाल से लगाकर उनके लीला-संवरण तक हम राम के जीवन में धर्म तत्त्व को साकार हुआ पाते हैं। राम का मातृप्रेम तो अनुपम है। मां कैकेयी के एक कथन मात्र से ही इतना कष्ट उठाने पर भी राम ने उनके लिए कहीं कुछ भी अपमानजनक शब्द नहीं प्रयुक्त किए अपितु प्रशंसा ही की है। जन्मदात्री मां कौशल्या और हृदय से भी अधिक प्रिय भाई लक्ष्मण की मां सुमित्रा के प्रति राम के स्नेह के विषय में कहना ही क्या। उनकी पितृ-भक्ति तो सदा ही श्लाघ्य है। पिता के मुँह से आदेश न सुनकर भी केवल माता कैकेयी से ही पिता के आदेश को जानकर राम ने जो वनवास कष्ट उठाया वह तो विदित ही है। गुरु के प्रति राम का विनीत भाव देखते ही बनता है। विश्वामित्र के साथ रहते हुए उनके वचनों का अक्षरशः पालन करते थे। छोटे से लेकर बड़े तक सभी कार्यों में उनके आदेश की प्रतीक्षा अत्यंत आवश्यक समझते थे। एक तरफ मिथिला में धनुर्भङ्ग के लिए गुरु विश्वामित्र के आदेश की आवश्यकता समझते हैं तो दूसरी तरफ वन में विश्वामित्र के साथ रहते हुए बिना उनके आदेश के शयन नहीं करते। यह है राम की अनुपम गुरु भक्ति। भ्रातृ-प्रेम का तो ऐसा उदाहरण ही अन्यत्र उपलब्ध नहीं है जैसा कि राम के चरित्र में देखने को मिलता है। इस प्रकार मातृदेव, पितृदेव तथा आचार्य देव की भक्ति के रूप में राम सदैव धर्माचरण ही करते थे। धर्म के

विरुद्ध इन पूज्य लोगों के प्रति राम कोई भी आचरण नहीं करते थे। भ्रातृ-स्नेह में तो राम के धर्माचरण की पराकाष्ठा ही दर्शनीय है।

यह तो पारिवारिक स्तर पर राम का धर्माचरण था। इसके अतिरिक्त भी राम सदैव सचेष्ट रहते थे कि उनका कोई भी कार्य ऐसा न हो जो धर्म के प्रतिकूल एवं सामाजिक तथा राजनीतिक स्तर पर निन्द्य तथा गर्ह्य हो। इसीलिए तो लङ्का विजय के बाद उन्होंने सीता को पालकी से उतार कर ले आने की आज्ञा विभीषण को दी। सीता इतने दिनों रावण के महल में रही। अतः समाज में उनके सतीत्त्व पर शङ्का उठ सकती है, इसलिए उनकी अग्नि परीक्षा हुई। पुनः विश्वस्त प्रमाणों के बाद ही सीता को वापस स्वीकार किये। किन्तु इतने पर भी जब प्रजा में सीता विषयक अपवाद राम ने सुना तो तुरन्त ही प्राणप्रिया गर्भवती सीता का त्याग करने में भी संकोच नहीं किया। यह सब राम का महान धर्माचरण ही तो है। वास्तव में राम पूर्णतया धर्ममय, धर्मरक्षक, धर्मधुरीण एवं धर्म के मूर्तिमान रूप ही थे।

कला-प्रेम—राम के जीवन चरित के विविध आयामों पर दृष्टिपात करने से उनके विविध कला ज्ञान का परिचय मिलता है। रामायणमञ्जरी के प्रारम्भ में ही उनकी विविध कलाओं के विशद ज्ञान का उल्लेख किया गया है[90]—

शस्त्रास्त्र ग्रामशिक्षाणां विद्यानां विशदाशयः।
कलानां च बभुवुस्ते संक्रान्तिमणिदर्पणाः।।

सम्प्रति उनके इस कला ज्ञान का व्यावहारिक पक्ष जिससे उनका कला प्रेम सूचित होता है, का उदाहरण प्रस्तुत किया जा रहा है।

राम की दृष्टि में सम्पूर्ण संसार कला का गढ़ है। प्राकृतिक सुषमा या सौन्दर्य कला का पर्याय है। कला का तात्पर्य है—जो सुख प्रदान करे (**कं सुखं लाति ददाति इति**)। इस आधार पर प्रकृति की रमणीयता से अन्तः को जो सुखानुभूति हो वह कला है। इस परिवेश में राम के कला प्रेम के बहुत दर्शन होते हैं। सिद्धाश्रम के विषय में विश्वामित्र से पूछते हुए राम के कला प्रेम का दर्शन होता है।[91] मिथिला की शोभा देखकर राम के आश्चर्यचकित हो जाने में भी उनका कला-प्रेम लक्षित होता है।[92] अरण्य पर्व में तो ऐसे बहुत से स्थल हैं जहाँ के सौन्दर्य को देखकर राम मंत्रमुग्ध हो जाते हैं। त्रिपथगातीर पर सीता के साथ बैठे हुए राम को वहाँ की प्राकृतिक सुषमा आत्मविभोर कर देती है। वहीं एक शिला के पार्श्व भाग पर ऊँगली रगड़कर राम सीता को बालेन्दु की भाँति तिलक लगाते हैं। यह उनका कला प्रेम ही तो है। सीता हरण के बाद वसन्त, वर्षा एवं शरद ऋतु तथा पम्मासरोवरदर्शन के वर्णन में राम की कलापरख दृष्टि का स्पष्ट दर्शन होता है। उत्तरकाण्ड के अन्तर्गत

सीता के साथ अशोक वन में विहार करते हुए भी राम वहाँ के प्राकृतिक सौन्दर्य पर मुग्ध हो जाते हैं। यदि राम इतने कलापारखी एवं प्रेमी नहीं होते तो प्रकृति में मनोहर स्वरूप को देखकर इतना अधिक पुलकित एवं विह्वल न होते। क्योंकि शुष्क या प्राकृतिक कला से प्रेम न करने वाले व्यक्ति के हृदय में ऐसे भाव नहीं उत्पन्न हो सकते हैं। सीता हरण के बाद राम प्रकृति जगत से सीता का पता पूछते हैं। इसमें उनका कला प्रेम ही भाषित होता है। यह प्रसिद्ध ही है कि प्रकृति के विभन्न उपकरण नारी शरीर की उपमा के लिए प्रयुक्त किए जाते हैं। राम यहाँ विरही तथा अत्यन्त कामी रूप में ही सही, किन्तु इन प्राकृतिक उपकरणों के माध्यम से सीता के शरीर सौन्दर्य को देख रहे हैं। सीता का शरीर कला की मूर्ति है। सीता निश्चय ही रावण द्वारा अपहृता हैं पर विभिन्न उपकरणों के द्वारा उनका शरीर राम के सामने अनायास ही उपस्थित हो जाता है।

वाणी के कुशल प्रयोक्ता के रूप में राम कला प्रेमी की संज्ञा पा सकते हैं। प्रश्नोत्तर यदि कला है तो राम इस कला का सहारा लेकर परशुराम के कोप को शान्त करते हैं। इसके अतिरिक्त भी रामायणमञ्जरी के अनेक स्थलों से राम की वाणी–कला का दर्शन होता है। केश-विन्यास यदि कला है तो राम गङ्गा के किनारे राजसी वस्त्रों को उतारकर अपने केश में न्यग्रोध वृक्ष का दूध लगाकर गूँथते हैं। शिकार खेलना आदि कला है तो राम ने मृग का शिकार किया। तीर चलाना यदि कला है तो राम इस कला में भी प्रवीण थे। ताड़का वध से लेकर रावण वध तक इस कला के साक्षात दृष्टांत हैं। वैसे भी राम विभिन्न अस्त्र-शस्त्रादि के प्रयोग की कला में पर्याप्त निपुण थे। इसका उदाहरण उनके द्वारा किए गये समस्त युद्ध के प्रसङ्ग एवं गुरु विश्वामित्र द्वारा दिए गए सभी अस्त्र-शस्त्र हैं–**भृशाश्वास्त्रादि रामाय ददौ सर्वायुधैः सह**।[93] तात्पर्य यह है कि शास्त्र वर्णित लोक-कलाएँ, व्यवहार कलाएँ तथा उपयोगी कलाएँ राम की दृष्टि में अपरिचित नहीं थीं। उत्तरकाण्ड के अन्त में राम के संगीत कला प्रेम का भी दर्शन होता है। वाल्मीकि मुनि के साथ आये हुए दो बालक (लव-कुश) जब स्वर, ताल, लय आदि के साथ वीणा बजाते हुए रामायण गान करने लगे तो राम, उसे सुनकर मंत्रमुग्ध हो गये।[94]

इस प्रकार यद्यपि कि राम स्थूल रूप में कला निकाय के प्रतिष्ठाता तो नहीं कहे जा सकते, परन्तु विभिन्न उपयोगी ललित कलाओं के समर्थक अवश्य सिद्ध किए जा सकते हैं। उनका गुरुजन, पुरजन, परिजन प्रेम, विद्या प्रेम एवं कला प्रेम आदि सभी वास्तव में विचार, विश्लेषण तथा श्लाघा के विषय हैं।

राम का परब्रह्मत्व–राम साक्षात् पूर्ण ब्रह्म परमात्मा भगवान विष्णु के अवतार

थे। सम्पूर्ण रामायणमञ्जरी में इस तथ्य के संकेत कई स्थलों पर प्राप्त होते हैं। जब पृथ्वी पर रावण का अत्याचार एवं उपद्रव बढ़ गया तो समस्त देवता और ऋषिगण बहुत दुःखी हो गये। तदनन्तर सभी लोग ब्रह्मा के पास जाकर इस दुःख निवारण हेतु प्रार्थना की। पितामह ब्रह्मा सबको धैर्य बँधाकर विष्णु के पास ले गए वहाँ देवताओं ने विष्णु से निवेदन किया कि आप दशरथ के पुत्र रूप में प्रकट होकर तीनों लोकों का कण्टक दूर करें[95]–

अवध्यः सर्वभूतानां स मनुष्यादृते युधि।
तस्याद्दशरथस्याद्य भगवन्व्रज पुत्रताम्।।
चतुर्धा योगमास्थाय विभज्यात्मानमात्मना।
अवतीर्य धरां विष्णो जहि त्रैलोक्यकण्टकम्।।

देवताओं के निवेदन के अनुसार भगवान विष्णु ने राम के रूप में अवतार लिया।

विवाहोपरान्त अयोध्या लौटते समय मार्ग में जब राम ने परशुराम द्वारा दिए वैष्णव चाप का भंजन कर उनका तेज नष्ट कर दिया तो तेजविहीन परशुराम को राम के परब्रह्मत्त्व का ज्ञान हो गया। तुरन्तु राम की स्तुति करते हुए परशुराम कहते हैं[96]–

धनुषोऽयं निजं नाथं त्वां विष्णुमच्युतम्।
नीता मधुमुखा येन दैत्याः क्रोधोपहारताम्।।
इच्छामात्रेण जगतां प्रलयोदयकारिणा।
न मे त्वया जितस्यापि लज्जाधूसरमाननम्।।

इस प्रकार युद्धकाण्ड के अन्तर्गत इन्द्रजित के साथ रात्रि युद्ध में लड़ते हुए लक्ष्मण शस्त्र से संज्ञा शून्य हो पृथ्वी पर गिर जाते हैं। निश्चेष्ट भाई लक्ष्मण को गोद में लेकर राम करुण विलाप करते हैं। इसी समय नारद वहाँ पहुँचकर राम को समझाते हुए उनके परब्रह्मत्त्व का वर्णन करते हैं[97]–

रामरामाविरामस्त्वं युद्धे त्रिदशविद्विषाम्।
देवो नारायणः श्रीमान्परमात्मा सनातनः।।
भगवन्भुवनारम्भव्यापारेषु प्रजासृजः।
त्वदनुप्राणिता शक्तिः संहारेषु हरस्य च।।
हिरण्याख्यवधे व्यस्ता वराहेण वराहवे।
त्वया वसुन्धरोद्धारधीरेण धरणीधराः।।
त्वया दैत्या द्विपेन्द्रस्य लीलाकेसरिणा नखैः।

यशांसि मौक्तिकानीव लुण्ठितानि सहासुभिः।।
त्रैलोक्याक्रान्तिविभवः प्रययौ बलिसंयमे।
ब्रह्माण्डमण्डपे दण्डपादस्थे मानदण्डताम्।।
ज्वालाजालटालस्ते परशुर्भार्गवाकृतेः।
जजृम्भे क्षत्रियवने दीर्घदावाग्निलीलया।।
सर्वदेवमयात्माः त्वं सर्वयज्ञमयः प्रभुः।
सर्वदेवमयाकारः पुरुषः सर्वलोककृत।।
वैकुण्ठस्त्वमकुण्ठश्रीः पद्मनाभो नभः प्रभुः।
केशवः केशहर्ता च शेषशायी नरेश्वरः।।
स्मरस्व सचिवं देव गरुड़ं गरुड़ध्वज।
भुजङ्गपञ्जरं घोरं स क्षिप्रं क्षपयिष्यति।।

रावण-वध के बाद सीता की अग्नि परीक्षा के समय सभी देवता फूलों की वर्षा करते हुए आकाश में स्थित हो गए। इन्द्र से प्रेरित दशरथ सीता के सतीत्त्व की विश्वसनीयता दिलाते हुए राम के परब्रह्मत्त्व का वर्णन करते हैं। वे कहते हैं–राक्षसों का विनाश करने वाले प्रजानाथ! आप क्यों अपरिचित व्यक्ति की भाँति निर्दोष सीता का परित्याग करते हैं। क्या अपने अच्युत स्वरूप को नहीं जानते। हे जगन्निवास! क्या आप अपने प्रभाव को भूल गये हैं।[98] पुनः इन्द्र से प्रेरित ब्रह्मा भी राम को उनके परब्रह्मत्त्व का स्मरण कराते हैं[99]–

देवो नारायणः श्रीमन्पद्मनाभो विभुर्भवान।
स्वेच्छामात्रसमुन्मेषो यस्यायं विश्वसंभ्रमः।।
चराचरस्य स्रष्टारं भ्रातारं जगतामपि।
संहर्तारं च पर्यन्ते त्वामाहुः कारणं त्रिधा।।
सर्वयज्ञमयं धाम सर्वदेवमयं वपुः।
सर्वदेवमयश्चात्मा कस्यान्यस्य यथा तव।।
पराकाशावकाशेऽस्मिन्नेकोऽर्कस्त्वं सदोदितः।
हंसो हिरण्यवर्ण्यश्च मानसोरुसरोरुहे।।
पुरुषस्यामेयस्य शाश्वतस्य प्रजापतेः।
स्तुतौ शक्तात्र नैवैषा तावती यदि भारती।।
सर्वावतारलीलासु तव विस्त्रम्भसाक्षिणी।
लक्ष्मीः क्षिति समुद्भूता लती जनकनन्दिनी।।

इसके अतिरिक्त और भी कई स्थलों पर ब्रह्मादि देवतागण तथा अगस्त्यादि अनेक ऋषियों-महर्षियों ने भी राम के परब्रह्मत्त्व एवं अमितप्रभाव का यथासाध्य वर्णन

ग्रंथ में किया है। कवि क्षेमेन्द्र ने बालकाण्ड, सुन्दरकाण्ड एवं उत्तरकाण्ड के प्रथम श्लोकों में भगवान का ही यशोगान किया है–

जितं भगवत्रा तेन हरिण लोकधारिणा।
अजेन विश्वरूपेण निर्गुणेन गुणात्मना।।

अंत में सम्पूर्ण लीला संवरण करके परमधाम को पधारने के प्रसङ्ग में भी यह बात स्पष्ट कर दी गयी है कि राम साक्षत् पूर्ण ब्रह्म परमेश्वर थे।[100] इसके पूर्व काल-वाक्य से भी राम के परब्रह्मत्त्व की सूचना मिलती है।[101]

यः स ते नाभिनाज्जातः पद्मनाभसरोरुहात्।
कृतकृत्यं जगत्कार्ये त्वामाह स चतुर्मुखः।।
कैटभारे जगद्भार हरता रक्षितं त्वया।
विलुण्ठ्यमानं रक्षोभिर्देवानां विशदं यशः।।
एकादशसहस्त्राणि वर्षाणां राज्यमूर्जितम्।
कृतं तद्वैष्णवं धाम निजमासाद्यते न किम्।।
शक्तिर्विश्वपरित्राणे विश्वनिर्माणशालिनी।
सुरकार्यैकनिरता न त्वया रहितस्य मे।।

भरत

सात्त्विक प्रवृत्तियों के उन्नायक एवं प्रतीक भरत का चरित्र सर्वोपरि है। यद्यपि रामायणमञ्जरी में अनेक चरित्रवान पात्रों के दर्शन होते हैं, तथापि भरत का चरित उनमें अनूठा, सर्वाङ्ग सुन्दर चित्रित किया गया है। अनेक संघर्षमयी परिस्थितियों की कसौटी पर भरत अपने अदम्य साहस, अटूट धैर्य एवं अविकम्पित शक्ति द्वारा पूर्णरूपेण खरे उतरते हैं। प्रलोभनों का विशाल जाल चतुर्दिक फैला हुआ है, दशरथ मरण, राम वनवास, आत्मग्लानि, जनसाधारण की उनके प्रति आशंकित दृष्टि इत्यादि असंख्य एवं विशाल गर्जन करती हुई उर्मियों के आवर्त में भी भरत का धैर्य, भक्ति-स्नेह एवं कर्तव्यनिष्ठ रूप अडिग एवं अचल है।

रामायणमञ्जरी में भरत चरित के चित्रांकन के प्रमुख स्थल हैं–कैकय देश से प्रत्यावर्तन पर भरत की दशा, चित्रकूट प्रसङ्ग, अवध में निवास स्थिति तथा राम के अयोध्या लौटने पर उनका अप्रतिम रूप। भरत चरित्र से संबन्धित इन स्थलों में प्रमुख रूप से उनकी पितृ-भक्ति एवं आद्योपान्त भाई राम के प्रति उनकी असीम भक्ति, स्नेह एवं स्वामिधर्मिता का स्वरूप चित्रित है। इन्हीं प्रसङ्गों में निहित भरत चरित्र के अन्य सद्गुणों का भी प्रचुर एवं विलक्षण विकास हुआ है।

रामायणमञ्जरी में भरत की अनुपम पितृ-भक्ति का दर्शन होता है। ननिहाल

से वापस अयोध्या लौटने के बाद माता कैकेयी से पिता के स्वर्गवास का समाचार पाने पर, शोक के कारण इनकी जो दशा हुई तथा उन्होंने पिता के लिए जिस प्रकार बार-बार विलाप किया उससे उनके श्रद्धासमन्वित सच्चे पितृ-स्नेह का परिचय मिलता है।[102] माँ से राम वन गमन एवं पिता की मृत्यु का कारण जानकर भरत कैकेयी को धिक्कारते हुए तथा स्वयं को दोषी ठहराते हुए माता कैकेयी की बार-बार निन्दा करते हैं।[103] इस स्थल पर पिता की मृत्यु का कारण कैकेयी को जानकर उन्हें धिक्कारने तथा स्वयं को दोषी ठहराने में भी भरत की पितृ-भक्ति ही लक्षित होती है। तदनन्तर भरत कौशल्या से मिलते हैं। उनके समक्ष पिता की मृत्यु तथा भाई के वनगमन का कारण स्वयं को मानकर वे शोक विह्वल विलाप करते हुए मूर्च्छित होकर भूमि पर गिर पड़े। भूमि पर पड़े-भरत ने वह रात बितायी। पुनः वशिष्ठ तथा मंत्रियों के परामर्श से शोकाग्नि से तप्त भरत ने पिता का दाह-संस्कार आदि पूर्ण किया। दशरथ संस्कार को पूर्ण करते-करते भरत पुनः शोक मूर्च्छित हो जाते हैं।[104] इन स्थलों से भरत की अनुपम पितृभक्ति का सहज ही अनुमान लगाया जा सकता है। पिता की मृत्यु का समाचार सुनने से लेकर उनके दाह-संस्कार तक भरत के आँसुओं की निर्झर धारा अजस्र बहती रही। इस बीच शोकावस्था में न जाने कितनी बार वे मूर्च्छा को प्राप्त हुए।

भरत की मातृ भक्ति अनुपम है। भरद्वाज मुनि से माताओं का परिचय कराते समय माता कौशल्या तथा सुमित्रा के प्रति उनके आदर, स्नेह एवं भक्ति का परिचय दर्शनीय है। आर्य राम की माता कौशल्या के यश और तेज की तुलना करने वाली कोई भी माँ इस लोक में नहीं हैं[105]–

इयमार्यस्य कौशल्या माता जिष्णोरिवादितिः।
माता यस्य न लोकेऽस्ति यश सामथ तेजसाम।।

इसी प्रकार वीर लक्ष्मण और शत्रुघ्न की उदारचित वाली माँ सुमित्रा के विषय में भी भरत अपनी आदर बुद्धि प्रकट करते हैं[106]–

इयं सुमित्रा भगवन्वीरबृत्तिरिवेचिता।
यस्या लक्ष्मणशत्रुघ्नौ वीर्यौदार्यचितौ सुतौ।।

कौशल्या और सुमित्रा के प्रति उनकी भक्ति एवं स्नेह का परिचय रामायणमञ्जरी में तो प्राप्त होता है, किन्तु निज जननी कैकेयी के प्रति उनकी आदर बुद्धि का एक भी स्थल नहीं दिखाई पड़ता। इसका कारण तो सर्वविदित ही है।

भरत के भ्रातृ-स्नेह के विषय में जितना कुछ कहा जाय वह अल्प ही है। उन्होंने तो भ्रातृ-प्रेम का अद्वितीय मानदण्ड ही स्थापित कर दिया। आज भी यदि

कहीं भाई-भाई से स्नेह की पराकाष्ठा का निदर्शन देना होता है तो लोग भरत के अतुलनीय, अनुपम एवं अद्वितीय भ्रातृ-प्रेम को ही उदाहरण के रूप में प्रस्तुत करते हैं। भरत शत्रुघ्न को बहुत प्रेम करते थे। बचपन से ही शत्रुघ्न छाया की भाँति भरत का अनुगमन करते हैं।[107] विवाहोपरान्त के साथ वे ननिहाल जाते हैं। पुनः अयोध्या लौटकर पिता की मृत्यु तथा राम वन गमन से शत्रुघ्न भी भरत की भाँति दुःखी हो जाते हैं। भरत के साथ राम को वापस लाने के लिए शत्रुघ्न वन गए तथा वापस लौटकर भरत के साथ नन्दिग्राम में रहते हुए उनकी सेवा एवं भक्ति में संलग्न, उनके आदेशानुसार राज्य कार्य का संचालन करते हैं। इस प्रकार शत्रुघ्न भाई भरत के सुख एवं दुःख में अहर्निश साथ रहे। ऐसे विनीत, सेवापरायण शत्रुघ्न के प्रति भरत के असीम स्नेह का सहज ही अनुमान लगाया जा सकता है। इसी प्रकार लम्मण के प्रति भी भरत के अपरिमित स्नेह का परिचय रामायणमञ्जरी में मिलता है। इसका सबसे बड़ा प्रमाण यही है कि यद्यपि लक्ष्मण ने उनकी माँ कैकेयी की निन्दा की तथा यहाँ तक कि उनके चरित्र पर भी आशङ्का व्यक्त की किन्तु भरत इतने पर भी लक्ष्मण के प्रति असीम स्नेह रखते हुए उन्हें राम भक्ति में संलग्न समझकर ही धन्य माना।

राम के प्रति उनकी अनुपम भक्ति, स्नेह एवं सेवापरायणता तो सर्वोत्कृष्ट है। वास्तव में राम भक्त के रूप में ही भरत चरित्र के सभी अंशों का पूर्ण विकास रामायणमञ्जरी में देखने को मिलता है। राम के वन गमन का समाचार पाते ही भरत बार-बार करुण विलाप करते हुए भरत ने कैकेयी द्वारा किए गए इस गर्हित कार्य की घोर निन्दा की तथा राम को अयोध्या वापस लाने के लिए वन जाने को उद्यत हो गए। भ्रातृ वियोग में दुःखी भरत वन जाते समय भाई राम के प्रति जो वचन कहते हैं, उसमें अनुपम भक्ति एवं स्नेह का दर्शन होता है।[108] इन वचनों को कहते हुए वे बार-बार विलाप करते हैं। पुनः वन के लिए प्रस्थान करते हैं।

वन गमन के समय मार्ग में निषादराज से राम द्वारा चीर एवं जटा धारण की बात सुनने पर उनका महाशोक पुनः नये भाव को प्राप्त हो गया। वे व्यथित होकर पृथ्वी पर गिर पड़े।[99] तदनन्तर भरद्वाज ऋषि से राम के चित्रकूट निवास की बात सुनकर भी भरत अत्यन्त दुःखार्त हो जाते हैं।

निरन्तर भ्रातृ वियोग में दुःखी एवं रास्ते भर विलाप करते हुए भरत किसी प्रकार चित्रकूट में आश्रम के नजदीक पहुँचते हैं। उस मनोहर आश्रम के पास लक्ष्मण सहित राम को वल्कल एवं जटा धारण किए हुए देखकर तथा इस विपत्ति का कारण अपने को जानकर भरत अश्रुवाष्प गद्गद वाणी में विलाप करने लगे। पुनः भाइयों के जटा आदि धारण से उत्पन्न कष्ट एवं लज्जा तथा मिलने की उत्सुकता से उत्पन्न

हर्ष आदि कई भावों से युक्त विलाप करते हुए तथा विचलित होते हुए पैरों वाले भरत भाई के पास पहुँचे। आँसुओं से रुंधी दृष्टि, कृश एवं म्लान मुख से आर्य! केवल इतना ही कहकर भरत भूमि पर गिर पड़े। इस प्रकार शोक मूर्च्छित एवं भूमि पर गिरे हुए भाई भरत को बांहों के सहारे अङ्क में भरकर राम विलाप करने लगे। प्रीतिपूर्वक उनके सिर को सहलाते हुए तथा उनके स्नेह एवं भक्ति की प्रशंसा करते हुए राम समाचार पूछने लगे। इस स्थल पर भी भ्रातृ-स्नेह एवं भक्ति का दर्शन होता है।

दूसरे दिन वशिष्ठ आदि प्रमुख लोगों सहित भरत राम से अयोध्या वापस चलने के लिए निवेदन करते हुए कहते हैं–आर्य! मैं सहज भक्ति के कारण ही आपके सामने बोलने की इच्छा कर रहा हूँ, वैसे तो यह मेरी प्रगल्भता ही है। पिताजी के बाद इस पृथ्वी का भार वहन करने में आप ही समर्थ हैं। यदि स्त्री के वशीभूत होकर पिताजी ने यह भार मुझे सौंप दिया तो इसमें मेरी बुद्धि का विप्लव क्या है। हे राम! यह क्रमागत राज्य आप ही का है। मुझे राज्य प्राप्ति की कोई इच्छा नहीं है। सच कहता हूँ कि मुझे केवल आपके चरणों की सेवा ही चाहिए। लोकप्रिय उन महाराज के बाद हे आर्य! प्रजा आप जैसा सूर्य के उदय की प्रतीक्षा कर रही है। फिर यदि आपने पिताजी के आदेश से राज्य त्याग कर दिया है तो यह दास उसे किस तरह ग्रहण कर सकता है। हे प्रभु! प्रसन्न होवें तथा राजा के वियोग से व्यथित इस प्रजा की विपत्ति को विस्मृत कराकर स्वामीविहीन पृथ्वी का पालन करें।[111] भरत के उपर्युक्त वचनों से उनका अपरिमित त्याग, भाई राम के प्रति निष्ठा, स्नेह एवं भक्ति का दर्शन होता है।

तदनन्तर राम ने बहुत सी शास्त्रोक्त बातें कहते हुए तथा पिता की आज्ञा का महत्त्व दिखाकर भरत को भली-भाँति समझाया। किन्तु भरत को सन्तोष कहाँ? वे पुनः शोक में डूबे हुए तथा नेत्रों से नीर बहाते हुए राम से निवेदन करते हैं–आर्य प्रसन्न हों, तथा मुझ पातकी का कैकेयी द्वारा डाले गए पापपङ्कल से उद्धार करें। आप द्वारा प्रशस्त मार्ग मेरे लिए अत्यन्त कुटिल जान पड़ता है। अपने जैसे पापी के बंधन से प्रजा को मुक्त करने के लिए मैं अब इस निर्जन वन में आपके व्रत का पालन करूँगा।[112]

पुनः राम ने भरत को बहुविध समझाया। इस प्रकार वार्तालाप के फलस्वरूप जब राम ने अपनी स्वीकृति नहीं दी तो भरत पुनः बहुत दुःखार्त होकर कहने लगे–जब तक मेरे स्वामी प्रसन्न होकर ज्येष्ठ क्रमागत राज्य नहीं स्वीकार करेंगे तब तक मैं बिना खाए-पीए इस आश्रयविहीन जंगल में तापस जीवन व्यतीत करूँगा। ऐसा कहते हुए सुमन्त्र को दर्भासन लगाने का इशारा करते हैं। तदनन्तर स्वयं ही दर्भासन बिछाकर बैठ गये।[113]

राम फिर भरत को समझाते हुए कहते हैं कि हे वत्स! रघुवंश की कुलसम्पदा नष्ट मत होने दो। मेरी आज्ञा से जाकर धर्मपूर्वक प्रजा की रक्षा करो। मुनियों ने भी भरत को समझाते हुए कहा कि हे भरत! सत्यप्रतिज्ञ राम को बाध्य न करके तुम राज्य स्वीकार कर लो। राम तथा मुनियों के इन वचनों को सुनकर मन में यह निश्चय करके कि राम राज्य नहीं स्वीकार करेंगे; भरत पुनः बज्राहत हो भाई के चरणों में गिरकर विलाप करने लगे। राम उन्हें अङ्क में भरकर प्रेमाश्रुओं से अभिषेक करते हुए बोले, "हे वत्स! तुम्हारे महान सत्य एवं अत्यन्त स्नेह को देखते हुए मैं कुल धर्म के कारण सत्य का त्याग करने में असमर्थ हूँ। दुःखी मत होओ। मेरी आज्ञानुसार अयोध्या वापस जाकर सात समुद्रों से युक्त पृथ्वी का पालन करो[114]

सत्यप्रतिज्ञ राम के प्रेम और शिक्षापूर्ण वचन सुनकर तथा उनकी दृढ़ता देखकर मुनियों के आदेश से राम की चरणपादुका लेकर भरत अयोध्या की ओर चल दिए। अयोध्या पहुँचने पर भू-भार की चिन्ता हृदय में रखकर मुनियों के परामर्श से राम के आगमन की अवधि शत्रुघ्न सहित नन्दिग्राम में रहने का निचश्य कर लिया। फिर सिंहासन पर चरणपादुका रखकर पूजा तथा छत्र-चामर से उसकी सेवा करते हुए, भरत जटावल्कल युक्त, ब्रह्मचारी के वेश में फलाहार करते हुए पृथ्वी का भार वहन करने लगे।[115]

लङ्का विजय के बाद हनुमान द्वारा राम के आगमन तथा उनकी कुशलता का समाचार पाकर भरत हर्षातिरेक से विह्वल हो गये। थोड़ी देर के लिए इस सुखद समाचार से भरत निश्चल मूर्ति से बन गये। पुनः धीर-धीरे थोड़ा धैर्य प्राप्त करके हर्षाश्रुपूर्ण नेत्रों के आँसुओं को हाथ के अग्रभाग से पोंछते हुए हनुमान से बोले, "आपके मुख से भगवान कुशलता के प्रिय समाचार से बहुत ही सुखानुभुति हो रही है। ऐसा कहते हुए भरत ने सहस्त्र करोड़ मुद्राएं हनुमान को प्रदान कीं। पुनः सभी पुरवासियों को नगर अलंकृत करने की सूचना देते हुए मन्त्री, नौकर तथा माताओं सहित बड़े भाई की अगवानी करने चल दिए।[116] यह भरत का राम के प्रति अपरिमित स्नेह ही है कि उनके आगमन की सूचना मात्र से ही वे हर्षातिरेक में फूले नहीं समाते।

विमान पर स्थित अनन्तवीर्य राम को देखकर भरत अत्यन्त हर्ष के कारण दूर से ही प्रणाम करते हैं। दीर्घ प्रवास से उत्पन्न सम्मिलन की उत्सुकता से राम भरत को विमान से उतरने के पूर्व ही बांहों में भरकर आलिङ्गन करने लगे। फिर भरत हर्षपूर्वक राम को उनका धरोहर राज्य वापस कर दिये। सभी लोग इस सौजन्य पूर्ण वातावरण को साधुवाद कहने लगे। भरत के गुणों की लोगों ने भूरि-भूरि प्रशंसा की।[117]

रामायणमञ्जरी के उपर्युक्त स्थलों के आलोक में निस्संदेह यह कहा जा सकता हैं कि भरत की राम भक्ति जगत के इतिहास में अद्वितीय है। इनका त्याग, संयम, व्रत, नियम सभी सराहनीय और अनुकरणीय हैं। इनके चरित्र में स्वार्थ त्याग, सहिष्णुता गम्भीरता, सरलता, क्षमा, वैराग्य और स्वामिभक्ति आदि गुणों का पूर्ण परिपाक रामायणमञ्जरी के उपर्युक्त सन्दर्भों से स्पष्ट ध्वनित होता है। भक्तिसहित निष्काम भाव से गार्हस्थ्य में रहते हुए प्रजापालन का ऐसा सुन्दर उदाहरण अन्यन्त्र कठिन है।

इस प्रकार भरत यद्यपि सर्वथा साधु, निर्दोष एवं अनुपम भ्रातृ-स्नेही थे तथापि उनको सबके सन्देह का पात्र बनना पड़ा। अयोध्या में पिता की मृत्यु तथा भाई के वियोग दुःख से विह्वल वाष्पपूरित नेत्रों से युक्त, लज्जा से ग्लान मुख कान्ति वाले भरत जब मां कौशल्या से मिलकर कैकेयी तथा अपने दोष को सुनाते हैं तो कौशल्या भरत को शंकालु दृष्टि से देखते हुए कहती हैं[118]–

गतस्ते जनकः स्वर्ग यातः काननमग्रजम्।
भजतामधुना राज्यं जनन्या समुपार्जितम्।।

कौशल्या की ऐसी बातें सुनकर भरत का हृदय दुःख से विदीर्ण हो गया। फिर वे सत्य का आश्रय लेकर भाई राम के प्रति अपने असीम अनुराग का वर्णन करते हैं। भरत के ऐसे निर्दोष विचारों को सुनकर कौशल्या उनके गुणों की प्रशंसा करती हैं जिससे भरत चरित्र में निहित स्थिर, साधुता, विशुद्धता, विवेकशीलता तथा सत्य बुद्धि आदि सद्गुणों का परिचय मिलता है[119]–

पुत्र जानामि ते भावं शपथं मा कृथाः परम्।
साधोर्विशुद्धसत्वस्य सदा तव विवेकिनः।
दोषयङ्क इव व्योम्नः कदा केनानुमीयते।।

भरत स्थिर संकल्प वाले थे। इसीलिए उन्होंने राम को वापस लाने के लिए वन को प्रस्थान किया। किन्तु वन जाते समय उनकी चतुरङ्गिणी सेना को देखकर निषादराज के मन में भी सन्देह उत्पन्न होता है कि निश्चय ही वैभव लोलुप भरत राम के वध हेतु आ रहे हैं–**नूनं विभवलुब्धोऽयं रामं हन्तुमागतः**। परन्तु बाद में भरत के स्थिर संकल्प को जानकर उसकी भी शङ्का निर्मूल हो गयी। उसने प्रणाम करके भरत का विधिवत सत्कार भी किया।

इसी प्रकार चित्रकूट में सेना सहित भरत को देखकर लक्ष्मण उनके प्रति संदेह प्रकट करते हुए बहुत ही कठोर वचन कहते हैं।[120] भरत के प्रति लक्ष्मण की शङ्कालु बातें सुनकर राम भरत के सद्गुणों की प्रशंसा करते हुए लक्ष्मण की शङ्का का

समाधान करते हैं। राम भरत की प्रशंसा करते हुए उनके जिन सद्गुणों की चर्चा करते हैं। उसके अनुसार भरत **उच्चकुलोत्पन्न, विकारहीन, बुद्धिमान, तथा वृद्धजनसेवी, आज्ञाकारी, धीर एवं सद्वृत्ति युक्त** हैं। राम कहते हैं–लक्ष्मण! उच्चकुलोत्पन्न, बुद्धिमान तथा वृद्धजनसेवी व्यक्तियों के मन में विकार नहीं उत्पन्न होता है। धीर एवं सद्वृत्ति युक्त भरत मुझमें विशद आशय के साथ भक्ति रखता है। अतः उसके विषय में व्यर्थ ही शङ्का मत करो। फिर यदि तुम्हें राज्य की इच्छा हो तो निःसन्देह भरत मेरी आज्ञा से तुम्हें राज्य सौंप देगा।[121]

इस प्रकार भरत के सदृश सर्वथा निःस्पृह धर्मात्मा एवं त्यागी महापुरुष का सबके सन्देह का शिकार बनना जगत के इतिहास में अनोखी बात है। इतने पर भी भरत सब कुछ सहन करते हैं। राम के प्रति भरत की अनन्य निष्ठा, भक्ति स्नेह एवं सेवापरायणता का सर्वोत्कृष्ट मापदण्ड यही है कि जब स्वयं राम ही सद्गुणों तथा पावन चरित्र की निजमुख से प्रशंसा कर दिए तो इसका अनुमान लगाना कठिन नहीं कि भरत का चरित्र कितना महान, पावन एवं उज्ज्वल है।

लक्ष्मण

रामायणमञ्जरी में रामसेवाव्रती लक्ष्मण का चरित्र बड़ा ही अनुपम है। अनेक बातों से समान होते हुए भी लक्ष्मण राम और भरत से भिन्न हैं। यद्यपि उन्हीं की भाँति वे भी सत्यप्रिय, सरल, विनम्र, कर्तव्यपरायण और दृढ़ हैं, किन्तु वे उनकी भाँति समाजधर्मी नहीं स्वामिधर्मी हैं। यह बात रामायणमञ्जरी में आद्योपान्त वर्णित लक्ष्मण के चरित्र से स्वतः स्पष्ट हो जाती है। सम्पूर्ण ग्रंथ में जनम से लेकर स्वर्गारोहण के पूर्व तक लक्ष्मण राम की ही सेवा भक्ति में संलग्न रहते हैं। वे मनसा, वाचा और कर्मणा राम में ही अनुरक्त दिखाई पड़ते हैं। बालकाण्ड के प्रारम्भ में ही कहा गया है कि क्रीड़ा, विद्या, विनयशीलता आदि गुणों में लक्ष्मण नित्य प्रति राम का ही अनुकरण करते हैं।[122] बाल्यावस्था में तो लक्ष्मण रामानुकर्णी थे ही, बाद में भी विश्वामित्र की यज्ञरक्षा में राम के साथ जाकर दिन-रात उन्हीं के साथ रहने में ही उन्हें सुख मिलता है।

लक्ष्मण की स्वामिधर्मिता का तो सम्पूर्ण ग्रंथ में वर्णन सुलभ ही है, परन्तु यह सबसे अधिक आकर्षक उनके स्वामी राम के साथ वन चलने वाले आग्रह से प्रमाणित होती है। अयोध्याकाण्ड के अन्तर्गत वनगमन के समय राम लक्ष्मण को नीतिसम्मत बातों के द्वारा समझाते हुए कहते हैं–"तुम भरत के साथ यहाँ रहते हुए माता-पिता की सेवा में संलग्न रहो तथा समस्त विकारों का त्याग कर मेरे आदेशानुसार इस पृथ्वी का पालन करो।"[123] राम के ऐसे वचन को सुनकर, वनगमन के लिए उद्यत, सत्य एवं धैर्य सम्पन्न, वीर लक्ष्मण राम से कहते हैं, "आर्य! मैं सदैव छाया की भाँति

आपका अनुगमन करने वाला हूँ। आपको छोड़कर एक पल भी मैं कैसे रह सकता हूँ।"[124]

तत्पश्चात लक्ष्मण के दृढ़ आग्रह को जानकर राम उन्हें साथ चलने की अनुमति दे देते हैं। पुनः वनवास की सम्पूर्ण अवधि में लक्ष्मण सेवाव्रत का पालन करते हुए विनयपूर्वक एक दास की भाँति स्वामी राम एवं सीता के प्रति अहर्निश कर्तव्य पालन में जुटे रहे।

लक्ष्मण राम के सेवक ही नहीं अपितु भाई भी थे। लक्ष्मण तो स्वामी राम का सेवक की तरह आदेश पालन करते थे, परन्तु राम लक्ष्मण से सदैव एक छोटे भाई की तरह समझाते-बुझाते एवं प्रेम करते थे। राम एवं लक्ष्मण में परस्पर असीम स्नेह का भी यही रहस्य जान पड़ता है। राम सदैव भाई लक्ष्मण की विनम्रता, सरलता तथा कर्तव्यपरायणता आदि से आर्द्र रहते थे। लक्ष्मण उनको प्राणों से भी अधिक प्रिय थे। तभी तो रावण के शक्ति बाण से मूर्छित हो जाने पर राम का करुण विलाप इतना असह्य एवं हृदय-विदारक है। राम विलाप करते हुए कहते हैं, "हा लक्ष्मण! तुमने मेरे लिए सुखों का परित्याग किया, फिर क्यों मुझसे विमुख हो, भूमि का आलिङ्गन कर सो रहे हो। सब जगह बन्धु-बान्धव और मित्र हैं, किन्तु अभिन्न जन्मदेह वाला वह सहोदर तो दुर्लभ हो गया। मन्त्री, बन्धु, पुत्र, शिष्य एवं मित्रादि के रहते हुए भी लक्ष्मण के समान भाई भाग्यहीनों को नहीं मिलता। मेरा सर्वस्व अभिमान भग्न हो गया, मैं कैसे जीवित रह सकता हूँ। लक्ष्मण जो मेरा दाहिना भुजा था वह कट गया।[125] इन वाक्यों को कहते हुए राम भाई लक्ष्मण के लिए बार-बार विलाप करते हैं।

इसी प्रकार काल वाक्य की प्रतिज्ञा में बँध जाने पर जब राम को अपने प्रिय भाई लक्ष्मण का त्याग करना पड़ा तो उस समय भी उनके कष्ट का पार न रहा। पुनः जब लक्ष्मण का स्वर्गारोहण हो जाता है तब तो लक्ष्मण से हीन राम की मानो दशों दिशाएँ ही शून्य हो गयीं।[126] यही नहीं उन्होंने भरत एवं शत्रुघ्न को बुलाकर राज्य आदि सभी पुत्रों को सौंपकर अपने भी स्वर्गारोहण की तैयारी कर लेते हैं।

उपर्युक्त स्थलों से स्पष्टतः लक्षित होता है कि लक्ष्मण का अपने स्वामी एवं भाई राम के प्रति असीम स्नेह, भक्ति एवं विनम्र व्यवहार था तभी तो राम की, लक्ष्मण शक्ति एवं लक्ष्मण त्याग के समय यह करुण दशा देखने को मिलती है।

कर्तव्याकर्तव्य के विचार में लक्ष्मण की नम्रता एवं विनयशीलता कभी भङ्ग नहीं होती। अरण्य पर्व[127] के अन्तर्गत राम के बाण आहत मायामृग जब हा! लक्ष्मण, कहते हुए आर्तनाद करता है तो सीता पति को विपत्ति ग्रस्त जानकर लक्ष्मण को उनके पास जाने को कहती हैं। इस पर लक्ष्मण सीता को भली प्रकार समझाते हुए

कहते हैं—बहुत से भयंकर राक्षसों से युक्त इस जङ्गल में मैं आपको छोड़कर कैसे जा सकता हूँ जबकि राम ने मुझे आपके रक्षार्थ नियुक्त किया है। पुनः आप राम के पराक्रम को जानती हैं, कोई भी शत्रु उनके बाण से नहीं बच सकता है। लक्ष्मण के इन वाक्यों को सुनकर सीता शङ्कालु दृष्टि से देखती हुई लक्ष्मण से कहती हैं—तुम्हारे मन में मेरे प्रति जो मिथ्या प्रणय प्रयास है उसे मैं समझ रही हूँ। यही कारण है कि तुम प्रिय भाई के विनाश की प्रतीक्षा कर रहे हो।"[128] सीता के मुँह से ऐसे अप्रिय एवं कलङ्क युक्त वचनों को सुनकर लक्ष्मण डर गये तथा उनका हृदय जैसे वज्र से विदीर्ण कर दिया गया। लक्ष्मण हाथ जोड़कर बोले, "हे सीता! तुम मेरी माता के समान हो, तुमने कैसे अपने इस वाग्वाण से मुझे वेध दिया? हे माता! अब मैं शीघ्र ही राम को देखने जा रहा हूँ तुम्हारी दुरुक्ति के साक्षी ये वनचर हैं तथा वन देवता तुम्हारी रक्षा करें।[129]

इस प्रकार लक्ष्मण ऐसे धर्मसंकट में भी मर्यादा का अतिक्रमण न करके अपनी विनयशीलता का ही परिचय देते हैं। सीता द्वारा अनेक कटुक्तियों से चरित्र को लांक्षित करने पर भी वे उनसे हाथ जोड़कर क्षमा-याचना करते हैं साथ ही उनके रक्षार्थ वन देवताओं की प्रर्थना करते हुए अपने कर्तव्य का पालन करते हैं।

स्वामी तो स्वतन्त्र होता है लेकिन सेवक परतन्त्र। कभी-कभी ऐसे क्षण भी आते हैं जबकि स्वामिधर्मी धर्मसंकट में पड़कर अत्यंत कष्ट की अनुभूति करता है किन्तु फिर भी स्वामी का आदेश पालन तो उसका चरम लक्ष्य होता ही है। ठीक ऐसे ही धर्मसंकट में लक्ष्मण भी रामायणमञ्जरी में एक-दो स्थलों पर दिखाई पड़ते हैं। रावण वध के बाद जब विभीषण द्वारा सीता राम के सामने लायी जाती हैं तो राम बहुत से अपमान-सूचक शब्दों द्वारा सीता के चरित्र पर आक्षेप करते हैं। पुनः लज्जा, अपमान एवं कष्ट से युक्त सीता लक्ष्मण को चिता लगाने के आदेश करती हैं।[130] ऐसी परिस्थिति में जबकि एक तरफ स्वामी राम ने सीता को बहुत अधिक अपमानित किया तथा दूसरी तरफ सीता ने लक्ष्मण को चिता लगाने का आदेश दिया, दोनों ही लक्ष्मण के लिए अत्यंत कष्टदायी सिद्ध होता है। तथापि लक्ष्मण ने सारे कष्टों को सहते हुए अपने कर्तव्य को निभाया।

ठीक ऐसी ही परिस्थिति लक्ष्मण के समक्ष तब उत्पन्न होती है जब राम लोकापवाद के कारण सीता को गङ्गा के पार दूर निर्जन वन में छोड़ने का आदेश देते हैं। राम के इस आदेश पालन में लक्ष्मण को अत्यंत कष्ट होता है। वे इस नृशंस एवं क्रूर आचरण को शोकाग्नि में संतप्त होते हुए भी करने के लिए उद्यत हैं। इस घृणित कार्य से वे अपना जीवन ही व्यर्थ समझते हैं।[131]

उपर्युक्त स्थलों से यह विदित होता है कि लक्ष्मण सीता की इन दुःखद

परिस्थितियों में काफी उद्विग्न हो जाते हैं। ऐसा प्रतीत होता है कि वे न चाहते हुए भी स्वामी के आदेश का पालन करते हैं। प्रायः इस प्रकार के कर्तव्याकर्तव्य के बवन्डर प्रत्येक व्यक्ति के जीवन में आते रहते हैं और ऐसी स्थिति में साधारण मानव स्वामी या बड़े की आज्ञा का उल्लंघन भी कर देता है। परन्तु अद्भुत धैर्य सम्पन्न लक्ष्मण असह्य कष्ट को वज्र प्रहार की भाँति सहन करते हुए भी मर्यादा एवं कर्तव्य की रक्षा करते हैं।

लक्ष्मण अद्भुत पराक्रमी एवं कुशल योद्धा थे। जन्म से लेकर मृत्युपर्यन्त राम के साथ रहते हुए उन्होंने अनेक रासक्षों का वध किया। युद्ध काण्ड के अन्तर्गत तो उनके बाणों से रासक्षराज रावण के कई सेनापति मारे गये। युद्ध स्थल में राक्षसी सेना के उन्होंने छक्के छुड़ा दिए। उनके पराक्रम एवं शक्ति की पराकाष्ठा तो उस समय देखने को मिलती है जब उन्होंने ब्रह्मा से वर प्राप्त एवं इन्द्र आदि देवताओं को जीतने वाले इन्द्रजित का वध किया।[132]

यह स्पष्ट ही है कि लक्ष्मण सत्य प्रिय, सरल, विनम्र, कर्तव्य परायण, धीर, वीर एवं गम्भीर हैं। किन्तु उनके चरित्र में धैर्यसम्पन्नता का जो गुण है उसका अपवाद भी रामायणमञ्जरी के कई स्थलों पर प्राप्त होता है। इन स्थलों में लक्ष्मण चरित्र का एक दूसरा ही रूप उद्घटित होता है—यह है उनकी उग्रवादिता उनका क्रोधी स्वभाव। लक्ष्मण सत्यप्रिय हैं, वे असत्य एवं अन्याय को किसी स्तर पर किसी प्रकार भी सहन करने में समर्थ नहीं हैं। फिर अपने स्वामी एवं बड़े भाई राम जिनके लिए उन्होंने अपना सम्पूर्ण जीवन ही न्योछावर कर दिया, के प्रति किसी प्रकार के अन्याय को कैसे सहन कर सकते हैं। यही कारण है कि लक्ष्मण जब भाई राम के वन गमन हेतु पिता दशरथ को जान जाते हैं तो वे क्रोधावेश में राजा दशरथ को व्यसनी, स्त्री के वशीभूत आदि अपशब्दों से संबोधित करते हुए सम्पूर्ण कल्प का अन्त करने के लिए भी उद्यत हो जाते हैं।[133] परन्तु बाद में राम द्वारा समझाने पर उनका क्रोध शान्त हो जाता है।

इसी प्रकार अरण्य पर्व में भी लक्ष्मण भरत की सेना को आते देखकर क्रोधित हो उठते हैं। लक्ष्मण राम से कहते हैं—निश्चय ही कैकेयी पुत्र भरत राज्य वैभव के अभिमान के कारण राज्य भ्रष्ट आपके समूल नाश हेतु युद्ध करने के लिए आ रहा है।[134] पुनः कोप संतप्त लक्ष्मण की शङ्का का राम निवारण करते हैं।

किष्किन्धाकाण्ड के अन्तर्गत सुग्रीव जब राज्य एवं स्त्री को वापस पाकर विषयासक्त हो, रामकार्य को भूल गया तो उस समय भी लक्ष्मण के क्रोध का पार न रहा। क्रोधान्ध लक्ष्मण ने सुग्रीव की नगरी में पहुँचकर इस प्रकार गर्जना की मानो उनका वाण उस समय सम्पूर्ण सृष्टि को ही भस्म करने वाला हो। वे सुग्रीव सहित

वानरों के विनाश के लिए उद्यत थे।[135] परन्तु हनुमान आदि के द्वारा उनका क्रोध शान्त किया गया।

इस प्रकार लक्ष्मण के चरित्र का एक अंग उनका क्रोधी स्वभाव भी दिखलाई पड़ता है। ऐसे ही स्थलों पर लक्ष्मण का धैर्य एवं गाम्भीर्य विनष्ट हो जाता है तथा उनके उग्रवादी एवं क्रोधी व्यक्तित्व का परिचय मिलता है।

रामायणमञ्जरी में लक्ष्मण प्रायः विनयशील, सत्यप्रिय, स्वामिभक्त तथा कतिपय स्थलों पर उग्रवादी के रूप में भी दिखाई पड़ते हैं। परन्तु उत्तरकाण्ड के अन्तर्गत उनके चरित्र का एक और भाग देखा जा सकता है। कालवाक्य की प्रतिज्ञा में बँध जाने के कारण राम अत्यन्त दुःखी हो जाते हैं। प्राणों से प्रिय भाई लक्ष्मण को अपने मुँह से किस प्रकार प्राणदण्ड की सजा दें। इस पर लक्ष्मण उन्हें जीवन की निःसारता का उपदेश देते हुए कहते हैं–हे देव यदि आप लोक में सत्यव्रती हैं तो मेरे प्रति स्नेह को त्याग दीजिए तथा अपनी प्रतिज्ञा को व्यर्थ मत कीजिए। स्नेह में बँधे हुए शरीरधारियों का यह प्रेम मिथ्या है। क्योंकि काल की निःसार तरल गति इसी प्रकार ही होती है।[136]–

तं लक्ष्मणोऽवदद्देव प्रतिज्ञां मा वृथा कृथाः।
जहि मां स्नेहमुत्सृज्य लोके सत्यव्रतो ह्यसि।।
स्नेहानुवद्धो मिथ्यैव सर्वत्रायं शरीरिणाम्।
एवं रूपैव कालस्य निःसारतरला गतिः।।

सम्पूर्ण रामायणमञ्जरी में लक्ष्मण के इस प्रकार के वचन कहीं भी ध्वनित नहीं होते। यह उनके चरित्र का एक अलग अंश ही प्रकट करता है जिससे उनका सत्यप्रतिज्ञ एवं दार्शनिक स्वरूप स्पष्ट होता है।

शत्रुघ्न

रामायणमञ्जरी में शत्रुघ्न के चरित से सम्बन्धित विशेष विवरण नहीं मिलता परन्तु कुछ वर्णन सुलभ है, उसी से इनकी महत्ता का आकलन किया जा सकता है। वे राम के दासानुदासों में अग्रगण्य, मौनकर्मी, सदाचारी, मितभाषी, सत्यवादी, विषय विरागी, सरल, प्रेमी, तेजःपूर्ण गुरुजन अनुगामी, वीर एवं कुशल योद्धा थे।

शत्रुघ्न बाल्यकाल से ही सदैव भरत के साथ रहते थे,[137] अतः भरत और उनका चरित्र साथ-साथ विकसित होता है। इसीलिए रामायणमञ्जरी में उनके विषय में कोई विशेष बात अलग नहीं कही गयी है। उनके गुण और चरित्र का आकलन भरत के ही चरित्र से किया जा सकता है।

विवाहोपरान्त अयोध्या आने के कुछ ही दिन पश्चात् भरत को उनके मामा

युधाजित अपने देश ले जाने लगे, उस समय शत्रुघ्न भी उनके साथ ननिहाल चले गये।[138] ध्यातव्य है कि भरत के प्रेम में उन्होंने माता-पिता, भाई-बन्धु तथा नवविवाहिता स्त्री का कुछ भी मोह न करके भाई भरत के साथ रहना अपना परम कर्तव्य समझा। यह उनके प्रेमी व्यक्तित्व का ही द्योतक है।

शत्रुघ्न मौनकर्मी, मितभाषी तथा सदाचारी थे। ननिहाल से अयोध्या वापस लौटने पर सारा वृत्तान्त जानने के बाद भी वे कुछ नहीं बोलते, किन्तु भाई राम का वनवास तथा पिता की मृत्यु उनके लिए असह्य हो गयी जिसके फलस्वरूप मौनकर्मी शत्रुघ्न मन्थरा को देखते ही आग-बबूला हो जाते हैं। दुःख और क्रोध में भरे शत्रुघ्न मन्थरा के केश पकड़कर जमीन पर घसीटने लगे। उसका सम्पूर्ण शरीर धूलधूसरित हो गया, आभूषण टूटकर जमीन पर चारों तरफ बिखर गए। इसके बाद सम्पूर्ण पृथ्वी की प्रथम निन्दनीय तथा सभी पापों की एकमात्र जड़ यही है, ऐसा कहते हुए उसे छोड़ दिए। वह जाकर दूर गिर पड़ी।[139] अन्याय, पाप एवं दुराचार के विरुद्ध शत्रुघ्न द्वारा किया गया यह कर्म उनके सदाचारी व्यक्तित्व का भी बोध कराता है।

इसके बाद शत्रुघ्न भरत के साथ राम को वापस लाने के लिए वन जाते हैं, तथा राम से पादुका लेकर भरत के साथ ही अयोध्या वापस आए। अयोध्या आने के बाद वे राम के आने की अवधि तक नन्दिग्राम में ब्रह्मचर्य व्रत का पालन करते हुए भरत की आज्ञानुसार राज्य और परिवार की सेवा करते रहे। इस स्थल पर शत्रुघ्न चे चरित्र में निहित उनका विषय विरागी रूप भी स्पष्ट हो जाता है।

शत्रुघ्न महान पराक्रमी, परम तेजस्वी एंव कुशल योद्ध भी थे। ऋषियों के आग्रह तथा राम के आदेश से वे लवणासुर के वध हेतु उसकी राजधानी में पहुँचते हैं। वहाँ उसके साथ युद्ध करते हुए शत्रुघ्न ने अपने अतुलित पराक्रम, तेज एवं युद्ध कौशल द्वारा लवणासुर का वध किया। लवणासुर के वध पर देवताओं ने शत्रुघ्न की प्रशंसा करते हुए जय दुन्दुभि बजाई।[140]

प्रतिनायक रावण

धीरोद्धत, अधर्माचारी, व्यसनी (मनु द्वारा प्रतिपादित 18 प्रकार के व्यसनों में से किसी भी एक व्यसनवाला) नायक का प्रतिपक्षी प्रतिनायक कहलाता है[141]–**धीरोद्धतः पापकारी व्यसनी प्रतिनायकः**। रामायणमञ्जरी में वर्णित रावण के चरित्र में प्रतिनायक के उपर्युक्त सभी लक्षण घटित होते हैं। अतः रावण चरित्र की सम्पूर्ण विशेषताओं का वर्णन रामायणमञ्जरी के उद्धरणों से किया जा रहा है।

यद्यपि रामायणमञ्जरी में रावण का चरित्र राजसी एवं तामसी प्रवृत्तियों का प्रतीक, कुटिल राजनीतिज्ञ, महान पराक्रमशाली, कामी एवं क्रोधी अंकित किया गया

है, परन्तु सूक्ष्म दृष्टि से अवलोकन करने पर यह स्पष्ट हो जाता है कि प्रतिनायक होते हुए भी रामायणमञ्जरी में रावण का चरित्र परम ऐश्वर्ययुक्त, शोभा सम्पन्न एवं शौर्य पराक्रम से समन्वित चित्रित किया गया है।

जीवन का आदिकाल उसका तपस्वी रूप प्रतिष्ठित करता है।[142] वरदान प्राप्ति द्वारा वह अजेय एवं अमरवत बन गया।[143] तदनन्तर उसका दिग्विजय अभियान प्रारम्भ होता है। रावण अपने भाई कुबेर के प्रति विनीत होने पर भी अपने नाना सुमाली से प्रोत्साहन पाकर तथा प्रहस्त द्वारा पूर्व वृत्तान्त जानकर उनसे लङ्का का राज्य छीन लेता है।[144] पुनः देव, ऋषि, यक्ष गन्धर्वों पर अत्याचार करने लगा। कैलाश यात्रा करते समय यक्षों से युद्ध किया तथा कुबेर से द्वन्द्व युद्ध करके पुष्पक विमान का अपहरण कर लिया।[145] कैलाश पर्वत तक को अपनी भुजाओं द्वारा उठाकर अपने अतुल पराक्रम का परिचय दिया।[146] तत्पश्चात उशीरबीज देश में राजा मरुत को ललकार कर, यज्ञ में आहुत ऋषिगणों को मारकर उनका रक्त पान किया।[147] अयोध्या नरेश अनरण्य से युद्ध कर उन्हें पराजित किया।[148] नारद की प्रेरणा से यमलोक में यमराज से भिड़ा तथा यमकिङ्करों को परास्त कर अपने को यमलोक का विजयी घोषित किया।[149] तदनन्तर रसातल जाकर वरुणपुत्रों को मारकर वरुण लोक में भी अपनी शूरता की पताका फहराई तथा निवातकवच से मैत्री की।[150] सोम लोक जाकर भगवान शंकर से वर प्राप्त किया।[151] दिग्विजय से लौटते समय वर प्राप्ति के कारण उद्धत उसने अनेक देव, गन्धर्वों की सुललनाओं का अपहरण किया।[152] अपनी बहन कुम्भीनसी को मधु दैत्य द्वारा अपहृत सुनकर मधुपुरी गया परन्तु उससे संधि हो गयी।[153] इसके पश्चात उसने वर्ग विजय के लिए प्रस्थान किया। इन्द्रलोक पहुँचकर इन्द्रजित की सहायता से इन्द्र को बन्दी बनाया[154]

रावण को उत्तम कुल पुलस्त्य का वंशज कहा गया है।[155] उसके प्रतापवान पराक्रम युक्त एवं तेजस्वी बनने की प्रेरणास्वरूप उसकी माता का प्रोत्साहन बताया गया है।[156]

उसके लोकव्यापी आतंक का चित्रण रामायणमञ्जरी में अनेक स्थलों पर विद्यमान है। बालकाण्ड के प्रारम्भ में ही ब्रह्मादि देवताओं द्वारा आतङ्क का संकेत किया गया है।[156] इसके अतिरिक्त समय-समय पर शूर्पणखा, राक्षसियों, प्रहस्त, वज्रदंष्ट, इन्द्रजित आदि अनेक पात्रों द्वारा भी उसके लोकव्यापी आतंक का वर्णन किया गया है।[157] रावण स्वयं सीता से अपने आतंक का विवरण देता हुआ स्वप्रभुत्व का परिचय देता है।[158]

रामायणमञ्जरी में उसके परमतेजस्वी रूप का अंकन किया गया है। शूर्पणखा, विभीषण तथा हनुमान द्वारा उसकी तेजस्विता की चर्चा की गयी है।[159] उसके रसिक

एवं संगीतज्ञ रूप का भी विस्तृत उल्लेख मिलता है।[160]

उसकी स्नेहशीलता के भी पर्याप्त निदर्शन हैं। बहन शूर्पणखा के विधवा हो जाने पर उसके प्रति यथोचित् व्यवहार सराहनीय तथा मानवता का परिचायक है।[161] इसी प्रकार बहन कुम्भीनसी के साथ भी उसकी स्नेहशीलता एवं उचित व्यवहार का दर्शन होता है।[162] सहोदर भ्राता कुम्भकर्ण तथा प्राणप्रिय पुत्र इन्द्रजित की मृत्यु के उपरान्त उसके करुण विलाप में भाई तथा पुत्र के प्रति अद्भुत स्नेह का दर्शन होता है।[163]

रावण की कामुकता का भी विस्तृत उल्लेख रामायणमञ्जरी में मिलता है। देववती तथा अप्सरा रम्भा के प्रसङ्ग एवं उनके कारण प्राप्त शाप इसके पर्याप्त उदाहरण हैं।[164]

उसके सभी रूपों में राजा तथा राजनीतिज्ञ रूप विशिष्ट है जिसका व्यापक उल्लेख मिलता है। राजा रूप में वह परम तेजस्वी, सार्वभौमवशवर्ती सम्राट की भाँति अपने सम्पन्न राज्य में शासन करता है। उसके राज्य की कुशलता का प्रमाण उसके प्रजा की धन-धान्य एवं ऐश्वर्य सम्पन्नता है। उसके राज्य में निर्माणकला अपनी चरमसीमा पर प्रतिष्ठित थी। उसकी नगरी समृद्धि एवं शोभा में स्वर्गलोक के समकक्ष थी। हनुमान द्वारा सुन्दरकाण्ड के प्रारम्भ में लङ्कापुरी का वर्णन इसका स्पष्ट उदाहरण है।[165]

इसके अतिरिक्त वह अत्यन्त व्यवहारकुशल एवं वाग्म्यकोविद राजा की भाँति मंत्रिमण्डल से सदैव आवश्यक समस्याओं पर परामर्श किया करता था।[166] इसका अनेक स्थलों पर विवरण दिया गया है। यही कारण था कि उसके मन्त्री निर्भीकता से उचित मन्त्रणा देने में संकोच नहीं करते थे तथा समय पड़ने पर राजा की इच्छा के विरुद्ध भी उचित मत दिया करते थे।[167] राजा सूक्ष्म बुद्धि द्वारा उन पर विचार करके उस मन्त्रणा के अनुसार आचरण भी करता था। उदाहरणार्थ—नागपाशबद्ध हनुमान के प्रति दण्ड के लिए विभीषण की मंत्रणा का पालन करना।[168]

भेद नीति का अवलम्ब लेकर वह मारीच के पास अत्यन्त विनीत रूप से जाकर शरणागत भाव से सारी बातें कहता है। इतना ही नहीं वाग्म्यविशारद की भाँति निज स्वार्थसिद्धि हेतु मारीच की चाटुकारी भी करता है।[169] यह उसकी नीतिनिपुणता और कार्यसाधक रूप की ओर ही संकेत करता है। परन्तु उसके हठधर्म ने मारीच के प्रति दण्डनीति के लिए भी विवश कर दिया तथा मारीच के हितवार्ता की अवहेलना करा दी।[170] उसके इसी हठधर्म ने अनेक स्थानों पर प्रबल रूप धारण कर लिए जिसने उसके राजनीति कौशल चन्द्र में कलंक का स्थान ग्रहण किया तथा इसी

की प्रेरणावश उसने अनेक बार हित मन्त्रणाओं का तिरस्कार किया और दुष्परिणाम भोगी बना। मारीच, विभीषण, अतिकाय तथा माल्यवान आदि के हित मन्त्रणाओं की अवहेलना इसके स्पष्ट प्रमाण हैं।

उसके सभी गुणावगुणों में सबसे अधिक प्रबलतम रूप वर्णित है उसका अहं भाव जिसका अनुभव है उसकी आत्मश्लाघा। स्वपराक्रम पर गर्व है, क्योंकि उसे यह आत्मविश्वास है कि त्रैलोक्य में उसका प्रतिद्वन्द्वी नहीं है। अतएव उसे स्वाभिमान होना स्वाभाविक है। इसीलिए वह किसी भी परिस्थिति से भयभीत नहीं होता अपितु सभी चुनौतियों को सहर्ष स्वीकार कर संघर्ष करता है। उसकी गर्वोक्तियाँ इसी मनःस्थिति की प्रतीक हैं। रामायणमञ्जरी के अनेक स्थलों पर उसके अहं भाव को देखा जा सकता है।

उसकी मानवोचित दुर्बलताओं का भी दिग्दर्शन रामायणमञ्जरी में कराया गया है। भ्रातृ-शोक एवं पुत्र-शोक से व्यथित हृदय का भी मार्मिक चित्रण कवि ने मनोवैज्ञानिक रीति से किया है।[171] भाई विभीषण की हितवार्ता को न मानकर पश्चात्ताप भी व्यक्त करता है।[172] कवि ने उसकी अवधानता एवं अदूरदर्शी स्वरूप की निन्दा भी प्रजा द्वारा करवाई है।[173] राक्षस होने के कारण उसकी हिंसात्मक एवं घृणात्मक प्रवृत्ति को दर्शाया गया है।[174] उसका गर्व उसे प्रतिशोध के लिए विवश करता है।[175] मायाजाल का भी विस्तार करता है।[176]

रामायणमञ्जरी में रावण के चरित्र का स्वाभाविक विकास वर्णित हुआ है। उसमें राम के समकक्ष प्रतिनायकत्त्व विद्यमान है। वह दीप्ति, ऐश्वर्य, शक्ति एवं शौर्य समन्वित है। राजा रूप में वह किसी भी भाँति ऐश्वर्य एवं अनुशासन में राम से कम नहीं है। युद्ध कौशल की सभी विधियों में वह निष्णात है। इसीलिए वह देवताओं से अवध्य, दुर्दमनीय एवं लोककण्टक सिद्ध हुआ। परन्तु देववती एवं रम्भा आदि के रूप के कारण उसकी कामुक उच्छ्ङ्खलता का भीषण परिणाम उसे प्राप्त हुआ जिसका कि वह पात्र एवं अधिकारी था।

सहनायक सुग्रीव

सहनायक के लक्षण—नायक के बहुदूरव्यापी (अत्यन्त विस्तार पाने वाले) प्रासङ्गिक इतिवृति में उस नायक के सामान्य गुणों से कुछ न्यून गुणों वाला (प्रायः नायक की तरह गुणवान) नायक का 'पीठमर्द' नायक (कार्यविशेषेऽधिकृतत्वात्पीठं मृदनातीति पीठमर्दः इत्यन्वर्थ संज्ञा) सहायक होता है।[177] इस प्रकार सहनायक को 'पीठमर्द' भी कहा जाता है। यथा—रामायणमञ्जरी में सुग्रीव प्रासङ्गिक इतिवृत्त के

नायक हैं और नायक राम के सुदूरवर्ती चरित्र (रावणवधादि) में सहायक हैं। राम के कई गुण न्यूनाधिक मात्रा में सुग्रीव में विद्यमान हैं। अतः ये 'पीठमर्द' नामक सहायक हैं।

सुग्रीव का चरित्र-चित्रण

रामायणमञ्जरी में सुग्रीव चरित्र का प्रथम निदर्शन उसके सखा भाव रूप में होता है। राम सुग्रीव की मैत्री का लक्ष्य विशेषतः राजनीतिक है। क्योंकि अग्निसाक्षी[178] के सम्मुख मित्रता के ग्रंथि बन्धन के पश्चात ही राम और सुग्रीव के आवश्यक कार्य सम्पादित होते हैं।

रामायणमञ्जरी में सुग्रीव का मैत्री भाव अत्यन्त दृढ़ एवं स्वाभाविक चित्रित किया गया है। राम के सख्य भाव को प्राप्त करके सुग्रीव धन्य हो गया। मित्र राम को धैर्य बँधाते हुए कहता है–"प्रिय वियोग में तप्त आपके दुःसह दुःख को मैंने स्थायी रूप से अपने हृदय में स्थापित कर लिया है। अब आपको मेरे ऊपर विश्वास हो तो अपने शोक को त्यागकर इस कार्य का भार मेरे कन्धों पर रख दीजिए। सच कहता हूँ, इस पृथ्वी तथा रसातल में जहाँ कहीं भी सीता होंगी उनका पता लगाऊँगा।"[179] ऐसा कहते हुए सुग्रीव ने राम को सीता के वस्त्र आभूषण दिखाए। उसे देखकर राम वियोग में दुःख से व्याकुल हो जाते हैं। सुग्रीव मित्र को धैर्य बँधाते हुए पुनः कहता है–"आकाश, पाताल, पृथ्वी अथवा जल में जहाँ कहीं भी रावण सीता को अपहृत किए होगा, मेरी सेना उसे पता लगाने में समर्थ है। यह पराक्रम का समय है न कि शोक का। यदि आप जैसे लोग इस प्रकार शोक करेंगे तो हम लोगों की क्या गति होगी।"[180] मित्र सुग्रीव के ऐसे वचन सुनकर राम उसकी प्रशंसा करते हुए कहते हैं–"भाई तुम सच में ही मेरे अच्छे मित्र हो, जो इस प्रकार के मित्र कार्य के लिए तत्पर हो। यह सत्य ही है कि हृदय की तरह, प्रिय, मित्र दुःख में विवेकपूर्ण तथा सुख में विनययुक्त बोलते हैं। इस समय, देवता तथा रासक्षों से भी कठिनता से किए जाने वाले कार्य को शीघ्र करने के लिए तत्पर तुम्हारे जैसे प्रिय मित्र के मैं अधीन हूँ।"[181]

राम द्वारा सुग्रीव की प्रशंसा में कहे गए उक्त वचनों से उसके सख्य भाव का स्पष्ट परिचय प्राप्त हो जाता है। साथ-ही-साथ उसके चरित्र में निहित विवेक, विनय, साहस एवं कार्य-कुशलता आदि सद्गुणों का भी ध्वनन होता है।

मित्र कार्य के लिए सुग्रीव की तत्परता देखकर राम भी उसके कार्य को पूर्ण करने के लिए वचनबद्ध होते हैं।[182] किन्तु बालि के भीषण पराक्रम से त्रसित सुग्रीव को राम की शक्ति के प्रति शङ्का होती है जो स्वाभाविक ही है। सुग्रीव कहता

है—भगवान! मित्र प्रेम के कारण मैंने अपना वृत्तान्त कह दिया लेकिन इतने बलशाली, पराक्रमी बालि को आप कैसे जीत पाएँगे? इस पर राम ने सुग्रीव की शङ्का निर्मूल करने हेतु दुन्दुभि के अस्थि विक्षेप तथा सात ताड़ वृक्षों को वेधकर विश्वास दिलाया। राम के इस अद्भुत कार्य से प्रसन्न सुग्रीव उनके चरणों में गिर पड़ा हाथ जोड़कर इस परीक्षा के लिए क्षमा-याचना करता है।[183]

इस स्थल पर सुग्रीव की शङ्का में उसके चरित्र की स्वाभाविकता एवं यथार्थता का अंकन किया गया है। पुनः विश्वास हो जाने पर उसकी सहज प्रसन्नता तथा क्षमा-याचना आदि से उसकी विनम्रता भी लक्षित होती है।

राम बालि का वध करके सुग्रीव को राज्याभिषक्त करते हैं। बालि वध के अनन्तर सुग्रीव चरित्र की मानवीय दुर्बलता का चित्रण रामायणमञ्जरी में दर्शाया गया है। राज्य तथा स्त्री वापस पाकर सुग्रीव विषयासक्त हो जाता है। इस प्रसङ्ग में सुग्रीव का अत्यन्त विलासी, कामुक एवं मद्यप रूप देखने को मिलता है।[184] विषयासक्त सुग्रीव रामकार्य को भूल गया है, ऐसा विचार करके क्रोधान्ध लक्ष्मण उसका वध करने हेतु किष्किन्धापुरी पहुँचते हैं। परन्तु मन्त्रियों तथा तारा आदि के समझाने पर उनका क्रोध शान्त हो जाता है। लक्ष्मण के क्रोध को शान्त करते हुए तारा सुग्रीव के विषय में कहती है—सुग्रीव न तो असत्यवादी है और न शठ है न कृतघ्न है और न ही दुर्जन है। अपितु राम-कार्य में वह योगी की तरह ध्याननिश्चल है। हे प्रभो! निश्चय ही वह युद्ध में रावण का वध करके दुर्लभ सीता को राम के पास ले आएगा[185]—

नासत्यवादी न शठो न कृतघ्नः न दुर्जनः।
सुग्रीवो रामकार्ये तु योगीव ध्याननिश्चलः।।
हत्वा दशास्यं समरे सीतामाहृत्य दुर्लभाम्।
एष प्रदास्यति क्षिप्रं रामस्य प्रीत्युपायनम्।।

तारा की उक्ति से सुग्रीव के चरित्र में निहित सत्यवादिता, सज्जनता प्रत्युपकारिता एवं स्वामिधर्मिता आदि गुणों का परिचय मिलता है।

इस प्राथमिक वैभव प्राप्ति के मदोन्माद से जागृत होने के पश्चात सुग्रीव के जीवन में गम्भीरता एवं कठोरता का आभास मिलता है। उसकी राजाज्ञा उसके चरित्र की दृढ़ता की परिचायक है। वह एक आदिष्ट कार्य न कर सकने पर कठोर दण्ड भी निर्धारित कर देता है। लक्ष्मण से क्षमा-याचना करके क्रोध शान्त करता है, तथा तुरन्त ही हनुमान को आदेश देता है—सभी पर्वतों, समुद्रों, वनों, दिशाओं, द्वीपों, आकाश, पाताल एवं भूमि पर जो भी वानरों का समूह निवास करता हो, दूत भेजकर उनको तुरंत मेरी आज्ञा से बुलाया जाय। राजाज्ञा के दूषक, मद से मोहित जो नहीं

आते हैं उन्हें दुःसह से शीघ्र ही दण्डित किया जाएगा।[186]

सुग्रीव के आदेश से सम्पूर्ण वानरी सेना एकत्र हो जाती है। इसके बाद सुग्रीव छत्र चामर रहित राम के पास पहुँचकर हाथ जोड़कर प्रायश्चित एवं क्षमा-याचना करता है। राम मित्र को भुजाओं में बाँधकर आलिंगन करते हुए क्षमा करते हैं। राम को प्रसन्न जानकर सुग्रीव कहता है—इस समय यह भक्त आपके कार्य हेतु इतने वानर सेवकों सहित उपस्थित है। इस सेना के वीर त्रैलोक्यजयी रावण का वध कर देने में समर्थ हैं। अब इन्हें आज्ञा दीजिए।[187] मित्र सुग्रीव के इस प्रकार के कार्य गौरव को देखकर राम उसके सत्वशाली एवं सद्‌गुणयुक्त चरित्र की प्रशंसा करते हुए कहते हैं[188]—

नैतच्चित्रं तव सखे गुणिनः सत्त्वशालिनः।
स्वभाव एवं महतां परकार्यार्थमुद्यमः।।
द्युतिरिन्द्रौ प्रभार्कस्य दीप्तिर्बलेधुतिर्भुवः।
सतां च प्रकृतिः सत्यं परकार्यारतं मनः।।

राम का आदेश पाकर सुग्रीव वानरी सेना को विभिन्न दिशाओं में भेजता है। इस प्रसङ्ग में सम्पूर्ण दिशाओं एवं मार्ग का विवेचन करते हुए उसने समस्त आर्यावर्त के पर्वत, समुद्र, नदी, नन्द एवं अरण्यारण्य का विस्तृत विवेचन किया है। इससे उसके देश-देशान्तर के पर्यटन तथा विस्तृत एवं सूक्ष्म भौगोलिक ज्ञान का स्पष्ट एवं यथार्थ परिचय मिलता है।[189]

राजनीति की गुप्त चालें सुग्रीव को भली प्रकार अवगत हैं। इसीलिए एक मित्र राजा की भाँति वह राम को विभीषणागमन के प्रसङ्ग में समयानुकूल मंत्रणा देकर सचेत करता है।[190]

समुद्र पार करके जब वानरी सेना युद्ध के लिए प्रस्थान करती है उस समय राम एवं सुग्रीव की जय-जयकार से समस्त दिशाएँ निनादित हो गयीं। वानरों द्वारा राजा सुग्रीव की इस जय-घोष में उसके चारित्रिक गुणों का भी दर्शन हो जाता है—

जयत्विजितः श्रीमान्सानुजो जानकीपतिः।
देवः सुग्रीवसाम्राज्यप्रार्थनाकल्पपादपः।।
राजा जयति सुग्रीव शुभ्रा विभ्राजते गुणैः।
रामकीर्तिः पताकेव यस्य श्रीर्विश्वविश्रुता।।

इसके बाद समरांगण में राक्षसों के साथ युद्ध करते हुए सुग्रीव के सैन्य संचालन में अद्भुत पराक्रम, शौर्य, शक्ति एवं राम के प्रति स्नेह, भक्ति स्थल-स्थल पर दर्शनीय है। एक कुशल सेनानायक के रूप में सुग्रीव अपने ओजपूर्ण शब्दों द्वारा सम्पूर्ण वानरी सेना में पराक्रम एवं उत्साह का निरन्तर संचार करता है। अपने

पराक्रम एवं शक्ति का परिचय देते हुए कुम्भ आदि का वध करके राक्षसी सेना का शक्ति-मर्दन करता है। रावण के साथ युद्ध करते हुए भी उसने अपनी अपरिमित शक्ति का परिचय दिया।[191]

इस प्रकार मित्र राम के साथ रावण के विरुद्ध युद्ध करते हुए सुग्रीव ने अपने प्राणों की बाजी लगाकर उन्हें विजय दिलायी। विजयोपरान्त राम के साथ अयोध्या गये। कुछ दिनों अयोध्या में राम के साथ रहते हुए उनकी स्नेह, भक्ति में संलग्न रहे। इसके बाद राम ने उसे पारितोषिक आदि से प्रसन्न करके उसकी पुरी भेज दिया। भगवान की लीलाओं का स्मरण-कीर्तन करते हुए सुग्रीव अपनी पुरी में रहने लगा। अंत में भगवान राम जब निज लोक पधारने लगे तो सुग्रीव आदि सभी वानर साकेत पहुँचे तथा उन्हीं के साथ वे भी परलोक चले गए[192]–

सुग्रीवप्रमुखास्तेऽपि कृतकृत्या प्लवङ्गमाः।
अनुजग्नुः प्रजानाथ भूतैः सह चराचरैः।।

हनुमान

रामायणमञ्जरी में हनुमान एक समर्थ, साहसी, अद्भुत पराक्रमी, वीर, दृढ़ बुद्धिमान, विनयी, जितेन्द्रिय, धीर, गम्भीर, सरल, धर्मबुद्धि सम्पन्न, कुशल राजनीतिज्ञ, निपुण दूत एवं निःस्वार्थ कर्तव्यपरायण सेवक के रूप में कवि द्वारा चित्रित हैं, जो सदैव स्वामी के कल्याण और कार्यसाधन में दत्तचित्त दिखाई पड़ते हैं।

हनुमान प्रारम्भ से ही शौर्य एवं पराक्रम के विधान दिखाई देते हैं, क्योंकि पवन देव की प्रेरणानुसार बुद्धिमान, पराक्रमी, तेजस्वी तथा तीनों लोकों में विश्रुत गुण वाले पुत्र की उत्पत्ति होगी यह उनके जन्म से पूर्व ही निश्चित हो चुका था[193]–

त्रैलोक्यविश्रुतगुणस्तनमस्ते भविष्यति।।
पवनेति कथिते जातस्त्वं तेजसां निधि।
वायु तुल्यगतिः श्रीमान्क्षेत्रे केसरिणः सुतः।।

जन्म लेते ही बालसूर्य के ग्रहण करने की इच्छा उनकी जन्मजात शौर्य प्रवृत्ति का ही निदर्शन है।[194] उनके इस विक्रमशील स्वरूप की पृष्ठभूमि में ब्रह्मादि प्रमुख देवों के अभय वरदान हैं,[195] जिनका प्रत्यक्षीकरण मारुतिनन्दन ने अपनी जीवनचर्या में कर दिखाया।

सुग्रीव को हनुमान की शक्ति, सामर्थ्य एवं साहस पर पूर्ण विश्वास है, इसीलिए सीता की खोज हेतु वानरों को भेजते समय उन्होंने राम के उस महत् कार्य का भार हनुमान के ही कन्धों पर रखा[196]–**हनुमत्स्कंधविन्यस्तं रामकार्यमिदंमहत्।** राम को भी हनुमान की शक्ति का पूर्वाभास हो गया था। अतः प्रिया लाभ के लिए विश्वस्त होकर उन्होंने निजनामाङ्कित अंगूठी पहचान हेतु हनुमान को ही दी।[197]

दुर्लङ्घ्य समुद्र तट पर शोकाकुल अंगदादि वानरी सेना को धैर्य बँधाते हुए जाम्बवान हनुमान के शौर्य, पराक्रम, साहस एवं तेज की प्रशंसा करते हुए उनकी उत्पत्ति कथा सुनाकर उनके अद्भुत तेज को उद्दीप्त करते हैं।[198] इसके बाद तो हनुमान के पराक्रम से संबंधित अनेकों प्रसङ्ग रामायणमञ्जरी में वर्णित हैं जिनका विवरण अधोलिखित है।

हनुमान द्वारा मुहूर्त भर में समुद्रोल्लङ्घन[199] उनके अद्भुत पराक्रम का अनुपम उदाहरण है। समुद्र पार कर लङ्का में स्थित अशोकवन में सीता के पास पहुँचते हैं। वहाँ सीता से संभाषण के दौरान हनुमान अपने पराक्रम का स्वयं परिचय देते हुए कहते हैं–यदि तुम चाहो तो कंधे और पीठ पर चढ़ी हुई तुमको अभी ले जाकर आकाश में उड़ने वाला मैं समुद्र लांघकर राम के पास पहुँच जाऊँ।[200] इस पर सीता ने जब व्यंग्य करते हुए कहा कि–**कथं नु मुष्टिमात्रस्त्वमितो मां नेतुमर्हसि**[201] तो हनुमान ने सीता को अपना विशाल रूप दिखाया।[202] पुनः दाढ़ों से युक्त कराल मुख वाले हनुमान ने त्रिजटा से कहा–मुझे दूसरे के हाथों का तनिक भी सहारा नहीं चाहिए। हे सौम्ये मैं विकट अट्टालिकाओं को ध्वस्त करके लङ्का को भी ले जाने में समर्थ हूँ।[203] हनुमान के इन ओजपूर्ण वचनों को सुनकर सीता क्षमा-याचना सहित उनकी शक्ति की प्रशंसा करती हुई कहती हैं–**जाने त्वां तेजसां राशिं मारुते क्षम्यतां भवान्।**[204] पुनः विश्वस्त होकर सीता ने राम-कार्य को हनुमान के शक्ति की गोद में सौंप दिया–**अधुना त्वत्प्रभावङ्के रामकार्यं विवर्धते।**[205]

इसके बाद शत्रु रावण को अपनी शक्ति का परिचय देने के लिए हनुमान ने उसकी प्यारी अशोक वाटिका का विध्वंस कर डाला। रक्षकों के मना करने पर उनको मार गिराया। रावण द्वारा भेजे गये **किङ्कर जम्बुमालि मन्त्रितनय, अक्षकुमार** एवं दुर्धरादि का वध कर दिया।[206]

रावण के दरबार में भी अपनी साहस एवं दृढ़ता का परिचय देते हुए उसको लज्जित किया। स्वर्णिम लङ्का को भस्म करके राक्षसों को सम्यक् रूपेण अपने अद्भुत तेज एवं पराक्रम से परिचित कराया।[207]

इसी प्रकार युद्धकाण्ड के अन्तर्गत भी हनुमान का पराक्रम, शौर्य, साहस, धैर्य, अमित तेज एवं शक्ति का अनेक स्थलों पर दर्शन होता है। उन्होंने राक्षसी सेना के बड़े-बड़े योद्धाओं–**धूम्राक्ष, अत्यकम्पन, देवान्तक, महोदर, त्रिशिरा, महापार्श्व, निकुम्भ** आदि का वध किया।[208] राक्षसी सेना के छोटे-बड़े योद्धाओं का तो हनुमान के समक्ष कोई अस्तित्व ही नहीं था, जब उन्होंने रावण के साथ युद्ध में उसके छक्के छुड़ा दिए। हनुमान के वज्र की तरह मुष्टि प्रहार से रावण विकल हो गया। वह उनके शक्ति की प्रशंसा करते हुए कहता है–तुम्हीं मेरी शत्रुता के योग्य हो। अपनी भुजा की ओर देखते हुए रावण लज्जावश अपने को धिक्कारने लगा[209]–

तलेनांभिहतस्तेन लोलबाहुर्दशाननः।
चचाल व्याकुलतनुर्दशशृंङ्ग इवाचल।।
सोऽवदत्साधु ते वीर्य कपे योग्योऽसि मे रिपुः।
मे सारण प्रहारेण येनाऽहमसि कम्पितः।।
धिग्बलं मम पौलस्त्य लोकलज्जाकरं परम्।
यन्न यातोऽसि मन्मुकिष्टिनिष्पिटश्लक्ष्णचूर्णताम्।।

इस प्रकार हनुमान के अद्भुत पराक्रम के सामने रावण सहित समस्त राक्षसी सेना ने घुटने टेक दिए। यही नहीं लक्ष्मण की शक्ति के समय भी हनुमान ने ही पवन वेग से औषधि लाकर उनको जीवन दान दिलाया था। यह भी उनकी शक्ति का एक विशिष्ट उदाहरण है।[210]

रामायणमञ्जरी के उपर्युक्त स्थलों से हनुमान की अलौकिक शक्ति का एक संक्षिप्त परिचय प्राप्त हो जाता है। हनुमान ही मात्र एक ऐसे पात्र हैं जिनकी शक्ति की भूरि-भूरि प्रशंसा केवल राम और सीता ही नहीं समस्त वानर तथा विपक्षी राक्षस गण भी करते हैं।

उनके पराक्रमशील शारीरिक बल के अनुरूप ही उनका तेजस्वी स्वरूप भी है जिसका चित्रांकन रामायणमञ्जरी में अनेक स्थलों पर किया गया है। समुद्रोल्लङ्घन के समय उनका यह विभ्राजमान तेज दर्शनीय है[211]–

मूर्ध्निच्छत्राभिरामैः श्वसनविवलितैः पार्श्वयोश्चामराभैः,
कण्ठे मालायमानैरुरसि तनुतरैरुत्तरीयानुकारैः।
पृष्ठे लांगूललीलावलनपरिचितैः स्कनधयोः केशराभैः,
शुभ्रै रभ्रै रदभ्रैः किमपि कपिपतिर्वेगगामी रराज।।

बल के अनुरूप बुद्धि विरले व्यक्तियों में ही होती है। केसरी, मारुत एवं अञ्जना के पुत्र होने के कारण तथा ब्रह्मादि प्रमुख देवों से वर प्राप्ति के कारण हनुमान की प्रखर बुद्धि होना स्वाभाविक है। इसका पर्याप्त विवरण रामायणमञ्जरी में उपलब्ध है। शिक्षा एवं संस्कार के अनुरूप ही हनुमान का विवेक है। वे तत्त्वज्ञ, व्यवहार, अर्थगर्भित रहस्यों के उद्घाटनकर्ता एवं नीतिज्ञ भी हैं। इसका परिचय हमें तब मिलता है जब वे काञ्चनकामिनी में लिप्त सुग्रीव को राम कार्य का स्मरण कराते हैं। इस प्रसङ्ग में हमनुमान बहुत सी नीति एवं शास्त्रसम्मत बातों के द्वारा व्यसनों में लिप्त सुग्रीव को उद्‌बुद्ध कर रामकार्य के लिए प्रेरित करते हैं।[212]

उनकी प्रखर मेधा उनके द्वारा बोले गये वाक्यों में प्रायः देखने को मिलती है। उनका वाक्‌चातुर्य, उनकी वाणी की मनोहरता तथा तार्किकता आदि ग्रंथ के अन्तर्गत

उनके सम्भाषणों में सुलभ है। इसके स्पष्ट उदाहरण हनुमान-रावण संवाद तथा हनुमान-सीता संवाद प्रमुख रूप में हैं।[213] राम के लिए संदेश कहते समय सीता हनुमान की प्रखर बुद्धि एवं सर्वज्ञता की प्रशंसा भी करती हैं—हे बुद्धिमानों में श्रेष्ठ! तुम स्वयं ही सब कुछ जानते हो। शिष्ट, सुन्दर और उचित बातें मेरे पति से कह देना।[214]

वे निपुण राजनीतिज्ञ हैं, इसीलिए वे सचिवोत्तम रूप में समयोचित् मंत्रणा भी देते हैं। विभीषण के आगमन पर सुग्रीवादि सभी प्रमुख वानर उसे अस्वीकार करने के लिए राम से कहते हैं, किन्तु हनुमान की नीतिमत्ता देखिए, उन्होंने राम से कहा—भगवन् आप मर्मवेदी हैं। अतः विभीषण को मत त्यागिए। सम्पूर्ण धन-धान्य, राष्ट्र, दुर्द आदि से युक्त होते हुए भी कुवृत्तियुक्त, दर्जन भाई रावण को त्याग कर आए हुए ये निश्चित ही सज्जन हैं। दूर से ही देखने से विश्वास होता है कि ये स्वभाव से गुणानुरागी एवं विश्वास करने योग्य हैं।[215] इसी प्रकार युद्ध के प्रसङ्गों में उनकी अनेक उपयुक्त मन्त्रणाएँ रामायणमञ्जरी में वर्णित हैं।

वे कार्यकुशल एवं श्रेष्ठ दूत भी हैं। इस रूप में उनके द्वारा किए गए लङ्का में समस्त कार्य एवं रावण के साथ संभाषणादि उदाहरण हैं।

हनुमान स्वार्थ त्यागी स्वामिभक्त सेवक हैं। ध्यानपूर्वक उनका सम्पूर्ण चरित देखने पर पता चलता है कि वे सर्वथा निष्काम तथा स्वार्थरहित हैं। प्रारम्भ में ही राम और सुग्रीव की मैत्री में हनुमान की अहं भूमिका है। किन्तु यदि देखा जाय तो राम और सुग्रीव की इस मैत्री से उन दोनों की कार्यसिद्धि होती है तथा इसी उद्देश्य से हनुमान ने मैत्री भी करवाई, किन्तु हनुमान का तो इससे कोई कार्य या स्वार्थ नहीं सिद्ध होता तथापि निःस्वार्थ भाव से वे राम तथा सुग्रीव की हर स्थिति में सेवा एवं सहायता करते हैं। यही है उनका निःस्वार्थ भाव।

दास्य धर्म में श्रेष्ठ हनुमान स्वामिभक्त सेवक के रूप में ही तो लोक में प्रसिद्ध हैं। उनके प्रत्येक कार्य प्रत्यक्ष अथवा अप्रत्यक्ष रूप से स्वामी के हित एवं प्रसन्न्ता के लिए ही होते हैं। हनुमान चरित्र की सबसे बड़ी विशेषता स्वामिनिष्ठता है। उनके इस रूप का रामायणमञ्जरी में पर्याप्त विकास दिखाई पड़ता है। अशोक वाटिका में वे एक सुयोग्य कार्यकर्ता का लक्षण बताते हुए अपना अर्थसाधक रूप भी प्रमाणित करते हैं। हनुमान कहते हैं—राम उतना कार्य पूरा हो चुका जितने के लिए मैं भेजा गया था। परन्तु अब मेरी इच्छा कहे हुए से भी अधिक करने की है—**तदुक्ताभ्यधिकं कर्तुमधुनामे मनोरथः**।[216] क्योंकि एक कार्य के लिए भेजे हुए, परन्तु अनेक कार्यों को पूरा करने वाले सम्मान की वृद्धि करते हुए सेवकों का जीवन स्वामी से प्राप्त सम्मान से सफल हो जाता है।[217]

एककार्यविसृष्टानामनेकार्थविधायिनाम् ।
स्वामिसन्मानसफलं जीवितं वर्धमानिनाम् ।।

यह है हनुमान द्वारा प्रतिपादित स्वामिभक्त सेवक का उत्कृष्ट मापदण्ड। हनुमान के उपर्युक्त वचनों से उनके दास्य धर्म की श्रेष्ठता एवं स्वामिभक्ति का सहज ही अनुमान किया जा सकता है।

रामायणमञ्जरी में उनके धार्मिक रूप का भी उल्लेख है। तत्कालीन संस्कृति के अनुसार वे विविध वैदिक देवों की आराधना करते हैं। परन्तु इसका तात्पर्य यह नहीं कि उनका राम भक्त रूप चित्रित ही नहीं किया गया है अपितु सम्पूर्ण ग्रंथ में समय-समय पर स्थल-स्थल पर हनुमान राम का ध्यान करते दिखाई पड़ते हैं। यही नहीं, हनुमान स्वयं राम से रामचर्चा में अटल भक्ति एवं प्रीति की वरयाचना भी करते हैं तथा राम उनका अभिलषित पूर्ण करते हैं।[218]

इस प्रकार हनुमान की राम में अनन्य भक्ति स्वयं सिद्ध हो जाती है साथ-ही-साथ उनके चरित्र का सम्पूर्ण आकलन भी हो जाता है।

समुद्र लङ्घन के समय हनुमान इन्द्र, विष्णु, रुद्र, सूर्य, ब्रह्मा, पवन देव, पर्वत, सागर, सरिता तथा सभी भूतों के साथ राम एवं लक्ष्मण को मनसा प्रणाम करते हैं।[219] इससे उनका वैदिक देवों की आराधना का स्वरूप भी स्पष्ट हो जाता है।

हनुमान के चरित्र में व्यवहारकुशलता की दृढ़ता भी देखने को मिलती है। मित्र, मन्त्री, सेवक भक्त तथा दूत आदि विविध रूपों में वे सुदृढ़ एवं सर्वत्र व्यवहारकुशल पाये जाते हैं। उनके विविध रूपों में कहीं कोई दोष नहीं दिखाई पड़ता। सर्वत्र उनके साफ-सुथरे एवं उत्तम आचरण का ही दर्शन होता है।

वे धैर्य एवं गम्भीर्य की साक्षात् प्रतिमूर्ति हैं। वे अनावश्यक प्रलाप के बजाय चुप रहना अधिक पसन्द करते हैं। विपत्तियों एवं सङ्घर्षों से टक्कर लेना उनका स्वभाव है। अतः धीरता एवं गम्भीरता उनके विशिष्ट सद्गुण हैं। हनुमान के इस स्वरूप का एक उदाहरण दर्शनीय है। दुर्लंघ्य समुद्र तट पर सम्पूर्ण वानरी सेना अपनी-अपनी शक्ति का वर्णन करते हुए समुद्र पार करने में असमर्थता प्रकट करती है, किन्तु धैर्य और गाम्भीर्य के सागर हनुमान कुछ भी नहीं बोलते।[220] अंत में सभी वानरों की असमर्थता जानकर अंगद बहुत चिन्तित हो जाम्बवन्त से कहते हैं कि निस्सन्देह समुद्र पार करने में असमर्थ हम सभी सुग्रीव के द्वारा मारे जाएँगे। अंगद की चिन्ता को देखकर जाम्बवान कहते हैं कि एक महासत्त्वशाली व्यक्ति को मैं जानता हूँ जो समुद्र पार करने में समर्थ हैं, किन्तु मोहवश हम लोग उसे नहीं जान पाए[221] इस प्रसंङ्ग से हनुमान की धीरता एवं गम्भीरता का स्पष्ट प्रमाण मिलता है।

रामायणमञ्चरी में अनेक स्थलों पर उनका नैतिक रूप भी वर्णित है जिसमें हनुमान का जितेन्द्रिय रूप विशेष उल्लेखनीय है। रावण के अंतःपुर में मद्यपान से बेसुध संभोग श्रम से क्लान्त एवं निर्वस्त्र कामिनियों के दर्शन मात्र के पाप से वे चिन्तित हो जाते हैं तथा कहते हैं–[222]

अहो नु हेलयावाप्तः कियान्किल्विषसंचयः।
मया विवसनः स्पष्टं चश्यता परयोषितः ।।
संकल्पेनाप्यसंस्पृष्टायोषितो ब्रह्मचारिणः।
कथ ममापि निर्वस्त्रपरस्त्रीदर्शनोद्यमः ।।
उन्मूलिता हि मर्यादाः प्रच्छन्नछिन्नपौरुषाः।
सद्वृत्तिपरिपन्थिन्यो जयन्ति विधिवामताः ।।

हनुमान के उक्त कथन से उनके जितेन्द्रिय (ब्रह्मचारी) स्वरूप का भी स्पष्ट परिज्ञान हो जाता है।

इतने विशाल व्यक्तित्व से युक्त होने पर भी विनम्रता, निराभिमानता, दीनता, वाणी की मनोहरता, कृतज्ञता आदि सत्त्वगुण उनकी महानता में स्वर्ण-सुगन्धि संयोग प्रस्तुत करते हैं।

समस्त वानर सेना एकमात्र आधार, सेना के प्रमुख एवं एकमात्र नेता तथा वानर सैन्य को सतत् प्रोत्साहन एवं प्रेरणा करने वाले हनुमान का अप्रतिम चरित वस्तुतः अनुकरणीय है।

'पुण्यपुञ्ज पवन कुमार' रामायणमञ्जरी में निष्काम भक्म एवं दास्यधर्म के श्रेष्ठ अनुयायी, उज्ज्वल आदर्श हैं जिनके प्रति जगदाधार राम एवं जगदीश्वरी भी अपनी कृतज्ञताञ्जलि के भाव पुष्प ही अर्पित करते हैं।

विभीषण

रामायणञ्जरी में विभीषण का स्वरूप पूर्ण राजनीतिज्ञ का है। विभीषण के चरित्र-चित्रण में उनके दोनों पक्षों का निरूपण किया जाता है–घर का भेद देने वाले कुटिल राजनैतिज्ञ तथा भक्त रूप।

विभीषण सुमन्त्रणा देने में नितान्त पटु हैं, क्योंकि राजनीति के रहस्य उन्हें भली प्रकार विदित हैं। जिस किसी भी पक्ष को वे मन्त्रणा देते हैं, वह उसी पक्ष के लिए परमहितकारिणी होती है। कथानक के दोनों पक्षों को उन्होंने सदैव अनुकूल मन्त्रणा देकर पूर्ण सहायता की है। रामायणञ्मरी में उनका यह मन्त्री पद विस्तृत रूपेण उल्लिखित है। यही नहीं, उनकी मन्त्रणा की गम्भीरता पर पूर्ण विश्वास कर दोनों पक्ष उसे पूर्णरूपेण ग्राह्य भी मानते हैं।

हनुमान के नागपाशबद्ध हो जाने पर विभीषण रावण को मन्त्रणा देते हुए कहता है–'दूत वध वर्जित है' अतः इसे कोई अन्य दण्ड दिया जाय। पुनः उस दण्ड के स्वरूप का भी उल्लेख विभीषण ने किया है।[223] उनकी इस मन्त्रणा को परम अभिमानी रावण ने भी स्वीकार किया किन्तु जब उसने बाद में बल, दर्प के कारण उसकी मन्त्रणा का तिरस्कार एवं अवहेलना की तभी उसका सर्वनाश भी हुआ।

विभीषण एक सुयोग्य मन्त्री के लक्षणों को भली प्रकार जानते हुए तथैवाचरण भी करते हैं। उनकी मन्त्रणा में सारगर्भित तत्त्वों का पूर्णतः समावेश भी दर्शनीय है।[224]

विभीषण परम निर्भीक होकर चाटुकार मन्त्रियों का कटु विरोध करते हैं।[225] राम की शक्ति का उन्हें पूर्ण परिचय प्राप्त था। अतएव वे अत्यन्त दृढ़ता से रावण को राम की शक्ति का परिचय देकर प्रबोधित करते हैं।[226]

द्वितीय पक्ष में आकर भी विभीषण ने अपनी सम्मन्त्रणा को नहीं त्यागा। तत्त्वग्राही राजनीतिनिपुण राम ने भी सभी योग्य महान व्यक्तियों की अपेक्षाकृत विभीषण को ही सचिवोत्तम का स्थान दिया है। रामायणमञ्जरी में अनेक स्थलों पर इसके प्रमाण मिलते हैं कि विभीषण ने अपनी उपयुक्त मन्त्रणा द्वारा राम की क्रियाशीलता में सहयोग दिया। उदाहरणार्थ–जलधिङ्घन की चिन्ता से चिन्तित राम को सामनीति का परामर्श दिया,[227] रावण पक्ष के गुप्त भेदों को बताना,[228] उसके सैन्य बल का पूर्ण परिचय देते रहना,[229] रावण के गुप्तचरों का पता लगाना,[230] मेघनाथ के यज्ञ की सूचना देकर उसको विध्वंस कराने की प्रेरणा देना[231] तथा रावण के वध का वास्तविक उपाय आदि।

परन्तु राम जो उसके भाई के विपक्षी थे। अतः राम को उचित मन्त्रणा देना सांसारिक रीति से विभीषण के चरित्र पर लांछन ही है। अतएव आलोचकों ने उन्हें घर का भेदी, कूटनीतिज्ञ एवं स्वार्थी भी कहा है। लौकिक दृष्टि से विभीषण द्वारा रावण पक्ष के उपर्युक्त रहस्योद्घाटन से ही राम को विजय प्राप्ति में विशेष सरलता एवं सुविधा प्राप्त हुई।

विभीषण के इस रूप की निन्दा के निराकरण का एक प्रबल तर्क यह है कि उन्होंने असत्य एवं अन्यायी पक्ष का अवलम्ब त्याग कर सत्य, न्याय एवं सदाचार के पक्ष का आश्रय लिया। इससे विभीषण के चरित्र में निहित सत्यनिष्ठा, न्यायप्रियता, सदाचारिता आदि का स्पष्ट परिचय मिलता है। जिसका कि रामायणमञ्जरी के अनेक स्थलों पर उल्लेख किया गया है। रावण द्वारा अपमानित गुणानुरागी विभीषण स्वयं अपने इस चारित्रिक रहस्य का उद्घाटन वानरों के समक्ष करता है।[232]

इसके बाद हनुमान भी विभीषण के चरित्र की प्रशंसा करते हुए शरणागतवत्सल राम से उसे स्वीकार करने का अनुरोध करते हैं।[233] पुनः गुणग्राही राम ने तो निःशङ्क होकर विभीषण को स्वीकार करके तुरन्त समुद्र जल से राज्याभिषेक भी कर दिया।[234] स्वयं रावण भी बुद्धिमान तथा विनयी भाई विभीषण की नीतियुक्त बातें न मानकर तथा उसको निष्कासित कर देने पर चिन्ता व्यक्त करता है।[235] विभीषण चरित्र की सात्त्विक पुष्टता एवं सदाचारप्रियता का उस समय स्पष्ट प्रमाण दर्शनीय है जब राम के कहने पर भी वह, दुष्ट, दुराचारी भाई रावण का दाह-संस्कार अस्वीकार कर देता है।[236]

रामायणमञ्जरी में विभीषण का सामाजिक रूप भी उल्लिखित है। उसमें अनेक मानवीय संवेदनाओं और कर्मशीलता का भी प्रदर्शन किया गया है। वे स्वयं वीर सैनिक बनकर मित्र राम की तन-मन से सहायता करते हैं। राम सैन्य को विचलित देखकर समय-समय पर आश्वासित एवं प्रोत्साहित करते हैं।[237] सकल वानर सैन्य की सम्यक् देख-रेख करते हैं। ब्रह्मास्त्र से पीड़ित वानर सेना को पुनर्जीवित होने का ढाँढ़स बँधाते हैं। लक्ष्मण को शक्ति लगने पर राम को धैर्य बँधाते हुए युद्ध के लिए प्रेरित करते हैं। स्वयं गदा धारण कर सेना में उत्साह का संचार करते हैं।[238] राम को शक्ति लगने पर अधैर्य विकल एवं निःसहाय समझकर करुण विलाप भी करते हैं।[239] वे समय पड़ने पर राम को जयसूचक आशीर्वाद देते हैं तथा मानवोचित सहानुभूति भी दर्शाते हैं।

रामायणमञ्जरी में विभीषण के दो रूप प्रधान हैं—धार्मिक एवं नीतिज्ञ। जन्म से ही उनका धर्मनिष्ठ एवं गुणवान रूप व्यक्त होता है। उनके जन्म के पूर्व ही मुनि विश्रवा ने अपनी पत्नी की इच्छानुसार भविष्यवाणी की थी[240]—

तामुवाच मुनिः प्रीत्या पश्चिमस्ते भविष्यति।
असूत तनयं श्यामं मणिवाक्योर्जिताशयम।
ब्रह्मण्यो गुणवान्पुत्रः सदाचारो वरानने।।

पुनः मुनि के कथनानुसार वह गुणवान पुत्र पैदा हुआ।[241]—

पश्चिमोऽप्यभवत्तस्या यथोक्तो मुनिनासुतः।
सदाचार इव श्लाघ्यः सत्यशीलो विभीषणः।।

इसके बाद तपस्या के द्वारा ब्रह्मा का दर्शन पाकर विभीषण ने अपनी धर्मनिष्ठता को दृढ़ रूप देने की वर याचना की—**धर्मे मे रमतां बुद्धिरित्युवाच विभीषणः।**[242] उनकी इसी धार्मिक निष्ठा से प्रसन्न होकर ब्रह्मा ने उन्हें अमरत्व भी प्रदान कर दिया—

अमरत्वं ददौ तस्मै धर्मप्रीत्या पितामहः।[243]

इस प्रकार विभीषण प्रारम्भ से ही सात्त्विक, गुणानुरागी, सदाचार एवं धर्माचरण में प्रवृत्त दिखाई पड़ते हैं। उनके धार्मिक रूप में सुवर्ण सुगन्धि उपस्थित करने वाला तत्त्व उनका नीतिज्ञ रूप है। उनके मैत्रीत्व रूप में उनका नैतिक रूप प्रदर्शित किया जा चुका है। इसके अतिरिक्त स्थल-स्थल पर उनकी नैतिक सूक्तियों में भी उनके इस रूप की झलक दिखाती है।

उक्त विश्लेषण के आधार पर यह स्पष्ट हो जाता है कि रामायणमञ्जरी में उनका तेजस्वी, धर्मज्ञ, राजनीतिज्ञ, वीर, बुद्धिमान, कर्मठ एवं व्यवहारकुशल रूप प्रमुखतः अंकित है।

कुम्भकर्ण

रामायणमञ्जरी में वर्णित कुम्भकर्ण के चरित्र में उसके महाबलाढ्य, तेजस्वी, युद्ध कौशल में निष्णात तथा कुशल राजनीतिज्ञ आदि रूपों का चित्रण किया गया है। उसका बाह्य आकार अत्यन्त विशाल, भीषण एवं भयोत्पादक है। लङ्का से उठते हुए ब्रह्माण्ड मण्डप की ओर अग्रसर, विन्ध्य पर्वत की आकृति, सदृश, मानस्तम्भ से शोभायमान उसकी अद्‌भुत आकृति को देखकर आश्चर्यचकित राम विभीषण से उसके विषय में पूछते हैं।[244] पुनः विभीषण उस अद्भुत आकृति एवं शौर्य तथा शक्ति-सम्पन्न, तीनों लोकों को नाश करने में समर्थ तथा ऐरावत हाथी से दाँत खींच लेने वाले कुम्भकर्ण का परिचय देते हैं।[245]

कुम्भकर्ण की आकृति की विशालता, भीषणता एवं भयोत्पादकता का परिचय उसके जागरण के समय भी दर्शनीय है। विशाल भवन में शयन करते हुए पर्वताकार कुम्भकर्ण की गुफा सदृश नासा के श्वास-प्रश्वास से जगाने के लिए नियुक्त राक्षसगण तृण की भाँति दूर फेंक दिए जाते थे। शङ्ख भेरी आदि सहस्त्रों वाद्य यन्त्रों की ध्वनि का उसकी निद्रा पर कोई असर नहीं था। पुनः रथ, हाथी, घोड़े तथा सहस्त्रों राक्षसों द्वारा उसके विन्ध्य पर्वत के तट सदृश वक्ष को कुचलने पर भी उसने निद्रा को नहीं त्यागा। इसके बाद सुर, किन्नर, गन्धर्व की कामिनियों के पीन स्तन के स्पर्श चन्दन की सुरभि तथा मधुर एवं कोकिल कण्ठों के गीतों से कुम्भकर्ण की निद्रा भङ्ग हो गयी। पाताल की तरह विशाल मुख वाले स्तम्भ के सदृश भुजाओं वाले उस कुम्भकर्ण ने नेत्र खोलते हुए जँभाई ली। स्नान करके हाथी, भैंसे तथा मनुष्यों का भक्षण करके सहस्त्रों घड़े उनका रुधिर पान भी किया।[246]

इस प्रकार की विशाल एवं भीषण आकृति वाले कुम्भकर्ण में अपार शक्ति थी। उसकी शारीरिक शक्ति के निदर्शन में युद्ध स्थल के अनेक प्रसङ्ग हैं। वही एक महारथी जिसने हनुमान, नील, अंगद, सुग्रीव, लक्ष्मण तथा राम सभी के साथ युद्ध

कर अपनी अप्रतिम वीरता एवं युद्ध कौशल को प्रमाणित किया। अपने वज्र सदृश शरीर से अपने ऊपर फेंकी गयी शिलाओं और वृक्षादि को चूर्ण करता हुआ वानर सैन्य का मन्थन कर डाला तथा सभी महारथियों को आहत भी कर दिया। राम द्वारा प्रक्षिप्त बाणों को जलधार के समान पान करते हुए अपने अद्भुत बल का परिचय दिया तथा घनघोर युद्ध में तत्पर रहा। युद्ध के समय हर पल उसका आतंक वर्णित है।[247]

वह राजनीति विशारद है। उसने राजनीति की दण्ड एवं भेद नीति दोनों का ही प्रयोग किया हैं। वह अपने भाई रावण का हितचिन्तन स्नेह भाव से करता है। इसी कारण भाई रावण के दोषों की आलोचना भी निर्भीक भाव से की है।[248] परन्तु अन्ततोगत्वा कोई उपाय न देख उसने अपने अनुपमेय पराक्रम का ही परिचय दिया।

दशरथ

दशरथ चरित्र में प्रमुख रूप से उनकी सत्यनिष्ठा, पुत्र, पत्नी प्रेम, कामुक प्रवृत्ति तथा राजनीतिज्ञ आदि अंगों का विशेष विकास रामायणमञ्जरी में देखने को मिलता है। इसमें भी दशरथ का राजनीतिज्ञ राजा का रूप अधिक प्रधान है। वे समय-समय पर मन्त्रियों से परामर्श लेते हैं तथा उनकी सम्मति प्राप्त करने हेतु अपने प्रस्ताव रखते हैं। प्रारम्भ में ही मन्त्रिवर सुमन्त्र के परामर्श के अनुसार ऋष्यशृङ्ग को बुलाकर पुत्रेष्टि यज्ञ करते हैं।[249] रामाभिषेक के मसय भी मन्त्रियों की सभा में राम के राज्याभिषेक का प्रस्ताव रखते हैं। पुनः मन्त्रिमण्डल का अनुमोदन प्राप्त करके राज्याभिषेक की तैयारी करते हैं।[250]

वे परम तेजस्वी राजाधिराज हैं जिनके राज्य, राजधानी एवं पुरवासियों की सम्पन्नता तथा मन्त्रिपरिषद की योग्यता का समुचित एवं विस्तृत उल्लेख मिलता है।[251]

राजा दशरथ के समुद्रपर्यन्त शासन एवं राज्य के विकसित अंगों-उपाङ्गों से उनके चक्रवर्ती सम्राट होने का चित्र ही उपस्थित हो जाता है। इसके अतिरिक्त वे राम से राजोचित कर्तव्य पालन का उपदेश देते हैं। जिससे स्वयं उनके उच्च व्यक्तित्त्व का आभास होता है।[252]

समाजिक क्षेत्र में उनकी कर्तव्यपरायणता, व्यवहारकुशलता एवं शिष्टाचार भी विशेष रूप से उल्लेखनीय है। दशरथ गुरु एवं ब्राह्मणों को सर्वोपरि मान्यता देते हैं। इसी कारण वे वशिष्ठ के प्रति अधिक श्रद्धालु हैं। उनका प्रत्येक कार्य गुरु की आज्ञा एवं प्रेरणा से सम्पादित होता है चाहे पुत्रेष्टि यज्ञ का प्रसङ्ग हो, चाहे मिथिलापुरी में राम के विवाह का अथवा चाहे रामाभिषेक का, सभी स्थलों पर गुरु वशिष्ठ की आज्ञा प्रथम एवं सर्वोपरि दर्शनीय है।[253] विश्वामित्र की अभ्यर्चना उनके आतिथ्य धर्म का प्रतीक है।[254] वे अत्यन्त दानशील भी हैं।[255]

इन विविध विशेषताओं के अतिरिक्त दशरथ चरित्र में मानव रूप अधिक प्रबल है। रामायणमञ्जरी में उनका मानवता रूप यथार्थरूपेण चित्रित हुआ है। यद्यपि दशरथ को सभी पुत्र प्रिय थे, किन्तु उनमें भी राम सर्वाधिक प्रिय हैं–**रामः सर्वगुणग्रामरम णीयोऽधिक पितुः।**[256] वे राम का राज्याभिषेक करते समय शीघ्रता करते हैं। यहाँ तक कि भरत और शत्रुघ्न की अनुपस्थिति को वे अपने कार्य सिद्धि में सहायक ही मानते हैं।[257] इस प्रकार अपने ही अन्य पुत्रों पर वे सन्देह करते हैं। यह है उनके दुर्बल, संशयशील मानव हृदय की झांकी।

इसी प्रकार उनकी दूसरी दुर्बलता है उनकी कामुक प्रवृत्ति। रामायणमञ्जरी में इस दुर्बलता से अभिशप्त दशरथ की कटु आलोचना अनेक पात्रों ने की है। उदाहरणार्थ लक्ष्मण राजा दशरथ के इस प्रवृत्ति की आलोचना करते हुए कहते हैं[258]–

व्यसिनीस्थविरो राजा यदि स्त्रीवश्यतां गतः।
तदस्माकं किमायातं ये त्यजामः स्वकं पदम्।।
बलिनोऽपि धियाहीना मत्तप्राया नृपद्विपाः।
करिणीनामिव स्त्रीणां वश्या यान्ति पराभवम्।।

इसी प्रकार भरत भी दशरथ की उपर्युक्त प्रवृत्ति की आलोचना करते हैं।[259]

रामायणमञ्जरी में उनकी अन्य दुर्बलताओं पर भी दृष्टिपात किया गया है, जैसे–कैकेयी के पैर छूना,[260] उनके वशीभूत हो राम को वनवास देकर कौशल्या के साथ दुर्व्यवहार करना आदि।

कवि ने दशरथ की मनोवैज्ञानिक दशाओं एवं मनोभावों का भी यथार्थ चित्रण किया है कैकेयी के प्रति दशरथ अपने हृदय की भर्त्सना से फुंफकार उठते हैं, शाप देते हैं कटु वचन कहते हैं।[261] राम वियोग में उनका विक्षिप्त, क्षुब्ध रूप एवं अस्त-व्यस्त स्थिति भी अत्यन्त, मार्मिक, स्वाभाविक एवं यथार्थरूपेण अंकित है।[262]

इस भीषण कांड का आधार है पुत्र प्रेम के साथ-साथ उनका सत्य प्रेम जो कि प्रथम की अपेक्षा कम वर्णित है। परन्तु उनके जीवन का संक्षिप्त सार ही यही है कि अपनी स्त्री-प्रेम एवं पुत्र-प्रेम दुर्बलता तथा सत्यनिष्ठा की प्रबल वेगमयी धाराओं में उन्हें बहना ही पड़ता है। उनकी सत्यनिष्ठा के उदाहरण रामायणमञ्जरी के कई स्थलों पर दर्शनीय हैं। वशिष्ठ उनकी प्रतिज्ञा का स्मरण दिलाते हुए राम को विश्वामित्र को समर्पित करने के लिए प्रेरित करते हैं।[263] कैकेयी भी इसी प्रकार उनकी सत्यनिष्ठा का स्मरण दिलाते हुए वचनों को पालन करने के लिए बाध्य करती हैं।[264] ऐसी परिस्थितियों में दशरथ अपने सभी मोह तथा प्रेम का परित्याग कर सत्यप्रेम को ही सर्वोपरि स्थान देते हुए तदनुसार कार्य करते हैं। अंत में यही

स्त्रीपरवशता, पुत्र मोह एवं सत्यनिष्ठा ही उनका प्राणघातक बन जाता है तथा वे अत्यन्त भीषण संघर्षों के मध्य आँधी के वृक्ष की भाँति धराशायी हो जाते हैं?

जनक

मिथिलाधिपति जनक का चरित्र रामायणमञ्जरी में परम तेजस्वी, सत्यवानों में श्रेष्ठ रूप में चित्रित किया गया है। वे परम तेजस्वी उतम कुल के वंशज हैं। विख्यात धर्मात्मा, सत्व युक्त सुवर्णरोमा के सुपुत्र हैं[265]–

देवरातो निमेः षष्ठो जनकानामभून्नृपः।
सुवर्णरोमा तस्याभूद्वंशे महति भूपतिः।।

वे योग्य न्यायप्रिय शासक हैं। राजा सुधन्वा के साथ युद्ध करके उसे वीरगति प्राप्त कराना उनकी वीरता का प्रमाण है।[266]

वे परमतेजस्वी भी हैं। उनकी तपस्या से प्रसन्न होकर देव वर्ग तक उनकी सहायता करने को प्रस्तुत हो जाते हैं जिससे वे युद्ध में विजयी होते हैं।[267]

ततः संवत्सरे पूर्णे क्षीणसैन्याब्धिना मया।
देवतानां वरात्प्राप्तं चतुरङ्गं महद्बलम्।।
तेन ते विदितः सर्वे छिन्नच्छत्ररथध्वजाः।
स्वपुराणि ययौ भूपा ध्वस्तमानमनोरथाः।।

वे सत्यप्रतिज्ञ हैं। अपने वीर स्वभाव के अनुरूप ही अपनी वीर्यशुल्का कन्या सीता के लिए उपयुक्त 'वीर' वर के अन्वेषणार्थ प्रतिज्ञाबद्ध हो उठते हैं[268]–

अधिज्यं धूर्जटिधनुः शौर्यस्य निकषोपम।
यः करिष्यति स श्लाघ्यां सीतां कीर्तिमिवाप्स्यति।

उनके गुणों में उनकी व्यवहारकुशलता, शिष्टाचार, गुणग्राहकता, तथा कृतज्ञादि परमश्लाघ्य हैं। वे विश्वामित्र के प्रथम दर्शन पाते ही उनके प्रति अपनी श्रद्धा अर्पण करते हैं। उनका विधिवत पूजन आदि जनक के आतिथ्य धर्म का प्रतीक है। उनके दर्शनों द्वारा अपने को धन्य मानना जनक की कृतज्ञता है। उनके गुणों की सराहना करके वे अपनी गुणग्राहकता का भी परिचय देते हैं। इस प्रकार विश्वामित्र[269] तथा दशरथ[270] का स्वागत, अनुकूल शिष्टाचार द्वारा जनक सम्पादित करते हैं।

उनकी भावनाएँ अत्यन्त उदार हैं। अपने भाई कुशध्वज के प्रति भ्रातृस्नेह से सदैव आप्लावित होकर उनके प्रति कर्तव्यशीलता का प्रमाण प्रस्तुत करते हैं। सुधन्वा का विजित राज्य स्वयं न ग्रहण कर कुशध्वज को देना उनकी उदारहृदयता का सूचक है[271]–

तं निहत्य सुधन्वानं सांकाश्यं नाम तत्पुरम्।
कुशध्वजाय दत्त्वाहं हतारिर्निर्वृतोऽभवम्।।

उनकी पुत्री के वरचिन्तन का भार अपने ही ऊपर वहन करते हैं।[272]

इस प्रकार मन, वचन एवं कर्म सभी तरह से जनक नृपोत्तम एवं मानवोत्तम प्रमाणित होते हैं।

अंगद

रामायणमञ्जरी में अंगद का चरित्र यथार्थ एवं मनोवैज्ञानिक आधार पर चित्रित किया गया है। अपने पितृहन्ता सुग्रीव के प्रति उसका क्षोभ नितान्त स्वाभाविक है। वह सुग्रीव की कटु आलोचना करता है, उन पर पूर्णतः अविश्वास करता है।[273] इसी कारण वह उनके दुःखमय बन्धन की अपेक्षा मृत्यु को श्रेयस्कर समझते हुए मरने के लिए तत्पर हो जाता है।[274]

अंगद का बुद्धिकौशल प्रशंसनीय है। बुद्धिप्रवर हनुमान स्वयं उसके बुद्धि की प्रशंसा करते हैं।[275] उसकी बुद्धिमत्ता के आधार पर ही विभीषण की परामर्श के अनुसार राम उसे दूत कार्य के लिए नियुक्त करते हैं। विषम परिस्थितियों में भी उसकी विवेकशीलता एवं वाक्चातुरी का परिचय मिलता है। जब सम्पाती वानरों का आहार करने का संकल्प करता है उसके भाई जटायु का वृत्तान्त सुनाकर उसकी सहानुभूति प्राप्त करने का श्रेय अंगद को ही है।[276]

वह कुशल सेनानायक है। समस्त सेना उसके प्रति स्नेह एवं श्रद्धार्पण करती है तथा समय-समय पर उसकी भूरि-भूरि प्रशंसा भी करती है। उसके द्वारा प्रचण्ड राक्षसी सेना का संहार एवं नरान्तक जैसे भीषण दानवों का वध करना उसकी युद्ध वीरता के निदर्शन हैं।[277] देवान्तक, त्रिशिरा, एवं महोदर तीनों राक्षसों ने एक साथ ही अंगद पर आघात किया किन्तु महातेजस्वी एवं प्रतापी अंगद तनिक भी व्यथित नहीं हुआ।[278]

रामायणमञ्जरी की नायिका 'सीता'

नायिका नायक के सामान्य गुणों से यथासंभवयुक्त हुआ करती है–**यथोक्तसंभवे नायक सामान्यगुणयोगिनी नायिकेति।**[279] रामायणमञ्जरी के नायक राम की धर्मपत्नी सीता उनके गुणों से युक्त हैं। अतः सीता ग्रंथ की नायिका हैं। जिसका स्पष्ट विवरण आगे प्रस्तुत किया जा रहा है। नायिका सीता अपने गुणों एवं चरित्र के आधार पर स्वकीया हैं। स्वकीया नायिका पतिव्रता, सरल, लज्जावती तथा पति की सेवा में निपुण होती है–**स्त्रीया शीलार्जवादियुक्**[280] नायिका सीता के चरित्र में स्वकीया के सभी गुण निहित हैं।

नायिकालङ्कारों का विवेचन[281]–नायिकाओं के अङ्गज अयत्नज और स्वभावज इन तीन प्रकार के अलङ्कारों का वर्णन किया जा रहा है।

नायिकाओं की यौवनावस्था में 29 प्रकार के सत्त्वोगुणोत्पन्न अर्थात् सात्त्विक (रजोगुण, तमोगुण को तिरस्कृत करके उत्पन्न होने वाले सात्त्विक) अलङ्कार होते हैं। उनमें से (29 प्रकार में से) 1–हाव, 2 भाव, 3–हेला। ये तीन अलङ्कार 'अङ्गज' होते हैं।

1. शोभा, 2. कान्ति, 3. दीप्ति, 4. माधुर्य, 5. प्रगल्भता, 6. औदार्य और 7. धैर्य। ये सात 'अयत्नज' होते हैं। ये बिना यत्न के पैदा होने वाले हैं, अर्थात अकृत्रिम हैं।

1. लीला, 2. विलास, 3. विच्छति, 4. विव्वोक, 5. किलाकिञ्चित, 6. मोट्टायित, 7. कुट्टमित, 8. विभ्रम, 9. ललित, 10. विह्नत, 12. तपन, 13. मौग्ध्य, 14. विक्षेप, 15. कुतूहल, 16. इसित, 17. चकित, 18. केलि।

ये 18 अलङ्कार स्वभावसिद्ध हैं। (किन्तु कृतिसाध्य होते हैं)।

इन परिगणित अलङ्कारों में से 'भाव' से लेकर 'धैर्य' तक दस अलङ्कार नायकों के भी होते हैं। किन्तु ये सभी (28 प्रकार के अलङ्कार) नायिका का आश्रय लेकर ही विलक्षण वैचित्र्य की पुष्टि करते हैं।

उनमें अङ्गज अलङ्कारों में से–जन्म से लेकर निर्विकार चित्त में उद्‌बुद्ध मात्र (स्पष्ट प्रतीत होने वाला नहीं) काम विकार को भाव कहते हैं।

नायिका सीता का चरित्र-चित्रण

सीता के जीवन का मूलाधार उनका अटल पातिव्रत धर्म है जिसका व्यापक उल्लेख रामायणमञ्जरी में किया गया है। इसके कुछ निदर्शन इस प्रकार हैं।

वनगमन के समय राम द्वारा सीता को साथ चलने से मना करने पर क्रोध और दुःख से संतप्त सीता अश्रुशीकरों को निरन्तर कुचस्थल पर गिराते हुए अपने पातिव्रत धर्म के विषय में कहती हैं–हे आर्य! आप अपनी प्राणप्रिया सती का कैसे परित्याग कर रहे हैं। हर्ष की अनुभूति करने वाले मेरे पिताजी ने मोहवश व्यर्थ में ही परिणय सम्पन्न किया, क्योंकि अपनी कीर्ति सदृश मुझे स्वामी परत्याग कर रहे हैं। पिता-माता तथा पुत्रादि सभी अपने भाग्य के भागीदार होते हैं, किन्तु पुरुषों के भाग्य की सर्वथा एकमात्र भागीदार भार्या ही होती है। नारी के लिए उनके पति का जीवन ही एकमात्र रूप, वय, कान्ति, सौभाग्य सुख एवं प्राण होता है। सुख-दुःख में अनुगमन करने वाली, वैर, केलि एवं विस्रम्भ की साक्षी तथा आपके चित-वृत्ति का अभिन्न मैं परित्याग के योग्य नहीं हूँ। जिस प्रकार त्याग विहीन सम्पदा, सत्य रहित वाणी तथा शान्ति से हीन विद्या शोभित नहीं होती, उसी प्रकार पति के बिना स्त्री भी शोभायमान नहीं होती।[282]

नारी धर्म की उन्हें सम्यक् शिक्षा प्राप्त है। बाद में कौशल्या एवं अनसूयादि[283] योग्य गुरुजनों की शिक्षा द्वारा उनकी यह शिक्षा दृढ़तम हो जाती है। इसका व्यवहारिक प्रत्यक्षीकरण उनके वन्य-जीवन में पूर्णरूपेण निखर उठता है। अनसूया उनके सतीत्व की भूरि-भूरि प्रशंसा करती है[284]—

दिष्ट्या पुत्रि त्वया प्राप्तं सतीव्रतपवित्रितम्।
सद्यशस्त्रिदशश्लाघ्यं वने पत्युः सपर्यया।।

अशोक वाटिका में स्थित जानकी को हनुमान केवल उनके पातिव्रत धर्म के कारण ही पहचान लेते हैं, तब वे सीता को राम का अखण्ड चिन्तन करते हुए पाते हैं[285]—

यदि चिन्ताकुला नेयं रतिः प्रोषितभर्तृका।
तत्सैव निश्चितं कान्ता राममानसमानसी।।

सीता के पातिव्रत धर्म का ज्वलन्त उदाहरण वह दृश्य है जहाँ विषम परिस्थिति में भी उनकी सुरक्षा का आल-बाल भी उनका सतीत्व है। चतुर्दिक विकृतानना राक्षसियों के मध्य निर्भीक सीता स्वयं अपनी दृढ़ता का निदर्शन करती हैं।[286] इसके अतिरिक्त रावण सम्भाषण के समय तिनके की ओट देकर बात करना तथा रावण को अपमानित करते हुए अपने पातिव्रत को गर्वोक्ति सीता द्वारा प्रस्तुत किया जाता है।[287] इसी प्रकार हनुमान के साथ सम्भाषण में भी सीता के पातिव्रत की गर्वोक्ति दर्शनीय है।[288]

हनुमान द्वारा लङ्कादहन के समय राक्षसियाँ सीता को सूचना देती हैं कि वह वानर आग की लपटों में जल रहा है। शोकाभिभूत सीता इस समाचार को सुनते ही नेत्रों से नीर बहाते हुए हनुमान की अग्नि शान्ति के लिए कहती हैं[289]—

सतीवृत्तेन यदि मे किंचिदस्ति तपःफलम्।
तेनास्तु भगवान्वह्निमारुतै शशीशीतलः।।

सीता के ऐसा कहते ही हनुमान की अग्नि वायु के द्वारा हिमखण्ड सदृश शीतल हो गयी। सहसा वे अपने भुजबन्धनों को तोड़कर सभी पाशों से मुक्त हो गए।[290]

यह है सीता के सत्य, तप, सतीत्व एवं पतिव्रत धर्म का माहात्म्य जो स्वयं उनका तथा हनुमान का रक्षक कवच सिद्ध होता है।

अग्नि परीक्षा के प्रसंग में सीता स्वयं राम के प्रति अपनी अनन्य निष्ठा का प्रमाण देती हैं। उन्हें शुद्धाचरण एवं राम के प्रति अनन्य भक्ति भावना का गर्व है, अटल आत्मविश्वास है जिसके दृढ़ अवलम्ब से ही वे अग्नि को साक्षी बनाकर उनसे

दाहक बनने के स्थान पर रक्षक बनने की प्रर्थना करती हैं[291]–

मनोवाक्कायचेष्टाभिर्यथाहं राघवात्परम्।
दैवतं नाभिजानमि तेन मां पातु पावकः।।

स्वयं अग्नि देव साकार रूप में प्रकट होकर सीता के पतिपरायणता की साक्षी देते हुए उन्हें राम को समर्पित करते हैं।[292] सर्वदर्शी राम भी ओजपूर्ण स्वर से अपने प्रति सीता की अनन्यता तथा उनके शुद्धाचरण को स्वीकार करते हैं[293]–

इत्युक्ते वह्निना रामस्तमुवाच कृताञ्जलिः।
गृहीतेयं मया देव वैदेही तव शासनात्।।
शुद्धस्वभावां सततं ननु जानामि जानकीम्।
किं त्वस्या विहिता शुद्धिर्लोकप्रत्ययकारिणी।।

इसी प्रकार दशरथ भी सीता के सतीत्व, पवित्रता एवं शुद्धाचरण के विषय में राम से कहते हैं[294]–**स्नुषा चेयं सती सूता पावकी कुलसंततेः।**

यद्यपि राम सीता के आचरण एवं अन्तरात्मा को भलीभाँति जानते हैं, तथापि जनापवाद से प्रेरित होकर अपनी प्राणप्रिया का परित्याग करना ही पड़ता है। उस स्थिति में भी वह राम से अनन्य भक्ति ही अर्पित करती हैं तथा अपने पति के अपवाद पर अपना परित्याग भी सहर्ष स्वीकार कर लेती हैं। वे लक्ष्मण से कहती हैं[295]–

निर्दोषैर्यद्गुणोदारैर्धर्मदारैर्वियुज्यते।
तदाज्ञां कुरु सौमित्रे त्यज मां दुःखभागिनीम्।।

यहीं तक नहीं, रामायणमञ्जरी में सीता का वह मार्मिक एवं हृदयस्पर्शी चित्र भी प्रस्तुत है, जहाँ वे अपनी अनन्यता एवं पातिव्रत धर्म की कसौटी पर खरी उतरती हुई अपने को बलिदान तक कर देती हैं। अन्तिम क्षण तक उनके मुख से यही ओजपूर्ण वचनावली निःसृत एवं गुञ्जरित होती है[296]–

यथा मे राघवादन्यो न संकल्पेन दैवतम्।
तेन सत्येन विवरं भूतधात्री दादतु मे।।
मनोनयनवाक्यचेष्टास्वप्नैरव्यभिचारिणी।
यद्यहं रघुनाथस्य तन्मे रन्ध्रं ददातु भूः।।

सीता धर्मज्ञा हैं–रामायणमञ्जरी में उनके धार्मिक स्वरूप का संकेत मिलता है। रावण द्वारा अपहृत सीता वन में विलाप करती हुई वनदेवता, गोदावरी तथा पर्वतों की हाथ जोड़कर अभ्यर्चना करती हैं–**गोदावरी नमामि त्वां गिराणामयमञ्जलिः।**[297] गुरुजनों एवं वृद्धजनों का पूजन उनका आदर्श है अतएव अनसूया का वे पूजन करती

हैं।[298] इसके अतिरिक्त वन में अनेक ऋषियों-मुनियों का भी पूजन करती हैं—**सत्येभ्यश्च मुनिभ्यश्च नमः कीर्तिप्रयातु वः**।[299] बहुरूपधारी रावण का आतिथ्य सत्कार उनके अतिथि धर्म का निर्णायक है।[300]

रामायणमञ्जरी में उसके धार्मिक व्यक्तित्व की ही भाँति सामाजिक व्यक्तित्व की विशेषताएँ भी दर्शनीय हैं। सीता सब प्रकार की रीतियों से भिज्ञ हैं। कुलरीति, राजनीति, तथा नीति के सभी तत्त्वों का उन्हें सम्यक ज्ञान है जिसका उल्लेख ग्रंथ में अनेक स्थलों पर किया गया है। यावज्जीवन वे कर्तव्यपरायणा एवं कुशल राजवधू हैं। इसका प्रत्यक्षीकरण अवधनारियों का सीता के प्रति अनुरक्ति के प्रसङ्ग में दर्शनीय है।[301] दशरथ भी इसकी प्रशंसा करते हैं।[302]

वे नारी सुलभ लज्जा से समन्वित,[303] सुशीलत,[304] मृदुलता[305] की प्रतीक स्वरूप हैं। वे त्यागमयी रमणी हैं जिसका प्रत्यक्ष निदर्शन सीता का परित्यक्ता स्वरूप है।

एक वीर क्षत्राणी हैं, अपने वर्णानुकूल राम को वन प्रदेश में क्षत्रिय धर्म का स्मरण कराती हैं।[306]

वे परम विवेकशीला हैं। जन्मजात बुद्धिकौशल के साथ-साथ समय-समय पर सदुपदेश ग्रहण की प्रवृत्ति एवं जिज्ञासु भाव उनकी प्रज्ञा को विशेष कान्ति प्रदान की है। वे परम तार्किक हैं, किन्तु सुतर्क करती हैं कुतर्क नहीं।[307]

सीता के चरित्र में कुछ विशिष्ट नैतिक गुणों का भी समावेश है। वे सच्चरित्रशीला हैं, दृढ़ संकल्प हैं, वे दृढ़ साहसी, निर्भीक हृदय एवं गौरवशीला हैं। वे भाग्यवादिनी तथा शक्तिशालिनी भी हैं। वे सुव्रता एवं सुधर्माचारिणी हैं। उनमें अटूट धैर्य एवं स्थिर बुद्धि है। वे कर्ममीमांसक तथा परम त्यागमयी हैं। राम द्वेष से रहित शरणागतवत्सलता से भी अभिप्रेत हैं। वे जितेन्द्रिय तथा परम तेजस्विनी भी हैं। रायमणमञ्जरी में आद्योपान्त सीता चरित्र के उपर्युक्त समस्त नैतिक गुण सम्यकरूपेण उल्लिखित हैं। वन प्रसङ्ग से लेकर हरण के प्रसङ्ग तक उनके चरित्र में, अग्नि परीक्षा काल में, ब्रह्मादि अग्निदेव तथा दशरथ द्वारा उनको निर्दोष सिद्ध वाली उक्तियों में, उनके परित्यक्ता स्वरूप में तथा विशेष रूप से रावण तथा हनुमान के साथ सम्भाषण के अन्तर्गत उनके चरित्र में निहित समस्त नैतिक गुणों का अवलोकन किया जा सकता है।

कवि ने सीता चरित्र के अधिक मार्मिक हृदयस्पर्शी एवं मनोवैज्ञानिक प्रसङ्ग भी चित्रित किए हैं। उनकी करुणा 'हरण प्रसङ्ग' में अत्यन्त मार्मिक एवं हृदय-विदारक हैं।[308] अशोकवाटिका में स्थित जानकी की वियोग व्यथा अत्यन्त हृदय

द्रावक है।[309] उनकी इस करुण दशा का चित्रण कवि ने अत्यन्त विशद एवं हृदयस्पर्शी किया है। वे वहाँ भी रावण से धमकायी जाने के पश्चात वन में परित्यक्त कन्यावत विलाप करती हैं। इन सभी दृश्यों में सबसे अधिक मार्मिक दृश्य सीता का 'वसुधा प्रवेश' है।[310] जिसने पाठकों एवं अवधपुरवासियों को ही द्रवीभूत एवं मर्माहत नहीं किया अपितु अत्यन्त सहनशीला पृथ्वी का हृदय भी विदीर्ण कर दिया।

सीता के चरित्र-चित्रण में 'दोष दर्शन' का विवादग्रस्त प्रसङ्ग मारीच वध के समय का है। इस स्थल पर सीता का अत्यन्त उग्र, चपल, आतुर एवं कटुभाषिणी रूप दर्शाया गया है।[311] किन्तु इस प्रसङ्ग में कवि का चरित्राङ्कन अधिक मनोवैज्ञानिक, स्वाभाविक एवं न्याय संगत जान पड़ता है। अपने एक मात्र आश्रय राम को संकटग्रस्त देखकर आतुर एवं अस्त-व्यस्त हो जाना स्वाभाविक था। उस भीषण संकटमयी परिस्थिति में उनका कटु भाषण करना पूर्णतः यथार्थ ही प्रतीत होता है।

इसी प्रकार सीताहरण के प्रसङ्ग में सीता रावण के प्रति क्रोधावेश से उबल पड़ी तथा उसे ललकारने लगी।[312] यह क्रोधोद्गार उनकी क्रोधी प्रकृति को नहीं अपतु समयानुकूल साहसी एवं वीर निर्भीक क्षत्राणी रूप को प्रमाणित करता है।

सत्पथावलम्बिनी सीता रामायणमञ्जरी में असत्य का प्रयोग भी करती हैं। कवि ने जीवन का सूक्ष्म अध्ययन किया। अतएव परिस्थिति के अनुसार सीता द्वारा हनुमान के विषय में असत्य भाषण भी करवाया है। अशोकवाटिका विध्वंस के उपरान्त पर्वत तुल्य अतिकाय वानर को देखकर भयभीत राक्षसियाँ सीता के पास पहुँचकर अपने शरीरों को विकृत बनाकर बोलीं, "वृक्षों को उखाड़ने वाला यह कौन है जिसके साथ तुमने स्वतन्त्रतापूर्वक बातचीत की।" इस पर सीता ने उत्तर दिया, "मैं इस तेजस्वी को नहीं जानती। मायावी व्यक्ति की गति को तुम लोगों के जैसे मायवी ही जानते हैं।"[313]

इस प्रसङ्ग में सीता का असत्य भाषण ही राजनीति, धर्मनीति के अनुकूल एवं मनोवैज्ञानिक था।

सीता के आन्तरिक आदर्श चरित्र की भाँति उनका बाह्य रूप भी अलौकिक, अनुपमेय, दिव्य, सर्वाङ्ग सुन्दर एवं सर्वोपरि चित्रित किया गया है। उसकी एक झलक का दर्शन कर लेना यहाँ असङ्गत न होगा।

रामायणमञ्जरी में कवि ने राम के दिव्य सौन्दर्य तथा शरीरिक सम्पत्ति का समग्र वर्णन बड़ी पूर्णता, स्निग्धता तथा वैशद्य के साथ स्थल-स्थल पर किया है। परन्तु आश्चर्य है कि उसने सीता के दैहिक सौन्दर्य का वर्णन कहीं भी नहीं किया। महाकवि उसकी अगाधता, गम्भीरता तथा अनाख्येय सौन्दर्य की वह अपनी शाब्दिक

शक्ति के द्वारा आख्या देना उचित नहीं समझता। इसका तात्पर्य यह नहीं कि रामायणमञ्जरी में जानकी के रूप भङ्गिमा की छवि शब्दों के माध्यम द्वारा वर्णित नहीं होती? होती है, किन्तु कवि द्वारा नहीं अपितु जानकी द्वारा ही अथवा अन्य पात्रों के द्वारा। युद्ध काण्ड के अन्तर्गत माया द्वारा निहत राम को पुष्पकारूढ़ सीता अपने नेत्रों से देखने के बाद दुःख संतप्त हो स्वयं निज रूप सौन्दर्य का वर्णन करती हैं–कन्या लक्षणवेत्ताओं ने जीवित भर्तृत्व के जो लक्षण बताए हैं, वे कैसे मिथ्या हो सकते हैं? वे सभी तो मेरे पास हैं। मेरे सिर के बाल महीन बराबर और काले हैं, भौहें परस्पर जुड़ी नहीं हैं, नेत्र शङ्ख के समान, पैर तथा पिण्डलियाँ गोल-गोल एवं रोमरहित हैं। दाँत परस्पर सटे हुए तथा नख के अग्र भाग अर्धवृत्ताकार हैं। मेरे दोनों स्तन परस्पर सटे हुए एवं स्थूल हैं, इसके अग्रभाग भीतर की ओर दबे हैं। मेरी नाभि भी गहरी है तथा मेरी अङ्गकान्ति स्निग्ध एवं मृदुल है। वैधव्य के जो लक्षण हैं वे मुझमें कहीं भी दिखाई नहीं पड़ते[314]–

पाणिपदतालाशङ्कै रेखाकमलमण्डलैः।
वैधव्यं सूचितमिदं कथं मे शुभलक्षणैः।।
ये भूर्तशस्तां मामाहुः कन्यालक्षणकोविदाः।
ते दैवज्ञा कथं नाम जाता वितथवादिनः।।
नीलाः केशाः समाः सूक्ष्माः परिच्छिन्ने भ्रुवौ च मे।
शङ्खो नेत्रे बरौ पादौ गुल्फौ च न शिरोत्रतौ।।
अन्ताः प्रगुणरामाश्च तनुवृत्तशिखा नखाः।
स्तनौ सुसंहतो पीनो सुवृत्तौ मग्नचूचुकौ।।
गम्भीरो नाभिदेशश्च कान्तिः स्निग्धा च मे मृदुः।
ममेदं येन वैधव्यं न तत्पश्यामि लक्षणम।।

अरण्य पर्व के अन्तर्गत शूर्पनखा रावण से सीता के रूप सौन्दर्य की चर्चा करते हुए कहती हैं–सीता राम की उसकी (राम की) वधू नव यौवन सम्पन्न, सर्व गुण युक्त समस्त स्त्रियों में श्रेष्ठ, मनोहारी एवं कान्ति युक्त मुख चन्द्र वाली है। उस सुन्दर नेत्रों वाली सीता को मैं तुम्हारे लिए हरण करवाना चाहती हूँ, जिस राम के छोटे भाई द्वारा मैं अपमानित की गई हूँ।[315]

इसके बाद रावण मारीच के पास पहुँचकर सीता के विषय में कहता है–मन्द मुस्कान वाली, चन्द्र सदृश उसके मुख मण्डल से लावण्य बिन्दु टपकता हुआ सीता नाम की शोभा युक्त उसकी पत्नी हैं।[316]

पुनः जब भिक्षु रूप में रावण आश्रम में स्थित सीता को देखता है तो वह उनके

अद्भुत रूप सौन्दर्य को देखकर चकित हो, अतीव प्रशंसा करते हुए कहता है—करिणी को शृङ्गार की शिक्षा देने वाली, हरिणी के नेत्रों को चुरा लेने वाली, चन्द्रकान्ति को भी मलिन बनाती हुई लावण्यनलिनी तुम कौन हो? तुम्हारे ये कमल के समान कोमल हाथ पारिजात वृक्ष के नवकोपलों के सदृश शोभायमान हो रहे हैं। तुम्हारी हारावली के तट-प्रान्त पर चक्रवाक के जोड़े की भाँति दोनों स्तन शोभित हो रहे हैं। हे सुभ्रु! ऐसा प्रतीत होता है कि विधाता ने तुम्हें कोई संजीवनी औषधि की भाँति ही निर्मित किया है। रक्त अधरपटल, चञ्चल नेत्र, मन्द स्मित्—ये सभी तुम्हारे मुखकमल की कान्ति पर भासित हो रहे हैं। अप्सराओं के रूप की तो इसके सामने तुलना ही नहीं, गन्धर्व स्त्रियों का क्या विद्याधर की स्त्रियों के सौन्दर्य इसकी समता में बहुत दूर हैं, अन्यों का तो कोई स्थान ही नहीं। विकराल राक्षसों तथा पशु-पक्षियों से युक्त इस घोर जङ्गल में दिन में गिरी हुई चन्द्रबिन्दु के समान तुम कैसे अकेली रहती हो।[217]

पुनः सुन्दरकाण्ड के अन्तर्गत मदपान से उन्मत्त एवं कामान्ध रावण अशोक-वाटिका में पहुँचकर सीता के सभी अवयवों की प्रशंसा करते हुए अपनी पत्नी बनाने का प्रयत्न करता है। इस समय उसके द्वारा प्रयुक्त वाक्यों से सीता के रूप सौन्दर्य की स्पष्ट झलक मिलती है। रावण सीता को वामनयने, सुन्दर मूर्ति, सौन्दर्य से विभूषित सुन्दर भौंहों वाली, सुन्दर नेत्रों वाली एवं सुन्दर नितम्बों वाली आदि संबोधनों द्वारा सीता के अप्रतिम रूप सौन्दर्य का वर्णन करता है।[218]

वस्तुतः यह कहना अत्युक्ति नहीं होगा कि अखिल विश्व के स्त्री चरित्रों में राम-प्रिया जानकी का चरित्र सर्वोत्कृष्ट है। रामायणमञ्जरी के सभी स्त्री चरित्रों में तो सीता चरित्र सर्वोत्तम, सर्वथा आदर्श और पद-पद पर श्लाघ्य ही है, भारतीय ललनाओं के लिए सीता का चरित्र सन्मार्ग पर चलने के लिए पूर्ण मार्गदर्शक है।

सहनायिका तारा

रामायणमञ्जरी की सहनायिका तारा किष्किन्धा नरेश बालि की पत्नी एवं वीरवर अङ्गद की जननी थी। ग्रंथ के अन्तर्गत किष्किन्धा पर्व एवं किष्किन्धाकाण्ड के कुछ स्थलों से ही तारा की चारित्रिक विशेषताओं का परिज्ञान होता है। इन्हीं स्थलों के आधार पर, उसकी पतिपरायणता, पुत्र-स्नेह, बुद्धिमता वाक्चातुर्य, शास्त्रीय एवं पौराणिक ज्ञान, राजनीति निपुणता, नीति एवं धर्म तत्त्ववेत्ता स्वरूप का दर्शन होता है।

वह एक बुद्धिमान, नीति, धर्मशास्त्र, राजनीति तथा व्यवहार को जानने वाली पतिव्रता नारी थी। यही कारण है कि राम का आश्रय पाये हुए सुग्रीव की ललकार

से उत्पन्न क्रोध वाले पति बालि को युद्ध न करने के लिए प्रेरित करते हुए कहती है–इस विप्लव क्रोध को त्याग कर धैर्य का आश्रय लेते हुए कार्य करना ही उचित है। इस लोक में नेक विचारों वाले सज्जन लोग न तो किसी से ईर्ष्या रखते हैं और न ही बिना परीक्षण किए कोई कार्य ही करते हैं। सामान्य लोगों की तरह सज्जनों में भावावेश के कारण क्रोध एवं अहं नहीं होता। आपके द्वारा निष्कासित, भग्नमनोरथ वाला एवं निराश वह आपका भाई सुग्रीव निश्चय ही किसी धीर एवं बुद्धिमान का आश्रय पा गया है, नहीं तो वह पुनः वैसे यहाँ युद्धार्थ आता? अङ्गद ने मुझे बताया है कि उसे (सुग्रीव को) दया के सागर, शौर्य एवं शील धनुर्धारी दशरथनन्दन राम का आश्रय मिला है। अतः सुग्रीव के साथ भाई का बर्ताव करते हुए राम को प्रसन्न कर प्रणाम करें जिससे आपका राज्य वैभव सुरक्षित रह सकता है, क्योंकि विजयाभिलाषी, लक्ष्मी को चाहने वाले सदैव बलवान से सन्धि, हीन शक्ति वाले से युद्ध एवं समान बल वाले की उपेक्षा करते हैं। अतः आप युद्ध करके दीपक पर एकाएक गिरे हुए पतंगे की गति (मृत्यु) को न प्राप्त होवें।[319]

इस प्रकारा तारा के उपर्युक्त कथनों से पति का हितचिन्तन स्पष्ट रूप से देखा जा सकता है जिससे उसका पतिपरायण स्वरूप सिद्ध होता है। इसके अतिरिक्त भी उसके चरित्र में निहित अन्य सभी गुणों का स्पष्ट संकेत मिलता है।

तारा के पातिव्रत का चरमोत्कर्ष तो उस समय दिखाई पड़ता है जब उसके लाख समझाने पर भी क्रोधोन्मत्त बालि युद्ध के लिए चल दिया सुग्रीव के साथ घमासान युद्ध करते हुए राम के एक घोर संधान द्वारा उसके स्वर्ग का द्वारा खोल दिया गया। पराक्रमी बालि के वध का समाचार पाते ही वह अङ्गद को आगे कर विलाप करती हुई शीघ्र वहाँ आ पहुँची। पति के पास पहुँचकर दुःख सागर में डुबी हुई तथा आँसुओं की धार पोंछती हुई बोली, "राम के बाण ने आपका जीवन लेकर मुझसे दूर कर दिया। हे नाथ! दीर्घ प्रवास पर जाते समय एक बार नेत्र खोलकर अपने पुत्र को क्यों नहीं देख लेते? पुत्र के प्रति तुम्हारा वह वात्सल्य कहाँ गया? संगमोत्सव के समय मेरे प्रति कही जाने वाली प्रेमामृत वाणी कहाँ गयी।[320]

इस प्रकार बालि के प्रति विलाप करती हुई तारा सुग्रीव से कहती है, "यदि तुमने अपनी पत्नी रूमा के लिए भाई की हत्या करवाई तो मुझे भी मारकर अग्नि में डाल दो तथा भाई के रक्त से सनी इस पृथ्वी का भोग करो।"[321]

पुनः राम को उलाहना देते हुए कहती है, "हे राम! यदि असुरों ने सीता का हरण कर ही लिया तो क्या श्रेष्ठ पराक्रमी बालि आपकी सहायता नहीं कर सकता था। अहो! रागान्ध हो आपने जो सुग्रीव को आश्रय दिया तथा बालि का वध किया,

यह उचित नहीं किया। जिस सीता के वियोग में आप इधर-उधर भटक रहे हैं उसकी प्राप्ति के बाद भी अधिक समय तक उसका उपभोग नहीं कर सकेंगे। अहो! यह राम का मोह है, अथवा बालि का श्रेष्ठ भाग्य कि नीम पर आश्रित लता को रास्ते में फेंके हुए की भाँति अब मैं क्या करूँ। इस प्रकार विलाप करती हुई तारा की अश्रुधारा मुक्ताहार पर गिरते हुए पृथ्वी पर उसी प्रकार गिर रहे थे जैसे आकाश से तारे गिर रहे हों।[322]

बालि के प्रति तारा के उपर्युक्त विलाप एवं कथन में उसके अनुपम पति प्रेम का दर्शन होता है।

पुत्र अङ्गद के प्रति भी उसके असीम स्नेह का परिचय भी उस समय मिल जाता है जब उसे आगे करके वह मृत पति के पास पहुँचकर रोते हुए कहती है कि हे नाथ! "दीर्घ प्रवास पर जाते समय जरा एक बार नेत्र खोलकर अपने पुत्र को देख लीजिए। अपने पुत्र के प्रति तुम्हारा वह वात्सल्य कहाँ गया।[323]

इसी प्रकार पति की मृत्यु के बाद विलाप करते हुए तारा का वैराग्य भाव दिखाई पड़ता है। वह जीवन से बिलकुल विमुख हो सुग्रीव से कहती है तुम मुझे अग्नि में डाल दो तथा मुझ निर्दोष को मारकर मेरे प्राणों की शुद्धि कर दो।[324]

तारा का पतिहन्ता राम को उलाहना देना मनोवैज्ञानिक, यथार्थ एवं स्वाभाविक है, किन्तु राम के प्रति उसकी अटूट श्रद्धा एवं भक्ति का भी निदर्शन होता है राम के गुणों की प्रशंसा करते हुए पत्नी तारा बालि से कहती है कि वह उनसे युद्ध ना करके प्रणाम कर प्रसन्न करे तथा सुखपूर्वक अपने राज्य का उपभोग करे।[325]

तारा की बुद्धिमत्ता एवं वाक्चातुर्य का भी निदर्शन रामायणमञ्जरी में पर्याप्त उल्लिखित है। राज्य एवं स्त्री वापस पाकर सुग्रीव विषयासक्त हो राम कार्य को भूल गया इस पर क्रोधान्ध लक्ष्मण किष्किन्धापुरी पहुँचते हैं। इसी बीच तारा वहाँ पहुँचकर लक्ष्मण से मधुर वचनों में बोलती है–सुग्रीव के प्रति आपका यह क्रोध उचित नहीं है। क्योंकि कपिपति सुग्रीव सर्वथा आपका स्नेही है। वह राम कार्य से विचलित नहीं हुआ है। वह न तो असत्यवादी है, न दुष्ट है, न कृतघ्न है और न ही दुर्जन है। वह तो राम-कार्य के प्रति योगी की तरह ध्यान निश्चल है। यद्यपि भोगों के अत्युन्नत होने तथा अन्तःपुर में आभूषणों से शोभित बक्षःस्थल वाली कामिनियों के रहते हुए भी सुग्रीव राम कार्य में निरन्तर चिन्ता से दग्ध एवं सुखपूर्वक शयन नहीं करता। उसने राम के यशःस्तम्भ को मन में स्थायी रूप से स्थापित कर लिया है। पुनः जब विश्वामित्र जैसे जितेन्द्रिय तपस्वी ने मेनका के साथ रमण करते हुए सुदीर्घकाल बिता दिया तथा देवता, मुनियों की जब यह दशा है तो प्रिय समागम में सुग्रीव का

मन क्यों न रम जाये? हे लक्ष्मण! सुग्रीव रावण को युद्ध में मारकर तथा सीता को वापस लाकर राम को प्रसन्न कर देगा। उसके आदेश से समस्त कपिगण सातों समुद्रों को पार कर सीता का पता लगाकर राम को शीघ्र ही सूचित करेंगे। तारा की ऐसी वाणी सुनकर लक्ष्मण का क्रोध शान्त हो गया।[326]

यह तारा का बुद्धिकौशल एवं वाणी की कुशलता ही है कि सुग्रीव के वध हेतु आए हुए क्रोधान्ध लक्ष्मण के क्रोध को अपनी मधुर वाणी से शमन कर प्रसन्न कर लिया। तारा के उपर्युक्त कथन में उसके शास्त्रीय एवं पौराणिक ज्ञान का भी पिरचय मिलता है तभी तो विश्वामित्र और मेनका के रमण सुख का उदाहरण प्रस्तुत करती है।

कौशल्या

रामायणमञ्जरी में कौशल्या का चरित्र बहुत ही उदार और आदर्शपूर्ण है। ये महाराज दशरथ की सबसे बड़ी पत्नी और राम की जननी हैं। ग्रंथ के अन्तर्गत कौशल्या के चरित्र में प्रमुख रूप से उनका पति प्रेम और पुत्र-प्रेम ही वर्णित है। इन्हीं दो रूपों में ही उनके चरित्र के अन्य सद्गुणों का भी विकास दर्शनीय है।

कौशल्या का अनुपम पुत्र प्रेम राम के राज्याभिषेक के समय दिखाई पड़ता है। राज्याभिषेक की उत्सुकता में कौशल्या देव-पूजन एवं व्रत उपवासादि में संलग्न हैं। इसी समय वन गमन हेतु माँ का आदेश प्राप्त करने के लिए राम उनके भवन में पधारते हैं। राम द्वारा वन गमन का सम्पूर्ण वृत्तान्त सुनते ही कौशल्या शोक मूर्च्छित हो गयी। पुनः थोड़ा सा चैतन्य प्राप्त होने पर अश्रु वाष्प गद्‌गद वाणी में विलाप करते हुए बोलीं, "अहो! इस जगत में वन्ध्या स्त्रियाँ ही धन्य हैं जो स्वप्न में भी पुत्र-स्नेह की विषम व्यथा को नहीं जानतीं। सम्पूर्ण पुण्य गुणों से युक्त पुत्र प्राप्ति के बाद भी इस प्रकार के उग्र वियोग को कैसे सहन किया जा सकता है। काँटों से युक्त लता का जीवन अच्छा है, किन्तु सर्वदा दुःख भोगने वाली एक पुत्र की माँ का नहीं। राम जैसा पुत्र जिसका निर्जन वन में चला जाय उस दुःखपूर्वक दृढ़ जीवन बिताती हुई स्त्री को धिक्कार है। पिता के द्वारा गुणों के समूह राम विर्नासित कर दिए गये, परन्तु माता के जीवित रहने पर उसका स्नेह कहाँ गया। अमुत तुल्य स्नेहसम्पति का खजाना एवं एकमात्र सुख की प्राप्ति स्थल, मुझ हतभागिनी से दूर हो गया। इस प्रकार विलाप करती हुई कौशल्या भूमि पर गिर पड़ी। पुनः धैर्यसागर राम आश्वासन देते हुए वात्सल्य विकल माता कौशल्या से कहते हैं–माँ खेद मत करो, वनवास की अवधि समाप्त होने पर मैं पुनः मिलूँगा। किसी तरह से पुत्र द्वारा कठिनता से समझाये जाने पर माँ ने आज्ञा प्रदान की।[327]

इसी प्रकार राम को छोड़कर वापस आने पर सुमन्त्र जब सम्पूर्ण वृत्तान्त

निवेदन करते हैं तो कौशल्या पुनः पुत्र वियोग में दुःखी हो जाती हैं।[328] निज पुत्र राम के प्रति उनके अपनत्व एवं अतुलित स्नेह की पराकाष्ठा का दर्शन उस समय भी दिखाई पड़ता है जब वे भरत से कहती हैं कि तुम्हारे लिए ही कैकेयी ने महाराज से मेरे पुत्र को निर्वासन दिलवाया–**त्वदर्थ याचितो राजा मया राम निर्वासनम्।**[329]

राम की माँ कौशल्या की प्रशंसा करते हुए सुमन्त्र राम से कहते हैं[330]–

धन्या ते जननी राम कौशल्या पुत्रमानिनी।
अदितेरपि या शङ्के शक्रमातुः स्पृहास्पदम्।।

इसी प्रकार भरत भी भरद्वाज मुनि से कौशल्या का परिचय कराते हुए उनके गुणों की प्रशंसा करते हैं[331]–

इयमार्यस्य कौशल्या माता जिष्णोरिवादितिः।
माता यस्य न लोकेऽस्ति यशसामथतेजसाम्।।

उपर्युक्त तथ्यों के आधार पर कौशल्या की आदर्श पुत्रवत्सलता का अनुपम उदाहरण प्रस्तुत होता है। राम के प्रति उनके असीम स्नेह के विषय में कहना ही क्या है, जिस भरत के कारण उनके प्रिय पुत्र राम को वनवास मिला उसके प्रति भी कौशल्या का वही स्नेह था। वे राम और भरत में कोई अन्तर नहीं मानतीं । उनका हृदय विशाल था। यही कारण है कि भरत जब स्वयं को धिक्कारते हुए तथा सारे अनर्थों का कारण अपने को मानते हुए माता कौशल्या के समक्ष फूट-फूटकर रोने लगते हैं तो पहले कौशल्या कुछ अवज्ञापूर्वक बोलती हैं जो स्वाभाविक था, किन्तु बाद में उनका वात्सल्य उमड़ ही पड़ा। पुनः वे भरत को निर्दोष समझते हुए लज्जा युक्त शब्दों में बोलीं–"पुत्र मैं तुम्हारे भावों को समझती हूँ, शपथ मत खाओ। सदा विवेकी विशुद्ध सत्त्व युक्त तुम जैसे सज्जन का मन कभी दूषित नहीं हो सकता है।"[332] यह कौशल्या का पुत्र स्नेह ही तो है जो भरत की इस प्रकार प्रशंसा करती हैं। फिर भरत भी तो माँ कौशल्या का बहुत ही आदर करते हैं। कैकेयी को धिक्कारते हुए वे कहते हैं–**एकपुत्रापि कौशल्या न जाने तव कथमास्थिता।**[333]

लक्ष्मण के प्रति भी उनका वही अनुपम स्नेह था। जिस सुमित्रानन्दन ने कौशल्या पुत्र राम के साथ वन जाना सहर्ष स्वीकार किया तथा जिसने अपना सम्पूर्ण जीवन ही राम की सेवा में न्योछावर कर दिया, उसके प्रति विशाल हृदय कौशल्या का स्नेह होना स्वाभाविक ही है।

पुत्र राम की ही भाँति रामायणमञ्जरी में कौशल्या का वधू प्रेम भी दर्शनीय है। अपनी पुत्रवधू सीता के प्रति कौशल्या के स्नेह का दर्शन तब होता है जब राम, लक्ष्मण के साथ सीता वन चली जाती हैं तथा सुमन्त्र वापस आकर समाचार बताते हैं। उस समय कौशल्या राम और लक्ष्मण के विषय में तो सोचती ही हैं, किन्तु

जानकी के विषय में विशेष चिन्तन करते हुए वह शोक के कारण आहत हो जाती हैं।[334]

इसी प्रकार चित्रकूट में सीता को वल्कल आदि धारण किए देखकर विचलित धैर्य वाली कौशल्या मूर्च्छित हो गयीं। उन्होंने उन सबके दुःख के विषय में सोचते हुए, आँखों से आँसू बहाते हुए किसी तरह से वह रात्रि बितायी।[335]

साध्वी कौशल्या तो पतिव्रता शिरोमणि हैं। अयोध्याकाण्ड के अन्तर्गत उनका यह स्वरूप दिखाई पड़ता है। पति महाराज दशरथ के आदेश से उनके प्राणप्रिय राम और सीता वन चले जाते हैं। ऐसी परिस्थिति में पति के प्रति कौशल्या का व्यवहार कुछ रूखा हो सकता था, परन्तु नहीं, कौशल्या महाराज को किसी भी प्रकार का उलाहना नहीं देतीं प्रत्युत शान्त एवं गम्भीर भाव से पुत्र वियोग में दुःखी पति दशरथ को धैर्य ही बँधाती रहती हैं। उनके दुःखी होने पर दुःखी हो जाना, विलाप करने पर विलाप करना तथा दिन-रात उनके ही साथ रहना आदि से उनके पातिव्रत का चरमोत्कर्ष स्पष्ट रूपेण सूचित होता है। इस प्रकार राम वन गमन के बाद पुत्र वियोग में दुःखी महाराज के साथ हर पल रहते हुए कौशल्या ने 6 दिन बिताये। छठवीं रात्रि में शोकमग्न महाराज दशरथ कौशल्या को अपने इस कष्ट के कारण स्वरूप-यज्ञदत्त की कथा सुनाते हैं। कथा की समाप्ति के समय हाय राम! हाय सीता आदि दुःखपूर्ण वचनों से विलाप करते हुए महाराज दशरथ ने प्राण त्याग दिए। महाराज को सोया जान कर, उनकी नींद टूटने के भय से कौशल्या शोक में डूबी हुई निःशब्द विलाप करने लगी[336]–

सुप्तं विज्ञाय नृपति कौशल्या शोकपातिता।
तन्निद्राभङ्गभीताभून्निशब्द प्रविलापिनी।।

प्रातः सेवकों द्वारा जगाने पर महाराज नहीं जगे। इतने में ही उनकी मृत्यु को जानकर कौशल्या सहित सभी रानियाँ विलाप करने लगीं[337]–

कौशल्याद्यास्ततो देव्यः प्रलापमुखराननाः।
चक्रुश्रुकणैश्छिन्नहारमुक्तफलप्रभम।।

उपर्युक्त स्थलों में कौशल्या का अतुलित पति-प्रेम दर्शनीय है। दशरथ राम के वियोग में व्याकुल थे। उनका खान-पान छूट गया था। मृत्यु के चिह्न उनके शरीर पर प्रत्यक्ष दिखाई पड़ने लगे थे। नगर और महलों में हाहाकार मचा हुआ था। ऐसी अवस्था में जिसके पुत्र एवं पुत्रवधू को वनवास हो गया हो तथा पति की ऐसी दयनीय स्थिति हो गयी हो, उस स्त्री की दीन एवं दुःखी दशा का सहज ही अनुमान लगाया जा सकता है। किन्तु कौशल्या ने इस विषम परिस्थिति में भी अपने दुःख को

भुलाकर, अपने कर्तव्य एवं उत्तरदायित्व को समझते हुए, पति को धैर्य बँधाते हुए मृत्युपर्यन्त अहर्निश साथ रहते हुए पातिव्रत का अनुपम उदाहरण प्रस्तुत किया।

कैकेयी

कैकेयी अत्यत्न शीलवती, साध्वी मानिनी एवं पतिपरायणा नारी है। राजा दशरथ अपनी सभी रानियों में कैकेयी को सबसे अधिक प्रेम करते थे। इसका प्रत्यक्ष उदाहरण कोपागार में विक्षिप्त कैकेयी को मनाते हुए पति दशरथ की स्नेह एवं आदर भरी उक्तियाँ हैं। दशरथ यहाँ तक कह देते हैं कि हे देवि! प्रसन्न होओ और बताओ कि तुम्हारी क्या इच्छा है। तीनों लोकों में ऐसी कोई दुर्लभ वस्तु नहीं जो मैं अपनी प्रिया के लिए उपलब्ध न कर दूँ।[338] इससे स्पष्ट ही है कि कैकेयी राजा दशरथ को प्राणों से भी अधिक प्रिय थीं। कैकेयी के प्रति पति प्रेम का तो अनुपम उदाहरण यही है कि उसने देवासुर संग्राम में युद्ध करते हुए पति दशरथ को अपने प्राणों की कीमत पर बचाया था।[339] इससे अधिक एक पतिपरायणा के लिए और भी क्या मापदण्ड हो सकता है।

रामायणमञ्जरी में कैकेयी के स्नेहासिक्त, वात्सल्यमयी माँ का स्वरूप भी दर्शनीय है। जिसके लिए सम्पूर्ण लोक में उन्हें दोषभाजन बनना पड़ा, अपार अपयश सहना पड़ा, उस निज पुत्र के प्रति उनके अपरिमित स्नेह के विषय में कहना ही क्या है? भरत से भी अधिक वे राम को प्यार करती हैं। कैकेयी के भाग्य को धिक्कारते हुए तथा राम के विपक्ष में बोलते हुए मन्थरा जब कैकेयी को बताती है सुबह राम का राज्याभिषेक होने वाला है तो इस सुखद समाचार से हर्ष विह्वल कैकेयी ने मन्थरा को अपना स्वर्णाभूषण पुरस्कार स्वरूप दे दिया। हर्षातिरेक में कैकेयी कहती है, "बड़े सौभाग्य की बात है कि जिस गुणशाली पुत्र राम को मैं कई प्रकार से भरत से अधिक मानती हूँ, उसका अभिषेक होने वाला है[340]–

मन्थराया वचः श्रुत्वा कैकेयी हर्षनिर्भरा।
उवाच हेमाभरणं दत्त्वास्यै पारितोषकम।।
दिष्ट्याभिषेको रामस्य श्रूयते गुणशालिनः।
स मे बहुमतः पुत्र मन्थरे भरताधिकः।।

राम के प्रति कैकेयी के स्नेह का यह कितना सुन्दर, सुस्पष्ट एवं अनुपम उदाहरण है। यही नहीं, मन्थरा का तात्पर्य तो कुछ और ही था, किन्तु कैकेयी को इस प्रकार हर्षाविह्वल देखकर तथा राम के प्रति उनके इन स्नेहासिक्त वचनों को सुनकर मन्थरा ने क्रोध एवं कष्ट से कांपते हुए आभूषणों को दूर फेंक दिया। पुनः राम के विरुद्ध बहुत सी बातें बोलना प्रारम्भ किया। मन्थरा की इन बातों को सुनकर भी कैकेयी राम के गुणों की ही बार-बार प्रशंसा करती रही[341]–

वक्रं श्रुत्वेति कुब्जाया बचनं हृदयोपमम्।
चक्रे रामस्य कैकेयी गुणश्लाघ्यां पुनः पुनः।।

इन थोड़ी सी पंक्तियों से ही यह स्पष्ट हो जाता है कि कैकेयी को राम कितने प्रिय थे तथा उन्हें राम के राज्याभिषेक में कितनी सुखानुभूति एवं प्रसन्नता थी। तथापि मंथरा के बहकावे में आकर उन्हें राम को अरण्यवास देना पड़ा। यह अस्वाभाविक एवं परम अमङ्गलमय दुःखद घटना कैसे घट गयी? जो कैकेयी देवासुर संग्राम में अपने पति के प्राणों की रक्षा करके उनकी प्राणप्रिया बनी थी जो अपने पवित्र रघुवंश की मर्यादा का ध्यान ही नहीं रखती थी अपितु राम को भरत से अधिक प्यार भी करती थी जो अत्यन्त शीलवती साध्वी नारी थी जिसने राम के राज्याभिषेक से मुदित होकर मन्थरा को बहुमूल्य आभूषण प्रदान किया मन्थरा की विपरीत बातें सुनने पर भी राम के गुणों की ही प्रशंसा करती रही, उनके द्वारा अनर्थकारी कार्य ही हो गया, जिससे वे सदा के लिए दुष्टा पापिनी एवं कलङ्किनी कहलायी। राम के प्रति भरत की अद्भुत आदर्श प्रीति एवं भक्ति से परिचित होकर भी उन्होंने भरत के लिए राज्य एवं राम के लिए अरण्यवास का वरदान कैसे माँगा? अन्य रामकथा सम्बन्धी ग्रंथों में इसके कई कारण दिए गये हैं, परन्तु रामायणमञ्जरी में एक ब्राह्मण शाप का उल्लेख मिलता है—बचपन में किसी समय कैकेयी ने किसी ब्राह्मण को मूर्ख कहकर अपमानित किया था तथा उसी के शाप से ही कैकेयी को यह अपयश प्राप्त हुआ[342]—

कैकेय्य ब्राह्मण पर्वूं मूर्खो बाल्ये विडम्बितः।
तच्छापादभवत्तस्या मतिः कीर्तिपराङ्मुखी।।

अतः कैकेयी ने उपर्युक्त ब्राह्मण शाप के कारण ही यह अनिष्ट कार्य किया जिसने उसे सदा के लिए अपयशभाजन बनना पड़ा। यद्यपि रामायणमञ्जरी के लगभग सभी पात्रों ने कैकेयी के इस कार्य की घोर निन्दा की है, किंवा कुल्टा, कलङ्किनी, पापिनी, कठोरहृदये आदि नाम से भी सम्बोधित किया किन्तु राम ने उनके लिए कहीं भी निन्दापरक शब्द नहीं प्रयुक्त किए। लक्ष्मण के क्रोधित होने पर उन्हें समझाते हुए राम कहते हैं कि इसमें कैकेयी का कोई दोष नहीं है, अपितु इसे दैव ही जानता है। अतः व्यर्थ में क्रोध करना उचित नहीं है[343]—

मनोरथाप्तिः कैकेय्या यथा नृणां तथा पितुः।
भवत्येव वनं याते मयि पुण्योदयात्परम्।।
दैवमेव विजानीहि प्रवासे मम कारणम्।
न हि पौरुषमत्रास्ति किं वृथा कोपसंभ्रमैः।।

इसी प्रकार वन जाते हुए भरत ने जब भरद्वाज मुनि से सभी माताओं का परिचय देते हुए कैकेयी के विषय में कहा कि, यह मेरी जनापवाद जननी कैकेयी हैं जिन्होंने मुझे इस शोक सागर में डाल दिया है।[344] भरत के ऐसा कहने पर भरद्वाज मुनि भी कैकेयी का दोष निवारण करते हुए कहते हैं–इसका कारण दैव ही है अतः कैकेयी को इस प्रकार मत कहिए[345]–**कारणं दैवमेवात्र न कैकेयीत्यभाषत।**

इस प्रकार कैकेयी को लांछित करना अत्युचित नहीं प्रतीत होता है। तथापि कैकेयी के वरदान तथा निष्ठुर भाषण आदि जो कुछ भी कार्य हैं उसमें उनका कोई दोष नहीं अपितु दैव ही दोषी माना जा सकता है। वह तो अत्यन्त शीलवती, साध्वी, पतिपरायणा एवं पुत्र राम के प्रति अप्रतिम स्नेह रखने वाली थीं।

रामायणमञ्जरी के गौण नारी पात्र

शबरी

रामायणमञ्जरी में शबरी का चरित्रांकन अत्यन्त तपोनिष्ठा श्रमिणी के रूप में किया गया है। उसके तपस्विनी रूप की चर्चा स्वयं राम ने भी अपने मुखारविन्द से की है।[346] उसके तपोनिष्ठ स्वरूप में उनकी अनुपम गुरुभक्ति का भी दर्शन होता है। जिसका ज्वलन्त प्रमाण राम के समक्ष अपने गुरु मतङ्ग ऋषि के विषय में कही गयी उसकी उक्तियाँ हैं।[347] शबरी राम की अनन्य भक्ता भी है। राम के दर्शन से ही अपने जीवन को धन्य मान लेती हैं तथा उनके प्रसाद से वह दिव्य धाम को चली जाती है।[348] इस प्रकार शबरी को सात्त्विक गुणों की प्रतीक स्वरूप कहा जा सकता है।

मन्थरा

रामायणमञ्जरी में मन्थरा का चरित्राङ्कन कवि ने कुलटा नारी के रूप में किया है जिसमें स्वाभाविकता एवं मनोवैज्ञानिकता का स्पष्ट दर्शन होता है। बचपन में राम ने उसके ऊपर पादप्रहार किया था इसलिए अवसर मिलने पर वह अपने अपमान का बदला चुकाने के लिए तत्पर हो जाती है।[349] इसके लिए वह कैकेयी को प्रेरित करके उनके पुत्र भरत को राज्य तथा राम को वनवास दिलाने का प्रयत्न करती है।[350] एक दासी के रूप में वह कैकेयी का हितचिन्तन करती है तथा व्यक्तिगत स्तर पर अपने अपमान का बदला लेती है। किन्तु इन दोनों के बीच न्यायोचित दुर्बलता का ही समावेश है। उसके चरित्र के इसी घृणित एवं गर्हित पक्ष ने शत्रुघ्न को भी उसको पीटने, बाल पकड़कर खींचने तथा घसीटने के लिए विवश कर दिया।[351] उपर्युक्त सन्दर्भों से मन्थरा को राजसी गुणों की प्रतीक स्वरूपा माना जा सकता है।

शूर्पणखा

रामायणमञ्जरी में शूर्पणखा की कामासक्ति का यथार्थ रूपेण चित्रण हुआ है।[352] कामुक उच्छृङ्खलता के अतिरिक्त उसके चरित्र में निहित उसका नीतिज्ञा रूप भी अवलोकनीय है जिसमें प्रत्येक प्रकार के आदर्श वर्णित हैं। वह भेदनीति के द्वारा रावण को युद्ध के लिए उद्वेलित भी करती है।[353] राजनीति के तथ्यों को भी भली भाँति जानती है। शूर्पणखा के सम्पूर्ण चरित्र स्थलों के आधार पर उसका तामसी रूप में मूल्यांकन किया जा सकता है।

मन्दोदरी

रामायणमञ्जरी में मन्दोदरी के चरित्र का विकास नहीं दिखाई पड़ता। एक स्थल पर ही उसका उल्लेख हुआ है। रावण की मृत्यु के बाद अन्तःपुर की अन्य रानियों के साथ उसका करुण विलाप सुनाई पड़ता है जिससे उसके प्रति प्रेम का परिचय मिलता है।[354] इस स्थल के अतिरिक्त सम्पूर्ण रामायमणञ्जरी में मन्दोदरी के चरित्रांकन के लिए कोई भी स्थल नहीं है।

उपर्युक्त नारी पात्रों के अतिरिक्त **'त्रिजटा'**[355] तथा **'सरमा'**[356] का भी उल्लेख मिलता है। जो प्रमुख रूप से सीता की सहायिका सद्धि होती हैं। ये दोनों राक्षसी होते हुए भी राम और सीता के प्रति अनन्य भक्ति रखने वाली हैं। लङ्का में सीता की सुरक्षा एवं सहायता में सतत् संलग्न हैं। इस रूप में दोनों की विनय, नीतिमत्ता एवं बुद्धिमता श्लाघनीय है।

संदर्भ

1. साहित्यदर्पण–आचार्य विश्वनाथ 3/20
2. दशरूपक–आचार्य धनंज्जय 2/10
3. रामा. मं. अयो. का. (श्लोक सं. 881, 864)
4. वही, (868)
5. वही, (845)
6. रामा. मं., अयो. कां. (816, 16, 18, 19)
7. रामा. मं., अ. प. (34-37)
8. रामा. मं. अयो. कां. (820, 21, 22)
9. रामा. मं., अयो. का. (843, 44, 45)
10. रामा. मं., अयो. का. (846-857)
11. रामा. मं., अ. प. (252-257)
12. रामा. मं., अ. प. (207-212)
13. रामा. मं., बा. का. (141)
14. रामा. मं., बा. का. (श्लोक सं.(170, 185, 186, 207, 208, 273, 314, 317, 479, 480)

15. रामा. मं., बा. का. (499, 500, 501)
16. रामा. मं., अ. प. (219, 221, 225, 283, 288, 303, 306, 307)
17. रामा. मं., रामाभिषेक : (171, 179)
18. रामा. मं., उ. का. (2-7)
19. रामा. मं., उ. का. (78)
20. रामा. मं. यु. का. (513-520)
21. रामा. मं., यु. का. (1157, 1158)
22. रामा. मं., यु. का. (1223, 1224, 1225)
23. रामा. मं., उ. का. (1240, 41, 42)
24. रामा. मं., उ. कां. (1245)
25. रामा. मं., अ. प. (भरतपर्व, 1-38)
26. रामा. मं., अ. प. (163-167)
27. रामा. मं., अ. प. (176-179)
28. रामा. मं., अ. प. (299, 300, 301)
29. रामा. मं., रामाभिषेक (159, 160)
30. वही, (170)
31. रामा. मं., उ. का. (944, 945)
32. रामा. मं., उ. कां. (998)
33. रामा. मं., बा. कां. (557-568)
34. राम. मं., अयो. कां. (631-630)
35. रामा. मं., अ. प. (131, 32, 33)
36. रामा. मं., अ. प. (143-146)
37. रामा. मं., उ. कां. (733-740)
38. रामा. मं., अ. प. (131-133)
39. रामा. मं., अ. प. (961-1067)
40. रामा. मं., अ. प. (1119-1138)
41. रामा. मं., अ. प. (1139-1158)
42. रामा. मं., कि. का. (33, 34, 35)
43. रामा. मं., कि. का. (14-25)
44. वही (20)
45. वही (42-56)
46. रामा. मं., सु. कां. (328, 331)
47. रामा. मं., उ. कां. (1169)
48. रामा. मं., उ. कां. (1206-1209)
49. रामा. मं., कि. प. (23, 24, 25)
40. वही (45-48)

51. रामा. मं., अयो. का. (903)
52. रामा. रामाभिषेक (184-186)
53. रामा. मं., यु. का. (200, 201)
54. वही (202-204)
55. रामा. मं., उ. कां. (748, 749, 750)
56. रामा. मं., अयो. कां. (661, 662)
57. रामा. मं., अयो. कां. (793, 794)
58. वही (896)
59. वही (900)
60. रामा. मं., अ. प. (94)
61. रामा. मं., रामाभिषेक (168)
62. वही (188)
63. रामा. मं., उ. कां. (771)
64. वही, (775)
65. वही, (999-1040)
66. वही, (904-936)
67. वही, (1253, 1254)
68. रामा. मं., बा. कां. (306-313)
69. रामा. मं., अ. प. (1102-1118)
70. रामा. मं., उ. कां. (724-731)
71. रामा. मं., यु. कां. (191-195)
72. रामा. मं., यु. कां. (198-202)
73. रामा. मं., बा. कां. (142-149)
74. वही, (178-180)
75. वही, (176, 177)
76. वही, (490-507)
77. वही, (608-626)
78. रामा. मं., अ. प. (544-613)
79. रामा. मं., कि. कि. प. (157-160)
80. रामा. मं., यु. कां. (218-235)
81. रामा. मं., यु. कां. (404-1298)
82. रामा. मं., अ. प. (147, 48, 49)
83. वही, (1054, 1055)
84. वही, (1036-1066)
85. रामा. मं., उ. कां. (724-731)
86. रामा. मं., अ. प. (408)

87. रामा. मं., अयो. कां. (819, 820)
88. रामा. मं., बहिप्रवेशः (50-104)
89. रामा. मं., बा. कां. (570-626)
90. रामा. मं., अ. प. (259-284)
91. रामा. मं., बा. कां. (80)
92. वही, (163, 164)
93. वही, (316)
94. रामा. मं., बा. कां. (152)
95. रामा. मं., उ. कां. (1175)
96. रामा. मं., बा. कां. (68, 69)
97. वही, (612, 613)
98. रामा. मं., यु. कां. (552-565)
99. रामा. मं., महापुरुषस्तवः (105-109)
100. वही, (110-116)
101. रामा. मं., उ. कां. (1255-1262)
102. रामा. मं., उ. कां. (1227-1230)
103. रामा. मं., अ. प. (24, 25)
104. रामा. मं., अ. प. (32-37)
105. रामा. मं., अ. प. (78, 79, 80, 81)
106. रामा. मं., अ. प. (109)
107. रामा. मं., अ. प. (110)
108. रामा. मं., बा. कां. (78)
109. रामा. मं., अ. प. (22, 23, 24)
110. वही, (83-88)
111. वही, (102)
112. वही, (172-179)
113. रामा. मं., अ. प. (228-235)
114. वही, (246-249)
115. वही, (289-293)
116. रामा. मं., अ. प. (295-302)
117. वही, (321-325)
118. रामा. मं., भरतानन्दः (164-168)
119. वही, (169-173)
120. रामा. मं., अ. प. (53)
121. वही, (63, 64)
122. वही, (159-162)

123. रामा. मं., अ. प. (164-167)
124. रामा. मं., बा. कां. (78)
125. रामा. मं., बा. कां. (856)
126. वही (858, 859)
127. रामा. मं., यु. कां. (514-517)
128. रामा. मं., उ. कां. (1245)
129. रामा. मं., अ. प. (761-780)
130. वही (773, 774)
131. वही (775-779)
132. रामा. मं., रामाभिषेकः (70-100)
133. रामा. मं., उ. कां. (786-789)
134. रामा. मं., यु. कां. (1148-1152)
135. रामा. मं., अयो. कां. (837-841)
136. रामा. मं., अ. प. (157-162)
137. रामा. मं., कि. कि. कां (82-92)
138. रामा. मं., उ. कां. (1241, 42)
139. रामा. मं., बा. कां. (78)
140. रामा. मं., अयो. कां. (635)
141. रामा. मं., अ. प. (47, 48 49)
142. रामा. मं., उ. कां. (961-998)
143. सा. द. (3-130, 131)
144. रामा. मं., उ. कां. (134-138)
145. वही (139, 140, 141)
146. रामा. मं., उ. कां. (152-190)
147. वही, (252-275)
148. वही, (286-296)
149. वही, (323-336)
150. वही, (344-348)
151. वही, (442-480)
152. वही, (481-521)
153. वही, (531-545)
154. वही, (546)
155. वही, (572-576)
156. वही, (619-636)
157. वही, (672-576)

158. रामा. मं., सु. कां. (268)
159. रामा. मं., उ. कां. (131, 132, 133)
160. रामा. मं., बा. कां. (66-69)
161. रामा. मं., अ. प. (647-650), सुं. कां. (268-273), यु. कां. (46-51, 60-63, 116-121)
162. रामा. मं., अ. प. (800-807, 819-823)
163. रामा. मं., अ. प. (616-662), सुं. कां. (487-497), यु. कां. (20-26)
164. रामा. मं., सुं. कां. (52, 84), उ. कां. (587, 588)
165. रामा. मं., उ. कां. (550-559)
166. वही, (572-576)
167. रामा. मं., यु. कां. (879-890, 1161-1168)
168. रामा. मं., उ. कां. (298-322, 489-618)
169. रामा. मं., सु. कां. (2-136)
170. रामा. मं., यु. कां. (45-166, 280-334, 366-380, 748-780, 892-900, 1172-1189)
171. वही, (26-37, 366-380, 748-780, 284-300, 332, 333, 334)
172. रामा. मं., सु. कां. (532-536)
173. रामा. मं., अ. प. (670-679)
174. वही, (711-721)
175. रामा. मं., यु. का. (879-890, 1161-1168)
176. वही, (280-285, 569-573, 721-730, 889-897, 951-955, 1161-1177)
177. वही, (889, 890)
178. रामा. मं., यु. कां. (2-18, 355-365)
179. रामा. मं., उ. कां. (323-336)
180. रामा. मं., अ. प. (655-679)
181. रामा. मं., यु. कां. (334-345)
182. सा. द. 3 ।39
183. रामा. मं., कि. कि. प. (24, 25)
184. वही, (27-29)
185. वही, (37-42)
186. वही, (44, 45, 46)
187. रामा. मु., कि. कि. प. (47-48)
188. वही, (85-95)
189. वही, (87-140)
190. वही, (143-148)
191. रामा. मं., कि. कि कां. (167-170)
192. वही, (186-200)

193. रामा. मं., यु कां. (181-186)
194. रामा. मं., कि. कि. कां. (247-290)
195. रामा. मं., यु कां. (408, 409)
196. रामा. मं., यु. कां. (408, 409, 437-439, 536-538, 658-661, 1006, 1025-1031)
197. रामा. मं., उ. कां. (722, 723, 1254)
198. रामा. मं., कि. कि. का. (487, 488)
199. वही, (489)
200. रामा. मं., उ. कां. (708-712)
201. रामा. मं., कि. कि. कां. (243)
202. रामा. मं., कि. कि. कां. (245)
203. वही, (477, 479)
204. रामा. मं., कि. कि. का. (525-573)
205. रामा. मं., सु. का. (351)
206. वही, (354)
207. वही, (355, 356)
208. वही, (357, 358)
209. रामा. मं., सु. का. (359)
210. वही, (376)
211. वही, (388-462)
212. वही, (500-538)
213. रामा. मं., यु. का. (583-586, 589-600, 915-929, 994-1004, 1037)
214. वही, (672-676)
215. वही, (1226, 1227)
216. रामा. मं., कि. कि. कां. (495-517, 565-573)
217. रामा. मं., कि. कि. कां. (26-40)
218. रामा. मं., सु. कां. (504-526 एवं 309-381)
219. रामा. मं., सु. कां. (380)
220. रामा. मं., यु. कां. (187-190)
221. रामा. मं., सु. कां. (383)
222. वही, (384)
223. रामा. मं., उ. कां. (724-731)
224. रामा. मं., कि. कि कां. (518-521)
225. रामा. मं., कि. कि कां. (471)
226. वही, (477, 478)
227. रामा. मं., सु. कां. (96-99)
228. रामा. मं., सु. कां. (532, 533, 534)

229. रामा. मं., सु. कां. (529-534, यु. कां. 28-37, 75-94, 122-132, 145-151)
230. रामा. मं., यु. कां. (81, 82, 83, 93, 94, 125-129, 146, 148)
231. रामा. मं., यु. कां. (77-80, 150, 151)
232. रामा. मं., यु. कां. (206, 207)
233. वही, (384)
234. वही, (389, 635-648, 931-935, 747-753)
235. वही, (301)
236. रामा. मं., यु. कां. (1100-1104)
237. रामा. मं., यु. कां. (179, 180)
238. वही, (187-190)
239. वही, (191-204)
240. वही, (889, 890)
241. रामा. मं., 'रावणक्रिया' (23-27)
242. रामा. मं., यु. का. (482-489, 975-977, 981-984)
243. वही, (522-527, 1086-1097, 1105, 1106, 1120-1127, 1129-1145)
244. वही, (527-535)
245. रामा. मं., उ. का. (125)
246. वही, (129)
247. वही, (142)
248. वही, (143)
249. रामा. मं., यु. का. (747-750)
250. वही, (750-753)
251. वही, (733-744)
252. वही, (792-878)
253. वही, (760-771)
254. रामा. मं., बा. कां. (45-62)
255. रामा. मं., अयो. कां. (645, 646, 647)
256. रामा. मं., बा. कां. (32-44)
257. रामा. मं., अयो. कां. (651-658)
258. रामा. मं., बा. कां. एवं अयो. कां. (62, 515, 532, 533, 659)
259. रामा. मं., बा. कां. (81-90)
260. रामा. मं., बा. कां. (553)
261. रामा. मं., अयो. कां. (639-645)
262. वही, (638)
263. वही, (838, 839)
264. रामा. मं., अ. प. (230)

265. रामा. मं., अयो. कां. (739)
266. रामा. मं., अयो. कां. (731-739)
267. वही, (975-987)
268. रामा. मं., बा. कां. (105)
269. रामा. मं., अयो. कां. (723, 887, 888, 889)
270. रामा. मं., अयो. का. (164-168)
271. वही, (537-550)
272. वही, (491-495)
273. रामा. मं., अयो. कां. (490)
274. वही, (318-323)
275. वही, (517-521)
276. वही, (550)
277. वही, (551)
278. रामा. मं., कि. कि. कां. (310, 311, 347-367)
279. वही, (387-392)
280. रामा. मं., कि. कि. कां. (369-386)
281. रामा. मं., यु. कां. (389-430)
282. रामा. मं., कि. कि. कां. (393-400)
283. रामा. मं., यु. का. (906-910)
284. वही, (904, 905)
285. दशरूपक, (2 ।14)
286. वही, (2 ।15)
287. सा. द.. (3 ।89-93)
288. रामा. मं., अयो. कां. (870-876)
289. रामा. मं., अ. प. (336-340)
290. वही, (335)
291. रामा. मं., सुं. कां. (139-161)
292. वही, (276-280)
293. वही, (229-243, 255-261)
294. वही, (263-281)
295. वही, (539-542)
296. वही, (543, 544, 545)
297. रामा. मं., वह्निप्रवेश (102, 103, 104)
298. रामा. मं., महापुरुषस्तव (117, 118)
299. वही, (119-120)
300. वही, (124)

301. रामा. मं., उ. कां. (798)
302. रामा. मं., उ. कां. (1201, 1202)
303. रामा. मं., अ. प. (860)
304. वही, (330, 333, 334)
305. वही, (861)
306. वही, 797-798
307. रामा. मं., अयो. कां. (628, 629, 930, 929) एवं अ. प. (323)
308. रामा. मं., महापुरुषस्तक (124)
309. रामा. मं., अयो. कां. (557-564)
310. रामा. मं., अ. प. (424)
311. रामा. मं., उ. कां. (797, 798)
312. रामा. मं., अ. प. (415-424)
313. रामा. मं., अयो. कां. (870-878) एवं अ. प. (415-424)
314. रामा. मं., अ. प. (855-862)
315. रामा. मं., सु. कां. (200-204, 276-280, 298, 377, 378, 379)
316. रामा. मं., उ. कां. (1201-1205)
317. रामा. मं., अ. प. (761-780)
318. वही, (808-817, 824-834)
319. रामा. मं., उ. कां. (724-731)
320. रामा. मं., यु. कां. (501-505)
321. रामा. मं., अ. प. (652-654)
322. वही, (667)
323. रामा. मं., अ. प. (789-795)
324. रामा. मं., सु. कां. (206-226)
325. रामा. मं., कि. कि प. (135-145)
326. वही, (180-185)
327. वही, (186, 187)
328. रामा. मं., कि. कि. प. (188, 193)
329. वही, (180, 183)
330. वही, (186, 187)
331. वही, (142, 145)
332. रामा. मं., कि. कि प. (140-152)
333. रामा. मं., अयो. कां. (829-836, 845, 864)
334. वही, (929)
335. रामा. मं., अ. प. (30)
336. रामा. मं., अयो. कां. (791)

337. रामा. मं., अ. प. (54)
338. रामा. मं., अ. प. (63, 64)
339. वही, (41)
340. रामा. मं., अयो. कां. (929)
341. रामा. मं., अ. प. (223, 224)
342. रामा. मं., अयो. कां. (932-981)
343. वही, (982-985)
344. वही, (708-716)
345. वही, (696, 697, 718)
346. रामा. मं., अयो. कां. (681, 682)
347. वही (690)
348. रामा. मं., अयो. कां. (703)
349. वही, (848-854)
350. रामा. मं., अ. प. (111)
351. वही, (112)
352. रामा. मं., अ. प. (1102-1109)
353. वही, (1113-1116)
354. वही, (1117-1118)
355. रामा. मं., अयो. कां. (666, 667, 668)
356. वही, (670-707)
357. रामा. मं., अ. प. (47, 48, 49)
358. रामा. मं., अ. प. (531-536)
359. वही, (615-653)
360. रामा. मं., अन्तःपुरप्रलापः (1-21)
361. रामा. मं., सु. कां. (281-297)
362. रामा. मं., यु. कां. (354-365)

5

काव्यशास्त्रीय विवेचन

रस

स्वादुपाकेऽप्यनास्वापं भोज्यं निर्लवणं यथा।
तथैव नीरसं काव्यं स्यान्नो रसिक्तुष्टये।।[1]

नीरस काव्य उसी प्रकार रसिकों के लिए तुष्टिप्रद नहीं होता जैसे लवण रहित सुस्वादुपाक। इसीलिए रीति, गुण, अलङ्कार प्रभृत्ति सभी साधन, रस के अनुसार बताए गये हैं। यदि शरीर में आत्मा नहीं है तो स्वयं शरीर या उसके विविध भूषण कुछ भी नहीं हैं। इसी तथ्य के आधार पर आचार्यों ने रस को काव्य की आत्मा कहा है।[2] आचार्य विश्वनाथ तो रासात्मक वाक्य को ही काव्य मानते हैं।[3] इससे स्पष्ट होता है कि सुकवियों के व्यापार के मुख्य विषय रसादि हैं। उनके निबन्ध में उन सत्कवियों को सदैव प्रमादरहित (जागरूक) रहना चाहिए क्योंकि कवि का जो नीरस काव्य है, वह उसके लिए महान अपशब्द है[4]–

मुखा व्यापारविषयाः सुकवीनां रसादयः।
× × ×
नीरस्तु प्रबन्धो यः सोऽपशब्दो महान कवेः।।

मनुष्य में वासना रूप वर्तमान रति, हास शोक, क्रोध, उत्साह, भय, जुगुप्सा, विस्मय एवं निर्वेद आदि भाव, रस प्रकरण की शास्त्रीय भाषा में स्थायीभाव कहे जाते हैं। इनमें से किसी भाव को चर्वणा या आस्वाद की दशा में परिणत करने के लिए तादृश विभावों, अनुभावों एवं संचारी भावों का कवि संयोजन करता है कारणभूत नायक, नायिकाएँ या प्रतिनायकादि पात्र तथा उद्दीपन के लिए अनुकूल वातावरणादि विभाव कहे जाते हें। कार्यभूत भावोद्बोध का अनुभव कराने वाली वाणी या अंगों की सात्विकादि चेष्टाएँ अनुभाव कहलाते हैं। रह-रहकर मन में आने वाले मन के आवेग, निर्वेद, दैन्य प्रभृत्ति भाव सहकारी होने से व्यभिचारीभाव कहलाते हैं। इन सबके संयोग के साथ-ही-साथ अनिर्वचनीय रस चर्वणा होती है।

रस निष्पति का सर्वप्रथम उल्लेख भरतमुनि ने अपने नाट्यशास्त्र में किया है। वही सारे रस सिद्धान्त की आधारभित्ति है[5]–

विभावानुभावाव्यभिचारिसंयोगाद्रसनिष्पत्तिः।

इसका आशय यह है कि विभाव, अनुभाव और संचारी भाव के संयोग से परिपुष्ट रत्यादि स्थायीभाव आस्वादापन्न होकर रस कहलाते हैं। यह भरत का मूल सूत्र सीधा सा जान पड़ता है, परन्तु यह बड़ा विवादग्रस्त है। अनेक आचार्यों ने अनेक प्रकार से इसकी व्याख्या की है। अभिनवगुप्त ने भरत नाट्यशास्त्र की 'अभिनवभारती' नामक अपनी व्याख्या में रसोत्पत्ति के विषय में बहुत अधिक विस्तार के साथ विचार किया है। उसमें उन्होंने भट्टलोल्लट-उत्पत्तिवाद, शंकुक-अनुमितिवाद तथा भट्टनायक के भुक्तिवाद पर विचार करने के बाद अपने सिद्धान्त का प्रतिपालन किया है। उनके सारे विवेचन का केन्द्र बिन्दु सामाजिक की रसानुभूति रही है। इसी कसौटी पर उन्होंने दूसरे मतों के विन्यास के पौर्वापर्य का निर्धारण भी उसी कसौटी पर कसा है। जिस प्रकार भट्टलोल्लट ने उत्तरमीमांसा के, श्री शंकुक ने न्याय के और भट्टनायक ने सांख्य के आधार पर अपने मतों की स्थापना की है, उसी प्रकार अभिनवगुप्त ने अपने पूर्ववर्ती अलङ्कार शास्त्र के प्रमुख ध्वनिवादी आचार्य आनन्दवर्धन के आधार पर अपने अभिव्यक्तिवाद का प्रतिपादन किया है। अभिनवगुप्त ने भट्टलोल्लट, शंकुक तथा भट्टनायक के सिद्धान्तों का खण्डन करते हुए बताया कि भट्टलोल्लट के मत में सामाजिक के रसानुभूति की कोई चर्चा नहीं है, इसलिए खण्डन करने योग्य तथा अनुपादेयता की दृष्टि से उसको सबसे पहले रखा। शंकुक के मत में यद्यपि सामाजिक के साथ रस का सम्बन्ध तो स्थापित किया गया है, परन्तु अनुमिति रूप होने से वह साक्षात्कारात्मक नहीं है इसलिए वह अधिक उपादेय नहीं है। भट्टनायक के तीसरे मत में रसानुभूति को सामाजिक के साक्षात्कारात्मक अनुभव के रूप में प्रस्तुत करने का प्रयास किया गया है, इसलिए वह शेष दोनों मतों से अधिक उपादेय है। परन्तु भट्टनायक के मत में जो भावत्व और भोजकत्व दो नये व्यापार माने गये हैं, उन्हें अभिनवगुप्त अनावश्यक और अप्रमाणिक मानते हैं। वे काव्य से व्यञ्जना व्यापार द्वारा गुण अलङ्कार आदि के औचित्य रूप इति कर्तव्यता से रस को सिद्ध करते हैं। यहाँ साधक काव्य है, साध्य रस। साधन व्यञ्जना व्यापार है और इति कर्तव्यता रूप में गुणालङ्कारादि औचित्य का अन्वय होता है। इस प्रकार भावकत्व और भोजकत्व दोनों को व्यञ्जना रूप मानकर उस व्यञ्जना से सामाजिक में रस की अभिव्यक्ति मानते हैं। अतः उनका मत अभिव्यक्तिवाद है।

आचार्य भरत के पूर्वोक्त नाट्य सूत्र के आधार पर धनञ्जय दाशरूपक (4/1) में आचार्य विश्वनाथ ने साहित्यदर्पण (3/1) में तथा मम्मट ने काव्यप्रकाश

(4/27-28) में रस पिष्पत्ति तथा उसके कारण, कार्य एवं सहकारी भावादि का वर्णन किया है। सम्प्रति विभाग, अनुभाव, व्यभिचारी एवं स्थायीभाव का विवेचन तथा इनके द्वारा रस निष्पत्ति की प्रक्रिया आदि का सम्पूर्ण विवरण रामायणमञ्जरी के सन्दर्भ में सोदाहरण प्रस्तुत किया जा रहा है।

स्थायीभाव—स्थायीभाव मन के भीतर स्थिर रूप से रहने वाला प्रसुप्त संस्कार है। जो अनुकूल आलम्बन तथा उद्दीपन रूप उद्‌बोधक सामग्री को प्राप्त कर अभिव्यक्त हो उठता है तथा हृदय में एक अपूर्व आनन्द का संचार करता है। इस स्थायीभाव की अभिव्यक्ति ही रसास्वादजनक या रस्यमान होने से रस शब्द से बोध्या होती है। इसीलिए—'**व्यक्त से तैर्विभावाद्यैः स्थार्यिभावो रसः स्मृतः**'[6] कहा गया है। व्यवहारदशा में मनुष्य को जिस प्रकार की अनुभूति होती है उसको ध्यान में रखकर प्रायः आठ प्रकार के स्थायीभाव साहित्यशास्त्र में माने गये हैं। काव्यप्रकाशकार ने रति, हास, शोक, क्रोध, उत्साह, भय, जुगुप्सा तथा विस्मय आदि आठ[8] स्थायीभावों को स्वीकार किया है—

रतिर्हासश्च शोकश्च क्रोधोत्साहो भयं तथा।
जुगुप्सा विस्मयश्चेति स्थायीभावाः प्रकीर्तिता।।

इसके अतिरिक्त निर्वेद को भी नौवाँ स्थायीभाव माना है[8]—

निर्वेदस्थायिभावोऽस्ति शान्तोऽपि नवमो रसः।।

रामायणञ्जरी में अरण्यपर्व के अन्तर्गत शृङ्गार के विप्रलम्भ पक्ष में—सीता के वियोग में दुःखी राम की विरहावस्था में 'रति' स्थायीभाव दर्शनीय है। पत्नी के वियोग में दुःखी राम की कान्ति पीली पड़ गयी है, ध्यान निश्चल हो गया है तथा रात्रि चन्द्रमाविहीन प्रतीत हो रही है। दिन में उत्फुल्ल नेत्र तथा निशा का साथ देते हुए, पत्नी के ध्यान में निश्चय, राम को सीता का वियोग असह्य सा हो गया।[9] यहाँ उद्दीपन रूप-सीता का ध्यान तथा वातावरणादि, राम के मन में 'रति' स्थायीभाव को उद्‌बुद्ध करता है।

विभाव—इन स्थायीभावों को उद्‌बुद्ध करने वाली सामग्री मुख्यतः दो प्रकार की होती है—एक आलम्बन और दूसरा उद्दीपन। नायक और नायिकादि के आलम्बन से स्थायीभाव उद्‌बुद्ध होते हैं, यथा—रामायणमञ्जरी के पूर्वोक्त उदाहरण में सीता विषयक ध्यान से राम के मन में रति उत्पन्न होती है तथा उन श्लोकों के श्रवण एवं अध्ययन से सामाजिक के मन में रस की उत्पत्ति होती है। आलम्बन से तात्पर्य है जिसे आलम्बन करके या विषय बनाकर रस की उत्पत्ति होती है। यहाँ पर सीता आलम्बन है। अरण्यपर्व का तत्कालीन वातावरण उद्दीपक होने से उद्दीपन सामग्री में

आते हैं। आलङ्कारिकों ने इस द्विविध उद्बोधक सामग्री को 'विभाग' नाम से निर्दिष्ट किया है।[10]

अनुभाव—मन के भीतर स्थायी रूप से विद्यमान रत्यादि वासनाओं या स्थायीभावों का इस आलम्बन तथा उद्दीपन विभावों से उद्बोधन होता है। इस प्रकार जब इस सामग्री से स्थायीभाव उद्बुद्ध हो जाते हैं तो उनका प्रभाव बाहर दिखाई देने लगता है। मनोगत उद्बुद्ध वासना के अनुसार ही मनुष्य की चेष्टा आकार भङ्गी आदि में भेद हो जाता है। इसी को आलङ्कारिक लोक-अनुभाव कहते हैं। विभाव तो स्थायीभाव के उद्बोध के कारण हैं और अनुभाव उनके कार्य हैं। इसीलिए इनको **'अनु पश्चात् भवनीति अनुभावा'** अनुभाव कहते हैं। ये अनुभाव प्रत्येक स्थायीभाव के अनुसार अलग-अलग होते हैं। युद्ध काण्ड के अन्तर्गत पुत्र इन्द्रजित के वध का समाचार सुनकर रावण ने न कुछ सुना और न कुछ देखा, कटे हुए सिर की भाँति गिर पड़ा। शोक के कारण उसकी इन्द्रियाँ शीघ्र ही निश्चेष्ट एवं संज्ञाशून्य हो गयीं। शोक तथा क्रोध से संतप्त गर्म उच्छ्वासों से युक्त रावण विलाप करने लगा—हे पुत्र! इस विषम परिस्थिति में मुझे छोड़कर तुम क्यों चले गये।[11] यहाँ आलम्बन—इन्द्रजित, उद्दीपन—उसका वध, अनुभाव-रावण का संज्ञाशून्य होना, इन्द्रियों का निश्चेष्ट होना, गर्म उच्छ्वासों का लेना तथा विलाप करना आदि, स्थायीभाव शोक।

सात्त्विक भाव—भरत मुनि ने नाट्यशास्त्र के अन्तर्गत बताया है कि सत्त्व मन से उत्पन्न होने वाली यह एक विशिष्ट अवस्था है। वह मन के एकाग्र होने पर उत्पन्न होता है। इस मन का सत्त्व यही है कि खिन्न एवं अत्यन्त प्रसन्न मन के कारण सहृदय के द्वारा अश्रु तथा रोमाञ्च आदि निकाले जाते हैं। उस सात्त्व से उत्पन्न होने के कारण वे भाव सात्त्विक कहलाते हैं तथा उनसे उत्पन्न होने के कारण अश्रु आदि भी भाव कहे जाते हैं। दूसरी ओर अश्रु आदि दुःखादि भावों के सूचक विकार कार्य होने के कारण अनुभाव भी कहे जाते हैं। इस तरह इन अश्रु आदि भावों की द्विरूपता है अर्थात ये सात्त्विक भाव तथा अनुभाव दोनों कहे जाते हैं। सात्त्विक भावों की संख्या 8 है। अनुभावों में इन आठ सात्त्विक भावों के प्रधान होने के कारण अलग से गिनाया गया है—स्तम्भ, स्वेद, रोमाञ्च, स्वरभङ्ग, वेपथु, वैवर्ण्य, अश्रु, प्रलय आदि[42]

स्तम्भः स्वेदोऽथ रोमाञ्चः स्वरभङ्गोऽथवेपथुः।
वैवर्ण्यमश्रुप्रलय इत्यष्टो सात्त्वकाः स्मृताः।।

रामायणमञ्जरी में उपर्युक्त सात्त्विक भाव एक ही स्थल पर सुलभ नहीं है, अपितु प्रसङ्गानुसार विभिन्न स्थलों पर इनके उदाहरण उपलब्ध हैं। यथा—अयोध्याकाण्ड

के अन्तर्गत कैकेयी द्वारा वर माँगने पर वज्राहत राजा दशरथ की अवस्था विशेष में और पुनः उनके पुत्रवियोग की दशा में इन सात्त्विक भावों का संक्षिप्त परिचय मिलता है।[13]

व्यभिचारीभाव—स्थायीभाव के ठीक विपरीत व्यभिचारीभाव कहलाता है। उसको सञ्चारीभाव भी कहते हैं। स्थायीभाव का स्थायित्व ही उसकी विशेषता है तथा व्यभिचारीभाव का अस्थायित्व उसकी विशेषता है। व्यभिचारीभाव रसों में नाना रूप से विचरण करते हैं तथा रसों को पुष्टकर आस्वादन के योग्य बनाते हैं। इन व्यभिचारीभावों की संख्या 33 मानी गयी है। निर्वेद, ग्लानि, शङ्का, श्रम, धृति, जड़ता, हर्ष, दैन्य, उग्रता, चिन्ता, त्रास, ईर्ष्या, अमर्ष, गर्व, स्मृति, मरण, मद, सुप्त, निद्रा, विबोध, व्रीड़ा, अपस्मार, मोह, आलस्य, आवेग, वितर्क, अवहित्या, व्याधि, उन्माद, विषाद, औत्सुक्य तथा चपलता आदि।[14]

निर्वेदग्लानिशङ्काश्रमधतिजडताहर्षदैन्योग्रयचिन्ता—
स्त्रासेर्ष्यामर्षगर्वाः स्मृतिमरणमदाः सुप्तनिद्राविबोधाः।
व्रीडापस्मारमोहाः समतिरलसता वेगतर्कावहित्था,
व्याधुन्मादौ विषादोत्सुकचपलयुतास्त्रिंशदेते त्रयश्च।।

सम्प्रति रामायणमञ्जरी के अन्तर्गत उपर्युक्त 33 व्यभिचारीभावों की सोदाहरण पुष्टि करने का प्रयास किया जा रहा है।

1. **निर्वेद**—तत्त्व ज्ञान, आपत्ति तथा ईर्ष्या आदि के कारण अपना तिरस्कार करना ही निर्वेद है। इसमें चिन्ता, अश्रु, निःश्वास, वैवर्ण्य, उच्छ्वास तथा दीनता लक्षित होती है।[15]

अरण्यपर्व के अन्तर्गत भरत के व्रतग्रहण के सन्दर्भ में निर्वेद नामक व्यभिचारीभाव दर्शनीय है। राम वनवास, पिता की मृत्यु तथा माता कौशल्यादि के कष्ट से पीड़ित होकर, भरत वल्कल वस्त्र धारण कर, राम की पादुका सिंहासन पर रखकर, नन्दीग्राम में निवास करते हुए मन्त्रियों तथा गुरुओं की सहायता से राज्य सञ्चालन करने लगे।[16] इस स्थल पर भरत, पिता की मृत्यु तथा राम वनवासादि आपत्तियों से निर्वेद भाव को प्राप्त होते हैं, जिसके फलस्वरूप वल्कलादि धारण करने से उनकी दीनता लक्षित होती है।

2. **ग्लानि**—रमण क्रिया की थकान, प्यास तथा भूख के कारण होने वाली शक्तिहीन ही ग्लानि है। इसमें रंग फीका पड़ना, कम्पन, अनुत्साह, शरीर, वचन और क्रिया की शिथिलता आदि अनुभाव पाये जाते हैं।[17]

सुन्दर काण्ड के अन्तर्गत रात्रि के समय हनुमान जब रावण के अन्तःपुर में

पहुँचते हैं तो वहाँ की सभी स्त्रियाँ रमण-क्रिया की थकान के कारण चित्रलिखित सी गाढ़निद्रा में सो रही थीं। उनके शरीर, जङ्घा, जघनस्थल एवं यौवन को देखकर हनुमान आश्चर्यचकित हो गए। उनके स्तन, अधर तथा मुख रमण-क्रिया के समय पति के नखों द्वारा क्षत हो गये थे। पति के द्वारा बलात् हुई वेणी बिखर गयी थी। रति से खिन्न उनका उत्तरीय अधोवस्त्र हट गया था, मोतियों के हार टूटकर बिखरे हुए थे तथा शरीर पर पसीने की बूँदें शोभायमान हो रही थीं।[18] यहाँ रावण के अन्तःपुर की स्त्रियों में रमण-क्रिया की थकान से होने वाली शक्तिहीन, ग्लानि व्यभिचारीभाव को सूचित करती है।

इसी प्रकार उत्तरकाण्ड के 'श्वेतोपाख्यान' संदर्भ में राजा श्वेत का भूख तथा प्यास के कारण उद्विग्न होकर ब्रह्मा के आदेशनुसार अपने शरीर के भक्षण करने में भी उनका ग्लानि भाव ही सूचित होता है।[19]

3. शङ्का—दूसरे की क्रूरता अथवा अपनी दुर्नीत के कारण होने वाली अनर्थ की आशङ्का ही शङ्का कहलाती है। इसमें शरीर का कम्पन या सूखना, इधर-उधर देखना, रङ्ग एवं स्वर का परिवर्तन आदि अनुभाव पाये जाते हैं।[20]

अरण्यपर्व के अन्तर्गत भरत की सेना को दूर से ही देखकर लक्ष्मण राम से कहते हैं—यह शस्त्रादि से सुसज्जित, सम्पूर्ण वन में फैली हुई सेना निश्चय ही भरत का आगमन सूचित कर रही है, क्योंकि राज्य वैभव सेमत यह उन्हीं के रथ का ध्वज दिखाई पड़ रहा है। यह कैकेयी पुत्र हमें राज्य से निर्वासित करके, अब अपने कण्टक के उन्मूलन हेतु हमसे युद्धार्थ आ रहा है।[21] यहाँ भरत की सेना को आते देखकर लक्ष्मण उसकी क्रूरता के कारण होने वाले अनर्थ (युद्धादि) की आशङ्का करने लगते हैं जिससे लक्ष्मण का शङ्का व्यभिचारीभाव लक्षित होता है।

इसी प्रकार किष्किन्धापर्व के प्रारम्भ में पर्वतशिखर पर बैठे हुए सुग्रीव-राम और लक्ष्मण को देखकर आशङ्का व्यक्त करते हैं कि निश्चय ही ये दोनों वीर बालि द्वारा मेरे वध के लिए भेजे गए हैं। छिद्रान्वेषी बालि सब प्रकार से हमें निश्चिन्त नहीं रहने देना चाहता, क्योंकि राज्य का पालन करने में राजा की नीति बहुत ही कर्कश एवं कुटिल होती है। इसलिए हे हनुमान! तुम जाकर इनके विषय में पता लगाओ।[22] यहाँ बालि की दुर्नीति के कारण होने वाले अनर्थ (निजवध) की आशङ्का में भी सुग्रीव का शङ्का व्यभिचारीभाव दर्शनीय है।

4. श्रम—मार्ग में चलने तथा रति आदि के कारण होने वाली थकान को श्रम कहते हैं। इसमें पसीना आना तथा अङ्गों का मलना आदि अनुभाव पाये जाते हैं।[23]

सुन्दरकाण्ड के अन्तर्गत रावण के अन्तःपुर की रमणियों का रति की थकान

के कारण अधोवस्त्र का असंयत हो जाना, मोतियों के हार का टूटकर बिखर जाना, अधर, मुख तथा स्तनों पर नखक्षत, शरीर पर पसीने की बूँदें तथा गाढ़ निद्रा में शयन आदि से श्रम व्यभिचारी भाव सूचति होता है।[24]

5. धृति—ज्ञान और शक्ति के कारण होने वाला सन्तोष ही धृति है। वह व्यग्रतारहित भोग कराने वाली है।[25]

बालकाण्ड के प्रारम्भ में दशरथ के राज्य वैभव एवं शक्ति के वर्णन में धृति व्यभिचारीभाव दर्शनीय है।[26] इसी प्रकार अयोध्याकाण्ड के अंतर्गत, रामादि पुत्रों के विहाहोपरान्त, योग्य मन्त्रियों, गुरु एवं राज्य वैभव से सम्पन्न अप्रतिहत शक्ति वाले महाराज दशरथ के द्वारा अपने योग्य पुत्र राम के राज्याभिषेक की इच्छा में उनका धृति व्यभिचारीभाव ही दिखाई पड़ता है।[27]

6. जड़ता—प्रिय अथवा अप्रिय के दर्शन या श्रवण से कर्तव्य एवं अकर्तव्य का ज्ञान न रहना अर्थात् किंकर्तव्यविमूढ़ता ही जड़ता है। इसमें पलक बिना गिराए देखना तथा चुप हो जाना आदि अनुभाव पाये जाते हैं।[28]

अयोध्याकाण्ड के अन्तर्गत कैकेयी द्वारा वर माँगने पर वज्राहत सिर वाले राजा दशरथ—यह क्या हुआ? ऐसा विचार करते हुए चक्र पर आरूढ़ की भाँति शीघ्र ही विनष्ट मूल वाले वृक्ष की तरह पृथ्वी तल पर मूर्च्छित हो कर गिर पड़े।[29] यहाँ अप्रिय श्रवण से दशरथ की जड़ता दर्शनीय है।

इसी प्रकार युद्धकाण्ड के अन्तर्गत लक्ष्मण सहित राम को जीवित हुआ सुनकर—शीघ्र ही विवर्णवदन, बोलने में असमर्थ, कार्य के विचार करने में सन्देह के झूले पर आरूढ़ तथा टूटे हुए धैर्य वाला रावण आवेग और क्रोध को प्राप्त हो गया।[30] यहाँ राम लक्ष्मण के जीवित होने का अप्रिय समाचार सुनकर रावण थोड़ी देर के लिए जड़ता को प्राप्त हो गया था।

7. हर्ष—उत्सव आदि से होने वाली मन की प्रसन्नता ही हर्ष है। इसके अनुभाव हैं—आँसू आना, पसीना आना तथा वाणी में कम्पन आना।[31] इसी प्रकार प्रिय अथवा प्रिय के आगमन तथा पुत्रोत्पत्ति के उत्सव आदि विभावों से होने वाली चित्त की प्रसन्नता भी हर्ष है।

रामायणमञ्जरी (भरतानन्दः) के प्रसङ्ग में भरत को जब हनुमान से राम के अयोध्यागमन की सूचना मिलती है तो वे हर्षविह्वल हो जाते हैं। उनकी आँखों से आनन्दाश्रु टपकने लगे। वन की तपस्या पूर्ण करके आते हुए भ्रातृ मिलन के लिए उत्पन्न नवीन हर्ष से भरत निस्पन्द हो गए, उनकी वाणी निरुद्ध हो गयी। यहाँ प्रिय भाई राम के आगमन के समाचार से भरत में उत्पन्न हर्ष व्यभिचारीभाव दर्शनीय है।

8. दैन्य–दरिद्रता आदि के कारण निस्तेज होना ही दैन्य है। इसमें शरीर का मुर्झा जाना तथा अस्वच्छता आदि अनुभाव पाये जाते हैं। अर्थात् दरिद्रता तथा तिरस्कार आदि विभावों से चित्त में तेजस्विता का अभाव हो जाना ही दैन्य है। इसमें शरीर का काला पड़ जाना, वस्त्रों तथा दाँतों की मलिनता आदि अनुभाव पाये जाते हैं।[32]

सुन्दरकाण्ड में सीता अपनी दैन्यावस्था का वर्णन करते हुए कहती हैं–राम की प्रिय रानी मुझको, मैले अङ्गों वाली, भूति पर शयन करने वाली, दीन और राक्षसों द्वारा सताई जाती हुई देख लीजिए।[33] यहाँ तिरस्कार के कारण सीता में तेजस्विता का अभाव तथा शरीर की मलिनता आदि से उनका दैन्य भाव सूचित होता है।

9. उग्रता–अपराध, दुर्मुखिता अर्थात् अनुचित एवं अप्रिय बात बोलना तथा क्रूरता आदि के कारण दुष्ट के ऊपर अत्यन्त क्रोध करना ही उग्रता है। उसमें पसीना आना, सिर को हिलाना, धमकाना तथा पीटना आदि अनुभाव पाये जाते हैं।[34]

अरण्य पर्व के अन्तर्गत दुर्मुखता तथा क्रूरता के कारण रावण के प्रति क्रोधित सीता का उग्र भाव दर्शनीय है। रावण की वाणी सुनकर विलोलाक्षी, क्रोध से कम्पित तथा प्रज्ज्वलित अग्निशिखा की भाँति सीता रावण से कहती हैं–तुम्हारा तथा राक्षसों का विनाश सर्वथा उपस्थित हो गया है। संसार में ऐसे दुराचारियों का जीवित रहना धिक्कार है जिसके कारण निर्दोष सेवक भी विनाश को प्राप्त हो जाते हैं। हे रावण! परस्त्री के विषय में इच्छा रखना छोड़ दे। राम के दर्शन के विषय में क्यों नहीं सोचते जिनकी भुजाओं से छोड़े गये बाण से शीघ्र ही तुम्हारे जैसे दुष्ट विनाश को प्राप्त हो जाएँगे। राम द्वारा छोड़े गये बाण से तुम्हें माँ के उदर में भी स्थान नहीं मिलेगा।[35]

इसी प्रकार सुन्दरकाण्ड में भी दुर्मुख एवं क्रूर रावण के प्रति सीता के क्रोध में उनका उग्र भाव दिखाई पड़ता है। क्रोध से सन्तप्त, मृत्यु की इच्छा करती हुई तथा राक्षसों के द्वारा देख लिए जाने के कारण दूषित शरीर को छिपाती हुई सीता निर्भय होकर बोलीं–हे पापी। इस प्रकार प्रलाप करने वाली तेरी जिह्वा फट क्यों नहीं जाती? दूसरों की पत्नी को चुराने वाले तेरे प्राणों को दण्ड मिलना उचित है। सेना, राष्ट्र, धन, दुर्ग, मित्रों तथा श्रेष्ठ मन्त्रियों पर झूठा विश्वास मत करो। राम के क्रोध की अग्नि असह्य है।[36]

10. चिन्ता–अभीष्ट की प्राप्ति न होने के कारण उसका ध्यान करना ही चिन्ता है। शून्यता (बुद्धि तथा इन्द्रियों की जड़ता), श्वास का बढ़ जाना तथा ताप आदि अनुभावों को यह करने वाली है।[38]

सुन्दरकाण्ड के अन्तर्गत हनुमान लङ्का में विभिन्न स्थलों तथा रावण के

अन्तःपुर में सीता को खोजने के उपरान्त, पता न लगने से निष्फल परिश्रम वाले वे दुःखी एवं चिन्तित हो विचार करने लगे। राजभवन, गृहोद्यान एवं सम्पूर्ण लङ्कापुरी में सीता को खोजने के बाद मेरी बुद्धि मूढ़ता को प्राप्त हो गयी है। यह मेरी उद्योग शक्ति दुष्टों की सेवा की भाँति असफलता को प्राप्त हो रही है। फल की प्राप्ति तथा असफलता परिश्रम के विषय में उतना कष्ट अब नहीं हो रहा है जितना कि स्पष्ट रूप से उत्साह से विमुख होना।[39] इस स्थल पर सीता को खोजने में असफल हनुमान का चिन्ता भाव बढ़ जाता है तथा बुद्धि शून्यता को प्राप्त होने लगती है।

11. त्रास–(बादलों के) गर्जन आदि से उत्पन्न होने वाला मन का क्षोभ ही त्रास कहलाता है।[40]

अयोध्याकाण्ड के अन्तर्गत राम द्वारा धनुर्भङ्ग करने पर धनुष्टंकार से स्वर्गोद्यान में नाचते हुए मयूरों का जैसे ताण्डव नृत्य प्रारम्भ हो गया। उस घोर निर्घोष से सागर विक्षुब्ध हो गया, पर्वत के टुकड़े खण्ड-खण्ड होकर गिरने लगे। धनुर्भङ्ग की ध्वनि भुवनत्रय को चीरती हुई शक्राणी को कल्पान्त का भय दिखाने लगी। धनुष्टंकार से मन्दराचल में आवाज होने लगी, वसुधारूपी बहू के मेखलास्वरूप सातों समुद्र कम्पित हो गये।[41] यहाँ धनुर्भङ्ग की ध्वनि से त्रैलोक्य की समस्त वस्तुओं में उत्पन्न त्रास भाव दर्शनीय है।

इसी प्रकार अरण्यपर्व में रावण द्वारा सीताहरण के समय भी पर्वत, वन नदियों तथा सभी चर-अचर में त्रास भाव देखा जा सकता हैं।[42]

12. असूया–दूसरे के उत्कर्ष को न सह सकना ही असूया है। यह (असूया) गर्व, दुर्जनता तथा कोप से उत्पन्न होती है दूसरे के दोषों का कथन, अवज्ञा, भौंहे चढ़ाना, शोक एवं क्रोध की चेष्टाएँ आदि इसके अनुभाव होते हैं।[43]

युद्धकाण्ड के अन्तर्गत विभीषण जब राम के शौर्याति की प्रशंसा करते हुए रावण से सीता को वापस लौटने के लिए कहता है तो रावण उनकी प्रशंसा सुनकर क्रोधित हो उठता है। वह अवज्ञापूर्वक राम के दोषों का कथन करता है–उन वियोगियों की क्या प्रशंसा करते हो, जिस दुर्मति का पूर्व एवं पर का आचार ही विरुद्ध है। कहाँ वे जङ्गल में मृगादि समूहों के बीच भूमि पर शयन करने वाले, कहाँ बजते हुए मणिमय नूपुर वाली रमणियों के बीच (शयन करने वाला मैं) कहाँ वे पंगु मनोरथ वाले वनवासी तथा कहाँ युद्ध यात्रा और रथादि सेना से युक्त (मैं) कहाँ शौर्य, कहाँ जटाबन्धन, कहाँ शस्त्र, कहाँ वल्कल। सब प्रकार से उन तापसियों का आचारण विपरीत है।[44] इस स्थल पर विभीषण द्वारा राम के शौर्यादि की प्रशंसा करने पर रावण उसे सहन नहीं कर पाता है। अतः उसने अवज्ञापूर्वक राम के दोषों का कथन प्रारम्भ कर दिया जिसमें उसका असूया भाव स्पष्ट रूप से दिखाई पड़ता है।

13. अमर्ष–तिरस्कार (अधिक्षेप) तथा अपमान आदि से उत्पन्न होने वाला अभिनिवेश (दृढ़ आग्रह) अमर्ष कहलाता है। उसमें पसीना आना, सिर को हिलाना, तर्जना (धमकाना) तथा ताड़न आदि अनुभाव पाये जाते हैं।[44]

अरण्य पर्व के अन्तर्गत राम-लक्ष्मण द्वारा शूर्पणख के विरूपण तथा खर-दूषण के वध का सम्पूर्ण वृतान्त सुनकर रावण क्रोध एवं अमर्ष से व्याकुल हो उठता है, भूभंगिमा कम्पित हो उठी। यह राम कौन है, इसका क्या धर्म, कैसा पराक्रम है? इस प्रकार के क्रोधयुक्त शब्दों से सम्पूर्ण सभा मण्डल निनादित हो गया। बहन शूर्पणखा के द्वारा सम्पूर्ण वृत्तान्त निवेदित किए जाने के बाद रावण विषाद एवं अमर्ष से युक्त हो गया, पसीने से शरीर गीला हो गया, श्वास दीर्घ होने लगी। क्षण भर सोचकर, क्रोध के कारण कुण्डलों को कम्पित करता हुआ सम्पूर्ण सचिवों को छोड़कर रावण घुड़साल में प्रवेश किया। वहाँ पिशाचवदन वाले घोड़े से युक्त रथ पर आरूढ़ होकर मेघ की गर्जना करता पल भर में ही आकाश में पहुँचा।[45] यहाँ राम-लक्ष्मण द्वारा तिरस्कृत एवं अपमानित हुए रावण का अमर्ष भाव लक्षित होता है। क्रोध के कारण सिर को हिलाने से कुण्डलों का हिलना, शरीर में पसीना तथा कम्पन होना और राम-लक्ष्मण के वध सीताहरण का दृढ़ आग्रह आदि अनुभाव रावण में पाया जाता है।

14. गर्व–महान कुल, सुन्दरता, बल तथा ऐश्वर्य आदि से उत्पन्न होने वाला मद ही गर्व है। दूसरे को परेशान करना (आधर्षणा), तिरस्कार करना तथा विलासपूर्वक अपने अङ्गों को देखना आदि इसके अनुभाव हैं।[46]

उत्तरकाण्ड के अन्तर्गत पौलस्त्य वंश में उत्पन्न, शंकर तथा ब्रह्मादि देवताओं का वरदपुत्र, शक्ति एवं ऐश्वर्य से सम्पन्न, स्वर्णिम लङ्कापुरी का स्वामी रावण गर्व से युक्त होकर त्रैलोक्य को परेशान एवं पीड़ित करने लगा। इसी दर्प के प्रभाव में बड़े भाई कुबेर से पुष्पक छीन लेना, देववती का केशग्रहण करना, चारों दिक्पालों को पराजित करना तथा यक्ष, किन्नर, गन्धर्व देवता एवं ऋषियों की कन्याओं का बलपूर्वक हरण कर पत्नी बना लेना आदि उसके दर्प भाव को ही सूचित करता है। मरुत के साथ युद्ध में उसका दर्प भाव दर्शनीय है। वह मरुत से कहता है–क्या तुमने रावण को देखा नहीं या रावण को तुम जानते नहीं? आश्चर्य है कि पौलस्त्य वंश में उत्पन्न धन कुबेर के भाई रावण को तुम जानते नहीं हो।[47] यहाँ रावण का गर्व भाव स्पष्टतः परिलिक्षत होता है।

15. स्मृति–सदृश वस्तु के ज्ञान अथवा चिन्तन आदि के कारण संस्कार के जागृत होने से स्मृति होती है। इसमें 'मैंने पहले देखा या सुना है' इस रूप में यह वस्तु का (स्मृति) भास कराती है। भौंहों को ऊपर सिकोड़कर चढ़ाना आदि अनुभाव पाये जाते हैं।[48]

अयोध्याकाण्ड के अन्तर्गत पुत्रवियोग दुःख पीड़ित राजा दशरथ को 'यज्ञदत्त वध' की घटना का स्मरण हो जाता है, जिसे कौशल्या से कहते हुए वे चिन्ता व्यक्त करते हैं कि उसी परिणामस्वरूप मुझे यह दुःख भोगना पड़ रहा है।[49] यहां–राजा दशरथ का पुत्रवियोग दुःख उन्हें यज्ञदत्त वध की घटना का स्मरण कराता है, जिसमें उनका स्मृति भाव दर्शनीय है।

16. मरण–सुप्रसिद्ध होने तथा अनर्थ रूप होने से मरण का लक्षण नहीं कहा जा रहा है।[50]

रामायणमञ्जरी का अङ्गीरस करुण होने से ही विदित होता है कि सम्पूर्ण ग्रंथ में मरणादि के कई प्रसङ्ग उपलब्ध हैं। यथा–बालकाण्ड एवं अयोध्याकाण्ड में–ताटका, सुबाहु, यज्ञदत्त तथा दशरथ आदि का मरण। अरण्यपर्व में–विराध, जटायु, खर-दूषण, मारीच, कबन्ध आदि का मरण। किष्किन्धा पर्व एवं किष्किन्धाकाण्ड में–बालि तथा सिंहिकादि का मरण। सुन्दरकाण्ड में–किंकर, जम्बुमालि, मन्त्रितनय, दुर्धर तथा अक्षयादि का मरण। युद्धकाण्ड में–धूम्राक्ष, अत्यकम्पन, प्रहस्त, कुम्भकर्ण, नरान्तक, देवान्तक, त्रिशिरा, महोदर, महापार्श्व, अतिकाय, कुम्भ, निकुम्भ, मकराक्ष, इन्द्रजित तथा रावणादि राक्षसों का मरण। उत्तरकाण्ड में–मालि, सुमालि, अनरण्य, लवणासुर तथा शम्बूक आदि का मरण भाव सम्पूर्ण ग्रंथ में दर्शनीय है।

17. मद–मद्य पान से होने वाली हर्ष की ऐसी उत्कृष्टता, जिसमें कि अङ्ग एवं वचन की गति लड़खड़ाने लगे, मद कहलाती है। इसमें उत्तम, मध्यम तथा अधम व्यक्तियों में क्रम से निद्रा, हँसना तथा रुदन अनुभाव पाये जाते हैं।[51]

सुन्दरकाण्ड के अन्तर्गत मद्य पान किए हुए रावण का मद भाव दर्शनीय है–नीरव अर्धरात्रि में अत्याधिक मदिरा का उत्कट पान किए हुए कामरूपी सर्प द्वारा सन्दंष्ट रावण जागकर जँभाइयाँ लेते हुए निःश्वासपूर्वक तथा सुन्दर कटे हुए नाखूनों को चमकाते हुए मानो प्रणाम करने वाले दीपकों से प्रकाश आ रहा था। उठकर पैरों के लड़खड़ाने के कारण ढीले हुए माल्य और श्रेष्ठ वस्त्रों वाले निद्रा से कषायित नेत्रों वाले उसने क्षण भर सीता के विषय में सोचा।[52] यहाँ आलम्बन-रावण, उद्दीपन-उत्कट मदिरा पान, अनुभाव पैरों का लड़खड़ाना तथा निद्रा एवं व्यभिचारीभाव मद स्पष्टतः प्रतीत होता है।

18. सुप्त–निद्रा से उत्पन्न होने वाला भाव सुप्त कहलाता है। इसमें उच्छ्वास की क्रिया मुख्य रूप से होती है और ये ही इसके अनुभाव हैं।[53]

युद्धकाण्ड के अन्तर्गत रावण जब कुम्भकर्ण को जगाने के लिए आदेश देता है तो राक्षस उसके शयनागार में प्रवेश करके पर्वत की शोभा वाले, विशालकाय

कुम्भकर्ण को रत्नजटित फर्श पर सुप्तावस्था में देखे। उसकी नासिकागुहा के गर्भ से निकलने वाली श्वास-प्रश्वास के समक्ष पहुँचने पर राक्षस मतृण के समान शीघ्र ही दूर जाकर वापस चले आते थे।[54] यहाँ कुम्भकर्ण की सुप्तावस्था के चित्रण में उसके श्वास-प्रश्वास की प्रक्रिया अनुभाव तथा सुप्त व्यभिचारीभाव है।

19. निद्रा—चिन्ता, आलस्य तथा थकान आदि के कारण मन का सम्मिलन अर्थात् इन्द्रियों के साथ सम्बन्ध होना ही निद्रा है। उसमें जँभाई का आना, अँगड़ाई लेना, आँखों का मूँदना तथा सोने की अवस्था में बड़बड़ाना आदि अनुभाव होते हैं।[55]

सुन्दकाण्ड के अन्तर्गत, रति से उत्पन्न थकान के कारण मुँदे हुए नेत्रों वाली चित्रलिखित सी, गाढ़निद्रा में सोती हुई कान्ताओं को हनुमान ने रावण के अन्तःपुर में देखा। वे स्त्रियाँ निर्वस्त्र हो गयी थीं, मोतियों के हार टूटकर बिखरे हुए थे। निद्रा से निमीलित नेत्रों वाली उन रमणियों के कर्णफूल क्षण भर के लिए अपनी कान्ति के कारण वन में कमल के समान शोभित हो रहे थे।[56] यहाँ रावण के अन्तःपुर की रमणियों का रति से उत्पन्न थकान के कारण निद्रा भाव दिखाई पड़ता है। उन रमणियों के निद्रा से निमीलित नेत्र, होना तथा हारों एवं केशों का बिखरा होना इन्द्रियों के साथ सम्बन्ध न होने का परिचायक है।

20. विबोध—परिणाम आदि (अवस्था परिवर्तन) के कारण विबोध (जागरण) उत्पन्न होता है। जँभाई लेना तथा आँखें मलना आदि उसमें अनुभाव पाये जाते हैं।[57]

युद्धकाण्ड के अन्तर्गत निद्रा निमग्न कुम्भकर्ण को जगाने के लिए यक्ष, किन्नर, गन्धर्व तथा विद्याधर की स्त्रियाँ गीत तथा वाद्यादि की मधुर ध्वनि के साथ उसके शयनागार में प्रवेश कीं। उनके पीन स्तनों के स्पर्श, दिव्य चन्दनादि की सुगन्ध तथा मधुर गीतों की ध्वनि से कुम्भकर्ण जागरण अवस्था को प्राप्त हुआ। इसके पश्चात नेत्रों को थोड़ा सा खोलकर, पाताल के समान विस्तृतायत मुख वाले तथा वज्र के समान भुजाओं को कम्पित करते हुए कुम्भकर्ण ने जँभाई ली।[58] यहां कुम्भकर्ण का विबोध भाव स्पष्टतः लक्षित होता है। नेत्रों को थोड़ा खोलना तथा जँभाई लेना आदि अनुभाव हैं।

21. व्रीडा—बुरे आचरणों द्वारा जो प्रगल्भता का अभाव होता है, उसे व्रीडा कहते हैं। एक ओर मोड़कर मुख को छिपाना, मुख के रङ्ग का फीका पड़ना तथा मुख को नीचा कर लेना आदि अनुभावों के द्वारा यह प्रकट किया जाता है।[59]

बालकाण्ड के अन्तर्गत इन्द्र जब छल के द्वारा अहल्या का शीलहरण करते हैं तो उनकी प्रगल्भता विनष्ट हो जाती है। गौतम को आते देखकर लज्जा के कारण लम्बे डग भरते हुए वे वहाँ से चले जाते हैं।[60] यहाँ आचरण के द्वारा इन्द्र का प्रगल्भ

विनष्ट होना उनके व्रीडा भाव का उदाहरण है। पुनः गौतम को देखकर लज्जा के कारण लम्बे डग भरते हुए जाना अनुभाव हैं।

इसी प्रकार उत्तरकाण्ड के अन्तर्गत राजा दण्ड द्वारा गुरु शुक्राचार्य की पत्नी अरजा के साथ बलात्कार करने पर जब शुक्राचार्य आश्रम में पहुँचते हैं तो अरजा को अश्रुपूरित नेत्रों तथा नीचे मुख किए हुए भूमि पर पड़ी देखते हैं।[61] इस स्थल पर भी अरजा का व्रीडा भाव द्योतित होता है।

22. अपस्मार—ग्रहों के प्रभाव तथा दुःख आदि के कारण मन का विक्षिप्त होना ही मनोविक्षेप है। इसमें जमीन पर गिरना, काँपना, पसीना आना, मुँह से लार तथा फेन निकलना आदि अनुभाव पाये जाते हैं।[62]

अयोध्याकाण्ड के अन्तर्गत सुमन्त्र जब राम, लक्ष्मण और सीता को वन में छोड़कर वापस राजा दशरथ के पास पहुँचते हैं तो सुमन्त्र को देखकर राजा विलाप करते हुए जमीन पर गिर पड़े। वे पुत्रस्नेह के कष्ट से शीघ्र ही व्यक्ति एवं संज्ञा शून्य हो गये तथा गद्‌गद स्वर में सुमन्त्र से राम का समाचार पूछने लगे[63] यहाँ राजा दशरथ का अपस्मार भाव पुत्रस्नेह में व्यथित होने के कारण लक्षित होता है, जिसमें विलाप करना, संज्ञाशून्य होना तथा भूमि पर गिरना आदि अनुभाव पाये जाते हैं।

23. मोह—भय, दुःख मनोविक्षेप तथा शोक के कारण होने वाली मूर्च्छा ही मोह है। इसमें दिखाई न पड़ना, चक्कर आना, धड़कन का होना, लड़खड़ाना आदि अनुभाव पाये जाते हैं।[64]

अयोध्याकाण्ड के अन्तर्गत कैकेयी द्वारा वर माँगने पर वज्राहत सिर वाले राजा दशरथ, यह क्या हुआ? ऐसा विचार करते हुए चक्र पर आरूढ़ की भाँति शीघ्र ही विनष्ट मूल वाले वृक्ष की तरह मूर्च्छित होकर गिर पड़े।[65] यहाँ कैकेयी द्वारा वर माँगने पर पुत्र वियोग से उत्पन्न दुःख एवं शोक के कारण राजा दशरथ मोह को प्राप्त होते हैं।

24. मति—शास्त्र आदि से उत्पन्न होने वाला तत्त्व ज्ञान ही मति है। यह भ्रम के विनाश तथा शिष्य आदि के प्रति कहे गये उपदेश से युक्त होती है। अर्थात् भ्रम निवारण तथा उपदेश देना इसके उनुभाव हैं।[66]

रामायणमञ्जरी में मति व्यभिचारीभाव के अनेक उदाहरण कहीं किसी भ्रम के निवारण में अथवा कहीं उपदेशार्थ में प्रसङ्गानुसार पाये जाते हैं। उदाहरणार्थ—अरण्य पर्व में राम द्वारा भरत के भ्रम निवारण में शास्त्रसम्मत उपदेश देना, मारीच द्वारा रावण को समझाना, युद्धकाण्ड में विभीषण की माँ द्वारा विभीषण को उपदेश देना, विभीषण द्वारा रावण को समझाना आदि। इसी प्रकार उत्तरकाण्ड के अन्तर्गत कालवाक्य के

अनुसार लक्ष्मण जब शरीर त्याग के लिए उद्यत होते हैं तो राम उन्हें देखकर दुःखी हो जाते हैं। इसके बाद उनके भ्रम का निवारण करते हुए कहते हैं–शरीरधारियों के द्वारा सर्वस्त्र स्नेह में बँध जाना, मिथ्या है, क्योंकि काल की यह गति स्वाभाविक है।[67]

25. आलस्य–परिश्रम तथा गर्भधारण आदि के कारण होने वाली पूर्ण शिथिलता ही आलस्य कहलाती है। इसमें जँभाई लेना तथा एक जगह बैठे रहना आदि अनुभाव पाये जाते हैं।[68]

रामायणमञ्जरी में इसका उदाहरण नहीं मिलता। किन्तु उत्तरकाण्ड के एक स्थल पर सीता के गर्भ धारण की बात सूचित होती है जिसमें आलस्य का किञ्चित संकेत लक्षित होता है।[69]

अपाण्डुरमुखे सुभ्र सचन्द्रेव विभावरी।
दृश्यसेऽभिवारम्भगर्भाविर्भूतलक्षणा।।

26. आवेग–ससम्भ्रम (जल्दबाजी या घबराहट) को आवेग कहते हैं। इसमें कारण और अनुभाव भिन्न-भिन्न हुआ करते हैं। जैसे–(1) किसी के आक्रमण करने पर शस्त्र तथा हाथी आदि की तैयारी की जाती है, (2) झंझावात तथा धूलि से पीड़ित व्यक्ति जल्दी-जल्दी पैर उठाकर चलता है, (3) वर्षा से होने वाले आवेग में व्यक्ति अपने अङ्गों को सिकोड़ता है, (4) वज्रपात आदि उत्पात से होने वाले आवेग में व्यक्ति के अङ्ग शिथिल हो जाते हैं, (5) शत्रु (अहित) के द्वारा होने वाले आवेग में शोक तथा मित्र (हित) से आवेग में प्रसन्नता होती है, (6) आग से होने वाले आवेग में व्यक्ति का मुख आकुल हो उठता है तथा (7) हाथी से होने वाले आवेग के पश्चात् भय, स्तब्धता (कम्प) तथा भागना आदि अनुभाव हुआ करते हैं।[70]

इसमें प्रथम प्रकार–किसी के आक्रमण करने पर शस्त्र तथा हाथी आदि की तैयारी युद्धकाण्ड में दर्शनीय है। राम की वानरी सेना द्वारा समुद्र पार कर लङ्का घेर लिए जाने पर रावण द्वारा युद्ध की तैयारी तथा राक्षसों को युद्ध के लिए आदेश देने में आवेग भाव प्रदर्शित होता है। वानरी सेना द्वारा लङ्का की प्राचीर पर चढ़कर चारों तरफ से घेर लिया गया। उसे रोकने के लिए रावण ने राक्षसों को युद्ध का आदेश दे दिया। इसके बाद प्रलयङ्कारी राक्षसी सेना अत्यन्त भय उत्पन्न करती हुई युद्ध के लिए प्रस्थान कर दी। उस सेना के चलने से हाथियों के गले में बँधे घण्टों की टंकार ने दिशाओं को बधिर बना दिया।[71]

27. वितर्क–संदेह से उत्पन्न होने वाला विचार वितर्क कहलाता है। इसमें भृकुटियों की वक्रता, सिर का हिलाना तथा अँगुली का घुमाना आदि अनुभाव होता है।[72]

सुन्दरकाण्ड के अन्तर्गत–वृक्ष के पत्तों में छिपे हनुमान के द्वारा रामविषयक अमृतमय वाणी सुनने पर सीता विभिन्न प्रकार से वितर्क करती हैं। कानों से इस अमृतमयी वाणी को सुनकर उस चञ्चल नेत्रों वाली ने अपनी चञ्चल दृष्टियों को बिखरे हुए कमलदलों से युक्त कर दिया। यह क्या है? यह सोचकर सीता भ्रम में पड़ गई। 'सत्य है' यह समझकर उसे प्राण प्राप्त हो गये। 'यह माया है', यह सोचकर असूया से भर गयी और 'यह झूठ है' यह सोचकर मूर्च्छित हो गयी। 'यह स्वप्न है' यह सोच कर वह अवहेलना करने लगी। 'मैं सोई हुई हूँ' यह सोचकर आदर से युक्त हो गयी। 'ऐसा हो जाय' यह सोचते हुए वह उत्कंठित होने लगी। इस प्रकार सीता निश्चय पर न पहुँच सकीं।[73] यहाँ सीता के सन्देह से उत्पन्न होने वाले विचार में वितर्क दर्शनीय है। नेत्रों तथा भृकुटियों को इधर-उधर घुमाना अनुभाव है।

28. अवहित्था—लज्जा आदि के कारण मुख पर झलकने वाले मन के विकारों को छिपाना ही अवहित्था है। अंगों में होने वाले विकार ही अनुभाव हैं।[75]

सुन्दरकाण्ड के अन्तर्गत रावण को देखकर सीता एकाएक कम्पित होती हुई तुषारयुक्त वायु के वेग से भग्न की जाती हुई कमलिनी की भाँति आहत हो गयी। संकोचपूर्वक नीचे को मुख करके, उदर को जाँघों से ढककर, बाहुओं को परस्पर बाँधकर उसने पयोधरों को छिपाकर, एक ही साथ भय, शोक और अपमान के वश में होकर लज्जा के कारण पृथ्वी से दरार माँगती हुई अपने शरीर में ही प्रविष्ट होने लगी।[76] यहाँ सीता का लज्जा के कारण पृथ्वी से दरार माँगती तथा अपने ही शरीर में प्रविष्ट होना आदि आङ्गिक क्रियाएँ उनके अवहित्था भाव को ही सूचित करती हैं।

'वह्निप्रवेशः' के अन्तर्गत भी राम द्वारा तिरस्कृत तथा अपमानित किए जाने पर सती सीता कष्टयुक्त हो, लज्जा के कारण मानो अपने ही अंगों में प्रविष्ट होने लगी।[75] यहाँ भी सीता का अवहित्था भाव द्योतित होता है।

इसी प्रकार अरण्यपर्व में लक्ष्मण द्वारा भरत के प्रति की गई शङ्का का निवारण करते हुए राम जब उन्हें समझाने लगते हैं तो लक्ष्मण उनके वचनों को सुनकर लज्जा के कारण मुख नीचे किए हुए मानो पृथ्वी में प्रविष्ट होने के लिए विवर माँगने लगे।[78] यहाँ लक्ष्मण का अविहत्था भाव सूचित होता है।

29. व्याधि—सन्निपात आदि व्याधियाँ हैं।[79] इसका उदाहरण रामायणमञ्जरी में नहीं मिलता।

30. उन्माद—सन्निपात तथा ग्रह आदि के प्रभाव के कारण बिना विचारे कार्य करने की अवस्था को उन्माद कहते हैं। इसमें रोना, गाना, हँसना तथा बैठे रहना आदि अवस्थाएँ अनुभाव होती हैं।[80]

युद्धकाण्ड के अन्तर्गत कुम्भकर्ण वध के बाद विलाप करते हुए रावण कहता है कि अपनी ही दुर्नीति का फल मैं भोग रहा हूँ जो भाई विभीषण द्वारा कही गयी हितकारी बातों को नहीं सुना। उस बुद्धिमान विनयी एवं भक्त भाई विभीषण की बातों का अतिक्रमण करने तथा निर्वासित कर देने के कारण ही मैं आज पराभव को प्राप्त हो रहा हूँ।[81] इस स्थल पर रावण द्वारा उन्मादवश बिना विचारे कार्य करने का उल्लेख है तथा विलाप करना अनुभाव है।

31. विषाद–आरम्भ किए गये कार्य की असफलता के कारण सत्त्व (बल या उत्साह) का क्षीण हो जाना ही विषाद है। लम्बी-लम्बी श्वास छोड़ना और लेना, मन का सन्ताप तथा सहायकों का अन्वेषण इसके अनुभाव हैं।[82]

सुन्दरकाण्ड के अन्तर्गत हनुमान द्वारा लङ्कापुरी एवं रावण के अन्तःपुर में सीता को खोजने के बाद असफल हो जाने पर उनका विषाद दर्शनीय है। स्वयं अपने मन के सन्ताप तथा क्षीण सत्त्व का स्पष्ट उल्लेख करते हैं।[83]

32–औत्सुक्य–किसी मनोहर वस्तु की अभिलाषा, प्रगाढ़ प्रेम तथा घबराहट के कारण समय के विलम्ब को न सहन कर सकना ही औत्सुक्य है। उसमें लम्बी-लम्बी श्वासें छोड़ना, जल्दबाजी करना, लम्बी-लम्बी श्वासें लेना, हृदय का सन्तप्त होना आदि अनुभाव पाये जाते हैं।[84]

रामायणमञ्जरी में बालकाण्ड में इन्द्र कौशल्या का छलपूर्वक शील हरण करने में सुरतौत्सुक्य दर्शनीय है।[85] ठीक इसी प्रकार उत्तरकाण्ड में भी गुरु शुक्राचार्य की पुत्री अरजा के द्वारा बार-बार पिता का भय दिखाने पर भी काम के वशीभूत राजा दण्ड घबराहट एवं जल्दबाजी में उसके साथ बलात्कार करते हैं।[86] यहाँ भी दण्ड का सुरतौत्सुक्य दर्शनीय है।

33. चपलता–मात्सर्य, द्वेष तथा राग आदि के कारण चित्त का स्थिर न रहना चपलता है। उसमें डाँटना, निष्ठुरता दिखलाना तथा मनमानी आचरण करना आदि अनुभाव होते हैं।[87]

युद्धकाण्ड के अन्तर्गत विभीषण जब रावण को शास्त्रसम्मत बातों के द्वारा समझाकर सीता को वापस करने के लिए कहते हैं तो रावण क्रोधित होकर सिंहासन से उठा तथा विभिन्न प्रकार से डाँटते हुए उस पर पाद प्रहार कर दिया। इसके पश्चात् तलवार खींचते हुए, हिल रहे कुण्डलों वाले, पसीने से युक्त, लम्बी साँसें लेते हुए रावण ने आदेश दिया कि इसे शीघ्र ही यहाँ से बाहर कर दो।[88] यहाँ मात्सर्य तथा राग-द्वेष आदि के कारण रावण की चपलता दर्शनीय है।

रामायणमञ्जरी में भाव, भावाभास, रसाभास, भावसन्धि एवं भावशबलता

भाव—आचार्यों ने काव्य वृक्ष में रस को बीजस्थानीय तथा भावों को पल्लवशाखादि स्थानीय माना है। इसी भाँति नटों के अभिनय को फूलों की भाँति और सामाजिकों के रसास्वाद को फलतुल्य कहा है।[89] भावों का रमणीय वर्णन या अभिनय से ही स्म्यक् रस-निष्पत्ति होती है। कहीं-कहीं तो देवादिविषयिणी रति के वर्णन को व्यभिचारी के ही मुख्यतः व्यंग्य होने को स्वातंत्र्येण भावध्वनि नाम दिया जाता है। अतः काव्य वृक्ष में अन्तर्नियामक रस की ही भाँति भावों का भी वैशिष्ट्य होता है। आचार्य मम्मट के अनुसार भाव का लक्षण अधोलिखित है—

रतिर्देवादिविषया व्यभिचारी तथाऽञ्जितः।।
भावः प्रोक्तः।[90]

अर्थात् देव आदि विषय रति आदि स्थायीभाव और व्यंग्य व्यभिचारीभाव 'भाव' कहलाते हैं। यहाँ आदि शब्द से मुनि, गुरु, राजा तथा पुत्रादिविषयक रति का संग्रह होता है। पुरुष तथा स्त्री विषयक रति को छोड़कर अन्यों के प्रति जो रति है, वह सब 'भाव' पदवाच्य है। स्त्री विषयक रति व्यक्त होने पर शृङ्गार कहलाती है।

रामायणमञ्जरी में भाव अर्थात् मुनि, गुरु, राजा, देवता तथा पुत्रादि विषयक रति के उदाहरण अनेकशः मिलते हैं जिनका उल्लेख नीचे किया जा रहा है।

बालकाण्ड के अन्तर्गत जिस समय महर्षि विश्वामित्र राजा दशरथ के पास राम और लक्ष्मण को उनसे माँगने के लिए आते हैं, राजा दशरथ उन्हें देखकर हर्षविह्वल हो जाते हैं। विश्वामित्र की प्रशस्ति एवं गुणकीर्तन करते हुए दशरथ उनके दर्शन से अपने को धन्य मानते हैं।[91] इस स्थल पर दशरथ का मुनि विश्वामित्र के प्रति रति भाव दर्शनीय है।

इसी प्रकार उत्तरकाण्ड के अन्तर्गत रावण विजय के बाद राम के दर्शनार्थ आए हुए अत्रि, वशिष्ठ, च्यवन, पराशर, विश्वामित्र जाबालि, भरद्वाज, शौनक, कि प्पलाद, कपिल, कौशिक तथा शृंगि आदि मुनियों के प्रति राम का रति भाव भी देखा जा सकता है।[92]

राजा विषयक रति के सन्दर्भ में उत्तरकाण्ड के अन्तर्गत एक उदाहरण दर्शनीय है। जिस समय राम लक्ष्मण को आदेश देते हैं कि लक्ष्मण देखो! दरवाजे पर कोई कार्यार्थी अथवा याचक तो नहीं खड़ा है। इस पर लक्ष्मण उत्तर देते हैं—देव! कोई कार्यार्थी अथवा याचक नहीं दिखाई पड़ रहा है। आपके शासन करते हुए प्रजा में किसी प्रकार का कष्ट नहीं है। आपके शासन करते हुए सम्पूर्ण पृथ्वी पर किसी प्रकार का दैहिक, दैविक एवं भौतिक ताप मनुष्यों में नहीं है।[93] यहाँ लक्ष्मण द्वारा कही हुई बातों के अन्तर्गत राजा राम के प्रति उनका रति भाव प्रदर्शित होता है।

गुरु विषयक रति के सन्दर्भ में अरण्य पर्व के अन्तर्गत शबरी का अपने गुरु मतङ्ग के प्रति रति भाव दर्शनीय है। राम-लक्ष्मण से अपने गुरु मतङ्ग तथा उनके आश्रम के विषय में शबरी कहती है–यह आश्रम परमसिद्धि को प्राप्त, ज्ञानी तथा मेरे गुरु मतङ्ग ऋषि का है। न मुरझाए हुए पुष्प, नुकीले अग्रभाग वाले कुश वृक्ष तथा यह सम्पूर्ण प्रदेश उन्हीं के प्रसाद से हरा-भरा दिखाई पड़ रहा है। जिनकी चिन्ता करते हुए सातों समुद्र तथा सभी तीर्थों के जल उनकी आज्ञा से यहाँ रहते हैं। जहाँ वे अपने वल्कलादि वस्त्रों को रखकर स्नानादि करते थे, देखिए! आज सैकड़ों वर्ष बीत जाने के बाद भी वे सूखे नहीं हैं।[94] इस स्थल पर शबरी के कथनों से गुरु मतङ्ग के प्रति उसका रति भाव सूचित होता है।

देवादि विषयक रति की गणना साहित्यशास्त्र में भावों के अन्तर्गत ही की गयी है। उसे रस नहीं माना गया है, किन्तु गौणीय वैष्णव उसको अलग रस ही नहीं अपितु सर्वश्रेष्ठ रस मानते हैं। रूपगोस्वामी ने अपने ग्रंथों में भक्ति रस का प्रतिपादन बड़े विस्तार के साथ किया है। वे देवताविषयक रति को साहित्यशास्त्रियों के समान भाव ही कहते हैं। किन्तु भक्ति रस का स्थायीभाव केवल श्रीकृष्ण विषयक रति को ही मानते हैं। श्रीकृष्ण के साथ-साथ राम को भी देवता नहीं अपितु भगवान मानते हैं। इसलिए तद्विषयक रति देवविषयक रति से सर्वथा भिन्न हैं। अतः भक्ति रस भाव के अन्तर्गत नहीं अपितु स्वतन्त्र रस है, ऐसा उनका मत है।

इस प्रकार उपर्युक्त तथ्यों को ध्यान में रखते हुए देव विषयक रति उत्तरकाण्ड के अन्तर्गत शङ्कर के प्रति रावण की देखने को मिलती है। कार्तवीर्य अर्जुन से युद्धाकांक्षी रावण जब उसे उसकी राजधानी में न पाकर नर्मदा के किनारे पहुँचता है तो नर्मदा नदी की शोभा को देखकर उसके मन में शंकर के प्रति रति भाव उत्पन्न हो जाता है। वह कहता है–जो भगवान शंकर की अर्चना में लीन एक व्यापार वाले हैं, ऐसे व्यक्ति इहलोक तथा परलोक में उनके प्रसाद से अच्छे परिणाम प्राप्त करने वाले होते हैं। भगवान शंकर कल्पवृक्ष के समान विपुल ऐश्वर्य को प्रदान करने वाले हैं। ऐसा कहते हुए भगवान शंकर की बालू से एक मूर्ति बनाकर, पुष्पादि के द्वारा विधिवत् पूजन किया।[95] यहाँ रावण की देवताविषयक (शंकर विषयक) रति स्पष्टतः भासित होती है।

पुत्र विषयक रति के उदाहरण में अयोध्याकाण्ड के अन्तर्गत राजा दशरथ की राम के प्रति दर्शनीय है। रामाभिषेक के पूर्व राजा दशरथ राम के गुणों की प्रसंशा करते हुए उन्हें अपना सबसे अधिक प्रिय पुत्र कहते हैं तथा राम को राज्य का कार्य-भार सौंपने के लिए उपयुक्त समझते हैं।[96] यहाँ राजा दशरथ की राम के प्रति कही गयी उक्तियों में उनका पुत्र विषयक रति भाव लक्षित होता है।

इसी प्रकार स्त्रीविषयक रति को छोड़कर अन्यों के प्रति रति में 'भाव' ध्वनित होता है।

रसस्य भावस्य च अनौचित्यन प्रवृत्तिसेव

भावाभास—रस तथा भावों का अनुचित रूप से वर्णन 'रसाभास' तथा 'भावाभास' कहलाता है।[97] सर्वप्रथम यहाँ भावाभास का उल्लेख किया जा रहा है।

अनौचित्येन प्रवृत्त लज्जा आदि व्यभिचारियों की प्राधान्येन अभिव्यक्ति होने पर भावाभास होता है। जैसे—वेश्यादि में लज्जा अभिव्यक्ति भावाभास का विषय है। क्योंकि कुलाङ्गनाओं में लज्जा भाव का होना उचित है, किन्तु वेश्यादि में उसका अनौचित्य माना जाता है।

रामायणमञ्जरी में भावाभास का उदाहरण रावण की सीता के प्रति अनौचित्य चिन्ता के सन्दर्भ में दिखाई पड़ता है। उदाहरणार्थ—जब वन में कूटभिक्षु रावण चन्द्रमुखी सीता को देखता है तो—लता, पुष्प तथा सुगन्धित वायु से युक्त पर्णशाला के सामने रेशमी पीली वस्त्र पहनकर बैठी हुई उत्फुल्ल पलाश के समान नेत्रों वाली कमलानना सीता को देखकर रावण काम के वशीभूत हो गया।[98]

यहाँ रावण की सीता के प्रति अनौचित्य चिन्ता वर्तित है। अतः यहाँ भावाभास है। क्योंकि नियम के प्रतिकूल यहाँ प्रथमतः पुरुष के अनुराग का चित्रण किया गया है, जबकि स्त्री की रक्तता प्रथमतः वर्णित होनी चाहिए। यहाँ रावण के प्रति सीता के मन में थोड़ी सी भी आसक्ति नहीं है। इसलिए अनुरक्ता सीता के प्रति रावण की इस चिन्ता का प्रदर्शन अनौचित्यमय है। इस स्थल पर **'सीतामन्त विंचिन्त्यन'** शब्द जो श्लोक में आया है उससे रावण का व्यञ्जित व्यभिचारीभाव से चिन्ता प्रदर्शित होती है।

इसी प्रकार सुन्दरकाण्ड में भी रावण की सीता के प्रति अनौचित्य चिन्ता में भावाभास दर्शनीय है। अर्धरात्रि में उत्कट मदिरा का पान किए हुए काम रूपी सर्प द्वारा संदंष्ट रावण जागा। उठकर पैरों के लड़खड़ाने के कारण ढीले पड़े हुए माल्य तथा श्रेष्ठ वस्त्रों वाले, निद्रा से कषायित नेत्रों वाले उसने क्षण भर सीता के विषय में सोचा। वह सीता के ध्यान से उत्पन्न काम को रोक सकने में उसी प्रकार समर्थ न हुआ, जैसे—कुमार्ग पर जाते हुए नौसिखिए मूर्ख को ईश्वर भी नहीं रोक पाते हैं।[99]

रसाभाव—रति आदि स्थायिनी चित्तवृत्ति की औचित्येन प्रवृत्ति होकर आस्वाद्यमानता होने पर तो रस होता है, किन्तु उसी की अनौचित्येन प्रवृत्ति होने पर रसाभास होता है।

रामायणमञ्जरी में रावणनिष्ठा सीताविषयिणी रति के सन्दर्भ में कई स्थलों पर

रसाभाव देखने को मिलता है।

अरण्यपर्व के अन्तर्गत–कामातुर एवं सीताहरण के लिए उत्सुक रावण कहता है–हे सीता! तुम्हें पाकर में त्रैलोक्य की इच्छा छोड़ दूँ, लङ्का अविश्रान्त उत्सवों वाली हो जाय। हे सुन्दरि! विद्यारिणियाँ तथा देवस्त्रियाँ तुम्हारे समक्ष तृण के समान हैं। तुम्हारे बिना सुख क्या है, विभूति क्या है तथा काम भी तुम्हारे बिना कामहित अर्थात व्यर्थ है। हे सुन्दरि! प्रसन्न होकर लङ्का की उपवन भूमि में मेरे साथ विहार करो।[100] यहाँ रावण की सीता के प्रति अनौचित्य रति होने से रसाभाव है।

इसी प्रकार सुन्दर काण्ड में भी कामपीड़ित रावण सीता से कहता है–हे सुन्दर भौंहों वाली! तुम्हारा यह शरीर सम्भोग के बिना शोभित नहीं हो रहा है। प्रसन्न होकर मुझ प्रेमी से सुन्दर मुस्कराहट के साथ बातचीत करो। कामदेव की इच्छा पूर्ण हो तथा धनुष पर किया हुआ उसका परिश्रम सफल होवे।[101]

उत्तरकाण्ड में भी देववती के प्रति कहे गये रावण के वचनों से भी शृङ्गार रस की पुष्टि नहीं होती, क्योंकि देववती के हृदय में रावण के प्रति कोई आसक्ति नहीं है। शृङ्गार का परिपाक वहाँ होता है, जहाँ पर नायक-नायिका दोनों में एक दूसरे के प्रति अनुराग होता है। यहाँ रति अनुभयनिष्ठ है। रावण देववती से कहता है–हे चंचल नेत्रों वाली! तुम्हारे यह विरुद्ध आचरण क्यों? कहाँ यह तपस्या और कहाँ यह युवावस्था को प्राप्त तुम्हारा शरीर। यह तपाचरण तो केवल वृद्ध लोगों के लिए ही उचित है। तुम्हारी यह युवावस्था तथा ये पीन स्तन भोग के इच्छुक हैं। ऐसा कहते हुए कामपीड़ित रावण ने देववती की चोटी को पकड़ लिया।[102] इस स्थल पर सहृदय पक्ष में शृंगार रस की भावना नहीं उत्पन्न होती, उल्टे तपस्विनी देववती के प्रति दया के भाव उमड़ पड़ते हैं। अतएव शृङ्गाराभास की ही व्यंजना हुई है।

भावसन्धि– लोचनकार के अनुसार जहाँ पर दो व्यभिचारीभावों की सन्धि ही चर्वणास्पद हो वहाँ भावसन्धि होती है–**क्वचित्तु व्यभिचारिणः सन्धिरेव चर्वणास्पदम्।**[103] वे दो व्यभिचारीभाव विरोधी हों या अविरोधी इस बात का उन्होंने विचार नहीं किया किन्तु बाद में आलङ्कारिकों (एकावलीकार विद्याधर तथा पंडितराज जगन्नाथ आदि) ने उन व्यभिचारियों की विशेषता पर भी प्रकाश डाला है।

सुन्दरकाण्ड में एक स्थल पर भावसन्धि का उदाहरण दर्शनीय है। हनुमान कहते हैं–राम का उतना कार्य तो पूरा हो चुका, जितने के लिए मैं भेजा गया था परन्तु अब मेरी इच्छा कहे हुए से भी अधिक करने की है। क्योंकि एक कार्य के लिए भेजे हुए परन्तु अनेक कार्यों को पूरा करने वाली सम्मान की वृद्धि करते हुए सेवकों का जीवन स्वामी से प्राप्त सम्मान से सफल हो जाता है।[104]

यहाँ उदाहरण के प्रथम चरण में हनुमान का 'हर्ष' भाव ध्वनित होता है। वह हर्ष भाव–सीता से मिलना, उन्हें राम का अभिज्ञान देना, सीता का सम्पूर्ण समाचार प्राप्त करके राम के लिए उनसे अभिज्ञान लेना आदि पूर्णरूपेण सम्पादित कार्य में हनुमान का व्यञ्जित व्यभिचारी हर्ष भाव ध्वनित होता है। पुनः इससे कुछ और अधिक करने वाले हनुमान के विचार में–अशोक वन विध्वंस तथा लङ्कादहन आदि आगे होने वाले कार्यों के प्रति उनका 'औत्सुक्य' दो व्यभिचारीभावों की सन्धि होने से यहाँ भावसिन्ध है।

भावशबलता–यहाँ केवल दो भावों का योग होता है, वहाँ भावसन्धि मानी जाती है, और जहाँ दो से अधिक भावों का योग होता है वहाँ भावशबलता मानी जाती है। लोचनकार ने तो अनेक व्यभिचारीभावों की द्वन्दशः अभिव्यक्ति होने पर भावशबलता मानी है। काव्यप्रकाश के टीकाकारों ने उत्तरोत्तर भाव के द्वारा पूर्व-पूर्व भाव का दबा दिया जाना ही भावशबलता है, माना है। किन्तु इसके विपरीत रसगंगाधरकार का कहना है कि भावशबलता में भाव एक दूसरे को दबाते नहीं अपितु जिस प्रकार नारियल के जल, दुग्ध शक्कर तथा केले के सम्मिश्रण से विलक्षण आस्वाद आ जाता है, उसी प्रकार अनेक भावों की संहति भी आस्वाद्य होती है।[106] भवशबलता का सीधा लक्षण एकवलीकार करते हैं। उनके अनुसार बहुत से भावों का पूर्व-पूर्व भावों के उपमर्द के साथ उपनिबंधन ही भावशबलता है।

रामायणमञ्जरी (सुन्दरकाण्ड) के अन्तर्गत सीता के अधोलिखित कथन में कई भावों का योग होने से भावशबलता दर्शनीय है। सीता कहती हैं–'हर ली गई हूँ' यह तो संसार में प्रसिद्ध ही है। 'डरी हुई हूँ' यह स्त्रियों के लिए स्वाभाविक ही है। 'सूख रही हूँ' यह प्रलाप है। 'संस्थित चित्त हूँ' यह अत्यन्त निष्ठुर है। 'विस्तृत हूँ' यह अनुचित है, 'प्रिय हूँ' यह चञ्चलता है, 'जीवित हूँ' यह अत्यन्त लज्जा की बात है और 'शोक में डूबी हूँ' इसमें आश्चर्य की क्या बात है? इस दुःख के समुद्र में डूबी हुई मुझको कृपालु राम न जाने क्या कहने पर उद्धार करेंगे।[107]

यहाँ एक ही साथ मति, धृति, दैन्य, ग्लानि, चिन्ता, विषाद, वितर्क, चपलता, व्रीड़ा आदि कई व्यभिचारीभावों का एक साथ सन्निवेश दिखाई पड़ता है। अतः यहां भावशबलता है।

रामायणमञ्जरी का अङ्गीरस

प्रसिद्धेऽपि प्रबन्धानां नानारसनिबन्धने।
एको रसोऽङ्गीकर्तव्यस्तेषामुत्कर्षमिच्छता।।[108]

प्रबन्धों में अनेक रसों का समावेश प्रसिद्ध होने पर भी उनके उत्कर्ष को चाहने वाले कवि के द्वारा किसी एक रस को अङ्गी बना देना चाहिए। यद्यपि अनेक रस

होना कोई दोष नहीं है। अपितु गुण ही है, परन्तु वे काव्य में निबद्ध एक रस अर्थात अङ्गीरस के अनुकूल हों। उस एक रस का बार-बार अनुसन्धान करना चाहिए।[109] आठ रसों को ही मानने वाले धनञ्जय अपने उन दो 'उत्तम प्रकृतिक' रसों को नाटक के मुख्य रस के रूप में मानते हैं, परन्तु ध्वनिवादी अभिनवगुप्त, मम्मट एवं पंडित राज जगन्नाथ प्रभृत्ति आचार्यों ने शान्त रस को भी उत्तम प्रकृतिक रस माना है। आचार्य विश्वनाथ ने तो महाकाव्य में शृङ्गार, वीर एवं शान्त में से कोई एक रस प्रधान मानने को कहा है।[110]

जैसे कि लक्षणकारों ने यह निश्चित कर दिया है कि प्रबन्धों में एक अङ्गीरस होना चाहिए जिसका कि ग्रंथ में आद्योपान्त निर्वहण भी परमावश्यक है। इसके अनुसार सम्प्रति विचार का विषय है कि रामायणमञ्जरी में किस एक रस का आद्योपान्त निर्वाह कवि ने किया है अर्थात कौन एक अङ्गीरस है। पूर्व स्पष्ट हैं कि रामायणमञ्जरी की आधिकारिक कथा राम कथा है तथा एक उपजीवी काव्य होने के कारण वाल्मीकि रामायण पर पूर्णतया अवलम्बित है। ग्रंथ के प्रारम्भ में ही आचार्य क्षेमेन्द्र ने महर्षि वाल्मीकि की वंदना, अदिकाव्य की प्रशंसा तथा उनका काव्य किस प्रकार श्लोक रूप में प्रस्फुटित हुआ आदि का वर्णन बड़े सुन्दर ढङ्ग से किया है।[111] इस प्रकार वाल्मीकि रामायण 'शोकः श्लोकत्वमागतः' के अनुसार कामपीड़ित क्रोञ्चमिथुन में नर क्रौञ्च का व्याध के द्वारा वध किए जाने से उत्पन्न मर्मविदारित शोक ही आदि कवि के मन में करुण रस उत्पन्न करके श्लोक रूप में प्रस्फुटित हुआ[112]—

ततः श्लोकच्छलात्तस्य शोकानलसमीरितः।
दयय हृदयलीनो निर्गतः करुणो रसः।।
मा निषाद प्रतिष्ठां त्वमालब्धाः शाश्वतीः समाः।
यत्क्रोञ्चमिथुनादेकमवधीः काममोहितम्।।

उपर्युक्त तथ्य के आधार पर ही वाल्मकि रामायण का अङ्गीरस 'करुण' स्वीकार किया गया है। अब चूँकि रामायणमञ्जरी की रामकथा वाल्मीकि रामायण पर ही आधारित है। अतः इसका भी अङ्गीरस 'करुण' निर्विवाद रूप से माना जा सकता है। पुनः रामायणमञ्जरी के अंगीरस 'करुण' का ग्रंथ में आद्योपान्त निर्वाह भी किया गया है। उदाहरणार्थ—दशरथ मृत्यु तथा कौशल्यादि का विलाप, बालिवध एवं तारा का विलाप, कुम्भकर्ण, इन्द्रजित तथा रावण वध एवं मन्दोदरी आदि रानियों का विलाप। रामायणमञ्जरी में इन प्रमुख स्थलों के अतिरिक्त भी बहुत सी मृत्यु की घटनाएँ उपलब्ध हैं जिसके द्वारा रामायणमञ्जरी के अङ्गीरस 'करुण' के अंतत्व तथा

आद्योपान्त निर्वहण की पृष्टि होती है। ग्रंथ में अङ्गीरस 'करुण' के अतिरिक्त अन्य रसों का भी उचित स्थलों पर समावेश किया गया है जो अङ्गीरस के सहायक रूप में विद्यमान है।

रामायणमञ्जरी में वर्णित विभिन्न रस

संस्कृत के साहित्यशास्त्र में अनिर्वचनीय रसों की संख्या भी अनिर्वचनीय सी हो गयी है। भोज तथा रुद्रट आदि ने सभी 49 भावों को रस कोटि का माना है। अभिनवगुप्त ने तो एक स्थल पर लोचन में कहा है कि कुछ आचार्य विभाव, अनुभाव, स्थायी तथा व्यभिचारी, उनके संयोगों अनुकार्य या समग्र सुमदाय को ही रस कहते हैं। फिर भी प्रचलित परम्परा में 9 प्रधान भावों की ही व्यक्त स्थिति रस कोटि की मानी जाती है। जिसके अन्तर्गत नाटक में केवल आठ तथा काव्य में शान्त रस के साथ नवें निर्वेद भाव की भी मान्यता है। ये रस-शृंगार, हास्य, करुण, रौद्र, वीर, भयानक, वीभत्स, अद्भुत एवं शान्त आदि हैं। इन नौ रसों के अतिरिक्त रुद्रट प्रभृत्ति आचार्यों के वात्सल्य रस की मान्यता साहित्यदर्पण में भी वर्णित है तथा आधुनिक विद्वानों द्वारा मानी, जाती है। रूपगोस्वामी ने भी अपने 'भक्तिरसामृतसिन्धु' तथा 'उज्ज्वलनीलमणि' नामक ग्रंथों में भक्ति रस का प्रतिपादन बड़े विस्तार के साथ किया है। इस प्रकार इन दो रसों के साथ आचार्यों ने आठ से ग्यारह रसों की संख्या मानी है। सम्प्रति इन रसों का विस्तारपूर्वक उल्लेख रामायणमञ्जरी के उदाहरणों द्वारा किया जा रहा है। प्रत्येक रसों के यद्यपि अनेक उदाहरण ग्रंथ में उपलब्ध हैं। किन्तु विषय विस्तार के कारण उन सभी का उल्लेख न करके, केवल एक ही उदाहरण प्रस्तुत किया जा रहा है।

1. शृंगार रस–शृंगार वह रस है जिसे रति के स्थायीभाव का अभिव्यञ्जन माना जाता है। शृंगार रस का स्वरूप शृंगार शब्द की व्युत्पत्ति **'शृंगं इच्छति इति शृंगारः'** से ही स्पष्ट हो जाता है।[113] शृंग शब्द से कामुक युगल के उत्पीड़क कामादि भावों का बोध होता है। इस प्रकार शृङ्गार का तात्पर्य–जो इस प्रकार के कामोद्भेद से संभूत हो। इस रस के आलम्बन प्रायः उत्तम प्रकृति के ही प्रेमीजन हुआ करते हैं। अर्थात परकीया किंवा अनुरागशून्य वेश्य नायिका को छोड़कर अन्य प्रकार की नायिकाएँ तथा दक्षिण आदि प्रकार के नायक ही इसके उपयुक्त आलम्बन विभाव हैं। यह शृंगार रस विप्रलम्भ और सम्भोग दो प्रकार का होता है।[114] जिनका क्रमशः उल्लेख किया जा रहा है।

(अ) विप्रलम्भ शृङ्गार–विप्रलम्भ शृङ्गार में नायक नायिका का परस्परानुराग तो प्रगाढ़ हुआ करता ही है, किन्तु परम्परा मिलन नहीं होने पाता। यह विप्रलम्भ

अभिलाषा, ईर्ष्या, विरह, प्रवास तथा शाप रूप पाँच प्रकार के हेतुओं से होने के कारण पाँच प्रकार का होता है।

रामायणमञ्जरी में रावण द्वारा सीता का अपहरण कर लिए जाने पर पत्नीरहित राम की विरहावस्था का दृश्य अरण्यपर्व कई स्थलों पर दर्शनीय है। यथा–'वसन्तवर्णनम्' के सन्दर्भ में सीता के वियोग शोक में डूबे हुए राम कहते हैं–हे प्रिये (सीता) यह सुन्दर पुष्पों से युक्त, अमोद का खजाना, बसन्त ऋतु के रमणीय वृक्ष मेरे लिये विषपादप के समान प्रतीत हो रहे हैं। इस प्रकार की शोभन वाणी वाले विरहातुर राम प्रिया के विषय में अनुचिन्तन करते हुए पुष्पों की सुगन्ध से युक्त वायु के द्वारा मूर्च्छित हो गए।[115]

उपर्युक्त उदाहरण में सीता-आलम्बन विभाव, वसन्त ऋतु का मादक दृश्य उद्दीपन विभाव, सीता के वियोग में इन मादक दृश्यों के कारण करना, व्यथित चित तथा मोहमूर्च्छित होना अनुभाव एवं मोह, चिन्ता, स्मृति, जड़ता आदि व्यभिचारीभाव तथा रति स्थायीभाव है।

इसके अतिरिक्त रामायणमञ्जरी में अरण्यपर्व (1120-1136), किष्किन्धाकाण्ड (1-6, 42), अयोध्याकाण्ड (817, 819), तथा सुन्दरकाण्ड (141-144) के अन्तर्गत भी विप्रलम्भ शृङ्गार के उदाहरण दर्शनीय हैं।

(ब) संभोग शृङ्गार–परस्पर प्रेम पगे नायक नायिका के परस्पर दर्शन, परस्पर स्पर्शन, आदि की अनुभूति का प्रदाता जो रस हैं, वह संभाग शृंगार कहलाता है।[116] आदि शब्द से यहाँ सुम्बन, गाढ़लिंगन आदि के समुच्चय का बोध होता है।

अरण्यपर्व के अन्तर्गत चित्रकूट वन का रमणीय वातावरण विलाप पूर्वक देखते हुए राम अपनी प्रिया सीता के साथ विचरण कर रहे थे। पर्वत, झरनों तथा खिले हुए पुष्पों का सौन्दर्य देखते हुए त्रिपथगा के किनारे एक शिला के पार्श्व भाग पर बैठते हैं। पुनः सीता के मुख चन्द्र को अङ्क में लेकर शिला के पार्श्व भाग पर अंगुली रगड़कर राम उनके माथे पर तिलक लगाते हैं। सीता के मुखमण्डल पर वह तिलक बालेन्दु की भाँति शोभित हो रहा था। हरिणी के समान चञ्चल नेत्रों तथा सुन्दर तिलक से युक्त सीता के मुखमण्डल का राम ने अपलक नेत्रों से देर तक पान किया। कपित्रास के समान चञ्चल नेत्रों वाली सीता राम के कण्ठ से लिपट गयी। प्रिय राम के गाढ़ालिङ्गन से उनके कुचकलश दब गये।[117]

यहाँ आलम्बन-सीता के प्रति राम का रति भाव प्रदर्शित होता है। चित्रकूट एवं त्रिपथगातीर का मनोहारी एवं मादक दृश्य तथा सीता का रूप सौन्दर्य उद्दीपन विभाव। राम द्वारा, तिलक लगाना, मुख निर्वर्णन, गाढ़ालिङ्गन आदि अनुभाव तथा हर्ष एवं सुरतौत्सुक्य व्यभिचारीभाव हैं।

इसी प्रकार उत्तरकाण्ड (733-741) तथा अयोध्याकाण्ड (557-563) में भी संभोग शृंगार के उदाहरण दर्शनीय हैं।

2. हास्य रस—हास्य वह रस है जिसे हास स्थायीभाव का अभिव्यञ्जन कहा जाता है। इसका आविर्भाव आकार-विकृति, वागू-विकृति, वेष-विकृति, चेष्टा-विकृति किंवा अन्यान्य प्रकार के विकृतियों के वर्णन अथवा अभिनय से हुआ करता है।[118]

सम्पूर्ण रामायणमञ्जरी में हास्य रस का एक भी उदाहरण उपलब्ध नहीं है। पुनः जिस ग्रंथ का अङ्गीरस ही 'करुण' हो जिसका कि ग्रंथ में आद्योपान्त निर्वहण किया गया हैं, वहाँ हास्य रस की कल्पना समीचीन भी नहीं लगती है।

3. करुण रस—करुण वह रस है जिसे शोक रूप स्थायीभाव का अभिव्यञ्जन कहा गया है। इसका आविर्भाव इष्ट नाश और अनिष्ट प्राप्ति में सम्भव है।[119] इसका आलम्बन अनिष्ट व्यक्ति है। इसके वर्ग में दाहकर्म आदि की गणना है। देवकीनन्दन, भूमिपतन, क्रन्दन, वैवर्ण्य, उच्छ्वास, निःश्वास, स्तम्भ, प्रलपन आदि अनुभाव तथा निर्वेद, मोह, अपस्मार, व्याधि, ग्लानि, स्मृति, श्रम, विषाद, जड़ता, उन्माद और चिन्ता आदि इसके व्यभिचारीभाव हैं।

अयोध्याकाण्ड के अन्तर्गत पुत्र राम के वियोग शोक से पीड़ित राजा दशरथ बार-बार विलाप करते हुए प्राण त्याग दिये। राजा को सोया हुआ जानकर शोक संतप्त कौशल्या, राजा की निद्रा भङ्ग न हो, इसलिए निःशब्द विलाप करने लगी। पुनः राजा को मृत देखकर चारों तरफ शोक का अन्धकार छा गया। पुरवासी करुण-क्रन्दन करने लगे। कौशल्यादि रानियों के विलाप करते हुए मुख पर गिरते हुए अनुकरण टूटे हुए मौक्तिक हार के दानों की शोभा को प्राप्त हो रहे थे।[120]

यहाँ राजा दशरथ आलम्बन विभाव, उनकी मृत्यु का दृश्य उद्दीपन विभाव, पुरवासियों तथा कौशल्यादि रानियों का विलाप, अनुभाव, मोह, विषाद, चिन्ता, स्मृति, व्याधि, ग्लानि, जड़तादि व्यभिचारीभाव तथा शोक स्थायीभाव है।

इसके अतिरिक्त किष्किन्धापर्व (180-193), अयोध्याकाण्ड (965-970), अरण्यपर्व (24, 25 एवं 107-212) तथा युद्धकाण्ड (879-885, 1161-1168 एवं अंतःपुरक्रन्दम् 1-21) में भी करुण रस के उदाहरण दर्शनीय हैं। इन सभी उदाहरणों में आलम्बन-मृत व्यक्ति हैं, उद्दीपन-मृत्यु का श्रवण या देखना, अनुभाव-अभीष्ट जनों का कारण क्रन्दन तथा व्यभिचारिभाव-मोह, जड़ता, विलाप, चिन्ता, स्मृति, व्याधि, ग्लानि एवं शोक स्थायीभाव हैं।

4. रौद्र रस—वह रस है जिसका स्थायीभाव क्रोध हुआ करता है। इसमें आलम्बन रूप से शत्रु का वर्णन किया जाता है। और शत्रु की चेष्टाएँ उद्दीपन विभाव का काम करती हैं। इसकी विशेष उद्दीप्ति मुष्टि प्रकार, भूपातन, भयङ्कर मार, शरीर

विदारण, संग्राम और संभ्रम आदि से हुआ करती है। इसके अनुभाव-भ्रूभङ्ग, ओष्ठ निदर्शन, बाहुस्फोटन, तर्जन, स्वकृत वीर कर्म वर्णन, शस्त्रोत्क्षेपण, उग्रता, आवेग, रोमाञ्च, स्वेद, कम्प, मद, आक्षेप, तथा क्रूर दृष्टि आदि। इसके जो व्यभिचारीभाव हैं उनमें मोह अमर्ष आदि का स्थान है।

युद्धकाण्ड के अन्तर्गत कुम्भकर्ण ने जब जागकर, अत्यधिक क्रोध संतप्त भाई रावण का आदेश सुना तो शीघ्र ही वहाँ पहुँचकर मुख नीचे किए हुए बोला—आर्य! शत्रु के प्रति यह चिन्ता का ज्वर त्याग दीजिए। आपकी अत्यन्त भ्रूभंगिमा मुझे विश्व नाश के लिए प्रेरित कर रही है। हे स्वामी! तीनों लोकों के विनाश में दीक्षित मुझे जो आदर प्राप्त है, ऐसी आपकी मेरे प्रति वाणी अवश्य ही हितकारी सिद्ध होगी। अब मैं अपनी भुजा से स्तम्भित करते हुए शत्रु का विनाश करके तथा उनकी कान्ताओं को चिरकाल के लिए व्यग्र करके ही कार्य से निवृत्त होऊँगा। आज युद्ध में वानर, लक्ष्मण तथा राम से रहित लोक को आपके शासन के समक्ष कर दूँगा मैं अकेले जाकर अपनी भुजा और शस्त्रों से शत्रु का विनाश करूँगा।[121]

यहाँ आलम्बन-शत्रु राम-लक्ष्मण एवं वानरी सेना, उद्दीपन, राक्षस सैनिकों का वध एवं क्रोध संतप्त भाई रावण को देखना, अनुभाव-भ्रूभंग, बाहुस्फोटन, स्कृत वीर कर्म वर्णन शस्त्रोत्क्षेपण, उग्रता, आवेग, रोमाञ्च तथा मद आदि व्यभिचारीभाव-अमर्ष तथा स्थायीभाव-क्रोध है।

इसी प्रकार युद्धकाण्ड में अन्य स्थलों (133-153, 834-83, 891-900 तथा 1137-1143) पर भी रौद्र रस के उदाहरण पाये जाते हैं।

5. वीर रस—वह है जिसे उत्साह रूप स्थायीभाव का आस्वाद कहा गया है। इसके आश्रय उत्तम प्रकृति के वीर व्यक्ति हैं।[122] इसके आलम्बन विजेतव्य शत्रु हैं और इन विजेतव्य शत्रु आदि की चेष्टाएँ उद्दीपन विभाव हैं। युद्धादि की सामग्री किंवा अन्यान्य सहायक साधनों के अन्वेषक इसके अनुभाव हैं। धृति, मति, गर्व, स्मृति, तर्क, रोमाञ्च आदि इसके व्यभिचारीभाव हैं।

आचार्य विश्वनाथ ने वीर रस को युद्धवीर, दानवीर, धर्मवीर तथा दयावीर चार प्रकार का माना है।[123] सम्प्रति रामायणमञ्जरी के उदाहरणों द्वारा इनका क्रमशः उल्लेख किया जा रहा है।

युद्धवीर—रामायणमञ्जरी एक युद्ध प्रधान ग्रंथ होने के कारण युद्धवीर के उदाहरणों से भरा पड़ा है यथा—युद्धकाण्ड के अन्तर्गत युद्धस्थल में वानरों को देखकर कुम्भकर्ण ने मद भरी गर्जना की जिससे सम्पूर्ण पृथ्वी तथा अन्य छोटे-बड़े स्थल कम्पित हो गये। आकाश तथा सभी दिशाओं के तट बाणों से पूरित हो गये। उसे

देखकर सम्पूर्ण वानरी सेना तथा दिशाएँ संत्रस्त हो गयीं। वज्र के प्रहार से वेगपूर्वक वानरी सेना को रौंदते हुए विशाल पर्वताकार प्रतीत हो रहा था। सम्पूर्ण वानरों को व्याकुल करते हुए उसने भयङ्कर आवाज की। प्रहारोद्यत उसके काल रूप को देखकर वानर तथा दिशाएँ त्रास भाव को प्राप्त हो गयीं। इसके बाद क्रोधोद्धत, भुजाशाली कुम्भकर्ण सुग्रीव के वक्षःस्थल पर वृक्ष से प्रहार किया। उसे आहत कर वह विकट मुख वाला कुम्भकर्ण क्रोधपूर्वक हँसते हुए सुग्रीव के ऊपर पुनः शूल से आक्रमण किया। सुग्रीव ने उस शूल को भङ्ग कर दिया। शूल भङ्ग से कुपित कुम्भकर्ण ने पुनः ज्वाला की भाँति बाण से कपीश्वर पर प्रहार किया। आहत होकर सुग्रीव मूर्च्छित हो, पृथ्वी पर गिर पड़ा इसके बाद प्रसन्नचित कुम्भकर्ण लङ्का की ओर चल दिया।[125]

यहाँ विजेतव्य शत्रु तथा वानर आदि आलम्बन, उनके द्वारा राक्षसी सेना का वध एवं नाना क्रीड़ाएँ उद्दीपन, युद्धादि की सामग्री, शस्त्रों का प्रहार, सुग्रीव आदि वानरों को आहत करना अनुभाव, गर्व, रोमाञ्च, धृति, मति, आवेग, हर्ष आदि व्यभिचारीभाव एवं उत्साह स्थायीभाव हैं।

इसके अतिरिक्त युद्धकाण्ड (1291-1297), उत्तरकाण्ड (976-080) तथा बालकाण्ड, अरण्य पर्व एवं किष्किन्धा-पर्व के अनेक स्थलों पर युद्ध वीर के उदाहरण सुलभ हैं।

दानवीर—उत्तरकाण्ड के अन्तर्गत महाराज नृग की दानवीरता का परिचय मिलता है। प्राचीनकाल में नृग ने ब्राह्मणों को करोड़ों गायें तथा सहस्त्रों पुष्कर प्रदान किया था।[126] यहाँ महाराज नृग का दान के प्रति उत्साह स्थायीभाव दर्शनीय है।

इसके अतिरिक्त राम-सीता विवाह के अवसर पर जनक और दशरथ की दानवीरता का उदाहरण मिलता है।[127] रामाश्वमेध यज्ञ के उपरान्त स्वर्ण तथा अन्य रत्नों की राशि अलग-अलग मुनियों को बाँटा गया।[128] यहाँ राम की दानवीरता का परिचय मिलता है।

धर्मवीर—धार्मिक क्रिया के प्रति उत्साह स्थायीभाव धर्मवीरता कहलाता है। यज्ञादि का अनुष्ठान भी धार्मिक क्रिया के अन्तर्गत आता है। उत्तरकाण्ड के अन्तर्गत सर्वप्रथम राम द्वारा राजसूय यज्ञ करने का विचार करना। पुनः भरत द्वारा उसका विरोध करने पर लक्ष्मण के मतानुसार अश्वमेध यज्ञ का विधिवत् सम्पादन करना[129] आदि में राम की धर्मवीरता का परिचय मिलता है।

दयावीर—सम्पूर्ण रामायणमञ्जरी में राम की दयावीरता के अनेक स्थल सुलभ हैं। यथा—अहल्या शबरी के प्रति उनकी दया का उत्साह दर्शनीय है।

6. भयानक रस—वह रस है जिसे भय रूप स्थायीभाव का आस्वाद कहा जाता

है इसका आलम्बन भयोत्पादक पदार्थ है और ऐसे भयोत्पादक पदार्थ की भीषण चेष्टाएँ इसके उद्दीपन विभाव का काम करती हैं। विवर्णता, गद्गद भाषण, प्रलय, स्वेद, रोमाञ्च, कम्प, इतस्ततः अवलोकन आदि इसके अनुभाव हैं। इसके व्यभिचारीभावों में जुगुप्सा, आवेग, सम्मोह, संत्रास, ग्लानि, दीनता, शङ्का, अपस्मार तथा मरण आदि आते हैं।

बालकाण्ड के अन्तर्गत विवाहोपरान्त जव राजा दशरथ रामादि पुत्रों एवं बहुओं के साथ आयोध्यापुरी के लिए प्रस्थान किए तो मार्ग में–भगवान सूर्य के प्रकाश को तिरस्कृत कर अन्धकार फैलाते हुए, क्रोध के कारण विवेकहीन एवं पृथ्वी को कम्पित करते हुए, मार्ग से उठती हुई धूल से समस्त लोक को कालरजनी के समान युक्त करते हुए, दिशाओं एवं आकाश को जलाते हुए वड़वाग्नि की ज्वाला के समान रूप धारण किए हुए भार्गव (परशुराम) को आते हुए देखा। अग्नि की ज्वाला के समान कुठार हाथ में लिए, सुमेरू पर्वत के शिखर पर चमकते हुए सूर्य की कान्ति वाले, विधिवत् गुम्फित जटा वाले, बादलों में लटकती हुई विद्युत्कान्ति के सदृश भौंहों वाले, अत्यन्त क्रोध के कारण स्फुरित होंठों वाले, क्षत्रियों के विनाश काल के समान अर्जुनदण्ड, कमण्डल तथा मृत्यु दन्तावलियों से युक्त कुठाराग्र को हाथों में आन्दोलित करते हुए, क्षत्रियों के विनाश से संसक्त रक्त धारा वाले कुठारयुक्त परशुराम को देखकर दशरथ तथा वशिष्ठादि मुख्य ऋषिगण भयाकुल हो प्रणाम करके उनकी पूजा करने लगे।[130]

यहाँ परशुराम आलम्बन विभाव, उनका भयानक वेष एवं क्षत्रियों के प्रति प्रलयंकारी रूप, उद्दीपन विभाव, वशिष्ठ आदि मुनियों का प्रणाम एवं पूजा इत्यादि प्रारम्भ करना आनुभाव, शङ्का, संत्रास तथा दीनता आदि व्यभिचारीभाव एवं भय स्थायीभाव दर्शनीय है।

7. वीभत्स रस–वह रस है जिसे जुगुप्सा स्थायीभाव का अभिव्यञ्जन माना जाता है।[131] इसके आलम्बन दुर्गन्धमय मांस, रक्त, चर्बी आदि हैं। इन्हीं दुर्गन्धमय मांसादि में कीड़े पड़ने आदि को इसका उद्दीपन विभाव माना जाता है। निष्ठोवन, (थूकना), आलस्यवलन (मुँह फेरना), नेत्र संकोचन आदि अनुभाव तथा मोह, अपस्मार आवेग, व्याधि तथा मरण व्यभिचारीभाव है।

रामायणमञ्जरी में वीभत्स रस के उपर्युक्त लक्षणों को पूर्णरूपेण चरितार्थ करने वाले उदाहरण तो नहीं मिलते किन्तु उनसे किञ्चित साम्य रखने वाला एक उदाहरण उत्तरकाण्ड (श्वेतोपाख्यान) में दर्शनीय है–अगस्त्य मुनि ने सुन्दर केयूर, कुण्डलों से युक्त एक दिव्य पुरुष को विमान से उतरकर शव के पास जाते हुए देखा। वह यथा

इच्छानुसार शव के मज्जा एवं मांस को खाकर तथा सरोवर में पानी पीकर आकाशमार्ग से जाने के लिए विमान पर चढ़ा। मुनि के द्वारा उसके इस वीभत्स कार्य के विषय में पूछने पर उसने कहा–भूख एवं प्यास से पीड़ित होने के कारण मेरे द्वारा यह भोजन किया जाता है। ब्रह्मा ने मुझे अपने शरीर को खाने का यह आहार दिया है। उन्होंने यह भी कहा था कि कालान्तर में महातपस्वी अगस्त्य द्वारा तुम्हें अपने शरीर के भोजन करने वाले इस वीभत्स कार्य से मुक्त किया जाएगा। तब से निरन्तर मैं अपने इस शव का भक्षण करता हूँ। आपका दर्शन हो जाने से आज मेरे पाप विनष्ट हो गये।[132]

यहाँ आलम्बन–राजा श्वेत, उद्दीपन-उनके द्वारा अपने ही शव की मज्जा एवं मांस खाना, अनुभाव-अगस्त्य द्वारा उनके इस वीभत्स कार्य के विषय में पूछना, व्यभिचारीभाव–मोह, अपस्मार, रोमाञ्च, चिन्ता, मति आदि एवं जुगुप्सा स्थायीभाव है।

8. अद्भुत रस–वह रस है जिसे विस्मय के स्थायीभाव का अभिव्यञ्ज, माना जाता है। इसका आलम्बन–अलौकिक वस्तु है। अलौकिक वस्तु का गुण-कीर्तन इसका उद्दीपन है। स्तम्भ, स्वेद, रोमाञ्च, गद्गद, नेत्र विकास आदि अनुभाव तथा वितर्क, आवेग हर्ष आदि व्यभिचारीभाव है।

उतरकाण्ड के अन्तर्गत अयोध्या नरेश राम के दरबार में लव-कुश का गीत सुनकर आश्चर्य से सभी लोागों के सिर हिलने लगे। राम, उनके भाई, नृपगण, मुनिगण, कपि एवं राक्षस सभी उनके काव्य एवं गीत के श्रवण से आश्चर्यचकित तथा चित्रलिखित से हो गए। उन दोनों को देखकर आश्चर्ययुक्त सभी लोगों में परस्पर वार्तालाप की आवाज उठने लगी। आनन्द विभोर सभी लोग--अहो! क्या गीत है, क्या काव्य है, कैसे ये दोनों कुमार हैं तथा इन दोनों के समान तीनों लोकों में विद्याधर नहीं हैं आदि आश्चर्ययुक्त एवं प्रशंसा युक्त शब्दों से वातावरण परिपूर्ण हो गया।[133]

यहाँ आलम्बन-लव-कुश, उद्दीपन-उनके मनोहर काव्य एवं गीत का श्रवण, अनुभाव-स्तम्भ, रोमाञ्च, गद्गद, नेत्र विकास आदि तथा वितर्क, आवेग, हर्ष आदि व्यभिचारीभाव है।

9. शान्त रस–वह रस है जिसमें शम स्थायीभाव का आस्वाद हुआ करता है। इसके आश्रय उत्तम प्रकृति के व्यक्ति हैं।[134]

अरण्य पर्व के अन्तर्गत भरत जब राम से पादुका लेकर अयोध्यापुरी पहुँचते हैं तो सम्पूर्ण नगरी शोकाक्रान्त, अलङ्कार विहीन नव विधवा की तरह प्रतीत हो रही थी। अयोध्या की मलिनता एवं वैभवहीनता आदि का विशद वर्णन करते हुए भरत कहते हैं कि राम का वनवास, माताओं का कष्ट तथा राजा से विहीन यह पुरी मुझे

पीड़ित कर रही है। अतः मैं रामागमन की अवधि तक नन्दिग्राम में निवास करूँगा। इसके बाद सिंहासन पर राम की पादुका रखकर जटा, वल्कल तथा फलाशन के द्वारा नन्दिग्राम में अपना व्रत प्रारम्भ कर दिया।[135]

यहाँ भरत द्वारा निःसारता का अनुभव आलम्बन, राम वनवास, पितृशोक, मातृ कष्ट एवं राजा विहीन अयोध्यापुरी को देखना आदि उद्दीपन, जटा, वल्कल तथा फलाशन के द्वारा नन्दिग्राम में निवास अनुभाव, निर्वेद, ग्लानि, विषद, चिन्ता आदि व्यभिचारीभाव तथा शम स्थायीभाव है।

रामायणमञ्जरी में छन्द

छन्दशास्त्र के आदि आचार्य के रूप में पिङ्गल मुनि ही सुप्रसिद्ध हैं। यद्यपि कि पिङ्गल सूत्रों में उनके पूर्व के कई अन्य छन्द-शास्त्रकारों का भी उल्लेख प्राप्त होता है, परन्तु, 'यशः पुण्यैरवात्यते' के अनुसार पिङ्गल मुनि को ही छन्दशास्त्र का जनक कहा जाता है। पिङ्गल मुनि के परवर्ती छन्दशास्त्रकारों की सुदीर्घ शृङ्खला में 'सुवृत्ततिलक' के प्रणेता आचार्य क्षेमेन्द्र का नाम विशेष रूप से उल्लेखनीय है। क्षेमेन्द्र ने अपने इस ग्रंथ के तीन विन्यासों में छन्दों के लक्षण, उनके गुण-दोषों का वर्णन तथा छन्दों के उचित प्रयोग को समुचित ढङ्ग से समझाने का प्रयास किया है। यथा—आचार्य क्षेमेन्द्र की मान्यता है कि काव्य में रस एवं वर्णन के अनुरूप समस्त छन्दों का प्रयोग करना चाहिए[136]—

काव्ये रसानुसारेण वर्णानुगुणेन च।
कुर्वीत सर्ववृत्तानां विनियोगं विभागिवत।।

महाकवि क्षेमेन्द्र ने अपने ग्रंथ 'रामायणमञ्जरी' में विभिन्न प्रकार के छन्दों का जाल बिछाने का प्रयास नहीं किया है, अपितु कुछ प्रमुख छन्दों में ही कथानक तथा सम्पूर्ण काव्य को सजाया है। प्रायः महाकवि एवं सर्ग में एक ही छन्द का प्रयोग करते हैं। एक सम्पूर्ण दृश्य का चित्र अनुष्टुप छन्द में कर देने में क्षेमेन्द्र को विशेष सफलता मिली है। उत्तरकाण्ड के अन्तिम कुछ स्थलों तथा किष्किन्धाकाण्ड के कुछ श्लोकों को छोड़कर प्रायः सर्वत्र श्लोक छन्द का ही प्रयोग हुआ है। इस प्रकार रामायणमञ्जरी में कवि ने लगभग आठ छन्दों का प्रयोग किया है, जो इस प्रकार हैं—अनुष्टुप, उपजाति, इन्द्रवज्रा, उपेन्द्रवज्रा, मालिनी, वसन्ततिलका, स्रग्धरा, शार्दूलविक्रीड़ित। सम्प्रति इन छन्दों का लक्षण तथा उदाहरण नीचे प्रस्तुत किया जा रहा है।

1. अनुष्टुप—रामायणमञ्जरी का विहंगम दृष्टि से अवलोकन करने पर ऐसा प्रतीत होता है कि कवि को अनुष्टुप बहुत प्रिय थे। एक श्लोक छन्द में सम्पूर्ण

रामकथा का इतना जीवन्त चित्रण करना निश्चय ही गुरुतर कार्य है। ग्रंथकार की मान्यता है कि सर्ग के आरम्भ में, कथा के सविस्तार वर्णन में एवं वैराग्यपूर्ण उपदेश वर्णन में अनुष्टुप का प्रयोग प्रशंसनीय होता है[138]–

आरम्भे सर्गबन्धस्य कथाविस्तारसंग्रहे।
शमोपदेशवृत्तान्ते सन्तः संशन्त्यनुष्टुभम्।।

आठ अक्षरों के चरण वाले छन्द को अनुष्टुप कहते हैं। इसका छठवाँ अक्षर एवं प्रथम तथा द्वितीय चरणों का सातवाँ अक्षर दीर्घ होता है तथा पाँचवाँ अक्षर एवं दितीय चतुर्थ चरण का सातवाँ अक्षर लघु होता है।[139] अनुष्टुप का सामान्य लक्षण आचार्यों ने इस प्रकार किया है–

श्लोके षष्ठं गुरु ज्ञेयं सर्वत्र लघु पञ्चमम्।
द्विचतुष्पादोर्ह्रस्वं सप्तमम दीर्घमन्ययोः।।

ग्रंथकार की मान्यता के अनुसार (सर्ग के आरम्भ का अनुष्टुप प्रशंसनीस होता है) रामायणमञ्जरी के प्रारम्भ का श्लोक उदाहरणार्थ प्रस्तुत किया जा रहा है–

जितं भगवता तेन हरिणा लोकधारिणा।
अजेन विश्वरूपेण निर्गुणेन गुणात्मना।।

प्रस्तुत श्लोक के चरण में आठ अक्षर हैं, जिसमें पंचम अक्षर प्रत्येक चरण में लघु है, षष्ठ अक्षर प्रत्येक चरण में गुरु है तथा सप्तम अक्षर केवल द्वितीय तथा चतुर्थ चरण में लघु है।

रामायणमञ्जरी में प्रयुक्त अनुष्टुप अधोलिखित हैं–

1. बालकाण्ड तथा अयोध्याकाण्ड	श्लोक सं. 1 से 987 तक।
2. अरण्यपर्व	श्लोक सं. 1 से 1158 तक।
3. किष्किन्धापर्व	श्लोक सं. 1 से 214 तक।
4. किष्किन्धाकाण्ड	श्लोक सं. 1 से 567 तक।
5. सुन्दर काण्ड	श्लोक सं. 1 से 705 तक।
6. युद्धकाण्ड	श्लोक सं. 1 से 1298 तक।
7. अन्तःपुरप्रलापः, रावणसत्क्रिया, विभीणाभिषेकः, वह्निप्रवेशः, महापुरुशस्तवः, लोकपालदर्शनम्, पुनराख्यायिकम्	श्लोक सं. 1 से 139 तक।
8. उत्तरकाण्ड	श्लोक सं. 1 से 1261 तक।
9. ग्रंथ समाप्ति	श्लोक सं. 1, 3, 4, 5, 6, 9।

इस प्रकार सम्पूर्ण रामायणमञ्जरी में केवल 62 श्लोकों को छोड़कर शेष सभी अनुष्टुप छन्द में ही वर्णित श्लोक हैं। आचार्य क्षेमेन्द्र ने अनुष्टुप छन्दों के विषय में कहा कि जो यह नियम है कि पंचम लघु रहे तथा पष्ठ गुरु रहे—यह सार्वत्रिक नियम नहीं है, क्योंकि बड़े-बड़े प्रबन्धों में इसका व्यभिचार भी देखा जाता है। इसलिए सर्वात्रिक नियम श्रव्यता ही कहा जा सकता है।[140]

2. उपजाति—यह वृत संकीर्ण होता है। जहाँ एक ही पद्य के कुछ चरणों में उपेन्द्रवज्रा के एवं कुछ में इन्द्रवज्रा के लक्षण घटित हों वहाँ उपजाति वृत्त होता है। 'छन्दोमञ्जरी' में इसका लक्षण इस प्रकार दिया गया है—

अनन्तरोदीरितलक्ष्मभाजौ पादौ यदीयावुपजातयस्ताः।
इत्थं किलान्यास्वपि मिश्रितासु स्मरन्ति जातिष्विदमेव नाम।।

उदाहरणार्थ रामायणमञ्जरी (पुनराख्यायिकम्) का यह श्लोक प्रस्तुत किया जा रहा है[141]—

इयं सरित्सा सरयूरयोध्यावधूनिवद्ध मणिमेखलेव।
करोति वेल्लत्कलहंसमालाकोलाहलैर्विभ्रमशिञ्जतानि।।

प्रस्तुत श्लोक उपजाति छन्द में है। इसके चार चरणों में प्रथम, द्वितीय तथा तृतीय चरण उपेन्द्रवज्रा हैं तथा चतुर्थ चरण इन्द्रवज्रा है। रामायणमञ्जरी में अधोलिखित उपजाति छन्द हैं—

रामायणमञ्जरी (पुनराख्यायिकम्, भरतानन्दः, भरतसमागमः, रामाभिषेकः)—

141, 142, 143, 146, 147, 149, 150, 151, 152, 153, 154, 155, 160, 161, 162, 163, 164, 165, 168, 169, 170, 172, 173, 174, 175, 177, 178, 179, 180, 182, 183, 184, 185, 186, 188, 191।

इस प्रकार केवल 36 श्लोक उपजाति छन्द में प्रयुक्त हैं। उपजाति के विषय में आचार्य क्षेमेन्द्र की मान्यता है कि—शृंगार रस में आलम्बन भूत नायिका के वर्णन में एवं उद्दीपन स्वरूप वसन्त ऋतु आदि के वर्णन में इस छन्द से सुतरां कान्तियुक्त होते हैं।[142]

3. इन्द्रवज्रा—जिस छन्द के प्रत्येक चरण में दो तगण, एक जगण तथा दो गुरु वर्ण क्रमशः हों, उसे इन्द्रवज्रा कहते हैं—

स्यादिन्द्रवज्रा यदि तौ जगा। गः।[143]

आचार्य क्षेमेन्द्र ने इन्द्रवज्रा का लक्षण इस प्रकार दिया है—

तकाराभ्यां जकारेण युक्तं गुरु युगेण च।
इन्द्रवज्राभिधं प्राहुर्वृत्तमेकादशाक्षरम्।।[144]

रामायणमञ्जरी (पुनराख्यायिकम् भरतानन्दः, भरतसमागमः तथ रामाभिषेकः)

के श्लोक संख्या–144, 145, 148, 156, 166, 167, तथा 176 इन्द्रवज्रा छन्द में प्रयुक्त हैं। उदाहरणार्थ[145]–

सोऽयं गिरीन्द्रः सुमहान्महेन्द्रः क्लान्तः कपीन्द्रेण विलङ्घनेऽब्धेः।
मानोन्नतः साधुरिवाकुलीनो याञ्चा किं सा खर्वशिरा बभूव।।

प्रस्तुत उदाहरण के प्रत्येक चरण में दो तगण एक जगण तथा दो गुरु वर्ण क्रमशः आए हुए हैं, साथ ही प्रत्येक चरण में 11 अक्षर हैं। यति प्रत्येक चरण के अंत में होती है।

4. **उपेन्द्रवज्रा**–जिस छन्द में क्रमशः जगण, तगण, जगण और उसके बाद क्रमशः दो गुरु वर्ण आए उसे उपेन्द्रवज्रा कहते हैं। यति चरणान्त में होती है–

उपेन्द्रवज्रा जतजास्ततो गौ।[146]

क्षेमेन्द्र ने उनेन्द्रवज्रा का लक्षण इस प्रकार से दिया है[147]–

जतजैगुयुग्मेन संसक्तैरूपलक्षितम्।
वदन्त्युपेन्द्रवज्राख्यं वृत्तमेकादशाक्षरम्।।

रामायणमञ्जरी (भरतानन्दः तथा भरतसमागमः) में श्लोक संख्या–158, 159, 171, तथा किष्किन्धाकाण्ड में श्लोक संख्या–572 उपेन्द्रवज्रा छन्द में प्रयुक्त हैं।

उदाहर्ण[148]–

निशम्य तस्मात्कुशलं गुणाब्धेः कृतं च दीप्तं भरतस्य राज्ञः।
पुनः प्रहर्षाय समीरसूनुं मनःसमानं विससर्ज वक्तुम्।।

प्रस्तुत छन्द के प्रत्येक चरण में जगण, तगण, जगण तथा दो गुरु वर्ण क्रमशः प्रयुक्त हैं, साथ ही प्रत्येक चरण में 11 अक्षर हैं।

5. **मालिनी**–जिस छन्द के प्रत्येक चरण में नगण, नगण, मगण, यगण तथा यगण आए उसे मालिनी छन्द कहते हैं। इसके प्रत्येक चरण में 15 अक्षर होते हैं, साथ-ही-साथ भोगी अर्थात् नाग (=8) तथा लोक (=7) संख्यक अक्षरों पर यति होती है।

ननमयययुतेयं मालिनी भोगिलोकैः।[149]

आचार्य क्षेमेन्द्र द्वितीयार्द्ध में समासयुक्त मालिनी को श्रेष्ठ एवं प्रथमार्ध में समासयुक्त को अवर माना है। अन्त में विसर्ग की स्थिति आवश्यक है।[150] क्षेमेन्द्र सर्गानत में ही मालिनी छन्द के प्रयोग को उपयुक्त मानते हैं।[151] उनके द्वारा मालिनी का लक्षण इस प्रकार दिया गया है[152]–

अष्टाक्षरविरामेण युक्तं ननमयैः सयैः।
वदन्ति मालिनीनाम वृत्तं पञ्चदशाक्षरम्।।

रामायणमञ्जरी में अधोलिखित श्लोक मालिनी छन्द में प्रयुक्त हैं।

किष्किन्धाकाण्ड श्लोक सं. 572
रामाभिषेकः श्लोक सं. 193
उत्तरकाण्ड श्लोक सं. 1263
ग्रंथ समाप्ति श्लोक सं. 7 एवं 8

उदाहरणार्थ रामायणमञ्जरी के उत्तरकाण्ड का अन्तिम श्लोक प्रस्तुत किया जा रहा है।[153] क्योंकि ग्रंथकार सर्गान्त में मालिनी छन्द के प्रयोग को ही उपयुक्त मानते हैं।

इति दुरितविरामः कीर्तिकान्ताभिरामः,
सुजनहृदयरामः कोऽयभूद्यः स रामः।
प्रकृतमनुरामः पापपाशं तरामः,
सुकृतभुवि चरामस्तस्य नाम स्मरामः।।

प्रस्तुत श्लोक के प्रत्येक चरण में दो नगण एक मगण तथा दो यगण हैं तथा प्रत्येक चरण में 15 अक्षर हैं।

6. स्रग्धरा—प्रत्येक चरण में क्रमशः मगण, रगण, भगण, नगण तथा तीन यगणों से युक्त और तीन बार मुनि (=7) संख्यक अक्षर पर यति वाली छन्द रचना स्रग्धरा कही जाती है।

म्रभ्नैर्यानां त्रयेण त्रिमुनियतियुता स्रग्धरा कीर्तितेयम।।[154]

क्षेमेन्द्र ने स्त्रग्धरा का लक्षण इस प्रकार दिया है[155]—

युक्त मरभनैर्यैश्च त्रिभिः सप्ताक्षरैस्त्रिभिः।
छेदैश्च स्रग्धरावृत्तमेकविंशाक्षरं विदुः।।

रामायणमञ्जरी में किष्किन्धाकाण्ड के श्लोक संख्या—569, 570 तथा 573 स्रग्धरा छन्दों में प्रयुक्त हैं। उदाहरणार्थ—

वेगस्पृष्टेन धृत्वां गगनजलनिधौ सुसन्धानुकारं,
दत्त्वां स्फोर मुहूर्त दिनकरकमले नाललीलाविलासम्।
लाङ्गूलेनाशु कृत्वा दिशि दिशि स मुहूर्मानदण्डाभियोगं,
लङ्कातङ्काभिशङ्काप्रथमपरिचयं केतुनेवादिदेश।।

प्रस्तुत श्लोक के प्रथम चरण में क्रमशः मगण, रगण, भगण, नगण तथा तीन यगण मिलकर 21 अक्षर हैं।

क्षेमेन्द्र के अनुसार आकार या गुरु से प्रारम्भ, अन्त में अलुप्त विसर्ग तथा प्रवाहमयता से इस छन्द की शोभा बनती है।[156] कात्यायन के अनुसार वीरों के भुजदण्ड वर्णन में—**'वीरस्य भुजदण्डाश्नां बर्णने स्रग्धरा भवेत्'** तथा क्षेमेन्द्र के

अनुसार आवेग एवं पवन आदि के वर्णन में इसका प्रयोग होना चाहिए–

सावेग पवनादीनां वर्णन स्रग्धर, भवेत।।[157]

7. वसन्ततिलका–(प्रत्येक चरण में 14 अक्षर)

उक्त वसन्ततिलका तभजाजागौ गः।।[158]

वसन्ततिलका उसे कहते हैं जिसके प्रत्येक चरण में क्रमशः तगण, भगण, जगण-जगण तथा दो गुरु वर्ण आएँ। आचार्य कश्यप इसे सिंहोन्नता तथा आचार्य सैतव उद्धर्षिणी कहते हैं।

सुवृत्त तिलक में वसन्ततिलका का लक्षण इस प्रकार वर्णित है[159]–

अभिज्ञातं तभजंजरन्तासगुरुद्वयम्।
चतुर्दशाक्षरं वृत्तं वसन्ततिलकं विदुः।।

रामायणमञ्जरी में वसन्ततिलका छन्द अधोलिखित श्लोकों में प्रयुक्त है–

किष्किन्धाकाण्ड श्लोक सं. 568

रामाभिषेकः श्लोक सं. 189, 190, 192

उत्तरकाण्ड श्लोक सं. 1263

ग्रंथकार के अनुसार वीर एवं रौद्र रस के संदर्भ में वसन्ततिलका का प्रयोग विशेष उपयुक्त होता है–वसन्ततिलका भांति संकरे वीरोरोद्रयोः।[160] इसी सन्दर्भ में रामायणमञ्जरी का यह श्लोक उदाहरणार्थ प्रस्तुत किया जा रहा है–

व्योम्नि व्रजन्स विदधे विबुधावनीषु,
नानाविमाननकेतुदुकूलापालीम्।
उरुप्रबन्धपृथुवेगविनिर्गतोग्र वातैः।
प्रचण्डतराण्डवकेलिलालाम्।।

प्रस्तुत उदाहरण के प्रत्येक चरण में क्रमशः तगण, भगण तथा दो जगण मिलकर क्रमशः 14 अक्षर हैं।

8. शार्दूलविक्रीडित–(प्रत्येक चरण में 19 अक्षर)

सूर्याश्वैर्मसजस्ततः सगुरवः शार्दूलविक्रीडितम्।।[161]

जिस छन्द के प्रत्येक चरण में क्रमशः मगण, सगण, जगण, सगण, तगण, तगण तथा एक गुरु आए उसे शार्दूविक्रीड़ित कहते हें। इस छन्द में सूर्य (=12) तथा अश्व (=7) संख्यक अक्षरों पर यति होती है।

ग्रंथकार ने सुवृत्ततिलक में इस वृत्त का लक्षण इस प्रकार से किया है[162]–

मसजः सततगेन युक्तमेकोनविंशत्।
शार्दूलविक्रीडितं पाहुश्छिन्नं द्वादशसप्तभिः।।

आचार्य क्षेमेन्द्र का कहना है कि नृपादि की बल प्रशंसा में इस छन्द का प्रयोग होना चाहिए—**शौर्यस्तवे नृपादीनां शार्दूलविक्रीडितं मतम्।**[163] उनकी मान्यता है कि इस छन्द में तभी ऊर्जस्विता आती है जबकि आदि का अक्षर 'आ' से प्रारम्भ हो, पाद का अन्तिम वर्ण विसर्गयुक्त हो, पहले पाद विच्छित हों तथा बाद के दोनों समासयुक्त हों।[164]

सम्पूर्ण रामायणमञ्जरी में केवल एक छन्द शार्दूलविक्रीडित है जो उत्तरकाण्ड की समाप्ति के बाद समाप्ति के सन्दर्भ में आया हुआ प्रथम श्लोक है—

भोगार्हे नवयौवनेऽपि विपिने चीराम्बरो राघव—
तत्राप्यस्य परेण दारहरणं क्लेशस्तदन्वेषणे।
सम्प्राप्तापि जनापवादरजसा त्यक्ता पुनर्जानकी,
सर्व दुःखमयं तदस्तु भवतां श्लाघ्यो विवेकोदयः।।

प्रस्तुत उदाहरण के प्रत्येक चरण में क्रमशः मगण, सगण, जगण, सगण, तगण, तगण तथा एक गुरु मिलकर 19 अक्षर हैं।

रामायणमञ्जरी में अलङ्कार

औचित्य सम्प्रदाय के प्रवर्तक, सुवृत्ततिलक, कविकण्ठाभरण तथा औचित्यविचार चर्चा आदि ग्रंथों के रयचिता आचार्य क्षेमेन्द्र की शास्त्रीय प्रतिभा अनूठी थी। उन्होंने अपने उपर्युक्त ग्रंथों में रस, छन्द एवं अलङ्कारों के समुचित प्रयोग तथा लक्षण आदि के विस्तृत विवेचन के साथ विभिन्न शास्त्रीय विषयों पर भी विचार विमर्श किया है। इसके द्वारा अचार्य क्षेमेन्द्र की अलङ्कारादि विषयक प्रौढ़ता का स्पष्ट ज्ञान हो जाता है। अन्य काव्यों एवं कृतियों की तरह आचार्य ने रामायणमञ्जरी में भी विभिन्न अलङ्कारों का प्रयोग किया है। यद्यपि रामायणमञ्जरी में अलङ्कारों के प्रति कवि ने किसी मोह का प्रदर्शन नहीं किया है, फिर भी यत्र-तत्र अनुप्रास तथा अर्थालङ्कारों की स्वाभाविक छटा दर्शनीय और

प्रशंसनीय है। इस स्थल पर आचार्य क्षेमेन्द्र, द्वारा रामायणमञ्जरी में प्रयुक्त कतिपय प्रमुख अलंकारों को सोदाहरण स्पष्ट किया जा रहा है। क्योंकि विषय विस्तार के कारण प्रत्येक अलङ्कारों के सभी उदाहरण प्रस्तुत करना सम्भव नहीं है। अतः रूपक, दीपक, अर्थान्तरन्यास, विभावना, निदर्शना, दृष्टान्त, पर्यायोक्त, उदात्त, परिसंख्या, व्यतिरेक तथा अनुप्रास आदि कुछ अलङ्कारों की सोदाहरण पुष्टि की जा रही है।

1. रूपक अलङ्कार—

तद्रूपकमभेदो य उपमानोपमेययोः।[165]

उपमान और उपमेय का, जिनका भेद प्रसिद्ध है उनका सादृश्यातिशयवश जो अभेद वर्णन है, वह रूपक अलङ्कार है। उदाहरण–

उदिते गगनाम्भोधि कौस्तुभे विपुलप्रभे।
मित्रे जगत्रयीनेत्रशतपत्रविकासिनि।।[166]

आकाश रूपी समुद्र से उद्भूत होने वाले कौस्तुभ मणि के समान अत्यधिक प्रकाशयुक्त, तीनों लोकों के नेत्रकमलों का विकास करने वाले सूर्य के उदित होने पर, यहां 'गगनाम्भोधि' तथा 'जगत्रयीनेत्रशतपत्र' में अभेद वर्णन होने के कारण रूपक अलङ्कार है।

2. दीपक अलङ्कार–

सकृद्वत्तिस्तु धर्मस्य प्रकृताकृतात्मना।
सैव क्रियासु बह्वीषु कारकस्येति दीपकम्।।[167]

जहाँ एक ही क्रियादि रूप धर्म का अनेक कारकों के साथ सम्बन्ध हो वहाँ क्रिया-दीपक नामक दीपक का एक भेद होता है। इसी प्रकार जहाँ बहुत सी क्रियाओं में एक ही कारक का ग्रहण हो, वह दीपक अलङ्कार का दूसरा भेद अर्थात कारकदीपक होता है। क्रियादीपक का यह उदाहरण दर्शनीय है–

मानं मार्ष्टि मतिं हन्ति जनयत्येव लाघवम्।
एवं रूपः प्रयत्नोऽस्याः प्रायेणाविषये रतिः।।[168]

इसका इस तरह का प्रयत्न है। प्रायः अपात्र में प्रेम मान को समाप्त कर देता है, बुद्धि को नष्ट कर देता है और लघुता को उत्पन्न कर देता है।

यहाँ 'अविषये रतिः' के साथ मानं माष्टिं, मतिं हन्ति, जनयत्येव लाघवम् आदि कारकों का सम्बन्ध होने के कारण यह क्रियादीपक का उदाहरण है।

3. अर्थान्तरन्यास–

सामान्य वा विशेषो वा तदन्येन समर्थ्यते।
यत्तु सोऽर्थान्तरन्यासः साधर्म्येणे तरेण वा।।[169]

सामान्य अथवा विशेष का उससे भिन्न अर्थात् सामान्य का विशेष के द्वारा अथवा विशेष का सामान्य के द्वारा जो समर्थन किया जाता है, वह अर्थान्तरन्यास अलङ्कार साधर्म्य तथा वैधर्म्य से दो प्रकार का होता है।

कुमुद्वतीं परित्यज्य लक्ष्मीर्भेजे सरोजिनीम्।
प्रायः पर्यायगामिन्यः संपदोविपदस्तथा।।[170]

लक्ष्मी कुमुद्वती को छोड़कर कमलिनी के पास पहुँच गयी, सम्पतियाँ, और विपत्तियाँ प्रायः क्रमशः आने-जाने वाली होती हैं।

यहाँ प्रथम (विशेष) वाक्य का द्वितीय (सामान्य) वाक्य के द्वारा समर्थन होने के कारण अर्थान्तरन्यास अलङ्कार है।

4. विभावना–

क्रियायाः प्रतिषेधेऽपि फलव्यक्तिर्विभावना।[171]

कारण का निषेध होने पर भी फल की उत्पत्ति का वर्णन होने पर विभावना अलङ्कार होता है।

उदाहरण–

भूमिशायी निराहारः स्वशरीरेऽपि निःस्पृहः।
मुनिरेव सुसंवृत्तः किन्तु रागोऽस्य वर्धते।।[172]

भूमि पर शयन करने वाले और अपने शरीर की भी लालसा न रखने वाले (वह राम) मुनि ही बन गए हैं परन्तु उनका तुम्हारे प्रति अनुराग बढ़ता जाता है।

यहाँ भूमि पर शयन करना, शरीर की लालसा न रखना तथा मुनि बन जाना आदि क्रियाएँ वैराग्य भाव को प्रकट करती हैं, परन्तु इनका निषेध करके अनुराग की उत्पत्ति का प्रकाशन किया गया है। अतः विभावना अलङ्कार है।

5. निदर्शना **निदर्शना।**

अभवन् वस्तुसम्बन्धः उपमापरिकल्पकः।।[173]

जहाँ वस्तु का (अभवन्) असम्भव या अनुपद्यमान सम्बन्ध (प्रकृत की अप्रकृत के साथ) उपमा का परिकल्पक (उपमा में पर्यवसित) होता है, वह निदर्शना अलङ्कार है।

उदाहरण– **क्व पांसुशय्या विपिने जरन्मृगगणाश्रये।**
क्व नूपुरवती कान्ता शिञ्जानमणिनूपुरा।।
क्व वृद्धसंनिधि वनं संभोगार्हं क्व यौवनम्।
क्व युद्धयात्रा सुरथा क्व च पंगुमनोरथाः।।
क्व शौर्यं क्व जटाबन्धः क्व शास्त्रं क्व च वल्कलः।
सर्वथा कुटिलाचारो विपरीतः स तापसः।।[174]

रावण की इस उक्ति में पूर्वार्द्ध और उतरार्द्ध रूप दो वाक्यार्थों का उपमानोपमेय भाव पर्यवसित होता है इसलिए इसको वाक्यार्थ निदर्शना कहा जाएगा।

6. दृष्टान्त–

दृष्टान्तः पुनरेतेषां सर्वेषां प्रतिबिम्बिनम्।[175]

उपमान, उपमेय, उनके विशेषण और साधारण धर्म आदि का बिम्बप्रतिबिम्ब भाव होने पर दृष्टान्त अलङ्कार होता है।

उदहारण—**त्वां वीक्ष्य मम लोलाक्षि रोचते न बधूजनः**

भृङ्गः कल्पलतां प्राप्य वल्लीषु रमते कथम्।।[176]

हे चञ्चल नेत्रों वाली! तुमको देखकर मुझे अपनी पत्नियाँ अच्छी नहीं लगतीं। (इसके लिए रावण दृष्टान्त देता है कि) कल्पलता को प्राप्त करके भौंरा सामान्य लताओं में कैसे रम सकता है।

यहाँ रावण—भ्रमर, सीता—कल्पलता तथा रावण को अपनी पत्नियाँ अच्छी न लगना और भौरे का सामान्य लताओं में मन न रमने आदि में बिम्ब-प्रतिबिम्ब भाव होने से दृष्टान्त अलङ्कार है।

7. समासोक्ति—

परोक्तिर्भेदकैः शिटेप्टैः समासोक्तिः।[177]

श्लेषयुक्त विशेषणों द्वारा अप्रकृत के व्यवहार का कथन 'समासेन संक्षेपेण उक्तिः' (दो अर्थों का संक्षेप से कथन होने के कारण) समासोक्ति अलङ्कार कहलाता है।

उदाहरण— **सूर्यरत्नगृहैर्लङ्का वासरस्याशु गच्छतः।**

क्षणमंशुकसंसक्ता हस्तालम्बमिवाकरोत्।।[178]

सूर्यकान्त मणियों से जटित घरों से लङ्का ने, रेशमी वस्त्रों से लिपटी हुई नायिका की भाँति शीघ्रतापूर्वक जाते हुए दिन रूपी नायक का मानो क्षण भर के लिए हाथ पकड़ लिया।

यहाँ विशेषणों की श्लिष्टता के कारण सूर्यपरक वर्णन प्रस्तुत है तथा नायक का वर्णन अप्रस्तुत है।

8. पर्यायोक्त—

पर्यायोक्तं विना वाच्यवाच्यकत्वेन यद्वचः।[179]

वाच्य-वाचक भाव से भिन्न (व्यञ्जनारूप) बोधन व्यापार के द्वारा जो वाच्यार्थ का प्रतिपादन करना है, वह पर्याय से अर्थात् प्रकारान्तर से कथन करने के कारण पर्यायोक्त अलङ्कार कहलाता है।

उदाहरण— **विद्याधरीकरोदश्चालितांशुका।**

दर्शनानुग्रहव्यग्रा भय त्रिदशयोषिताम्।।[180]

विद्याधारियों के हस्ताग्र में स्थित चामरों से उड़ने वाले दुपट्टे से युक्त तुम देवताओं की पत्नियों को दर्शन देने की कृपा करने वाली बनो।

यहाँ रावण के उपर्युक्त कथन व्यञ्जना के द्वारा वाच्यार्थ का प्रतिपादन प्रकारान्तर से इस प्रकार है कि—तुम मेरी पत्नी बनो।

इसी प्रकार– **दशाननकचाकर्षप्रौढरामशरांगुलिः**

करः करालः कालस्य प्रवेक्ष्यति पुरीमिमाम्।।[181]

इस श्लोक में सीता का प्रकारान्तर से कथन इस प्रकार है–राम लङ्का में प्रवेश करके शीघ्र ही रावणसहित इस लङ्का का विनाश करेंगे। अतः यहाँ भी पर्यायोक्त अलङ्कार है।

9. उदात्त–

उदात्तं वस्तुनः सम्पत्।[182]

वस्तु की समृद्धि वर्णन, उदात्त अलङ्कार होता है।

उदाहरण– **अद्भुतं त्वत्प्रभावेण स्वयमेतत्प्रदर्शितम्।**
महाब्धौ सेतुबन्धश्च बधश्चेन्द्रजितो युधि।।
कम्पं यत्कीर्तने वक्ति सुरस्त्रीरशनारवः।
वधादिन्द्रजितस्य जातः कस्य न विस्मयः।।
धनुस्त्रैलोक्यरक्षार्थ यज्ञार्थमखिलं धनम्।
जीवितं साधुवादार्थमहो श्लाघ्यं तव त्रयम्।।[183]

उपर्युक्त श्लोक में मुनियों द्वारा राम की यश, कीर्ति एवं शक्ति सम्पदा का वर्णन है। अतः यहाँ उदात्त अलङ्कार है।

10. परिसंख्या–

किंचित्पृष्टमपृष्टं वा कथितं यत्प्रकल्पते।
तादृगन्यव्यपोहाय परिसंख्या तु सा स्मृता।।[184]

कोई पूछी गयी या बिना पूछी हुई कही गयी बात जो उसी प्रकार की अन्य वस्तु के निषेध में पर्यवसित होती है, वह परिसंख्या कहलाती है।

उदाहरण– **तस्यादरः सुचरितेन सितातपत्रे,**
निर्व्याजसत्त्वविभवेषु न चामरेषु।
आसीज्जनार्तिहरणेषु न संचयेषु,
धर्मोज्ज्वलेषु च गुणेषु न भूषणेषु।।[185]

यहाँ जिस वस्तु में आदर प्रदर्शित किया गया है। उसी के समान दूसरी वस्तु में उसका निषेध किया गया है। अतः यह अप्रश्नपूर्विका परिसंख्या अलङ्कार है।

11. व्यतिरेक–

उपमानाद् यदन्यस्य व्यतिरेकः स एव सः।[186]

उपमान से अन्य अर्थात उपमेय का जो आधिक्य वर्णन है, वह ही व्यतिरेक अलङ्कार होता है।

उदाहरण– **शृङ्गारशिक्षाकारिणी हरिणी हारिलोचना।**

का त्वं लावण्यनलिनी मलिनीकृत चन्द्रिका।।[187]

यहाँ उपमान (चन्द्रिका) से उपमेय (सीता के रूप लावण्य) का आधिक्य वर्णन है। अतः यह व्यतिरेकालङ्कार है।

12. अनुप्रास–

वर्णसाम्यमनुप्रासः।[188]

वर्णों की समानता (आवृत्त का नाम) अनुप्रास है।

राज्यं रात्रश्च रामा च रागो राजाथ राशयः।

रामानामाङ्कवर्णाङ्कास्त्रासं संजनयन्ति मे।।[189]

यहाँ एक वर्ण (रा) की अनेक बार आवृत्ति होने पर से वृत्यानुप्रास है।

रामायणमञ्जरी में 'प्रकृति वर्णन'

रामायणमञ्जरी में आद्योपान्त प्रकृति का व्यापक चित्रण मिलता है। महाकवि क्षेमेन्द्र ने स्थल-स्थल पर प्राकृतिक सौन्दर्य एवं सुषमा की सुरभि बिखेरने में प्रकृति का जो स्पष्ट, सजीव एवं हृदयग्राही रूप चित्राङ्कित किया है उससे उनके असीम प्रकृति प्रेम का परिचय तो मिलता ही है, साथ-ही-साथ प्रकृति के समस्त अङ्गों-उपाङ्गों एवं विविध उपकरणों के विषय में उनकी सूक्ष्म दृष्टि का भी दर्शन होता है। रामायणमञ्जरी के अधिकांश प्रसंगों के अध्ययनोपरान्त यह पता चलता है कि कवि ने प्रकृति का संश्लिष्ट चित्रण अधिक किया है। प्रकृति के अनेक मनोरम रूपों का विवरण रामायणमञ्जरी में मिलता है, जिनमें प्रमुख रूप हैं–उपवन, वन, पर्वत, सर, सरिता, सागर, ऋतु, काल, दिन, रात्रि इत्यादि। उक्त रूपों का व्यापक चित्रण दर्शनीय है।

लंका में उपवन का सांगोपांग वर्णन मिलता है राक्षसराज रावण का यह उपवन नाना प्रकार के दिव्य, सुवासित कल्पतरु वृक्षों के पुष्प सुरभि से व्याज एवं स्वर्णिम कान्ति वाली मञ्जरियों से युक्त है। पुष्पों से उठते हुए भ्रमर समूह से मानो दिशाएँ श्याम वर्ण की हो गयी हैं। रक्त तथा नील वर्ण के पक्षियों के कलरव से निनादित इस उपवन में उनके पैरों तथा चोंचों के प्रहार से उपवन स्थलों पर गिरते पुष्प मानो आकाश से पृथ्वी पर गिरते हुए, पुष्पों की वर्षा की शोभा को धारण कर रहे हैं।[190] इस उपवन का मनोहारी वर्णन पुस्तुत करने के साथ ही कवि यहाँ के विभिन्न वृक्षों एवं पुष्पों का नामाङ्कन भी किया है जिसका परिचय हनुमान द्वारा इस उपवन के विध्वंस के समय मिलता है। हनुमान द्वारा अष्वकर्ण वृक्षों, नागवृक्षों, नवीन प्रवाल, शाल, सुनहरे कनैर और रत्नताली आदि वृक्षों के तोड़ देने पर उड़े हुए भ्रमर समूहों

की गुञ्जार तथा डरे हुए पक्षियों से आकाश की दिशाओं में भर जाने वाले शब्द से लोग जाग पड़े।[191] पुनः राक्षसियों द्वारा विध्वंस वर्णन में भी इस उपवन के विभिन्न प्रकार के वृक्षों का परिचय मिलता है–यह मन्दार वृक्ष विदीर्ण हो गया, सुनहरी केतकी टूट गयी, सुन्दर तथा सोने से युक्त यह ऊँचा आम का वृक्ष गिर पड़ा। गुलाब धरती पर बिछ गया, अशोक वृक्ष टुकड़े हो गया। कर्पूरतिलक, अगुरुबेल नष्ट हो गया, अशोक शोक उत्पन्न करने वाले हो गये, बकुलावली फल रहित हो गयी, सारी विहङ्गावली डर गयी है तथा लवङ्ग का पराग भी नष्ट हो गया है।[192]

रामायमणमञ्जरी में कथा प्रसङ्ग के अनुकूल वनस्थली का सजीव चित्रण उपवन से भी अधिक परिमाण में मिलता है। राम वन की भयानकता का आभास कराते हुए सीता के वन चलने के आग्रह का निषेध करते हैं–**बनदोषान्बहुविधान्घोररूपानुदाहरन्**।[193] इसी प्रकार स्वर्ण मृग के शिकार हेतु जाते समय राम ने सीता की रक्षा के लिए लक्ष्मण को नियुक्त किया था–**भवता त्वप्रमन्तेन रक्ष्या जनकनन्दिनी**।[194] इससे भी वन की भयानकता की ही सूचना मिलती है। पुनः सीता से लक्ष्मण के कथन में भी यही सूचना प्राप्त होती है–**अरण्ये निःसहायोऽस्मित्रार्हत्यरि पराभवम्**[195] उक्त अवतरणों में प्रकृति के भयानक स्वरूप का ही चित्रण ध्वनित होता है।

उक्त अनुमानित विवरणों रामायणमञ्जरी में वन के वातावरण के संश्लिष्ट चित्र भी अनेक प्रसंगों में चित्रित किये गये हैं। भरद्वाज के कथनानुसार राम चित्रकूट के अरण्यारण्य में पहुँचते हैं। वहाँ पुष्पित लता कुञ्जों में भ्रमरों के मनोहर गुञ्जार तथा पक्षियों के कलरव से मुग्ध राम, सीता से वहाँ की अनुपम प्राकृतिक छटा का वर्णन करते हैं।[196] इसी प्रकार अरण्य पर्व के अन्तर्गत राम और सीता एक वन से दूसरे वन में साथ-साथ भ्रमण करते हुए चित्रकूट के अरण्यारण्य की प्राकृतिक सुषमा का आनन्द लेते हैं। यही नहीं राम प्रकृति के सौन्दर्ययुक्त मनोहरी उपकरणों से सीता के विभिन्न अवयवों की तुलना करते हुए त्रिपथगा के किनारे उनके ललाट पर मैनसिल का तिलक लगाते हैं तथा सीता उनकी गोद रूपी शय्या में लेटी रहती हैं। यहाँ की सम्पूर्ण प्राकृतिक छटा इतनी मनोहर एवं मादक है कि राम और सीता के मन में रति भाव उत्पन्न कर देती है।[197]

रामायणमञ्जरी में कवि ने जहाँ एक तरफ चित्रकूट के अरण्यारण्य का अत्यन्त सजीव चित्रण किया है वहीं दूसरी तरफ अरण्य पर्व में भरत की सेना द्वारा आक्रान्त वन का भीषण रूप भी अंकित किया है।[198]

दण्डकारण्य के वर्णन में कवि ने प्राकृतिक सुषमा की सुरभि ही बिखेर दी है। प्रन्नाग, केसर, अशोक, कर्णिकार, आदि वृक्षों से युक्त, मेघ घटावत गहन, यत्र-तत्र

विकसित पुष्पों, पक्षी समूह के कलरव, भ्रमरों की गुञ्जार तथा हाथी, वराह, शिशुमार सिंह आदि अनेक वन्य-जन्तुओं के कारण वह हँसता हुआ सा-प्रतीत होता था।[199]

कवि के प्रकृति प्रेम एवं तत्सम्बन्धी सूक्ष्म दृष्टि का परिचय उस समय भी मिलता है जब सीता को खोजते हुए राम जंगल में इधर-उधर भटकते हुए जंगली पक्षियों शुक, कोकिल, हंस तथा मयूर आदि से सीता के विषय में पूछते हैं। यही नहीं लताकुञ्जों, नाना प्रकार के वृक्षों तथा खिले हुए पुष्पों से भी राम सीता के सम्बन्ध में पूछते हैं।[200] अरण्यारण्य के इस प्रसङ्ग में कवि की लेखनी प्रकृति के किसी भी उपादान को रामायणमञ्जरी में चित्रित करने से अछूती नहीं रहती है।

तदनन्तर वन-वन भटकते राम की कबंध से भेंट होती है। कबंध द्वारा वर्णित पम्पासरोवर की तरफ जाने वाले मार्ग के वन का प्रसङ्ग तथा मतंग आश्रम के शोभनीय चित्र का उल्लेख प्राप्त होता है।[201] इस प्रकार निर्दिष्ट पथ पर बढ़ते राम को मतंग वन का परिचय शबरी से भी प्राप्त होता है।[202] उक्त प्रसंग में वन के मार्ग की सुषमा मतंग वन का प्राकृतिक सौन्दर्य एवं शिशुमार, वाराह तथा जंगली हाथी एवं अन्य जन्तुओं से व्याप्त मतंग वन का बड़ा ही मनोहारी चित्र समुपस्थित है।

उक्त संश्लिष्ट, शब्द चित्रात्मक विवरणों द्वारा यह स्पष्ट हो जाता है कि महाकवि क्षेमेन्द्र वन प्रकृति के अत्यन्त सूक्ष्म द्रष्टा थे। अतएव उन्होंने भौगोलिक तथा स्वाभाविकता दोनों आधारशिलाओं पर आधारित अरण्य चित्रण अत्यन्त सजीव एवं सफलतापूर्वक किया है।

वन्य जीवन के महत्वपूर्ण अंग आश्रम का कवि ने अत्यन्त सजीव एवं व्यापक चित्रण भी किया है। जिसमें तत्कालीन स्थिति भी प्रतिबिम्बित होती है। विश्वामित्र,[203] वशिष्ठ,[204] सुतीक्षण,[205] अगस्त्य,[206] शरमङ्क,[207] भरद्वाज[208] आदि अन्य तपस्वियों के आश्रमों का सूक्ष्मातिसूक्ष्म सांगोपांग विवरण देते हुए महाकवि ने उसका सफल अंकन किया है।

उक्त सजीव चित्रात्मक विवरणों के अतिरिक्त आश्रम का भावात्मक एवं मानवीय संवेदनात्मक चित्रण भी क्षेमेन्द्र ने किया है। चित्रकूट में राम द्वारा आश्रम की वास्तुशान्ति[209] एवं सीताहरण के पश्चात् राम की पर्णशाला का शोकाभिभूत वर्णन इसका प्रत्यक्ष उदाहरण है।[210]

वनस्थली के वर्णन के प्रसंग में तत् स्थानीय पर्वत प्रदेशों का भी प्रसंगवश चित्रण करना अनिवार्य था। अतएव कवि ने कथा-क्रम के अनुसार चित्रकूट[211] ऋष्यमूक,[212] महेन्द्र,[213] मैनाक,[214] सुबेल,[215] कैलाश,[216] एवं संजीवनी युक्त[217] पर्वत का भी चित्रण अत्यन्त संश्लिष्ट रीति से किया है। उक्त विवरणों में

नयनाभिरामता, चित्रात्मकता, सूक्ष्मांकन, सजीवता, मार्मिकता, तथा मानवीय जीवन से अनुप्राणित वर्णनों का समावेश है।

भूमि प्रदेशों के साथ-साथ जलस्थानों के भी व्यापक प्रसङ्ग रामायणमञ्जरी में मिलते हैं। सरिता, सर, सागर के सूक्ष्मातिसूक्ष्म चित्रण इसमें प्राप्य हैं। सारिताओं में 'मङ्गावतरण' का समस्त प्रसङ्ग ही वर्णित है।[218] चित्रकूट की मन्दाकिनी नदी के रमणीय घाटों, किनारे पर खिले हुए पुष्पों की सुरभि, जलप्रवाह की उज्ज्वलता आदि का मादक एवं सुखमय चित्रण किया गया है।[219] इसी प्रकार पंचवटी में गोदावरी की प्राकृतिक छटा मनोमुग्धकारी एवं अत्यन्त सजीव है।[220] उत्तरकाण्ड में नर्मदा नदी का दिव्य, मनोहारी एवं ललनावत वर्णन कवि की व्यापक एवं भावात्मक दृष्टि की ओर लक्षित कराते हुए उसकी प्रकृतिप्रियता का प्रमाण देते हैं।[221] हाथियों के मदजल से युक्त शोभावाली यमुना का भी अनुपम सौन्दर्य दर्शनीय है।[222] उक्त प्रमुख नदियों के अतिरिक्त कथा प्रसङ्ग में अन्य कई नदियों का भी उल्लेख किया गया है जैसे–तमसा,[223] सरयू,[224] शोण,[225] कौशिकी आदि।

उपर्युक्त नदियों के मनोहारी एवं विशद चित्रण के साथ-ही-साथ कवि ने सरोवरों का भी चित्रण रामायणमञ्जरी में किया है जिनकी प्राकृतिक छटा अनुपम एवं सजीव है। सरोवरों में अरण्य पर्व के अन्तर्गत दमकर्ण ऋषि द्वारा निर्मित पञ्चाप्सर का हृदयग्राही वर्णन मिलता है। शुभ पुष्पों की मुस्कान वाली लता से युक्त वह विशाल सरोवर सज्जनों के आचरण की भाँति स्वच्छ, मणि दर्पण के समान वन की शोभा सदृश, स्नान करते हुए हाथियों के सूड़ों से फेंके गये जलशीकरों से दुर्दिन की भाँति वह प्रदेश खिले हुए कमलों के मुख पर मँडराते हुए मदमत्त भ्रमर समूहों से युक्त तथा सुन्दर पुष्पित पुष्पों की सुरभि को बिखेरती हुई वायु से व्याप्त था।[227] इसके अतिरिक्त अरण्य पर्व के अन्त में पम्पा सरोवर की रमणीयता के साथ-साथ सीताहरण के कारण उसका संवेदनात्मक रूप भी प्रस्तुत किया गया है। किन्नरादि द्वारा सेवित, हंसादि पक्षियों के कलरव की मधुर ध्वनि से निनादित, अरविन्दादि पुष्पों की सुरभि से सुवासित एवं सुशोभित तथा सुन्दर उपवनों से आवृत्त पम्पासरोवर का हृदयग्राही चित्रात्मक उल्लेख मिलता है।[228]

सर-सरिताओं की तरह सागर का भी चित्रात्मक वर्णन रामायणमञ्जरी में कई स्थलों पर मिलता है। हनुमान के समुद्रोल्लङ्घन करते समय उनके तीव्र वेग से महार्णव की तरङ्गों का उद्वेलन तथा सागर की क्षुब्धावस्था का सजीव चित्र प्रस्तुत करता है।[229] असके अतिरिक्त समुद्र तट पर स्थित अङ्गद, जाम्बवान आदि वानर भी समुद्र की भीषण दुर्गमता का अवलोकन करते हैं। उक्त प्रसङ्ग में समुद्र का

उद्वेलन उत्ताल तरङ्गों का उन्नयन, उसकी भयानकता तथा वानरों द्वारा सम्पूर्ण जगत को जलाप्लावित समझना, दिशा, भूतल एवं आकाश का परिज्ञान न होना आदि सागर के भीषण स्वरूप का चित्र समुपस्थित करते हैं[230] युद्धकाण्ड के अन्तर्गत 'समुद्रक्षोभणम्' नामक प्रसङ्ग में राम के विकराल बाण संधान से समुद्र में गम्भीर क्षोभ उत्पन्न हो जाता है। जिसके फलस्वरूप व्याकुल घड़ियाल, सर्प, शंख आदि जलचर, समुद्र में उत्पन्न फेन एवं उत्ताल तरङ्गों का उन्नयन तथा जल प्रवाह एवं उर्मियों का कल-कल कोलाहल युक्त शब्द चित्र सागर का साक्षात् रूप उरेह देता है।[231]

प्रकृति के रूप चित्रण के साथ-साथ काल एवं ऋतुओं का भी वर्णन महाकाव्य के प्रकृति चित्रण का ही अंग होता है। प्रकृति के इस अंग का भी रामायणमञ्जरी में व्यापक उल्लेख किया गया है। अहर्निश के सभी कालों में सूर्योदय,[232] चन्द्रोदय,[233] दिवा, रात्रि के द्योतक हैं। इसके अतिरिक्त संध्याकाल[234] तथा रात्रि[235] का विवरण भी समय के विभिन्न रूपों को प्रदर्शित करता है। उक्त सभी रूपों का वर्णन रामायणमञ्जरी में विद्यमान है।

ऋतुओं का क्रमिक वर्णन प्रकृति चित्रण का पूर्वाङ्ग प्रस्तुत करता है। प्रत्येक ऋतु का सूक्ष्मातिसूक्ष्म विवरण कवि ऋतु सुलभ व्यापारों एवं तत्त्वों के ज्ञान को प्रदर्शित करता है । राम, सीता और लक्ष्मण को चित्रकूट की ओर प्रस्थान करते समय वसंत ऋतु की शोभा का अवलोकन कराते हैं।[236]

पम्पासरोवर के समीप भी बसन्त की शोभा अत्यन्त उल्लासमयी वर्णित है। परन्तु इस बसन्त वर्णन में पूर्वोक्त प्रसङ्ग से अधिक विशिष्टता यह है कि इसमें प्रकृति का मानवीकरण किया गया है तथा सीता विरह के कारण राम के लिए यह ऋतु उद्दीपन रूप में भी प्रस्तुत हुई है।[237] ऋष्यमूक पर्वत पर राम के स्थित होने के पश्चात् वर्षा ऋतु का वर्णन किया गया है। जिसमें ऋतु की विषमताओं का संकेत उसके शमन में ही कर दिया गया है। वर्षा वर्णन में चित्रात्मक, स्वाभाविकता तथा सजीवता का समावेश है। उस संश्लिष्ट विस्तृत चित्रण में मानवीय जीवन का भी आरोप मिलता है। समस्त प्रकृति वर्षा की हरीतिमा से उल्लसित एवं तरंगित सी दिखाई पड़ती है। परन्तु यह वर्षा का वातावरण भी विरही राम को उद्दीप्त करता रहता है।[238]

राम के ऋष्यमूक पर्वत पर निवास करते समय शुभ ज्योत्स्नामयी शरद ऋतु[239] का भी सरस एवं चित्रात्मक वर्णन किया गया है। हेमन्त ऋतु[240] की शीत का यथार्थ अंकन राम ने गोदावरी नदी के तट पर किया है जिसमें शस्यश्यामला पृथ्वी, हिमाच्छादित हिमालय, हिमध्वस्त वनस्थली, भीतोत्पादक पवन तथा नीहाराच्छादित वनराजि आदि का सजीव चित्रण मिलता है।

संदर्भ

1. रसप्रदीप, पृ. 26
2. का. मी, पृ. 6
3. सा. द., 1/3
4. ध्व. लो., 3/19
5. ना. शा., अध्याय 6
6. का. प्र., 4/28
7. का. प्र., 4/45
8. का. प्र., 4/47
9. रा. मं., अ. प. (735, 36)
10. सा. द., 3/29, 31
11. रा. मं., यु. का. (1161-1163)
12. सा. द. 3/135
13. रा. मं., अयो. कां. (726, 727, 918)
14. दशरूपक, 4/8
15. दशरूपक, 4/9
16. रामा. मं., अ. प. (320-323)
17. दशरूपक 4/10
18. रामा. मं., सु. कां. (64-70)
19. रामा. मं., उ. कां. (1072-1075)
20. दशरूपक, (4/11)
21. रामा. मं., अ. प. (158-161)
22. रामा. मं., कि. कि प. (1-5)
23. दशरूपक, 4/12
24. रामा. मं., सु. कां. (69)
25. दशरूपक, 4/12
26. रामा. मं., बा. कां. (32-44)
27. रामा. मं., अयो. कां. (653-655)
28. दशरूपक, 4/13
29. रामा. मं., अयो. कां. (726, 727)
30. रामा. मं., यु. कां. (569, 570)
31. दशरूपक, 4/14
32. रामा. मं., भरतानन्दः. (164, 165)
33. दशरूपक, 4/14
34. रामा. मं., सु. कां. (264)

35. दशरूपक, 4/15
36. रामा. मं., अ. प. (824-830)
37. रामा. मं., सु. कां. (157-160)
38. दशरूपक, 4/16
39. रामा. मं., सु. कां. (95-105)
40. दशरूपक, 4/16
41. रामा. मं., अयो. कां. (504-507)
42. रामा. मं., अ. प. (851)
43. दशरूपक, 4/17
44. रामा. मं., यु. कां. (101-108)
45. दशरूपक, 4/18
46. रामा. मं., अ. प. (655-60)
47. दशरूपक (4/19)
48. रामा. मं., उ. कां. (329)
49. दशरूपक (4/20)
50. रामा. मं., अयो. कां. (935)
51. दशरूपक (4/20½)
52. दशरूपक (4/21)
53. रामा. मं., सु. कां. (187-190)
54. दशरूपक (4/22)
55. रामा. मं., यु. कां. (734, 735)
56. दशरूपक (4/23)
57. रामा. मं., सु. कां. (64-70)
58. दशरूपक (4/23 1/2)
59. रामा. मं., सु. कां. (740-743)
60. दशरूपक (4/24)
61. रामा. मं., बा. कां. (302, 303)
62. रामा. मं., उ. कां. (1095)
63. दशरूपक (4/25)
64. रामा. मं., अयो. कां. (917, 918)
65. दशरूपक (4/26)
66. रामा. मं., अयो. कां. (726, 727)
67. दशरूपक (4/27)
68. रामा. मं., उ. कां. (1242)
69. दशरूपक (4/27)

70. रामा. मं., उ. कां. (743)
71. दशरूपक (4/28)
72. रामा. मं., यु. कां. (404, 405)
73. दशरूपक (4/29)
74. रामा. मं., सु. कां. (316-319)
75. दशरूपक (4/29)
76. रामा. मं., सु. कां. (200-202)
77. रामा. मं., 'वह्निप्रवेश': (78)
78. रामा. मं., अ. प. (178)
79. दशरूपक (4/29)
80. दशरूपक (4। 30)
81. रामा. मं., यु. कां. (889, 890, 891)
82. दशरूपक (4/31)
83. रामा. मं., सु. कां. (103-108)
84. दशरूपक (4/32)
85. रामा. मं., बा. कां. (301-304)
86. रामा. मं., उ. कां. (1093, 1094)
87. दशरूपक (4/33)
88. रामा. मं., यु. कां. (152-157)
89. ना. शा. (6/38)
90. का. प्र. (4/35)
91. रामा. मं., बा. कां. (86-89)
92. रामा. मं., उ. कां. (3-7)
93. रामा. मं., उ. कां. (900-902)
94. रामा. मं., अ. प. (1113-1116)
95. रामा. मं., उ. कां. (364-368)
96. रामा. मं., अयो. कां. (629-657)
97. का. प्र, सू. (49)
98. रामा. मं., अ. प. (784-787)
99. रामा. मं., सु. कां. (187-190)
100. रामा. मं., अ. प. (802-806)
101. रामा. मं., सु. कां. (206-225)
102. रामा. मं., उ. कां. (299-316)
103. ध्व. लो., पृ. (176)
104. रामा. मं., सु. कां. (383, 384)

105. रसगङ्गाधर (पृ. 104)
106. रामा. मं., सु. कां. (377, 378, 379)
107. ध्व. लो. (3/21)
108. ध्व. लो. (3/13)
109. सा. द. (6/317)
110. रामा. मं., बा. कां. (2, 3, 4)
111. रामा. मं., बा. कां. (17, 19)
112. सा. द. (3/183)
113. सा. द. (3/186)
114. रामा. मं., अ. प. (1154, 1155)
115. सा. द. (3/210)
116. रामा. मं., अ. प. (116-140)
117. सा. द. (3/214)
118. सा. द. (3/222)
119. रामा. मं., अयो. कां. (980-985)
120. रामा. मं., यु. कां. (779-784)
121. सा. द. (3/232)
122. सा. द. (3/234)
123. रामा. मं., यु. कां. (798-833)
124. रामा. मं., उ. कां. (839)
125. रामा. मं., अयो. कां. (552, 443)
126. रामा. मं., उ. कां. (1215)
127. रामा. मं., उ. कां. (1101-1170)
128. रामा. मं., बा. कां. (573-485)
129. सा. द. (3/29)
130. रामा. मं., उ. कां. (1066-1078)
131. रामा. मं., उ. कां. (1174-2177)
132. सा. द. (3/245)
133. रामा. मं., अ. प. (306-323)
134. सु. ति. (3/17)
135. सु. ति. (3/16)
136. श्रुतबोध. (10)
137. सु. ति. (2/5)
138. सु. ति. (2/4, 5)
139. रामा. मं., (पुनराख्यायिकम्)–150
140. सु. ति. (3/17)

141. वृत्त. र. (3/58)
142. सु. ति.(1/18)
143. रामा. मं., (पुनराख्यायिकम्)–144
144. वृत्त. र. (3/29)
145. सु. ति. (1/19)
146. रामा. मं., (भरतानन्दः)–159
147. वृत्त. र. (3/87)
148. सु. ति. (2/22, 23)
149. सु. ति. (3/19)
150. सु. ति. (1/30)
151. रामा. मं., उ. कां. (1263)
152. वृत्त. र., (3/104)
153. सु. ति., (1/37)
154. सु. ति., (3/41, 42)
155. सु. ति., (3/22)
156. वृत्त. र., (3/79)
157. सु. ति., (1/29)
158. सु. ति., (3/19)
159. वृत्त. र., (3/100)
160. सु. ति., (1/36)
161. सु. ति., (3/22)
162. का. प्र., दशम उल्लास, सू. (138)
163. रामा. मं., सु. कां. (164)
164. का. प्र., सु. कां. (155)
165. रामा. मं., सु. कां. (253)
166. का. प्र., 10 सु. (164)
167. रामा. मं., सु. कां. (165)
168. का. मं., सु. (161)
169. रामा. मं., सु. कां. (347)
170. का. प्र., 1. सु. (148)
171. रामा. मं., यु. कां. (102, 103, 104)
172. का. प्र., 1. सु. (145)
173. रामा. मं., सु. कां. (221)
174. का. प्र., 1 सु. (147)
175. रामा. मं., सु. कां. (174)
176. का. प्र., 1 सु. (174)

177. रामा. मं., सु. कां. (226)
178. रामा. मं., सु. कां. (349)
179. का. प्र., 1. सु. (175)
180. रामा. मं., उ. कां. (12, 13, 14)
181. का. प्र., 1. सु. (184)
182. रामा. मं., रामाभिषेकः (190)
183. का. प्र., 1 सू. (158)
184. रामा. मं., अ. प. (789)
185. का. प्र., 9, सू. (103)
186. रामा. मं., अ. प. (703)
187. रामा. मं., सु, कां. (122-135)
188. वही, (389-392)
189. वही, (394-404)
190. रामा. मं., अयो. कां. (877)
191. रामा. मं., अ. प. (751)
192. वही, (761)
193. रामा. मं., अयो. प. (907-911)
194. रामा. मं., अ. प. (116-140)
195. रामा. मं., अ. प. (150-155)
196. वही, (723-731)
197. रामा. मं., अ. प. (960-976)
198. वही, (1090-1099)
199. वही, (1113-1116)
200. सिद्धाश्रम–रामा. मं. बा. कां. (163-167)
201. वशिष्ठाश्रम–वही (341)
202. सुतीक्ष्णाश्रम–रामा. मं., अ. प. (412, 13, 14)
203. त्रि आश्रम–वही (329-354)
204. अगस्त्याश्रम–वही (456-481)
205. शरभङ्गाश्रम–वही (384-389)
206. भरद्वाज–वही (105, 6, 7)
207. रामा. मं., अयो. का. (912)
208. रामा. मं., अ. प. (949, 960-990)
209. चित्रकूट–रामा. मं., पुनराख्यायिकम् (151)
210. रामा. मं., अ. प. (1091, 1092, 1155-1157) एवं कि. कि. प. (1, 16, 18)
211. रामा. मं., कि. कां. (421) एवं रामा. मं., पुनराख्यायिकम् (144)

212. रामा. मं., कि. कां. (535-540)
213. रामा. मं., यु. कां. (279, 280, 336) एवं सु. कां. (3, 4)
214. रामा. मं., उ. कां. (280-294)
215. रामा. मं., यु. कां. (991-1000, 1226, 1227)
216. रामा. मं., बा. कां. (209-272)
217. रामा. मं., अ. प. (117-130)
218. वही, (493-517)
219. रामा. मं., उ. कां. (357-382)
220. रामा. मं., पुनराख्यायिकम् (153)
221. रामा. मं., बा. कां. (15)
222. वही, (32)
223. वही, (187)
224. रामा. मं., अ. प. (427-441)
225. रामा. मं., अ. प. (1119-1138) एवं पुनराख्यायिकम् (148)
226. रामा. मं., कि. कां. (523-526)
227. रामा. मं., कि. कां. (442-446)
228. रामा. मं., यु. कां. (248-254)
229. रामा. मं., यु. कां. (255-257)
230. रामा. मं., यु. कां. (258-258)
231. रामा. मं., यु. कां. (221-227)
232. सूर्योदय–रामा. मं., सु. कां. (162-170)
233. चन्द्रोदय–वही (179-182) (7-47)
234. संध्याकाल–वही (172-176), अ. प. (428)
235. रात्रि–वही (177, 178, 182) (7-47)
236. रामा. मं., अयो. कां. (906-911)
237. रामा. मं., अ. प. (1129-1138)
238. रामा. मं., कि. कां. (1-25)
239. वही, (42-56)
240. रामा. मं., अ. प. (491-517)

6

लोकचित्रण

रामायणमञ्जरी में विभिन्न परिस्थितियों का चित्रण

साहित्य समाज का दर्पण होता है यह एक ऐसा स्रोत है जिसके माध्यम से हम किसी देश, काल एवं सीमा की सांस्कृतिक, सामाजिक, धार्मिक, आर्थिक एवं राजनैतिक परिस्थतियों का दिग्दर्शन कर सकते हैं। अतः साहित्य तत्कालीन सभ्यता एवं संस्कृति का द्योतक होता है।

संस्कृत साहित्य के तीनों कालों में भारतीय संस्कृति की स्पष्ट झलक सर्वत्र दर्शनीय है। श्रुतिकाल में संहिता, ब्राह्मण, आरण्यक और उपनिषदों के अन्तर्गत भारतीय संस्कृति का मूल अंकित है। स्मृति काल में रामायण, महाभारत, पुराण तथा वेदाङ्गों के रूप में संस्कृति के विभिन्न रूप परिलक्षित होते हैं। तृतीय काल "लौकिक संस्कृत के काल" का साहित्य भी संस्कृति से पूर्णतया अनुप्राणित है।

अतएव वैदिक साहित्य यद्यपि सबसे प्राचीन धर्मग्रन्थ है जिसमें आर्य सभ्यता एवं संस्कृति तथा धर्म तत्त्वों का साधन प्राप्त है, परन्तु उनका व्यवहारिक रूप वाल्मीकि रामायण में ही स्पष्ट रूपेण दृष्टिगत होता है। वस्तुतः यह कहना असंगत न होगा कि रामायण के द्वारा हम वैदिक धर्म एवं संस्कृति के अज्ञात तथ्यों का साक्षात्कार कर सकते हैं। प्राचीन धर्म, संस्कृति एवं सभ्यता का साङ्गोपाङ्ग चित्रण हमें रामायण में ही मिलता है।

महाकवि क्षेमेन्द्र प्रणीत रामायणमञ्जरी भी रामकथा सम्बन्धी एक महत्त्वपूर्ण ग्रंथ है जिसमें कवि ने आदिकवि की लेखनी का अक्षरशः अनुगमन करते हुए रामकथा का एक संक्षिप्त रूप प्रस्तुत करने का यत्न किया है। अतएव रामायणमञ्जरी में वर्णित विभिन्न सामाजिक, धार्मिक, आर्थिक एवं राजनैतिक परिस्थतियाँ रामायण-कालीन परिस्थितियों का ही चित्र समुपस्थित करती हैं। सम्प्रति रामायणमञ्जरी के विभिन्न उद्धरणों के माध्यम से कवि क्षेमेन्द्र द्वारा वर्णित विभिन्न परिस्थितियों का चित्रण प्रस्तुत करने का प्रयास किया जा रहा है।

सांस्कृतिक परिस्थिति

रामायणमञ्जरी में वर्णव्यवस्था

सम्पूर्ण रामायणमञ्जरी के अवलोकन से पता चलता है कि वर्णों का विभाजन ब्राह्मण, क्षत्रिय, वैश्य एवं शूद्र में था। इसका ज्वलन्त प्रमाण 'शम्बूक वध' की घटना है, जिसके अन्तर्गत राम शम्बूक से पूछते हैं–हे तपस्वी! सच-सच बताओ कि तुम ब्राह्मण, क्षत्रिय, वैश्य एवं शूद्र में से किस वर्ण के हो[1]–

तमुवाच ततो रामः कस्त्वमुग्रतपोनिधिः।
ब्राह्मणः क्षत्रियो वैश्यः शूद्रो वा सत्यमुच्यताम्।।

यह स्पष्ट ही है कि यदि वर्णों का यह चतुर्विभाग न रहा होता तो राम शम्बूक से इस प्रकार का प्रश्न नहीं पूछते। अतः यह निश्चित रूप से कहा जा सकता है कि उस समय समाज, ब्राह्मण, क्षत्रिय, वैश्य एवं शूद्र प्रभृति चार वर्गों में विभाजित था।

इस प्रकार तत्कालीन सामाजिक व्यवस्था वर्ण-व्यवस्था की भित्ति पर अवलम्बित था। वर्ण चार थे, जिसमें ब्राह्मण तथा क्षत्रिय दोनों वर्णों की प्रमुखता थी। इसका ज्वलन्त उदाहरण रामायणमञ्जरी में वर्णित है। एक ओर वशिष्ठ, परशुराम तथा सम्पूर्ण ऋषि वर्ग तथा दूसरी ओर रघुकुल।

उस समय वर्ण-व्यवस्था जन्म पर ही आश्रित थी कर्म पर नहीं। क्योंकि रामायणमञ्जरी में ऐसे भी उदाहरण हैं जहाँ 'जन्मना ब्राह्मण' कर्मणा क्षत्रिय भी हैं किन्तु उन्हें ब्राह्मण ही कहा गया, यथा–रामायणमञ्जरी में वर्णित परशुराम की कथा एवं उनका उग्र रूप उनमें क्षत्रियत्व का प्रदर्शन करता है, किन्तु वे ब्राह्मण ही कहलाए।[2] इसी प्रकार मुनि विश्वामित्र यद्यपि क्षत्रियकुलोत्पन्न एक राजा थे, किन्तु उन्हें ब्राह्मणोचित व्यवहारतपश्चर्या आदि के कारण ब्राह्मर्षि पद की प्राप्ति हुई फिर भी वे क्षत्रिय ही माने गये।[3]

यह तो अपवादात्मक प्रसङ्ग था, किन्तु प्रायः सभी वर्ण ब्राह्मण, क्षत्रिय, वैश्य तथा शूद्र अपने वर्णानुसार ही कर्मों का पालन करते थे। ब्राह्मणों का साधारण धर्म वेदों का अध्ययन, व्रत, नियम का पालन, यज्ञों का अनुष्ठान आदि था, किन्तु इनके भी कर्मानुसार कई वर्ग मिलते हैं। कुछ ब्राह्मण अपने नित्य नैमित्तिक कर्मों को करते हुए सदाचरण के मार्ग का अवलम्बन करते थे उन्हें 'देव ब्राह्मण' कहा जाता था।

इसके अतिरिक्त कुछ विरक्त ब्राह्मण ऋषि वर्ग के रूप में वन में तपस्या करते हुए अपना तपस्वी जीवन व्यतीत करते थे वे 'मुनि ब्राह्मण' कहलाते थे। रामायणमञ्जरी में अरण्य पर्व के अन्तर्गत इन मुनि ब्राह्मणों का विस्तृत उल्लेख किया गया है–जिससे तत्कालीन तपोनिष्ठ महात्माओं का अत्यन्त सूक्ष्म चित्रण प्राप्त होता है।[4]

ब्राह्मण धर्म की ही भाँति रामायणमञ्जरी में क्षात्र धर्म की मर्यादा का भी दिग्दर्शन कराया गया है–

दुष्टक्षयात्क्षितित्राणात्क्षत्रियः किल जायते।[5]

'दुष्टों के विनाश तथा पृथ्वी की रक्षा के लिए ही क्षत्रियों का प्रादुर्भाव होता है।' इस आदर्श के अतिरिक्त रामायणमञ्जरी में आद्योपान्त वर्णित राम का सम्पूर्ण चरित्र ही क्षात्र धर्म का जाज्वल्यमान प्रतीक है।

वैश्यों का भी समाज में स्थान था। उनकी समृद्धि एवं कर्मशीलता का परिचय रामायणमञ्जरी में यत्र-तत्र प्राप्त होता है। ब्राह्मण एवं क्षत्रियों की अपेक्षा समाज में महत्वपूर्ण स्थान नहीं था।

शूद्रों का व्यापक स्थान था। तीनों वर्णों को समुचित सहयोग प्रदान करना ही उनका प्रधान लक्ष्य था, जिसे वे मनसा, वाचा तथा कर्मणा सम्पादित करने में ही अपना परम कल्याण मानते थे। रामायणमञ्जरी के सामाजिक सङ्गठन की रूपरेखा में शूद्रों का पृथक्करण नहीं मिलता, यथा–गुहा वृत्तान्त।[6] केवल धार्मिक क्षेत्र में शूद्रों के लिए प्रतिबन्ध था जिसका स्पष्ट उदाहरण 'शम्बूक वध' का प्रसङ्ग है, जिसमें वह तपस्या के क्षेत्र में आने के कारण ही अनाधिकारी माना गया तथा स्वयं राम के हाथों उसका वध हुआ।[7]

इस प्रकार रामायणमञ्जरी में चातुर्वर्ण्य की पूर्णाङ्क व्यवस्था का स्वरूप मिलता है जिसमें वर्णसङ्करता का कोई दोष नहीं था।

ब्राह्मण वर्ण के प्रति क्षत्रिय सदैव अपनी श्रद्धा अर्पित कर उसे शीर्ष स्थान देते थे। समस्त क्षेत्रों (धार्मिक, राजनैतिकादि) के कार्य ब्राह्मण द्वारा ही सञ्चालित होते थे। रामायणमञ्जरी में वशिष्ठादि ऋषियों का स्थान उक्त तथ्य को प्रमाणित करता है।

रामायणमञ्जरी में आश्रम व्यवस्था

वर्ण-व्यवस्था के साथ-ही-साथ आश्रम व्यवस्था भी भारतीय संस्कृति का प्रधान अंग है जहाँ वर्ण-व्यवस्था समष्टि के लिए उपयोगिनी थी वहीं आश्रम व्यवस्था व्यष्टि के लिए परम हितकारिणी एवं जीवन की सन्तुलनकारिणी थी। जीवन में धर्म काम तथा मोक्षादि पुरुषार्थ चतुष्टय की प्राप्ति हेतु यह व्यवस्था परमोपयोगिनी थी।

इस आश्रम व्यवस्था के अन्तर्गत ब्रह्मचर्य, गृहस्थ, वानप्रस्थ तथा संन्यास प्रभृत्ति चार सोपानों का निर्माण हमारे त्रिकालदर्शी ऋषियों ने किया है; क्रमशः इन्हीं सोपानों पर विधिवत चलते हुए ही व्यक्ति पुरुषार्थ चतुष्टय की प्राप्ति कर पाता है।

रामायणमञ्जरी में आश्रम व्यवस्था के इन चारों सोपानों का समुचित उल्लेख प्राप्त होता है कश्यप ऋषि के प्रपौत्र ऋष्यशृङ्ग का उदाहरण ब्रह्मचर्याश्रम का दिग्दर्शक है।[8]

गुरुकुल की व्यवस्था ब्रह्मचयर्याश्रम के निमित्त ही की जाती थी। विश्वामित्र के आश्रम में राम का अस्त्र-शास्त्र विद्या की शिक्षा प्राप्त करना उक्त तथ्य की ओर ही संकेत करता है।[9] ब्रह्मचर्याश्रम आश्रम व्यवस्था का प्रथम सोपान है। ब्रह्मचर्याश्रम का निर्वाह करने के बाद ही व्यक्ति द्वितीय सोपान गृहस्थाश्रम में प्रवेश करता था। रामायणमञ्जरी में राजा जनक तथा दशरथ के गृहस्थाश्रम का पूर्ण विवरण प्राप्त होता है। इसी प्रकार अरण्य पर्व के अन्तर्गत 'वानप्रस्थ' एवं 'संन्यास' आश्रम में निवास करने वाले मुनियों का व्यापक चित्रण है जिनका उल्लेख वर्ण व्यवस्था के प्रसङ्ग में किया जा चुका है।

रामायणमञ्जरी में पारिवारिक संस्कृति

वर्णाश्रम धर्म की मर्यादा पर स्थित समाज सुसङ्गठित एवं सुदृढ़ होगा। व्यष्टि से ही समष्टि का निर्माण होता है। अतः समाज का निर्माण कई परिवारों की समष्टि ही है। परिवार समाज की इकाई है। रामायणमञ्जरी में पारिवारिक संस्कृति का भी साङ्गोपाङ्ग वर्णन प्राप्त होता है।

परिवार में व्यक्ति का महत्वपूर्ण स्थान है। इसके बिना परिवार की कल्पना करना बालू से भित्ति का निर्माण करना है। संयुक्त परिवार में व्यक्ति परस्पर एवं दूसरे से किसी-न-किसी सम्बन्धों में संयुक्त रहते हैं। रामायणमञ्जरी में वर्णित संयुक्त परिवार में पिता-पुत्र, भाई-भाई, सास-वधु, पति-पत्नी, भाई-बहन इत्यादि के क्या-क्या उच्च्य आदर्श हो सकते हैं, इन सभी का समुचित चित्रण उपलब्ध है। पिता-पुत्र के रूप में दशरथ और राम, भाई-भाई के रूप में राम, लक्ष्मण, भरत एवं शत्रुध्न, सास-वधू के रूप में कौशल्या और सीता, पति-पत्नी के रूप में राम-सीता, बालि-तारा तथा रावण एवं मन्दोदरी और भाई-बहन के रूप में रावण तथा शूर्पनखा आदि के आदर्श सम्बन्ध अति श्लाघनीय हैं।

रामायणमञ्जरी में वर्णित समाज के इकाई रूप परिवार का स्वामी या मुखिया था। उसकी पत्नी गृहस्वामिनी थी। परिवार का सारा उत्तरदायित्व इस युगल दम्पत्ति पर ही था। राजा दशरथ एवं कौशल्या तथा राजा जनक और उनकी पत्नी इस तथ्य के उदाहरण हैं। परिवार में पुत्र की उत्पति का विशेष महत्त्व था। राजा दशरथ को पुत्र-प्राप्ति विषयक चिन्ता इसका ज्वलन्त उदाहरण है। ज्येष्ठ पुत्र पिता का उत्तराधिकारी माना जाता था। राम का उत्तराधिकार सम्बन्धी स्थल इसका प्रमाण है। परिवार में अनुशासन वांछनीय था। स्वामी के आदेश का उल्लंघन करने का किसी में दुस्साहस नहीं था। दशरथ तथा उनके पुत्र राम का उदाहरण इसका ज्वलन्त प्रमाण है। राम ने हठात् नहीं वरन् स्वेच्छा से पिता (स्वामी) की आज्ञा का पालन करना

अपना परम कर्तव्य समझा। परविार में उच्छृङ्खलता के व्यवहार का कोई स्थान न था। सभी एक दूसरे के स्थान एवं पद का ध्यान रखते हुए मर्यादा का पालन करते थे। इस प्रकार परिवार स्नेह, श्रद्धा, त्याग और सेवा आदि दिव्य भावनाओं द्वारा विकसित एवं परिवर्द्धित होता रहा।

सम्पूर्ण रामायणमञ्जरी के अवलोकन से पता चलता है कि इसमें वर्णित परिवार की दो शाखाएँ हैं--

1–भौतिकवादी, 2– अध्यात्मवादी।

भौतिकवादी परिवार में अशुभ वृत्तियाँ निवास करती हैं। जिसका स्पष्ट उदाहरण रावण एवं उसका राक्षसकुल है। रावण स्वयं एक घोर भौतिकवादी तथा अशुभ वृत्ति का पोषक था। उसने अपनी भौतिक वासना की शान्ति हेतु ही समस्त धरा को अपनी अशुभ वृत्तियों एवं दुराचारों से आक्रान्त एवं क्लान्त कर दिया। इसके परिवार में श्रद्धा, विनय, प्रेम आदि भावों का सर्वथा अभाव था। इसके विपरीत अध्यात्मवादी समस्त शुभ वृत्तियों के पोषक थे। इसका ज्वलन्त उदाहरण राम एवं उनका परिवार है। इनके परिवार में सत्य प्रेम मिश्रित वात्सल्य, पितृ-भक्ति-स्नेह, पातिव्रत तथा पश्चात्तापाग्नि का निखरा रूप दिखाई पड़ता है।

रामायणमञ्जरी में संस्कार

भारतीय परिवार में संस्कारों का अपना विशिष्ट स्थान है। भारतीय संस्कृति के ये अभिन्न अङ्ग हैं। संस्कृति और संस्कार में अङ्गाङ्गी का घनिष्टतम सम्बन्ध है। भारतीय वाङ्मय में शरीरोपयोगी एवं अध्यात्मक विकासार्थ अनेकों संस्कारों का उल्लेख किया गया है–गर्भाधान, सीमन्तोन्नयन, पुंसवन, जातकर्म, नामकरण, निष्क्रमण, अन्नप्रासन, चूड़ाकर्म, कर्णवेध, उपनयन, विवाह, द्विरागमन तथा अन्त्येष्टि।

उपर्युक्त संस्कारों में से केवल विवाह और अन्त्येष्टि को छोड़कर अन्य संस्कारों का उल्लेख रामायणमञ्जरी में नहीं मिलता है। सम्भवतः इसका कारण यहां हो सकता है कि भारतीय पारिवारिक जीवन में मुख्य रूप से केवल जातकर्म, उपनयन, विवाह एवं अन्त्येष्टि संस्कारों का ही विशेष महत्व एवं उपयोगिता व्यवहृत की गई है। इनमें भी विवाह एवं अन्त्येष्टि संस्कार तो अत्यन्त अपरिहार्य हैं। इसीलिए महाकवि क्षेमेन्द्र ने भी अपने ग्रंथ में केवल इन्हीं दो (विवाह एवं अन्त्येष्टि) संस्कारों का ही समुचित उल्लेख किया है।

विवाह संस्कार–रामायणमञ्जरी में विवाह के जो भी प्रसङ्ग वर्णित हैं, उसमें विवाह के पर्वू वर-वधू का परिचय नहीं कराया गया है। सीता, शान्ता, मन्दोदरी सभी ने विवाह के पूर्व अपने पतियों के दर्शन नहीं किए थे। इससे स्पष्ट पता चलता है

कि तत्कालीन विवाह स्वेछाधीन न होकर पित्राधीन था। सम्मिलित परिवार में पिता या गृहस्वामी का विशेष महत्त्व था, साथ ही वर-निर्णय का भी उसे विशेष अधिकार था। विवाह संस्कार के पश्चात् स्त्री और पुरुष दोनों के द्वारा अपनी समस्त प्रवृत्तियों को एक दूसरे में केन्द्रित एवं नियन्त्रित कर आत्मसंयम और आत्म-त्याग का अभ्यास करना उनका उद्देश्य था। इसी कारण नारी के लिए पातिव्रत धर्म एवं पुरुष के लिए एक पत्नी-व्रत धर्म की आदर्श प्रतिष्ठा का सफल निदर्शन रामायणमञ्जरी में कराया गया है। चरित्र-चित्रण के सन्दर्भ में राम के एक पत्नीव्रत धर्म तथा सीता के पातिव्रत धर्म के उच्च आदर्श वर्णित किए जा चुके हैं।

रामायणमञ्जरी में राम द्वारा धनुभ ङ्ग करने के बाद उनके विधिपूर्वक विवाह सम्पादित होने का वर्णन पाया जाता है।[10] उस समय स्वयंवर प्रथा का भी प्रचलन था। स्वयंवर की मर्यादा का पालन करने के बाद ही वर विवाह के योग्य समझा जाता था। पाणिग्रहण संस्कार को सम्पन्न कराना प्रमाण है। विवाह महोत्सव विधिवत् संपादित किया जाता था तथा इस अवसर पर कन्या एवं वर पक्ष दोनों तरफ से प्रचुर दान किया जाता था। राम-सीता के विवाहोत्सव में राजा जनक एवं दशरथ ने सौ लाख गौओं का दान किया[11] दहेज की प्रथा भी प्रचलित थी, परन्तु आज की तरह नहीं, अपितु कन्या का पिता प्रसन्नतापूर्वक यथाशक्ति धन दहेज में देता था। राजा जनक ने कन्या धन के साथ-ही-साथ प्रभूत धन दशरथ को दान दिया था।[12]

अन्त्येष्टि संस्कार–यह संस्कार मरण के पश्चात मृतक देह को अग्नि प्रदान करके मन्त्रविधि से दाह क्रियादि के द्वारा सम्पन्न किया जाता है। वर्णाश्रमानुसार दशगात्र, षोडश श्राद्ध, सपिण्डीकरणादि क्रियाएँ इसी क्रिया के अन्तर्गत आती हैं। स्थूल शरीर की परिसमाप्ति पर सूक्ष्म शरीर को वायवीय शरीर की प्राप्ति होती है। इस स्थिति में जीव को प्रेतसंज्ञा दी जाती है। इससे मुक्ति प्राप्त कराने हेतु इस क्रिया का विधान शास्त्रों में बताया गया है। महाकवि क्षेमेन्द्र ने प्रस्तुत ग्रन्थ के अन्तर्गत इस क्रिया का व्यापक उल्लेख किया है। इस संस्कार के निर्देशक प्रसङ्ग रामायणमञ्जरी में प्रमुखतः निम्नांकित हैं–दशरथ संस्कार, जटायु-सत्क्रिया, बालि-संस्कार एवं रावण-सात्क्रिया आदि।

अरण्य पर्व के अन्तर्गत पिता दशरथ की मुत्यु शोक में डूबे हुए भरत को वशिष्ठ तथा मन्त्रिगण बार-बार समझाते हुए मृत पिता के देह-संस्कार को सम्पादित करने के लिए प्रेरित करते हैं। इसके बाद भरत शास्त्रोक्त विधि से जलाञ्जलि तथा अशौच आदि के द्वारा पिता की अन्त्येष्टि क्रिया सम्पन्न करते हैं।[13]

केवल भरत ही नहीं अपितु राम ने भी जैसे ही पिता की मृत्यु का दुःखद समाचार सुना तुरन्त उत्तर क्रिया सम्पन्न की । धर्म क्रिया निष्णात् राम जाह्नवी के

तट पर पिता को जलाञ्जलि प्रदान की। इंगुदी के मूदे में बेर मिलाकर उसका पिण्ड तैयार किया तथा कुशों पर रखते हुए दुःखार्त राम ने कहा—हे पृथ्वीपति! प्रसन्नतापूर्वक यह वन्य भोजन स्वीकार कीजिए, क्योंकि हम लोगों का यही आहार है, अतः आपको भी यही प्रदान करता हूँ।[14]

इस प्रसङ्ग से यह स्पष्ट है कि उस समय इस क्रिया का इतना महत्त्व था कि वनवासी राम ने भी इस मर्यादा का निर्वाह सर्वप्रथम करना ही श्रेयस्कर मानकर येन-केन-प्रकारेण उसे सम्पादित किया।

गृद्धराज जटायु के शरीर त्याग देने पर भी राम ने उनका विविधत् अन्त्येष्टि संस्कार सम्पन्न किया तथा जाह्नवी में जलाञ्जलि दी।[15]

इसी प्रकार बालि की मृत्यु के बाद अङ्गद, सुग्रीव तथा सभी वानरों ने बालि की अन्त्येष्टि क्रिया अग्निसंस्कार तथा जलाञ्जलि आदि के द्वारा विविधत् सम्पन्न किया।[16]

नर-वानर तथा पशु-पक्षी की भाँति राक्षसराज रावण की अन्त्येष्टि क्रिया भी शास्त्र प्रतिपादित ढङ्ग से ही सम्पन्न हुई। निर्वैर राम विभीषण द्वारा अन्तिम संस्कार का विरोध करने पर भी प्रतिपक्षी की अन्त्येष्टि क्रिया हेतु विभीषण को आदेश देते हैं।[17]

रामायणमञ्जरी में यज्ञ प्रकरण

भारतीय पारिवारिक संस्कृति में यज्ञों का महत्त्वपूर्ण स्थान है। 'गीता' में भगवान श्रीकृष्ण कर्मकाण्ड विवेचन करते हुए यज्ञ का माहात्म्य वर्णित करते हैं[18]—

यज्ञशिष्टाशिनः सन्तो मुच्यन्ते सर्वकिल्विषैः।
भुञ्जन्ते ते त्वघं पापा ये पचन्त्यात्मकरणात्।।

इन यज्ञों में पञ्च महायज्ञ, सप्त पाक यज्ञ, सप्त हवि यज्ञ, तथा सप्त सोम यज्ञों का विधान शास्त्रों में वर्णित है। पञ्च महायज्ञों में क्रमशः ब्रह्म यज्ञ, देव यज्ञ, भूत यज्ञ तथा मनुष्य यज्ञ आते हैं।

रामायणमञ्जरी में प्रारम्भ से ही यज्ञ विधान के दर्शन होते हैं। राम का जन्म ही यज्ञ का सुफल है। विश्वामित्र का आश्रम यज्ञों का प्रमुख केन्द्र है जिसकी सुरक्षा के लिए उन्हें राम की आवश्यकता पड़ी।[19] अनेक ऋषियों द्वारा कृत हवनादि क्रिया का प्रसङ्ग तत्कालीन याज्ञिक संस्कृति के निदर्शन हैं।[20] आर्य वर्ग में ही नहीं, राक्षस वर्ग में भी याज्ञिक क्रियाओं का उल्लेख किया गया है जिसका ज्वलन्त उदाहरण इन्द्रजित यज्ञ विध्वंस की घटना है।[21]

रामायणमञ्जरी में पितृ यज्ञ—रामायणमञ्जरी में पितृ यज्ञ का स्पष्ट निदर्शन 'अन्त्येष्टि संस्कार' के अन्तर्गत किया जा चुका है। इस यज्ञ का माहात्म्य आर्य,

अनार्य तथा वानर सभी जातियों में पूर्व प्रसङ्ग में दिखलाया जा चुका। इसका तात्पर्य है कि यह यज्ञ भारतीय संस्कृति का सर्वमान्य अभिन्न अंग था।

पितृ यज्ञ का प्रधान रूप तर्पण एवं श्राद्ध है जिसके द्वारा प्राणी अपने दिवंगत पूर्वजों की तृप्त्यार्थ यज्ञ करता है। धर्मशास्त्रों में विहित है कि जो कोई प्रिय जलादि देता है वह पितृलोक में सदा रहता है। तदनुसार भरत एवं राम ने पिण्डदान आदि के द्वारा जलाञ्जलि अर्पित की। यही नहीं, भरत के वचनों, से उक्त तथ्य की पुष्टि भी होती है। वे राम से कहते हैं[22]–

अधुना क्रियतामार्य वत्सलस्य पितुः क्रिया।
प्रियपाणिच्युतं वारि आञ्छन्ति पितरोऽधिकम्।।

गया में श्राद्ध करने का विधान भी रामायणमञ्जरी में वर्णित है। राम भरत से कहते हैं–इसीलिए, बहुत से पुत्र उत्पन्न करने चाहिए जिससे उनमें से कोई तो ऐसा हो जो गया जाकर तथा श्राद्ध करके पिता का तारण करे।[23]

रामायणमञ्जरी में देवयज्ञ–विधान में 'हवि' ऋषियों एवं देव वर्ग को तर्पण की जाती थी। तथा देवायतनों में भी देवोपासना के नित्य-नैमित्तिक कर्म किये जाते थे क्योंकि देवगण विश्वसञ्चालक एवं कर्म निर्णायक कहे जाते हैं। अतएव उनकी परितुष्टि अनिवार्य है। रामायणमञ्जरी में अनेकशः देवपूजन के वर्णन मिलते हैं। वनगमन के समय राम जब माता कौशल्या के पास पहुँचते हैं तो इस दुःखद समाचार से अनभिज्ञ कौशल्या अभिषेकोत्सव की खुशी में देवाराधन एवं व्रत में संलग्न थीं[24]–

अभिषेकोत्सुका तत्र देवताराधनव्रता।

इसी प्रकार अभिषेकोत्सव की खुशी में व्रत, आराधन आदि में संलग्न सीता के पास भी राम पहुँचते हैं[25]–

स समेत्याभिषेकार्हव्रतमङ्गलशालिनीम्।

सीता अन्वेषणार्थ लङ्का की ओर प्रयाण करते समय हनुमान भी देव वन्दना करते हैं[26]–

ततः प्रणम्य शक्रार्क विष्णुरुद्र चतुर्मुखान।
सानुजं मनसा रामं सागरं चोत्पात सः।।
ससूर्याय महेन्द्राय पवनाय स्वयंभुवे।
भूतेभ्यः स नमस्कारं चकार हरिपुंगवः।।

रामायणमञ्जरी में भूत यज्ञ–मनुष्येतर प्राणिवर्ग का यजन 'भूत यज्ञ' के अन्तर्गत आता है। जड़, अर्धचेतन का पूजन इसी यज्ञ के अन्तर्गत आता है। रामायणमञ्जरी में भूत यज्ञ अर्थात जड़ या अर्धचेतन के पूजन का कोई विशेष उल्लेख नहीं मिलता, किन्तु एक-दो स्थलों पर इसके संकेत अवश्य प्राप्त होते हैं।

किष्किन्धाकाण्ड के अन्तर्गत सीतान्वेषण हेतु हनुमान जब प्रस्थान करने लगते हैं उस समय देवताओं के साथ-साथ समस्त भूतों, सागर तथा सरिताओं को भी प्रणाम करते हैं–**"भूतेभ्यः स नमस्कारं चकार हरिपुंगवः**[27], तथा **"सागरं सरितश्चैव प्रणम्य शिरसा कपिः"**।[28] इसी प्रकार रावण द्वारा अपहृत सीता वन में गोदावरी नदी को प्रणाम करके तथा पर्वतों से हाथ जोड़ते हुए अपना समाचार राम से कहने के लिए निवेदन करती हैं।[29]–

गोदावरि नमामि त्वां गिरीणामयमञ्जलिः।
सर्वे शंसत रामाय रक्षसा बल्लभाहृता।।

उपर्युक्त दोनों उद्धरणों के आधार पर यह कहा जा सकता है कि उस समय भूत यज्ञों का भी महत्त्व एवं प्रचलन था। क्योंकि यदि ऐसा न होता तो हनुमान और सीता सागर, सरिता, गोदावरी नदी, पर्वतों एवं समस्त जड़, तथा अर्धचेतन भूतों को प्रणाम नहीं करते।

रामायणमञ्जरी में 'मनुष्य यज्ञ'–भारतीय संस्कृति के पञ्चायज्ञ 'नृ यज्ञ' का अत्यन्त महत्व है। किसी भी वर्ण या आश्रम के व्यक्ति को देव सम मानकर उसका आतिथ्य सत्कार करना मनुष्य यज्ञ है। इससे इस यज्ञ की सर्वव्यापकता एवं ऊँच-नीच की अधिकार भावना का सर्वथा अभाव प्रमाणित होता है। समस्त मानव सृष्टि में श्रद्धामयी समत्व भावना का यह प्रमुख साधन है। जिसका रामायणमञ्जरी में स्थान-स्थान पर क्रियात्मक चित्रण किया गया है।

राजा दशरथ ने विश्वामित्र का यथोचित् वाचिक एवं कायिक आतिथ्य धर्म सम्पादित किया।[30] राजाही नहीं अपितु संसार से विरक्त एवं तटस्थ मुनि वर्ग भी इस नृ यज्ञ का समुचित सम्पादन करते थे। अरण्य पर्व के अन्तर्गत अत्रि, सुतीक्षण तथा अगस्त्यादि ऋषियों द्वारा राम का विधिवत् आतिथ्य किया गया है।[31] मुनि भरद्वाज का अतिथि-सत्कार तो अनूठा ही है। जिसमें आतिथ्य धर्म के किसी भी दृष्टिकोण का अभाव दृष्टिगत नहीं होता।[32] उत्तरकाण्ड के अन्तर्गत लङ्का विजय के बाद राम के दर्शन हेतु आए हुए ऋषियों का स्वयं राम ने पूर्ण आतिथ्य किया।[33] नृप एवं ऋषि वर्ग की ही भाँति वन्य जाति के निषादादि भी इस यज्ञ को सम्यक् रूपेण सम्पन्न करते हें।[34] शूद्रकुलोत्पन्न शबरी द्वारा किया गया आतिथ्य तो इस धर्म की पराकाष्ठा[35] है। सुग्रीवादि वानरजाति के लोग भी इस आतिथ्य धर्म की मर्यादा से भलीभाँति परिचित हैं।[36]

रामायणमञ्जरी में अन्य यज्ञ–उपर्युक्त पञ्च महायज्ञों के अतिरिक्त अनेक सामायिक एवं प्रासंगिक यज्ञों का भी विवरण रामायणमञ्जरी में मिलता है, जिनमें पाक यज्ञ, हवि यज्ञ तथा सोम यज्ञ प्रमुख हैं।

गार्हस्थ्य जीवन में पाक यज्ञ का विशेष महत्त्व है। इसकी महत्ता रामायणमञ्जरी में उस समय देखी जा सकती है जब चित्रकूट में पर्णशाला निर्मित होने के बाद राम उस आश्रम की वास्तु शान्ति करना नहीं भूलते[37]–

इत्युक्त्वा दारुभिस्तत्र राघवो लक्ष्मणाहृतैः।
कृत्वाश्रमे वास्तुपूजां वैश्वदेवोचितां व्यधात्।।

दंडक वन में रहने वाले ऋषिवर्ग भी अग्निहोत्र एवं पर्वण आदि पाक यज्ञों को विधिपूर्वक संपादित करते हैं, इसका उल्लेख अरण्य पर्व के अन्तर्गत मिलता है।

रामायणमञ्जरी में पाक यज्ञों से भी अधिक विस्तृत वर्णन हवियज्ञों एवं सोम यज्ञों का है। इनमें भी अश्वमेध यज्ञ का अत्यंत व्यापक चित्रण है। इस यज्ञ का प्रसंग दो रूपों में है—प्रथमतः 'सकाम पुत्रेष्टि यज्ञ' के रूप में तथा द्वितीय "निष्काम कर्तव्य रूप में"।

प्रथम अश्वमेध यज्ञ का रामायणमञ्जरी में सूक्ष्मातिसूक्ष्म चित्रात्मक वर्णन मिलता है। इसमें राजा दशरथ के द्वारा अनेक आयोजन किये गये, पुरोहितों, राजाओं एवं ऋषियों को आहूत किया गया, उपयुक्त ऋत्विज की नियुक्ति की गयी तथा सम्पूर्ण विधिविधान के साथ सफलतापूर्वक अश्वमेध यज्ञ सम्पादित हुआ।[38]

अश्वमेध यज्ञ की महत्ता एवं सम्पूर्ण विधि-विधान का विस्तारपूर्वक वर्णन उत्तरकाण्ड में भी दिखाई पड़ता है। राम लक्ष्मण से कहते हैं कि निश्चय ही अश्वमेध के समान पवित्र यज्ञ इस लोक में नहीं है–**'अश्वमेधसमं लोके विद्यते न हि पावनम्।'**[39]

राम के अश्वमेध यज्ञ में भी इस यज्ञ की हर प्रक्रिया का सूक्ष्मातिसूक्ष्म वर्णन किया गया है। यज्ञ के आयोजन में विभिन्न राजाओं एवं ऋषियों का आगमन, यज्ञस्थली का वर्णन, दानादि का उल्लेख तथा यहाँ तक कि यज्ञ में कभी-कभी अनेकानेक विघ्न उपस्थित हो जाया करते हैं, अतः उसकी निवृत्ति हेतु पूर्व से ही सतर्क रहना आदि सभी सूक्ष्म तत्त्वों का वर्णन राम अश्वमेध यज्ञ में दर्शनीय है।[40]

अश्वमेध यज्ञ के वर्णन के साथ-ही-साथ रामायणमञ्जरी में राजसूय यज्ञ का महत्त्व उससे होने वाले फल आदि का भी सम्यक् विवेचन किया गया है। उत्तरकाण्ड के अन्तर्गत ही राम राजसूय यज्ञ करने की अपनी इच्छा भरत एवं लक्ष्मण के समक्ष व्यक्त करते हैं।[41] परन्तु जब भरत ने इस यज्ञ के परिणामस्वरूप भावी विनाश की सूचना राम को[42] दी, तो राम ने अपना विचार बदलकर, लक्ष्मण की सलाह के अनुसार अश्वमेध यज्ञ करने का निश्चय कर लिया।

रामायणमञ्जरी में ललित कलाओं का चित्रण

ललित कलाएँ संस्कृति का महत्त्वपूर्ण अङ्ग हैं। अतः रामायणमञ्जरी में सांस्कृतिक वर्णन के अन्तर्गत निःसन्देह इनकी उपादेयता एवं विवेचन अत्यावश्यक है। ललित कलाओं में प्रमुख रूप से वास्तु, मूर्ति, चित्र एवं संगीत कलाएँ आती हैं। सम्प्रति रामायणमञ्जरी में चित्रित इन्हीं कलाओं का विवेचन किया जा रहा है।

रामायणमञ्जरी में वास्तुकला

रामायणमञ्जरी के सांस्कृतिक सन्दर्भों से यह स्पष्ट ही है कि उस समय यज्ञ-यागों की विशेष प्रधानता थी। अतएव तन्निमित्त यज्ञवेदी एवं यज्ञ मण्डपों की सतत् आवश्यकता थी जो केवल साधारण वर्ग के ही नहीं, अपितु अच्छे शिल्पशास्त्रियों तथा कलामर्मज्ञों के निर्देशन में ही निर्मित किए जाते रहे होंगे। यह सम्भव है कि अरण्य भूमि में रहने वाले ऋषियों के यज्ञमण्डपों आदि की रचना हेतु शिल्पकार न उपलब्ध रहते हों, किन्तु चक्रवर्ती सम्राटों की वैभव सम्पन्न राजधानी में तो विभिन्न कलामर्मज्ञ अवश्य ही रहते थे। पुनः यदि उस काल में काला का विशेष महत्त्व न होता तो कवि क्षेमेन्द्र राम के लिए कैसे कहते कि वे शैशवकाल में ही विभिन्न कलाओं के मर्मज्ञ हो गए–

कलानां बभुवुस्ते संक्रान्तिमणिदर्पणाः।[43]

यज्ञशाला निर्माण से भी विशद एवं सुन्दर चित्रण रामायणमञ्जरी में भवन निर्माण का है, जिससे तत्कालीन निर्माण कला के विकास का पता लगता है। कवि द्वारा राजा दशरथ की अयोध्या नगरी तथा उनके मणिमय भवनों के चित्रण से तो तत्कालीन वास्तुकला का अनुपम निदर्शन प्रस्तुत होता है।[44] उस समय राजमहल अत्यन्त भव्य वृहदाकार, गगनचुम्बी एवं अनेक प्रकोष्ठों वाले थे जिसमें विभिन्न प्रकार के रत्न, मणियाँ एवं कीमती चमकीले पत्थर जटित थे जिनकी आभा सूर्य एवं चन्द्र की कान्ति को भी मलिन कर देती थी।

अयोध्याकाण्ड के अन्तर्गत मन्थरा द्वारा प्रेरित की हुई बरार्थिनी कैकेयी कोपागार में जाकर शयन करती हैं।[45] इस स्थल से राजा दशरथ के राजमहल में निर्मित कोपागार का संकेत मिलता है। जिससे यह अनुमान किया जा सकता है कि तत्कालीन भवनों की निर्माण कला अपने चरम पर थी। यदि राजा दशरथ के भवन में कोपगृह था तो शयनगृह, रसोई गृह, स्नानगृह, विनोदगृह तथा अन्य छोटे-बड़े, अलग-अलग गृहों एवं प्रकोष्ठों की स्वतः कल्पना की जा सकती है। इससे यह स्पष्ट हो जाता है कि उस समय विभिन्न प्रयोजनार्थ भिन्न-भिन्न प्रकार के कक्षों का भी निर्माण किया जाता था जिससे तत्कालीन वास्तुकला की चरम समृद्धि का परिचय मिलता है।

आर्य जाति के भवन निर्माण की कला ही उच्च शिखर पर न थी, अपितु वानर जाति के निवासगृह भी अत्यन्त उत्कृष्ट एवं अवलोकनीय हैं। किष्किन्धाकाण्ड के अन्तर्गत कवि वानरराज सुग्रीव की नगरी किष्किन्धापुरी के भवनों की भव्यता का वर्णन करता है[46]–

संप्राप्य विद्रुमस्तम्भरत्नप्रकारतोरणाम्।
नगरीं सूर्यपुत्रस्य सुग्रीवस्य प्रभामिव।।
× × ×
स्फाटिकं हेमहर्म्योब्जशृङ्गं सुग्रीवमन्दिरम्।।

इस उद्धरण से किष्किन्धापुरी तथा सुग्रीव के भवन की विशालता, भव्यता तथा वानरजाति में भवन निर्माण कला एवं वास्तु कला का सम्यक् परिचय मिलता है।

आर्य एवं वानर जाति की ही भाँति अनार्य जाति के प्रतीक राक्षसराज रावण की लङ्कापुरी में भी वास्तु कला का चरम विकास दर्शनीय है। सुन्दरकाण्ड के अन्तर्गत कवि ने हनुमान के माध्यम से लङ्कापुरी के गगनचुम्बी प्रासाद, वातायन, प्राकार एवं विभिन्न प्रकार के प्रकोष्ठों का बहुत ही रमणीय एवं विशद वर्णन प्रस्तुत किया है, जिससे तत्कालीन वास्तुकला के सर्वाङ्गीण विकास का साक्षात् चित्र ही समुपस्थित हो जाता है। यही नहीं हनुमान तो लङ्का के रत्नजटिल भवनों की निर्माण कला एवं भव्यता को देखकर आश्चर्यचकित हो जाते हैं।[47]

रामायणमञ्जरी के अन्तर्गत शिल्पकला का सर्वोत्कृष्ट एवं सम्यक् परिचय उस समय मिलता है जब राम के अश्वमेध यज्ञ के समय शिल्पकारों द्वारा सीता की हेममयी मूर्ति बनायी जाती है–**"तत्र हेममयी सीता कुशलैः शिल्पिभिः कृता।"**[48] इससे यह स्पष्ट हो जाता है कि उस समय शिल्प कला चरमोत्कर्ष एवं समृद्धि पर थी।

रामायणमञ्जरी में मूर्तिकला

रामायणमञ्जरी में देवों की मूर्तियों के विधान का भी उल्लेख मिलता है। उत्तरकाण्ड के अन्तर्गत शिव पूजा के महत्त्व का विशद वर्णन करते हुए रावण नर्मदा तीर पर सुवर्ण शिवलिङ्ग की बालू में स्थापना करके विधिवत् पूजन क्रिया सम्पादित करता है।[49] यहाँ रावण द्वारा शिवलिङ्ग की स्थापना में ही तत्कालीन मूर्तिकला का स्पष्ट दर्शन होता है। इसी प्रकार राम के अश्वमेध यज्ञ के समय भी कुशल शिल्पकारों द्वारा सीता की स्वर्णिम मूर्ति की संरचना में भी उत्कृष्ट मूर्तिकला का परिचय प्राप्त होता है।[50]

रामायणमञ्जरी में चित्रकला

रामायणमञ्जरी में वर्णित वास्तु कला एवं मूर्ति कला के पूर्वोक्त प्रसङ्ग से

तत्कालीन चित्रकला के विकास, समृद्धि एवं चरमोत्कर्ष का सहज ही अनुमान लगाया जा सकता है। फिर राजा दशरथ, वानरराज सुग्रीव एवं राक्षसराज रावण की पुरी के प्रासादों पर **उत्कीर्ण भित्ति** का तो सर्वत्र ही दर्शन होता है।

रामायगमञ्जरी में संगीत कला

रामायणमञ्जरी में संगीत की दोनों विद्याओं (गायन एवं वादन) का पूर्ण विकास दिखाई पड़ता है। संगीत के इन दोनों पक्षों का विकास किसी एक जाति विशेष से नहीं अपितु देव, आर्य, वानर, राक्षस, यक्ष, किन्नर, तथा गन्धर्व आदि सभी से समान रूप से दर्शनीय है। गायन एवं वादन के साथ-ही-साथ नृत्य की कला से भी सभी जातियाँ पूर्णरूपेण परिचित थीं तथा व्यवहार में उनका बहुशः प्रयोग भी देखने को मिलता है।

रामायणमञ्जरी से गान की स्वर लहरी का उत्कृष्ट निदर्शन प्राप्त होता है। बालकाण्ड के प्रारम्भ में ही कवि लव-कुश द्वारा गाये गये रामायण के सस्वर पाठ का संकेत करता है[51] जिसमें स्वर की मधुरिमा, छन्दों का विन्यास एवं स्वरों के आरोह-अवरोह का समुचित सन्निवेश दिखाई पड़ता है। पुनः उत्तरकाण्ड के अन्त में रामाश्वमेध यज्ञ के अवसर पर लव और कुश जब कोकिल कण्ठों से रामायण का गान करने लगे तो उस श्रवणामृतवर्षिणी गीत तथा वीणा और वंशी की सम्मिलित मूर्च्छनाओं से युक्त संगीत ने सभी श्रोताओं को आश्चर्यचकित, मन्त्रमुग्ध तथा चित्रलिखित सा बना दिया।[52] अयोध्याकाण्ड में राम के विवाहोत्सव के समय भी जनकपुर की ललनाओं के गीत एवं नृत्य का संकेत मिलता है–**"गीतनृत्याकुलबधूवदनेन्दु शतांचिता।"**[53] इसी प्रकार अयोध्यापुरी की ललनाओं के संगीत प्रेम का भी परिचय प्राप्त होता है। भरत जब ननिहाल से लौटकर अयोध्या नगरी में पहुँचते हैं तो चारों तरफ सूना देखकर कहते हैं कि वीणा और वंशी की मधुर ध्वनि से आकाश को गुञ्जित करने वाली कामिनियों का संगीत पिता के धवल यश का ज्ञान क्यों नहीं कर रहा है।[54] पुनः चित्रकूट यात्रा के समय भरत से ही भरद्वाज आश्रम गन्धर्वों एवं अप्सराओं के गीत एवं नृत्य का संकेत मिलता है[55]–

गन्धर्वगणगीतेन नृत्येन सुरयोषिताम्।

अरण्यपर्व के अन्तर्गत दमकर्ण मुनि के सरोवर से गीत एवं वाद्य की ध्वनि सुनकर राम मुग्ध हो जाते हैं[56]–'गीतवद्यारवं राम शुश्राव श्रवणामृतम्' पुनः राम के पूछने पर सुतीक्षण मुनि ने इसका कारण बताते हुए कहा[57]–

तस्यास्मिन्सरसतीरे सुखानरीविलासिनः।
गीतवाद्यरसोत्सेकैः सुगतः श्रूयते ध्वनिः।।

इस उद्धरण से राम के संगीत ज्ञान के साथ-ही-साथ ऋषियों-मुनियों के संगीत ज्ञान का भी परिचय मिलता है।

आर्यों की भाँति वानर जाति में भी संगीत कला पूर्णरूपेण विकसित एवं समृद्ध थी। किष्किन्धाकाण्ड के अन्तर्गत सुग्रीव के अन्तःपुर में वंशी और वीणा की मधुर ध्वनि तथा किन्नरों द्वारा गाये जाते हुए गीतों को सुनकर लक्ष्मण क्रोधित हो उठे।[45]

आर्य एवं वानर जाति से कहीं अधिक विकसित संगीत कला का परिचय राक्षसों में मिलता है। स्वर्णिम लङ्कापुरी के भवनों में सर्वत्र संगीत ध्वनि सुनाई पड़ती है–

'संगीतवेश्मभिर्वारा गृहैरावणमन्दिरैः।'[59] रावण के अन्तःपुर में वीणा, वेणु तथा मृदङ्ग आदि वाद्य यन्त्रों को बगल में लेकर गाढ़ निद्रा में सोई हुई स्त्रियों का भी चित्र दर्शनीय है।[60] यहीं नहीं, रावण देवताओं, किन्नरों, गन्धर्वों और विद्याधर को मृगाक्षी स्त्रियों के द्वारा मधुर गीत गाये जाने पर निद्रा से जागता था।[61] युद्धकाल में कुम्भकर्ण को जगाने के लिए भी शङ्ख तथा भेरी का घोर निनाद किया गया। पुनः गन्धर्वों तथा विद्याधरों की स्त्रियों ने मधुरगीतों तथा वद्यों की संगीत से कुम्भकर्ण को जगाने में सफल हुई।[62]

युद्धकाण्ड के अन्तर्गत युद्ध के समय भी आर्य (राम), वानर तथा राक्षसों के द्वारा घण्टा, दुन्दुभि तथा शङ्ख आदि घोर निनाद करने वाले वाद्य यन्त्रों का प्रयोग किया गया है।

रामायणमञ्जरी के उपर्युक्त उद्धरणों से यह स्पष्ट हो जाता है कि रामायणकालीन संगीत कला चरमोत्कर्ष पर थी। आर्य, देव, ऋषि, वानर, राक्षस, यक्ष, किन्नर तथा गन्धर्व सभी संगीत प्रेमी थे। गायन, वादन, एवं नृत्य प्रभृति संगीत के सभी अङ्गों का पूर्ण विकास रामायणमञ्जरी में दर्शनीय है। वाद्य यन्त्रों में विशेष रूप से वीणा, वेणु, मृदङ्ग, शङ्ख, घण्ट आदि का प्रचलन था।

निष्कर्षतः यह कहा जा सकता है कि रामायणमञ्जरी में वास्तुकला, चित्रकला, मूर्तिकला एवं संगीत कला की समृद्धि एवं कवि की काल्पनिक चित्रकला का सुवर्ण सुगन्धि संयोग प्रस्तुत किया गया है।

सामाजिक परिस्थिति

रामायणमञ्जरी में जाति-व्यवस्था

वर्णाश्रम धर्म के अन्तर्गत रामायणमञ्जरी की सामाजिक रूपरेखा का एक चित्र प्रस्तुत किया जा चुका है जिससे तत्कालीन समाज में प्रतिष्ठित वर्ण उनके कर्म, आचार, व्यवहार एवं कर्तव्याकर्तव्य का परिचय मिल जाता है। सम्प्रति विचारणीय

विषय यह है कि तत्कालीन समाज में अन्य कौन-कौन सी जातियाँ थीं तथा उनका क्या अस्तित्व था?

रामायणमञ्जरी में यद्यपि अनेक जातियों का उल्लेख पाया जाता है, किन्तु आद्योपान्त इसकी कथावस्तु प्रमुख रूप से देव, आर्य, वानर एवं राक्षस प्रभृति चार जातियों के इर्द-गिर्द घूमती है। प्रारम्भ में ही रावण के अत्याचार से त्रस्त ब्रह्मादि देव गण विष्णु से दशरथ के पुत्र के रूप में अवतरित होकर रावण की पाशविक शक्ति के विनाश हेतु प्रार्थना करते हैं। पुनः आर्य राम का जन्म, सुग्रीवादि वानरों से मैत्री, तदनन्तर देव, आर्य एवं वानरों द्वारा राक्षसराज रावण के विनाश का उल्लेख प्राप्त होता है। इस प्रकार रामायणमञ्जरी में प्रमुख रूप से इन्हीं चार जातियों का वर्णन है, किन्तु प्रसङ्गानुसार अन्य जातियों के संकेत भी इस ग्रन्थ में मिलते हैं, यथा–गुहा वृत्तान्त से आधुनिक केवट (मल्लाह) जाति का परिचय मिलता है। उत्तरकाण्ड में सीता परित्याग का कारण धोवी बनता है, जिससे समाज में धोबी तथा उनके अतिरिक्त अन्य जातियों की भी कल्पना की जा सकती है। तत्कालीन समाज में विभिन्न प्रकार के आभूषणों के प्रयोग का वर्चस्व था। इससे स्वर्णकारों की कल्पना भी की जा सकती है। रामाश्वमेध के समय सीता की स्वर्णिम मूर्ति कुशल शिल्पकारों द्वारा बनायी गयी थी। अतः शिल्पकार, पच्चीकार, लुहार एवं बढ़ई आदि विभिन्न जातियों एवं उपजातियों के अस्तित्व की कल्पना तत्कालीन समाज में की जा सकती है। यक्ष, किन्नर, गन्धर्वों के अनेकशः उल्लेख विद्यमान हैं। कुछ कोल-भील आदि जंगली जातियों के संकेत भी प्राप्त होते हैं। ऋषियों का एक अलग ही वर्ग था जो 'ऋषिकुल' के नाम से जाना जाता था।

इस प्रकार सम्पूर्ण रामायणमञ्जरी पर एक आलोचनात्मक दृष्टि डालने से विभिन्न जातियों के अस्तित्व का उल्लेख प्राप्त होता है। इसमें देव, आर्य, वानर, राक्षस, यक्ष, किन्नर, गन्धर्व कोल-किरात, केवट, धोबी, शिल्पकार, ऋषिकुल आदि विभिन्न जातियां उल्लेखनीय हैं।

समाज में इन जातियों के भिन्न-भिन्न कर्म, रहन-सहन, खान-पान तथा वेष-भूषा के भी संकेत प्राप्त होते हैं। आर्य लोग उत्तम अन्नादि का आहार करते थे। वानर जाति के लोगों को प्रायः फल ही अधिक प्रिय था। किन्तु आर्य एवं वानरों से भिन्न राक्षस जाति के लोग भक्ष्याभक्ष एवं मांसाहार अधिक पसन्द करते थे। भोजन के साथ पेय के रूप में मदिरापान का इनमें अधिक प्रचलन था। युद्धकाण्ड के अन्तर्गत कुम्भकर्ण जागने पर हाथी, भैंसे तथा मनुष्यों के मांस का आहार करके सहस्त्रों घड़े रुधिर का पान किया।[63] इसी प्रकार सुन्दरकाण्ड के अन्तर्गत रावण

उत्कट मदिरा पान का भी चित्रण मिलता है।[51] इससे स्पष्ट ही है कि राक्षस लोग मांस एवं मदिरा का सेवन करते थे तथा अन्य आर्य, वानर आदि जाति के लोग विशुद्ध सात्त्विक अन्नाहार एवं फलाहार करते थे।

रामायणमञ्जरी के अन्तर्गत चित्रित समाज में व्यक्ति भेद की दृष्टि से भी प्रायः उत्तम, अधम, धनी, गरीब, मूर्ख, बुद्धिमान, विनीत, उदण्ड, सत्यवादी, असत्यवादी, धार्मिक, अन्यायी आदि विविध प्रकार के व्यक्तित्व सुलभ हैं। आर्य लोग सत्यवादी, विनीत बुद्धिमान, धार्मिक एवं समाज में उत्तम वर्ग के समझे जाते थे। किन्तु इसके विपरीत राक्षसगण प्रायः उदण्ड, असत्यवादी, अन्यायी तथा अधम माने जाते थे। वानर जाति में आर्यों के ही गुण विद्यमान थे, अपवादस्वरूप बालि को छोड़कर। इसी प्रकार राक्षसों में भी विभीषण आर्य गुण सम्पन्न थे।

रामायणमञ्जरी में वर्णित समाज के अवलोकन से पता चलता है कि देव, आर्य, वानर तथा राक्षस प्रवृत्ति सभी जातियाँ प्रभूत धन सम्पन्न एवं वैभव युक्त थीं। स्वर्ण, हीरे तथा अनेक प्रकार की दीप्त मणियों का आभूषण प्रायः सभी लोगों की वेष-भूषा का एक अंग था। अतः सभी जातियाँ धन-धान्य से सम्पन्न थीं। केवल आर्य जाति में ऋषियों का ही एक ऐसा समुदाय था, जिन्हें धन ऐश्वर्य एवं विलासी जीवन से कोई प्रयोजन नहीं था। अतः अर्थप्रधान्य के आधार पर यदि किसी को गरीब की संज्ञा तत्कालीन समाज में दी जा सकती है तो ऋषिकुल ही था।

समाज में व्यवहारिक स्तर पर शिष्टाचार का बहुत अधिक महत्त्व था। वह भी विशेष रूप से देव, आर्य, ऋषि एवं वानर जाति में ही देखने को मिलता है। श्रेष्ठ व्यक्ति का विशेष आदर किया जाता था। तत्कालीन समाज में आतिथ्य धर्म बहुत ही विकसित एवं महत्त्वपूर्ण था। समाज में माता, पिता एवं गुरु का स्थान सर्वोपरि था। राम ने पिता के अप्रत्यक्ष आदेश से ही वनवास स्वीकार कर लिया। माताओं को तो उन्होंने सर्वत्र समादृत किया। गुरु का स्थान तो माता एवं पिता से भी बढ़कर था जिसके प्रमाण रामायणमञ्जरी में तो अनेकशः उपलब्ध हैं। चाहे वह दशरथ द्वारा विश्वामित्र के प्रति देखा जाय अथवा राम का वशिष्ठ एवं विश्वामित्र के प्रति। गुरु पत्नी को माता तथा पुत्री को बहन सदृश मान्यता प्राप्त थी। इस मर्यादा का अतिक्रमण करने वाला व्यक्ति राजा दण्ड की गति को प्राप्त होता था। राजा 'दण्ड' ने अपने गुरु शुक्र की पुत्री अरजा के साथ बलात्कार किया, परिणामस्वरूप उसका राज्य एवं सम्पूर्ण राष्ट्र भस्म होकर राख हो गया तथा वह स्थान पशु-पक्षी विहीन 'दण्डकारण्य' के नाम से प्रसिद्ध हुआ।[65] राक्षसों में शिष्टाचार का कोई विशेष महत्त्व नहीं था, वे तो जन्मना अशिष्ट एवं उदण्ड थे।

रामायणमञ्जरी में वैवाहिक स्वरूप

भारतीय संस्कृति के अनुसार विवाह एक संस्कार है जिसका मुख्य उद्देश्य सन्तानोत्पत्ति है। यह सन्तानोत्पत्ति पितृ ऋण से उद्धार पाने के लिए किया जाता है। अतः भारतीय परिवार में विवाह संस्कार का आधार धर्म और आध्यात्मिकता है, भोग और भौतिकता नहीं।

उपर्युक्त कथन के अनुसार ही भारतीय संस्कृति के इस विवाह संस्कार का स्वरूप अत्यन्त पावन, भावपूर्ण एवं महत्त्वपूर्ण है। इस वैवाहिक कर्म के दौ पक्ष हैं–दाता और प्रतिगृहीता। इसमें दाता का अत्यधिक महत्त्व होता है। दाता कन्या धन के साथ-साथ प्रभूत धन भी प्रतिगृहीता को यथा शक्ति दान करता था। यह प्रथा रामायमणञ्जरी में वर्णित है। राजा जनक दशरथ को कन्या धन के साथ प्रभूत धन भी दान करते हैं।[66] इस उद्धरण से यह स्पष्ट हो जाता है कि तत्कालीन समाज में दहेज-प्रथा का प्रचलन था किन्तु आजकल की तरह नहीं कि प्रतिगृहीता अपनी इच्छानुसार दाता से कन्या धन के साथ-साथ उसकी यथाशक्ति से अधिक ही दहेज लेने का प्रयत्न करता है।

रामायणमञ्जरी के अनुसार पिता के ऊपर ही अपनी कन्या के लिए उत्तम वरनिर्णय का भार होता था। इसी कारण पिता को इस उत्तरदायित्व के निर्वाह की चिन्ता होती थी। राजा जनक का शौर्यशुल्का सीता के लिए स्वयंवर करना इसी तथ्य की पुष्टि करता है।[67] राजा कुशनाभ की कन्याएँ भी पिता के इस उत्तरदायित्व को समझते हुए ही वायु के प्रस्ताव को अस्वीकार कर देती हैं[68]–

कुलाभिमानात्कन्याभिः स निषिद्धः पितृर्भयात्।

आर्य जाति में ही दाता के ऊपर यह उत्तरदायित्व नहीं था अपितु राक्षसों में भी दाता (पिता) के इस उत्तरदायित्व का संकेत मिलता है। उत्तरकाण्ड में सुमाली का अपनी युवती कन्या के लिए वर-निर्णय की चिन्ता[69] तथा मय दानव का अपनी कन्या मन्दोदरी के लिए वर की खोज[70] आदि घटनाएँ तत्कालीन समाज में दाता के उत्तरदायित्व की ओर संकेत करती हैं।

तत्कालीन समाज में ऋषि विवाह प्रचलित था जिसका मुख्य उद्देश्य केवल उत्तम सन्तान से उन्नत समाज का निर्माण करना था। इस तथ्य के उदाहरण रामायणमञ्जरी के कई प्रसङ्गों में मिलते हैं। राजा लोमपाद ने ऋष्यशृंग से अपनी कन्या शान्ता का विवाह सम्पन्न किया था–**तत्प्रीत्या लोमपादोऽस्मै शान्ता दुहितरं ददौ।**[71] राजा कुशनाभ ने अपनी सौ कन्याओं का विवाह महातेजस्वी ऋषि ब्रह्मदत्त से किया था।[72] राक्षसों में भी इस प्रथा का संकेत मिलता है। सुमाली अपनी कन्या पुष्पोत्कटा को पौलस्त्य पुत्र विश्रवा को देता है।[73]

उपर्युक्त उद्धरणों से यह भी स्पष्ट हो जाता है कि तत्कालीन समाज में आर्य विवाह का प्रचलन था। अनुलोम तथा प्रतिलोम विवाहों के उदाहरण भी रामायणमञ्जरी में प्राप्त होते हैं। इसमें अनुलोम प्रथा का प्रसार अधिक था, क्योंकि आर्ष विवाह के अन्तर्गत ऋषियों का महत्त्व स्पष्ट था। क्षत्रिय वर्ण के राजागण ऋषि वर्ग में अपनी कन्याओं का अर्पण करना सौभग्य समझते थे। उत्तरकाण्ड में दैत्य कुलोत्पन्न शर्मिष्ठा तथा क्षत्रिय राजा ययाति का विवाह अनुलोम प्रथा की पृष्टि करता है।[74] इसी स्थल पर प्रतिलोम विवाह का उदाहरण भी देखा जा सकता है। शुक्राचार्य की कन्या देवयानी ययाति की पत्नी थी।[75]

रामायणमञ्जरी के विवरणों से पता चलता है कि रामायण काल में ब्राह्म विवाह एवं स्वयंवर प्रथा भी प्रचलित थी। राम और सीता का विवाह इस तथ्य की पुष्टि करता है। स्वयंवर के द्वारा राम सीता का वरण करते हैं तदनन्तर प्रभूत धन के साथ कन्या धन को राजा जनक दान करते हैं। रामायणमञ्जरी में राक्षस विवाह का संकेत भी प्राप्त होता है राक्षस राज रावण सुर, गन्धर्व, किन्नर तथा नाग कन्याओं को बलात् हरण कर अपनी पत्नी बना लिया था।[76]

रामायणमञ्जरी के अनुशीलन से पता चलता है कि रामायण काल में 'गान्धर्व विवाह' का प्रचलन नहीं था। 'बाल विवाह' के भी संकेत नहीं मिलते क्योंकि विवाह के समय सीता 'समुपस्थित यौवना' थी। इसके अतिरिक्त भी रामायणमञ्जरी में जितनी कन्याओं के विवाहादि का उल्लेख मिलता है वे सभी समुपस्थित यौवना थीं।

रामायण काल में वैवाहिक आदर्शों के अतिरिक्त किञ्चित सामाजिक दुर्गुणें का भी समावेश हो चुका था जिसका स्पष्ट संकेत रामायणमञ्जरी के कई प्रसङ्गों से प्राप्त होता है। यह सामाजिक दुर्गुण बहु-पत्नी प्रथा का था। राजा दशरथ की तीन पत्नियाँ (कौशल्या, कैकेयी तथा सुमित्रा) राजा सगर की दो पत्नियाँ केशिनी तथा सुमति, ययाति की दो पत्नियाँ (देवयानी एवं शर्मिष्ठा), बालि द्वारा भाई सुग्रीव की पत्नी का अपहरण कर तारा एवं रूमा सहित दो पत्नियाँ तथा राक्षसराज रावण की बहुत सी पत्नियों का उल्लेख प्राप्त होता है। इन तथ्यों से सहज ही अनुमान लगाया जा सकता है कि रामायणमञ्जरी में राम की एकपत्नीनिष्ठता तथा सीता के पातिव्रत धर्म का आदर्श स्थापित किया गया है। सम्भवतः राम और सीता का यह आदर्श तत्कालीन बहुपत्नी प्रथा के दुर्गुण का उपचार स्वरूप ही था।

रामायणमञ्जरी में नारी का स्वरूप

भारतीय समाज में नारी को एक विशिष्ट गौरव पद सदा से ही प्राप्त रहा है। भारतीय परिवार में नारी के विविध रूप हैं और सभी रूपों में वह पूजनीय है। यह बेटी है, यह पत्नी है, यह गृहवधू है और बहन है। यह ननद है, सास है, पुत्रवधू

है, माँ है। सखी, नातिन, पोती-ओह! अधिक क्या कहा जाय विधाता को सृष्टि में यह कन्या (नारी) भला कौन सा गौरव पद नहीं धारण करती।[77] इतने विविध रूपों में भ्रमण करते हुए परिवर्तन कष्ट को सहते हुए भी नारी विकार को नहीं प्राप्त होती। लहलहाती फसलों से हँसती हुई, तुषारापात से प्रकम्पित काया वाली, ग्रीष्म ऋतु में उष्माजनित प्रखर किरणों से जलती हुई वसुधा, जैसे नाना परिवर्तनों के बावजूद भी सन्तुष्ट ही रहती है, उसी प्रकार कन्या (नारी) विविध परिवर्तन कष्ट सहते हुए भी विकार को नहीं प्राप्त होती, अपितु हर परिस्थितियों में स्वयं को ढाल लेती है।[78]

उपर्युक्त प्रसंग से भारतीय नारी के विविध स्वरूप का स्पष्ट एवं साक्षात चित्र ही समुपस्थित हो जाता है। रामायणमञ्जरी के विभिन्न संदर्भों से भी नारी के विविध स्वरूप का परिज्ञान होता है। बेटी के रूप में शान्ता, सीता, कुशनाभ की कन्याएँ तथा पुष्पोत्कटा आदि, पत्नी के रूप में कौशल्या, कैकेयी, समित्रा, सीता, तारा तथा मन्दोदरी गृहवधू एवं पुत्रवधू रूप में सीता, बहन रूप में शूर्पणखा, सास एवं माँ के रूप में कौशल्या, कैकेयी, सुमित्रा, सखी रूप में त्रिजटा एवं सरमा के उदाहरण विशेष रूप से उल्लेखनीय हैं।

नारी के विविध रूपों में सर्वप्रथम **'कौमार्य'** रूप सामने आता है। आजकल की भाँति बालिका का जन्म उस समय अवांछनीय नहीं माना जाता था अपतु उन्हें कन्या धन[79] की संज्ञा से विभूषित कर उनका पालन-पोषण किया जाता था। कुमारियों के विवाह की भी चिन्ता अनिवार्य थी, परन्तु वह चिन्ता विषादजन्य न थी अपितु कर्तव्य प्रेरणावश थी। अपनी पुत्री की यावज्जीवन सुखी देखने की अभिलाषा से पितृ वर्ग चिन्तित हो जाया करते थे। इस लालसा की पूर्ति के लिए महान आयोजन किए जाते थे। जनक की चिन्ता एवं धनुष यज्ञ का विशाल आयोजन अपनी कुमारी कन्या के लिए श्रेष्ठ वर खोजने का ही प्रतिरूप है।[80] सुमाली की चिन्ता भी विश्रवा मुनि को पुष्पोत्कटा के लिए वर रूप में वरण किया।[81] मय ने भी मन्दोदरी के लिए रावण का वरण किया।[82] विवाह में भी कुमारियाँ स्वतन्त्र न थीं अपितु पितृवशा थीं। यद्यपि स्वयंवर की प्रथा प्रचलित थी किन्तु कन्याएँ मर्यादा का उल्लङ्घन नहीं करती थीं। कुमारियों के विवाह पितृवर्ग के लिए अभिशाप न थे क्योंकि उस समय आधुनिक 'दहेज प्रथा' का प्रचार न था और न ही वर पक्ष की ओर से किसी माँग का प्रस्ताव होता था हाँ, कन्या दान के समय 'कन्य धन' अवश्य दिया जाता था।[83]

नारी के 'युवती' रूप का तो रामायणमञ्जरी में चरम विकास ही दर्शाया गया है। नारी के गुणों के अनुयार उसे कई रूपों में सम्बोधित किया जाता है–**नारी, बामा, अबला, सुन्दरी, प्रमदा, मानिनी, महिला, जाया माता** इत्यादि। रामायणमञ्जरी में

नारी के इन विविध सम्बोधनों का प्रयोग अनेकशः प्राप्त होता है, जो उसके सम्पूर्ण व्यक्तित्व को ही प्रस्तुत कर देता है।

सायण के अनुसार 'नारी' शब्द की व्युत्पत्ति **'नृणां महावीरार्थिनाम् उपकारित्वात् नारि।'** 'न अरिः नारिः।' के अनुसार नारी का अर्थ नरों का उपकार या शत्रु का न होना कहा गया। कौशल्या, सीता, मन्दोदरी आदि सभी इस रूप को चरितार्थ करती हैं।

'वामा' रूप का अर्थ सौन्दर्य बिखरने वाला है। सीता का सौन्दर्य इस रूप का प्रमाण है। इसी वामा रूप अथवा सौन्दर्यातिशय के प्रसङ्ग में रावण द्वारा सीता के सौन्दर्य हेतु विभिन्न सम्बोधनों का उल्लेख करना आवश्यक है। सुन्दरकाण्ड में रावण सीता के लिए–**'वामनयने'**, **'मुग्धे'**, **'सुभ्रु'**, **'सुदृशा'**, **'तन्वि'**, **'भीरू'**, **'मदिराक्षि'**, **'चारुनयने'**, **'लोलाक्षि'**, **'शुचिस्मिते'**, **'सौम्ये'** आदि सौन्दर्य परिचायक सम्बोधनों का प्रयोग करता है।[84] इसी प्रकार अयोध्याकाण्ड के अन्तर्गत दशरथ भी कैकेयी के प्रति **'प्रिये'**, **'दयिते'**, **'दुभगे'** आदि सम्बोधनों का प्रयोग करते हैं।[85] रामायणमञ्जरी में प्रयुक्त संबोधन नारी के वामा रूप का स्पष्ट संकेत करते हैं।

'बल' शब्द शारीरिक शक्ति का वाचक है अतएव 'अबला' शब्द शरीरिक शक्ति के अभाव का सूचक है। इसके अनुसार नारी में शरीरिक बल नहीं होता अतएव वह 'अबला'[86] है। परन्तु इसका तात्पर्य यह नहीं कि उसमें शक्ति ही नहीं होती, अपितु उसकी मानसिक शक्ति अपरिमित हुआ करती है। इसका ज्वलन्त उदाहरण राक्षसराज रावण के वश में पड़ी हुई सीता का निर्भीक रूप एवं दृढ़ आत्मबल है। शारीरिक शक्ति के अभाव के कारण ही वह, दुष्ट रावण की शक्ति का प्रतिकार न करते हुए उसके चंगुल में पड़ी रही, किन्तु सुन्दरकाण्ड के अन्तर्गत अबला सीता के दूसरे रूप का दर्शन होता है। जिसमें वह निर्भीक होकर रावण का अपमान करती है।[87]

सुन्दरी शब्द का अर्थ **'सुष्ठु नन्दयति इति'**। स्त्री भली प्रकार प्रसन्न करती है। सुन्दरी का अर्थ शोभा सम्पन्न तथा चित्त द्रवित करने वाली भी है। अरण्य पर्व के अन्तर्गत विलाप करते हुए राम द्वारा सीता के प्रति प्रयुक्त सम्बोध 'सुन्दरी' शब्द के ही वाचक हैं। सीता के अतिरिक्त भी कौशल्या, मन्दोदरी तथा अनसूया आदि सभी नारियाँ इस गुण से सर्वथा समन्वित हैं।

नारी का ही एक अन्य रूप 'प्रमदा' भी है। **'प्रमदा संमर्दो हर्षे च'** के अनुसार हर्षित प्रकृति सम्पन्न नारी प्रमदा है। यह नैसर्गिक गुण भी रामायणमञ्जरी की सभी नारियों में मिलता है। स्त्री मानप्रियता के कारण 'मानिनी'[88] भी कहलाती है। कैकेयी इसका ज्वलन्त उदाहरण है। सीता के लिए भी मानिनी शब्द का प्रयोग मिलता है।

नारी के एक '**ललना**।'[89] रूप का वर्णन मिलता है। ललना और मानिनी नारी की मानसिक भावना का द्योतक है। 'लल' शब्द का अर्थ है इच्छा करना नारी में लालसा एवं इच्छा प्रबल होती है। अतः उसे ललना कहा गया।

नारी के अन्य रूप **महिला, जाया, दुहिता**, माता आदि हैं। जो भारतीय नारी के प्रति उत्तम भाव ही अर्पित करते हैं। महिला का मूल शब्द 'मह्' स्वयं पूजा वाचक है। जाया रूप में वह पुत्र की साधन स्वरूपा होने के कारण महिमा, गरिमा एवं शोभा से समन्वित हो जाती है। **'माता'** शब्द की गरिमा तो सर्वप्रसिद्ध ही है। उसका तात्पर्य माननीय एवं निर्मातु दोनों ही है। माता शब्द के माननीया रूप के ज्वलन्त उदाहरण लक्ष्मण तथा हनुमान द्वारा सीता के प्रति प्रयुक्त 'माता' के सम्बोधन हैं। लक्ष्मण सदैव सीता को 'माता' शब्द के द्वारा ही सम्बोधित करते हैं। इसी प्रकार सुन्दरकाण्ड के अन्तर्गत हनुमान भी सीता के लिए 'माता' कहकर ही सम्बोधित करते हैं। निर्मातु रूप से कौशल्या, कैकेयी, सुमित्रा के प्रति राम, लक्ष्मण, भरत एवं शत्रुघ्न द्वारा प्रयुक्त 'माता' के सम्बोधन अनेकशः वर्णित हैं। इसके अतिरिक्त रामायणमञ्जरी में **देवि, भार्या, कामिनी, कान्ता, बल्लभा, स्त्री, योषित, तरुणी, अङ्गना** आदि सम्मान्य वाचक एवं सौन्दर्य वाचक सम्बोधनों का प्रयोग बहुशः प्राप्त होता है। नारी के विभिन्न स्परूपों में कुछ भौतिक व्यक्तित्व के द्योतक हैं, कुछ शारीरिक एवं कुछ मानसिक विशेषताओं के सूचक हैं। हर्ष का विषय यह है कि नारी के इन विभिन्न रूपों का विस्तृत वर्णन कवि ने रामायणमञ्जरी में स्थल-स्थल पर किया है।

नारी के इन दिव्य रूपों के साथ-साथ सामाजिक क्षेत्र में उसके अन्य रूप भी उस समय विद्यमान थे जिसका उल्लेख रामायणमञ्जरी में मिलता है। रामायणमञ्जरी में गणिका एवं अप्सराओं के प्रसङ्ग कई स्थानों पर हैं। परन्तु उनके स्वरूप तथा आधुनिक रूप में पर्याप्त अन्तर है। उस समय गणिका को **'वाराङ्गना'**[90] शब्द से सम्बोधित किया जाता था। जबकि आधुनिक वेश्या अपने अनिर्बन्ध व्यवहार के कारण निन्दनीया एवं उपेक्षिता है। रामायणमञ्जरी गणिका गण विशेष की पत्नी होकर भी पातिव्रत धर्म का पालन करती है। यह बहुत कुछ बहु-पत्नी प्रथा का भी प्रमाण है। इस प्रथा का अस्तित्व देव वर्ग की अप्सराओं में उल्लिखित है, परन्तु इसका तात्पर्य यह नहीं कि उनमें व्यभिचार था। रावण-रम्भा प्रसङ्ग में नल-कूबर का शाप इसका स्पष्ट प्रमाण है।[91]

'कौमार्य' एवं 'युवती' रूप के अतिरिक्त नारी के 'वृद्धा' रूप का भी संकेत रामायणमञ्जरी में मिलता है। इसका ज्वलन्त उदाहरण अनसूया, त्रिजटा एवं रावण

की माता का है। इनके वर्णन से यह तर्क किया जा सकता है कि रामायणमञ्जरी वृद्धा नारी पातिव्रतपरायण, धर्मपरायण एवं सद्विचारयुक्ता थी। अन्यथा त्रिजटा एवं राक्षसराज रावण की माँ तो राक्षस परिवार से ही सम्बन्धित थी, अतः में धर्म बुद्धि कैसे आ सकती थी। यह तो मात्र तत्कालीन वृद्धा नारी के सहज गुण के कारण ही है।

रामायणमञ्जरी में नारियों की सामाजिक स्थिति के भी महत्त्वपूर्ण प्रसङ्ग हैं। यथा–'नारी सदैव अवध्य है' इसका प्रमाण अरण्य पर्व के अन्तर्गत भरत की उक्ति से मिलता है–**अवध्या जननी योषिदात्महा पापमश्नुते।**[92] 'भ्रातृजाया के साथ संभोग महान पाप है[93]–राम बालि से कहते हैं कि–वानर जाति में उत्पन्न तुम धर्म की गति नहीं जानते, जो कि भ्रातृजायारत जैसे पाप को भी अच्छा ही समझते हो–**भ्रातृजायारतः पाप किं साधुरिव भाषसे।** पुनः राम कहते हैं कि भ्रातृजायारती व्यक्ति का वध करना अधर्म नहीं है–**भ्रातृजायारतवधो नाधर्मो ममरूपता।** परदाराहरण घोर निन्दित कार्य है। इसकी तो सम्पूर्ण रामायणमञ्जरी में अनेक पात्रों द्वारा आलोचना की गयी है। परदारा सम्भोग वर्जित है–रावण-रम्भा के प्रसङ्ग में नल-कूबर शाप से ही यह स्पष्ट है। यही नहीं निर्वस्त्र पर-स्त्री दर्शन अथवा पर-स्त्री के विषय में कुविचार का मन में आना भी महान पाप है। सुन्दरकाण्ड के अन्तर्गत रावण के अन्तःपुर में निर्वस्त्र स्त्रियों को देखकर हनुमान द्वारा कही गयी उक्तियाँ इसका स्पष्ट प्रमाण हैं।[94] पर-नारी की ओर दृष्टिपात करना या उस पर क्रोध करना भी अवांछनीय था–वानर जाति की साम्राज्ञी तारा के सम्मुख उग्र प्रकृति वाले क्रोधान्ध लक्ष्मण भी विनतवेदन स्थित रहे।[95] नारी के उपर्युक्त आदर्शों के साथ-ही-साथ रामायणकालीन समाज में 'मातृवत परदारेषु' का आदर्श सम्यकरूपेण परिपालित था जिसका स्पष्ट संकेत रामायणमञ्जरी में मिलता है। लक्ष्मण सीता का व्यवहार आद्यन्त माता पुत्र का ही है।[96] इसी प्रकार हनुमान सीता का भी प्रसङ्ग परम श्लाघ्य है।[97] पातिव्रत धर्म ही नारी का परम धर्म है–अनसूया, सीता, कौशल्या आदि का चरित्र पातिव्रत का संदेश देता है। अरण्य पर्व में पातिव्रत धर्म की महत्ता का वर्णन करते हुए अनसूया सीता से कहती हैं[98] कुलीन स्त्रियों के लिए किसी दूसरे व्रत या धर्म की आवश्यकता नहीं यदि वे भक्तिपूर्वक पवित्र मन से सदा पति की सेवा में संलग्न रहें। जिस प्रकार ज्ञाननिष्ठ तपस्वी तथा युद्धरत वीर अन्तकाल में परमधाम को प्राप्त होते हैं उसी प्रकार पति परयण स्त्रियाँ भी परमधाम को प्राप्त होती हैं। प्रजा का एक मात्र देवता (स्वामी) राजा होता है, सज्जनों के एक मात्र माता और पिता, विप्रों के मात्र देवता अग्नि तथा नारियों के एक मात्र देवता पति हैं। इसी प्रकार अयोध्याकाण्ड के

अन्तर्गत सीता की उक्तियों में भी पातिव्रत धर्म दर्शनीय है वे कहती हैं—नारी का सौन्दर्य, आयु, कान्ति सौभाग्य एवं सम्पूर्ण जीवन ही पति पर आधारित होता है। जिस प्रकार त्याग विहीन सम्पदा, सत्यविहीन वाणी और शान्ति विहीन विद्या शोभित नहीं होती, उसी प्रकार पति विहीन नारी भी शोभायमान नहीं होती।[100] पुत्र नारी का आत्मीय रूप है—कौशल्या की पुत्रवत्सलता के अन्तर्गत इसका स्पष्ट संकेत मिलता है।[101] इस प्रकार नारी एक ओर पति के प्रति उत्सर्गमयी है तो दूसरी ओर पुत्र के प्रति त्यागमयी।

स्त्रियों का सामाजिक महत्त्व धार्मिक अनुष्ठानों से भी व्यक्त होता है। यज्ञादि में पत्नी की उपस्थिति परम अनिवार्य थी। इसीलिए रामाश्वमेध यज्ञ के अवसर पर सीता की अनुपस्थिति में उनकी स्वर्णिम प्रतिमा बनवायी गयी।[102] रामायणकालीन समाज में 'विधवा' नारी उपेक्षित नहीं थी। इस बात का प्रमाण रामायणमञ्जरी में दर्शनीय है। दशरथ की विधवा रानियाँ सम्मानित एवं आदरणीय जीवन व्यतीत करती हैं। समस्त युद्ध ही रावण ने अपने विधवा बहन शूर्पणखा के सम्मान की रक्षा के लिए ही किया। तत्कालीन समाज में 'वन्ध्या' स्त्रियों के अस्तित्व का भी संकेत मिलता है। कौशल्या कहती हैं—एक पुत्र वाली माँ की अपेक्षा वे वन्ध्या स्त्रियाँ ही धन्य हैं जो स्वप्न में भी पुत्र स्नेह की विषम व्यथा को नहीं जानतीं।[102]

रामायणमञ्जरी में जहाँ एक तरफ नारी के उपर्युक्त शारीरिक एवं मानसिक गुणों के आदर्श रूप का चित्रण मिलता है वहीं दूसरी तरफ कवि ने उसके गर्हित एवं निन्दित स्वरूप का भी उल्लेख किया है जिसमें नारी के मनोवैज्ञानिक चाञ्चल्य एवं दुष्ट स्वभाव का दर्शन होता है। नारी के इस स्वरूप के स्पष्टीकरण हेतु रामायणमञ्जरी में अनेक स्थल विद्यमान हैं जिनका संक्षिप्त उल्लेख अधोलिखित है।

अरण्य पर्व के अन्तर्गत लक्ष्मण स्त्रियों के कुटिल, दुर्बोध एवं चंचल स्वभाव का उल्लेख करते हुए कहते हैं कि ये कुटिल स्त्रियाँ अपने स्वभाव से मित्र, स्नेही तथा बन्धुबान्धवों में भेद उत्पन्न करने वाली होती हैं।[103] सुन्दरकाण्ड में रावण कहता है कि—स्त्रियाँ कुटिल आचरण वाली होती हैं। वे समझाने से धृष्टता और अपमान से अधीनता को प्राप्त होती हैं। वे प्रेम की पात्र नहीं हैं।[104] स्त्री कठोर बोलती है फिर भी लोग उसे प्रेम करते हैं।[105] नीच व्यक्तियों, नदियों और स्त्रियों को प्रयत्नपूर्वक पकड़ने पर भी उनके हृदय में उन्नत (उत्तम व्यक्ति) के प्रति प्रेम नहीं उत्पन्न होता है।[106] चञ्चल हृदयों वाली और प्रायः स्वभाव से ही मोह में पड़ी रहने वाली स्त्रियाँ महान व्यक्तियों से भी अवज्ञापूर्वक बोलने की धृष्टता किया करती हैं।[107] इसी प्रकार अयोध्याकाण्ड में भी स्त्रियों की विवेकहीनता का परिचय मिलता

है—दुष्ट वाक्यों का स्त्रियाँ और मूर्ख सदा आदर करते हैं[108]—**सर्वथा खल वाक्येषु स्त्रियो मूर्खाश्च सादराः।** इस प्रकार कुटिल विवेकहीन एवं दुष्ट स्वभाव वाली स्त्रियों के वशीभूत हो जाने वाले पुरुष की क्या गति हो सकती है, इसका भी सम्यक् परिचय रामायणमञ्जरी में प्राप्त होता है।[109] सामान्य जन की बात ही क्या? स्त्रियों के वशीभूत बड़े-बड़े राजागण भी पराभव को प्राप्त होते हैं[110]—

बलिनोऽपि धियाहीना मत्तप्राया नृपद्विपाः।
करिणीनामिव स्त्रीणां वेश्य यान्ति पराभवम्।।

स्त्रियों के काम के वशीभूत राजाओं तथा सामान्य जन की भी गति विचित्र ही है। जिस प्रकार गृहिणी के वशीभूत नपुंसक व्यक्ति गृहाचार को नहीं जानते उसी प्रकार काम के वशीभूत राजा लोग भी राष्ट्र वृत्ति को नहीं जान पाते।[111] नारी के साथ काम-क्रीड़ा की भी एक सीमा और मर्यादा है। जो व्यक्ति सभी आवश्यक कार्यों का परित्याग करके, अपने तेज एवं कान्ति विनाश करके, स्त्री के वशीभूत हो, अपने मान-सम्मान को म्लान कर देता है, ऐसे कामीजनों को धिक्कार है।[112] उपर्युक्त दोषों के अतिरिक्त सर्वसामान्य नारी में एक दोष और भी पाया जाता है, वह है 'सापत्न्य द्वेष दोष, जिस पर रामायणमञ्जरी की सम्पूर्ण कथा ही आश्रित है।

रामायणमञ्जरी में शिक्षा का स्वरूप

रामायणमञ्जरी में आश्रम व्यवस्था के अन्तर्गत यह स्पष्ट हो चुका है कि जीवन के प्रथम सोपान 'ब्रह्मचर्याश्रम' में ही लोक शिक्षार्जन करते थे। तदनन्तर जीवन के कर्मक्षेत्र में पदार्पण करते थे।

शिक्षा के क्षेत्र में प्रमुख चार तत्त्व विचारणीय हैं—गुरु, विद्यालय, शिष्य और शिक्षा। रामायणमञ्जरी में शिक्षा के इन प्रमुख तत्त्वों का किञ्चित् उल्लेख अवश्य प्राप्त होता है जिससे तत्कालीन शिक्षा के स्वरूप का स्पष्ट परिज्ञान हो जाता है।

शिक्षा से सम्बन्धित उपर्युक्त तत्त्वों में सबसे महत्त्वपूर्ण स्थान 'गुरु' का है। गुरु के बिना अन्य तत्त्वों का न तो कोई मूल्य है और न ही अस्तित्व। रामायणमञ्जरी में गुरु की महत्ता को प्रतिपादित करने वाले क़ई स्थल उपलब्ध हैं। इनमें भी गुरु वशिष्ठ और विश्वामित्र विशेष रूप से उल्लेखनीय हैं। बालकाण्ड के अन्तर्गत इनके आश्रमों का भी उल्लेख है।[113] वशिष्ठ के आश्रम में उनके 100 शिष्यों की भी सूचना मिलती है जो राजा त्रिशंकु को गुरु वशिष्ठ की अवमानना करने पर 'चाण्डाल' होने का शाप दे देते हैं।[114] इस प्रसङ्ग से यह स्पष्ट होता है कि रामायणमञ्जरी में गुरुकुल की परम्परा थी। शिष्य स्वयं गुरु के पास जाकर एक अन्तेवासी के रूप में शिक्षार्जन करते थे। गुरु का आश्रम ही विद्या मन्दिर के रूप में था। वशिष्ठ तथा उनके शिष्यों

के इस वर्णन से तत्कालीन गुरु के तपोमय रूप का परिचय प्राप्त होता ही है, साथ-ही-साथ ऐसे ज्ञाननिष्ठ एवं तपस्वी गुरु के शिष्यों के भी प्रदीप्त तेज का संकेत मिलता है।

इसी प्रकार 'सिद्धाश्रम' में गुरु विश्वामित्र का तपोमय रूप भी तत्कालीन गुरु की जीवनचर्या का व्यापक दिग्दर्शन कराता है।[114] ऐसे गुरु की महत्ता एवं गुरुता का तो वर्णन ही दुष्कर है जिसके शिष्य रूप में स्वयं राम ने समस्त विद्याओं का अर्जन किया। रामायमणञ्जरी में विभिन्न स्थलों पर गुरु वशिष्ठ एवं विश्वामित्र का देवोचित सम्मान एवं आतिथ्य दर्शनीय है। गुरु की आज्ञा सभी को शिरोधार्य थी। शिष्य राम गुरु की आज्ञा स्वीकार करते हुए कहते हैं—निश्चय ही आपकी वाणी सभी धर्मों में प्रमाण है। हे भगवन्! मैं पिता द्वारा आपके आदेशपालन हेतु नियुक्त हूँ। आपका प्रत्येक वाक्य एवं कार्य मेरे द्वारा सहर्ष स्वीकार है।[115]

गुरु वशिष्ठ एवं विश्वामित्र के अतिरिक्त अरण्य पर्व के अन्तर्गत भरद्वाज, अत्रि, सुतीक्ष्ण, शरभङ्ग तथा अगस्त्यादि ऋषियों के तपोमय स्वरूप का वर्णन मिलता है। इन ऋषियों के भव्य, पवित्र एवं मनोमुग्धहारी आश्रमों के उल्लेख के साथ-साथ पूतात्मा आश्रमवासियों (शिष्य गण) का भी संकेत मिलता है। इससे यह तर्क किया जा सकता है कि ये ऋषि भी गुरुकुल परम्परा के अन्तर्गत शिष्यों को शिक्षार्जन कराते रहे होंगे। इसी प्रसङ्ग में मतङ्ग ऋषि के आश्रम का वर्णन भी अति आवश्यक है। कबन्ध, राम से मतंग आश्रम के प्राकृतिक सौन्दर्य का वर्णन करते हुए उनके शिष्यों का भी उल्लेख करता है[216]—

अनावृष्टिहते काले गुर्वर्थ फलहारिणाम्।
पुरा मतङ्ग शिष्याणां पतिताः स्वेदबिन्दवः।।

तदनन्तर आश्रम में पहुँचने पर मतङ्ग ऋषि की शिष्या शबरी ने राम से अपने गुरु मतङ्ग एवं उनके आश्रम के महत्ता की विशद चर्चा की है[217]—

आश्रमोऽसौ मतङ्गस्य यत्र ते गुरवो मम्।

इस प्रकार गुरु वशिष्ठ, विश्वामित्र एवं मतङ्गादि ऋषियों के तपोमय स्वरूप उनके पवित्र आश्रम तथा शिष्यों के वर्णन से शिक्षा के प्रमुख तीन तत्त्वों (गुरु, विद्यालय एवं शिष्य) का सम्यक् परिचय रामायणमञ्जरी में प्राप्त हो जाता है। इसके आधार पर निस्सन्देह यह कहा जा सकता है कि रामायणकालीन शिक्षा का स्वरूप गुरुकुल व्यवस्था पर अवलम्बित था। जिसके अनुसार शिष्य अन्तेवासी रूप में गुरु के आश्रम में निजानुकूल शिक्षार्जन करते थे।

सम्प्रति विचारणीय तथ्य यह है कि रामायणकाल में शिक्षा के विषय क्या थे, जिनका रामायणमञ्जरी में वर्णन किया गया है?

रामायणमञ्जरी एक युद्ध प्रधान ग्रंथ हैं जिसमें क्षत्रियकुलोत्पन्न राम तथा राक्षासकुलोत्पन्न रावण के बीच युद्ध की व्यापक चर्चा है। इसके अतिरिक्त भी ग्रंथ में अनेक स्थलों पर युद्ध की घटनाएँ वर्णित हैं। इन युद्धों में बहुत से अस्त्र-शस्त्रों का प्रयोग किया गया है जिसके आधार पर यह कहा जा सकता है कि रामायणकाल में प्रायः सभी को अस्त्र-शस्त्र विद्या का ज्ञान था तथा यह एक प्रमुख शिक्षा का विषय भी रहा होगा। इनमें भी 'धनुर्वेद विद्या' में प्रायः सभी निष्णात् थे। धनुर्वेद विद्या एवं अनेक दिव्यास्त्रों का प्रयोग राम ने गुरु विश्वामित्र से प्राप्त किया जिसकी बालकाण्ड में विशद चर्चा की गयी है। विश्वामित्र राम को दिव्यास्त्र प्रदान करते समय केवल उनका प्रयोग ही नहीं सिखाते अपितु इनके उपसंहार एवं उनसे सुरक्षा की भी शिक्षा देंते हैं।[118] धनुर्वेद विद्या के अन्तर्गत अनेक सहायक विषयों का भी अध्ययन करना अनिवार्य होता था जिसका प्रमाण बला और अबला विद्याओं के प्रसङ्ग से मिलता है।[119] पुनः रामादि सभी भाई शस्त्रास्त्र, ग्राम शिक्षा एवं सम्पूर्ण विद्याओं तथा कलाओं में निष्णात् एवं पारङ्गत थे[120]–

शस्त्रास्त्रग्रामशिक्षाणां विद्यानां विशदाशयः।
कलानां च बभूवुस्ते संक्रान्तिमणिदर्पणाः।।

इससे यह स्पष्ट होता है कि रामायणमञ्जरी में शस्त्रास्त्र, धनुर्वेद, ग्राम शिक्षा, विभिन्न विद्याएँ तथा सम्पूर्ण कलाएँ शिक्षा का विषय थीं। रामायणमञ्जरी में कला के स्वरूप का चित्रण करते हुए बताया गया है कि तत्कालीन समाज में वास्तु कला, मूर्तिकला, चित्रकला एवं सङ्गीग कला का पूर्ण विकास दिखाई पड़ता है। लव और कुश को तो स्वयं वाल्मीकि ने ही सङ्गीत कला में प्रवीण किया था।[121] अतः रामायणमञ्जरी में उपर्युक्त सभी विद्याएँ एवं कलाएँ शिक्षा के विषय थे।

इसके अतिरिक्त भी रामायणमञ्जरी के विभिन्न स्थलों से भिन्न-भिन्न विद्याओं के संकेत मिलते हैं। अरण्य पर्व, किष्किन्धा पर्व एवं किष्किन्धाकाण्ड में राम द्वारा बसन्त, हेमन्त, शरद तथा प्रावृड् आदि ऋतुओं के वर्णन से उनके ऋतु तथा नक्षत्र सम्बन्धी ज्ञान का परिचय मिलता है। राम द्वारा आश्रमों, पम्पासरोवर तथा विभिन्न ऋतुओं के वर्णन के प्रसङ्ग में नाना प्रकार की वनस्पतियों के उल्लेख से उनके वनस्पति शास्त्र[122] के ज्ञान का परिचय मिलता है। यदि राम वनस्पति शास्त्र का अध्ययन न किए होते तो नाना प्रकार की वनस्पितियों का ज्ञान कैसे हो सकता था? यह सम्भव है कि कुछ पेड़-पौधे जो प्रायः सर्वत्र सुलभ थे उनका ज्ञान उन्हें हो सकता था, किन्तु विभिन्न प्रकार की वनस्पतियों का इतना सूक्ष्मातिसूक्ष्म परिचय सम्भव नहीं था। वशिष्ठ और उनकी गाय शबला का संभाषण,[123] राम एवं जटायु का वार्तालाप[124] तथा विरही राम द्वारा शुक, कोयल, हंसा, मोर आदि पक्षियों से सीता के

विषय में पूछना,[125] कुत्ते द्वारा राम से अपना कष्ट सुनाना[126] आदि घटनाएँ इस बात की सूचना देती हैं कि राम तथा वशिष्ठ आदि को पशु-पक्षी विज्ञान का भी सम्यक् अध्ययन एवं अध्यापन था। किष्किन्धाकाण्ड के अन्तर्गत वानरी सेना द्वारा अपनी लङ्घन शक्ति का वर्णन करना तथा हनुमान द्वारा सागर लङ्घन की घटना[127] तत्कालीन लङ्घन विद्या (शारीरिक विज्ञान) का परिचय देती हैं। इसी काण्ड के ही अन्तर्गत सुग्रीव जब सम्पूर्ण वानरी सेना को विभिन्न दिशाओं में भेजते हैं, उस समय उनके द्वारा आर्यावर्त की विभिन्न दिशाओं नदियों, पर्वतों एवं जङ्गलों का वर्णन उनके भूगोल ज्ञान का स्पष्ट परिचय देता है।[128] इसी प्रकार युद्ध के अन्तर्गत इन्द्रजित के साथ युद्ध में सम्पूर्ण वानरी सेना के मारे जाने पर विभीषण की सलाह से हनुमान कैलाश पर्वत से 'विशल्या जीवनी' लाकर सेना को पुनर्जीवित करते हैं[129] पुनः लक्ष्मण शक्ति के समय भी सुषेण के आदेश से हनुमान सञ्जीवनी औषधि लाकर उन्हें जीवित करते हैं।[130] युद्ध काण्ड की इन दोनों घटनाओं से तत्कालीन औषधि विज्ञान का परिचय मिलता है। इससे यह स्पष्ट होता है कि उस समय आयुर्वेद की भी शिक्षा दी जाती थी। युद्धकाण्ड के ही अन्तर्गत माया युद्ध में राम और लक्ष्मण को मृत समझकर पुष्पकारूढ़ सीता जब नाना प्रकार से विलाप करने लगती हैं, तो उन्हें समझाते हुए त्रिजटा कहती है[131] **"भग्नभाग्यो जनः सत्यं पुष्पकेन न धार्यते।"** त्रिजटा के इस वाक्य से उसके 'वाहन विज्ञान' के ज्ञान का परिचय मिलता है। इसके अतिरिक्त रामायणमञ्जरी में स्थल-स्थल पर नीतिसम्मत तथा सामाजिक विषयों से सम्बन्धित वर्णन अनेक पात्रों द्वारा किया जाता है जिससे तत्कालीन नीतिशास्त्र एवं समाजशास्त्र की शिक्षा का परिचय मिलता है। अनेक ऋषियों, तपस्वियों को वेद-वेदाङ्गों एवं धर्मशास्त्रों का सम्यक् ज्ञान था, इसीलिए वे ज्ञाननिष्ठ तपस्वी कहे गये हैं।

निष्कर्षतः यह कहा जा सकता है कि रामायणमञ्जरी में वर्णित रामायणकालीन शिक्षा का स्वरूप अत्युन्नत है। इसका प्रमाण उपर्युक्त प्रसङ्ग है जिसमें कि विभिन्न शिक्षा विषयों का उल्लेख किया गया है, यथा–समाजशास्त्र, वनस्पतिशास्त्र, निर्माण शास्त्र, वास्तु कला, चित्रकला, मूर्तिकला, सङ्गीत कला, अस्त्र-शस्त्र विद्या, धनुर्वेद विद्या, वेद, वेदाङ्ग, धर्मशास्त्र, नीतिशास्त्र, लङ्घन, (शारीरिक विज्ञान), वाहन विज्ञान, आयुर्वेद, पशु-पक्षी विज्ञान, भूगोल विज्ञान, नक्षत्र विज्ञान आदि। शिक्षा के उपर्युक्त विभिन्न विषयों के आधार पर ही रामायणमञ्जरी में वर्णित रामायणकालीन शिक्षा की उन्नता का निस्सन्देह आकलन किया जा सकता है।

रामायणमञ्जरी में धार्मिक परिस्थिति

रामायणमञ्जरी में वर्णित 'यज्ञ प्रकरण' से यह निश्चित रूप से कहा जा सकता

है कि रामायण काल में यज्ञों की प्रधानता थी। इन यज्ञों को होमादि क्रियाओं द्वारा विधिपूर्वक सम्पन्न किया जाता था। रामायणमञ्जरी के विभिन्न स्थलों के अवलोकन से पता चलता है कि रामयण काल में धार्मिक कृत्यों के अन्तर्गत यज्ञ, दान, व्रत, उपासना आदि का विशेष प्रचलन था। वैदिक देवताओं के अतिरिक्त धार्मिक क्षेत्र में अन्य देवों का महत्त्व भी परिवर्द्धित हो चुका था। तत्कालीन पूज्य देवों का विस्तृत वर्णन रामायणमञ्जरी में मिलता है। राम जन्म से लेकर स्वर्गारोहण तक अनेकशः ब्रह्मा का उल्लेख पूज्य देव के रूप में हुआ है। विष्णु और शिव का देव रूप भी प्रतिबिम्बित होता है। राम को विष्णु का अवतार कहने के स्थल तथा रावण द्वारा शिव की पूजा आदि घटनाएँ इसके प्रमाण हैं। बह्मा, विष्णु शंकर के अतिरिक्त इन्द्रादि लोकपाल, सप्तर्षि, नारद, वरुण, शुक्र, लक्ष्मी, सरस्वती, चन्द्र, सूर्य, कुबेर तथा यम आदि पूज्यदेवों का वर्णन, रामायणमञ्जरी में प्राप्त होता है।[132] अग्नि प्रधान देव थे तथा वायु की भी उपासना की जाती थी।

रामायणमञ्जरी में प्रकृति तत्त्वों की उपासना का भी संकेत मिलता है। इनमें नदियाँ, पर्वत, वृक्षों एवं भूतों की उपासना होती थी।[133] ब्राह्मण एवं ऋषि भी पूज्य थे।[134] राम ने आश्रम में वास्तु शान्ति हेतु पूजा की थी।[135]

रामायणमञ्जरी में राजनैतिक परिस्थिति

रामायणमञ्जरी में राजनीति का सम्यक् एवं व्यापक चित्रण है। इसमें राजनीति के सिद्धान्तों एवं अङ्गों का भी सर्वाङ्गीण विवेचन मिलता है। अतएव 'रामायणमञ्जरी में 'राजनीतिक परिस्थिति' का अध्ययन करने के पूर्व भारतीय राजनीति वेत्ताओं द्वारा प्रतिपादित राजनीति के प्रमुख तत्त्वों की जानकारी आवश्यक है।

राजनीतिक सन्दर्भ के अन्तर्गत सबसे प्रमुख एवं अपरिहार्य तत्त्व राज्य है। भारतीय विचारकों ने राज्य के सात अंग निर्धारित किए हैं। 'महाभारत' के अनुसार यह सप्ताङ्ग–आत्मा, अमात्य, कोष, दण्ड, मित्र, जनपद तथा पुर हैं।[135] कौटिल्य ने स्वामी अमात्य, जनपद, दुर्ग, कोष, दण्ड और मित्र को सप्त प्रकृति माना है।[136] 'मुन' ने स्वामी अमात्य, पुर, राष्ट्र, कोष दण्ड और सुहृद आदि राज्य की सात प्रकृतियाँ निर्धारित की हैं।[137] उक्त अङ्गों का व्यावहारिक रूप रामायणमञ्जरी के विभिन्न सन्दर्भों में वर्णित है। सभी प्रमुख अङ्गों में राजा सर्व प्रधान अङ्ग है। अतएव सर्वप्रथम उसका स्वरूप, अधिकार एवं कर्तव्य अवलोकनीय है।

रामायणमञ्जरी में राजा का स्वरूप (अधिकार एवं कर्तव्य)

राज्य की उत्पत्ति विषयक विभिन्न विचारधाराओं में दैवी सिद्धान्त अत्यन्त प्राचीन है। वेदों से लेकर महाभारत, रामायण काल तक इसकी सर्वमान्यता प्रतिष्ठित

रही है। इसके अनुसार राजा को देव माना गया है। वह मानव रूप धारण कर पृथ्वी पर विचरण करता हुआ दुष्टों का विनाश तथा धर्म की संस्थापना करता है। राजा सत्य, धर्म एवं न्याय की साक्षात् प्रतिमूर्ति है। इतना ही नहीं, वह अपने गुणों एवं चरित्र के बल से देवों से भी महानतम् है। वह देवोपम, माननीय एवं शरण्य है। रामायणमञ्जरी में राजा राम के व्यक्तित्व में उपर्युक्त सभी राजोचित गुण दृष्टिगोचर होते हैं जिसका वर्णन आगे प्रस्तुत किया जा रहा है।

सर्वप्रथम राज्य के प्राण रूप राजा की नियुक्ति के सिद्धान्तों पर दृष्टिपात किया जाय। संविधान में राज्य पद की प्राप्ति हेतु कुछ विशिष्ट सिद्धान्तों का प्रतिपादन किया गया है, जिसमें प्रमुख सिद्धान्त 'पैतृक अधिकर' का है। परन्तु इसके साथ-ही-साथ 'ज्येष्ठता का अधिकर' भी समन्वित है। रामायणमञ्जरी में राजा की नियुक्ति के इस सिद्धान्त का सम्यक् रूपेण पालन किया गया है। राजा दशरथ अपने ज्येष्ठ पुत्र राम को ही राज्य पद पर अभिषिक्त करना चाहते हैं।[138] भरत भी भाई राम की इस अर्हता को स्वीकार करते हुए उन्हें राज्य पद देने के लिए वन से वापस बुलाने जाते हैं[139]–

राज्यमर्हति काकुत्स्थस्तस्य दास्योचिता वयम्।
ज्येष्ठाभिगामिनी लक्ष्मीः सदैव रघुभूभुजाम्।।
विश्वरक्षामणिं तस्माज्ज्येष्ठं ज्येष्ठैर्गुणैर्युतम्।
रामं प्रसादयिष्यामि वनं गत्वा निजश्रिये।।

तदनन्तर वन पहुँचकर भरत राम से कहते हैं[140]–**'अयोध्या स्वयमभेत्य भज राज्यं क्रमागतम्।'** यदि राजा ने स्त्री के वशीभूत होकर मुझे राज्य दे ही दिया तो यह उनका मतिविप्लव था, किन्तु मैं राज्य पद की अर्हता नहीं धारण करता हूँ–**न राज्यं प्राप्तुमर्होऽहं'**। इसलिए आप अपने क्रमागत राज्य पद को स्वीकार करें, इसकी मुझे कोई अभिलाषा नहीं है–**तत्त्व क्रमागत राज्यं का स्पृहा राम मादृशाम्।** इसी प्रकार वशिष्ठ जाबालि आदि मुनियों ने भी ज्येष्ठता के ही आधार पर राम को राज्य पद स्वीकार करने के लिए बार-बार निवेदन किया।[141] राज्य पद के लिए ज्येष्ठता के अधिकार का रामायणमञ्जरी में कितना सम्यक् रूपेण पालन किया गया है कि राम द्वारा वापस लौटना अस्वीकार करने पर भी भरत उनकी चरण पादुका लाकर सिंहासन पर रख देते हैं तथा स्वयं नन्दिग्राम में रहते हुए राज्य कार्य का सञ्चाचल करते हैं।[142]

वानर जाति में भी पैतृक अधिकार तथा ज्येष्ठता या क्रमागत अधिकार का समर्थन किया गया है। सूर्य पुत्र बालि और सुग्रीव में ज्येष्ठ बालि ही किष्किन्धापुरी का राजा था।[143] बालि वध के बाद क्रमागत रूप से सुग्रीव को ही राज्य पद मिला[144]

न कि बालि-पुत्र अङ्गद को। पुनः सुग्रीव के बाद तो क्रमागत रूप से अङ्गद ही राज्य के उत्तराधिकारी थे। इस बात का समर्थन करते हुए किष्किन्धाकाण्ड के अन्तर्गत हनुमान अङ्गद को उस समय समझाते हैं जबकि समुद्र पार करने में सम्पूर्ण वानरी सेना असमर्थ दिखाई पड़ती है तथा सुग्रीव के भय से अङ्गद आत्महत्या की इच्छा व्यक्त करते हैं। हनुमान कहते हैं–तुम सुग्रीव के पुत्र न सही, किन्तु उसके धर्मपुत्र तो हो। अतः तुम क्यों अपने क्रमागत राज्य को अपने ही पैरों से ठुकराने के लिए उद्यत हो।[145]

इसी प्रकार राक्षसराज रावण भी अपने भाइयों में ज्येष्ठ होने के कारण ही लङ्कापुरी का राजा बना था।

इन प्रमुख अधिकारों के अतिरिक्त राजनीतिविदों द्वारा वर्णित अन्य अधिकारों की ओर भी महाकवि क्षेमेन्द्र ने व्यापक दृष्टिपात किया है। राजा की नियुक्ति में प्रजा एवं मन्त्रिमण्डल की अनुमति भी परमावश्यक हुआ करती है, क्योंकि राजा का पूर्ण सम्बन्ध प्रजा एवं मन्त्रियों से ही होता है। प्रजानुरञ्जन ही उसका प्रमुख कर्तव्य होता है। राजा दशरथ राम के राज्याभिषेक के समय प्रजा की अनुमति लेने की भावना से ही जनता एवं मन्त्रिमण्डल के समक्ष अपना यह प्रस्ताव रखते हैं[146]–

रामाभिषेकानुमतं पृष्टाः संसदि तेन ते।
ब्राह्मणा, मन्त्रिणो भूपाः पौरद्याश्च बभाषिरे।।

पुनः दशरथ के भाव को समझकर सभी लोगों ने अनुमति प्रदान करते हुए कहा–राजन! आपके मन में जो इच्छा है उसे सम्पन्न करिए। अनन्त गुणों से युक्त, सम्पूर्ण पृथ्वी का पालन करने में समर्थ राम ही योग्य हैं।[147]

परन्तु राज्याभिषेक के इस प्रसङ्ग में प्रजानुमति से तात्पर्य प्रजा का अन्धानुकरण नहीं था कि राजा ने जैसे कह दिया उसी का प्रजा ने वैसे ही अनुमोदन भी कर दिया। प्रजा को अनुमति देने का अधिकार युवराज की चारित्रिक योग्यता पर आधारित था। इस प्रकार राजकुलोत्पन्न ज्येष्ठ भी तभी राजपदासीन होने का अधिकारी हो सकता था जब उसे चारित्रिक अधिकार प्राप्त हो अर्थात उसमें राजोचित गुणों का समावेश होना परमावश्यक था। रामायणमञ्जरी में इन आचरणों की ओर व्यापक दृष्टि डाली गयी है।[148] राम (अनन्त गुणों के आकर हैं। सम्पूर्ण रामायणमञ्जरी में उनके गुणों की भूरि-भूरि प्रशंसा की गयी है।

राज्य पद के लिए इस चारित्रिक अधिकार का पृष्टीकरण राम के अतिरिक्त दशरथ तथा जनकादि राजाओं के चरित्र-चित्रण वाले स्थलों से भी भलीभाँति हो जाता है। विभीषणाभिषेक के समय विभीषण के गुणों एवं उज्ज्वल चरित्र के वर्णन से भी

राजा की चारित्रिक योग्यता का प्रमाण मिलता है।[149] इससे यह स्पष्ट हो जाता है कि राज्य पद के लिए चरित्र ही सर्वाधिक योग्यता एवं अधिकार है। इससे हीन होने पर राजा को राजपद भी त्याग देना पड़ता है। इस प्रकार राजा की नियुक्ति के लिए चारित्रिक योग्यता, शारीरिक, पैतृक, ज्येष्ठता एवं प्रजानुमति आदि आवश्यक तत्त्व हैं।

सम्प्रति रामायणमञ्जरी में वर्णित राजा के अधिकार एवं कर्तव्य का विवरण प्रस्तुत किया जा रहा है। राजा का प्रथम कर्तव्य उसका राजोचित आचरण है। जिसकी विशद चर्चा उपर्युक्त प्रसङ्ग में की जा चुकी है। इसके अतिरिक्त उसका दूसरा कर्तव्य 'लोकरञ्ज कार्य है।' उन लोकरञ्ज कार्यों में वर्णाश्रम धर्म की रक्षा, बाह्य एवं आन्तरिक विघ्न-बाधाओं से सुरक्षा, न्याय व्यवस्था की स्थापना, योग्य राज्य कर्मचारियों की नियुक्ति एवं उनके कार्यों का सम्यक्, निरीक्षण, आर्थिक कल्याण की व्यवस्था तथा सार्वजनिक कार्यों के देख-भाल की व्यवस्थादि प्रमुख हैं। रामायणमञ्जरी में दशरथ[150] तथा राम[151] के राज्य की स्थिति के चित्रण में उनके कर्तव्यों का पूर्ण विवरण सुलभ है। पुनः अरण्य पर्व के अन्तर्गत राम ने राजा के कर्तव्य एवं अधिकारों के विषय में भरत को जो उपदेश दिया है, उससे इस प्रसङ्ग की सर्वाङ्गीण पृष्टि हो जाती है।[152]

'शुक्रनीति' के अनुसार राजा का परम धर्म प्रजा का पालन और दुष्टों का निग्रह है।[153] राजा प्रजा का रञ्जन करने वाला भी होता है।[154] शुक्रनीति के प्रथम अध्याय में राजा के कर्तव्य का वर्गीकरण इस प्रकार किया गया है। दुष्ट को दण्ड देना, प्रजा का परिपालन करना, राजसूय आदि यज्ञों का यजन करना, न्यायानुसार कोष का अर्जन करना अन्य राजाओं को वश में करना, शत्रु का परिमर्दन करना तथा मूभि का संग्रह करना आदि आठ कार्य राजा के कर्तव्य माने गए हैं।

'प्रजानां दैवतं राजा'[155] के अनुसार राजा एकमात्र प्रजा का स्वामी (देवता) है। इसलिए राजा का परम कर्तव्य प्रजा की रक्षा एवं अहर्निश हित-चिन्तन है। राम सदैव प्रजा की रक्षा एवं हित में लगे रहते थे[156]–**:तं समग्रगुणोदारं प्रजाप्रियहिते रतम्।'** राजा राम क्षत्रिय कुलोत्पन्न होने के कारण भी प्रजा के हित एवं दुष्टों के विनाश में सदैव संलग्न रहे, क्योंकि क्षत्रियों का धर्म ही पृथ्वी की रक्षा एवं दुष्टों का विनाश है–**'दुष्टक्षयात्क्षितित्राणात्क्षत्रियः किल जायते।'**[157] सभी गुणों का आश्रय राजा राम प्रजा के कष्ट वृक्ष का विनाश करने वाले थे[158]–**गुणद्विरेफो विरराज राजसद्रुमस्तापहरः प्रजानाम्।'** इसी प्रकार बालकाण्ड में जब मुनिगण नारद से पूछते हैं कि प्रजा का जीवन कौन है[159]–**'प्रजानां जीवितं को नु?'** इस पर नारद वैरियों की सम्पदा को

नष्ट करने गुणाभिराम राम का परचिय देते हैं[160]–**'गुणाभिरामः श्रीरामः विरामो वैरिसंदाम्।'** इस प्रकार राम प्रजा को प्रिय तथा उनका रञ्जन करने वाले भी थे। रामाभिषेक के समय अयोध्यावासियों की खुशी विह्वलता एवं उत्सव की तैयारी[161] तथा लङ्काविजय के बाद अयोध्या लौटने पर प्रजा की प्रसन्नता एवं अयोध्या को सजाना[162] आदि घटनाएँ उनकी प्रजाप्रियता एवं रञ्जकता का प्रबल प्रमाण हैं। जिस प्रकार राम प्रजा के हितचिन्तन में संलग्न तथा उसके सुख में सुखी व दुःख में दुःखी थे, तथैव प्रजा भी। अभिषेक का समाचार पाकर प्रजा का प्रसन्न होना तथा वनगमन के समय दुःखार्त होकर राम के पीछे चल देना[163] आदि इस बात का प्रमाण प्रस्तुत करती हैं कि राम को उनकी प्रजा कितना अधिक प्रेम करती थी। राम स्वयं कहते हैं–दान, प्रजा की रक्षा, यजन तथा धर्मरञ्जन प्रभृत्ति सभी राज्य रूपी कल्पद्रुम की फलसपदाएँ हैं।[164] राम जैसे योग्य राजा के उदय से ही सम्पूर्ण दिशाएँ निर्दोष ही गयीं। रामराज्य का वर्णन करते हुए लक्ष्मण कहते हैं[165]–हे राजन! आपके शासन करते हुए न तो कोई कार्यार्थी तथा याचक दिखाई पड़ता है और न ही देवताओं तथा मनुष्यों में कहीं विप्लव ही दिखाई पड़ता है। जो राजा धर्मपूर्वक प्रजा का पालन करता है उसके राज्य में कहीं भी कार्यार्थी आदि विचरण करते हुए नहीं पाए जाते । आपके शासन करते हुए पृथ्वी सम्पूर्ण पृथ्वीपतियों से रहित हो गयी है। सम्पूर्ण लोक के लोगों में कहीं भी किसी प्रकार का कोई ताप या उपताप नहीं है।

इस प्रकार राजा राम के राज्य की प्रजा कितनी सुख-सम्पन्न एवं विकारों से रहित थी। राम राज्य में ऐसी वैभव सम्पन्नता तथा सुखी एवं प्रसन्न प्रजा का एक मात्र कारण सर्वगुण सम्पन्न राजा राम का उज्ज्वल चरित्र ही है, क्योंकि सत्व सम्पन्न एवं धर्मरती राजा के राज्य में न तो अकाल मृत्यु होती है और न ही कहीं दुर्भिक्ष, व्याधि तथा करुण ध्वनि नहीं सुनाई पड़ती।[166]

प्रजापालक तथा प्रजारञ्जक के रूप में तो राम प्रसिद्ध ही हैं। प्रजारञ्जन का इससे महत्त्वपूर्ण उदाहरण और भी क्या हो सकता है कि धोबी द्वारा उत्पन्न लोकापवाद के कारण उन्होंने अपनी प्राणप्रिया सीता का परित्याग कर दिया[167] सामाजिक मर्यादा की प्रतिस्थापना के लिए ही राम ने रावण विजय के बाद सीता को तुरन्त स्वीकार नहीं किया तथा उनकी अग्नि परीक्षा हुई।[168] राम दृष्टों एवं शत्रुओं से संहारक भी हैं। तपस्वियों को विघ्न पहुँचाने वाले राक्षसों का उन्होंने वध किया, भ्रातृजायारती बालि को बाण से बेधा तथा सम्पूर्ण पृथ्वी को त्रास देने वाले रावण सहित सम्पूर्ण राक्षसों का वध करके पृथ्वी से दुष्टों एवं शत्रुओं का उन्मूलन कर दिया। शम्बूक का वध करके उन्होंने वर्णाश्रम धर्म की रक्षा की।[169]

राजाज्ञा न मानने वालों को भली प्रकार से दण्डित करने का अधिकार भी

रामायणमञ्जरी में वर्णित है। किष्किन्धाकाण्ड के अन्तर्गत वानरी सेना को सभी दिशाओं से बुलाने का आदेश देता हुआ सुग्रीव हनुमान से कहता है—राजाज्ञा का निषेध करने वाले मदमोहित जो न आएँ उन्हें तुरन्त दुःसह दण्ड दिया जाय।[170]

राजसूयादि यज्ञ करना भी राजा का प्रमुख कर्तव्य है जिससे अन्य राजाओं को वश में किया जा सके। उत्तरकाण्ड के अन्तर्गत राजा राम राजसूय यज्ञ करने का विचार करते हैं, परन्तु भरत द्वारा इस यज्ञ के परिणामस्वरूप भावी विनाश[171] की सूचना पाने पर राम ने अपना विचार बदल दिया। पुनः लक्ष्मण के मत्यानुसार उन्होंने अश्वमेध यज्ञ विधिवत् सम्पन्न किया।[172]

न्यायानुसार कोषार्जन भी राजा का प्रमुख कर्तव्य है। परन्तु इसका उल्लेख अन्य कर्तव्यों की अपेक्षा स्वल्प है। सम्भवतः महाकवि क्षेमेन्द्र ने कोषार्जन के प्रश्न विस्तार की आवश्यकता नहीं समझी क्योंकि सार्वभौम सम्राट दशरथ तथा राम के कोष स्वयं सम्पन्न एवं समृद्ध थे।

रामायणमञ्जरी में राजा की नियुक्ति, अधिकार, कर्तव्य एवं राजोचित गुणों का जो उल्लेख किया गया वह न केवल राम में ही दिखाई पड़ता है, अपितु दशरथ, जनक तथा अन्य छोटे-बड़े राजाओं में भी दर्शनीय है।

राजा की नियुक्ति, अधिकार, कर्तव्य एवं राजोचित गुणों के उपर्युक्त विश्लेषण के बाद सम्प्रति रामायणमञ्जरी में वर्णित राजा में निहित कतिपय दोषों का भी विवेचन किया जा रहा है जिनके कारण राष्ट्र, धन, दुर्ग, सेना एवं प्रजा विनाश को प्राप्त हो जाते हैं।

राजा में शील का होना अति आवश्यक है, क्योंकि शील भ्रष्ट राजा शीघ्र ही तेजहीन हो जाता है[173]—**'शीलभ्रष्ट इव नृपः प्रयातो निष्प्रताम्।'** राजा दर्प और मोह से रहित तथा जितेन्द्रिय होना चाहिए, नहीं तो इसके द्वारा पराजित राजा के पास विपत्तियाँ स्वयं आ जाती हैं।[174]

व्यसनों में राजा की आसक्ति प्रजा विनाश का लक्षण है[175]—**'भूपतेर्व्यसनङ्गः प्रजानां क्षयलक्षणम्।'** अतः राजा को व्यसनी नहीं होना चाहिए। व्यसनी राजा को प्रजा उसी प्रकार त्याग देती है जैसे वृद्ध पति को ईर्ष्यालु नवयौवना स्त्रियाँ त्याग देती हैं।[176]

रति के वशीभूत राजा राष्ट्र वृत्ति को उसी प्रकार नहीं जान पाते जैसे गृहिणी के वशीभूत नपुंसक व्यक्ति गृहाचार को नहीं जान पाते।[177] विलास युक्त दृष्टि वाले राजा दीपक की भाँति अपने दुर्गुणों को नहीं देख पाते।[178]

इसी प्रकार, अत्यधिक क्रोध करने वाले तथा अनायास ही शत्रुता लेने वाले

राजागण उसी प्रकार अपमान को प्राप्त होते हैं, जैसे निर्धन व्यक्ति वेश्या से पराभव को प्राप्त होता है।[179] अकार्यप्रणयी एवं घोर दुराचारी राजा, महान राज्यवृक्ष के मूल को काटने वाले फरसे के समान है।[180] मदयुक्त स्त्रियों के अङ्ग विलास से भ्रमित राजाओं की सम्पदा एवं बुद्धि नष्टप्रायः हो जाती है।[181] करिणी की तरह स्त्रियों के वशीभूत मत्तप्रायः राजाओं की बुद्धि नष्ट हो जाती है तथा वे पराभव को प्राप्त होते हैं।[182]

इस प्रकार राजा को व्यसनी, कामातुर एवं स्त्री के वशीभूत नहीं होना चाहिए, क्योंकि भ्रातृजायारती किष्किन्धा नरेश बालि इसी कारण ही राम द्वारा मारा गया। महान दुराचारी, कामासक्त एवं व्यसनी राक्षसराज रावण का वध हुआ तथा कैकेयी के वशीभूत राजा दशरथ को प्राणों से भी अधिक प्रिय पुत्र राम को वनवास देना पड़ा जिसके कारण उनकी मृत्यु भी हो गयी।

इसीलिए राजा को धर्मयुक्त, न्यायप्रिय, पुण्यकर्मा एवं प्रजावत्सल होना चाहिए। इससे रहित दुष्ट राजा, स्वयं सहित प्रजा को भी पराभव एवं विनाश को प्राप्त करा देता है। इसका ज्वलन्त उदाहरण दुष्ट रावण है। कहा भी गया है कि दुष्ट राजा के द्वारा सताये गये ब्राह्मण लोग गुणों से विहीन हो जाते हैं और जनता तिरस्कृत कर दी जाती है।[183] राजा को धर्मवान एवं सत्यप्रिय होना चाहिए, क्योंकि अधर्मकर्मा राजाओं की बुद्धि शत्रु को सन्तोष प्रदान करने वाली, बन्धु-बान्धवों को दुःख पहुँचाने वाली तथा विनाश की दूती होती है।[184] दुष्ट राजा में अकाल मृत्यु होती है। सम्यक् रूप से प्रजा का पालन न करने वाले राजा के राज्य में लोग असह्य दुःख भोगते हैं। कुमार्गगामी राजा के राज्य में सुखपूर्वक भी जीना अच्छा नहीं है। यह उसी प्रकार से है जैसे कायर पुरुषों के आश्रय से रहित विधवा स्त्री ही भली है।[185]

इस प्रकार रामायणमञ्जरी के स्थल-स्थल पर राजा के गुण-दोषों का सम्यक् विवेचन किया गया है। जिसके अल्पांश को इस स्थान पर प्रस्तुत किया गया है।

रामायणमञ्जरी में मन्त्रिमण्डल

राजा के राजकार्य सञ्चालन में सहायक, राज्य का अनिवार्य अङ्ग मन्त्रिमण्डल है। इस मन्त्रिपरिषद् के स्वरूप, कर्तव्य एवं उसके महत्त्व पर रामायणमञ्जरी में व्यापक विचार किया गया है। राजा दशरथ, जनक, राम, सुग्रीव एवं रावण सभी के मन्त्रिमण्डल का संकेत ग्रंथ में मिलता है। इस मन्त्रिमण्डल के अन्तर्गत पुरोहित या पुरोधा, सचिव, मन्त्री, पण्डित, अमात्य एवं दूत का उल्लेख किया गया है।

'कौटिल्य' ने मन्त्रिमण्डल का वर्णन करते हुए मन्त्रियों का महत्त्व बताया है– **'मन्त्रिणां मन्त्रमूलं हि राज्ञो राष्ट्रं विवर्धते।'** अर्थात मन्त्रियों की मन्त्रणा से ही राजा

की राष्ट्रवृद्धि होती है। दशरथ के राज्य में ऐसे ही मन्त्रियों का परिषद् था जिसमें वशिष्ठ जैसे पुरोहित, मन्त्रियों में श्रेष्ठ सुमन्त्र, महामात्य सिद्धार्थ, मार्कण्डेय, वामदेव तथा जाबालि जैसे मुनिश्रेष्ठ एवं ब्राह्मणों आदि की सूचना मिलती है।[186] यह मन्त्रिमण्डल राजा को समय-समय पर उचित परामर्श दिया करता था। राजा किसी भी समय किसी भी विषय पर विचार-विमर्श करने के लिए मन्त्रियों की सभा बुलाता था। रामाभिषेक के समय दशरथ मन्त्रिमण्डल के अनुमोदनार्थ उनकी सभा बुलाकर अपना विचार प्रस्तुत करते हैं।[187] इसी प्रकार मन्त्रियों में श्रेष्ठ सुमन्त्र जो प्रति पल राजा दशरथ के साथ ही रहा करते थे, समय-समय पर राजा को उचित सलाह देना उनका परम कर्तव्य था। पुत्र प्राप्ति के लिए दुःखी दशरथ को सुमन्त्र ही ऋष्यशृङ्ग को बुलाकर पुत्रेष्टि यज्ञ करवाने की सलाह देते हैं।[188] इसके अतिरिक्त भी सुमन्त्र का प्रसङ्ग रामायणमञ्जरी में अनेक स्थलों पर मिलता है। 'पुरोहिता' या 'पुरोधा' का स्थान मन्त्रिमण्डल से सर्वश्रेष्ठ एवं महत्त्वपूर्ण था। राजा दशरथ के पुरोहित वशिष्ठ का उल्लेख रामायणमञ्जरी में अनेक स्थलों पर मिलता है। जिससे उनकी श्रेष्ठता एवं महत्त्व का परिज्ञान भली-भाँति हो जाता है। मन्त्रिमण्डल में 'दूतों' का भी स्थान था जिनका कार्य केवल एक स्थान से दूसरे स्थान तक संदेश-प्रेषण था। इस कार्य में बड़ी कुशलता एवं तकनीक की आवश्यकता होती है। दशरथ के दूत इसमें कुशल थे। भरत और शत्रुघ्न को ननिहाल से ले आने के लिए ये दूत कैकयपुर पहुँचते हैं–**'प्राप्तेषु कैकयपुरं दिनैर्दूतेषु सप्तभिः।'**[189] इन दूतों की कुशलता का भी परिचय इसी स्थल पर ही मिल जाता है कि वे अयोध्या का कोई भी दुःखद समाचार भरत तथा शत्रुघ्न से नहीं कहते हैं।

राजा राम के मन्त्रिमण्डल का भी रमायणमञ्जरी में विस्तृत उल्लेख मिलता है। वैसे तो दशरथ का ही मन्त्रिमण्डल राम का भी था किन्तु राम के मन्त्रियों, मुनियों आदि की संख्या कुछ विस्तृत है। उत्तरकाण्ड के एक स्थल से उनके मन्त्रिमण्डल की सूचना मिलती है। राम प्रातःकालीन कृत्य को सम्पादित करके भाइयों के साथ मुनियों, मन्त्रियों तथा राजाओं से भरे हुए सभा भवन में पहुँचते हैं।[190] राजा राम भी समय-समय पर विचार-विमर्श हेतु मन्त्रियों की सभा बुलाते थे। ब्राह्मण पुत्र की अकाल मृत्यु के समाचार से दुःखी राम, सभा में पहुँचते हैं। राम को देखकर अमात्यों सहित वशिष्ठ, जाबालि, कौत्स, गौतम, नारद, मार्कण्डेय, अत्रि, मौद्गल्य, वामदेव, पुरोगमा, भृगु, कात्यायन एवं काश्यप प्रभृति सम्पूर्ण मुनिमण्डल अत्यन्त दुःखी हो गया। पुनः राजा ने सभा में बाल निधन का कारण पूछा। नारद ने राम को इसका कारण एवं हल विस्तारपूर्वक बताया।[191] इस प्रकार राम के मन्त्रिमण्डल की उच्चता का स्पष्ट ज्ञान प्रस्तुत प्रसङ्ग से स्वयमेव हो जाता है।

राजा जनक के मन्त्रिमण्डल का भी संकेत मिलता है। जनक के पुरोहित शतानन्द थे[192]–**'प्रत्युद्ययौ पुरस्कृत्य शतानंद पुरोहितम्।'** पुरोहित के आधार पर ही अन्य मन्त्रियों के अस्तित्व का भी अनुमान किया जा सकता है। इसके अतिरिक्त जनक एक स्थल पर मन्त्रियों को आदेश भी देते हैं[193]–**'इत्युक्तवा मन्त्रिणः सर्वानादिदेशमहीपतिः।'** इससे राजा जनक के सम्पूर्ण मन्त्रिमण्डल का आभास होता है। धनुर्भङ्ग के बाद जनक दशरथ को बुलाने के लिए अपने दूतों को अयोध्या भेजते हैं[194]–**'अयोध्या यान्तु मे दूता स्तूर्ण दशरथं प्रति।'** इस प्रकार पुरोहित, दूत तथा मन्त्रियों के संकेत से जनक के मंत्रिमण्डल की पूर्ण जानकारी हो जाती है।

राजा दशरथ, राम तथा जनक के मन्त्रिमण्डल के साथ-ही-साथ रामायणमञ्जरी में वानरजाति के राजा सुग्रीव के मन्त्रिमण्डल का भी वर्णन मिलता है। किष्किन्धा पर्व के प्रथम श्लोक में ही हनुमान आदि मुख्य सचिवों की सूचना मिलती है–**उवाचहनुमान्मुख्यान्सचिवान्वालिशङ्कितः।**[195] पुनः आगे भी सुग्रीव राम से कहता है कि भाई बालि को दुन्दुभि दानव से मारा गया समझकर सचिवों ने मुझे राज्य पद पर अभिषिक्त कर दिया।[196] इस प्रसङ्ग से सचिवों के अहं अस्तित्व का भी प्रमाण मिलता है अर्थात् राज्य पद पर अभिषिक्त करने में मन्त्रिमण्डल की अहं भूमिका थी। सुग्रीव के मन्त्रिमण्डल के प्रमुख मन्त्री हनुमान, नल, नील, सुषेण, अङ्गद तथा जाम्बवन्त आदि थे। लक्ष्मण को क्रोधावेश में किष्किन्धापुरी में आया देखकर हनुमान, नल, नील सुखेण विनता तथा अङ्गद आदि सभी मन्त्री चिन्तित हो जाते हैं।[197] वानरजाति के मन्त्रिमण्डल में भी दूतों का संकेत मिलता है। सुग्रीव सभी दिशाओं से वानरों को बुलाने के लिए दूत भेजता है[198]–**'तूर्णमायान्तु ते दूतैस्त्वद्विसृष्टैर्मदाज्ञया।'**

राजा दशरथ, राम, जनक एवं सुग्रीव के राज्य में ही उच्चकोटि का मन्त्रिमण्डल नहीं था अपितु राक्षसराज रावण के मन्त्रिमण्डल का भी सविस्तार वर्णन रामायणमञ्जरी में दर्शनीय है। माता के आदेशनुसार विभीषण जब रावण के दरबार में पहुँचा तो वहाँ उसे महामात्यों से घिरा हुआ पाया[199]–**'स प्रविश्य सभासीनं महामात्यैः समावृतम्।'** इसके अतिरिक्त युद्धकाण्ड में अनेक स्थलों पर रावण के मन्त्रियों तथा मन्त्रिमण्डल का वर्णन मिलता है।[200] रावण के मन्त्रिमण्डल में प्रहस्त, बज्रद्रंष्ट्र, महापार्श्व, माल्यवान तथा त्रिशिरा आदि अनेक मन्त्री थे जो रावण को समय-समय पर उचित सलाह दिया करते थे। इसमें भी सुपार्श्व (वृद्ध राक्षस), माल्यवान (वृद्धामात्य), वज्रद्रंष्ट्र (प्रवरामात्य) आदि का मन्त्रिमण्डल में श्रेष्ठ स्थान था। रावण के मन्त्रिमण्डल में शुक और सारण नामक दूतों का भी उल्लेख है।[201]

इस प्रकार मानव, वानर एवं राक्षस प्रभृत्ति सभी राजाओं के मन्त्रियों एवं

मन्त्रिमण्डल का पर्याप्त वर्णन रामायणमञ्जरी में उपलब्ध है। सम्प्रति इन मन्त्रियों के कर्तव्य एवं महत्त्व पर विचार किया जा रहा है।[202]

पूर्वविदित है कि मन्त्रियों की मन्त्रणा से ही राजा के राष्ट्र की वृद्धि होती है। इसी तथ्य की पुष्टि करते हुए राम भरत से कहते हैं[203]–**'रक्षितात्माहितामात्यः कोशराष्ट्रविवर्धनः।'** पुनः राम भरत से पूछते हैं कि अभिषेक प्राप्त करने के बाद क्या तुम्हारे मन्त्री तुम्हें अच्छी मन्त्रणा देते हैं? क्योंकि प्रौढ़ राज्य को परिचालित करने में ये मन्त्रीगण कर्णधार हैं।[204] प्रौढ़ राज्य के सञ्चालन में ये मन्त्रिगण मनसा, वाचा तो तत्पर ही थे, साथ ही आवश्यकतानुसार राजा के सहायक रूप में कर्मणा भी प्रवृत्त होते थे। रावण के सभी मन्त्री समय-समय पर अपनी सुमंत्रणा से राजा की सहायता तो करते ही हैं, साथ ही युद्ध भूमि में राम से युद्ध करते हुए मृत्यु को भी प्राप्त हो गये। वानर मन्त्री हनुमान, नल, नील तथा जाम्बवन्त आदि भी राजा सुग्रीव के आदेश से सीता की खोज में तत्पर रहे तथा क्रोधान्ध लक्ष्मण के किष्किन्धा पहुँचने पर अपनी युक्ति द्वारा सुग्रीव की रक्षा भी की। इसी प्रकार राजा दशरथ जनक तथा राम के मन्त्री भी राजा के सहायक रूप में सर्वत्र मनसा, वाचा, कर्मणा प्रवृत्त दिखाई पड़ते हैं।

राजा मन्त्रिमण्डल पर पूर्ण निर्भर रहता है। अतः मन्त्रियों को चाहिए कि वे हितकारी वचनों द्वारा राजा को उत्तम सलाह दें। राजा के सामने हितकारी बातें न करके प्रिय बोलने वाले मन्त्री राजा, राष्ट्र तथा कोष आदि को विनाशोन्मुख प्रवृत्त करते हैं। इसी बात का समर्थन करते हुए विभीषण रावण के मन्त्रियों के विषय में सविस्तार बताता है।[205] पुनः इसी बात के समर्थन में कहते हैं कि मन्त्रियों को चाहिए कि वे अपनी सुमन्त्रणा से राजा को व्यसनों से दूर करें।[206] कुम्भकर्ण भी राजा के सामने प्रिय बोलने वाले तथा हितकारी बातें न करने वाले मन्त्रियों की आलोचना करते हुए रावण को समझाता है।[207] इस प्रकार मन्त्रिण्डल, मन्त्रियों के कर्तव्य, महत्त्व एवं उनके गुण-दोषों का समग्र वर्णन रामायणमञ्जरी के उपर्युक्त सन्दर्भों में दर्शनीय है।

रामायणमञ्जरी में 'विधि' एवं 'न्याय व्यवस्था'

राजा एवं मन्त्रिमण्डल की मन्त्रणा का महत्त्वपूर्ण कार्य 'विधि निर्माण' है। राजनीति शास्त्रों में विधि निर्माण के अनेक साधनों का उल्लेख किया गया है[208]–

(1) जनता के आधार पर विधि निर्माण। (2) दैवी साधन से विधि निर्माण। (3) आर्ष साधन से विधि निर्माण। (4) स्थानीय संस्थाओं द्वारा विधि निर्माण। स्थानीय संस्थाओं द्वारा निर्मित विधियों के भी 4 भेद हैं–कुल धर्म, जाति धर्म, देश-

धर्म। विधि निर्माण के प्रथम साधन का रामायणमञ्जरी में उल्लेख नहीं किया गया है। दैवी साधन के सिद्धान्त का प्रतिपादन एक स्थल पर अवश्य दर्शनीय है। लक्ष्मण सुग्रीव को सम्बोधित करते हुए 'कृतघ्न मित्र' के लिए प्रयुक्त की जाने वाली विधि का उल्लेख करते हैं जिसे वे ब्रह्मा द्वारा निर्मित बताते हैं।[209]

समय-समय पर देश, काल एवं परिस्थिति के अनुकुल ऋषियों-मुनियों एवं राजनीतिविदों द्वारा निर्मित विधियों को आर्ष साधन के अन्तर्गत रखा गया है। वेद एवं शास्त्र के विशेषज्ञ ही इसके अधिकारी निर्माता होते थे। इस प्रकार की विधियों का विवरण रामायणमञ्जरी में अनेकशः वर्णित है जो प्रायः ग्रन्थ में आद्योपान्त सूक्तियों के अन्दर सुलभ है।[210]

संस्थामय भारतीय जीवन में लघु से लेकर विशाल तक प्रत्येक संस्था की महत्ता प्रतिपादित की गयी है जिसमें तीन प्रमुख हैं—कुल जाति एवं देश। प्रत्येक की निजी विशेषताएँ होती हैं। इनमें प्रत्येक की निजी स्वतन्त्रता प्राप्त होने का प्रमाण 'कुल धर्म' है। कुल सञ्चालन इन्हीं के द्वारा होता है रामायणमञ्जरी में इन कुल धर्मों का भी अनेकशः उल्लेख मिलता है।[211]

विभिन्न जातियों के अनुसार उनकी रीतियां एवं संस्कृतियाँ भी भिन्न-भिन्न हुआ करती हैं। तदनुकूल जाति धर्म भी होते हैं। रामायणमञ्जरी में मानव जाति, वानरजाति एवं राक्षस जाति के धर्मों का वर्णन मिलता है। इसी प्रकार अन्य विभिन्न वर्णों एवं जातियों के भी भिन्न-भिन्न धर्म हैं।[212]

रामायणमञ्जरी सूक्तियों एवं नीति श्लोकों का आकार ग्रन्थ है। महाकवि क्षेमेन्द्र ने इन्हीं नीति श्लोकों के माध्यम से विभिन्न विधियों का उल्लेख अपने ग्रन्थ में किया है। ग्रन्थ में आद्योपान्त दैवी विधि, आर्ष विधि, जाति धर्म, कुल धर्म एवं देश-धर्म से सम्बन्धित सूक्तियाँ दर्शनीय हैं।

प्राचीन परम्परा के अनुसार न्याय संस्था का अध्यक्ष राजा ही हुआ करता था, जो 'धर्माध्यक्ष' के नाम से सम्बोधित किया जाता था। उसकी धर्म सभा हुआ करती थी जिसमें वेदज्ञ एवं नीतिज्ञ धर्माधिकारीगण हुआ करते थे जो कि जाति, देश, कुल धर्म तथा सदाचारादि के विशद ज्ञाता हुआ करते थे। अतः स्पष्ट है कि जनता के अधिकारों को सम्यक् निर्वाह करने के लिए राजा न्यायाधीश के रूप में न्याय व्यवस्था का समुचित सङ्गठन किया करता था। रामायणमञ्जरी में राम को 'धर्म मूलः',[213] 'धर्मस्तम्भ'[214] तथा 'धर्मस्थ'[215] आदि शब्दों से विभूषित किया गया है। जिससे उनके धर्माध्यक्ष स्वरूप का प्रमाण मिलता है। यह पूर्व विदित ही है कि राजा राम के मन्त्रिपरिषद में वशिष्ठ, जाबालि, कौत्स, गौतम, नारद, मार्कण्डेय, अत्रि, मौदुगल्य,

पुरोगमा, भृगु, कात्यायन तथा कश्यप आदि सर्वश्रेष्ठ मुनिगण थे जो वेद, नीति एवं धर्म तत्त्ववेत्ता तथा त्रिकालदर्शी थे।[216] राजा राम की धर्म सभा में इन ऋषियों का महत्त्वपूर्ण स्थान एवं योगदान था। इन्हीं के द्वारा राम न्यायाधीश के रूप में न्याय व्यवस्था का समुचित प्रतिपादन किया करते थे। उत्तरकाण्ड के अन्तर्गत ब्राह्मण पुत्र की अकाल मृत्यु का कारण जानने के लिए उन्होंने धर्माधिकारियों की सभा बुलाई। नारद द्वारा इसका कारण एवं हल जानने के बाद राम ने शम्बूक का वध करके ब्राह्मण पुत्र को जीवित कर वर्णाश्रम व्यवस्था एवं न्याय व्यवस्था की स्थापना की।[217] इसी प्रकार ब्राह्मण के दण्ड प्रहार से घायल कुत्ते को भी उचित न्याय देकर ब्राह्मण को मठाधीश बना दिया।[218] उत्तरकाण्ड की इन घटनाओं के अतिरिक्त भी ग्रन्थ में आद्योपान्त राजा राम की न्यायप्रियता सर्वत्र दर्शनीय है।[219]

राजा के प्रमुख कर्तव्यों में दुष्ट दमन द्वारा धर्म एवं न्याय की संस्थापना प्रधान है। राम ने ताटका, सुबाहु, विराध, कबन्ध, बालि, रावण तथा सम्पूर्ण दुष्ट राक्षसों का वध करके धरा को दुष्टों से रहित कर दिया। अन्याय एवं अधर्म का विनाश करके न्याय एवं धर्म की प्रतिस्थापना की। उत्तरकाण्ड में तो उनकी धर्म सभा एवं न्याय व्यवस्था का विशद वर्णन है। च्यवनादि ऋषियों के कहने से उन्होंने महादुष्ट दैत्य लवणासुर का वध करवाया।[220] लोकापवाद के कारण सीता का परित्याग किया।[221] धर्म, न्याय एवं सत्य की प्रतिस्थापना हेतु ही सीता को अग्नि परीक्षा के बाद स्वीकार किया।[222]

राम के अतिरिक्त राजा दशरथ तथा जनक की धर्म सभा में वशिष्ठ तथा शतानन्द जैसे नीति एवं धर्म तत्त्ववेत्ता ऋषि रहते थे। इन श्रेष्ठ ऋषियों, मुनियों का राजा की धर्म सभा में रहने का उद्देश्य सम्भवतः राजा को सत्य-असत्य, धर्म-अधर्म एवं न्याय-अन्याय का नीर-क्षीर विवेक कराना ही था।

रामायणमञ्जरी में सैन्य सङ्गठन एवं युद्ध प्रणाली

राज्य का प्रमुख अङ्ग 'बल' बताया गया है। जिसमें 'सैन्य बल' प्रधान है। इस सैन्य बल के आठ अङ्ग माने गये हैं—रथारोही, गजारोही, अश्वारोही, नौकारोही, पैदल, विष्टि (भारवाहक), गुप्तचर और उपदेशक।[223] एक युद्ध प्रधान ग्रन्थ होने के कारण रामयणमञ्जरी में सैन्य बल के उक्त अङ्गों का सम्यक् विवेचन किया गया है। ग्रन्थ में सेना का स्वरूप, उसके प्रकार तथा सङ्गठन आदि का पर्याप्त विश्लेषण किया गया है।

राजनीतिवेत्ताओं के अनुसार सेना दो प्रकार की बतायी गयी है—स्वगमा और अन्यगमा। स्वगमा के अन्तर्गत पैदल सेना और अन्यगमा में घोड़े, हाथी, आदि।

रामायणमञ्जरी में राम की सेना स्वगमा[224] तथा रावण की सेना स्वगमा और अन्यगमा दोनों में पायी जाती है।[225] सेना का सेनापति या सेनानायक उसका मुख्य अध्यक्ष होता है। राम तथा रावण दोनों की सेना में इनका उल्लेख पाया जाता है।[226] रामायणमञ्जरी में सेनानायक एवं सेना के गुणों की ओर भी दृष्टिपात किया गया है। सेना को प्रोत्साहन देने हेतु सैन्य सञ्चालक को व्यवहार कुशल और अनुशासनकर्ता होने की आवश्यकता होती है। राम, सुग्रीव, विभीषण तथा रावण, इन्द्रजित, कुम्भकर्ण आदि में यह विशेषता देखने को मिलती है।[227]

राम तथा रावण दोनों की सैन्य संख्या अपरिमित दर्शायी गयी है।[228] राजनीतिवेत्ताओं के अनुसार सेना की व्यूहाकार स्थिति भी रामायणमञ्जरी में वर्णित है। राम तथा रावण दोनों अपनी सेना को कई भागों में विभक्त कर सभी दिशाओं में व्यूहाकार में सजाया है।[229] सेना का विभाजन उसकी सुरक्षा के लिए किया जाता है। राजनीतिशास्त्रों के अनुसार सेना प्रस्थान का समय वर्षा ऋतु के पश्चात् का उत्तम माना गया है।[230] रामायणमञ्जरी में वर्षा ऋतु के बाद शरद ऋतु के आगमन पर ही युद्ध का प्रसङ्ग प्रारम्भ होता है।

राजनीति शास्त्रों के अनुसार युद्ध दो प्रकार का कहा गया है–धर्म युद्ध तथा अधर्म युद्ध। रामायणमञ्जरी में वर्णित युद्ध, धर्म युद्ध ही माना जाएगा, क्योंकि भीष्म प्रजारक्षण कार्य, शिष्ट रक्षा कार्य, अत्याचारों से पीड़ित की रक्षा, शरणागत की रक्षा तथा ऐसे ही अन्य निमितों के हेतु युद्ध घोषित करना वैध मानते हैं।[231] रामायणमञ्जरी में अत्याचारी, क्रूर, पापकर्मा तथा त्रैलोक्य को अपने दुराचार से त्रास देने वाले अधर्मी रावण के विरुद्ध लोक-रक्षा तथा प्रजारक्षण हेतु राम धर्म युद्ध की घोषणा करते हैं।

रामायणमञ्जरी में स्थल-स्थल पर धर्म युद्ध के कपितय नियमों, वीरों की गति एवं कायरों की स्थिति पर प्रकाश डाला गया है।[232]

युद्ध के अनेक प्रकारों का भी विवरण ग्रंथ में मिलता है। युद्ध मुख्य तीन प्रकार का होता है–दैविक, असुर तथा मानवी।[233] दैविक युद्ध वह कहलाता है जिसमें मन्त्र प्रेरित बाणों द्वारा युद्ध किया जाता है। इसे मान्त्रिक युद्ध भी कहते हैं। राम द्वारा मन्त्र प्रेरित बाणों का संधान इसी युद्ध का प्रमाण है[234]–**'महास्त्रमभिमन्त्र्याशु घोरमाग्नेय माशुगम।'** इसी प्रकार लक्ष्मण भी मन्त्र प्रेरित अस्त्र का प्रयोग करते हैं।[235] **–ऐषीकमभिमन्त्र्यास्त्रं जघानास्त्रेण लक्ष्मणः।'**

अग्निपूर्ण युक्त नालिक अस्त्रों का प्रयोग आसुर युद्ध कहलाता है। रामायणमञ्जरी में रावणी सेना की ओर से इसका प्रयोग किया गया है परन्तु राम की तरफ से केवल अग्नि बाणों का ही प्रयोग किया गया है नालिक अस्त्रों का नहीं।

मानव युद्ध के दोनों प्रकारों बाहु युद्ध[236] तथा शस्त्र युद्ध[237] का भी उल्लेख रामायणमञ्जरी में सुलभ है। इन विधियों के अतिरिक्त शत्रु विनाश हेतु 'कूट युद्ध' का भी विवरण मिलता है। 'माया युद्ध' का भी उल्लेख इसी प्रसङ्ग के अन्तर्गत आता है। युद्ध काण्ड के अन्तर्गत रात्रि युद्ध में इन्द्रजित का अदृश्य होकर युद्ध करना सीता को राम का मायाशीर्ष दिखाना, माया सीता का वध करना आदि इसी माया युद्ध (कूट युद्ध) के अन्तर्गत ही आता है।[238]

युद्ध के समय अनेक उद्दीपन सम्बन्धी उपादानों का भी उल्लेख रामायणमञ्जरी में मिलता है। युद्ध के समय 'परस्पर ललकार[239] तथा रण वाद्यादि[240] का प्रयोग उत्साहवर्धन में सहायक होता है। मदिरा भी उद्वेगकारिणी होने के कारण उद्दीपन का ही कार्य करती है, किन्तु इसका तामसी होता है अतएव असुर पक्ष में ही युद्ध प्रयाण के समय इसका प्रयोग दर्शाया गया है।[241] रामादल में तो युद्ध के समय राम प्रताप तथा उनकी जय-जयकार ही प्रमुख उद्दीपन का कार्य करती है।[242]

युद्धकाल में गुप्तचरों का अधिक महत्त्व होता है। चतुर राजा दूतों द्वारा वैरी के आचरण एवं शक्ति आदि को जानकर थोड़े ही यत्न से युद्ध में वैरी को परास्त कर देते हैं। रामायणमञ्जरी में राम तथा रावण दोनों ही पक्षों में गुप्तचर विभाग सुदृढ़ एवं सुव्यवस्थित था। यही नहीं साम्राज्ञी सीता के पास भी सरमा तथा त्रिजटा के रूप में राम का निजी गुप्तचर विभाग बन गया था[243] जो उन्हें राम एवं रावण दोनों पक्ष की गतिविधियों से अवगत कराता था। गुप्तचरों के समान दूतों की भी आवश्यकता युद्ध के समय हुआ करती थी जिनकी विशद चर्चा पहले ही की जा चुकी है। इन गुप्तचरों तथा दूतों के सम्बन्ध में राजनियमों का पालन भी रामायणमञ्जरी में दर्शाया गया है। दूत अवध्य होता है। अतः उसके लिए 'वध दण्ड' के अतिरिक्त अन्य दण्ड भी निर्धारित किए गए हैं जिसका क्रियात्मक रूप सुन्दरकाण्ड में दूत हनुमान के प्रति दर्शनीय है।[244] युद्ध काण्ड के अन्तर्गत रावण दूत शुक-सारण को भी राम मुक्त कर देते हैं।[245] अरण्यपर्व में गुप्तचरों के महत्त्व का प्रतिपादन करते हुए उन्हें राजाओं का नेत्र बताया गया है।[246]

राजनीति शास्त्रों में विहित 'षाड़गुण्य मन्त्र' का भी उल्लेख रामायणमञ्जरी में दर्शनीय है। युद्ध काण्ड में माल्यवान कहता है कि विद्वानों तथा सज्जनों के अनुसार राजा को देश, काल का विचार करके सन्धि-विग्रह करना चाहिए। राजा के लिए उचित है कि वह बढ़े हुए तथा समान शत्रुओं से सन्धि करे, छोटे से युद्ध करे पर शत्रु को तुच्छ न समझे। इसलिए हे रावण! बलशाली राम के साथ तुम्हारा युद्ध करना हमें अच्छा नहीं लगता। तुम्हारे द्वारा सीता को देकर उनसे सन्धि कर लेना ही उचित

है।[247] इस प्रकार 'षड्गुण्य मन्त्र' के प्रथम भेद 'सन्धि' का वर्णन प्राप्त होता है। स्वयं राम ने सुग्रीव से मैत्री की थी जो एक प्रकार की सन्धि ही है तथा जिसके द्वारा राम सुग्रीव 'महद्' एवं अद्वैध्य मित्र हुए।[248] कौटिल्य ने महद् एवं अद्वैध्य मित्र के विषय में कहा है कि जो महान सेना युक्त मित्र राजा होता है वह महद् मित्र कहलाता है। जिसका परस्पर एक ही स्वार्थ सम्बन्ध हो, जो उपकारी और विकारहीन हो और आपत्ति में भी दूर न होने वाला हो, ऐसा मित्र 'अद्वैध्य मित्र' कहलाता है।[249]

सन्धि के पश्चात् द्वितीय प्रमुख तत्त्व 'विग्रह' है। विग्रह वह क्रिया है जिसके द्वारा शत्रु वश में किया जाता है। विग्रह करने का आश्रय तभी लिया जाता है जब अपना पक्ष सबल होता है। राम का पक्ष सबल था ही, रावण की शक्ति सामर्थ्य भी कुछ कम न थी। अतः दोनों तरफ विभिन्न युक्तियों द्वारा एक दूसरे को पराजित करने अथवा अधीन करने का अनेकशः प्रयत्न किया गया है।

तीसरे तत्त्व 'यान' का तात्पर्य है एक राजा का दूसरे पर आक्रमण करना। यान की मन्त्रणाएँ भी रामायणमञ्जरी में पर्याप्त हैं। ऐसा करते समय स्वराज्य की समुचित व्यवस्था एवं रक्षा का प्रबन्ध, आक्रमण की व्यवस्था एवं सैन्य संगठन आदि पर सम्यक् रूप से पहले ही विचार कर लेना पड़ता है। रामायणमञ्जरी में राम सुग्रीव से मैत्री करके एक अच्छी एवं सुदृढ़ सेना का सङ्गठन करते हैं। पुनः समुद्र पार करके सुवेल पर्वत पर पहुँचते हैं जहाँ उन्होंने वानरी सेना को लङ्का के चारों तरफ सभी दिशाओं में दुर्गाकार रूप में सजाकर आक्रमण की तैयारी की।[250] राम की यह सम्पूर्ण आक्रमण व्यवस्था 'यान' के अन्तर्गत आती है। रावण ने भी अपनी सेना को विभिन्न भागों में विभाजित करके दुर्गाकार में सजाया था। आक्रमण के पूर्व उसने अपनी सभा में विभिन्न विषयों पर विचार भी किया था। किसी सुरक्षित स्थान पर अपनी रक्षा और शत्रु नाश की भावना से बैठने को 'आसन' कहते हैं। सुवेल पर्वत पर आसीन राम की उपर्युक्त स्थिति 'आसन' का ही द्योतक है।[251] अपने शत्रु या शक्तिशाली राजा को आत्मसमर्पण कराना 'संश्रय' कहलाता है। इस संश्रय का उल्लेख रामायणमञ्जरी में नहीं मिलता है। एक राजा के साथ सन्धि करके दूसरे के साथ विग्रह करना 'द्वैधीभाव' कहलाता है। सुग्रीव के साथ राम की मैत्री तथा उस मैत्री का रावण के विरुद्ध उपयोग द्वैधीभाव है।

षड्गुण्य मन्त्रों के ही समान साम, दाम, दण्ड एवं भेद प्रभृति चार प्रमुख राजनीति के साधनों का भी अत्यधिक महत्त्व है। रामायणमञ्जरी में इन साधनों का भी उल्लेख प्रहस्त की अधोलिखित उक्ति में वर्णित है[252]–

साम साधुषु योक्ततव्यं दान लुब्धजनोचितम्।
भेदो हि शङ्किषु श्रेयान्दण्डस्तब्धेषु भेषजम्।।

रामायणमञ्जरी में सामादि चारों उपायों का व्यववहृत रूप भी यथास्थान मिलता है। सुग्रीव के प्रति साम, विभीषण के प्रति दाम, बालि के प्रति भेद तथा रावण के प्रति राम का दण्ड इसका ज्वलन्त उदाहरण है।[253]

संदर्भ

1. रामा मं., उ. कां (2029)
2. रामा. मं, बा. कां. (577-584 एवं 593-496)
3. वही, (474, 475)
4. रामा. मं., अ. प. (400-406)
5. रामा. मं., बा. कां. (106)
6. रामा. मं., अयो. कां. (901-904) एवं अ. प. (96-101)
7. रामा. मं., उ. कां. (1015-1032)
8. रामा. मं., बा. कां. (49, 50)
9. वही, (152-162)
10. रामा. मं., बा. कां. (500-567)
11. वही, (552, 553)
12. वही, (569)
13. रामा. मं., अ. प. (79-82)
14. वही, (213-216)
15. वही, (1066)
16. रामा. मं., कि. कि. प. (209)
17. रामा. मं. रावणसत्क्रिया (22-35)
18. गीता–3।13
19. रामा. मं., बा. कां. (63-77),
20. वही, (93-94),
21. वही, (95)
22. रामा. मं., यु. कां. (1100-1109)
23. रामा. मं., अ. प. (206)
24. रामा. मं., अ. प. (256)
25. रामा. मं., बा. कां. (829),
26. वही, (866)
27. रामा. मं., कि. कि. कां. (518-521),
28. वही, (519)
29. वही, (521)
30. रामा. मं., अ. प. (860)
31. रामा. मं., बा. कां. (84-89)

32. रामा. मं., अ. प. (329, 413 एवं 457-460)
33. रामा. मं., अयो. कां. (906)
34. रामा. मं., उ. कां. (2 - 7)
35. रामा. मं., उ. कां. (901)
36. रामा. मं., अ. प. (1106)
37. रामा. मं., कि. कि. कां (123)
38. रामा. मं., बा. कां. (912),
39. वही, (62-65)
40. रामा. मं., उ. कां. (1122),
41. वही, (1162-1166)
42. रामा. मं., उ. कां. (1101-1103),
43. वही, (1105-1111)
44. रामा. मं., बा. कां. (80),
45. वही, (32-37)
46. रामा. मं., अयो. कां. (706)
47. रामा. मं., कि. कि कां. (82-173)
48. रामा. मं., सु. कां. (2-550)
49. रामा. मं., उ. कां. (1169)
50. रामा. मं., उ. कां. (358, 370, 372),
51. वही, (1169)
52. रामा. मं., बा. कां. (29, 30, 31)
53. रामा. मं., उ. कां. (1171-1177)
54. रामा. मं., अयो. कां. (567)
55. रामा. मं., अ. प. (19),
56. वही, (107),
57. वही, (433),
58. वही, (441)
59. रामा. मं., कि. कि. कां. (88, 89)
60. रामा. मं., सुं. कां. (52)
61. वही, (84)
62. वही, (169)
63. रामा. मं., यु. कां. (736-740)
64. रामा. मं., यु. कां. (744)
65. रामा. मं., सु. कां. (76, 187, 189)
66. रामा. मं., उ. कां. (1082-1097)
67. रामा. मं., बा. कां. (569)

68. रामा. मं., बा. कां. (499, 490),
69. वही, (190 - 195)
70. रामा. मं., उ. कां. (114-117),
71. वही, (193-199)
72. रामा. मं., बा. कां. (49, 60),
73. वही, (197-199)
74. रामा. मं., उ. कां. (108-120),
75. वही, (884)
76. वही, (883)
77. रामा. मं., उ. कां. (546, 547)
78. जानकीजीवनम् (8 ।80)
79. जानकीजीवनम् (8 ।79)
80. रामा. मं., अयो. कां. (569),
81. वही, (491),
82. वही, (197-199)
83. रामा. मं., उ. कां. (113-117)
84. वही, (193-199)
85. रामा. मं., बा. कां. (569)
86. रामा. मं., सु. कां. (206-224)
87. रामा. मं., अयो. कां. (713, 714, 722)
88. रामा. मं., अ. प. (777, 859)
89. रामा. मं., सु. कां. (229-244, 257-262)
90. रामा. मं., अ. प. (1141) एवं विभीषणाभिषेकः (94)
91. रामा. मं., अयो. का. (986), कि. कि. कां. (91, 153), अ. प. (766 एवं सु कां (248)
92. रामा. मं., अयो. कां. (797)
93. रामा. मं., उ. कां. (611-618)
94. रामा. मं., अ. प. (46)
95. रामा. मं., कि. कि. प. (175, 177)
96. रामा. मं., सु. कां. (96-100)
97. रामा. मं., कि. कि. कां. (152, 153)
98. रामा. मं., अ. प. (776, 779)
99. रामा. मं., सु. कां. (335)
100. रामा. मं., अ. प. (336, 337, 339)
101. रामा. मं., अयो. कां. (873, 874, 876)
102. वही (830-833)

103. रामा. मं., उ. कां. (1169)
104. रामा. मं., अयो. कां. (830)
105. रामा. मं., अ. प. (777, 778)
106. रामा. मं., सु. कां. (245)
107. वही, (248)
108. वही, (249)
109. वही, (260)
110. रामा. मं., अयो. कां. (706)
111. वही, (728, 729, 730)
112. वही, (839)
113. रामा. मं., अ. प. (641)
114. रामा. मं., कि. कि. कां. (137, 138)
115. रामा. मं., बा. कां. (341-407)
116. वही, (391, 392, 402),
117. वही, (163-169)
118. रामा. मं., बा. कां. (140, 141)
119. रामा. मं., अ. प. (1093)
120. वही, (1113-1116)
121. रामा. मं., बा. कां. (151-161)
122. वही, (115, 116)
123. वही, (80)
124. वही, (29, 30)
125. रामा. मं., अ. प. (971-976)
126. रामा. मं., बा. का. (354-358)
127. रामा. मं., अ. प. (962-967)
128. वही, (484-490 एवं 1040-1053)
129. रामा. मं., उ. कां. (905-936)
130. रामा. मं., कि. कि. कां. (451-573)
131. वही, (214-290)
132. रामा. मं., यु. कां. (991-1005)
133. वही, (1226-1227)
134. वही, (511)
135. रामा. मं., कि. कि. कां. (519-521) एवं विभीषणाभिषेकः (105)
136. रामा. मं., अ. प. (859-861)
137. रामा. मं., विभीषणाभिषकः (104)
138. रामा. मं., अयो. कां. (912)

139. महाभारत, शा. प. (65।69)
140. अर्थशास्त्र, वार्ता 1, अध्याय 1, अधिकरण 6
141. मनुस्मृति, अध्याय 9 (श्लो. 294)
142. रामा. मं., अयो. कां. (639-656)
143. रामा. मं. (84, 86)
144. रामा. मं. (201, 230-232),
145. वही, (259-271, 282-288)
146. वही, (305, 306, 321-324)
147. रामा. मं., कि. कि. प. (60)
148. वही, (210, 211)
149. रामा. मं., कि. कि. कां. (386)
150. रामा. मं., अयो. कां. (646)
151. वही, (647)
152. वही, (639-645)
153. रामा. मं., विभीषणाभिषेक (39-43)
154. रामा. मं., बा. कां. (32-45)
155. रामा. मं., उ. कां. (898-902, 1002-1007) एवं रामभिषेकः (188-193)
156. रामा. मं., अ. प. (180-198)
157. शुक्रनीति (1।14)
158. वही, (1।20)
159. रामा. मं., अ. कां. (238)
160. रामा. मं., अयो. कां. (645)
161. रामा. मं., बा. कां. (106)
162. रामा. मं., रामाभिषेकः (188)
163. रामा. मं., बा. कां. (8),
164. वही, (10)
165. रामा. मं., अयो. कां. (639)
166. वही, (631, 793, 797, 799)
167. रामा. मं., अयो. कां. (885-886)
168. रामा. मं., अ. प. (197)
169. रामा. मं., उ. कां. (898-903)
170. वही, (1002, 1003)
171. वही, (757-776)
172. रामा. मं., वह्निप्रवेशः (50-105)
173. रामा. मं., उ. कां. (1029-1040)
174. रामा. मं., कि. कि. कां. (170)

175. रामा. मं., उ. कां. (1105)
176. वही, (1162-1169)
177. रामा. मं., अ. प. (510)
178. रामा. मं., सु. कां. (235)
179. वही, (236)
180. रामा. मं., अ. प. (638)
181. वही, (641)
182. वही, (646)
183. वही, (648)
184. वही, (686)
185. वही, (688)
186. रामा. मं., अयो. कां. (839)
187. रामा. मं., सु. कां. (407)
188. रामा. मं., यु. कां. (4)
189. रामा. मं., उ. कां. (1004-1007)
190. रामा. मं., बा. कां. (42-45, 515, 891, 986)
191. रामा. मं., बा. कां. (646)
192. रामा. मं., बा. कां. (45-62)
193. रामा. मं., अ. प. (1)
194. रामा. मं., उ. कां. (897)
195. रामा. मं., उ. कां. (1010-1015)
196. रामा. मं., बा. कां. (318)
197. वही, (497)
198. वही, (512)
199. रामा. मं., कि. कि. प. (1)
200. वही, (21)
201. रामा. मं., कि. कि. कां. (95)
202. वही, (169)
203. रामा. मं., यु. कां. (20)
204. वही, (45, 280 आदि)
205. वही, (296)
206. रामा. मं., अ. प. (182)
207. वही, (183)
208. रामा. मं., यु. कां. (78, 79)
209. वही, (150, 151)

210. वही, (761)
211. महाभारत–शान्तिपर्व (59।71)
212. रामा. मं., कि. कि. कां. (127-133)
213. रामा. मं., बा. कां. (105), अयो. कां. (891), अ. प. (285, 297)
214. रामा. मं., बा. कां. (106)
215. रामा. मं., रामाभिषेकः (188)
216. रामा. मं., उ. कां. (906, 907)
217. वही, (923, 1002, 1042)
218. वही, (1010-1015)
219. वही, (1011-1040)
220. वही, (904-936),
221. वही, (961-995),
222. वही, (755-776),
223. रामा. मं., वह्निप्रवेशः (77-104)
224. भीष्म का राजधर्म, पृ. 134
225. रामा. मं., यु. कां. (300, 304, 320, आदि)
226. वही (412, 621)
227. वही, (690)
228. वही, (602-960)
229. वही, (300-412)
230. रामा. मं., यु. कां. (381-386)
231. शुक्र की राजनीति, पृ. 225
232. भीष्म का राजधर्म, पृ. 137
233. रामा. मं., यु. कां. (484, 487, 523 आदि)
234. शुक्र राजनीति, पृ. 214
235. रामा. मं., यु. कां. (684)
236. वही, (945)
237. रामा. मं., यु. कां. (413-433)
238. वही, (413-1295)
239. वही, (455-476, आदि)
240. वही, (850-854 आदि)
241. वही, (404-407 आदि)
242. वही, (744, 745)
243. वही, (408-410)
244. रामा. मं., यु. कां. (508-511)

245. रामा. मं., सु. कां. (532, 33, 34)
246. रामा. मं., यु. कां. (311)
247. रामा. मं., अ. प. (640)
248. रामा. मं., यु. कां. (367-370)
249. रामा. मं., कि. कि. प. (22-25)
250. कौटिल्य की राज्य व्यवस्था, पृ. 228
251. रामा. मं., यु. कां. (278, 279)
252. वही, (384, 85, 86)
253. वही, (53)

उपसंहार

काव्य चिन्तन सार्वभौम, सनातन, अनादि और अनन्त साहित्य-तत्त्व है। अरुणोदय का पहला स्थान महर्षि वाल्मीकि का मानस लोक है। ब्रह्मज्ञानी महर्षि के कण्ठदेश से काव्य का दिव्य आलोकमय कल्पवृक्ष रामायण के रूप में अपने पूर्ण रूप में प्रकट हो गया। महर्षि के इसी कल्पवृक्ष की दिव्य सुखद छाया की अनुभूति करने तथा जनमानस को कराने हेतु कालान्तर में कालिदास, भास, भवभूति, मुरारि, दिङ्नाग, अभिनन्द आदि कवियों ने भी अपनी कृतियों में रामकथा का अंकन किया।

पुनश्च, जिस प्रकार दीपक का तैल समाप्त होते समय उसकी ज्योति धीरे-धीरे मन्द पड़ने लगती है, और फिर से तैल डालने पर दीपक तुरन्त ज्योतिर्मय हो जाता है, ठीक उसी प्रकार आदिकाव्य की रचना के बाद 10वीं श. आते-आते रामकथा रूपी दीपक का प्रकाश धीरे-धीरे मन्द पड़ने लगा था। इसके बाद 11वीं शताब्दी में क्षेमेन्द्र नामक एक सर्वतोमुखी प्रतिभासम्पन्न काश्मीरी कवि ने 'रामायणमञ्जरी' की रचना करके रामकथा रूपी दीपक में तैल डालकर उसे पुनर्ज्योतित एवं पुनर्जीवित किया।

महर्षि की कृति के बाद यद्यपि अनेक रामकथा ग्रन्थों की सर्जना हुई, किन्तु उनमें वाल्मीकि कथा का समग्र एवं साङ्गोपाङ्ग वर्णन नहीं मिलता। ये कृतियाँ तो वाल्मीकि कथा की किसी घटना अथवा किसी काण्ड विशेष पर आधारित हैं या फिर किसी पात्र विशेष को लेकर लिखी गयी हैं। पुनः यदि किसी ने सम्पूर्ण घटनाक्रम को तथैव चित्रित करने का प्रयास भी किया है तो उसमें उसकी कल्पना, मौलिकता तथा विभिन्न परिवर्तनों के समावेश द्वारा वाल्मीकि कथा के क्रम का अवश्य ही उल्लङ्घन हुआ है। किन्तु सम्पूर्ण संस्कृत रामकथा वाङ्मय में क्षेमेन्द्र विरचित रामायणमञ्जरी ही एक ऐसा महाकाव्य है, जिसमें कवि ने महर्षि की रामकथा का अक्षरशः अनुकरण करते हुए वाल्मीकि रामायण के 24000 श्लोकों को संक्षिप्त करके 6400 श्लोकों में पस्तुत करने का श्लाघनीय प्रयास किया है।

इस प्रकार 'रामायणमञ्जरी' को वाल्मीकि रामायण के एक गुटका के रूप में

जाना जा सकता है, जिसके द्वारा पाठक, भक्त एवं श्रोता वाल्मीकि कथावस्तु को यथाक्रम संक्षिप्त रूप में शीघ्रातिशीघ्र हृदयङ्गम कर सकते हैं। पुनः यह कवि की कर्तृत्व गरिमा ही तो है जिसके द्वारा महर्षि के इतने विशाल महाकाव्य को एक छोटे से अनुष्टुप छन्द में प्रस्तुत करने का गुरुतर कार्य किया गया।

संस्कृत साहित्य क्षेमेन्द्र के बहुमुखी व्यक्तित्व एवं कर्तृत्व का तो सदा से ऋणी है। इनके द्वारा रचित महाकाव्य, खण्डकाव्य, एवं शास्त्रीय ग्रन्थों का संस्कृत जगत को महत्त्वपूर्ण योगदान है। पुनः रामायणमञ्जरी संस्कृत रामकथा साहित्य की अमूल्य निधि है। जिसके द्वारा कवि ने रामकथा के प्रचार-प्रसार एवं विकास में अतुलनीय सहयोग प्रदान करके परवर्ती रामकथा साहित्य में बहुविध प्राणसञ्चार किया। कवि ने रामायणमञ्जरी की भाषा सरस, सरल एवं बोधगम्य रूप में प्रस्तुत करने का प्रयास किया है। सर्वत्र अनुष्टुप छन्द में कथावस्तु वर्णित होने के कारण इसकी बोधगम्यता सरलता एवं चारुत्व में और भी विकास देखने को मिलता है। पुनः रामायणमञ्जरी नीतितत्त्वों एवं सुक्तियों का आकर ग्रन्थ है। इन सूक्तियों के द्वारा कवि ने मानव जीवन के विभिन्न पक्षों, उसके मानसिक, वाचिक तथा कायिक व्यापारों पर करारा आघत करके सत्पथ का दिग्दर्शन कराया है। यही कारण है कि जहाँ एक तरफ परवर्ती कवियों एवं साहित्यकारों ने रामायणमञ्जरी की कथावस्तु, भाषा-शैली एवं सूक्तियों का यथोचित् अनुकरण करते हुए अपनी कृतियों को प्रांजल एवं परिष्कृत बनाया है वहीं दूसरी तरफ पाठक, भक्त एवं श्रोतागण भी इसकी कथा एवं सूक्तियों के द्वारा अपनी मनोमस्तिष्क को स्वच्छ एवं पवित्र बनाते रहे हैं और बनाते रहेंगे, ऐसी कामना है।

इस प्रकार निःसन्देह रूप से कहा जा सकता है कि संस्कृत रामकथा साहित्य में रामायणमञ्जरी का एक गौरवपूर्ण स्थान है तथा कवि ने अपने इस रामचिन्तन द्वारा साहित्य जगत के कल्याण के साथ ही लोक-कल्याण का भी सम्यक्रूपेण सम्पादन किया है। अन्ततः महाकवि क्षेमेन्द्र के ही शब्दों में उन लीलामय श्रीराम के गुण, कीर्ति एवं चरित का स्मरण करते हैं–

इति दुरितविरामः कीर्तिकान्ताभिरामः,
सुजनहृदयरामः कोऽप्यभूद्यः स रामः।
प्रकृतमनुसरामः पापपाशं तरामः,
सुकृतभुवि चरामस्तस्य नाम स्मरामः।।

सहायक ग्रंथ–सूची

(क) संस्कृत ग्रन्थ

1. अद्भुतरामायणम्–प्रकाशक–क्षेमराज कृष्णदास, वेंकटेश प्रेस, बम्बई।
2. अग्निपुराणम्–संपादक क्षेमराज श्री कृष्णदास, वेंकटेश प्रेस, बम्बई।
3. अध्यात्मरामायणम्–अनुवादक–मुनिलाल, गीता प्रेस, गोरखपुर, उ. प्र.।
4. अनर्घराघवम् (मुरारि)–टीका. आ. रामचन्द्र मिश्र, चौ. वि. भ., वाराणसी।
5. अभिषेकनाटकम् (भास)–व्याख्या. डॉ. जमुना पाठक, कृष्णदास अकादमी वाराणसी
6. अथर्ववेदसंहिता–संपा. डॉ. सातवलेकर, स्वाध्याय मण्डल पारडी, बलसाड।
7. आनन्दरामायणम्–टीकाकार पं. रामतेज पाण्डेय, पण्डित पुस्तकालय, वाराणसी
8. आश्चर्यचूड़ामणिः (शक्तिभद्र)–व्याख्या. आ. रमाकान्त झा, चौ. वि. भ. वाराणसी
9. उत्तरररामचरितम् (भवभूति)–टीका. डॉ. लालरमायदुपाल सिंह, शारदा पुस्तक भवन, इलाहाबाद।
10. उदारराघवम् (मल्लाचार्य)–संपा.–सुधाकर मालवीय, कृष्णदास अकादमी, वाराणसी
11. ऐतरेय ब्राह्मण–सायणभाष्य, तारा पब्लिकेशन, वाराणसी।
12. औचित्यविचारचर्चा (क्षेमेन्द्र)–संपादक–डॉ. मनोहरलाल गौड़, भारत प्रकाशन मन्दिर, अलीगढ़।
13. कथासरित्सागर (सोमदेव)–टीका.–पं. केदारनाथ शर्मा, राष्ट्र भाषा परिषद, पटना
14. कलाविलासः, कविकण्ठाभरण (क्षेमेन्द्र)–संपा.–पं. दुर्गाप्रसाद एवं काशीनाथ पाण्डुरङ्ग परब, निर्णय सागर प्रेस, बम्बई (का. मा. सी., गु. 1 एवं 5)।
15. काव्यप्रकाशः (मम्मट)–व्याख्या.–आचार्य विश्वेश्वर, ज्ञानमण्डल लि., वाराणसी।
16. काश्मीरेतिहासः–आ. हनुमत् प्रसाद शास्त्री, केन्द्रीय संस्कृत विद्यापीठ, दिल्ली।
17. कुन्दमाला (दिङ्नाग)–टीकाकार–प्रो. चुन्नीलाल शुक्ल, साहित्य भंडार, मेरठ।
18. कूर्ममहापुरणम्–संपादक क्षेमराज श्रीकृष्णदास, वेङ्कटेश प्रेस, बम्बई।

19. कृष्णयजुर्वेद तैत्तिरीय ब्राह्मण–आनन्दाश्रम संस्कृत ग्रन्थावली।
20. कौटिलीय–अर्थशास्त्रम्–श्री वाचस्पति गैरोला, चौखम्भा, विद्याभवन, वाराणसी।
21. गरुणमहापुराणम्–संपादक–क्षेमराज श्रीकृष्णदास, वेङ्कटेश प्रेस, बम्बई।
22. चतुर्वर्गसंग्रहः (क्षेमेन्द्र)–संपादक–पं. दुर्गाप्रसाद एवं काशीनाथ पाण्डुरङ्ग परब, निर्णय सागर प्रेस, बम्बई (का. मा. सी. गु. 5)।
23. चम्पूरामायणम् (भोज)–व्याख्या.–डॉ. करुण श्रीवा. वि. वि. प्रकाशन, वाराणसी
24. चारुचर्या (क्षेमेन्द्र)–टीका.–पं. देवदत शास्त्री, चौखम्भा विद्याभवन, वाराणसी।
25. छान्दोग्य उपनिषद्–(शाङ्करभाष्य सहित) गीताप्रेस, गोरखपुर, उ. प्र.।
26. जानकीहरणम् (कुमारदास)–टीका. पं. ब्रजमोहन व्यास, मित्र प्रकाशन, इलाहाबाद।
27. जानकीजीवनम् (डॉ. राजेन्द्र मिश्र)–वैजयन्त प्रकाशन, इलाहाबाद।
28. जैमिनीय उपनिषद् ब्राह्मण–व्याख्याकार–डॉ. वी. आर. शर्मा।
29. दशावतारचरितम् दर्पदलन (क्षेमेन्द्र)–सं. पं. दुर्गाप्रसाद एवं काशीनाथ पाण्डुरङ्ग परब, मुंशी मनोहरलाल प्रा. लि., दिल्ली एवं चौखम्भा भारती अकादमी, वाराणसी।
30. दशरूपकम् (धनञ्जय)–व्याख्या.–डॉ. रमाशंकर त्रिपाठी, वि. वि. प्रका. वाराणसी।
31. नर्ममाला एवं देशोपदेशः (क्षेमेन्द्र)–मधुसूदन कौल।
32. ध्वन्यालोकः (आनन्दवर्धन)–व्याख्या–आ. विश्वेश्वर, ज्ञानमण्डल, लि., वाराणसी।
33. नाट्यशास्त्रम् (भरत)–संपादक–पं. केदारनाथ, भारतीय विद्या प्रकाशन, दिल्ली।
34. नारदीय महापुराणम्–संपादक–क्षेमराज श्रीकृष्णदास, वेङ्कटेश प्रेस, बम्बई।
35. नृसिंहपुराणम्–संपादक–क्षेमराज श्रीकृष्ण दास, वेङ्कटेश प्रेस, बम्बई।
36. प्रतिमानाटकम् (भास)–व्याख्या.–आ. जगदीश चन्द्र मिश्र, चौ. वि. भ., वाराणसी।
37. प्रसन्नराघवम् (जयदेव)–व्याख्याकार–आ. शेषराज शर्मा, चौ. वि. भ., वाराणसी।
38. ब्रह्मपुराणम्–संपादक–क्षेमराज श्रीकृष्ण दास, वेङ्कटेश प्रेस, बम्बई।
39. बालरामायणम् (राजशेखर)–टीका–डॉ. गंगासागर राय, चौ. वि. भ., वाराणसी
40. बौद्धावदानकल्पलता (क्षेमेन्द्र)–संपा.–पी. एल. वैद्य, मिथिला इन्स्टीट्यूट, दरभंगा
41. भट्टिमहाकाव्यम् (भट्टिस्वामी)–व्याख्या.–पं. राजगोपाल शास्त्री, चौ. वि. भ. वाराणसी

42. भुशुण्डिरामायणम्–संपा.–डॉ. भगवती प्रसाद सिंह, वि. वि. प्रकाशन, वाराणसी।
43. भारतमञ्जरी (क्षेमेन्द्र)–संपादक–पं. शिवदत्त एवं काशीनाथ पाण्डुरङ्ग परब, मोतीलाल बनारसी दास, वाराणसी।
44. मनुस्मृतिः (मनु)–टीकाकार–पं. रामेश्वर भट्ट चौखम्भा संस्कृत प्रतिष्ठान, दिल्ली
45. महानाटक (हनुमन्नाटक)–मधुसूदन मिश्र एवं दामोदर मिश्र–रामकथा, बुल्के।
46. महाभारत (1, 2, 3, 4, 5, 6,)–गीता प्रेस, गोरखपुर।
47. महावीरचरितम् (भवभूति)–टीका–आचार्य रामचन्द्र मिश्र, चौ. वि. भ. वाराणसी
48. यजुर्वेदसंहिता–संपा.–डॉ. सातवलेकर, स्वाध्याय मण्डल, पारडी बलसाड़।
49. योगवाशिष्ठरामायणम्–संपादक–वासुदेव शर्मा, मोतीलाल बनारसीदास, वाराणसी
50. ऋग्वेदसंहिता–संपादक–डॉ. सातवलेकर, स्वाध्याय मण्डल, पारडी, बलसाड।
51. रघुवंशमहाकाव्यम् (कालिदास)–व्याख्या.–कृष्णमणि त्रिपाठी, चौ. वि. भ., वाराणसी
52. रसगङ्गाधर (पं. जगन्नाथ)–टीकाकार–आ. बदरीनाथ झा. चौ वि. भ., वाराणसी
53. राजतरङ्गिणी (कल्हण)–संपा.–पं. रामतेज शास्त्री पाण्डेय, पण्डित पुस्त., काशी।
54. रामायणमञ्जरी (क्षेमेन्द्र)–संपादक–भवदत्त शास्त्री एवं काशीनाथ पाण्डुरङ्ग परब, निर्णय सागर प्रेस, बम्बई (का. मा. गु. 83)।
55. लिङ्गपुराणम्–संस्कर्ता–आचार्य जगदीश शास्त्री, मोतीलाल बनारसीदास, वाराणसी
56. बृहत्कथामञ्जरी (क्षेमेन्द)–संपादक–शिवदत्त एवं काशीनाथ पाण्डुरङ्ग परब, मेहर चन्द लक्ष्मनदास, दिल्ली।
57. वृहदारण्यकोपनिषद्–गीताप्रेस, गोरखपुर (शाङ्करभाष्य सहित)।
58. वाराहपुराणम्–संपादक–के. वी. शर्मा, मेहरचन्द लक्ष्मनदास, दिल्ली।
59. विष्णुधर्मोत्तरपुराणम्–संपादक–क्षेमराज श्रीकृष्णदास, वेङ्कटेश प्रेस, बम्बई
60. वृत्तरत्नाकरम् (भट्टकेदार)–व्याख्या–श्रीधरानन्द शास्त्री, मोतीलाल बनारसीदास, वाराणसी।
61. समयमातृका (क्षेमेन्द)–व्याख्या.–प्रो. रमाशंकर तिवारी, चौ. वि. भ., वाराणसी।
62. सेव्यसेवकोपदेशः (क्षेमेन्द)–संपा.–पं. दुर्गाप्रसाद, काशीनाथ पाण्डुरङ्ग परब, निर्णय सागर प्रेस, बम्बई (का. मा. सी., गु. 2)
63. स्कन्दमहापुराणम् (1-7)–संपा.–क्षेमराज श्रीकृष्णदास, वेङ्कटेश प्रेस, बम्बई।
64. साहित्यदर्पणः (आचार्य विश्वनाथ)–व्याख्याकार–श्रीशालग्राम शास्त्री, मोतीलाल

बनारसीदास, वाराणसी।
65. सेतुबन्ध (प्रवरसेन)–संपादक–पं. शिवदत्त एवं काशीनाथ पाण्डुरङ्ग परब भारतीय विद्या प्रकाशन, दिल्ली।
66. श्रीमद्भागवद्गीता–(शाङ्करभाष्यसहित) गीता प्रेस, गोरखपुर, उ. प्र.।
67. सुवृत्ततिलकम् (क्षेमेन्द्र)–टीका.–पं. ब्रजमोहन झा, हरिदास संस्कृत, सीरीज, वाराणसी।
68. श्रुतबोधः–(कालिदास)–टीका–श्री कनकलाल ठाकुर एवं ब्रह्मशंकर मिश्र, चौ. वि. भवन, वाराणसी।
69. शत्पथब्राह्मणः–सायण भाष्य तथा टिप्पणी सहित चौखम्भा साहित्य, वाराणसी।
70. क्षेमेन्द्रलघुकाव्यसंग्रहः–संपादक–डॉ. आर्येन्द्र शर्मा, संस्कृत परिषद, उस्मानिया युनिवर्सिटी, हैदराबाद।
71. हरिवंशमहपुराणम्–गीता प्रेस, गोरखपुर।

(ख) हिन्दी ग्रन्थ


1. आचार्य क्षेमेन्द्र–डॉ. मनोहर लाल गौड़, भारत प्रकाशन मन्दिर, अलीगढ़।
2. औचित्य सम्प्रदाय का हिन्दी काव्याशास्त्र पर प्रभाव–डॉ. चंद्र हंस पाठक, चौखम्भा विद्याभवन, वाराणसी
3. कन्नड़ साहित्य सौरभ–डॉ. हिरण्यगण्य, नेशनल पब्लिर्शिग हाउस, नई दिल्ली।
4. कम्ब रामायण (अनूदित)–अनु.–न. वी. राजगोपालन, राष्ट्रभाषा परिषद, पटना।
5. कौटिल्य की राज्य व्यवस्था–डॉ. श्यामलाल पाण्डेय, आर्यनगर, लखनऊ।
6. गुजराती साहित्य का इतिहास–जयन्तकृष्ण दबे, हि. स. ग्रन्थमाला 68, लखनऊ।
7. चंपूकाव्य का आलोचनात्मक एवं ऐतिहासिक अध्ययन–डॉ. छविनाथ त्रिपाठी, चौखंभा विद्याभवन, वाराणसी।
8. चंपूरामायण का साहित्यिक परिशीलन–डॉ. करुणा श्रीवास्तव, वि. वि. प्रका. वाराणसी।
9. तुलसीदासोत्तर हिन्दी राम साहित्य–डॉ. रामलखन पांडेय, अभिनव भारती इलाहाबादे।
10. तुलसीदास रामचरितमानस और एकनाथी भावार्थरामायण–डॉ. विनयमोहन शर्मा।

11. बङ्गला साहित्य का संक्षिप्त इतिहास–डॉ. सत्येन्द्र समिति ग्रन्थमाला-50
12. भीष्म का राजधर्म–डॉ. श्यामलाल पाण्डेय, आर्यनगर, लखनऊ।
13. मलयालम साहित्य का इतिहास–डॉ. के भास्कर नायर, हिन्दी समिति ग्रन्थ माला–35, लखनऊ।
14. रामभक्ति साहित्य में मधुर उपासना–डॉ. भुवनेश्वर प्रसाद मिश्र, बिहार राष्ट्रभाषा परिषद, पटना।
15. नीतिकल्पतरु–डॉ. वी. पी. महाजन।
16. रामकथा–उत्पत्ति और विकास–फादर कामिल बुल्के, हिन्दी परिषद प्रकाशन, इलाहाबाद विश्वविद्यालय, इलाहाबाद।
17. रामायण ककविन (योगीश्वर)–अनुवादक–डॉ. राजेन्द्र मिश्र, (पाण्डुलिपि)।
18. रामाङ्क–गोताप्रेस, गोरखपुर (46वें वर्ष का विशेषाङ्क)।
19. रङ्गनाथ रामायण (अनूदित)–ए. सी. कामाक्षिराव, राष्ट्रभाषा परिषद पटना।
20. राष्ट्रकवि मैथिलीशरण गुप्त अभिनन्दन ग्रन्थ–राष्ट्रकवि मै. श. गु. अभिनन्दन समिति, कलकत्ता (1959)।
21. शुक्र की राजनीति–डॉ. श्यामलाल पाण्डेय, आर्यनगर, लखनऊ।
22. सूरसगार–संपादक–नंद दुलारे वाजपेयी।
23. संस्कृत काव्यशास्त्र का इतिहास–डॉ. सुशील कुमार डे, बिहार हिन्दी ग्रन्थ अकादमी, पटना।
24. संस्कृत साहित्य इतिहास–पं. बलदेव उपाध्याय, शारदा संस्थान, वाराणसी।
25. संस्कृत साहित्य का समीक्षात्मक इतिहास–डॉ. कपिलदेव द्विवेदी, साहित्य संस्थान, इलाहाबाद।
26. हिन्दी साहित्य का इतिहास–डॉ. नगेन्द्र नेशनल पब्लिशिंग हाउस, दिल्ली।
27. हिन्दी साहित्य का इतिहास–आचार्य रामचन्द्र शुक्ल, नागरी प्रचारिणी सभा, काशी

(ग) अंग्रेजी ग्रन्थ

1. हिस्ट्री ऑफ पोयटिक्स–पी. वी. काणे, मातीलाल बनारसीदास, वाराणसी।
2. क्षेमेन्द्र स्टडीज–डॉ. सूर्यकान्त।
3. ए हिस्ट्री ऑफ संस्कृत लिटरेचर–प्रो. ए.वी. कीथ, ऑक्सफोर्ड यूनिवर्सिटी प्रेस, लन्दन।
4. माइनर वर्क ऑफ क्षेमेन्द्र–डॉ. आर्येन्द्र शर्मा, हैदराबाद संस्कृत अकादमी।

◆◆◆◆



प्रो. योगेश चन्द्र दुबे

जन्म : 1 मार्च, 1960, ग्राम–मैनसिल (गुलजारगंज) जौनपुर (उ.प्र.) के यशस्वी माता-पिता–श्रीमती सावित्री देवी–पं. श्री वंशराज दुबे के आँगन में पल-बढ़कर बड़ा हुआ।

शिक्षा : एम. ए., डी. फिल्., डिप् (लिंग्विस्टिक्स), डी. लिट्. (मानद)

प्रकाशित ग्रंथ : (1) रामायणमंजरी का साहित्यिक अनुशीलन, (2) सूक्ति सुधा, (3) बीसवीं शती के प्रमुख संस्कृत महाकाव्यों में चित्रित भारतीय स्वाधीनता संग्राम, (4) ग्राम्य गीतांजलि–(गीत काव्य) (5) हनुमान धारा(खण्ड काव्य), (6) रामकथा मंदाकिनी (शोध-निबंध संग्रह), (7) ईशावास्योपनिषद्, (8) भाषाविज्ञान की रूपरेखा।

अध्यापन : सन् 1987 से संस्कृत विभाग, इलाहाबाद विश्वविद्यालय से अध्यापन यात्रा प्रारंभ कर महात्मा गांधी चित्रकूट ग्रामोदय विश्वविद्यालय, चित्रकूट (म.प्र.) में यशस्वी शिक्षक के रूप में विख्यात होकर जगद्गुरु रामभद्राचार्य विकलांग विश्वविद्यालय, चित्रकूट (उ. प्र.) में 1 अगस्त 2001 से संस्कृत आचार्य एवं विभागाध्यक्ष तथा कला संकाय के अधिष्ठाता के रूप में पदस्थ।

प्रशासनिक अनुभव : प्रति कुलपति, कुलसचिव, अधिष्ठाता, विभागाध्यक्ष, प्रभारी आचार्य पुस्तकालय, मुख्य कुलानुशासक, छात्र कल्याण अधिष्ठाता एवं शोध निदेशक आदि विभिन्न शैक्षणिक एवं प्रशासनिक पदों पर कार्यानुभव।

पुरस्कार : अलंकरण : साहित्य कला शिरोमणि, साहित्य महोपाध्याय, अवध भारती भूषण, तुलसी भारती समलंकरण, कवि रत्न, सर्वश्रेष्ठ शिक्षक सम्मान, राष्ट्रीय शिक्षा रत्न, पूर्वांचल विद्वद्-रत्न, अक्षय गौरव, साहित्य रत्नाकर, शताब्दी सम्मान।

सम्प्रति : आचार्य एवं अध्यक्ष, संस्कृत विभाग, जगद्गुरु रामभद्राचार्य विकलांग विश्वविद्यालय, चित्रकूट (उ.प्र.) पिन-210204

स्थायी निवास : 'सारस्वतम्' संत कबीर मार्ग, जानकीकुण्ड, चित्रकूट (उ.प्र.) पिन-210204

मोबाइल : 09452032221, 07509687119

ई-मेल : profyogeshdubey@gmail.com.